गुसाईं-गुरुबानी

(गुसाईं मत का गुरु-ग्रंथ)

प्राक्कथन

डा. गोकुलचन्द नारंग

एम. ए., पी.एच. डी., बार-एट-ला

भूतपर्वू मंत्री, पंजाब सरकार

भूमिका

डा. विजयेन्द्र स्नातक

एम. ए., पी.एच. डी.,

रीडर, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

सत्गुरु सिद्ध बाबा साईंदास सेवक संघ, दिल्ली

के निमित्त

नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली

द्वारा प्रकाशित

प्रकाशक :
नेशनल पब्लिशिंग हाउस
२६-ए, चन्द्रलोक, जवाहर नगर, दिल्ली

बिक्री केन्द्र : नई सड़क, दिल्ली

© सत्गुरु सिद्ध बाबा साईंदास सेवक-संघ (रजिस्टर्ड)
८९१७, नया मुहल्ला, पुलबंगश, दिल्ली।

प्रथम संस्करण : १९६४
द्वितीय संस्करण : २०१३

मूल्य :

मुद्रक :
हिन्दी प्रिंटिंग प्रेस
१४९९, शिवाश्रम,
क्वींस रोड, दिल्ली

प्राक्कथन

बाबा साईंदास के सेवक और प्रेमी इस पवित्र ग्रन्थ के प्रकाशन के लिए 'सतगुरु सिद्ध बाबा साईंदास सेवक संघ' के अत्यन्त आभारी हैं। इस ग्रन्थ के विषय में कुछ कहने से पहले बाबा साईंदास के सम्बन्ध में कुछ कहना अप्रासंगिक न होगा। वे संत थे और उनका जन्म गुजरांवाला (अब पाकिस्तान में) के पास एक छोटे-से गाँव में हुआ था। कुछ समय पश्चात् वे अपने प्रिय शिष्य बद्दो–चीमा कबीले के एक जाट–के साथ अन्यत्र चले गये। वहां उन्होंने बद्दोकी गुसाईं नामक गाँव की स्थापना की। वहीं उन्होंने तपस्या की और शीघ्र ही ईश्वरभक्ति और आत्मज्ञान के लिए प्रसिद्ध हो गए। उनके उत्तराधिकारियों ने उनके पुनीत कार्य को उनके नाम से एक गद्दी स्थापित करके चालू रखा। उनके उत्तराधिकारी लगभग ५०० वर्षों तक गद्दी को सफलतापूर्वक चलाते रहे। देश के बँटवारे के समय पंजाब के अन्य हिन्दुओं की भाँति उनके उत्तराधिकारियों को भी गाँव छोड़ना पड़ा।

गुसाईं जी के उत्तराधिकारियों के कार्यकाल में उस गांव की महत्ता और भी बढ़ गई , क्योंकि वहां पानी का एक तालाब था जिसके बारे में यह समझा जाता था कि उसमें बीमारियों को ठीक करने की एक अद्भुत शक्ति है। सेवकों की संख्या बढ़ती गई और उनके सेवकों में से एमनाबाद (गुजरांवाला के पास एक सुप्रसिद्ध नगर) का प्रमुख नन्दा-परिवार भी था। जब दीवान कृपाराम जम्मू और कश्मीर के प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने वहां एक बड़ा मंदिर और एक लम्बा-चौड़ा तालाब, जो पहले एक छोटे तालाब के रूप में था, बनवाया। गुसाईं जी के सेवकों के लिए यह स्थान तीर्थयात्रा-स्थल बन गया। 'यज्ञ' नाम से एक बड़ा मेला मई मास में यहाँ होता था। इस मेले के अवसर पर गुजरांवाला जिले के सभी कोर्ट और स्कूल बन्द रहते थे और भारी संख्या में हिन्दू और मुसलमान इस मेले में भाग लेते थे। पूर्णमासी की रात को यहां संगीत का मोहक कार्यक्रम होता था। इस कार्यक्रम में आसपास के सभी प्रसिद्ध संगीतज्ञ भाग लेते थे और कार्यक्रम रात-भर चलता रहता था।

बँटवारे के बाद भी साधारण रूप से गद्दी चलती रही और अब भी गद्दी पर एक महन्त बैठते हैं और संघ के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष अब भी एक प्रकार का मेला उत्तराधिकारी महन्त की अध्यक्षता में भारत में होता है।

इस 'गुसाईं गुरुबानी' ग्रन्थ में बाबा साईंदास तथा उनके वंशजों, अनुयायियों और कुछ शिष्यों की रचनाएं संगृहीत हैं। 800 पृष्ठों के इस महाग्रन्थ में अनेक पुस्तकें सम्मिलित कर ली गई हैं। पहली पुस्तक–रत्नज्ञान–संभवतः बाबा साईंदास का अपना मुख-वाक् है। इसके बाद वार श्री भागवत, अमृतवाणी, दशावतार तथा विभिन्न पद, हरिश्चन्द्र की कहानी, बाबा साईंदास की जीवनी, महादास की जीवन-गाथा, अमरदास और कांशीदास–जो बाबा साईंदास के अनुयायियों में से थे–के वार वर्णित हैं। धन्ना भगत की कहानी का भी वर्णन है। इसमें गुरु नानक और बाबा साईंदास की, (जो गुरु नानक के समकालीन थे–और जो नानकजी से कुछ महीने पूर्व या पश्चात् पैदा हुए थे) संभावित भेंट का भी वर्णन है। पुस्तक में रामनाम के गुणगान पर ही जोर दिया गया है, ठीक वैसे ही जैसे कि सिक्खों के गुरु ग्रन्थ साहिब में उपलब्ध होता है।

शहंशाह जहाँगीर जब शिकार के लिए हरनमुनारा गये थे उस समय महन्त कांशीदास के साथ हुई उनकी मुलाकात का भी वर्णन पुस्तक में किया गया है।

मुझे यह ग्रन्थ इसलिए भी प्रिय है कि बद्दोकी गुसाईं ही मेरा जन्म-स्थान है और मुझे प्रसन्नता है कि यह ग्रन्थ सुन्दर रूप में प्रकाशित हुआ है। मुझे विश्वास है बाबा साईंदास के सेवक, प्रेमी और उत्तराधिकारी तथा साहित्य में रुचि रखने वाले महानुभाव इसे काफी पसन्द करेंगे।

–गोकुलचन्द नारंग

भूमिका

मध्ययुगीन संत साधकों के इतिवृत्त तथा साहित्य के सम्बन्ध में अद्यावधि जो शोध-कार्य हुआ है वह इतना अपूर्ण है कि उसके आधार पर न तो संत परम्परा का सम्यक् आकलन संभव है और न उनकी उपलब्धियों का ही हमें पूरा ज्ञान होता है। पन्द्रहवीं-सोलहवीं शती में उत्पन्न हुए पंजाब तथा राजस्थान के संत साधकों की जो विशाल सूची प्रकाश में आ रही है वह इस तथ्य को पुष्ट करती है कि सगुण भक्ति के उन्मेष से पूर्व संत साधकों की रहस्यमयी भावधारा का प्रवाह समस्त देश में व्याप्त हो चुका था। आचार्य क्षितिमोहन सेन, पं० परशुराम चतुर्वेदी, पं० वियोगी हरि, डॉ० बड़थ्वाल, डॉ० माधव आदि विद्वानों ने अपनी कृतियों में संत परम्परा का विभिन्न दृष्टि-बिन्दुओं से वर्णन किया है। किन्तु इन सत्प्रयत्नों के बाद भी संत साधकों की सम्पूर्ण जानकारी अभी तक हम उपलब्ध नहीं कर सके हैं। पंजाब के संत और भक्त कवियों की रचनाएँ अभी तक अज्ञात बनी हुई हैं क्योंकि गुरुमुखी लिपि में होने के कारण उनका विधिवत् अध्ययन ही नहीं हुआ है। पटियाला में ही शताधिक ग्रन्थों की सूचना शोधकर्ताओं द्वारा प्राप्त हुई है। इन महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों को प्रकाश में लाने का कार्य शनैः-शनैः प्रारम्भ हुआ है। 'गुसाईं गुरुबानी' इसी परम्परा की दुर्लभ एवं अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कृति है।

बाबा साईंदास मध्ययुगीन संत साधकों की परम्परा के उज्ज्वल रत्न हैं जिनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के विषय में हिन्दी-जगत् को कोई प्रामाणिक जानकारी नहीं है। ज्ञान और भक्ति की समन्वित भावधारा से जिज्ञासुओं को परम शान्ति का सन्देश देने वाले बाबा साईंदास किसी पन्थ या मत के अनुयायी न होकर स्वयं एक सन्त मत के प्रवर्तक थे जिसे 'गुसाईं पंथ' या 'गुसाईं मत' के नाम से व्यवहृत किया जाता है।

बाबा साईंदास ने 'गुसाईं पन्थ' का प्रवर्तन क्यों और किन परिस्थितियों में किया, यह प्रश्न कई संदर्भों में विचारणीय है। किन्तु मैं इस प्रसंग को यहां विस्तार से प्रस्तुत नहीं करना चाहता, केवल इतना ही संकेत करना चाहता हूँ कि गुरु नानकदेव के समकालीन होने से बाबा साईंदास ने तत्कालीन धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थितियों को उसी परिप्रेक्ष्य में ग्रहण किया था जिस परिप्रेक्ष्य में गुरु नानक ने। गुरु नानक की उपासना-पद्धति में एकेश्वरवाद के निर्गुण स्वरूप का आग्रह था जिसे ज्यों का त्यों उनके पुत्र श्रीचन्द ने भी स्वीकार नहीं किया। फलतः

श्रीचन्द ने अपने पिता के पन्थ से कुछ हटकर स्वतन्त्र उदासी सम्प्रदाय का प्रवर्तन किया और अपनी धार्मिक भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए उपयुक्त अवकाश खोज निकाला। बाबा साईंदास गुरु नानक की विचारधारा से पूर्ण परिचित थे। दोनों संत एक ही जिले के निवासी एवं समकालीन थे; समाज के उद्धार में रुचि रखनेवाले उच्च कोटि के साधक थे। गुरु नानक ने जिस धरातल पर हिन्दू धर्म की धार्मिक मान्यताओं एवं परम्पराओं को स्वीकार किया उसमें राम और कृष्ण जैसे अवतारी महापुरुषों के लिए वह स्थान नहीं था जो सगुणोपासक भक्तों की आस्था-श्रद्धापूर्ण दृष्टि में चला आ रहा था। बाबा साईंदास ने हिन्दू धर्म की आत्मा को अक्षुण्ण रखते हुए राम और कृष्ण के अवतारी रूप को भक्त की भावना के अनुरूप बनाया। साथ ही, योग मार्ग की साधना को सहज-साधना का रूप देकर प्रस्तुत किया जो गुरु नानक की पद्धति से सर्वथा भिन्न स्तर पर है। साधना के क्षेत्र की प्रतिक्रिया के रूप में बाबा साईंदास ने अपने पन्थ में ज्ञान, भक्ति और योग के समन्वय पर बल दिया तथा एक ऐसा सहज पन्थ खोज निकाला जो हिन्दू धर्म की परम्पराओं को निगीर्ण करता हुआ संत साधना का नवीन पथ प्रशस्त करने में सक्षम हो सके। यह एक संकेतमात्र है जिसके द्वारा बाबा साईंदास के पन्थ-प्रवर्तन के मूल कारण का उद्‌घाटन संभव है।

बाबा साईंदास गुसाईं सम्प्रदाय के आदि प्रवर्तक तथा मूल पुरुष माने जाते हैं। 'गुसाईं गुरुबानी' के 'साईंदास जीवनी' प्रकरण में साईंदास का जन्म संवत् १५२५ लिखा है। तिथि, मास आदि का पूरा विवरण इस प्रकरण में मिलता है। यदि इसे प्रमाण माना जाय तो ईसा की पन्द्रहवीं शती के उत्तरार्द्ध में इनका जन्म मानना होगा। साईंदास शैशव से ही विरक्त स्वभाव के थे किन्तु बचपन में ही विवाह हो जाने से साधु बनकर घर-बार छोड़ नहीं सके। सद्‌गृहस्थ के रूप में शान्त वृत्ति से जीवन-यापन करते हुए अपने विचारों का प्रचार करते रहे। अपने पुत्रों को भी इन्होंने अपनी विचारधारा के अनुकूल बनाया।

बाबा साईंदास वैष्णव परम्परा के भक्त हैं या निर्गुण धारा के समर्थक संत साधक, यह प्रश्न विचारणीय होने के साथ बड़े महत्त्व का है। इस प्रश्न का समाधान दो मार्गों से संभव है। 'गुसाईं गुरुबानी' के अध्ययन से उपलब्ध निष्कर्ष तथा सम्प्रदाय में प्रवर्तित उपासना-पद्धति के अनुशीलन से प्राप्त तथ्य। इन दोनों स्रोतों के अवगाहन के बाद मैं इस सम्प्रदाय को उस प्रकार का वैष्णव भक्ति सम्प्रदाय

नहीं मानता जैसा कि रामानन्द का सम्प्रदाय है। रामानन्द की भक्ति पद्धति का अनेक संत सम्प्रदायों पर गहरा प्रभाव देखा जा सकता है किन्तु उन सबको वैष्णव सम्प्रदायों में समाविष्ट नहीं किया जा सकता। यही स्थिति गुसाईं मत की भी है। वस्तुतः यह पंथ पूर्ण रूप से विकसित सम्प्रदाय नहीं है अतः वैष्णव साधना की मर्यादा भी इसमें नहीं है। राम और कृष्ण की कथा को 'गुसाईं गुरुबानी' में पूरे उल्लास के साथ इस मत के संतों ने गाया है किन्तु कथा के पल्लवन में न तो वैष्णव भावना है और न सिद्धान्तों में अवतारी राम या कृष्ण की वैसी स्वीकृति है जैसी वैष्णव साहित्य में मिलती है। राम और कृष्ण को उपास्यदेव मानते हुए भी उनके रूप, गुण, शील वर्णन में निर्गुण भावना का विचित्र ढंग से आरोप किया गया है। रामानन्द की परम्परा में अपने को मानते हुए और गुरुमंत्र या दीक्षा मंत्र में राम का स्तवन करते हुए भी ब्रह्म, जीव और जगत् के विषय में इनकी विचारधारा ज्ञान मार्ग के मेल में है। उपनिषद् और वेदान्त को स्वीकार करते हुए ''एको एक सब में बसे, अवरि न दूजा कोय। साईंदास जो जाने दरि दूसरा, दरि दरि वाला होय।'' आदि वाक्यों द्वारा अद्वैत भावना का ही समर्थन है। ब्रह्म वर्णन में इन्होंने अपने आध्यात्मिक तत्त्व को बड़े स्पष्ट शब्दें में व्यक्त किया है–

आदि निरंजन जानियो निर्भो तुम निरंकारि।
अगम अगोचर सुनि मैं रचना राचनि हारि।।

संक्षेप में, ब्रह्म, ओंकार, माया, जीव और जगत् के नानाविध वर्णनों को पढ़कर हम इसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि उपनिषद् और वेदान्त के प्रतिपाद्य को स्वीकार करते हुए गुसाइयों ने राम और कृष्ण के चरित को अपनी शैली में ढाला है। राम की उपासना तो है किन्तु वह उपासना वैसी ही है जैसी निर्गुण धारा के अन्य मतों या पंथों में स्वीकृत है। इस पंथ की विशेषता है कि इन्होंने कृष्ण भक्ति को भी अपनी वाणी में स्थान दिया है। राम और कृष्ण को अवतारी सगुण ईश्वर के रूप में गाकर भी निर्गुण रूप में ध्यान का विषय बनाना ही इस पंथ की विशिष्टता समझी जानी चाहिए।

निर्गुण और सगुण का जिस सामान्य धरातल पर मेल संभव है उसे देख पाना और प्रस्तुत करना कठिन काम है किन्तु मध्ययुगीन अनेक संत महानुभावों को यह दिव्यदृष्टि प्राप्त थी और उसी के द्वारा यह विलक्षण चमत्कार इन संतों ने कर दिखाया है।

'गुसाईं गुरुबानी' में साधना के जिन सोपानों का स्थान-स्थान पर उल्लेख हुआ है वे भी इस तथ्य के समर्थक हैं कि गुसाईं गुरुओं के सामने समन्वय का आदर्श था। गुरु नानक के सिख पंथ ने तथा श्रीचन्द के उदासी मत ने जिन दो विचारधाराओं को साधना के क्षेत्र में उस समय प्रस्तुत किया था, इन गुसाईं गुरुओं ने उनके पार्थक्य को विस्मृत कर हिन्दू धर्म की परम्परागत मान्यताओं के भीतर ही अपने गुसाईं पंथ की नींव रखी। योग के प्रपंच को भी इन महानुभावों ने त्याज्य नहीं बनाया, वरन् बड़े विस्तार के साथ अपनी वाणी में उसका वर्णन किया। सहज साधना के नाम से मध्ययुग में जो उपासना पद्धति चल पड़ी थी और जिसका मूल नाथ सम्प्रदाय के भीतर था, इस पंथ में भी किसी न किसी रूप में स्थान पा गई है। जप, तप, नाम स्मरण आदि सामान्य साधन मार्गों का भी उल्लेख इस पंथ में मिलता है। आचार-विचार में पवित्रता के प्रति उसी प्रकार का आग्रह इस पंथ में है जैसा कबीर आदि संत-महात्माओं ने व्यक्त किया है।

'गुसाईं गुरुबानी' एक संकलित रचना है जिसमें व्यक्ति-भेद के साथ काल-भेद भी है अतः अभिव्यंजना कला में भी एकरूपता होना संभव नहीं है। बाबा साईंदास की वाणी अन्य गुसाइयों से अधिक प्रौढ़ एवं परिमार्जित है। उसमें विस्तार भी औरों से अधिक है। दशावतार वर्णन में इनकी सरस काव्य शैली का रूप द्रष्टव्य है। पद शैली परम्परागत रागों पर आश्रित है, उसमें कोमल कान्त पदावली का वैभव स्थान-स्थान पर लक्षित होता है। यों सामान्यतः जैसा काव्य वैभव वैष्णव कवि सूर, तुलसी, मीरा आदि में है वैसा इस वाणी में नहीं है किन्तु निर्गुण धारा के अनेक मत-पंथों के संतों की तुलना में इस वाणी की काव्य-सुषमा अधिक आकर्षक है। सुदूर पंजाब प्रान्त में ब्रजभाषा को मेरुदंड बनाकर काव्य सर्जन करने वाले इस पंथ के गुरुओं की वाणी का अभी तक मूल्यांकन नहीं हुआ है। मैं समझता हूं कि काव्य-सौष्ठव तथा भाषा-वैभव की कसौटी पर भी इसका अध्ययन होना चाहिए।

'गुसाईं गुरबानी' के अनुशीलन से मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि बाबा साईंदास की रचनाओं में इसका प्राण है, शेष पांच अन्य महानुभावों की रचनाओं में विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त हुए हैं। साईंदास जी विरक्त परम्परा के साधु नहीं थे। उनकी उपासना में गृहस्थ भक्तों को भी पूरा अधिकार था। गुसाईं नरहरिदास जी बाबा साईंदास के आत्मज थे, अपने पिता के बाद गुसाईं गद्दी के स्वामी बने और उन्होंने श्रीकृष्ण लीला वर्णन द्वारा अपनी भक्ति भावना का परिचय दिया। इनके

पुत्र कांशीदास जी गुसाईं गद्दी के तीसरे महन्त हुए। इन्होंने योग विषयक पद रचना की है। गुरुबक्शदास, सवायाराम और साँवलदास के सम्बन्ध में वाणी ग्रंथ के आधार पर कोई प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध नहीं होती। इनके अतिरिक्त कुछ और संतों के नाम भी वाणी में मिलते हैं किन्तु न तो उनकी रचना प्रभूत मात्रा में है और न उनकी गुणवत्ता ही आलोच्य बनने योग्य है।

'गुसाईं गुरुबानी' के सम्बन्ध में आज से लगभग पांच वर्ष पूर्व मुझे सूचना मिली थी। भारत विभाजन के बाद इस मत के अनुयायी गुसाईं वृन्द तथा उनके सेवक गुजरांवाला छोड़कर भारत चले आए और उनका पूज्य ग्रंथ पाकिस्तान में ही छूट गया। ग्रंथ की प्रामाणिक हस्तलिखित प्रति का इस ग्रंथ के अनुयायियों में उसी प्रकार पूज्यबुद्धि से पाठ होता चला आ रहा था जैसा सिख पंथ के गुरुद्वारों में 'गुरुग्रंथ साहब' का होता है। अत: इस अमूल्य निधि के पाकिस्तान में छूट जाने की वेदना सामान्य नहीं थी। फलत: एक भक्त ने प्राणों की बाजी लगा पाकिस्तान जाकर इस वाणी-ग्रंथ को लाने का संकल्प किया और अपनी निष्ठा-शक्ति से वह इस ग्रंथ को अक्षत रूप में लाने में समर्थ हुआ। जिस समय यह ग्रंथ मुझे दिखाया गया था, उस समय तक इसका महत्त्व केवल गुसाईं मत के अनुयायियों तक ही सीमित था। मैंने ग्रन्थ को देखकर अवकाश के दिनों में इसके अध्ययन का वचन दिया था किन्तु न तो मुझे अवकाश मिला और न ग्रंथ के स्वामी को इतना धैर्य रखना संभव हुआ कि अनिश्चित काल तक वे ग्रंथ मेरे पास छोड़ सकें। फलत: अन्य व्यक्तियों के सहयोग से इसका लिप्यन्तरण, टंकन तथा बाद में मुद्रण हुआ। मुझे हार्दिक संतोष है कि अब बड़े सुन्दर रूप में गुसाईं श्री ओमप्रकाश जी के प्रयत्न से ग्रंथ का प्रकाशन हो रहा है। भारत-विख्यात विद्वान् डा. गोकुलचन्द नारंग इस पंथ के प्रवर्तक की जन्मभूमि के हैं। इस पंथ की उन्हें अच्छी जानकारी है अत: उनके प्राक्कथन ने इस ग्रंथ की उपयोगिता द्विगुणित की है, इसमें कोई सन्देह नहीं।

मैं आशा करता हूं कि 'गुसाईं गुरुबानी' के प्रकाशन से संत-साहित्य की परम्परा में एक नवीन कड़ी जुड़ेगी और संत साधना से अनुराग रखने वाले विद्वानों का ध्यान इस कृति की ओर अवश्य आकृष्ट होगा।

हिन्दी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय
३० जुलाई, १९६४

– विजयेन्द्र स्नातक

विषय-सूची

प्राक्कथन	क
भूमिका	ग
१. रतन ज्ञान	१-५५
२. वार श्री भागवत	५६-८६
३. अमृतवाणी	८७-१२५
४. दशम (दशअवतार)	१२६-६३१
५. पद साहित्य	६३२-६९०
६. जोग चांदना	६९१-७०३
७. हरिशचन्द-कथा	७०४-७२४
८. साईंदास जीवनी	७२५-७५०
९. महादास जन्म साखी	७५१-७७४
१०. अथ वार अमरदास	७७५-७७७
११. अथ वार कांशीदास	७७८-७८२
१२. धन्ना चरित्र	७८३-७८५
परिशिष्ट	
१. गुरु परंपरा तथा गुसाईं वंशपरंपरा	७८६
२. गुरु मंत्र आदि	७९३
३. अखाड़े और स्थान	७९४

***

गुरुबानी पढ़ने की विधि

इस ग्रन्थ का लिप्यन्तरण, टंकन अथवा मुद्रण करते समय हमने किसी प्रकार का परिवर्तन करना उचित नहीं समझा। हिन्दी के जिन मूर्धन्य विद्वानों से हम परामर्श प्राप्त कर सके, सब का यही मत था कि प्राचीन पाण्डुलिपि यथावत् रूप में ही प्रकाशित होनी चाहिए। अतः मुद्रित रूप में यह ग्रन्थ प्राचीन हस्तलिखित प्रति का अक्षरशः प्रत्यंकन ही है। प्रूफ पढ़ते समय कुछ स्थानों पर जो त्रुटियाँ रह गई हैं, उनका निवारण दूसरे संस्करण में संभव हो सकेगा।

ग्रन्थ का अध्ययन करते समय पाठक महानुभावों को जहाँ-जहाँ कोई त्रुटि प्रतीत हो, वे हमें सूचित करने की कृपा करें। हमारा यत्न होगा कि इस ग्रन्थ का दूसरा संस्करण सब प्रकार की त्रुटियों से मुक्त हो।

जिन सज्जनों को प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ पढ़ने का अभ्यास नहीं है, उन्हें इस ग्रन्थ का प्रस्तुत रूप में अनुशीलन करते समय थोड़ी-सी असुविधा का अनुभव हो सकता है। उनकी सुविधा के लिए हम निम्नलिखित संकेत दे रहे हैं।

१. कई स्थानों पर 'f' का अतिरिक्त प्रयोग हुआ है, जैसे–

आधुनिक व्यावहारिक रूप	ग्रन्थ में प्रयुक्त रूप
गम्भीर	गंभीरि
पूर्ण	पूरिण
प्रसाद	प्रसादि
प्यास	प्यासि
शरीर	सरीरि
मृ	मृ

२. उो–इस ग्रन्थ में जहाँ-जहाँ 'उो' का प्रयोग हुआ है, पाठकजन उसे 'ओ' के रूप में ग्रहण करें।

'कीउो', 'उठिउो', 'लीउो' आदि शब्दों को क्रमशः कीओ, उठिओ (उठ्यो), लीओ के रूप में पढ़ा जाए।

३. ष–'ष' का उच्चारण 'ख' किया जाए।

४. ई–'ई' का उच्चारण 'ई' के समान किया जाए।

५. श्र–कई स्थानों पर 'श' के स्थान पर 'श्र' का प्रयोग हुआ है जैसे 'शुकदेव' के स्थान पर श्रुकदेव।

६. नि–कुछ स्थानों पर 'नहीं' के स्थान पर 'नि' का प्रयोग हुआ है। 'नि' नहीं का संक्षिप्त रूप है।

ओं स्वस्ति श्री गणेशाय नमः

।। अथ रतन ज्ञानि लिष्यते[१] ।।

दीनानाथ दयाल प्रभ दुष दूर कर्न विसवास।
औगिनि मेटे गुण कर्न गुरि पूर्न साईंदासि।।
बाबा रामानंदि जिस सिमरे होति अनंदि।
जिह समरनि ते पाईए लक्ष्मी परिमानंदि।।
गुरि नरिहरि पूर्न सकल करिणा बुद्धि विवेक।
औरि नहीं कोई आसरा एक तुम्हारी टेक।।
गुरि कांशीदासि के दर्स कों सुरि नरि धरे ध्यान।
मनि की देत है वांछना पूर्न पुर्ष निधान।।
विहारीदास केविल गुरि भेटआ मिटि गए सकल विकार।
कर्मचंदि गुर चर्न लगि भौजलि उतिरे पारि।।

सलोकु[२]– ग्यानि रतन जपि जौ पडै सुनते मुक्त सिधाह।
साईंदास गुरि चर्न लगि भ्रम भौ जलि तिस नाह।।

---

१. **अथ रतन ज्ञानि लिष्यते**–रतन ज्ञानि बाबा साईंदास जी की रचना है। इसलिए ''अथ रतन ज्ञानि लिष्यते'' यहाँ से बाबा साईंदासजी की वाणी समझी जाएगी किन्तु यहाँ ''दीनानाथ दयाल प्रभ दुष दूर कर्न विसवास'' से लेकर ''कर्मचंदि गुर चर्न लगि भौजलि उतिरे पारि'' तक बाबा साईंदासजी की वाणी नहीं है। वस्तुतः यह गुसाईंयों की ''अरदास'' (प्रार्थना) है। इसमें–साईंदास, उनके सुपुत्र रामानंद, नरहरि तथा परवर्ती गुरुकाशीदास, बिहारीदास और कर्मचंद आदि को नमस्कार किया है। इसके अनन्तर ज्ञानरत्न का प्रारंभ है।

२. **सलोकु**–यह श्लोक का अपभ्रंश है। यह हिन्दी का दोहा छंद है। रचना के प्रारंभ में इसी श्लोक या दोहा का प्रयोग है। अनंतर २० अर्द्धालियों या ५ चौपाइयों के प्रयोग के बाद दोहा या श्लोक मिलता है। ज्ञानरत्न की रचना इसी रूप में प्राप्त है।

आदि नरंजनि जानियो निर्भो तुम निरंकारि।
अगिम अगोचरि सुनिभै रचना राचन हारि[१]।।

१

आदि निरंजनि हय निरंकारा। रहिता सुंन्नसमाध निआरा।।
वपि विस्थारि कीनो विस्थारा। उपिजे तीनि देव अधिकारा।।
अलिष पुर्ष अकास बनायों। पोनि थंह्मि मिल पौन उठाओ।।
पौन मध्य जब तेज नवासा। ताते जलि धरि कीनी आसा।।
जलि के ऊपरि धरिन बनाई। आसा मनिसा तहां समाई।।
धर्मधुजा ते धौल विचारा। धर्ती राषे राषनहारा।
ताँका बंधन वासव कीना। पौनि थह्म दस चारि प्रवीना।।
जोति प्रकास चंदि रवि तारे। रचना राची राचनहारे।।
जो जो जीवि जनिम जुगि करिआ। सोई सोई नाम ताह फुनि धरिआ।
माया मोह पटल जवि कीआ। तापरि उरिझ रह्यो एह जीआ।।

अलिष पुर्ष की धारना क्या कोई सके विष्यानि।
साईंदास अछरि साधू हुकम प्रभ सो मति हिर्दे मान[२]।।
रंगि रंगि बहु रंगै मै सभ रंगि रह्यों संमाई।
जेता बूझे प्रभ साईंदास तेता दीओ बताई[३]।।

२

कौनि वेला कौन बीचारि। रुति थित जुगि तहा कौंन वारि[४]।।
नछत्रि लग्न जोगि वीचारि। जिह समे होइआ ओंकारि।।

---

१. **आद नरंजनि जानियो**—इस दोहे में बाबा साईंदासजी ने एक अगम अगोचर तत्त्व से जिसे "आदि निरंजन" कहा है, सृष्टि रचना हुई मानी है। यह सृष्टि किस प्रकार बनी, आगे की पंक्तियों में इसी का वर्णन है। यहाँ सृष्टि रचना सम्बन्धी सारा पौराणिक वर्णन सामने आ जाता है।

२. **अलिष पुर्ष की धारना**—यहाँ सृष्टि रचना का वर्णन समाप्त है।

३. **रंगि रंगि बहुरंगै मै**—प्रभु की सर्वव्यापकता का वर्णन है।

४. **कौनि वेला कौन वीचारि**—यहाँ ओंकारस्वरूप अव्यक्त परमात्मा के अजन्मा होने का वर्णन है। यही बात गुरु नानक देवजी ने रौरास में कही है। तुलना परिशिष्ट में देखिए।

ओंकारि सभ अपर अपार। सभ रचना सोई राचनिहार।।
सुर्ति शास्त्र सिंमृति वर्न भेष। सभ औरे औरे पूछ देष।।
पूछ्यां सुने सुनयाँ मन लेइ। ताँकों सतिगुर परिचा देइ।।
परिचे की मनि कों परितीति। तबहूँ टूटे भर्म की भीति।।

षगि नगि जगि मगि होइ रह्यो इह मनुआ मनि पोह।
साईंदास गुरि चर्न लगि मलि तजि निर्मल होई।।
सूषमि सुर्त विचार के आनंदि मगिन भयंति।
कहु नरिहरि गुरि क्रपा ते पसरी किर्ण अनंति।।
अलष अगम्य अगाध प्रभि सुरि नरि जाँकी सेव।
अनंदि लै मस्तक धर्‌यो श्री चर्न कविल गुरि देवि[१]।।

३

गुरि चर्नी मति चित जनि राषी। ताँते सुनि द्रोपत की साषी।।
गुरि चर्नी राता प्रहिलादि। पिता संग कीनो उपिवादि।।
नार्दमुनि का राष्यो मान। गुरि चर्नी पावन परिवान।।
गुरिगोविन्द से नाहीं भेद। पूछो शास्त्र सिंमृत वेद।।
सभ सभ नीच ऊँचा तेरा नाम। गुरि विनि कौनि बतावै थाउ।।
थाउ लहे दरि ठाक न पावे। मिल रहे विछर्‌या नहीं जावे।।
मिलना हो सतिगुरि की दात। साईंदास फरि जनम न जाति।।

अस्थावर जंगम सभै सर्व व्यापी ताह।
साईंदास नाम अनेक अनंति गुनि जपि जपि संति तराह[२]।।

४

तेरे नाम सो तुही अनंता। अंतु ना पावै कविला कंता[३]।।
दीनानाथ नाथन कों दाता। श्रीमोहिन मनि हितकरि जाता।।
अघनासन गोपाल गोसाईं। सभ मैं पूर रह्यो सभ थाई।।

---

१. **आनंद लै मस्तक धर्‌यो श्रीचर्न कविल गुरि देवि**—यहाँ से ''गुरु महिमा'' वर्णन प्रारंभ है।
२. **साईंदास नाम अनेक अनंति गुनि**—यहाँ से एक ही प्रभु के अनेक नामों का वर्णन है।
३. **कविलाकंता**—कौला या कविला शब्द कमला के अपभ्रंश हैं। कमलाकांत–कविला कंता।

विशु रूप धर्नी धार्न। कर्णासिंध सभै करि तारन।।
तू करिता कर्नहारि अविनाशी। केविल ब्रह्म तू सर्वनिवांशी।।
निर्भौ निरंजन निरंकार। नाम न अंत अंत नहीं पार।।
प्रभ क्रपाल पूर्न वीचारी। गर्व देन प्रभ गर्व प्रहारी।।
अलिष पुर्ष पततां को पाविन। नारिसिंघ परिसराम अरि बावन।।
राम क्रष्ण गोविन्द बनिचारी। जुगि जीवनि गोवर्धन धारी।।
तार्न तर्न सरन जगि तार्न। भगित निधानि सो लाजि निवार्न।।
गोविन्द केशवि संतन सुषिदाई। जुगि जुगि जोति सुजादिवराई[१]।।
कर्म धर्म सभाह[२] रहंता। साईंदास प्रभ रूपि विअंता।।

तीनि ताप तन को भए आदि उपाध विआध।
साईंदास जिहते पाईए परमपद, सो उत्तम दर्सनिसाध[३]।।

५

दर्सन ते उपिजे मनि बुद्धि। दर्सन ते तनि होवे सुद्धि।।
दर्सन ते मैल मन ते जाइ। दर्सन चोटा बहुड न षाइ।।
दर्सन सिध साध वैरागी। दर्सन ते दुरमत उठ भागी।।
दर्सन सिद्ध साध संतोष। दर्सन ते तनि रहे निर्दोष।।
दर्सन दूष भूष कों नास। दर्सन मुक्त परायण वास।।
दर्सन होइ अंतर की प्रीति। दर्सनि ते दुरमति मिल जीत।।
दर्सन ते विगसे घटि चन्दा। दर्सन ते मनि होइ अनंदा।।

दर्सन पर्सन प्रेम रस जि पूरण बडि भागि।
साईंदास प्यास मिल रहित दोष अनिरागि।।
नरिहरि नाम न वीसरे सदा साध के संग।
रसना रसीए राम रस औरि न लागे रंग।।

---

१. **सुजादिवराई < सुयादवराय**—श्रीकृष्ण भगवान् का नाम।
२. **'सभ मांह'**—होना चाहिए (लिपिकार से 'म' छूट गया है)।
३. **साईंदास जिहते पाईए परमपद सो उत्तम दर्सनि साध**—यहाँ से साधु दर्शन की महिमा का वर्णन है।

अलषकोटि ब्रह्मंडि मै सर्व निरंतर सोइ।
साईंदास जिह किह तित जानआ तुझ बिनु औरि नि कोइ[१]।।

६

तू कर्त्ता तुझ विनु नहीं कोई। सर्व निरंतरि बसआ सोई।।
आपे करि करि आप करावै। आपे मति आपे भरिमावै।।
आपे गुनी ज्ञानी आप। आपे देषो थापो थाप।।
आपे धर्म कर्म वीचारी। सभ मै अपुनी जोत पसारी[२]।।
जोगि जुगत जागे जुगितांई। एकों नामु सहंसी नाई।।
जिन जान्या तिना हरि लिव लाई। तेऊ वडै जिन्हा दरो बिडआई।।
दरि की दात होवै दरिवान। कागत फार परे परिवान।।
परै परिवान तौ उपिजे सांति। साईंदास फिर जनिम न जात।।

जोग जुगत अर ज्ञान ताते सहिज समाधी होइ[३]।
साईंदास उलिट पलिट का षेलना बिर्ला चीन्हे कोइ।।
वडि भागी हरि रस जानिआ छाडि क्रोध अर काम।
साईंदास अष्टधाति सभु यगित[४] है पारस हरि कों नामु[५]।।

७

जपि तपि संजम कर्म ध्यान। सभ ते ऊँचा तेरा नाम।।
नाम जपत गज गनका तार्‌यो। नाम जपति प्रहलादि उधार्‌यो।।
सुति हित नाम अजामल लीना। नाम जपति ध्रू निहचल कीना।।
नाम जपति नृप कन्या तरी। वकी दैत विष प्रगिट पुकरी।।

---

१. सर्वत्र एक ही तत्त्व की प्रधानता है। आगे की पंक्तियों में इसी विषय का प्रतिपादन किया गया है।
२. **सभ मै अपनी जोत पसारी**—जड़-चेतन में इसी की ज्योति का प्रसार है।
गुरुनानक देव से तुलनीय—**जाति महि जोत जोतमहि जात।**
३. जोग जुगत अर ज्ञान ताते सहज समाधी होई। बाबा साईंदास सहज समाधि के लिए दो बातों को प्रधानता देते हैं—योग युक्ति और ज्ञान।
४. यगित < जगत्।
५. यह संसार अष्टधातु के समान है और हरि का नाम पारस है जिससे ये अष्टधातुएँ भी कंचन बन जाती हैं। यहाँ से नाम की महिमा का वर्णन प्रारंभ है।

गौतम त्रीआ चर्न लगि तरी। हरि हरि करित पार बहु परी।।
जनिक सुता हरि हरि धरी हरि। लंका सहत बभीछनि मंदोदरी।।
हरिणाषस रावण अरि सिसपाला। तीनि जनिम प्रभ भए क्रपाला।।
वृजिवासी हरि की गति जानी। उनि की गति हरि हिरदे मानी।।
को गुनि सुने श्रवन धरि प्रीत। को कीर्तन करे राग मिल गीति।।
को ले माला सिमरन करे। को पादागविनी तीर्थ फरै।।
को अरिचा पूजा सो चितु लावै। इकि कर दंडौति परम गति पावै।।
इक षटि दर्सन के होवै दास। इकि होइ सहाई पूर्न आस।।
इकि आतम अर्पि मिले भगिवान। नविगुन भगति[१] सो गुणानिधान।।
जो जो इनि भगिती चितु लावै। सुनित वकित बैकुंठ सिधावै।।
नाम जपै संतन की साषी। नाम जपै द्रोपत पत राषी।।
नाम जपे सभ सुषकों दाता। नाम जपै पांडवि को भ्राता।।
नाम जपे सोई हरि को दास। ज्ञानि रतन चीन्हे साईंदास।।

अविगत गति मै सभ बसे जाका नामु बिअंति।
जो कछु कीया सो तुम कीआ मैं कित विध पावो अंतु[२]।।

८

अंतु नहीं जीई अंतु नहीं जंत्री। अंतु नहीं पौण पाणी नछत्री।।
अंतु नहीं धर्नी अंतु नहीं गौणी[३]। अंतु नहीं निसी अंतु नहीं रैणी।।
अंतु नहीं सुरिती अंतु नहीं ध्यानी। अंतु नहीं वेदी अंतु नहीं ग्यानी।।
अंतु नहीं रंगी अंतु नहीं रूपी। अंतु नहीं तडाग अंतु नहीं कूपी।।
अंवृति महात्म गति क्या कहीए। निज पद साध संग ते लहिए।।
साईंदास अनंदि प्रभ मूल। सुंन्न सविद राच्यो स्थूल।।

एको एक अनेक मै घटि घटि कीयों निवास।
पूर्ण पूरे सभन को प्रणवति साईंदास।।

---

१. **नविगुन भगिती**—यहाँ नवविधा भक्ति का उल्लेख है। साईंदास ईश्वर प्राप्ति में इसे भी साधन मानते हैं।
२. **मैं कितविध पावों अंतु**—यहाँ प्रभु को बेअन्त (अनन्त) माना है, उसी अनंत की महिमा गाई है।
३. **गौणी > गगनी।**

अंतु न पावे जगितगुर हरि जी अगम अगाहि।
हरिद्वारे केती षडी करिती सिफत सलाह[१]।।

९

केते वेद ब्रह्मे मुष गांवे। हरि जी तेरा अंतु न पावे।।
केते शंकरि धरे धआन। केते विह्न[२] चढति निशान।।
केते इंद्रासन सुरि इंद्र। केते वासक सेस फुनेन्द्र।।
केते जोगी धियान लगावे। केते सुरि किंनरि गुनि गांवे।।
केते असरि रहे हरिद्वारि। अंतु न पांवे अलिष अपारि।।
केते रंगरूप बहु भेष। केते दरि दरि वांनी सेष।।
केते धर्म कर्म बिचारी। कागिज मसि केते लेषारी।।
साति सिंध करियों मसि वाणी। कागति धर्न गगन का वाणी।।
भारि अठारा लिष्यन लाए। एह थौड़े बहु गुनि अधिकाये[३]।।
जो लिषिए सो हरि का रंगु। दर्सन होई साध के संग।।
सभ अंतिर प्रभ तेरी बासु। ज्ञानि रतन चीह्ने साईंदास।।
गातनि गरियों गर्ब मैं ना हरि भजिनि पिआस।
जनिनी गर्भ किस राषयों पोटि बांध दस मास[४]।।

---

१. यहाँ मूल ग्रंथ में शब्द 'दरिद्वारे' है पर उपयुक्त 'हरिद्वारे' ही लगा। हरि के द्वार पर कई उसकी अगाध महिमा को गा रहे हैं। पर कोई भी उसका अंत नहीं पा सका। यहाँ 'सिफत सलाह' ये शब्द फारसी के हैं। प्रशंसा और गुणवर्णन करना इनका अर्थ है।

२. 'विह्न' यह शब्द विष्णु है, इसे प्राचीनकाल में इसी रूप में लिखा जाता रहा है।

३. सात सिंधु की स्याही बनाऊँ धरती तथा आकाश को कागज और सभी अठारह भारयुक्त वृक्षराशि को लेखनी बनाऊँ तो भी प्रभु गुण लिखे नहीं जा सकते। तुलनीय–

कबीर सात समुंदहि मसु करउ कलम करउ बनराइ।
वसुधा कागदु जउ करउ हरिजसु लिखनु न जाइ।।

संतकबीर सलोकु–८१ (डॉ. रामकुमार वर्मा)

४. यहाँ से प्रभु के गुणों का वर्णन है तथा प्रभु को भूलकर संसार में लगे जीवों को चेतावनी दी है।

१०

मैं औगिनहारि कोई गुनि नाही। हरि हिरदे ते किउ बिसरांही।।
तांका नामु नहीं किउ भाक्ष्यो। अग्नि कुंड ते जिन प्रभ राष्यो।।
जिउ तंबोली राषे पान। इउ तूं राषे गुणानिधान।।
तेरा कौन सहाई वाला। जिन गर्भ वीच करि प्रतिपाला।।
नैन नासका श्रविण बणायों। मुषि बोलति वह लाड लडायों।।
करि अरि चर्न गही पग धारे। नषि अंगिरेष सो रोम सवारे।
जीविन नाम मर्न कें ताईं। गर्भे अंतर जपे गुसाईं।।
गर्भते निकस आयो संसार। हरि गुनि बैठा मूढ बिसार।।
माया मुष लागी जबि मीठी। नेत्री सुर्त पसार्न डीठी।
रच रहआ जबि दूध के स्वादि। बाला जनिम गवायों वादि।।
साईंदास नाम हरि चेति। भी मनि छूटे नाम के हेति।।

रे बाल काल सरि सांधयों मिर्ग भयों इह जीय।
अविपल तो विसवास क्या सो भोगो जो कीय।।

११

माता पिता भाई संगि षेला। धर्म न सुर्त भयो जगि मेला।।
दारा सुतु सो मोह बढायों। धनि अरि धाम देष बहुरायों।।
मनि अभमानि सु लीए जाता। त्रैढी चाल अंध मदि माता।।
नहीं सूझति कोई मीति न भाई। हौमै धनु मदि वडी वडिआई।।
राजछत्र चविर सिरि झूला। मनि अभिमान देष करि भूला।।
रे सेर चूंनि विन सकल विरान। इह तुम जान लेह सुनि काना।।
सेति मिले वग उडिरे कागा। जोविन देष देह ते भागा।।
पिंडरि केस भए अविचारी। जूया षेलति बाजी हारी।।

कबिहूँ चेति अचेत मनि जूये जनिम नि षोइ।
पछतावा पाछे रह्यो रास वोड किति रोइ।।
जिउ जांनो तिव ही करों जति कति समरन सार।
साईंदासि नाम हीनि गुनि वाहरा ध्रिग जीवनि संसारि।।
अनाथ जी सभ तुम कीए तुम कित विध हये अनाथ।
वर्न नि साकों मात्रिकी तेरी कथा अगाधि।।

आपि आपि ते साजि के न्याजि करी बहु भाँति।
निआज विराज पछान के सभ एक पुर्ष की दाति[१]।।

१२

पूर्न पूरे सभ विचारी। कोऊ दाता कोऊ दीन भिषारी।।
कोऊ भूपत को ठाढे द्वारि। कोऊ छत्रपति कोऊ ऊपर ढालि।।
कोऊ अस्व गज रथ कें ऊपरि चडिते। कोऊ उनि के आगे पाणी भरिते।।
कोऊ पहिरे कोऊ उतारे। इक पाणी सेती चर्न पषारे।।
इक पषे सेती पौण झुलावै। इकि टुकड़े मंगिमंगि भोजन पावै।।
इकि दाते देनहारि प्रभ कीने। इक आत्म परिमात्म चीन्हे।।
इक जोगी इक जंगम ध्यानी। इकि मुनि सिद्ध साध इक ग्यानी।।
इक जटि मुंडि जती संन्यासी। इक तीर्थ भ्रमत फरित वनिवासी।।
इक मौनी नगिन फरे दगंबिर। इकि भगवे करि करि पहिरे अंविरि।।
केऊ ब्रह्मचर्य केऊ ब्रह्मचारी। कोऊ निहस्वादी कोऊ पौन अहारी।।
कोऊ तपि ध्यानि षटि शास्त्र वकिते। कोऊ षटि कर्म जुगित सो रहते।।
इकि धोती संजम रहति सुचीलं। इकि होति असोच सदा जु कुचीलं।।
सुच असुच तुमते नहीं दूरं। सभ मह तुही रहया भरि पूरं।।
सर्व अंगि प्रभ कीयो निवास। इहि विध जाचे साईंदासि।।

औगिन राचे गुनि तजे या मनि छठे गवारि।
आइओं एक छिन पलक मै काल लेत करि वारि।।

१३

तेरा कीआ सभ दिआल तूं किसि ना कीआ।
सभ से माह वरतिआ जलि थलि जो जीआ।।
जेते जलि थलि जीवि समांने। जेता जां को तेता आने।।
जांको वाध घाट नहीं देति। पूर्न पूर पूर सभ लेत।।
सभ ही अऊरे तुम ही पूरा। वाज वाजि के फाटे तूरा।।
बाजे फूटे रे भैआ रहे बजाविन हारि।
बहुडि बजावे थिरु रहै साईंदास एक बिना सभ छारि।।

---

१. प्रभु की कृपा के कारण अनेक प्रकार की रचना हुई है। उसी एक पुरुष की सबको देन है। सभी में वही एक पूर्ण है। रूप-रूप अलग-अलग है। कोई भी हीन नहीं और कोई भी अपूर्ण नहीं। ''पूर्ण पूरे सभ विचारी।''

साहिबु एक अनेक गुनि गिनिति न आवे मोहि।
कोटि रसना सों जपु करों अंतु न पावे तोहि।।

१४

गुनि अनेक तेरे रूप अनंता। नामि बिअंति सो कैसे अंता।।
अगम गम्य विर्ले को आवै। जांको सति गुरि बूझ बुझावै[१]।।
बूझा पडै परिम सुष होय। तुरीआ ततिकों बूझे कोय[२]।।
मनि विसवास आत्म रस ज्ञाना। मनूआ उलिटयां मनि मांहि समांना।।
मन अरि ब्रह्म एक जवि भैया[३]। प्रगिटी जोत तिमरि नस गियां।।
पिंड षंड ब्रह्मण्ड सु लीना। सुन्न सविद अपिती जप तीना।।
आत्म भेद परिचा भैयां। शिवि नगरी में वास लिया।।
तत्त सविद अनेक अनहद बानी। सुनि-सुनि सविद सो सुर्त पछानी।।
नाम निरंजणि होति प्रकाश। इहि विधि जांचे साईंदास।।
आदि अंत की धारना करिना बुद्धि विवेक।
ग्यानि ध्यानि सम सरि रहे पसरी किर्न अनेक।।
रजि तम सांतक तीन गुनि[४] चौथे पदि अलसानि।
लिव लागी धुनि जहाँ ते साईंदास तहा समाने प्रानि।।

१५

त्रय गुनि थकत पदि चौथे अलिसाना। तुरीआ तत मैं जाइ समाना।
निहि कंचिन जलि दुविकी षाई। भ्रम वादिर तहा गियों वलाई।।

---

१. **अगम गम्य विर्ले को आवे**—वह परमात्मा अगम्य है। किसी विरले को ही गम्य है अर्थात् उसका ज्ञान होता है किसे –''जांको सतिगुरु बूझ बुझावे।'' यहाँ 'गुरु' के महत्त्व का स्पष्ट उल्लेख है।

२. **तुरीआ तत्त**—तुरीय तत्त्व चतुर्थ तत्त्व ब्रह्म है। शेष तीन हैं—जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति।

३. जीव और ब्रह्म के ऐक्यभाव का यहाँ वर्णन है। तादात्म्य होते ही एक ज्योति (ज्ञान की ज्योति) प्रगट हुई जिससे अंधकार (अज्ञान) नष्ट हो गया।

४. चौथे पद ब्रह्मपद में 'सायुज्य' मुक्ति होने पर रज, तम, सात्विक तीनों गुणों से रहित होना पड़ता है। कारण निर्गुण (गुणों से रहित) ब्रह्म में मिलने के लिए जीव को भी निर्गुण (इन तीनों गुणों से रहित) होना पड़ता है।

प्रगिटि चिह्न दिषलाविन लागा। राग द्वेष परियों अनिरागा।
भौना ठा अनि भै[१] मिले विन श्रविनि सुन ध्यान।
साईंदास नैन बिना जो देशना गुप्तचिहनि परिवान।।
बिनु देहा ध्यावित रहे बिन धुनि धरे ध्यान।
साईंदास तवि जानीए ठौडि बिना निशान।।
विमल सरोवरि मनि बसे अनिभै अगिम अपारि।
साईंदास सतिगुरि ही ते जानीए ततिपदि को विवहारि।।

१६

अगम गम्य की कहज सुनावे। समझ पडें कछु कहिन नि आवै।।
कहिन सुनिन ते भया निआरा। सहिज समाध सदा जु षुमारा।।
अलिमस्ती लिव लागी जांको। जम जंजाल करे क्या ताको।।
बंधन छूटे मुक्त षलौना। चंदि सूरि मिल पौन विलौना।।
जांका सीस सोई हो रहया। साईंदास कछु जाय नि कहया।।
सभ का दावा धरत है साहब अलब अभेवि।
साईंदास जिनि प्रेम अपना जानआ सोई साध गुरुदेवि।।

१७

सभ को सेवक साध कहावे। सो सेविक जो साहवि भावे।।
साहिवि जागे सेवक सोवे। माषनि कहा जु नीरि विलोवे।।
साई सुर्त सविद जो लागी। तत्त विचार भयो वैरागी।।
तवि जान्या जवि चेतन भया। प्रगिटी जोति तिमर नस गिया।।
अनिहदि मिल आनन्द हुआ। साईंदास तवि जीवित मूआ[२]।।

---

१. भौना ठा अनि भै मिले–यहाँ भौन = भवन ठा = स्थान अर्थात् घट (शरीर) में ही ब्रह्म की प्राप्ति मानी है। उसमें दिव्य संगीत सुनाई देता है। वहाँ विदेह की स्थिति है। वहां इन इन्द्रियों की आवश्यकता नहीं है। इन इन्द्रियों से परमात्मा का दर्शन नहीं होता। इसीलिए भगवान श्रीकृष्ण ने भी अर्जुन को विराट् रूप दिखाने से पूर्व दिव्य दृष्टि प्रदान की–
"दिव्यं ददामि ते चक्षुः मे योगमैश्वरम्।।"–गीता ११–८

२. साईंदास जीवित मुआ–साधक का सर्वोत्तम लक्षण है कि वह जीते हुए भी मृत है। जो संसार से लिप्त है वह जीवित है जो अलिप्त है वह मृत के समान है।

सलोकु– जागृति सुफन सुषोपती। मनिमै मेटो तीनि।।
तुरिया तति विलम न करौं सारि सविद लेहो चिह्न।।
जिहि ते पाई परिमपदि सो गुरि दीओं बताइ।
धरि निशान जबि निकसते पद नापै दस माई।।
को रसीआ इह रसि मिले बिछुड्या बहुड न जाइ।
सतिगुर ऐसा चाहिए जो दुभदा देत मिटाई[१]।।

१८

जोगी प्रान पुर्ष जब भया[२]। गुटिका पौन संग ते लिआ।।
निज भविनन में आसन कीना। संध्या कूपी वृज मेषल दीना।।
निहिकेवल जवि वटू आधार्या। जुगित उठानी सील षिंथार्या।।
सचमुद्रा करि मन पहिराई। त्रिगुटी संगि डिवी दिषलाई।।
द्वादिसकपाली दसवे द्वारि। पीवै पौनि अंवृत की झारि।।
अनहदि सविदि किंङ्री बाजे। सिंङ्ी सुर्ति सदा धुनि गाजे।।
मनि अकत्र भयो जु विचारा। निर्भो नगिरी का इह विवहारा।।
प्राप्त संतोष सुफल फल पाया। साईंदास इसिविधि जोगी जोगु कमाआ।।

सलोकु– वसुधा पिजरि नाम वीज रे मनि वोईंदआ।
कीर्तश्रविनी जिह्वा नाम कों शामु नेत्री देषलआ।।
करि चरिदाने गविन कों सील संतोष सरीरि।
साईंदास मुनि जन जगति के ऊपरे पदिम जिवे ही नीरि।।[३]

१९

ज्ञानी गुनी जोगी वैरागी। जुगि-जुगि जिनकों ताड़ी लागि।।
जिनकों लागा हरि का रंगि। ते भाले साधू का संगि।।
साध संगि मिल प्रगिटी लोइ[४]। पारिस भेटिया कंचिन होइ।।
कंचनि होइ सकल भ्रम भागे। अषै मिलै फिर षैइ न लागै।।

---

१. गुरु का लक्षण –द्विविधा (दुभदा) का मिटाने वाला हो।
२. योगी जब पुराण पुरुष बन जाता है अर्थात् साधक जब ब्रह्ममय हो जाता है उस दशा का रूपक द्वारा वर्णन है।
३. अलिप्त दशा–'पद्मपत्रमिवाम्भसा'–गीता ५-१०
४. लोई = ज्योति (उजाला) लौ।
५. षेई = धूल (मायाजाल)

सचु पाई ते सूचा हुआ। हिर्दे अविरि न जाने दूआ।।
एक रंगि एको घरि वास। ज्ञानी रतनि चीह्न साईंदास।।
सलोकु– कजुलु काला रे मना जगु कजिल थी न किरठि।
मैं भी अंदिर कज्जले इकि होर भी पौदे डिठी।।
इक पै इक पेइ निकसे तेरे नाम लगि–लगि तजि–तजि भूपत राजि।
अवि कछु करिए साईंदास पलिके विनसे काज।।
पलिकें अंदिर पलिक है जो इक आई गंढ।
जनिम पदार्थ षोइयो पड़ि पढ़िते जगि अंध।।
पडिने नू मतु दोस दे वेदि वकावित सचु[१]।।
साईंदास पल्हे पिआ अविवेकीया कंचन थीआ कचु।।

२०

मनि करि नाथ पंच करि चेला[२]। सहिज मदान सदा घरि षेला।।
एक ध्यानि त्रिगुण अतीति। तांका नामु कहो रणिजीत।।
मनि रणजीते आश्रम करे। हौमा छाडि सु जीवत मरे।।
जीवित मरे[३] मिले वड्यांनी। साईंदास सोई ब्रह्मज्ञानी।।
सलोकु– जोगजुगति अरि ज्ञानि गुन सहज समाधी होय।
साईंदास उलिटि पलटि का षेलणा विर्ला चीन्हे कोई।।

२१

दयापत्र दंडा बीचार। मुद्रा मौनी पौन अहार।।
षटिरस स्वादि ज्ञान घरि बसे। सभ मनि मैला दुर्मत नसे।।
भाउ वभूति अंगि जबि लागीं। तांते कहीए मनि वैरागी।।
नांदि विंद राषै इकि ठौरा। मनिते मार्न काले जौरा।।
चंचल मनि का मारे मानि[४]। कहु साईंदास जोगी परिवानु।।

---

१. **शास्त्र झूठे नहीं**–गुरुनानक कबीर आदि के भी यही विचार।
२. मन को नाथ (गुरु) बनाओ पंचेन्द्रियों को उसका शिष्य (अधीन करो)।
३. **जीवित मरना ही**–ब्रह्मज्ञानी का लक्षण।
४. **चंचल मन को नियंत्रित करना**–'चंचल हि मन: कृष्ण' गीता ६-३४। साधना में चंचल मन को नियंत्रित करना आवश्यक है।

सलोकु– साधू सहिज समाधि मैं शिवि मिल शक्त हरंति।
साईंदास मध्यम थीवे आपथी सभ ते ऊँचा दिसंति।।

२२

जोगि जुगति मेल गुरि ते पाई[१]। मिटि गियों भर्म दूसरा भाई।।
रोकआ मूल विर्छ का पेटु। दो दल ऊपरि राचे षेल।।
नाडी तत्त मूल जवि जान्या। चतुर्दल छीन षटिदलि ठहिरान्या।।
अष्ट कविल दल पौना जाई। सूषम कुंडिली रहयो समाई।।
रोक्या सूर सोम गृह आइआ। साईंदास पदि गुरते पाआ।।
सलोकु– सभे नाती कूडीआ तेरी वाह अनाति।
तूं दरि इको जेहवा पूछे नाही जाति।।
जाति को जरवधि परी किस पअ करौं पुकार।
नाम उधारे प्रभ पापा के कैइ भारि।।

२३

भगिवन्त पष्प की चाल अपर्सी। तवि अपर्स[2] होवे समदर्सी।।
लोभ मोह की तोड़े फासी। ताकी श्रिष्ट सकल होय दासी।।
चर्न दिष्ट ते राषे नयना। झूठे कविंहूं नि बोले वैना।।
आत्म ते परिमात्म जाने। हरि का मार्ग तांवी पछाने।।
सील संजम जुगत सो रहे। इंद्री पंच आत्मा गहे।।
साईंदास अपर्स कहावन। जो पापा के निकटि नि आवन।।

---

१. **योग युक्ति और ज्ञान**–ये दो सहज समाधि के साधन हैं। यहाँ योगयुक्तियों का वर्णन है।
२. **अपर्स**–स्थितप्रज्ञ का लक्षण। वह योग युक्तियों कि बिना भी मुक्त हो सकता है। समदर्सी बन सकता है। उसी का वर्णन यहाँ से प्रारंभ है–
(क) लोभ मोह से रहित होना।
(ख) नीची नजर (चरणों पर दृष्टि)
"दृष्टिपूतं न्यसेत् पादम्" मनुस्मृति।
(ग) सत्यभाषण।
(घ) शील, संयम तथा युक्ति से रहना।
(ङ) पंचेन्द्रियाँ तथा मन को वश करें।

सलोकु– जलि थलि मै जो जीवि है सभै तिहारी आस[1]।
भाणे अंतरि पाईए दुष सुष भोगि विलास।।

२४

भाणे चले पौण अरि पाणी। भाणे बोले अनिहदि वांणी।।
भाणे मूरष भाणे सुरता। भाणे नरिकी भाणे मुक्ता।।
भाणे राज भाणे मुहिथाज। भाणे सर्व सवारे काज।।
भाणे चले अचल होय भाणे। भाणे कर्म अकर्म कमाणे।।
जनिम पाइ ते कहा कमाणा। जो कछु होय सो तेरा भाणा।।
साईंदास प्रभ जपिए ईस। जो कछु करे सोई जगिदीसि।।

सलोकु– रचना राची अगम प्रभ धौल धर्न अकास।
जागृति सोवित दुष सुषी भाणे अंतिर सास।।

२५

भाणे भौन रषे ब्रहिमंडि। भाणे सप्त दीप नौषंडि।।
भाणे सलिता सिंध सवारे। भाणे थलि डुंगर[2] वीचारे।।
भाणे धौल धरे सिर भार। तिस ते परे तुही निरंकार।।
भाणे भानि चले करि जोत। भाणे अंतिर ससकी योति।।
भाणे नक्षत्रन की माल। तिस ते परे तेरी टंगिसाल।।
तेरा कौनु शरीकु समरथ है कौन। तूँ मेटे प्रभ आवा गौन।।
साईंदास प्रभ जपीए ईस। जो कछु करे सोई जगिदीस।।

राम नाम हरि सिमरीए मुषि से बारंवार[3]।
साईंदास गुर क्रपा ते मनि के मिटे विकारि।।
सप्तदीप नौषंडि मैं परिदछनि जो देइ।
साईंदास समसरि नाही हरिभजिन जो एक वारि कहि लेय।।

---

१. मुक्ति मिलना, नरकों में जाना सभी कुछ परमात्मा की इच्छा (कृपा) 'भाणा' पर निर्भर है। इसी का वर्णन यहाँ से प्रारंभ है।

२. डोंगर< डूंगर< दुर्गम स्थान (पर्वतीय प्रदेश)।

३. रामनाम का स्मरण और गुरु कृपा दो ही साधन 'मुक्ति के हैं।' यहाँ से अब केवल नाम की महिमा का प्रारंभ है।

जो प्रथिवी सकल प्रदछनि देय। मकर प्राग कलिवत्रि सिर लेय।।
जीवित वहन देत जो प्राना। उर्द्धपाउ सो धरै धिआना।।
कोटि जनिम जुक्त सो रहे। इंद्री पंच आत्मा गहै।।
एक पलिक हरि सिमरनि कीजै। तां सम सरि कछु अविर न दीजै।।
कोटि अस्वुमेध यग्य जो कीजै। तुल्हापुर्ष दान भरि दीजै।।
सिहजा भूम दान जो करे। ले दुविकी मनि काम न मरे।।
निहि स्वादी नहीं पावे स्वादि। तजिए पनि सभ वादिविवाद।।
बोलनि छाडि मौन घरि जांह। भी हरि सिमरणि समसर नाह।।
कुंभ करे शिव द्वादश वारा। प्रान देत जहाँ हैहि बंधारि।
जोगि जुगित सो राषे ध्यान। पांच भूत का मारे मान।।
रेचक पूरक कुंभक साधे। वाउ पंच अग्नि तटि बांधे।।
उलिटि पौने षटि चक्र को भेदी। मगिन समाध सो भेदि विभेदी।।
नौ दरि रोंक दसवे घरि जाह। भी हरि सिमरनि सम सर नाह।।
बांधि जटा वभूति चड़ावै। गंग जमनि विच सुरसुरी नावै।।
अंविरि छाडि दिगंबिर होवे। निद्रा जोगि ध्यानि मै सोवे।।
पीवे पवन सहज घर पानी। मंडल गगन चडा वैवांनी[१]।।
तालाकुंजी की गति जाने। अंतिर ध्यान लाग मनि मांने।।
मूंड मुडाय होत वैरागी। निंद्या चिंद्या सकली त्यागी।।
तीरथ कोट सकल भरिमांह[२]। भी हरि सिमरनि समसर नाह।।
साधे पंचअग्नि त्रैकाल। जलि तपि सीत करे परिजाल।।
शिषर बांध कुंभनि की धारा। दयाहीनि मनि भ्रमे विकारा।।
करि पषंडि चडावै षेह। विन विवेक कित दंडे देह।।
मनि वच कर्म साच घरि रहे। जैसा हिर्दे तैसा कहे।।
बंधनि मुक्त हो जायगो प्रानी। मिटे वियोगि सहजि लिव ठानी।।
मिल सतिगुरि ऐसी मति पावै। तौ साईंदास फिर जनिम न आवे।

---

१. वैवांनी < विमानी = जहाज।

२. भरिमांह = भ्रमण किये।

अषे निहारे नेत्र दो रसना पीविअ पीव।
सांईदास अकास प्याले[१] क्या भ्रमे ते अंतिर नरि षीव।।

२७

सो ज्ञानी सो पुर्षु कहावे। हौमे जल विच धर्न न पावे।।
त्रिगुण अतीत रहे लिवि लाइ। आत्म भेटे तौ भ्रम जाइ।।
सभ आत्म मैं एको देखा। लषी नि जाइ अलिष तेरी सेवा।।
सो सेवक साचा परिवान। जिस के रिदे वसे भगिवानि।।
भय ते भक्त भर्म को नास। इहि विध जाचे साईंदास।।

नाविन मैल सो उतरे मलन[२] न उजिल होय।
साईंदास यहि प्रवर्त संसार मनि विवेक मल धोय।।

२८

नाविण[३] सील सुजती को संसारी को दान।
छत्री नाविण वचनि को, संतोष विप्र को जान।।
राजा नाविण नीति को, स्त्री को नाविण लाजि।
भय करि नाविण मुक्त को अधिष्टा परि काज।।
जोगी नाविण जुगत को संन्यासी निरवंध।
जुगति न जाणे जोग की किति विध पावे अंधि।।
सुर्त विवेकी बोलना संजम चेता ध्यान।।
साईंदास नावे ता नामु संभाल लय इति विध करो स्नान।।

सलोकु– हौमे चिंता जगत को मोह माया जंजाल।
साईंदास सांति सहज घरि पीविना अंमृति नाम निहार।।

२९

नावे सचि ज्ञानी सूरा, गुरि मति मिले ते नाविण पूरा।
सति संजम अरि सील विचारे, रिदे ध्याय दुष्टां को मारे।।

---

१. प्याले < पाताल।
२. मलन < मलिन = मैला।
३. नाविण < स्नान (नौणा पंजाबी शब्द) यहाँ बाह्यस्नान को शारीरिक पवित्रता का द्योतक माना है। मानसिक पवित्रता के लिए प्रत्येक व्यक्ति का अपने कर्म क्षेत्र में अलग-अलग रूप है। यतिकास्नान-शील है। संसारीका दान है। इसी प्रकार आगे वर्णन है।

साध संगि सो धरे धियान, सांति ले सहज सों मनि मान।
अछरि नजिरी गुर बचिन मनि बवेक सचु पाय।
नहीं बंधनि तांकों साईंदास जीवन मुक्त सिधाय।।

सलोकु– भर्म न जाइ भगति विन चूकति नाहीं भीति।
ओंह निट रवे साईंदास जो कछु कीन्हि अकीति।।
अकीति न कवि हूँ लागिही कीये न अनि किति जाह।
साईंदास कीति अकीत दोऊ मिटै हरि सर्नी जवि पाह।।

३०

शिवि दर्सन की सुर्त समावे। सांति कला तवि मनूआ पावै।।
सीतल भया थक्ति विध जाय। शिवि सोभा इस विध ते पाय।।
सहजे आवे सहजे जाइ। सहजे बोले सहिजे षाइ।।
सहजे जागे सहजे सोवे। सहजे ते त्रैलोक विलोवे।।
शिवि नगिरी मैं आसुन कीना। सविदि विचारि निहचल जलु भीना।।
तांते भर्म भूल सभ जाई। शिवि सोभा इसि विध ते पाई।।
शिवि संतोष विध जोग निवास। इहि विध जाचे साईंदास।।

सलोकु– सिषा सूत्र संजम करम जो कछु निग्म वीचारि।
साईंदास सति संजम ते जानीए परिवानि कला बीचारि।।

३१

सिषा सूत्र संजम गति पाई। धर्म नेम चलो मेरे भाई।।
जलि इस्नान त्रिसंध्या धारन। षटि कर्मावहु विध वीचारन।।
माला मंत्रि दीक्षा गुर सेवा। संगति साध सर्वमय देवा।।
सालग्राम तुलिसी की माला। दया दानि दिज चर्न पषाला।।
पूर्नब्रह्म सदा भगिवान। मानो वेद कला परिवान।।
परिवान कला का इह विस्थार। साईंदास रिदे करो वीचार।।

सलोकु– इह मनि मारि मैदान कर षेलति सहज विवेक।
साईंदास कहिन सुनन को दोइ है जानिन कों भ्रम एक।।

३२

एको एक न दूसरा कोई। वाघ दर्सन ते ऐसी होई।।
मिहरिवांन मिहिर ते पावे। मिहिर बसो जिस आप वसावे।।
होइ निवाजि निवे सभ माही। छाडि झूठ सचु भिस्त समाही।।

रोजा रिदे संतोषि विचारे। कूजा कर्म सील वीहारे।।
आसा एक साहब की कीजै। गुरु अंतर मंतर महि दीजै।।
मुसावे आप तां सचि घरि आवे। साईंदास फिर जनम नि आवे।।
सलोकु– दान पुंन्य अरि यग्य नेम धर्म व्यवहार।
साईंदास सांति सहिज हरि सिमरना इहिविध दर्सन चारि।।

३३

राम नाम रसना हित कीजै। ता सम सरि कछु और ना दीजै।।
धर्स नेम संजम हितकारी। नामु जपे तांसो बलिहारी।
सहज समाध रहे लिव लाइ। आत्म भेटे तौ भ्रम जाइ।
मिल सतिगुर ऐसी मति पावे। अहि निस मिल साहबि गुनि गावे।।
निर्मल साध संग जो करे। साचा नामु लै हिर्दे धरे।।
साईंदास भजि इह विवहारि। इहि विध दर्सन कहु बीचारि।।
सलोकु– विष्यावुध व्यापे नहीं अनि इछया विसराम।
साईंदास जती नामु सभ को कहे कठन धराविन नाम।।

३४

जती सोई जाने सभ माही। घटि प्रकास दूसरा को नाहीं।।
निर्ष धर्न जो पगे पसारे। केवल ज्ञानि रिदे मै धारे।।
आसा ही ते रहे निरास। वहेत सरोवरि रहे उदास।।
जती नामु कहु विध वीचारा। काम क्रोध ते रहे निआरा।।
जवि घृति अग्नि निकट नहीं आवे। हठि करि नाम सो जती कहावे।।
घृति ते उलटि भयों जवि पानी। सम सीतिल जलि अग्न समानी।।
रहंति देव को करे प्रणामा। सभ रूपनि में तेरो नामा।।
जिहि सरूप तुम ही को जानो। गुरि प्रसादि दुभदा मत हरि आने।।
सर्व अंगि प्रभ कीयों निवास। इहि विधि जाचे साईंदास।।
जहाँ देषो तहा एकु है दूसरा कोही नाह।
साईंदास करे करावे आप ही तूं मनि कहा भरमाह।।

३५

बोध रूप की बुध प्रवीनी। सकल जगित कों जिहि बुध दीनी।।
तजहा देषो तहा एको एका। सभ घटि पसर रह्यो जु अनेका।।
अंतिरि बाहरि एको जाने। गुरि प्रसादि साच करि मांने।।

एक ही विचर कीयो जु पसारा। जगित रचिना कों बहु विस्थारा।।
सहज समाध रहे लिवि लाय। हम तुम कौन कहेगो आय।।
कहा ते आआ कहां ते जाही। एह बीचारि देष मनि माही।।
चक्र भेदि षटि भेदि बीचारा। शंषनी चक्र भयो उजिआरा।।
तबे बिल्हाय मिलो पदि माही। तहा आविण जाविण ही कछु नाही।।
साईंदास परिचे सो जांणे। एहि विध दर्सन बोध बषाणे।।
सलोकु– षटि दर्सन में लोक सभ मति मार्ग विसवास।
साईंदास जित विध किनहूं जानआ तितिही पूर्न आस।।

३६

षटि दर्शन अनिपेषन गए। अश्चर्य रूप में विसमै भए।।
किनहू सुंन्न हस्त का देक्षा[१]। उनि जान्या प्रभ एही सरेक्षा।।
दूसरे बात और जो कही। तांका भर्म हीए ते लही।।
कोऊ दंत देष पतीआना। उनि वाही ले सच करि माना।।
कानि निशानि हाथ जिन परा। उनि जाना प्रभ ऐषा षरा।।
अंश नीशान हाथ जिह लागा। बांका वाही ते भ्रम भागा।।
किनि हूँ देषा पाउ पसारा। उनि जाना प्रभ यहि विवहारा।।
पूछ परो गिर तैसा जाना। औरि झूठ वाही सच माना।।
देषनि कों रचना रची, अंधि विषनि कों धयानि।
साईंदास सभ में एकों वसि रह्या समझे ते सचु मानु।।
एको एक सभ में वसे अविरि न दूजा कोय।
साईंदास जो जाने दरि दूसरा, दरि दरि काला होय।।

३७

दरि एको दरिवान घनेरे। जिनि को दाति तेऊ दरि चेरे।।
एक जानि करि चेरा होय। ताकी चाह करे सभ कोय।।

---

१. यहां–हस्ति–अंधन्याय का वर्णन है। जिस प्रकार कुछ जन्म से अंधों ने हाथी को देखा। जिस जिस अंधे ने हाथी के जिस भाग को देखा उसी रूप में हाथी को मान लिया। इसी प्रकार जगत् के अज्ञानी लोग जिस रूप से प्रभावित होते हैं, उसे ही परमात्मा मान लेते हैं, वस्तुत: परमात्मा की वास्तविकता को केवल ज्ञानी ही जानता है।

जिनि सभ ही में एको जाना। बहु विध रंगी रंग पछाना।।
षालक बन्या षलक के माही। षालिक षेल षाकि होइ जाही।।
षालक हू ते षाक जिनावे। षुशी षालक की तबिहूँ पावे।।
हौमे मेटे ते अलिसाना। जीवित षाक होइ षसमाना।।
षसिम मने तौ नौ-निध पावे। जिस को अपुना आपु जनावे।।
साईंदास प्रभ अकथ नीशानि। मैं तेरी कुदिरत तो कुरिबांनि।।
सलोकु– करि करिवाल जो काल के काटति पलिक पलाहि।
तबि जान्या जवि गिर परा सनिमुष जूझे जाहि।।
जो जूझे तेऊ भले अनि झूझति किह काज।
साईंदास तवि क्या झूझणा जवि जम के भए मुथाज।।
निमिषि पलिक नहीं बीसरे हीए तिहारो नामु।
करि पसार दोउ मांगिते साईंदास यहि विसराम।।

३८

मूले चक्रे लागे बंधि[1]। इंद्री चक्रे थिर भए कंधि।।
नाभे चक्रे उलटै पौना। ताते मिट गियो आवा गौना।।
रिदे चक्रि मन कविल प्रकास। चूकी मार्न जीविन की आस।।
कंठी चक्रे टुटे ताला। जोगी होइ वृद्धि ते वाला।।
शंषनी चक्र भयों उजिआरा। जो चीन्हे सो जोगी सारा।।
षटि रस भेद गगिन गडि गाजा। जिह परिचा अनहद बाजा।।
आदि अनादि भओं ओंकार। जिह मिल सुर्त कीओ संचार।।
सुर्त निर्त मिल एको भआ। जीवि सीवि मिल संसा गआ।।
संसा गिआ भअ निहसंस। जित देषो तित एको वंसि।।
उत्तम मधम तहां को नाही। साईंदास पदि पूर्न घटि माही।।
सलोकु– मूल रोक षटि चक्र कों रिदे पंकज कों ध्यान।
संषनी ते सचु पाईए तहा समाने प्रान।।

---

१. योग साधना द्वारा मुक्ति प्राप्त करने के लिए साधक को प्राणायाम द्वारा कुंडलिनी को जागृत करना होता है। यह कुंडलिनी शरीर में स्थित छः चक्रों को पार करती हुई सहस्रदल कमल में पहुँच जाती है, यही साधक की परम-सिद्धि है। उन्हीं चक्रों का यहाँ वर्णन है। इनके विशेष ज्ञान के लिए परिशिष्ट देखिए।

ब्रह्मरूप निर्लेपु है माया शक्त न कोय।
साईंदास तांको छेदे वल करे कर्मा वाला होय।।

३९

एको परिमात्म निरमाया[१]। आत्म उपिजे तांकी छाया।।
वपि धरि आत्म कर्म कमाया। कर्मा ही ते जीउ कहाया।।
जबि जीउ इति उति डोलन लागा। तांते कहीए मनि अनुरागा।।
मनि मनिसा मिल षेल बनाओं। चितवति ही ते चित्तु कहायों।।
जबि चितु फेर पिछौड़े जाया। तौ परिमातिम जाय समाआ।।
षेचरी[२] साधे चितै चितवनी जाय। भूचरी ते मनि उलिटि समाय।।
अगोचरी ते आत्म लिवे लागे। उनिमनी ते संसा सभ भागे।।
चाचरी साधे सहिज निवास। साईंदास आत्म भयो प्रकास।।

कर्म करे सोई नाम ही समझि विचार विवेक।
साईंदास कहिन सुनिन को दोय है जानिन कों प्रभ एक।।
उपिज विनस क्या कहो सभी रहअ भरिपूर।
साईंदास किनहूँ नेडे जानआ किनहूँ समझयो दूरि।।

४०

किनहूँ राम निकट करि जाना। किनहूँ दूर दूर करि माना।।
किनहूँ साध लीओ घटि माही। किनहूँ दिष्ट पडो कछु नाही।।
किनहूँ अपिना आपु पछाना। किनहूँ जान्या किनहूँ न जाना।।
किनहूं दीपक जोति प्रकासी। किनहूँ भर्म परो उरि फासी।।
साईंदास जिह इह सुष मानयों। थान थनंतर रहया समायों।।

धर्म नेम सभ कों करे घाति करे नहीं कोय।
साईंदास जप लीजिए जो कुछ होय सु होय।।

४१

राम नाम मनि लेह विचारी। भर्म की भीति चित हूँ ते टारी।।
राम नाम अंमृति फल षायो। राम नाम घटि माह समायो।।

---

१. यहाँ से ब्रह्म अंश किस प्रकार जीव बना, इसका वर्णन है।
२. खेचरी, भूचरी, अगोचरी उनिमनी और चाचरी ये पाँच यौगिक अवस्थाएँ हैं। अधिक स्पष्टता के लिए परिशिष्ट में देखिए।

राम नाम जपि निर्मल होय। राम नाम जपि दुर्मति षोय।
नाम नाम जांके घटि वसआ। पर्म भावि ताहू मन वसआ।।
राम नाम महिमा कों जाने। सत्य सविद ताहू मन माने।।
साईंदास राम चित धारि। भौ जलि विषम उतारे पार।।
ब्रह्म रूप होय पसरआ देषो नैन पसार।
साईंदास अंतिर बाहरि निर्षयो भक्त हेति चिति धारि।

४२

देषो नैन पसार गुसाई। राम रमओ है सभनी थाई।।
अंतिर बाहरि लेह निहार। साध संगि मिल भ्रम मृग मार।।
कुसम माह वास संचारी। रिदे प्रतीत होय जिन धारी।।
जो प्रतीति रिदे नहीं आवे। सुनो वेदि सुन्न भाष सुनावे।।
गुरि जनि वचनि लीयो निज धारी। तौ प्रतीत होय मन भारी।।
कौन बचन कहिके समझायो। पूछो कोऊ को उत्तरि पायो।।
बिना जोत क्या माटी बोले। बिना जोत कहूँ मार्ग डोले।।
बिना जोति कहु कहा पसारा। बिनु जोते किउ कहा उजिआरा।।
ब्रह्म जोत सभ ही कों जांनो। जो दीसे सो साच करि मानो।।
साईंदास जिन ब्रह्म पछाना। बाका चूका आविन जाना।।
सलोकु– सरि भरिआ अनिभै जले, को जनि पीवे जाय।
साईंदास जावित जावन जाविही फिरि सुध रही नि काय।।

४३

सरि अनिभै भरिआ लील्हाई। जो जावे जल सो अचिवाई।।
अनिभै जल जिनने अचिवायों। भौ जलि तिनने मनि विसरायो।।
त्रिह्ना[१] त्याग दीनी तिसताही। ताह निकटि चिंता कछु नाही।।
सहिज भयों त्रैय ताप मिटाये। शिव नगिरी आसनि हि राये।।
मानि महति सभ दीयो बिसारी। घटि घटि अपिनी जोत पसारी।।
दूसरा भेद रिदो मिटि गयों। अपिना आपु पछाने लीयो।।
साईंदास अनिभै पुर माही। विचरति है संसा कछु नाहीं।।

---

१. त्रिह्ना < तृष्णा।

संसा दीनो डार के निहसंसे मनि होय।
साईंदास तांकों क्या संसय पडै जिस रिद वसिआ होय।।

४४

संसा कहा जु हरिगुन गावे। नामि जपे दुभिदा मिटि जावे।।
त्रयगुन मनूआ सूत परोवे। स्वास संमाल्ह अषंडि नहीं षोवे।।
एक स्वास हरि हरि गुनि गावे। स्वास अविर्था कोई नि जावे।।
कहु साईंदास सदा सुष होय। गुरि प्रसादि लषे जनि कोय।।
सलोकु– जिन के मनि मह उपजयों मुक्त भयो फुनि सोय।
साईंदास गुरि क्रपा सुष पाययो दुष दरिद्र भ्रम षोय।।

४५

जिन के मनि उपिजी परितीत। निर्मल होवे तांका चीत।।
भावे वेद पड़े गुनि गांवे। भावे मनि मंडलि होय आवे।।
भावे उदिर भरि भरि षावे। भावे सूषम भोजिन पावे।।
भावे कपिडे अंगि हढावे। भावे नागा वनि उठि धावे।।
भावे सुंन्न सविदि सो राचे। भावे सोहं पदि सो माचे।।
भावे आप आप हो जाय। भावे अविगति अलिष लषाय।।
साईंदास बिरथा जो जाने। सो सुष सागिर मांह गलताने।।
सलोकु– हरि पदि मय गलतान जनि अविगति विसराय।
साईंदास ममता मिटी दुभदा गई सति गुरि दीओं बताइ।।

४६

सतिगुर जिन के मनि मह भायों। पर्म पदार्थ तिनहूँ पायो।।
सतिगुरि जिन को दीयो उपिदेसा। ताहू का मिट गआ अंदेसा।।
सतिगुरि है दीपक की न्याई। पर्सति तिमर छिनमै दुर जाई।।
सतिगुरि दर्सन भेटति दुष गियों। महाअनंदि रिदे मह भयो।।
जीविन मूलि रिदे मह आयों। जो कछु इछआ सोई फल पायो।।
गुरि का मंत्र राष रिदे माही। राषति ही सुष सहिज समाही।।
साईंदास सतिगुरि बल जायो। तिहि प्रसादि हरि के गुन गायो।।
सलोकु– प्रथमि बुद्ध व्याकल भई औरि प्रकासयो भाय।
साईंदास आदि पुर्ष उतिपत करी सो मनि विसरयो ताह।।

४७

जनिम लीयो सागिर भ्रम आयो। कौल करारि सकल बिसरायो।।
जनिनी कों पय जबि ही पीयो। भजिन गुपाल तविही तजि दीयों।।
ममतां के गृह माही आयो। मं मं वचन मुष ते सुनायो।।
तुम माता के प्रगिटि आइ होयो। बिसर गियो रस माता सोओ।।
त्रैय गुनि माही षेलन लागा। गोविन्द भजन रिदे ते भागा।।
कनिक कामनी हेत बधायो। अपिना मनि ताहूँ चितु लायो।।
ओंकारि कों दीयो विसारी। महा मलीनि मनि ले चित धारी।।
साईंदास जिस हरि विसरायो। अंत समे बहुत दुष पायो।।

अनिहदि बाजे रे भैआ निसवासरि पल छीन।
साईंदास सुर्त निर्त ताहू भई गुरि किरपा करि दीन।।

४८

अनिहदि तार बजे मेरे भाई। निसवासरि तांको लिवि लाई।।
जांकी लिव लागी फुन तांको। अनिहदि उपज रह्यो घटि वाको।।
त्रिगुटी भेद रह्यो उरिझाई। उनिमनी मै फुनि ध्यान लगाई।।
तहां रचिति सोहं पदि बोले। इति उति मनुआ मूल न डोले।।
तहां रचिति सभ सुर्त पसारे। अनिहदि सविद होत उजिआरे।।
आवागवन ते भआ निआरा। छाडि दीयो सभ सकल पसारा।।
साईंदास गुरि मंत्रि दिढायो। तिहि प्रसादि अभै पदि पायो।।

तीन भविन में विचरते सूषम अति अस्थूल।
साईंदास जब जान्या तवि निकटि है पाओ जीविन मूल।।

४९

ज्ञानी ध्यानी की सुन बाति। धरो ध्यानि बहु वेद बकात।।
अंतिर ध्यान वेद मुष भाषे। हरि रस माता अंमृत चाषे।।
जो अंमृति हरि नाम कहीजै। सो अंमृति मिल साधनि पीजे।।
सुष अंमृति हरिनामु कहावे। जांके भागि सोई जनि पावे।।
मिल साध संगि करे आनंदि। सदा बसे घटि परिमानंदि।।
जाके रिदे आनंदि हूयो। सो नरि सदा सदा जुग जीयो।।
गुरि प्रसादि साईंदास बताइयों। पूर्न नाम रिदे में आयो।।
सलोकु– परिम पदार्थ पाइयो हरि सेवा चितु लाय।
साईंदास गुर प्रसादि भ्रम उतिरयो तिमर मिटायो जाय।।

५०

पर्म पुर्ष का ध्यानि करीजे। गुरि मंतरि अंतर्महु दीजे।।
गुर मार्ग छिन मह दिषलावे। ठौरि ठिकाणा निकटि बतावे।।
दर्पन न्याई मुष उलिटि दिषाई। दिष्ट पडो ममता मिटि जाई।।
जविते उलिटि पर्‌यो गृह माही। बूझे बूझे आप आप होइ जाही।।
साईंदास गोविंद गलतान। चूको जनि को आविण जान।।

तुमरी गति अपार है लषी न जावे वाति।
साईंदास ना काहू सो उपजयो विसमर हो तिह गाति।।

५१

तू दियाल अपार प्रभ होई। लषी नि जाइ अवगति गति सोई।।
दुषि भंजनि हरि दीनदआलं[१]। कर्णामय गोविंद गोपालं।।
परिमानंदि सदा सुषदायक। भगित वछल हरि सदा सहायक।।
गुनि निधान माधो मधसूदनि। सकल यगित पसर्‌यो मधुसूदन।।
निर्मल जोत उजिआरा रूपा। अटल जोत प्रभु सदा अनूपा।।
गिरवरि धारी नंद के नंदन। सकल जगत ताहू चित बंधन।।
परिमानंद मुकंद मुरारी। वामिन रूप वन्यो ततिकारी।।
नारिसिंघ सूकर बपु धार्न। भगितहेत सभ काज सवारन।।
बिसु रूप धर्नी ठहिराई। सकल सरूप रचना रचाई।।
मनि मोहनि हरि कुंजबिहारी। श्री गोपाल भगितन हितकारी।।
पतित उधार्न दीनदिआला। आदि अंति मधि है रषिवाला।।
संकटि काटिन दूष निवारन। भगित हेत प्रभ रूप पसारन।।
मोहन मंछ गोवरधन धारी। पूर्ण पुर्ष श्री कुंज बिहारी।।
दीनिबंध वृजिवासि ठाकुरु। गुनिन षान सभ के गुनि आगिर।।
सर्व अंगि प्रभ रह्यो समाई। कौलापति[२] हरि त्रिभुवन राई।।
जो जो ताहू के गुनि गावे। मुक्त लहे पदि सांति समावे।।
साईंदास सुषि नाम निधान। गुरि किरपा पायो भगिवान।।

---

१. यहाँ से प्रभु के अनेक अवतारों की महिमा का वर्णन है।

२. कौलापति < कमलापति।

आत्म मनि बुद्ध एकु है यामै भेद नि कोय।
साईंदास जौ माने तो मान लेह कहे होत नहीं दोय[१]।।

५२

एक रूप आत्म सभ माही। कर्म करे फुनि नामु सदाही।।
बुधि प्रकास परिमातम होई। आत्म मनि मिल दुर्मत षोई।।
सभ ही भीतिर ब्रह्म पछाना। अपिना आपि देष पतीआना।।
नैनन माही दीयों दिषाई। औरि नहीं कछु नाम सुहाई।।
एको राम रमयों सभ थाई। साईंदास सुष आनंदि माही।।
सलोकु– जौग ध्यान षटि कोटि कों जांते जोगी होय।
बिन जाते घरि ना बसे जतिन कर जो कोय।।

५३

प्रथमे मूल द्वारि रोकावे। दुतिए लघ दुआरे फुनि आवे।।
नाभि कविल वाउ धरि अहे। वर्तत अदिभुत लीला कहे।।
उलिटि पविन जवि हिर्दे आवे। आनंदि होइ अनंद समावे।।
जीवित आइ वस्यो तिस मंदर। अतिभूति रूप वन्यो अति सुंदरि।।
विसर गियो जो काम कमावित। करि क्रीडा तवि सुष उपिजावत।।
त्रैगुनि गियों अगम घरि आवे। जगित मांह सभ ही विसरावे।।
पंचि दूति का कीनो षापु। षडग लियो सोहं करि जापु।।
अवि तो उनिमन माह समायो। भयो कछु था जो जगि आयो।।
लीयो पछान परिमात्म सुष जविही। उनिमनि में राता जनि तविही।।
सोंहं पदि सो रह्यो उरिझाई। साईंदास गुरि दीयों बताई।।
चिह्न चक्र ना वर्ग कछु दिष्ट पडो नहीं मीति।
साईंदास अपिना आपु पछानियो निर्मल होइयो चीति।।

५४

चिह्न चक्र कछु दिष्ट न आयो। मानि गयो आतिम सुष पायो।।
जो कछु था सोई कछु भयों। संसा सोग रिदे मिटि गयो।।
मगिन होय पुरि माहि समाओ। अनिहदि तार बजे मनि भायो।।
वाजित वजंत्र तारि अधिकाई। निर्त कर्त को कह समझाई।।

---

१. साईंदासजी का सिद्धांत—''अद्वैतवाद''।

कहे कौनु को निर्त करावे। कहे तवे जो दिष्टी आवे।।
सुंन्नि भये चक्रति भयो तति ताही। सुर्त निर्त कछु रहती नाहीं।।
विसर गियों सभ भोगि विलासा। जवि निरभय पुर पायो वासा।।
साईंदास निरभै पुरि माही। विगसति सदा सदा सुष ताही।।

नामु अनंत्ति नि अंत्तु है अंत्तुलषे नहीं कोय।
साईंदास वेद पुरान संमृत कहति बुधि परिबांधे सोय।।

५५

नारायण दुष टारन हारा। आदि पुर्ष है प्रान अधारा।।
दमोदरि भक्तन हितकारी। परिसराम सुंदिर अधिकारी।।
दीनिबंध सुष सागिर पूरन। नामि निधान सदा भरपूरन।।
भक्तिवछलि त्रिभवनि को नायकि। गहिर गंभीर सदा सुष दायकि।।
मंछि कछि को रूप पसारन। भगित हेत सो हरि वपि धारिन।।
महाराजि गोविंद गोपालं। धर्नी धरि सभ के प्रतिपालं।।
वंसीधरि वावन वपु धारन। राम नाम अनिभै सुष कारन।।
मनि मोहनि मुकंदि मुरारी। मधिसूदन हरि प्रान अधारी।।
करिन करावित करिता आपे। जीवि जंति में रहआ विआपे।।
नंदि नंदन हरि प्रान अधारी। राधा-रविन[1] सदा बलहारी।।
केसि-दलन वृजि वासी लाल। काली नाथ परि भए क्रपाल।।
दावानलि को प्रानि अचिवायो। निर्षासरि कों वेगही आयो।।
बाघासुरि कों ले पटिकायो। नरि कंस को मारि चुकायो।।
विस्वुरूप अविगति गति रूपा। सुंदिर रूप सदा जु अनूपा।।
परिमानंदि पूरन पति स्वामी। दीनि दियाल गुर अंतिर जामी।।
कौलापति त्रिभवनि कों राजा। सर्वअंगि उत्तम गुन गाजा।।
नारिसिंघ सूकरि बपधारन। पूर्न पुर्ष प्रभ रूप पसारन।।
करिणामय परलंवि पछारन। सुपलकि सुति कों चरित दिषारन।।
गोपीनाथ गोवरिधनि धारी। चर्नकमल निर्षत बलहारी।।
साईंदास गोविंद गुनि गावो। जपो नामु फुन और जपावो[2]।।

---

१. राधारविन < राधारमण–यहाँ से भगवान् श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन प्रारंभ है।

२. नामस्मरण पर बल।

सलोकु– जाके भाग फुनि जागिही हरिजनि सो चितु लाय।
साईंदास हरि हरिजन अंतर नहीं जे समझे जनि कोय[1]।।

५६

हरि में साधि साध हरि माहीं। जा में भेद भेद कछु नाहीं।।
जिउ तुरंगि जलि माह समायो। षिनि उपजयो छिन माह मिलायो।।
जैसे दीपक जोत समाइ। पाविक लागी तिमरि मिट जाइ।।
जैसे जीवि फुनि सीव कहावे। जहां तेज शिव तहां दिषावे।।
पै[2] में घिरत वसे है जैसे। साधनि में हरि हरि भयो ऐसे।।
जैसे दिन मैय रैन समानी। गुरु प्रसादि समझे को ग्यानी।।
जैसे कुसम सुगंध बिसारी। ऐसे साध जोत हितकारी।।
जांको बूझ पड़ै सोही जाने। गुरिप्रसादि साईंदास बषाने।।
साधनि के संगि चित धरे विमल मोह भ्रम टार।
साईंदास ताको बिघन न लागही मुक्त होति तति काल।।

५७

जो साधनि मैय हर गुनि गावे। आपा त्यागे नीच[3] कहावे।।
जीविति मुक्त होयगो सोईं। साधि संगि मिल दुरमति षोईं।।
परिमपदार्थ तिस ही पायो। हरिभगतन सो जिन चितु लायो।।
प्रभु उतिर्‌यो तासो चितु लायो। साध क्रपा हरि भजिन कमायो।।
भजिनि करति कछु दुष नि विआपे। हरि सेवा त्रय गुनि न संतापे।।
साईंदास साधि संगि हू ते। साधि क्रपा उधरे तनि हूँ ते।।
सलोकु– ध्यानि धरो फुनि सिषर में तहा बसे सुष होय।
साईंदास अपिना आपु पछानाआ हीये निर्मल जन सोय।।

---

१. हरि और हरिजन में अभेद है। इसी तथ्य का उपमाओं द्वारा वर्णन है। पहली उपमा है—जल और जल की तरंग। कबीरदास ने भी इस उपमा का प्रयोग किया है। दूसरी उपमा है–दीपक और ज्योति की। तीसरी उपमा है—दूध और घृत की। चौथी उपमा है—रात और दिन की। पाँचवीं उपमा है–कुसुम और सुगंध की।

२. पै < पय, घिरत < घृत।

३. नीच = नम्र।

५८

धर्न उलिटि मन गगनि चढायो। भर्म मिर्ग तवि ही हत आयो।।
भूल गियो जो कछु था वकिता[१]। जोगि जुगंतर जोग सो जुगता।।
भइ की भीति सुर्त विसरानी। अनभय पुर की परी निशानी।।
चित्र रूपु कहन नहीं आवे[२]। जो मुष कहो कहा नहीं जावे।।
अविगत गति कछु लषी नि जावे। विसम होय सुष नाउं चिरावे।।
अतिभुति लील्हा नैन निहारी। साईंदास जवि मिले मुरारी।।

द्याल पुर्ष सुष देन को दुषि विसिरावन हार।
साईंदास तांकी सेवा लागीए और वाति चित टार।।

५९

दिआल पुर्ष की सेवा लागो। भजो गोपाल निसि वासर जागो।।
जागृति चोर मुसे नहिं घर कों। गुरु प्रसाद लहो हरि दरिको।।
जो कछु कहो सु हरि की बांनी। नाहीं ता मोंन भला है प्रानी।।
ठौढ राष चितु नाह डुलावो। राम जपति सहजे सुषु पावो।।
हरि की भक्त लेह चित धारी। वेद पुरानं सभ एही पुकारी।।
भक्त भाउ जोग सुष पायो। साईंदास जिस हरि गुनि गायो।।
सलोकु– हरि प्रसादि भ्रम उतारियो होवनिहारि पछान।

साईंदास साध संग्य सुषु पाइआ प्रेम भक्त चित आनि।।

६०

जो कछु कीयो सु हरि ही कीयो। जो सुषु दीयो सु हरि ही दीयो।।
विन भगिवानि और को नाहीं। गुरि मिल समझि देष मनि माही।।
विनु रघुनाथ सूझति को नाहीं। संमृति वेद सभ भाशि सुनाही।।
विनु रघुनंदनि कुंज विहारी। सूझति नाह जो सूषि दिषारी।।
विनु श्री क्रष्न मुक्त को पावे। रविसुति फासी तेउ बिरावे।।
विनु त्रिभवन नागिर सुषि आगिर। कौन दिषावे सुषि बिनु आगर।।
विनु धरिनी धरि कौन उबारे। संसा मनि का कौन उतारे।।
विनु मनिमोहनि को नहीं दाता। माति पिता वनिता सुति भ्राता।।

---

१. वकिता < वक्ता = वाचालता।

२. प्रभु के दर्शन से जो सुख मिला वह अवर्णनीय तथा अनिर्वचनीय था।

विन जगिदीस कौनु जगि परे। भौजलि विषम जो पार उतरे।।
विन गिरधारी को सुषदायक। ऐसा औरि न सूझति लायक।।
विनु मुकंदि परिमानंदि स्वामी। विरिथा कोल है अंतिरजामी।।
विनु कौलापति प्रान उधारन। ऐसा औरि नहीं दुषि टारन।।
साईंदास तौ सरिनी आयो। गुरिप्रसादि जसु भाष सुनायो।।

देषो नैन निहार के चलिआ जाति जगवीरि।
साईंदास विमल छोड हरि सिमर ले मानो गुरि अरि पीरि।।

६१

जगि चलिआ नैन लिवि लायो। विमल छाडि जसु हरि का गायो।।
षिनि पलि जाति अविध तिहारी। घटि घटि जात मनि लेह वीचारी।।
घड़ी घड़ी घड़ियाल बजावे। अवधि घटित सठ समिझ न आवे।।
आन अचानिक कालि गिरासी। उरि में डारि चलित ले फासी।।
तवि पछुताउ रह्यो मनि माही। हरि का सिमरन कीनो नाहीं।।
इहु पछतावा काम नि आवे। जोर न लागे नीर ढुलावे।।
अवि तो तुमरे प्रान वसाई। काहे ना हरि सिमरओ भाई।।
विनु हरि सिमरनि सुषु नहीं कोई। मीन बिछरि जल बिना न होई।।
कलवतर[१] रविसुत[२] सिर परिधरियो। काटि अविध तिहारी तरिवरियो।।
छाडो विलम मनि लेह संवार। साईंदास जनि कहिआ पुकार।।
सलोकु– नरिपति सुरपति सभ भजे भजिन कर्त लिव लाइ।
साईंदास जात पाति पूछे नहीं जो सिमरे सुष पाय।।

६२

नरिपति वेद भाष भषि जांने। आसि रिदे हरि जी की आने।।
कहा भया नरिपति जो हूयो। ताह कर्न हरि ही दीयो।।
मनि माही बहु लेति वीचारी। मोह नरिपत कीना गिरधारी।।
तिह ऊपरि जिनही ससताविन। जो दुष देत बहुति दुष पावन।।
इह प्रजोग त्रास मनि धारे। डरिपति डरिपति राज संभारे।।
तिह नरिपति कों बहु सुषि दिषायो। जिसको अपिना आपु जनायो।।

---

१. कलवत्तर < करपत्र (आरा) मराठी (करवत)।

२. रविसुत = यमराज।

जो जो हरिजनि रिदे वसाई। जीवित मुक्त होति मेरे भाई।।
साईंदास आनंदि घटि जाँके। हरि का नाम वस्यो घटि ताँके।।
सलोकु– देवनहारा एक है ताहू के गुनि गाय।
साईंदास पर्म मुक्त गति पाईए दुभदा देत मिटाय।।

६३

परालभित[१] जो कछू तिहारी। अनिवांछति है आविनहारी।।
जो वांछति सो मिले ना आई। परालभत छनि मिलाई।।
ठौडि राष चितु नाह डुलावो। जो कछु तुमरा है सो पावो।।
हरि को जपो निसवासर धिआवो। परालभत ले ना उकिलावो[२]।।
देवनहारि रह्यो भरिपूर। जाने निकिट अजाने दूर।।
संसा छाड़ि भजो गोपाल। करिणामै जो सदा दिआल।।
साईंदास हरि नामु ध्यावो। सुषिसागिर घटि माह बसावो।।
अनेक राग श्रविनी सुनो नैन रूप समझाय।
साईंदास उलिटि पड़ो जवि आत्मा परिमातम हो जाय।।
श्रविन धरो सुनो हरि की बानी। लषी नि जाइ अकथ कहानी।।
अनेक राग बजे मेरे भाई। मगिन होत मनि अति अधिकाई।।
ताल मृदंगि वीनि धुनकारी। अनिहदि शब्द होति अतिभारी।।
सुन्न सविद की सुर्त सभारे। निरति करति गोविंद चितारे।।
भगित भाउ रिदे माह बसाई। सहिजे मनि दुभिधा मिटि जाई।।
नाचित निरत कर्त हरि केरी। काटि देत मनि भ्रम की जेरी।।
उनिमनि माह सदा मगिन चित। जो गावित तौ आप सुनावित।।
आपे बके सुनित फुन आपे। सर्वमाह जो रहआ विआपे।।
साईंदास विचार घरि आयो। उलिटि पड़ा जवि आप सुझायो।।
जवि लगि रसीआ रस रह्यो होति व्याध को मूल।
सुषि विसरति दुष जागही परिसति अति असथूल।।

---

१. परालभित < प्रारब्ध = भाग्य। यहाँ से भाग्य का वर्णन है। भाग्य से जो कुछ भी मिले उसे सहर्ष लेना चाहिए।

२. अकलावो < अकुलावो। आकुल = व्याकुल होना (नाम धातु)।

६५

जवि लगि रसआ रस मे रसिआ। तबि लगि जांनो दुष मे फसिआ।।
जबि लगि मनु ना मोंन करावे। कहा भया जिह्वा ठहिरावे।।
जवि लगि मनु दहदिस भरिमाई। मोन कहा बहु मेरे भाई।।
मनि चंचल चतुराई करे। परि घरि मूसिन सो चितु धरे।।
मारित मगि तसकरि पंच भैया। तनि मनि माहि संताप जो दया।।
नगिर माँह कैसे ठहिराए। रहे सहिज जो रह णा पाए।।
साईंदास विकटि गति भाषे। गुरिकिरपा जनि विर्ला लाषे।।
सलोकु– सुनित वकत मुक्ते भए जिन कीनी परितीत।
साईंदास पारिब्रह्म अंतर वस्यो निर्मल होयो चीत।।

६५

सुनित नाम हरि बहु मुक्ताये। हित करि जनि हरि के गुनि गाए।।
गोविंद नामु रिदे जिन लीना। तांति काल प्रभ मुक्ता कीना।।
जांके रिदे बसे गोविंद। सदा बसे घटि परिमानंदि।।
प्रेम प्रीत जांके मनि आई। उज्जिल भयों मिटी तिमराई।।
मानो कुस्म मिल्यो जलधारा। निर्मल रूप भयो उजिआरा।।
तीनि ताप संताप चुकायो। ब्रह्म मिल्यो सुष आनंदि पायो।।
सकल माह हरि रूप दिषायों। मिट गयो दुष गुरि नामि दिढायो।।
सतिगुर चर्न रह्यो लपटाई। तिह प्रसादि भ्रमि मनि का जाई।।
साईंदास आनंद गलतानि। चूको तिन कों आविन जानि।।
उरिध मति जनि त्याग के लेहो आदि पछान।
साईंदास वैरभाउ पाछे रह्यो निर्भो पदि लिव ठान।।

६६

ध्यानि धरो धरि हरि गुन गावो। विष्या सुर्त सकल विसरावो।।
गुनि गोविंद धरो चित माही। जठर अग्न ते जिन उबिराही।।
दग्ध होन तुम कों नहीं दीयो। पान-पति[१] जो रष्या कीयो।।
रे सठि दसि मास वस्यो तूं ताही। ताह वसति हरि के गुनि गाही।।
भयो व्रतीत मास दस जविही। प्रगिटि भयो जगि भीतर तविही।।

---

१. पानपति < प्राणपति (ईश्वर)।

दौओ विसारि रष्या जनि कीनी। और मत्त ततषिन चित लीनी।।
अपिना आप दीओ विसराई। कौन नीति ते उपिज्यो भाई।।
मं मं बचन रुदनि करि भाक्ष्यो। भूल्यो अंवृत्ति विणु फल चाष्यो।।
रे जनि जोगत अपिनी की आलोरो। साधि संगि मिल दुरमति तोरो।।
ताह बसंति फुनि ना चितु आनो। यहि गोइल मिथ्या करि जानो।।
जिउ बाजीगरि बाजी पाई। छल करि प्रभ इह बनत बनाई।।
अंभ सो अंभ मिलयो मेरे भाई। माटी सो माटी होई जाई।।
माटी अविन अंभ ते साज्यो। तामे जोत सरूप विराज्यो।।
अंत माटी माटी होइ जाई। अंभ सो अंभ सहजे मिल जाई।।
पौन सो पौन मिलयो मेरे भाई। नर्क स्वर्ग मह को ना जाई।।
जो इह बांत पुकार सुनावे। जगित बसेरा करि ठहिरावे।।
जो कोकरिम करितूत तिह माही। मानि महति चतु दीनो ताही।।
सभ ते आपि नीच कर जांनो। रिदे भगिवान रुचित करि मानो।।
तांको नर्क स्वर्ग नहीं काम। जिस घटि पसरयो पूरण राम।।
जिन ने कहयो जु मै कछु कीयों। मान महति ताहू चितु दीयो।।
गुरि के बचिन सुनित जनि भाषे। अबिगत गत कछु वाही लाषे।।
अविगति गति गत सोई जाने। गुरि प्रसादि जो ब्रह्म पछाने।।
साईंदास हरि नाम धिआयो। गुरि के बचन मनि ना विसरायो।।

रवि सुति अरि जो देषते करिवति[१] जाने मीत।
साईंदास पलि पल छिन छिन अविध कों काटित सुन धरि चीत।।

६७

निस वासर जो जाति अवेही। पलि पलि छिनि छिन अविध घटेही।।
मनि मूर्ष कित स्वाद लुभाओ। पूर्न पुर्ष चित ते बिसरायो।।
कौनि हेति अति अंध अज्ञानी। जो इस्थर[२] सो दीयो भुलानी।।
जो अनित्त तासो चितु लायो। जो इस्थर चित ते बिसरायो।।
जानि बूझ किउ विषु को षायो। पतित उधारनि को बिसरायो।।
अंति न होई होति सहाई। माति पिता बनिता सुति भाई।।

१. करवति < करपत्र = आरा।
२. इस्थर = यहाँ इस्थर शब्द का अभिप्राय स्थिर है। उसमें 'इ' का 'आदि स्वरागम' हुआ है।

जवि उरि फासी रवि सुति डारे। मुगिदरि सेती सीसु प्रहारे।।
ताहि समे द्रगि नीरि ढुलावे। हाथ पछोड़े बहु पछुतावे।।
ताहि समे कछु नाह सहाई। साईंदास जबु हरि सुषिदाई।।
पूर्न पुर्ष निधान सुषि घटि घटि ताह निवास।
मनि रुचिकरि ता सेवए गुरि किरपा साईंदास।।

६८

जलि थल भीतिर रह्या समाई। अविगति गत कछु लषी नि जाई।।
पसु पंषी मे ताह निवासा। अस्थावर जंगम महँ वासा।।
जो दीसे सो ताह सरूपा। गहिर गंभीरि जो सदा अनूपा।।
अनंति रूप कछु वरिन न जाई। जिन को जानो होति सहाई।।
बिना सहाय कहा कछु होई। साईंदास जपु हरि हरि सोई।
सलोकु– सूरा सोई भाषीए सनिमुष झूझे जाय।
पीठि न देवे साईंदास हरि गुनि वान चलाइ।।

६९

सूरा सो सनिमुष जा लरे। सति गुरि शब्द षडग करि धरे।।
पंचि दूत का घाति करावे। निर्भौ नगरी माह बसावे।।
ग्यान ध्यान मे रह्या समाय। तिमरि अज्ञानि मिटै सुष पाय।।
निज पदि कों जवि ध्यान लगावे। आप सकिल विसरावे।।
रवि प्रकास कीयो जवि हूंते। तिमर विनास भयो तवि हूंते।।
त्रयगुन मेटे ते अलसाना। चूकी गियो फरि आवन जाना।।
साईंदास अनिभै पुरि माही। सदा अनंदु त्रासु कछु नाही।।
बाजे बजित अनेक भाँति सुर्त नर्त ठहराय।
साईंदास बिन देषे श्रविनी सुनो मुष ते भाष सुनाय।।

७०

बाजे बाजित भाँति अनेका। सुर्त निर्त करि समझ विवेका।।
विनु पगि नाचै जिह्वा विनु बोले। नादि सुने श्रविन नहीं षोले[१]।।
विना ताल कराल बजावे। बिन देहा करि जोत दिषावे।।

---

१. यहाँ अनिभैपुरी (सहज समाधि) की अवस्था का वर्णन है। जहाँ नृत्य-संगीत ध्वनि अनीन्द्रिय ज्ञान से प्राप्त है।

विना भानि[१] उजिआरा होवति। मनि की मैल सविद[२] गुरि धोवति।।
आपि भआ जबि आपनिहारा। साईंदास तबि भ्रम मृग मारा।।
महा विकटि अति वाटि है पगि ठहरावति नाह।
साईंदास इति विध पौहचि न पाईए विहंगम फासी लाह।।

७१

महा विगट मार्ग मेरे भाई। फिसलति पगि फुनि धरियो नि जाई।।
षगि ते मगि पगि धरिन न पाई। सुनित वकित गुर होत सहाई।।
जौ तुमरी किरपा जनि पर होई। ताते पार पडो जनि सोई।।
अंध कूप कछु नाह सुझावत। सूझत नाह न कछु दिषावत।।
होइ हैरान रहयो थकताई। साईंदास हरिदास सहाई।।
गुनि आगिर भगिवान है नागिर तांको नामु।
साईंदास नाम अनंत अनंति है सिमरो आठों जाम।।

७२

गुनि आगिर भगिवान कहीजे। सिमरनि आठों जाम करीजे।।
एकु पलु विलम नि करियो भाई। निसवासरि ताहू गुनि गाई।।
विमल बुद्धि उजिआरा होइ। जाति पात दूसर नि कोई।।
रामा पदि के मंगलि गाऊ[३]। जो गावो तौ सरिना आऊ।।
आनि देव फल को है दायक। तांते मुक्त और नहीं लायक।।
जो आनि देव किरपा जनि धारी। जो विरथाहरि होय बिचारी।।
जवि किरपाल होवे जादोराय। तवि फल आन देव जनि पाय।।
ताते एह भला मन आवे। राम नाम कित जात भुलावे।।
नारायणि निर्भौ सुषदायक। साईंदास भजि लागो पायक।।
सलोकु– मूर्ष मनि समझाविहो समझत नाहीं काय।
साईंदास हरि प्रसाद सुष सहज मैं संसा चित ते लाह[४]।

---

१. भानि < भानु = सूर्य।
२. सबिद गुरि = शब्द ब्रह्म।
३. अनन्य भक्ति पर बल–ईश्वर ही मुक्ति का दाता और देव केवल फलदायक।
४. लाह = उतारना (पंजाबी शब्द)।

७३

मूर्ष मनि तुझ कह समिझाऊ। करि विबेक तुझ नैन दिषाऊ।।
जबि तै जनिम जगति ते पायो। माति गर्भ ते कहा लइआयो।।
कहा आपि कहा मोह दिषाई। जठिर माति ते जनिम्यो भाई।।
जिन ने धारि इहि वनित बनाई। गुनि अविगुन सभ नाह सुझाऊ।।
जनिनी अस्थानि पै प्रगिटायो। प्रथिमै पाछे जगि दिषलायो।।
वहुड बाल अवस्था त्यागी। भरि जोविन नारी अंगि लागी।।
तबि हरि तुम कों ना विसरायो। जो परालभित सो आन पहुँचायो।।
नाना भाँति रक्ष्या तुझ करी। रिदे विसार चिति नाहै धरी।।
रे सठ ते एकु गुनि नाहीं मान्यो। रच्यौ औरि चित ते विसरान्यो।।
अनंति स्वाद रसना जवि पायो। हरि के गुनि गाविन बिसरायो।।
श्रविनी नाद सुन्यो जवि हीते। मंडिल ध्यानि चूको तवि ही ते।।
नैन जीवित जगित निहार्‌यो। माति पिता वनिता चित धार्‌यो।।
जहाँ हरि भक्त तहाँ नहीं जावे। जहाँ ठगित गति तहाँ सिधावे।।
वह हरि गुन इहि तो गुनि कीने। मूर्ष सठ तै ब्रह्म न चीह्ने।।
जो आवित आवित जानो। साईंदास अवि उलिटि पछानो।।

नाना रंगिहो पसर्‌यो जिन जान्यो तिनि जानि।
साईंदास जिन जानियो सुष पाइयो आनंदि में गलतानि।।

७४

कोई नागा वनि उठि धावे[१]। उनि वाही मैं अलिष लषावे।।
किनिहूँ जटा बधाई सीस। उनि जानियो ऐसो जगिदीस।।
जोगी होके कान पडाए। उनि ऐसे हरि जानि लषाए।।
कोऊ अस्थावरि के है वासी। बाहू के मनि माह हुलासी।।
काऊ वैरागी जनि भए। द्वादिस तिलक अंग मैं दए।।
कोऊ मुष ते बचिन न भाषे। मोन गहे हरि ऐसे लाषे।।
कोऊ ज्ञानि विज्ञान विचारे। कथा कीर्तन हरि ज्ञानि चितारे।।
कोऊ षटि शास्त्र वीचारी। जपे नामु श्री क्रष्न मुरारी।।
जो कबुद्धि है त्यागन हारे। सो उधिरे लै ज्ञानि बीचारे।

---

१. ईश्वरभक्ति अनेक रूपों में की जाती है।

अनेक भाँत प्रभ रूपि पसारा। सम दिष्टी जिन नैन निहारा।।
साईंदास जिन सम करि जाना। तांका भ्रम उतिर्‌यो मनि माना।।
सलोकु– तुमरी गति मैं क्या कहो मति थोड़ी चित अंधि।
भ्रमि चित तू करि आवर्‌यो अति दीर्घ तिह संधि।।

७५

तुमरी गति मैं कहा वषानो। मति थोड़ी चितु कहनि न जानो।।
सेस नागि[1] कछु अंति ना पायो। शंकरि जोगि ध्यानि चितु लायो।।
पंडित वेद पडित थकिताने। नारिद वैन बजाय भुलाने।।
जमदग्नि परासर पतन कमायो। रिष धूमासरि जतन करायो।।
गौतम तरीआ प्रीत रषाए। व्यास अगस्त हरि के गुन गाए।।
सुकि नाना विध ज्ञानि बीचारी। अंतु ना पायो तिह वनिवारी।।
साईंदास अविगति करि जानो। गुरि प्रसादि चिंता उतिरानो।।
जो निर्भौ जनि मान के, साधे पंचो दूत।
निरिमलि हो निरमलि भए नरिपति सकल अविधूति।।

७६

जिन हरि जाना आप पछाना। आप पछान ताह सुष माना।
उलिटि विचार पड़ो जवि हीते। सुषि निधानि पायो तवि हीते।।
साधू सहज अलिसाना जाय। मनि की दुभदा सकल चुकाय।।
रूपि रेष हरि चिह्न समानो। भयो सोई जो दिष्ट परानो।।
सुषि सागिर माह समायो। परिम पदार्थ तिस ही पायो।।
प्रगिटि सुगंध बसे जगि माही। पर्म जोत सो सहजि मिलाही।।
साईंदास प्रभ घटि मैं पेक्षा[2]। तत्त सरूप अरूप अरेक्षा।।
मूल सम्हालो आपना, काहू जो कहा भइयो।
साईंदास कौन रूप हो पसर्‌यो, संसा सोगि गयों।।

---

१. तुलनीय रसखान—
सेस महेस गनेस दिनेस सुरेस हु जाहि निरंतर गावे।
जाहि अनादि अखंड अछेद अभेद सुवेद बतावे।
नारद सेसु व्यास रटे पचि हारे तऊ पुनि पार न पावे।
२. प्रभु के दर्शन भीतर ही हुए—पर था वह निर्गुण।

७७

रक्त विंद ते उतिपति भयो। फुनि दस मास गर्भ में रहयो।।
अस्त रोम तुचा फुनि नाडी। उनि सभ हूं करि देह सवारी।।
तांके नवि द्वार घरे बनाई[१]। दसिवा गुपत द्वार मेरे भाई।।
गुपत द्वारा सीस मंझारी। सुनि ले हो रम रहियो मुरारी।।
दोनों श्रवनी और सुनीजे। नासका गंध सुगंधे लीजे।।
दोनों नेत्र धरे बनाई। मुषि दुआरा सुनहो मेरे भाई।।
मूलि द्वारा अविर बीचारो। इंद्री द्वारा रिदे जनि धारो।।
अस्थन फुन रोम दो भए। होइ अतीत सोहंम पदि गए।।
नावा द्वार नभ पछानो। इहि फुन पौना को अस्थानो।।
दसों द्वार परिसिद्ध बताई। नीके बोल कछु मिलन न पाई।।
साईंदास इहि करो विचारा। सो जाने जो जानन हारा।।

गुप्त द्वार की वाति सभ सुनि करि चित धरि लेय।
साईंदास संसा चूको हरि भजो रवि सुति त्रास नि देय।।

७८

जवि आत्म तहा जाइ समाया। सुर्त निर्त सभ यगि विसराया।।
अनिहदि सविद उठति जैकारा। निस वासर अनिभै झुनकारा।।
देह सुर्त कछु रहनि न होय। ब्रह्म जोत सो जाय मिलोय।।
नाना भांत वजंत्र जु वाजे। ताल मृदंगि झाझरी गाजे।।
रह्यो विल्हाइ तहा जाय समाई। साईंदास कछु कहि न जाई।।
सलोकु– श्रविन द्वार की बात सभ, सुनिए जनि परिधान।
कथा कीर्त्तन श्रविनी सुनो पूर्ण पद सुरि ज्ञान।।

७९

श्रविन सुनो सुन हरि की बानी। कथा कीर्त्तन सुनो आनंद बानी।।
भाउ प्रीति हरि जस सुन जानो। कर्म करों फल नाहन मानो।।
प्रीति करो हरि हरि जस सुनही। गुर जनि बचिन रिदे पुनि धरिही।।
भला बुरा फुन कर्म विचारा। श्रविन धारि जसि सुनित जैकारा।।

---

१. देह के नवद्वारों का वर्णन। दसवें द्वार में प्रभु हैं, इसे ब्रह्मरंध्र कहा है। इसे ही गुप्त द्वार कहा है।

साईंदास श्रवनन सुनि नीके। हरि जसु सुनो सुष चाहो जीके।।
सलोकु– नैन वाति सभ भाषी ही, प्रेम लाहा सुनि लेह।
साईंदास दरिसन हरि का सभ माह है सुनि चित अविर न देह।।

८०

नैन पसारि रूप हरि देषा। नैनन माह थके हरि लेषा।।
नैन निर्ष चले मगि माही। वस्तु निर्ष जनि नैन लुभाही।।
नैन निर्ष सकल विधि सूझे। वेद पढ़ति नैननि हर बूझे।।
नैन निर्ष भला बुरा पछाने। नैन निर्ष हरि को जसु जाने।।
साईंदास नैननि की बांनी। को जनि जाने ब्रह्म गियानी।।
सलोकु– गुप्त श्रवनि नैनन कहे नासिका कहित विषआन।
साईंदास रे नर सुनि मन में धरो प्रेम प्रीति लेहो ठान।।

८१

गंध सुगंध लेति ही रहे। तांका इहि विउहार जु इहे।।
लेत सुगंध हर्ष बहु माने। आतम सुष परिसंन्न पछाने।।
मानो विरिछ[१] मिलयो जलि धारा। हरिआ होत संगि ले परिवारा।।
मानो कुस्म षिर्यो मेरे भाई। हरिष वदिन तिन दीयो उघिराई।।
गंध लेत बहु सुकिच करायो। और लेति तांपरि ठहिरायो।।
कहा भआ जो ऐसा कीयो। अति सुगंध गंध तै लीयो।।
साईंदास तै भाष सुनायो। प्रेम भाउ कछु नाह दुरायो।।
सलोकु– सति गुरि नाम मंत्र दीयो[२], कीनो तिमर विनास।
साईंदास भौ चूका अनिभै भयो, होयो सहिज प्रकास।।

८२

सति गुरि जबिही मंत्र द्रिडायो। सकिली मनि की भीत चुकायो।।
जविही भीत चुकी मेरे भाई। दुभदा सहिजे दीयो हराई।।
जवि ही दुभदा मिटि गई मनि ते। पाँच दूत भागे तब तनि ते।।
गए दूत नगर सुषु पायो। निर्भौ होय सभ लोकु बसायो।।
गृह गृह माही मंगल गायो। मगिन भैया सुष सहज समायो।।

---

१. विरिच्छ < वृक्ष।
२. साईंदासजी की मुक्ति—गुरुमंत्र द्वारा।

मुषि द्वारे हरि के गुनि गावे। हरि रस माता सदा झुझावे।।
जो बोले सो अंवृत वांनी। मुष द्वारे हरि नामु विषानी।।
हरि का नामु सदा मुष भाषो। प्रेम पिआला अंमृति चाषो।।
असथन भविन ही रोम द्वारे। सोहं शबिद सदा उजिआरे।।
नाभि दुआर में पविना रहे। सदा सदा हरि के गुन गहे।।
मुषि भाषित जनि मुक्ता होवे। साईंदास सुष सागिर सोवे।।

जवि इंद्रि द्वार मै ठहिरते, काम भोगि सुष मान।
साईंदास तिरीआ अतर सभोगही बहु विध हो गलतान।।

८३

जवि इंद्री मनि मथन करावे। होइ व्याकल सुध विसरावे।।
मदि माता परि-धर्न[१] गिराई। सूझति माति पिता नहीं भाई।।
गुर जनि वेद सिमृति विसरायो। मतिवारा मदि दिष्टी आयो।।
नैनन माह भयो अंधआरा। भूलत विसिर जनि हारा।।
प्रथिमे वचन सो दीयो विसराई। जवि मतिवारा होय विषु षाई।।
हरि का भजनु तविही भुलानो। दारा सो चितु बहु विध मानो।।
साईंदास हरि दीयों तजाई। रे सठि तै कछु समझ नि पाई।।

लो.– मूल द्वारे आइयो सहज भयो मन माह।
साईंदास जोगि ध्यान जनि उलिटि परियो मनि माह।।

८४

सहिजे मूल द्वारा सरिही। जो सरिही दुरगंध निकरिही।।
जो कछु सहिजि माह होइ भाई। सहिजे सहज सहजि बनि आई।।
सहिज समुद्रि ज्ञानि कहीजे। गुरि परिसाद राम रस पीजे।।
एते गुन हरि ताह जो दीए। तांको कहा विसारो हीए।।
निसवासरि तांको चितु दीजै । हरि सिमरन आलस नहीं कीजे।।
कनिक कामिनी मैं उरिझायो। मनिमथ[२] सो हेत बढ़ायो।।
मिथ्या रूप करि निहिचे जांनो। साच कहो करि मनि मैं आनो।।

---

१. परिधर्न = पर स्त्री।

२. मनिमथ < मन्मथ = कामदेव (स्वर भक्ति)।

आठ एक घरि ताक चडावो। दसिवा द्वार कपाट षुल्हावो।।
विना नैन गुर सिष मनि जीजै। गुरि प्रसादि आलस नहीं कीजै।।
जो गुरि मार्ग नाह दिषाए। तौ लौ बात कहा सुध पाए।।
जवि लगि दीपक करि नहीं होवे। तवि लगि वस्तु अगोचर षोवे।।
गुर मंतर दीपक करि जानो[१]। बांको करि लै राहु पछानो।।
जो गति आपनी कीआ लोडो।। साईंदास तब भ्रम मृग मोडो।।

जवि लग मनि सोधे नहीं, तबि लगि भ्रम करि जान।
साईंदास मृग पसु जो वनि मैं फिरै, चडति नहीं निर्वान।।

८५

जवि लगि मन सोझी नहीं पावे। तवि लगि मनि दह दिस भरमावे।।
जवि लग सांध संग नहीं करे। तवि लग भ्रमता भ्रमता मरे।।
जवि लगि हरि गुन नाहीं गावे । तवि लग मुक्त न कविहूँ पावे।।
जवि लग आत्म चीन्हे नाहीं। तवि लगि धृग जीविनि जगि माही।।
जवि लगि तत्त नि रिदे वसावे। तवि लग मुघगि महादुषि पावे।।
जवि ते तत्त सकल घटि जानो। साईंदास प्रभु अपुना मानो।।

सलोकु— मुर्ष मनि अज्ञान तूं, हरि सिमरन चित धार।
साईंदास चडिते पदि निर्वानि मैं, प्रेम आदि वीचार।

८६

रे सठि मनि किउ समझ नि आवे। कहा जनिम तूं वादि गंवावे।।
काहे मदि मतिवारा हूयो। विष्या फल मैं पच पच मूयो।।
कहा हाथ कछु तुमरे आयो। जो हरि नामि रिदे विसरायो।।
कहा भया विक्ष्या उरि भायो। कहा भया जो मान बधायो।।
कहा भैया सिर जटा बधाई। कहा भआ जो मूंडि मुडाई।।
कहा भयो मिरगान उढायो। कहा भया वनि षंड सिधायो।।
कहा भओ मुष वेद बतायो। कहा भया जो जोग छनायो।।
कहा भआ जो कान छिदायो। कहा भआ वाभूति चडायो।।
कहा भयों प्रथिवीपति भयो। जुहरि को नाम नि मनि में लियो।।
साईंदास सोई परिवान। गुरि का सविद घटि लये पछान।।

---

१. गुरुमंत्र को दीपक की उपमा दी है।

रे मन हरि भजि लीजिए, तजीए मान गुमान।
साईंदास प्रेम भावि सुष पाईए होइ न कविहूँ हान।।

८७

हरि का नामु सदा चित धारो। गुनावादि हरि नाह विसारो।।
सुष सागिर हरि नामु ध्यावो। पर्म मुक्त गति तवि ही पावो।।
नामि निधान सदा सुषिदाई। रे जनि हरि का नामु सहाई।।
हरि प्रसादि सुष होवे तनि को। कलिपना मूल न व्यापे मनि को।।
अनिहदि नामु निधानि विहारी। सुषि सागिरि हरि हिरदे धारी।।
कौलापति दुषि नासन नामा। घटि घटि माह रह्यो विसरामा।।
साईंदास गोविंद गुनि गावो। प्रेम भाउ चित माह वसावो।।

मनिमथ जविही नाथयो, सहिज भयो मनि माह।
साईंदास तीन ताप संताप सभ चूके दुषि कछु नाह।।

८८

मनिमथि[१] जविही नैन निहारे। तीन ताप संताप निवारे।।
निर्ष रूप सहज मनि मानो। हर्ष माह सुष आनंदि जानो।।
प्रानि जीवि गोवर्धन धारी। पलि पलि छिनि छिनि में बलिहारी।।
सोहं सविद सदा धुन करति हो। अलिवरि ज्यूं फुन[२] लुभद पडति हो।।
कुसम रूप[३] जवि नैन करति हो। हिरदे और न आन धरत हो।।
तांको धरि मस्तक गुर देवा। ताते प्रगिट भई जगि सेवा।।
सुरि नरि रिष मुन सुष जनि पायो। तांति काल दर्सन को आयो।।
दर्सन निर्ष भयों हैराना।। अश्चर्ज[४] बाति नहीं जाति विषाना[५]।।
अगिम अगोचरि भाष सुनायो। जिन बूझआ तिन ही सुष पायो।।

---

१. मनिमथ < मन्मथ = यहाँ श्रीकृष्ण भगवान के लिए आया है। श्रीमद्भागवत् में भगवान् श्रीकृष्ण को काम का अवतार माना है।
२. फुन—वैसे इस ग्रन्थ में फुन शब्द पुनः के लिए आया है। पर यहाँ फुन अर्थ फुल्ल = पुष्प से है। संभावना है कि लिपिकार फुल्ल के स्थान पर 'फुन' लिख गया है।
३. कुसमरूप—यह शब्द भी भगवान् श्रीकृष्ण के लिए आया है।
४. अश्चर्ज < आश्चर्य।
५. विषाना < व्याख्यान > बखान।

षेचरी[१] पद जांके मनि बसे। ज्ञानि पदार्थ षिन मैं नसे।।
आप कहे कहा सुने न भाई। षेचरी पदि सो रह्यो विल्हाई।।
जवि षेचरी पदि मनि माही लागा। ज्ञानि पदार्थ तिन ते भागा।।
समझति नाहीं क्या समझावे। साईंदास तत्त सविद विल्हावे।।

हरिजनि[२] सोई भाषिए जिह घटि कपिट नि होय।
साईंदास जिह घटि कपिट न होवंही सदा सुषी नरि सोय।।

८९

हरि जनि के मनि सोई भावे। आपा तिआगे नीच[३] कहावे।।
नीच कहावे तौ नौनिध पावे। जौ निध पावे सुष सहिज मिलावे।।
सहिज मिलानो जवि ही भाई। नगिरी तसकरि[४] मूल नि पाई।।
तसकरि तबिही त्यागे जाई। सतिगुर मिल जवि बूझ बुझाई।।
अंतिर सोध लीआ जवि तवि ही। अति गंभीर राता जनि जबि ही।।
संसा सोक व्यापे कछु नाहीं। बहु निध पाई सुष सहज मिलाही।।
संसा सोग नि कबि हु पावे। जबि ते दुभदा मनि मिट जावे।।
दुभिता चूकत है फुन वांकी। हरि संगि प्रीत लगी है जांकी।।
हरि सो प्रीत अधक जवि लाई। सभ सो अपिनी जोत दिषाई।।
जवि ही जोति मिले संग सभ ही। उलिटि पडो हरि होयो तबि ही।।
साईंदास जिस आप बुलायो। सुषि आनंदि अनंदि समायो।।

लो.– श्रविनी नाम निधान हरि, जिह सिमरनि गति होइ[५]।
साईंदास बिना नाम भगिवांन के और नहीं है कोइ।।

९०

सिमरो नामुनिधानि विहारी। कौलापति त्रिभवनि दातारी[६]।।

---

१. खेचरीपद = अविनाशीपद—जहाँ खे शून्य में रमण करने वाले मुक्ति शून्य में वास का ही नाम है। वहाँ ज्ञान की आवश्यकता नहीं है।
२. 'हरिजन' (प्रभु का भक्त) की परिभाषा उसका लक्षण दिया है।
३. नीच = नम्र।
४. तसकरि < तस्कर = चोर—काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि चोर हैं।
५. प्रभु स्मरण से ही गति (मुक्ति) मिल सकती है।
६. **'दातारा'** शब्द यहाँ 'दाता' के अर्थ में आया है। 'दाता' ✓ दा धातु से 'ता' कर्तृवाचक प्रत्यय (तृच्) से बना है। पंजाबी में इस तृच् कर्तृवाचक प्रत्यय के लिए 'आरी' का प्रयोग मिलता है[१] जैसे लिखारी (लेखक)।

पूरन नामु सुष देवन हारा। सकल सरूप ताहूँ सिर भारा।।
आपि एक अनेक दिषायो। जिन समझियो तिन आप लषायो।।
अपिना आपि आप जिन लाक्ष्यो। हरि रस अमृत निज परिचाक्ष्यो।।
हरि रस अमृत जिनही पीआ। तांको सति गुर क्रपा कर दीया।।
सतिगुर किरपा ताहू धारे। रतन ज्ञानि जिन लीया विचारे।।
जांके घटि मेय भयो उजिआरा। सो जनि प्रेम सो सदा षुमारा।।
उजिआरा घटि ताहूं हूआ। जो नरि जवि ते जीवित मूआ[१]।।
जीवित मूआ[२] सोई जानु। जिन ने मारा अपुना मानु।।
अपिना मनूआ जिन ने मारा। सति गुरि मंत्रु रिदे विचारा।।
साईंदास सहज घरि मांही। सिमरो हरि संताप मिटाहीं।।

कुसम रूप सुष सहजि मे निर्षयो रूप अचंभ।
साईंदास नैन अंतिर निरषयो मानिस जनम दुर्लभ।।

९१

मानिस जनिम दुरलंभ जो पायो। विन हर सिमरन वादि गवायो।।
जवि लग कुसम रहित संगि वेला। तवि लगि होता रूप सुहेला।।
वेल सो तोड डार जवि दीआ। औरि रूप निर्षत छिन लीआ[३]।।
कुमलाना फिरि काम न आयो। डारि दीयों धरि राष मिलायो।।
तैसो रूपु मानस को भाई। पुंन्न कीए तै देहरी पाई।।
इसि देहरी को सुर नरि ध्यावे। जतिन करै तौ भी नहीं पावे।।
इहि प्रजोग हौ जतन करावे। देह पाई तै भगित कमावे।।
रे सठि तै कछु मत्त[४] नि आवे। आवर दा सभ वादि गवावे।।
सो समझे सो उलिटि पडीजे। साध संग मिल हरि जसु कीजे।।
एहि समा फिर हाथ नि आवे। आलस करि करि जनमु गंवावे।।
भजि मनि राम नाम सर्नाई। तिह प्रसादि दुष त्रासु ना कोई।।
सिंमृति वेद पुराण सुनावे। समझि देष गुरि भाष सुनावे।।

---

१. जीवित मूआ = जीते जी मरना साधक का लक्षण है।
२. यहाँ जीवित मूआ की परिभाषा दी गई है।
३. नश्वरता में कुसुम को उपमान चुना है।
४. मत्त < मति।

समझ देष मनि मैं जो कह्यो। तांते सत्त कछु अविर ना लह्यो।।
उमिग उमिग जसि हरि का गावो। दुभदा मनि ते सकिल मिटावो।।
जवि ते दुभधा मनि मिटि जाई। सहिज बैकुंठ सदा सुषि पाई।।
साईंदास सिमरण हरिकारी[१]। और तिआगि हरि सर्न तिहारी।।
सलोकु– प्रथिवीपति जवि होइयो कहा भयो मेरे मीत।
साईंदास जवि लगि राम ना जानयों कसो निर्मल चीति।।

९२

कहा भया प्रथिवीपति भयो। जवि लगि राम नाम नहीं लयो।।
सकिली प्रथिवी भई दुहाई। कहा भआ कहु मेरे भाई।।
सकिल जगित ने सीसु निवायो। महाराज करि नामु बुलायो।।
भांति भांति के महल उसारे। हाथी घोरे बहु विस्तारे।।
सैना अधिक लै संगि फिराई। कनिक कामनी देष लुभाई।।
अंति समै कछु संगि न जाई। माति पिता वनिता सुति भाई।।
जवि रविसुति ले फांसी डारे। मुगदरि सेती सीसु प्रहारे।।
रुदनु करे करि हाथ पछोरे। हा हा कर्त चलित नहीं जोरे।।
तज ऐ कहा रहिआ सभ पाछे। संगि नि चलिति बिना गुन आछे।।
बिनु भगिवान सकल विध वादि। साईंदास गोविंद करि यादि।।
सलोकु– निविली कर्म कमायो कहा भयो मेरे वीरि।
साईंदास जवि लगि मनि सोधे नहीं चंचल चपल गंभीरि।।

९३

निविली कर्म कहा भयो करियो। मानि गुमानि रिदे मैं दीयो।।
आपस को करि साध कहायो। हरि का नामु ना रिदे लिआयो।।
जगति माह पसरी प्रभताई। महा कठन बहु जतन कमाई।।
अंतिर बाहर आने धरी। कठन तपस्या साधन करी।।
बाहरि अंतिर माही डारे। निवली करम कर ततिकारे।।
इहि विध कीए मुक्त नहीं होवे। जवि लगि दुभदा मनि नहीं षोवे।।
विन भगिवान सकिल विध वादि। साईंदास गोविंद करि यादि।।

---

१. हरिकारी = हरि ब्रह्म (ईश्वर) बनाने वाला।

सलोकु– मूंड मुडाय कहा भयो जवि लगि मनि न मुंडाय।
साईंदास मनि मूंडे मुंड मुडीए इसिविध मूंड मुंडाय[१]।।

९४

मूंड मुडाय कहा जु भयोही। जवि ते मनि न करोध गयोही।।
मनि नहीं मूंड मुडायो। भेष बनाइ जगति दिषिलायो।।
मूंडे मूंडे कहा कछु नाहीं। मनि मूंडे मूंड सहज मुंडाही।।
वैरागी होवनि उठि धायो। मानो मृगि वनवासा पायो।।
बनि मैं मिर्ग रहति कछु थोरे। कहा जाति वनि दौरे वौरे।।
विनु भगिवान सकल विध वाद। साईंदास गोविंद करि याद।।
सलोकु– कान पडाय कहा भयो सिंही उर न समाय।
षिंथ उडाई कपट की जुगत न जोगि कमाय।।

९५

कान पडाए दर्सन करियो। मनि नाहीं चीन्हे परियो।।
नाथ नाथ मुष भाष सुनायो। अंताकर्न नि हेत वधायो।।
भेष धर्‌यो फुन कर्म विसार्‌यो। नाथ नाथ फुन नाम चितार्‌यो[२]।।
मनि चाहै कछु औरे करे । परि घरि मूसन[३] सों चित धरै।।
अनाहदि सविद न नादि बजायो। हीये मंत्र गुर नाह सुनायो।।
षिंथा क्षमा नि मनि पहिराई। कानि पडाय कहा भयो भाई।।
पत्तर सहिज विचार नि कीनो। डंडा हाथ ज्ञानि नहीं लीनो।।
भाउ वभूति अंग न लगाई। गुटिका पौन समाधि न लाई।।
पंषिडी कला वबेक ना कीयों। मुकंद[४] परस सुष सहिजे दीयो।।

---

१. **कबीर से मिलते-जुलते विचार**—
केसन कहा बिगारिया जो मूंडे बार बार।
मन को कहाँ नहीं मूडिये जहाँ भर्‌या विषय विकार।।

२. पाखंडी साधुओं की यहाँ निन्दा की गई है। वे कान फड़वाते हैं। मन को वश नहीं करते। साधुओं का भेस धारण करते हैं। मुँह से नाथ नाथ कहते हैं किन्तु मन में कुछ और ही सोचते रहते हैं। दूसरे घर चोरी करने की बात सोचते रहते हैं।

३. मूसन < मुष्णाति = चुराना।

४. मुकंद = श्रीकृष्ण—मुकंददास साईंदासजी के गुरु।

सोहं पदि की वाति जु पाई। उलिटि विचार्यों आप सुझाई।।
विन भगिवानि सकल विधि वादि। साईंदास करि गोविंद यादि।।
सलोकु– केसि बधाए सीसि पर मनि ना बढ़ाई प्रीति।
कपिटि भक्त मनि मैं धरी धर्‌यो नि हरि सो चीति।।

९६

लिवि न लगाई केश बधाए। उभी भुजा करि जगि दिषलाए।।
मोंन गहे मुष वचन न भाषी। करि पषंड अंन्न नाहीं चाषी।।
दधि ले अहार फलाहर करिही। संकरि रूप परितक्ष जो धरिही।।
रूप धारि जगि कों वस आने। मूर्ष जगि क्या उत्तर जाने।।
निर्ष रूप हरि सकल लुभाए। बाकी मनि की वाति न पाए।।
मुक्त न होत कपिट मन कीये। जवि लगि साच न धर्‌या हीये।।
विन भगिवान सकल विधि वादि। साईंदास करि गोविंद यादि।।
सलोकु– अगिम निगम की बात सभ जान करो बीचार।
साईंदास मन में क्रोध नि राषीए मुक्त होत ततिकाल।।

९७

अगिम निगम की बात वीचारो। करि बीचार रिदे नहीं धारो।।
मुषि भाषे मनि ना ठहिरावे। वेदि बके वकि रिदे न लिआवे।।
चतुर्परबीन आपस कों जाने। दूसरों को सरि आप नि माने।।
कहा जो हम सरि कौन कहावे। मानि गुमान रिदे में ल्यावे।।
जगि महि हमसर कौन सदावे। वेद पुरान सभ भाष सुनावे।।
मानि महति मैं भइयों गलताना। रिदे विषे धरि मान गुमाना।।
पंडति नामु कहाविन लागो। मानि महित के घरि अन्नरागो।।
सूषम पडै कहै जग माही। अविगति गत कछु कही नि जाही।।
वेदि पडित ही भर्म भुलाही। निगिम वाति कछु रिदे वसीही।।
वेदि कहित हरि भजन करीजे। तनि मनि अर्थ गोविंद के दीजै।।
सर्व माह भगिवान विराजे। पसि विहंग मैं आप समाजे।।
इहि विध तौ मनि माह न आने। आपस कों उत्तम करि जांने।।
विनि भगिवान सकल विध वादि। साईंदास गोविंद करि यादि।।

सलोकु– जती[१] नामु जगि मैं कहे इंद्री वस करि नाह।
साईंदास रूप कामिनी देष के आत्म को भरिमाह।।

९८

कामिनी रूपि जो निर्ष लुभाही। मिथ्या नाम सो जती कहाही।।
मान महति जो वस नही आने। नामु जती मुषि झूठ वषाने।।
द्रिढ करि राषे नहीं इंद्री तांई। कौन जुगत ते जती कहाही।।
धिग एह जनिमु विना हर वांनी। जवि लग अंध न होता ज्ञानी।।
करि विवेक इंद्री वस करिही। गुरि का सबिदु षडुगु[२] ले लरिही।।
विना सविद जो सती कहावे। जो झूठी मुष बात बतावे।।
बिना भगिवान सकल विध वादि। साईंदास गोविंद करि यादि।।
सलोकु– सुनिहो साधो प्रीत करि अंतर गति लिव लाय।
साईंदास प्रेम प्रवाह सदा वहे बहुविध नीके नाय।।

९९

प्रेम प्रवाह वहे घटि माही। यामै भेदु भेद कछु नाही।।
समझि विचारि रिदे जो करिही। गुरि का सविद ले पंचन लरिही।।
अनिभै पदि सो रह्यो मिलाय। गुरि प्रसादि सदा गुनि गाय।।
गुनि आगिर भगिवानि नहारे। साध संगि मिल सदा षुमारे।।
नैननि माह षुमार सदाही। बिना षुमारी कविहू नाही।।
नाम रता मतिवारा होय। बिन मदि पीते सुध मति षोय।।
हरिरस माता जविही भयो। अनिरस तबि ही ते तजि दयों।।
हरि रस माता और नि जांने। भाषे कहा जु नाम अघाने।।
नाम अघाने भूष नि लागे। नाम अघाने दुभिदा तिआगे।।
नामि रिदे जांके मनि बसे। सहिज सुमंडिल रसि मै रसे।।
साईंदास सुष सागर माही। सदा सदा सुष सहिज समाही।।
सलोकु– जो जो सरिनी साध जनि करिते तिआगि सभ माहि।
साईंदास जगि भीतिर सोभा मिले दरिगा होय परिवानु।।

---

१. यति > जती यहाँ इसी जती की व्याख्या की है।

२. षडुगु = खड्ग = तलवार।

१००

सुनिहो साधो बात वीचारो। तसिकरि पंचा को परिहारो।।
ब्रह्मि अग्नि मनि माह जरावो। दुभिदा मनि ते सकिल चुकावो।।
आपि सहिज मिल आप लिषावहु। धर्न अकास आप मह लियावहु।।
धरिनी को जलु अकासे धायो। सोहं पदि मै निज चितु लायो[१]।।
संसा सोक सकल मिटाई। साधि संगि जवि होवे भाई।।
बिन साधि संगि ज्ञानि नही पावे। बिन गुरि कैसे बूझ बुझावे।।
विधि अंकर तविही प्रगिटाइयो। साध संगि सहिजे ही पायो।।
जतिन कीए कछु होवति नाही। तटि तीर्थ चौसठ भरिमाही।।
बीज बोय फल ऐसा कीजै। विना बीज फलु कैसा लीजै।।
जौ लौ बीज न धरिनि वीजाई। कैसे फलि विनु बीज उपिजाई।।
बीज बोइ फलु लीना भाई। विना बीज फलु ना उपिजाई।।
ऐसे विध अंकरि की वांनी। विना अंकर क्या ब्रह्म पछानी।।
ब्रह्म पछाना तवि ही जाई। ज्ञानि आंच लागे मेरे भाई।।
ज्ञानी अंचि कैसे करि लागे। सुभ लगि मति अज्ञान तिआगे।।
अगियान मति कैसे तजि दीजै। इकि नीके विचार करीजै।।
भली भाँति सुनिहो चितु लाई। बिना बीजि फल ना उपजाई।।
कथा कीर्तन श्रविन सुनि धावहु। गृहि कुटंवि कार्ज विसरावहु।।
दैआ धारि सेवा चित कीजे। मिहिनित करि काहू कछु दीजे।।
हरि जनि वासु जहा सुनि पाई। विलम नि करीयो ततिषिन जाई[२]।।
जहा साध मिल ज्ञानि विचारे। नाना विधि करि वाति उचारे।।
श्रविनि धारि वाति सुनि लीजै। हरि रस रसना के सुष पीजै।।
जो जो कहो मनि ठहिराई। समिझ विचार रिदे मै आई।।
जवि सुगंध सभि हूँ मै आई। भूल्यो आनि सुगंध प्रगिटाई।।
ऐसे हरिजनि बचनि कहित है। जगित माहि फुनि कोउ लहित है।।
जवि ते ज्ञान रिदे वसायो। अनेक वीचारि रिदे मै आयो।।
सभि विधि को जवि जानन लागा। मिटि गियो तिमर भांन जवि जागा।।

---

१. यहाँ योग की युक्तियों का कूटात्मक वर्णन है।
२. यहाँ हरिकथा और हरिजन की सेवा के महत्त्व का वर्णन किया है।

सुनियति हो हरि सन्त सहाई। सुनियति हो भक्तन सुषिदाई।।
सुनियति हो दुख नासननामा। सुनियति हो घटि घटि विस्रामा।।
सुनियति हो धारन सभ धर्ना। सांइीदास रूप क्या वर्ना।। ४।।

सुनियति हो करुणानिधि स्वामी। सुनिअत हो हरि अंतरजामी।।
सुनियति हो भक्तनि सिर ताजु। सुनिअति हो महाराजनराजु।।
सुनियति हो हरि मुक्त को दायक। सुनिअति हो भक्ता के नाइक।।
सुनियति हो हरि अपरमवासी। सुनियति हो हरि सास विलासी।।
सुनियति हो हरि ब्रह्म गियान। सांइीदास पूरण पद जानि।। ५।।

सुनियति हो हर्केवल ब्रह्म। सुनिअति हो हरि निर्मल धर्म।।
सुनियति हो कउलापति केस्वर। सुनिअति हो पूरण परिमेश्वरि।।
सुनियति हो हरि नंदि के नंदा। सुनियति हो विंद्रावनि चंदा।।
सुनियति हो हर्कीट पछारन। सुनिअति हो हरि वकी उधारन।।
सुनिअति हो वृजवासी द्याल। सांइीदास भज भये निहालि।। ६।।

सुनिअति हो हरि हरि हरिवर। सुनिअति हो माधो धर्नी धरि।।
सुनियति हो हरि ईसनिइीस। सुनिअति हो जगि के जगिदीस।।
सुनिअति हो हरि राम के रामा। सुनिअति हो हरि पूर्ण कामा।।
सुनियति हो निरवयर गोसाइी। सुनियति हो व्याप्यौ सभ थाइी।।
सुनिअति हो वावन विपधारी। सुनियति हो दुख टारिण हारी।।
सुनिअति हो जन पयज वढावनु। सांइीदास संत्त गुण गाविन।। ७।।

सुनिअति हो हरिकेस गुसाइी। सुनिअति हो सुंदरि अधिकाइी।।
सुनियति हो हर्नंदकुमारि। सुनियति हो हरि अपरि अपारि।।
सुनिअति हो हरि हरि भगिवान। सुनियति हो हरि पुर्ष निधानि।।
सुनियति हो हरि बिश्वु के धारनि। सुनिअति हो हरि प्राण अधारन।।
सुनियति हो सीतापति राम। सांइीदास सुनि अति विश्राम।। ८।।

सलोकु– सुंन्न सवद मनि बूझ के तत पद करि वियुहारि।
सांइीदास अहि निस सति गुरि चर्न लग तारे तारण हारि।।

अष्टपदी–१०

निस दिन सति गुरि चर्नी लागो। अंव्रत हरि रस विष्या को त्यागो।।
सति गुरि चर्न सर्न सो राचो। विष्या तज अंव्रत सो माचो।।
सति गुरि चर्न जोऊ जन राता। सो जनि अवगति गत में माता।।
सति गुरि चर्न मिले वडिभागि। प्रेम भक्त जिस आतम लाग।।
सतिगुर चर्न धारि मनि माह। सांइीदास सति गुरि बलि जांह।। १।।

सतिगुरि चर्न मुक्त के दाता। तिह प्रसादि हरि के रंग्पराता।।
सति गुरि चर्न जपत विश्रामु। वहुडो जनम सो नाही काम।।
सति गुरि चर्न मय सुर्त समानी। गुरि प्रसाद हरि सो लिउ लानी।।
सति गुरि चर्न प्रीति करि ध्यावे। जम वयरी की तलवि न आवे।।
सति गुरि चर्न धारि मनि माह। सदा रहे सुख आनंदि तांहि।।
सति गुरि चर्न पतित को तारन। सांइीदास प्रभ अपरि अपारन।। २।।

सति गुरि चर्न मिले मल खोवे। गुरि प्रसादि सर्व सुष होवे।।
सति गुरि चर्न जपो रे प्रानी। गुरि प्रसादि बोले हर्वानी।।
सति गुरि चर्न सकल जग तारन। भउ जल कठन सो पार उतारन।।
सति गुरि चर्न रचत दुषजाइ। भय सागर ते पार पराइ।।
सति गुरि चर्न जो परे। सांइीदास तांके दुष हरे।। ३।।

सति गुरि चर्न जपति सुख होवे। जन्मि जन्म सकले दुख खोवे।।
सति गुरि चर्न रषो घट माह। सुरि नर्मुन तांके बल जांह।।
सति गुरि चर्न सीस परि धरो। गुरि प्रसादि निश्चल सुष करो।।
सति गुरि चर्न जास निज गहे। आविन जाविन ते वह रहे।।
सति गुरि चर्न प्रानि सुख दाइी। सांइीदास घटि लिउो वसाई।। ४।।

सति गुरि चर्न चेत घटि माहि। सुंन्न समाध रहो लिउ लाय।।
सति गुरि चर्न वषाने जोय। सदा सदा जग मुक्ता होय।।
सति गुरि चर्न कटे जम फास। निसवासरि चिति माह हुलास।।
सति गुरि चर्न मले दुषजाइ। जिउ गंग्या जल जगत्तराइ।।
सति गुरि चर्न जपत कै तरै। सांइीदास चर्ना पर परै ।। ५।।

सति गुरि चर्न लग पाप विनासा। सति गुरि चर्ण मन पूरण आसा।।
सति गुरि चर्न हय सर्व निधान। जो सिमरे सो पावे दान।।
सति गुरि चर्न जोड़ी चित लावे। आवा गउन को भर्म मिटावे।।
सति गुरि चर्न जोड़ी चित लावे। आवा गउन को भर्म मिटावे।।
सति गुर चर्न नाद सुष करे। सांड़ीदास चर्नों दुष हरे।। ६।।

सति गुरि चर्न तीरथ इस्नान। जो सिमरे सो पूरण जान।।
सति गुरि चर्न चेत सुष अधक। जिउ पंछी मुक्ता वस बधक।।
सति गुरि चर्न मटावे पाप। मुष अःहिनि निसि कीजे यहि जाप।।
सति गुरि चर्न प्रानि सुषदाता। जो सिमरे त्रैयीलोकी जात्ता।।
सति गुरि चर्न निर्मल नरि जोत। सांड़ीदास चर्नों की ओटि।। ७।।

सति गुरि चर्न सेवै सुरि ज्ञानी। मुष अहिनिस उचिरे हर्वानी।।
सति गुरि चर्न रूप भगवान। जो सिमरे सो तरया जानु।।
सति गुरि चर्न क्या महिमा वर्ना। जो सिमरे हो वृद्ध ते तर्ना।।
सति गुरि चर्न प्रानि प्राना। सतिगुरि चर्न चेत ना हाना।।
सति गुरि चर्न प्रगिटि नीशान। सांड़ीदास निसवासरि ध्यान।। ८।।

सलोकु– नमो नमो हरिकेस[१] हरि पूरण पुर्ष निधान।
सांड़ीदास आदि लग एक हय ओंकारि हरि जान।।

अष्टपदी–११

नमो नमो ओंकारि अकल हरि। नमो नमो पूरण वंसी धरि।।
नमो नमो हरि मछ अवितारी। नमो नमो संतन हितकारी।।
नमो नमो सुषकरि धर्धर्ना। नमो नमो नर्सिंह अपर्ना।।
नमो नमो हरि घटि घटि वासी। नमो नमो पूरण अविनासी।।
नमो नमो वावन विपधारी। नमो नमो सांड़ीदास मुरारी।। १।।

नमो नमो जमिदिग्नक सुत हरि। नमो नमो श्रीपति सारंग्य धरि।।
नमो नमो क्रहन करुणा निध। नमो नमो हरि वोध विमल वुध।।
नमो नमो गोविंद वनिवारी। नमो नमो हरि कुंजि विहारी।।

१. हृषीकेश शब्द की संभावना है।

नमो नमो त्रिभवन के राया। नमो नमो अनभय सुषदाया।।
नमो नमो रिषकेश गोसाइी। सांइीदास नमो हरितांइी।। २।।

नमो नमो मोहन रिदवानी। नमो नमो हरि सारंग्य पानी।।
नमो नमो गोवर्धन धारी। नमो नमो हरि पतित उधारी।।
नमो नमो निरकारि निरंजन। नमो नमो हरि द्रग मय अंजन।।
नमो नमो प्रान के प्रान। नमो नमो पूरण भगिवान।।
नमो नमो हरि ब्रह्म गियान। सांइीदास नमो हरि जान।। ३।।

नमो नमो हरि प्रानि उधारी। नमो नमो घटि घट उजयारी।।
नमो नमो प्रभ स्याम सुन्दर हर। नमो नमो लक्ष्मन श्री रघवरि।।
नमो नमो हर्मुक्त के दाता। नमो नमो त्रयीलोकी जाता।।
नमो नमो दुख भंज्जन राम। नमो नमो हरि पूरण काम।।
नमो नमो श्री हलधर वीरि। सांइीदास मनि में हरि धीर ।। ४।।

नमो नमो उोपाविन लोग। नमो नमो हरि पोषनि भोगि।।
नमो नमो पूरण परिमेश्वरि। नमो नमो हरि सर्व वसेश्वरि।।
नमो नमो हरि आदि जुगाद। नमो नमो करि मिटे उपाध।।
नमो नमो हरि गनका वीरि। नमो नमो प्रभ स्याम सरीरि।।
नमो नमो हरि दे दनदान। सांइीदास नमो भगिवान।। ५।।

नमो नमो धारिन ब्रह्मंडि। नमो नमो कर्ता नउषंडि।।
नमो नमो हरि साध सहाइी। नमो नमो भग्तन सुषदाइी।।
नमो नमो हरि केवल ब्रह्म। नमो नमो हरि निर्मधरिम।।
नमो नमो माधो अविनाशी। नमो नमो काटी जम फासी।।
नमो नमो हरि दान दातारी। सांइीदास नमो ववि न वारी ।। ६।।

नमो नमो निर्मल हरि जोत। नमो नमो सभ डारी पोट।।
नमो नमो हरि ज्ञानि विचारी। नमो नमो तारे अघि भारी।।
नमो नमो हरि जोति प्रकास। नमो नमो हरि पूरण आस।।
नमो नमो हरि पतित उधारन। नमो नमो हरि संगट टारन।।
नमो नमो हरि सर्वस मानो। सांइीदास नमो हरि जानो।। ७।।

नमो नमो हरि कंस विडारन। नमो नमो हरि रावण मारन।।
नमो नमो हरिनाषस छेदन। नमो नमो दुसासनि वेधन।।
नमो नमो पतिताको तारन। नमो नमो हरि पयज निवारन।।
नमो नमो धारिन सभ धर्ना। नमो नमो हरि कारिन करिना।।
नमो नमो हरि एको एक। सांईदास मनि मोहरि टेक ।। ८।।

दो.– एको एक अनेक गत नाना रूप अपार।
सांईदास जोगी जंग्यम मुनि जना अंत्त ना पारावारि।।

अष्टपदी–१२

कै जोगी कै जोगि धियान। अंत न पावे श्री भगवानि।।
कै जोगी के लिंङ लडिकावे। सो भी प्रभ को अंत न पावे।।
कै मुन जनि जो मुषो न बोले। देस दिसंतर माही डोले।।
कैय वयरागी वनि को धावे। धाय धाय भ्रम थक जावे।।
बनि षंडि सोवे सांति नि आवे। साईंदास समझे तै गत पावे।। १।।

कैई उदासी रहे उदास। बनि माही है ताकों वास।।
कबिहूँ नगिरि माहि नही आवे। भरिमति भरिमत गत नही पावें।।
जवि लग सतिगुरि चर्नन भेटे। तबि लग तिमर कहा मनि मेटे।।
घरि की सिद्ध कयसे करि पावे। जो वन मय भर्मे चित लावे।।
रहे उदास सदा मन माह। सांईदास सोई गत पाह।। २।।

कैई रूप संन्यासी हूए। मनि पाखनु भ्रमत ही मूए।।
हउमा मनि ते नाह भुलाने। तब ते वह पाखंडी जाने।।
जटा धारि भगिवे करि अंवरि। भुजा खडी कर भए डिगंबरि।।
नेत्र मूँद वह धरे धियान। कयसे गति पावे भगिवान।।
प्रगट रूप हरि सभ घट माह। सांईदास निज धन धरि ताहि।। ३।।

कैई कहे जो हम भगवान। ताके रे मनि डूबा जानि।।
कैई कहें जो हम भए साध। सो विष्या की फासी बांध।।
कैई कहे जो हम भए पूरे। तांके कबूँ न मिटे विसूरे।
कैई कहे हरि अउरि न कोई। आपस को करि थापे सोई।।
कैई भुल्ले विष्या अभिमानि। सांईदास अयसे अज्ञानि।। ४।।

कैइी कहै जो हम निर्वानी। सो कयसे मिले सारंग्य पानी।।
कैइी कहे जो हम वुद्धवानु। सो मूर्ष, करि अंद्धे जान।।
कैइी कहै जो हम सभ ऊचे। सोई हय सभ ही ते नीचे।।
कैइी कहे जो हम परि उपकारी। सो कविहूँ ना मिले मुरारी।।
कैइी कहे हम ब्रह्म संग्य राते। सांइीदास वह झूठ वकाते।। ५।।

कैइी कहे हम सभ के राजे। तांके सदा न पूरे काजे।।
कैइी कहे हम ते कछु होया। सोने सदा सदा सुख खोया।।
कैइी कहे हम सरि कौं ना। सोई हय नीच जगत के मौना।।
कैइी कहे हम ज्ञानि विचारी। ते डूबे भय धार मझारी।।
कैइी कहे हम सभ ते रहते। सांइीदास विष्या मद वहते ।। ६।।

कैइी कहे हम हरि मतवाले। सो भर्मत हय जिउ वरिवाले।।
कैइी कहे हम हय सुंन्न वासी। सो फासे हय जगि की फासी।।
कैइी कहे हम सभ के दाते। सोई आनि लोक ते खाते।।
कैइी कहे हम हय पतवानु। तांको रे मनि धृग कर्जान।।
कैइी कहे हम हय सुरि ज्ञान। सांइीदास ते मूरष जान ।। ७।।

कैइी कहे हम विप्प कहावे। सो हय अंध मुक्त नही पावे।।
कैइी कहे हम देवे दान। सो मूरष अंधे अज्ञान।।
कैइी कहै हम सांत सरूप। क्षिन मय होवे गहरा रूपु।।
कैइी कहे हम विद्यावान। पढि पढि भूले वेद पुरान।।
कैइी कहे हम रषत पिंडु। सांइीदास सो काया डंनु।। ८।।

दो.– माया सभ जगि व्याप हय एक रहे अनिताह।
सांइीदास प्रेम भक्त अह निस करे सो जनि उत्तम वाहि।।

अष्टपदी–१३

मुष ते बोले अंवृत वानी। सोइी मुक्ते जानो प्रानी।।
मुष ते बोले सभ ते नीच। तांको लगे न विष्या कीच।।
मुष ते बोले हरि रस पीवे। सो तो आदि अंत मध जीवे।।
मुष ते बोले सहज सुभाइ। जिहि निज सुण सभ जगत अघाइ।।
मुष ते बोले राम उचारे। सांइीदास ताह चल हारे ।। १।।

मुष ते बोले हरि गुनि गावे। सो तो प्रगटि बकुंठ सिधावे।।
मुष ते बोले हरि रस राचे। विष फल त्याग सुधा रस माचे।।
मुष ते बोले ब्रह्म विचारे। सदा सदा हरि अंतरि धारे।।
मुष ते बोले अंब्रत बयन। जिहि सुनि पावत हो सुष चयन।।
मुष ते बोले हरि रस चषे। सांइीदास हरि संग्य चिति रषे।। २।।

मुष ते बोले हर हर हरि। ताके सवद सदा दृढ़ करि।।
मुष ते बोले सभ सुध जान। सो तो हरि दर्गा परिवान।।
मुष ते बोले हय मध वानी। सहज सुध्व घटि माह समानी।।
मुष ते बोले हर्को नाम। जिह सुनि पावे जगि विश्राम।।
मुष ते बोले हरि इक जान। सांइीदास तां परि कुर्वान।। ३।।

मुष ते बोले आतम चीन्हे। सो तो हर्ने मुक्ते कीन्हे।।
मुष ते बोले उलिटे पउनु। तांके मिट गए आवा गउनु।।
मुष ते बोले हरि चित धारे। पंचन वस करि ज्ञानि विचारे।।
मुष ते बोले दृढ़ करि ज्ञानि। जिहि सुन जगत लहत निर्वान।।
मुष ते बोले हरि लिव लाइ। सांइीदास सदा मुक्ताइ।। ४।।

मुष ते बोले दुर्मत छाड। विषु फलि कटि सुधा फल गाड।।
मुष ते बोले षुल्हे कपाट। तांकों सूझे अठसठ हाटि।।
मुष ते बोले विष फल त्याग। हरि सिमरे ते पूरण भाग।।
मुष ते बोले हरि की गाल[१]। निस दिन सिमरे श्रीगोपाल।।
मुष ते बोले सुंन्न विराजे। सांइीदास सुष गहरे गाजे ।। ५।।

मुष ते बोले हरि संग्य हेत। विष्या मनि तजि हरि हरि चेत।।
मुष ते बोले हर्की वानी। सोइी जांनो ब्रह्म गियानी।।
मुष ते बोले अगम्य अथाह। वाह वाह जे को वाहः।।
मुष ते बोले उनिमनि हरे। गुरि प्रसादि अनिभय जस कहे।।
मुष ते बोले हरि सो ध्यान। सांइीदास तिह पूरण जानि।। ६।।

---

१. गाल > गल्ल = बात।

मुष ते बोले क्रहन कन्हैया। सो नरि सदा सदा सुषैया।।
मुष ते बोले अनिहदि सूझे। सो नरि अगिमि निगम विध बूझे।।
मुष ते बोले हरि विज्ञान। तिस जनि परि जाइीए कुर्वान।।
मुष ते बोले गुरि चर्न पषालु। तिस जन परि प्रभ आप दियाल।।
मुष ते बोले हरि नाम धिआवे। सांइीदास सोई गति पावे।। ७।।

मुष ते बोले हरि रस पीवे। सो नरि सदा ही जीवे।।
मुष ते बोले हर्चित धरे। सो जनि जीवे कवूँ न मरे।।
मुष ते बोले सीता राम । तिस जनि सो जम नाही काम।।
मुष ते बोले प्रेम कहानी। हरि सिमिरण गति तिन हो जानी।।
मुष ते बोले निज घरि रहे। सांइीदास अविगति गत लहे।। ८।।

सलोकु– अगम निगम सभ सोधयो अंत नाही गति पात।
सांइीदास एक रूप पसरयो ब्राह्मण षत्री जात।।

अष्टपदी–१४

अंत नहीं करुणा निध स्वामी। अंत नहीं हरि अंतर जामी।।
अंत नही धरिनी धरि गोविंद। अंत नाही पूरण परिमानंद।।
अंत नाही सागर अरि सलता[१]। अंत नाही जो हरि संग मिलता।।
अंत नाही हय सूरज चंदा। अंत नाही हय मेर मुकंदा।।
अंत नाही घटि ज्ञान विचार। साईंदास अंत नहि पार ।। १।।

अंत नाही हय जल थल वास। अंत नाही हय धर्न अकास।।
अंत नाही बोलण चुप कर्ना। अंत नही हय जीवन मर्ना।।
अंत न तर्वरु अंत न पत्तर। अंतु न पउन पानी बासंतर।।
अंतु न सुन्न समाध हय अंत। अंतु न सांत उपाध हैय अंतु।।
अंतु नही जो जल थल जीया। सांइीदास अ अनंत हर् कीया।। २।।

अंत नहीं गंभीरि कउलास। अंत नही हय जोत प्रकास।।
अंत नही हय सुरि नरि देवा। अंत नाही हय प्रभ की सेवा।।
अंत नाही हय हर् के रूपु। अंत नाहीं हय तत्त सरूपु।।

१. सलता > सरिता, ''रलयोरभेद:''।

अंत नहीं हय वेद पुरान। अंत नही हर् कीर्त वषान।।
अंत नाही अयुतार्ज कीन्। सांइीदास हरि अंत को चीन्।। ३।।

अंत न सपना अंत न भूपु। अंत न छाउ अंत नहि धूपु।।
अंत न मूरष अरि वुधवानु। अंत न राम क्रहन भगिवान।।
अंत न पडे, ज्ञान नहि अंत। अंत न चोट साध नहि अंत।।
अंत न तिरया पुर्ष न अंत। अंत न पुंन्न पाप नहि अंत।।
अंत न धउल पताल नहि अंत। सांइीदास प्रभ अंत बिअंत।। ४।।

अंतहि स्वर्ग नर्क नह अंत। अंत नहि राग दोष नहि अंत।।
अंत नहि हस्त अंत नह घोड। अंत नहि निगम अंत नह थोड।।
अंत न फुल फलन वृष न अंत। अंत नहि घाटि वाट नहि अंत।।
अंत न देव दानू नहि अंत। अंत न पशू प्रेत नहि अंत।।
अंत न जुगत अजुगति नहि अंत। सांइीदास प्रभ सदा बियंत।। ५।।

अंत न भूष तृपत नहि अंत। अंत न उतपत षपत न अंत।।
अंत न जीवण हतन न अंत। अंत न सोव जाग नहि अंत।।
अंत न जोगी जोग धियानी। अंत न मूरष अर सुर ज्ञानी।।
अंत नही सागर रतनागर। अंत नही प्रभ सभ गुन आगर।।
अंत विअंत अंत को पावे। सांइीदास धन नामि धियावे।। ६।।

अंत न आन आप नहि अंतु। अंत पुछावण कहे न अंतु।।
अंत न धरिण धारण ब्रह्मंडि। अंत न सपत दीप नउषंड।।
अंत न सेस अंत नहि नागि। अंत अभागि अंत नह भागि।।
अंत न दीप न अंत पतंग्या। अंत अनंत अनंत तरंग्या।।
अंत अनंत अंत्तत निहारे। सांइीदास दर्सन बलहारे।। ७।।

अंत न पेषे ग्रह भगवान। अंत न हरि हर हर जान।।
अंत नहीं कउलापति के स्वर। अंत नही पूरण परिमेस्वर।।
अंत नहीं हर्नदकुमार। अंत नही हरि अपर अपारि।।
अंत नही, क्या अंत बषानूँ। अंत कविन बिध कर्के जानूँ।।
अंत नही क्या कह्यो अंत। सांइीदास हर् जानि विअंत।। ८।।

सलोकु– सभना को प्रभ देत हय वर्धा कोइी नाहि।
सांइीदास जल थल जो जीव से सकले सिमरे ताह।।

अष्टपदी–१५

साध देत हरि चोरिन देत। नरन्देत हरि ढोरन देत।।
मूरिष सभ अज्ञानी देत। महा प्रसंन्न सुरि ज्ञानी देत।।
तिरिआ देत पुर्ष भी देत। पूरण पूर्पूरि सभ लेत।।
भर्म देत हरि सांतक देत। मद्धम देत कुल आगर देत।।
देत देत क्या भाष सुनाऊ। सांइीदास प्रभ के बल जाऊ।। १।।

दीना नाथ दयाल दियाल। सभ जीयनि को हय प्रतिपाल।।
या विनु दूजा अविरि न कोइ। जल थल भीतरि रहा समोइ।।
स्वास स्वास में सभे सम्हारे। एक स्वास नाम नो विसारे।।
जी जी की हरि सोझी धारे। पल पल छिन छिन काज सवारे।।
अयसे प्रभ पर्सद सद वार। सांइीदास सदा बलहारि।। २।।

सभ जीयन को आप सहाइ। कउलापति हरि तृभवन राइ।।
सभ जीयन को जानण योग। वा विन अउर न होया होग।।
अयसे ठाकुर परि वल जाऊ। निसवासरि तांके गुन गाऊ।।
गाय गाय गुण आतम तोषू। ब्रह्म अग्नि यह विध कर्पोषू।।
प्राणनाथ को घट मय लय्ये। सांइीदास प्रभ केवल जय्ये ।। ३।।

दीन दियाल दया निध जानूँ पूरण पुर्ष सदा भगिवानूँ।।
वन तृण वृक्ष सलता परिवाह। जल थल भीतर वा हरि ताह।।
या विनु अउर न सूझे कोइ। हरि समसरि, को दूजा होइ।।
पलि पलि छिनि छिन ना विसरावो। स्वास स्वास हर्के गुनि गावो।।
प्रेम प्रीत करि चित लाए। सांइीदास सदा गुण गाए।। ४।।

अयसे प्रभ के वल वल जाइीए। उमगि उमग मन हर् जस गाइीए।।
प्रेम प्रीत चित में ठहिराइी। भ्रम प्रवाह को दिय वहाइी।।
देवन हारि निरंजनि देव। आठ जाम लग हर्की सेव।।
साध संज्ञ मिल गावो गीत। त्याग डारि चित ते विपरीति।।
अंतरि गत हो भज भगिवान। सांइीदास निश्चे मनि मानि।। ५।।

पल पल प्रेम बढाउो राम। आदि अंत सुफलो यहि काम।।
अउरि लालसा चितवनि त्यागि। राम नाम की सेवा लाग।।
प्रगिटि निशान वजे जगि माह। कछु संसा चित उपिजे नाह।।
साहिब मिल जवि साहबु हूआ। संसा तउ जो होवे दूया।।
एकु दुयी का षोवे मूल। सांइीदास मिल आनंद झूल।। ६।।

चउथे पदि माही घरि वास। सांत सरोवरि माह विलास।।
ज्ञान पंखडी षोल्हे जाइ। सहज झूलणे झूले आइ।।
करि ववेक तुरिया घटि लयन। चउथे पदि मय सभ भए चयन।।
ज्ञानि वबेक रहत कछु नाह। चउथे पदि मय जाय मिलाह।।
निश्चल मारग सांत पदि जानु। सांइीदास तत्त लेय पछान।। ७।।

सकल घटा कों देत हरी हर। रे मनि सिमरण ताह करी करि।।
तांकों त्याग न अउरी लाग। हरि रस रच विष्या सो भाग।।
सभ जगि देत कहाउ चिराऊ। अयसे हरि सभ माह लषाऊ।।
सर्व घटा मय आपे रहया। विन भगिवानि न दूजा भया।।
प्रभ की कथा कहा कवि कह्ये। सांइीदास हरि भज सुष लह्ये।। ८।।

सलोकु–मिथ्या विन हरि सिमरने तनि धन जोविन माल।
सांइीदास मिथ्या विष्या चित धरय आण आण जंज्जाल।।

अष्टपदी–१६

मिथ्या परि नारी चित राषे। मिथ्या सो विनु हरि कुछ भाषे।।
मिथ्या हरि गुण विन कुछ बोले। मिथ्या देस दिसंतर डोले।।
मिथ्या सो पर्द्रव्व चित धारे। मिथ्या सो विष्या संग भरे।।
मिथ्या धनि जोविन विन नाम। मिथ्या विन हरि सकले काम।।
मिथ्या विन हरि सिमरण देहः। सांइीदास सिमरण विनषेहः।। १।।

मिथ्या हर्ष शोक जो व्यापे। मिथ्या विन हरि अउर जु जापे।।
मिथ्या सुति दारा परिवार। मिथ्या नाम विना अउतारि।।
मिथ्या पहरण षावन भोगि। मिथ्या ध्यानि विना सभ जोग।।
मिथ्या प्रेम विना मुष वानी। मिथ्या धरे आन विषानी।।
मिथ्या थान थनंतर वासा। सांइीदास मिथा सभ आसा।। २।।

मिथ्या भक्त[१] विना जो करे। मिथ्या परि प्रीक्षा चित धरे।।
मिथ्या विन हरि सकले काम। मिथ्या विन रसना हर्नाम।।
मिथ्या विन हरि कथा गियान। मिथ्या विन हरि आउना जानु।।
मिथ्या रूप रंज्ञ अभमान। मिथ्या माया को करि जान।।
मिथ्या हस्त अश्व असिवारी। सांइीदास तूँ सिमर मुरारी।। ३।।

मिथ्या राम नाम विन वानी। मिथ्या प्रेम भक्त विन हानी।।
मिथ्या पर्निंद्या जो करे। मिथ्या लालच माया धरे।।
मिथ्या विन हरि नाम जु लए। मिथ्या हरि को तज चित दए।।
मिथ्या ग्रह कारज वियुहारि। मिथ्या हरि विन अउर विचारि।।
मिथ्या सति गुरि चर्न न लागे। सांइीदास मिथ्या विन जागे।। ४।।

मिथ्या श्रविण परिनिंद्या राचे। मिथ्या हर् तज विक्ष्या माचे।।
मिथ्या राज बिना हरि नाम। मिथ्या जोवन माने धाम।।
मिथ्या अंवरि अंग हढावे। मिथ्या परि विकारि कों धावे।।
मिथ्या परि धरि मूसन जाइ। मिथ्या चित जो लोभ लुभाइ।।
मिथ्या पिंडु प्राण भय होवे। सांइीदास हर भज सुष सोवे।। ५।।

मिथ्या साध हरि अंतर जांने। मिथ्या काम क्रोध मनि मांने।।
मिथ्या भूष प्यास जो व्यापे। मिथ्या सीत धाम कों तापे।।
मिथ्या बहुत नींद सो प्यार। मिथ्या वचनि न हो सच पारि।।
मिथ्या पगि तीरथ नह जाइ मिथ्या कर्ना टहिल कराइ।।
मिथ्या विन बूझे सभ होइ। सांइीदास मिथ्या सभ लोइ।। ६।।

मिथ्या काम क्रोध हंकारि। मिथ्या नामि विना संसारि।।
मिथ्या उपजि विंस जगि माह। जवि लगि हरि सिमरण हो साह।।
मिथ्या हरि विन अउरि निहारे। मिथ्या हरि विन देहा जारे।।
मिथ्या हरि विन अउरि जो ओटि। मिथ्या हरि विन धंधा पोटि।।
मिथ्या विन भगवान सभ जान। सांइीदास सोइी परिवान।। ७।।

---

१. भक्त = क्षद्धा।

मिथ्या साध चोरि जो होवे। मिथ्या तन धन हरि विन षोवे।।
मिथ्या बहु पुत हित संग्य राता। मिथ्या नरि जोविन मदमाता।।
मिथ्या विष्या उठे तरंगा। मिथ्या विन हरि राचे रंगा।।
मिथ्या नयन भये जगि रूपु। मिथ्या सपनि भयो जो भूपु।।
अनेक जतन उहु करि रह्यो, उनि कृष्न न त्यागा।
संडे कह्यो क्या करो येहि स्मझे नाही।
अवि जाइ आषो नृप को ऐसी मति मांही।
अपने जेहा करि थका इहु कह्या न माने।
क्रोध मान संडा भयो अति क्रोध मनि आने।
तब ही जाइ पुकारआ हरिनाकस पासे।
तेरा नामु न सिमर ही ना मनि कर त्रासे।
पटीआ लिष्य मै दई ले करि उोह धोवै।
कृष्न कृष्न तिह लिष्या तेरा नामु न षोवै।
सुत तेरा जवि ना जपे होर क्यूँ करि माने।
सभि ही त्यागहि नाम तोह, वावा तूं जाने।

जितना कितना करि रह्या माने नही कह्या।
मेरे मनि विच एसि तें लोह ही वह्या।
मै तैनू हुण आष ही सुण मेरे भाई।
साईंदास पुकारआ जो सी वो पाई। ४७।।

हरिनाकस जव इह सुन्यां संडे दे पासों।
प्रहिलाद लीयो बुलाइ करि सुतु करे विनासा।
तव प्रहिलाद को य्यूं कह्यो जपु मेरा नामा।
उौर वाति सभ छाडि करि करिहो इह कामा।
कित कौ करे विरोध तूं सुण मेरे वाले।
मैं विनु उौर न कोई तुमरे रषिवाले।
प्रहिलाद भक्ति उत्तर दीयो सुणहो पिता मेरे।
क्रिष्न सहाई मोह है जांके सभ चेरे।
उसेडके[१] आषु तूं होरु कित मै लागा।
जो सुषदाई आद अंत तिस को क्युँ त्यागा।
उौरु नामु सिमरो नही कृष्न कृष्न पछाना।
विना नाम मै क्रिष्न के अवरु नहीं जाना।
जवि हरिनाकस य्यूं सुन्यों प्रहिलादि इउ बौले।
अति क्रोध मनि होयो धर्नी परि डोले।
तव मुषि ते इउ कहिआ जा करि गिरिवावो।
रंचिक रंचिक इसि करो करि मार चुकावो।
हरिनाकस इउ आषआ लै चल्यै ताही।
मानो वधिक उडीकिदे फडि लीना ताही।
प्रहिलाद भक्ति को लै गए जां करि चडिवाया।
अस्थावर परि चाड के फिरि तले वहाया।
क्रिष्ण क्रिष्ण मुष ऊचरे सभ जग्त हंकारी।
तांकौ भौ व्यापे नही जो सरनि मुरारी।
प्रहिलादि भक्ति को दुष नहीं लागा।
साईंदास जो हरि भजे तिह सभ दुष भागा।। ४८।।

---

१. यहाँ 'उसे छडके' शब्द चाहिए ''छ'' छूट गया है।

संडे जवि इह देष्या प्रहिलादु न मूआ।
पूर्न ब्रह्म गोपाल को अमर इह हुआ।
फिरि ले आयो भक्ति को हरिनाकस पासे।
गिर ते गिराया ना मुआ अति विगसे हासे।
तव हरिनाकस य्यूं कह्यो दावा सो जारो।
जैसे जानो तैसे ही तुम इसि प्रहारो।
संडे ओझे[१] भक्ति को दावा महि डारा।
दावा भक्ति अंगु ना दहे गोविंदु रषिवारा।
दावा जल वलि बुझि गई प्रहिलाद न मूया।
भक्ति गोविंद की मनि धरी अमर वह हुआ।
मानो सिंहजा पुहप परि पगु जन ने दीना।
महा अनंदु हृदे महि वाहू ने कीना।
हरिनाकस जव देष्यो इह नाही मरही।
अंतरु अपना सोधि करि वीचार जु करही।
काती लोह की घडो कूप महि खडि पावो।
तिसि महि इसि को डारि कें तुम मार चुकावो।
काती लोहेकी घडी कूप महि गहि पाई।
प्रहिलादि भक्ति को कूप महि फिर जाइ गिराई।
डार कूप महि भक्ति को वह उठि घरि आए।
तहा पालनलासां पद दीआ पींतवर छाए।
तहा भक्ति ने सुष कियो दुष कोई न लागो।
जो कछु भौ सा तिस समे अंतर तें भागो।
निसि वाती झालू भआ हरिनाकस कह्या।
जाहो देषो तिस कौ कित गति रह्या।
संडामर्का जाइ करि जव देषण लागे।
पालनि महि आनंद माहि झूलेवने पागे।
संडे मर के जाइ कहा पालनि महि झूलै।
तांको दुख न लाग ही कैसे करि डोलै।

---

१. ओझा > उपाध्याय = शिक्षक गुरु (पंजाबी में पांधा)।

हरिनाकस तव य्यूं कह्यो उसि को ले आवौ।
मैं उसि कौं कछु पूछहों तुम विलम न लावौ।
संडामर्का जाइ करि प्रहिलादु ले आया।
भक्ति हेत भगवान जी सभ रूप दिषाया।
हरिनाकस वहु जतन कराए।
कुंजर बस धरि अधिक बुलाए।
भक्ति को वाधि गजि आगे डारा।
मदि माते गज अति बलु भारा।
निर्षित भक्तु गज पाछे धायो।
प्रहिलाद भक्ति के निकट आयो।
गज सार्थी अंकस तिस मारे।
गज आगे पग मूलि न डारे।
वहुरो राकस ने क्या कीआ।
ऊर्द्ध मत्त चित महि इ लीआ।
भक्ति कौ वांधि वसुधर उझीए।
महा त्रासु राषस दिषलाए।
वसुधर भक्ति के निकट नि आवहि।
दर्सनु करि पाछें को धावहि।
भक्ति गुण ताहि दिसहि मेरे भाई।
राकस देष समिझि ना पाई।
वहुरो भक्ति कों उर महि लीना।
वदुनु चूंम मुष ते बचु कीना।
हे सुत जप लेहु मेरो नामा।
उौर सों तेरो न कछु कामा।
मम डरि कुंचरि तोह न मार्यो।
मनि महि डर्प पाछे पगु धार्यो।
मनि मै कह्यो जो मैं इसि मार्यो।
अपने प्रान वेग ही जारो।
हरिनाकसु मोक प्रहारे।
सुत वियोग करि मो कौ मारे।

वसुधर भी ऐसे हृदे आनी
प्रिथ्वी निश्चै करि इहि जानी।
एह जो तुझ को नाह डुवायो।
मम डरि करि के तुझे वचायो।
दावा तुझ को जार्‌यो नाही।
मम डरि ते डर्पे मन माही।
मत तूँ कहै जो कृष्न छुडायो।
हमिरी रक्षा की तां गायो।
मोह नामु हृदे धरि लीजे।
ए सुत उौर कामु ना कीजे।
भक्ति सुणी जवि इहि विधि काना।
तव ही मुष ते वचनु वषाना।
रे पत कहा तूँ रछि करावे।
तुमरो वलु कहु कहा वसावे।
रछया मोह कर्ति भगवाना।
तै हृदे कहा लीयो अभिमाना।
तजि अभिमान सरनि हरि आवो।
अपुने मनि का भ्रांत चुकावो।
कहा तूँ भूल पर्‌यो मनि माही।
तुमरे मन कछु आवै नाही।
जिन अभिमानु कीयो सो मूयो।
तांको नासु तात क्षिण हूयो।
काहे को तूं भर्मि भुलावैं।
राम सर्नि काहे नही आवैं।
विन हरि नाम थिरु नाह न कोई।
जुगां जुगंतर थिरु प्रभ है सोई।
अेसी भक्ति नै वात उचारी।
साईंदास जन को वलु भारी।।४९।।

हरिनाकस जव य्यूं सुन्यो वहु क्रोधु करायो।
अति क्रोधु मनि महि भयो लोचन ललायो।
राकस ने तव क्या कीआ।
भक्ति कौ थम्ह सहित वधि लीआ।
तव ही भक्ति सौ वचनु उचारा।
कहा कृष्ण तोह राषनहारा।
अवि तुमरी आइ करे सहाई।
सो प्रभु मोकों देह वताई।
भक्ति कह्यो प्रभु मो महि तो महि।
सकल जगति महि अहो इसु घर थंम्ह महि।
थंम्हे नामु जबि भक्ति उचारा।
तव ही उनि ते भयो टंकारा।
नारसिंह को वपु प्रभु कीना।
थंम्ह सो तव पगु दीना।

नृसिंह-अवतार

चंद्रावती देवी है मात।
वन्ह ऋषि तांको है तात।
हिजगुरू गढु मुलतान।
हरिनाकस तव ही उठि भागा।
काल सरूप देष षिस के पागा।
नर हरि पकिडयो राकस तांई।
रात दिवस महि को समा नाही।
संध्या परी रवि अंतर वाहर।
द्वार मध्य पकर्यो श्रीनरहर।
धर्यो जंघ परि उदर विडारा।
कर नष सों श्री प्रान अधारा।
पद्मचि वचु पूर्न करि लीआ।
शस्त्रो का कोऊ घाउ न दीआ।

कर पलो जोर करि रंगायो।
तांकी सोभा अधिक वतायो।
मानो नीबि फलि देत दिषाई।
अर्नि ताह ललता डरि जाई।
अति सोभा ताहू वनि आई।
तांकी सोभा कही न जाई।
फोर्ति आतिरी उौर नषावत।
राकसि आतिरी सकल फुरावत।
भक्ति प्रहिलाद प्रश्नु तव कीआ।
हे प्रभ कवन धर्म इनि लीआ।
अंतर फोरे जो निर्षावो।
एह किर्पा कर हमिह वतावो।
नरहर प्रतु दीनो जनि ताई।
सुनहो भक्ति तुम हितु चितु लाई।
एहि प्रयोग अंतरी फोर डारो।
तोह सार्षा कोई भक्ति निहारो।
मतु कोई अवरु होवै इस मांही।
इह उपजी घट उौर कछु नाही।
इहि कहि भक्ति को मान वधायो।
अपने जन को भ्रांत चुकायो।
अमरो ने कीनो जै जै कारा।
जै जै नरहर रूप उचारा।
कुसम वर्षा अमरो लाई।
नारिसिंह हरि सदा सहाई।
साधो नाम सदा चित धारो।
साईंदास हरि नाह विसारो।।५०।।
हरिनाकस जब मुक्ति सिधायो।
प्रहिलाद भक्ति इहि हृदे वसायो।

क्रियाकर्मि करने चितु धारा।
ब्रह्म भोजन कीनो ततिकारा।
बेद मृजाद भक्ति सभ कीआ।
पिता जान इहि मनि धरि लीआ।
धेन अधिक बिपो कों दीनी।
हाथ जोर कर विनती कीनी।
भक्ति को विपो तिलकु लगाया।
अशीर वचनु मुषि ते उचिराया।
नरहरि तव ही वचन उचारे।
सुण प्रहिलाद तूँ भक्ति हमारे।
भयो हौं क्रपाल माँगु कछु लेवहु।
मन महि संका कछु न करेवहु।
जो तुम माँगो देवो सोई।
उैर वात मैं करो न कोई।
भक्ति हाथ जोरे उचिरायो।
हे प्रभ करुणा जान करायो।
भक्ति सदा तुमरी मैं पावों।
नाम जपों कबना अलिसावों।
करुणा करि ये ही मोह दीजै।
विक्षा स्यौ जनि को वच लीजै।
तुमरो नाम वसै घटि माही।
और वात कछु जाचों नाही।
नरहरि प्रत प्रहिलाद सुनायो।
मोहि भक्ति तुम हृदे वसायो।
भक्ति सदा होवै तुम पाही।
अवरु माँगु कछु सकुचो नाही।
फिरि भक्ति ने विनती ठानी।
तुमरी गति प्रभु मैं ना जानी।
मम परि क्रिपा करी अधिकाई।
ताँकी विधि कछु कही न जाई।

जो कृपाल भए प्रभ मेरे ।
तौ विनती करो आगे तेरे।
जगत दुषी तिस मुक्ति पठावो।
वेग विल्म हर मूल नि लावो।
जब प्रहिलाद येह वचुनु उचारा।
नर हर मन कीनो वीचारा।
भक्ति कउन वरु जाचनु कीना।
पीर अधिक भयो तिहि लीनो।
जो न करौ बच भक्ति पुराइण।
मानु भक्ति होवे किह नराइण।
भक्ति वचन प्रतिपाल करेवों।
मांनु भंगतिहि कर्नि न देवों।
वहुरो भक्ति स्युँ वचनु उचारा।
सुणु हो भक्ति तुम वचन हमारा।
जगत दुषी को ले तुम आवो।
मोको कोई आण दिषावो।
तांको मै बैकुंठ पठावो।
वेग विल्म छिन मूल न लावो।
भक्तु सुनत हर वचन उठि धायो।
तजि ग्रहि अपुनो वाहरि आयो।
चड्यो षडावन थान तजि दीए।
सिष अंगोछा कटि धोती कीए।
जगत दुषी कौ लेने धायो।
क्रपाल भयो प्रभ वचन उचरायो।
चलित चलित अंभ के तटि आयो।
तहा विष्ट मूत्र अधिकायो।
एक सूकरी तहू ठौर निहारी।
सहित कुटंब प्रोजन धारी।
एस ते अवरु दुखी कोऊ नाइी।
महा दुर्गंधता महि उझ्झाई।

प्रिथमहि इसि कौ मुक्ति पठावों।
नर हरि पै इसि ही लै जावों।
भक्ति तव ही मुष वचनु उचारा।
हो आत्म रूपो सुण चितुधारा।
नर हरि मोह भए किर्पाला।
सुप्रसंन्न होए दीन दियाला।
कहति दुषी जो जग्त ल्यावों।
वेग विल्म कछू मूल न लावों।
तांको मै वैकुंठ पठावों।
ततषिन महि तिहि दुख मिटावों।
आवो मोह संग तुम ले जाई।
तुम को प्रिथमे मुक्ति पठाई।
सूकरी तव ही कछू न भाषा।
भक्ति वचनु तिन ह्दे न राषा।
वहुडो भक्ति ऐसे उचिरायो।
आतम रूपी सब्द सुनायो।
सूकरी के ह्दे एक न आई।
अति अनंद महि वहु उझ्झाई।
तीसरो वचनु जव भक्ति उचारा।
तव सूकरी मन लीयो वीचारा।
भक्ति को प्रतु दीयो ततकारे।
हे प्रहिलाद क्या षडा पुकारे।
मैं अनंदहि अति उझ्झाई।
मोको दुख ग्रासे नही काई।
सकल कुटंब सहित मेरे भाई।
मनि महि विघ्न उपजे नही आई।
छत्री प्रकार को भोजनुं पर्या।
सुत वंधू उरि घेरा कर्या।
मम सर सुखी जग महि कोई नही।
तौर सर दुखी कोई द्रिष्ट न पाही।

संग अगोछा कटि धोती तेरे।
पगि षडावां दुष तुझ को नेरे।
अंबर ना जो अंग हडावै।
पन्हों आना जो पग महि पावै।
पिता तोह नर हर हति कीना।
तैने सुष कवनु चिन लीना।
जवि इहि भक्ति सुनी विधि काना।
अति भै चक्रति भयो हैराना।
औरु कवनु दुखी मै जोह न जावौं।
जग मह दुखी कोऊ नाही पावौं।
जो मेरे प्रभ उत्पत करी।
मग्नि भई जाहू महि जरी।
इहि ह्दे धारि भक्ति फिरि आयो।
नरहरि का डंडौत करायो।
तव प्रभ भक्ति सो कह्यो सुनाई।
भक्ति प्रहलादि सुनो चितु लाई।
कौनु दुखी जग से ले आयौ।
क्युँ नहीं तै मोह आण दिषायो।
मोह दिषाइ तिह मुक्ति पठावों।
तुमरो वचु मै पूर करावों।
तवही भक्ति मुषि वात उचारी।
तुमरी गति कछु पार नि वारी।
तुमरी गति कौ तुम ही जानौ।
तुमरी कथा अगाध पछानौ।
हमि मति हीन थोरी मत मेरी।
तुमे बात प्रभ तुम पै तेरी।
जग महि दुखी कोऊ प्रभ नाही।
सकले आनंद महि उझाई।
जो तुम कीआ पूर्न कीआ स्वामी।
सकल विर्था प्रभु अंतरजामी।

भक्ति कों नर हर समझायो।
सुन हो भक्ति तुम हृदे वसायो।
जग महि दुखीआ नाही कोई।
सभ कल्याण हाल महि होई।
भक्ति को मान अधिक वढायो।
अपनो जान करि सुख दिवायो।
जो जो नर हरि सर्नी आवै।
साईंदास प्रभु सुष दिषावै।। ५१।।

सकल ऋषीश्वर ने सुण पाया।
हरिनाकसु प्रभ मुक्त पठाया।
सकल ऋषीश्वर मिल कर आए।
ताहि नाम कछु कहे न जाए।
एक एक जो नाम वषानो।
का गति कहा जु लिख करानो।
हरि उस्तित करि के उठि धाए।
आपौ अपने आश्रय आए।
एक ऋषीश्वर दर्सनु नां कीआ।
ताहि हृदे वहु भ्रांत है लीआ।
वन माही उकिलावत फिरही।
करि सौ करि पटिकारत करही।
वंधिकि दाम रषी तिहि ठौरा।
नर हर दर्सन विनु ऋषु भयो वौरा।
षग मृग जो फाही निकट आवै।
ऋषु बोलै फासनि नही पावै।
वंधकु निर्ष रह्यो विसमाई।
ऋषि सों कहा सुनों मेरे भाई।
इति उति कहा फिर्त उकिलावत।
कहा दुख तोह क्युँ न सुनावत।

तोह दुःख कों करो उपचारा।
सुनहो ऋषि तूँ कहा हमारा।
तोह डरि षग मृिग फासे नाही।
हमिरे मन महि भौ उपजाही।
जवि लगि षग मृग हाथ नि आवै।
सुत वंधू वनिता दुःख पावै।
भूष ग्रसे तिह को उकिलावहि।
कहा करो जवि वहु ना पावहि।
वंधिनि को ऋषि कह्यो सुनाई।
रे फंधिक सुन हो मेरे भाई।
मोह मृिग भाग्यो ताहि हिरावौ।
जो हित हों ताहू कौं पावौ।
और रोगु हमि कौं नही कोई।
इहि प्रयोग आत्म दुःख होई।
वंधिकि जो सुनी इहि विधि काना।
फिरि करि ऋषि सो वचन वषाना।
मिरग चिहन हमि देहु वताई।
करो प्रतिज्ञा येहि मेरे भाई।
प्रथम मिर्गु तोह फंधि देवो।
पाछे षग मृग मैं फंधि लेवो।
ऋषि वंधिक कौ रूपु वतायो।
वंधक ने सुनयो चित लायो।
कट ऊपरि सिंहु है मेरे भाई।
नारि तले कौ देत दिषाई।
नारसिंह ताहूँ है नाम।
सकल जग्त को वहु विश्राम।
वंधिकि सुण प्रतु ऋषि कौ दीना।
भलो रूप मो कौ दस लीना।
शांत रूप होइ तुम ठहिरावो।
शांत कियो छिन ना उकिलावो।

प्रिथम मिर्गु फंधो मै तेरा।
तौ पाछे उौरहि आनो नेरा।
वंधिक ने परितज्ञा कीनी।
एहि प्रतज्ञा द्रिढ करि लीनी।
ऋषु अपुने आश्रम ठहिरायो।
वंधिकि मृगु फाहनि चितु लायो।
जो षग मृग होरु फाही फाँसे।
ताह देषि बंधकु ताह हाँसे।
ततक्षिण मुक्ति करो तिस ताई।
ताँको बंधकु बांधे नाही।
हृदे माह येही ठहिराई।
प्रिथम ऋषि मृगु लियो फहाई।
पाछे अवर मिर्ग निकट आवो।
नाहि तमरों प्रानि तजि जावो।
कठिन प्रतज्ञ मनि महि धारी।
सच्च प्रीत मन लई वीचारी।
नारसिंह प्रभ अंतरिजामी।
सब विधि पूर्न पूर्न नामी।
नारसिंह को फिर वपु कीआ।
आइ वधिकि पाही पगु दीआ।
वंधिक तव ही कह्यो पुकारे।
आवो रे ऋषि तुम ततकारे।
सुनति ऋषीश्वर वेग ही आया।
निर्ष्यो प्रभु आनंदु वहु पाया।
दंदन सौ फांही कटि डारी।
वंधिक को प्रभ लीयो उधारी।
उस्तति हर की ऋषि उचिराई।
जो विधि सी सो कह्यो सुनाई।
मछि रूप प्रभ तुमही कीआ।
संखासर वेद दुराइ जवि लीआ।

कछ रूप प्रभ तुम ही होए।
सुरों सुष दीए असुर तें षोंए।
वैराह रूप प्रभ तुम ही कीना।
हर्निकश्यवि मार पृथवी सुषु दीना।
वसुध्यीआ तिह ते ले आए।
तांके पाछे जगत वनाए।
तेरो रूपु क्या वर्नि सुनावो।
अति सरूप कछु कहिति नि पावो।
कुदरति रूप सभ कुदरति कीनी।
कुदरति धार सकल लीनी।
तेरो अंतु न पावै कोई।
कवन अंतु कछु अंतु न होई।
सभ उस्तित करि कर के चाले।
धर्नि आकास को कीयो प्याले।
अंतु न किनहू तांको पायो।
मनि विचार शांति धरि आयो।
तांको अंतु कहा कोई जाणे।
तांकी लील्हा कहा वषाणे।
पारावार तांके कोऊ पावै।
रूप होइ ध्यान कोऊ पावै।
विनु व्यान कहा नेत्र चलाए।
नारसिंह उौतार सुणायो।
साईंदास सुनो सुष पायो।।५२।।

सत्य सत्य रूप सभ सत्य।
सत्य सत्य सरूप सभ सत्य।
सत्य सत्य कीनो उों अकार।
सत्य सत्य कीनो विस्थार।
सत्य सत्य करुणा निधि स्वामी।
सत्य सत्य प्रभु अंतरिजामी।

सत्य सत्य गोविंद गोपाला।
सत्य सत्य संतनि रषि वाला।
सत्य सत्य मुकंद मुरारी।
सत्य सत्य संतन हितकारी।
सत्य सत्य माधो धर्नीधर।
सत्य सत्य हर सभ कारुण कर।
सत्य सत्य पूर्ण पर्मेश्वर।
सत्य सत्य प्रभ सकल विश्वेश्वर।
सत्य सत्य प्रभ सकल वसेरा।
सत्य सत्य संतनि सुख चेरा।
सत्य सत्य गोविंद गुसांई।
सत्य सत्य पूर्न सभ थाई।
सत्य सत्य सत्य हर रूपा।
साईंदास प्रभ सत्य सरूपा।।५३।।

वावन रूप कहों क्युँ कीना।
कित प्रयोग बावन वपु लीना।
एहि वीचार करुणा कर देवो।
हमिरे मन संचरु हरि लेवो।
जो संचरु हमिरे मनि आवै।
तुमि करुणां ते वहि मिटि जावै।
तुम प्रवीन विर्था को पावो।
हमिरा संचरु तुमहि चुकावो।
तुम प्रसाद भर्मु हरि भागे।
तुम करुणा ते दूषन लागे।
करि किर्पा हमि देहु वताई।
तुम किर्पा करि संचरु जाई।
श्रवन धरौं देवो वीचारा।
साईंदास वावन वपु धारा।।५४।।

राजे वल ने इह मन धारा।
एक लाष जग्य करो करितारा।
तौ पाछे इंद्र आसन लेवो।
जो मन भावै सोई करेवों।
इहि वांछा उनि मन महि कीनी।
नृप प्रतिज्ञा इहि मन कीनी।
भोजन सहस विपों को देवों।
सुप्रसन चित ताह करेवों।
तिलक ले करि मस्तक लावै।
अति मिष्टानु भोजन षलावै।
क्षीर षंडि घ्रित वहु डारे।
अपुने कर कर मषी उडारे।
पगि धोवै चरणाम्रतु लेवै।
इहि विधि तांकी सेव करेवै।
निता परित येही उसि कामा।
दधि घ्रित अंमृति ब्राह्मण धामा।
सुक्रतु नितापर्ति वहु करई।
अपुना सीस ब्रह्मण पगि धरई।
उोह औसुरु बुद्धि सुरों की लीनी।
नेम धर्म्म व्रतु एहों कीनी।
एक सहस्र घट लषु यज्ञु कीना।
एहि विधि भोजनु ब्राह्मणो दीना।
कंपमान तव सुरपति होया।
आँसू नीर मुष अपुना धोया।
अति विस्वासु मनि अंतर कीना।
साईं दास मनि संचरु लीना।।५५।।

दारा सुरपति की युँ बोले।
हे सुरपति तू काहे डोले।

कित कार्न संचरु मन पर्‌यो।
किन तुमरे मरिजोरा कर्‌यो।
तूं भूपति सुरपति अधिकारा।
तुमरा किने न पायो पारा।
तुमिरा चितु कित विधि कंप गया।
कित प्रयोग विस्माद होइ रह्या।
इसि का उत्तर हमि को देवौ।
संचरु त्याग सुख मनि लेवौ।
तव सुरपति ऐसे करि बोले।
इह प्रयोग मेरा मनि डोले।
वलराजे निश्चा येह कीनी।
और त्याग मन महि यहि लीनी।
लखु यज्ञ कर इंद्रासनु लेवों।
जो मन भावै सोई करेवों।
ब्राह्मण को मिष्टानु षौलावै।
अपुने कर कर तिलकु लगावै।
चरन पषार चर्णाम्रतु लेवै।
हिर्षमान होइ दछिना देवै।
एक सहस्र यज्ञु अवरु जो करिही।
तौ इंद्रासनु परि पगु धरिही।
एक सहस्र घट लषु यज्ञु कीआ।
अति मिष्टानु भोजन विप दीआ।
कित प्रयोग हमिरा थिरु राजा।
कित प्रयोग पूर्न होवहि काजा।
इहि प्रयोग मन करो वीचारा।
साईंदास हर अपर अपारा।।५६।।

तव दारा सुरपति य्युं कह्यो।
इहि प्रयोग मै चक्रिति होइ रह्यो।

तुम देषो मैं क्या कछु करहो।
आसनु तोह निश्चल मै धरहों।
मेरे कह्यो मान करि लेवों।
अवरु वाति कछु मन ना देवों।
सुर सभ ले ब्रह्मे पेहि जावो।
अपुनी विरथा आष सुणावों।
ब्रह्मा करसी तिस उपिचारा।
एही है मोह मन वीचारा।
सुरपति सुर ले करि संग धाया।
चला चला ब्रह्मे पहि आया।
विर्था अपुनी आष सुणाई।
ब्रह्मे ने तव ही सुण पाई।
वेद पढ्यो बेनती तिह ठांनी।
हे कौलापति सारंग पानी।
वलु यज्ञ करि इंद्रासनु लेवै।
सुगरु मनि विस्वासु करेवै।
सुरपति की विनती सुण लीजै।
अपुने जन परि किर्पा कीजै।
सुरपति ने जब अधिक कनतायो।
महा अधिक मन महि विस्मायो।
तवि अकास से वाणी होई।
रे सुरपति जाइ रहो सुष सोई।
कश्यप के ग्रहि मै लेउो अवतारा।
ऐसी विधि प्रभ कह्यो प्रकारा।
तोह इंद्रासन कोऊ न लेवै।
साईंदास परि क्रिपा करेवै।।५७।।

श्री गोपाल भक्तिन सुषदाई।
सदा सदा जन भीर मिटाई।

तज वैकुंठ वेग प्रभु आयो।
दित्य भर्मि महि आइ ठहिरायो।
दित्य केत वही जात प्रकासी।
भयो उजीआरा तिमर विनासी।
मानो रवि ने कीयो प्रकासा।
कश्यप ह्रदे महि भयो हुलासा।
पद्मच शंकरु सुगुरु आयो।
उैर वर्न सभ सहित सिधायो।
दित्त दर्सु देषन को आए।
ब्रह्मे उस्तित अधिक सुनाए।
ते उस्तित सुण हो मेरे भाई।
प्रीत वधै सुष उपिजै आई।
निरंकार हर नामु तिहारा।
अकाल मूर्ति सभ तोह सिर भारा।
पै समुद्र महि वेद उचारे।
विनती कीनी कह्यो पुकारे।
तव तुम कह्यों कश्यपि गृह आवों।
सुरपति का संतापु चुकावों।
तव ही हमि मन माहि विचारी।
मनि संचरु लीनों भौ धारी।
कहा जानें क्या भई है वांनी।
हे प्रभ हमि ऐसे मनि आनी।
आद अनादी हर तेरो नामा।
गर्भियोन तुमिरा क्या कामा।
भक्ति हेत प्रभ ऐसे कीनो।
भक्ति हेत ऐसे मन धरि लीनो।
पद्म चि आइ उस्तित करि धाए।
आपो अपने पुर महि आए।
भाद्रो मास तिथ द्वादसी भाई।
कपल मुनि जन्म लीयो मेरे भाई।

जन्म लियो प्रगटो उजीआरा।
कपल मुन ने लियो अवतारा।
त्र्योदश दिन जव भए व्रतीता।
कश्यप नामकर्नि तिहि कीता।
पंडित जोतकी अधिक सदाए।
भले महूर्त्त ताह सुछाए।
कपल मुन ठाकुर नामु रषायो।
जो कछु वेद माहे प्रगटायो।
दस्न कढे मुख बहु विधि कायनि।
पग सो षेलति कुंज के मोहनि।
वडो भयो सभ सुरति सभारी।
प्रान पुर्ष जिन रचिनाधारी।
सांधो चितु लावो गुण गावो।
साईंदास लिव हर सौ लावो।।५८।।

इकि दिन बलि राजे क्या कीआ।
येही धार लीयो उनि जीआ।
मघिवापुर ताई उठि धायो।
अधिक सैन ले संग सिधायो।
जाइ घेरा पुर माहे कीना।
वलि ने गर्भ अधिक मनि लीना।
मघिवा सुर लेकर संग आयो।
वलि ने तास्यूँ युद्ध मचायो।
बलि अपुने रथि को आज्ञा कीई।
मघवा रौरापति को दीई।
वल अरु मघिवा युद्ध करावहि।
सैना सैना सों झूझावहि।
उह उस मारे वहु उसि मारे।
दोनों बलि कोऊ नाही हारे।

महां अधिक युद्ध ताहि करायो।
दोनों महिं किने नाहि हरायो।
मघिवा को भी वलु अधिकाई।
वलु राजा भी अत बल काई।
सैना दोनों के संग भारी।
एक एक सुरु वहु वलिकारी।
तांको नामु कहा वीचारो।
रसिना रंचक नाहि उचारों।
कहा बुद्धि तिहि नामु सुनावों।
कहा बुद्धि जो सकल वतावों।
सूक्ष्म वाति मै ले वीचारी।
गुर साईंदास क्रिपा जव धारी।।५९।।

वलु मघिवापुर कौ तजि आयो।
मघवा अपुने पुर ठहिरायो।
कश्यपि भार्या दित्य हे नामा।
गोविंद भजनु कीयो तेहि भामा।
महा कठनि तपु ताह करायो।
तव प्रभ प्रगटि दित्त पहि आयो।
कह्यो माँग लेवो मेरे भाई।
जो कछु तुमरे मन महि आई।
तव ही दित्त ने वचन उचारे।
हे पूर्न प्रभ प्रान हमारे।
तोह सार्षा इकु वालुकु पावो।
अपुना मनु तनु तासो लावो।
अवरु नाहि कछु हमरी प्यासा।
येही है हमरे मन आसा।
तव प्रभ तिह को दीआ वताई।
मैं आवा तुमरे गृह मांही।

अति सुगंधि अंग कौ तूं लाई।
तिस समे अपुने पति पै जाई।
मै तुम गृहि आई लियो अवतारा।
ये ही वचन तुम संग हमारा।
जो कह्यो प्रभ दित्त करायो।
पद्मचि बच प्रभ हृदे वसायो।
मघवा कार्ज कर्ने ताई।
जन्म लीयो आइ त्रिभुवन साईं।
तव समुद्र त्याग करि आए।
आषो अपुनो गृह जाइ ठहिराए।
सुरपति निश्चलु आसनु कीनो।
संचरु मन का हरि हिर लीनो।
पूर्ण ब्रह्म भक्ति सदा सुषदाई।
संकटि काटन भयो सहाई।

वामन अवतार

पिता कश्यपि ऋषु प्रभ जी होए।
मात लजावती सभ दुष षोए।
विलोचन ऋषि गुरु दीर्घ त्याग वावन वपु लीनों।
कर माला तिलक मस्तक परि दीनो।
जिहि नगरी वलु राजा रहे। छपरु छाइ तहाँ आस्रमु लहे।।
राजा वलु यज्ञु कर्नि तिताही। तहाँ भोजनु ब्राह्मण वहु पाही।।
वल के द्वार ठांढा जाइ भया। अशीर्बचनु चिरंजीव कया।।
तिह समे जलु ब्राह्मणा नृपु देवै। पूजा कर कर तिह पगि सेवै।।
जव ही अशीरवचनु इनि कीना। वलि राजे श्रवण सुनि लीना।।
द्वारे परि ठांढा है कोई। मुंहि कह्यो अंतरि ल्यावो सोई।।
अंतर लीयो वुलाइ गोसांई। अति सरूप सुंदर अधिकाई।।
चतुरबेद मुष पाठ सुणावै। राजा वलु भै चकित होइ जावै।।
अनिक भांति रस्ना नही डोलै। चतुर बेद मुख पाठै बोलै।।
राजे वल कह्या कछु लेवौ। साईंदास परि क्रिपा करेवौ।।६०।।

हे प्रभ करुणा कर कछु लेवो। क्षीर घ्रित भोजन अघेवो।।
लेहो जलु मैं तुम कौं देवों। जो तुम भाषो सोई करेवों।।
तव प्रभ इहि विधि मुखों वषानी। मै तेरी गति अजहू न जानी।।
मै जलु तव करि परि धरि लेवों। चतुर वेद मुख पाठ सुणावों।।
तव राजा निश्चल हो ब्रह्मा। चतुर वेद सेती चितु गह्या।।
चतुर वेद मुख पाठ सुनाए। तांकी महिमा कही न जाए।।
हर्षिमान वलु राजा होया। साईंदास भर्म सभ षोया।। ६१।।

हे विप तै चतुर बेद सुनायो। मैं सुणयो मन वहु सुषु पायो।।
जो कछु माँगे सोई देवौ। वेग विल्म कछु नाह करेवौ।।
तव प्रभ जी मुख वचन उचारी। सुनहो बल नृप वात हमारी।।
अढाई करू वसुधा हमि देवौ। सुप्रसन्न मम मनु करि लेवौ।।
तहा छपरि छाइ सुख करहों। हृदये संतोषहरि गुण उचरहों।।
बलि कह्यो विपि जलु करि लेवौ। कहां भांग्यो हमि कौ देवौ।।
अढाई करो क्या धर्नि कहावै। उौर मांगो जौ तुम मन भावै।।
तव प्रभ कह्यो अवरु ना लेवौ। उौर जाचना नाह करेवौ।।
तव कह्यो अढाई करो धरि दीई। इहि प्रतज्ञा मै मनि कीई।।
वलु चाहत संकल्प करेवै। साईंदास हर वसुधा देवै।। ६२।।

कुल प्रोहतु शुक जती तांका। छलनु वलनु देष्यो कह्यो वांका।।
रे नृप वल पाछें पछुतावै। पाछे से कछु हाथ नि आवै।।
बावन वपु मतु देष भुलावै। त्रिहु लोकनि महि एह न भावै।।
मछ रूप जो है भगवाना। कछ रूप प्रभ पुर्ष निधाना।।
वैराह रूप एहो ही होया। नारसिंह हरिनाकसु षोया।।
सोई आण वावन वपु धरिया। परि प्रयोग कार्ण इहि करिया।।
तोहि छले तूं जाणे भाई। पूर्न प्रभ मुझे देहि दिषाई।।
नृपु वलराजा य्युं करि वोलै। हे गुर मेरे कहा तूं डोलै।।
इसि ते भला अवरु क्या चहिए। पूर्न प्रभ जो दर्सनु लहीए।।
जांका दीआ सो मांगे दाना। तांको दीजहि अपुनें प्राना।।
शुक्र जती कहि तूं जाने। साईंदास कह्यो नहीं माने।। ६३।।

लै करि वा जलु देवण लागा। वल सकल भौ मन ते त्यागा।।
तव शुक्र जती ने क्या कीआ। कर्वे का मुख जाकर लीआ।।
जलु ना गिरे जत्ति वहु कीने। त्रिणु ले तिहि कर्वे मुष दीनें।।
उहि त्रिण द्रिग शुक्र जती आयो। ताह त्याग मन वहु पछुतायो।।
तव मुष ते इह वचनु उचारा। हे वल नृप तुझे वल अधिकारा।।
मैंने जतन करे बहुतेरे। तूं परिउो है घुंमरि घेरे।।
मेरे कह्यो न मन करि लेवै। अढाई करू वसुधा तू देवै।।
तो का कह्या मनि करि लीना। जलते ताह संकल्पु जु कीना।।।
अढाई करू तै धर्नी दीनी। तौ प्रभ जल ले स्वस्ति है कीनी।।
तव प्रभ दीर्घ प्रभ वपु धारा। तांका कोऊ न पावै पारा।।
एक पगु ब्रह्म लोक जाइ धर्‌यो। दूजा पगु सभ पृथ्वी कर्‌यो।।
वलु राजा भै चक्रति हों रह्यो। तो शुक्र जती ऐसे कह्यो।।
तव मेरा कह्यो माने नाही। अविकित करि मनि महि पछुताही।।
दोवे करो सभ पृथवी भई। साईंदास आधा पाछे रही।। ६४।।

तव प्रभ कह्यो सुनो वल राजा। तूं ना कहू को मोहताजा।।
आधु करों वसुधा हमि देवहु। नाहि ति जलु अपना फिरि लेवहु।।
कठिनि बनी क्या करीये भाई। धर्म्मु न छाडो राम सहाई।।
तव वल कहा प्रभ जी सुण लीजै। जलु दीआ फिरि कैसे लीजै।।
जो तुमि कहो मनि करि लेवों। उैर वाति कछु नाह करेवों।।
तब प्रभि तांकौ दीयो वताई। वल राजा सुण हो मेरे भाई।।
आधु करों तनु तेरा होई। हमि को देवो हो तुमि सोई।।
जब इहि विधि प्रभ मुषो वषानी। तव दारा बल की भई स्यांनी।।
तव कह्यो उनि हम तन लेवौ। जिसे जानों प्रभ तिसे को देवौ।।
तव प्रभि कह्यो एहि नही कामा। तोह सरीर अपवित्र भामा।।
तव वल कह्यो लेहु तनु मेरा। अवि मैं वंधिवा भयों हो तेरा।।
तव प्रभि बल को लंबा पाया। पगु धरि प्रिष्ट पताल पठाया।।
बल करि सो यगि मुह किम कीने। मुह किम करि पग कर महि लीने।।
पग करते त्याग नही देवै। साईंदास पूर्न गुरु सेवै।। ६५।।

तव वलि मुष ते वचनु उचारा। महा वली तिह बलु अधिकारा।।
हे पूर्न प्रभ मुक्ति के दाता। तूं ही है पूर्न पुरुष विधाता।।
मध्य छडाइ प्याल मोह आना। तुझै न छाडो मम मनु माना।।
जतन कीबे वलु छाडै नाही। तव प्रभ बल सो वचन कराही।।
हमि होवे तुमरे अगवाना। ब्रह्म विष्णु महेसु समाना।।
तुमरे द्वार पालक हमि होवहि। तुमरे द्वारे आगे सोवहि।।
चतुर मास ब्रह्म इंहा रहे। चतुर मास शंकर ईहा बहे।।
चतुरमास पाछे हमि वारी। साईंदास विधि कही मुरारी।। ६६।।

वचन कीयो तव बल ने त्यागा। तव प्रभु मग अपने उठि लागा।।
छलिन गयो आप ही छलाया। द्वारपाल कों तिलकु चढाया।।
इहि प्रयोग वावन वपु धर्‌या। सुरपति को इंद्रासनु थिरु कर्‌या।।
तांका अंतु कौण काऊ पावै। वह प्रभ घटि घटि आप समावै।।
पूर्न पुरुष निधान विहारी। तांकी गति मिति अपर अपारी।।
जो उसि भावै सोई करही। जल ऊपरि वसुधा वहु धरही।।
तव सुरपति निश्चल कीयो राजा। वांके पूर्न कीने काजा।।
भक्ति हेत करि इहि वपु धार्‌यो। वलु छल सुरपति को निस्तार्‌यो।।
जो जो तिह चरनी चितु धारे। तातकाल प्रभु तिसे उचारे।।
प्रेम भक्ति को हरि मोहताजा। जिहि घटि प्रेम सो सर्व को राजा।।
ना वहु विनसे आबे नही जाइ। थान थनंतर रह्या समाइ।।
इहि विधि देष दया चित धरहों। नेमु धर्मु अपने चित करहों।।
जो जो हर की भक्ति कमावे। दु:ख नही व्यापे वहु सुषु पाए।।
तीन भवनि तां के है दासा। तांके दर्सन की करहि प्यासा।।
सुर नर मुनि जन सर्नी आवै। तिस की जोहरि भजनु कमावै।।
सदा सदा आनंद समावै। सदा सदा जो हरि गुण गावै।।
सदा सदा जन मुक्ता होवै। जो जनु भर्मि की जेवरी षोवै।।
सदा सदा मुक्ता जग माही। हरि भजि तिहि दुख लागे नाही।।
वावन विपु प्रतापु सुनायो। साईंदास प्रभ सर्व समायो।। ६७।।

सच्च नामु करतारु गुसाईं। सच्च नामु त्रिभुवन के साईं।।
सच्च नामु निरंकार अकाल हर। सच्च नाम माधो धर्नी धर।।

सच्च नाम संतन रषिवारा। सच्च नाम सभ जगत उजारा।।
सच्च नाम त्रिभुवन के राया। सच्च नाम सभ माहि समाया।।
सच्च नाम निरंकार न्यारा। सच्च नाम सभ ताह पसारा।।
सच्च नाम कौलापति केसर। सच्च नाम पूर्न पर्मेश्वर।।
सच्च नाम मुकंद मुरारी। सच्च नाम संतन हित कारी।।
सच्च नाम प्रभ सकल समानं। सच्च नाम तन सुष दानं।।
सच्च नाम महाराज के राजा। सच्चा नाम को सभ मुहिताजा।।
सच्चि नाम साईंदास को दासा। सच्च नाम हरि को अभ्यासा।।६८।।

गुण निधान भक्तिनि सुषदाई। गुण निधान सदा संत सहाई।।
गुण निधान सर्व सुषदाता। गुण निधान सर्व संग राता।।
गुण निधान करुनानिधि स्वामी। गुण निधान हरि अंतरजामी।।
गुण निधान दुःख को नासा। गुण निधान संतन की आसा।।
गुण निधान प्रेमु अधिकाई। गुण निधान सदा लुलाई।।
गुण निधान तूं जाण अजानं। गुण निधान हृदय माह ज्ञानं।।
गुण निधान दुःख सुख ते न्यारं। गुण निधान प्रभ अपर अपारं।।
गुण निधान रंग सभ राचं। गुण निधान सर्व संग साचं।।
गुण निधान पूर्न भगवानं। गुण निधान सभ माह समानं।।
गुण निधान सदा सदा संगं। गुण निधान अनेक तरंगं।।
गुण निधान तप्पि मन हिरीअं। गुण निधान सप्त मनु करीअं।।
गुण निधान साईंदास जु दासं। गुण निधान सर्वसंग दासं।।६९।।

तुही तुही प्रभ सर्वसमानं। तुही तुही कौलापति रानं।।
तुही तुही गोविंद गोपालं। तुही तुही संतन रषिवालं।।
तुही तुही पूर्नधर ध्यानं। तुही तुही पूर्न हरि ज्ञानं।।
तुही तुही मोह गति को जानं। तुही तुही इस्थिर करि मानं।।
तुही तुही प्रभ अपरि अपारं। तुही तुही पूर्न करतारं।।
तुही तुही प्रभ गगन वसेरं। तुही तुही सभ तोही चेरं।।
तुही तुही धर्नीधर गोविंद। तुही तुही पूर्न पर्मानंद।।
तुही तुही विर्था सभ पावं। तुही तुही संताप मिटावं।।
तुही तुही लील्हा प्रभ धारं। तुही तुही हरि पतति उधारं।।

तुही तुही सचु तोह प्रवानं। तुही तुही सभ तोह धिआनं।।
तुही तुही कछु दुःख नि व्यापं। तुही तुही सभु तुझ कौ जापं।।
तुही तुही साईंदास को दासं। तुही तुही हरि वोहत महि वासं।।७०।।

उत्तम तुम उत्तम तुम नामा। उत्तम तुम उत्तम तुम कामा।।
उत्तम ध्यानु आत्म तुम कीना। उत्तम प्रेम भक्ति परिवीना।।
उत्तम भक्ति तुम भक्ति कमावहि। तुमरो नामु उत्तम करि गावहि।।
उत्तम नामु निधान तुम्हारा। उत्तम ज्ञान ध्यान हृदय धारा।।
उत्तम कीर्त्ति नाम तिहारी। उत्तम रसिना वचन उचारी।।
उत्तम निरंकार निरधारं। उत्तम ज्ञान ध्यान वीचारं।।
उत्तम रसिना वात उचारे। उत्तम श्रवण हृदे सम्हारे ।।
उत्तम द्रिग निर्षित हरि रूपं। उत्तम धर्म तिहं सरूपं।।
उत्तम तीर्थ को इस्नानं। उत्तम पूर्न पुर्ष निधानं।।
उत्तम बन तिन को है वासा। उत्तम तुमरो नाम प्रकासा।।
उत्तम शब्द अनाहद झुणिकारा। उत्तम यदु उत्तम विस्थारा।।
साईंदास उत्तम नारायण। निसिवासरि हर के गुण गायण।।७१।।

सुण हो साधो हितु चितु लाई। पर्शुराम जना सदा सहाई।।
सहस्रार्जन भूपति अधिकारा। यमदिग्न्य ऋषीश्वर जगत उजीआरा।।
भार्जा ताहि ताहि दोइ भैणा। तांको कहो विचारो बैणा।।
सहस्रार्जन भार्जा सो कह्या। अंतर सोच वीचारु इह लह्या।।
तोह वहिण वनता यमि दग्ना। वहु ऋषु गोविंद सो अति मग्ना।।
हमरे गृह सुत सुता न कोई। जव हमि विनसे नासु कुल होई।।
अपुणी वहिण सों य्युउ जाइ कहो। ताह द्वारे परि जाइ वहो।।
हे वहिणा मम गृहि सुतु नाही। यहि प्रयोग हमि वहु दुःख पाही।।
तोह पति पूर्न है सव वाती। करे भजनु जागे दिन राती।।
तां परि हमिरी विनती कहो। मोह कहा मनि अंतर धर्यो।।
इहि मम वहिण आई तुम पाहे। सहस्रार्जन वनिता आहे।।
इसि कौ सुत सुता नहीं होवे। इहि प्रयोग मन अंतरि रोवे।।
तुम पहि ये ही याचन आई। तुम किर्पा कर सुत इह पाई।।
ये ही बेनती जाइ करि कीजै। साईंदास को वहु सुख दीजै।।७२।।

सुनी वात श्रवणो उठि दौरी। सुधन सम्हारी अपनी षोरी।।
चली चली तहा इह आई। जहा कुटीआ यमदिग्न वनाई।।
निर्षी भैण उठि कै उर लाई। कुसल पूछ कुटीआ ले आई।।
कहो किर्पा किस करि तुम कीने। कित प्रयोग कुटीआ पग दीने।।
तव उसने मुख वचन उचारे। सुनहो वहिनीआ वात हमारे।।
हमिरे गृह सुत सुता न कोई। इहि प्रयोग अंतर दुषु होई।।
तुम पति कर्नि कार्नि भगवाना। मै अपुने अंतर करि जाना।।
मम विनती अपुने पति करहो। भेट मोह ले आगे धरहो।।
तोह क्रिपा कर मैं सुत पावों। तो क्रिपा ते अफुलु न जावो।।
एहि वात तुम आप सुणाई। साईंदास सुणहों लिव आई।। ७३।।

तव यमिदग्नि वनता य्यु बोली। मम मनु भी इह कारण डोली।।
मम गृह भी सुत सुता न कोई। जो प्रभ भावै सोई होई।।
यमदिग्न पहि भार्जा चलि आई। जहा यमदिग्न राम लिवलाई।।
हाथ जोर यामदिग्न सौ कह्यो। वहि तो ध्यान माह रचि रह्यो।।
चर्न मले मल नेत्र निघारे। हे प्रभ पूर्न प्रान हमारे।।
मोह भैण तुमरे पहि आई। सहस्रार्जन वनिता साई।।
ना इसि पूतु न मम गृह कोई। जो वर्ते जाने तूं सोई।।
क्रिपा करो करि इहि कछु देवौ। इह मम ऊपरि क्रिपा करेवौ।।
आस कीन तेरे पहि आई। तोह क्रिपा कर अफलु न जाई।।
तव यमदिग्न कह्यो करो इहि कामा। पान पत्र ल्यावो तुम भामा।।
इष्टि करों कर्के मै देवों। तुम उसि को दो सुत मै देवों।।
जो मै कह्या करो तुम सोई। साईंदास कहे सोई होई।। ७४।।

हर्ष मान पान पत्र ल्याई। दीए ऋषीश्वर अति हिर्षाई।।
यमदिग्न ले पत्र इष्ट जु कीना। इष्टु कीयो फिरि कर तिह दीना।।
इहु तुम षावो इह उस देवो। अधिक सुषु मन महि करि लेवो।।
ले आग्या यमदिग्न ते आई। पान पत्र रंगु लागो भाई।।
अपुनी वनिती कौ इहि कीनो। अति मज्जनु भक्ति करि लीनो।।
ताहि दारा को इहि करि दीनो। अति भूपति हंकारी दीनो।।
दोऊ पान पत्र ले आई। हिर्ष मान होइ मंगलि आई।।

ले मम वहिण ऋषीश्वरि दीने। हिर्ष मान होइ किर्पा कीने।।
इहि तुम देवो इहि मम कौ कह्या। उोंकार सभ जग रचि रह्या।।
इहि तुम षावों इहि मै षावों। ना तूं अफल न मै भी जावों।।
जो उसि कह्यो सो कह्यो भैणा। उौरु नाइ कछु जानो बैणा।।
अबि मै इहि तुमरे पहि ल्याई। साईंदास सुण हो लिवलाई।। ७५।।

तव वनिता मन महि इहि धारा। तांका सक्ला कहो विचारा।।
अपनो नीको तिह कह्यो होई। मोह मनि आषे लेवो सोई।।
तव उसि वहिन सों वचन उचारा। मनि हो वचिन तूं वचनु हमारा।।
अपनो मोह मोह तुम लेवो। एहि तुम लेहु उोहु हमि देवो।।
उनि उसि का उनि उसि का पाया। भूल परा फलु विर्था जाया।।
पान पत्र षाए गृह आई। नृप सों तव आइ कह्यो सुणाई।।
हे पति मोह क्रिपा ऋषि कीने। हिर्षमान पान पत्र दीने।।
एकु अपनी वनिता को दीनो। एकु हमिरे परि किर्पा कीनो।।
मेरो उसि उसि का मै लेयो। साईंदास यहि कार्न कीयो।। ७६।।
जब वनिता यमि दग्न पहि आई। तव यमिदिग्न ने कह्यो सुनाई।।
उसि का पान पत्र उसि दीना। हिर्षमान होइ करि उनि लीना।।
तव वनिता यमिदिग्न की बोली। है प्रभ पूर्न श्रवण षोल्ही।।
सुण हो विनती मोह जु करहो। तुमरे पगि परि मैं सिरु धरहो।।
जो तुम मोह क्रिपा कर दीनां। हिर्षमान होइ सो उसि लीनां।।
जो उसि दीआ सो हमि कौ दीनां। इहि कार्ण उसि ने प्रभि कीनां।।
तव यमिदिग्न ने वचन उचारे। वुरा कीयो तुमि ने ततकारे।।
उोह भी अफल तूं भी संग ताही। जो उनि कह्यो होवे नही वाही।।
उसि के गृहि ऋषु मुन अबि आवे। तुमरे ग्रह भूपति प्रगटावे।।
एहि विधि कही शांत घरि याआ[१]। साईंदास सो प्रगटि सुणाया।।७७।।

गर्भ भये इनि दोनों ताई। अति अनंदु अंग नाह समाई।।
भए व्रतीत मांस दस तांकौ। प्रगटि भए गर्भ वाहर वांकौ।।
प्रथिमे भूपति वात सुणावो। एक एक करि सकल वतावो।।

१. ''आया'' होना चाहिए।

भूपति ग्रह ऋषीश्वर आए। ले करि मंडल वन को धाए।।
भूपति को माया मोह होया। तांके पाछे वहु मनु रोया।।
पाछे उसि के उठि करि दौरा। सुत हित मोह भयो होयो वैरा।।
हे सुत कहो कहा तुम जावो। हिर्षमान होइ यहि वचुन्पावो।।
तोह कार्ण वहुते दुःख लीने। कौन उपाउ हमरे सुत कीने।।
जो तूं आयो हमि कौ छंडि जावें। ठाकुरुभक्ति तोह वर नही ल्यावे।।
तव ही ऋषीश्वर अेसे बोलै। हे पित काहे मन महि डोलै।।
जाहो राजु करो गृह मांही। हमिरे क्षाल परो तुम नाही।।
हमि तो भक्ति करो गोपाला। आद अंत जो है रषिवाला।।
एहि विधि कहि के वनि को धाए। साईंदास नृप पाछे जाए।। ७८ ।।

फिरि आगे जाइ वहु उषलोवै। सुन्न समाध मांह जाइ सोवै।।
छाडि समाधि वहुडि य्युं कह्यो। मै तो प्रेम भक्ति रचि रह्यो।।
तुमि काहे पाछे मोह आवो। क्रिपा करो अपने गृह जावो।।
जाहो राज करो वहु भाँति। रष देवो अपनी तुम क्रांती।।
तव नृप मुख ते वचन उचारे। हे सुत निकसित प्रान हमारे।।
तुझे त्याग कैसे ग्रहि जावौ। तुझि विनु कहु कैसे सुख पावौ।।
मै जावो पग मोह न जावहि। जो जावो फिरि करिईहा आवहि।।
तवही ऋषि सुण करि प्रीत जाती। साईंदास गति कौन हमि ताती।। ७९ ।।

चलित-चलित फिरि ठांढे भए। तव नृप नें जाइ भुजि ते गहे।।
हे सुत तुझ विनु क्युँ सुष पांवों। तुझे त्याग किति विधि ग्रहि जावों।।
तवै ऋषीश्वर ऐसै कह्यो। कहा पूत पूत उचिरह्यो।।
नां तू पित ना मै सुत तेरो। आइ संजोग चढे इकि वेरो।।
केती वेर तू मै सुत होयो। अवि कहा पूत हेत करि रोयो।।
त्याग ऋषीश्वर तांको चाले। राच रहे प्रभ जी के क्षाले।।
तव नृपि को सभु भ्रमु है भागा। ताहि त्याग ग्रहि मग हितु लागा।।
उसे त्याग अपुने गृह आया। साईंदास सोई आषि सुणाया।। ८० ।।

अवि यमदिग्न की वात सुणावों। एक एक करि तोहि वतावों।।
इसि गृहि उत्पत भयो ततकारे। पर्षुराम तिह वलु अधिकारे।।

पाछे सात बर्स का होया। वालक ऋषि षेलनि मनु पोया।।
वालक सेति षेलन जावै। मुष्ट प्रहार तिहि सीसु फुरावै।।
तिह पिता मात उलहिना देवहि। तुम सुतु मम सुत को दुःख देवहि।।
जव यमदिग्न उलहिना पायो। पर्षुराम को आष सुणायो।।
हे सुत तुम ईहा ते जावो। वन माही जा करि ठहिरावो।।
वन महि जाइ तपस्या करहो। मेरो कह्या हृदे अंतरि धरहों।।
पर्शुराम तव वचन उचारे। तोह आग्या चाहति हृदे धारे।।
मेरी वांछा एही आही। सो तैं किर्पा करी मोह पाही।।
जित समे भीर परे तुम ताही। तुम मोह नामु लेहु मनि माही।।
तातकाल मैं प्रगटि होवों। साईंदास सकला दुःख षोवों।।८१।।

परशुराम अवतार

अगस्तमुन गुरु क्षेत्र कवलापुर

आग्या ले पर्शुराम सिधारे। पूर्न पुर्ष हर प्रान अधारे।।
एक वन महि जाइ करि ठहिराए। पूर्न ब्रह्म मुक्त गति धाए।।
महा अधिक भजनु तिह कीना। एको अंगु वरसर लीना।।
ध्यानु धरे निसवासर जावै। छिन रंजिक मन नाह डुलावै।।
पूर्न नामु नामु पूराइण। निर्भौ कौलापति नाराइण।।
तांकी उस्तिति कहा वषानो। साईंदास उस्तिति नही जानो।।८२।।

सहस्रार्जन कीयो अषेरा। वन यमदिग्न कुटीआ नेरा।।
तहा जाइ पीतंवर छाए। अति अनंद मंगल वहु गाए।।
रेनका जलु लेने को जावै। नितापरति जलु वाही ल्यावै।।
लाई महि जलु पोट वंधिआने। येहि वार्ता मोह वेद बषाने।।
अवि जो गई जलु लेने ताई। सैना अधिक निर्षी विस्माई।।
कह्यो कवन ईहा चलि आयो। कवन भूपति समानो छायो।।
इति उतिते येही पूछन कर्यो। साईंदास मन अंतर धर्यो।।८३।।

नृप सहस्रार्जुन ईहा आयो। अखेर कीउो कर्के ठहिरायो।।
तव रेनुका मन महि इहु आना। मम वहनीआपतु एह पछाना।।
चाहित है रानि पहि जाया। वहिणि जाण के चितु लुभाया।।

तव अगिवानु इसि जाण न देवै। अंतर जाण ते मंनहि करेवै।।
इसि कौ कहे कहा तोह कामा। अंतर काहो जावौ भामा।।
तव रैणका मुष वचन उचारे। इहि नृप वनिता वहिन हमारे।।
इहि प्रयोग अंतरि मै जावौ। तांको देषो फिरि मैं आवौ।।
रेणका चली अंतरि महि गई। साईंदास प्रगटि जाइ भई।। ८४।।

वहिण देष के वहु हिर्षाई। अति आतर उठि करि अंग लाई।।
इहि ऋषि वनिता भस्मि उढावै। वहु नृप वनिता अंवर हंढावै।।
सकल सींगार ताहि ने कीने। पान पत्र मुखि माहे दीने।।
अति सरूप कहा रूप वषानो। ताहि रूप सोभा क्या जानो।।
तव रेनका ने बात उचारी। सुण हो वहिण तू बात हमारी।।
तोह गृह सुतु होया कै नाही। इहि बीचारु देहि हमि ताहि।।
तव नृप वनिता वचनु उचारा। सुत हमिरो वनि खंडि सिधारा।।
नृप तिह पाछे उठि करि धाया। नृप का माया मोह चुकाया।।
तुम अपुनी गृह वात सुणावौ। साईंदास छिनु बिल्म न लावौ।। ८५।।

तव रैनका तिसि दीयो वीचारा। हमि गृह सुतु भयो एह पुकारा।।
वडा भयो ऋषि सुत दुःख देवै। जो कछु देषै सो षसि लेवै।।
उनि ऋषि हमहि उलहिना दीना। तव ऋषि सुत को सदि करि लीना।।
कह्यो पूत वन को तुमि जावौ। तहा जाइ हरि भजनु कमावौ।।
तव हमि सुत ने बचनु उचारा। मै इहि बांछति सा निरंकारा।।
अवि मैं जावौ वनि खंडि ताई। जव तुम कष्टु होइ मोह मनि ल्याई।।
हमि सुत भी वनि खंडि सिधारा। साईंदास कीनो वीचारा।। ८६।।

रैणका वहिन तजि जल कौ ल्याई। कुटीआ महि आइ करि ठहिराई।।
अति विसमाद भयो चितु वाका। कहा वीचारु कहो मै ताका।।
यमदिग्न ऋषीश्वर तिहि ओरि देक्षा। अति विस्माद रूप तिह पेक्षा।।
कह्यो रैणका क्या विसमाई। कहा दुःख तुम लागो आई।।
जो तुम दुःख लागा सों आषो। हमि ते तुमि दुराइ न राषो।।
तव रैणका ने वचनु उचारा। कहा कहो ऋष प्राण अधारा।।
मै गई जलु लेणे के ताई। तहा अधिक सैना निर्षाई।।

तिस सैना स्यूँ वचनु उचारी। इस वनिता है बहिन हमारी।।
मै वहिन अपनी को देषों। इहि द्रिग रूप वांका मै पेषों।।
मै गई चली वहिण के पाहे। अति सरूप सुंदर है वाहे।।
मोह अंग भस्मि लागी अधिकायन। उसि अंग अंबर अधिक उढायनि।।
तांसो विदआ ले जलु आनौ। कुटी महि खडि करि ठहिरानौ।।
मोहि वहिनीआ पतु चलि आयो। अखेर कीयो वन महि ठहिरायो।।
हमिरे गृह माहे कछु नाही। कहा ताह आगे ठहिराही।।
एहि प्रयोग ऋषि मैं बिसमाई। साईंदास सो कह्यो सुनाई।। ८७।।

तव ही ऋषि मुख ते इउं बोलै। इति कारन मनि माहे डोलै।।
हमि निर्धन धन राम हमारो। हमि निर्बल बलु प्रांन अधारो।।
जाइ करि तिस भोजनु कहि आवों। मेरो कह्यो मन महि ठहिरावों।।
गोविंद सभ कछु भलो करही। अपनी लज्जा आपे धरही।।
रैणका इहि सुणि करि उठि धाई। चली चली फिरि बहिन पै आई।।
कह्यो आइ सुणु वहिन हमारी। ये ही ऋषि ने कह्यो वीचारी।।
जाहो नृप भोजन कहि आवो। आजु भोजनु तुम हमिरे पावो।।
मेरो कह्यो सुण करि लीजै। साईंदास कछु अवर न कीजै।। ८८।।

तव नृप वनिता कह्यो पुकारी। सुन हो वहिनीआ वाति हमारी।।
तुम ऋषीश्वर कहा करेवौ। कित विधि भोजनु नृप को देवौ।।
सभ कछु तुम हमि कौ दीआ। जो करुणाा तुम हमि परि कीआ।।
काहे को एता दु:ख पावो। एहि वात मन महि ना ल्यावो।।
फिरि करि रैणका तिह प्रतु दीना। हे मोह भैण कहा मन महि लीना।।
मोको ऋषि ने दीयो पठाई। इहि प्रयोग मै तुम पै आई।।
तव नृप बनिता कह्यो भलो होई। जो तुम मन आवै करो सोई।।
तब भोजनु कहि करि फिर आई। साईंदास अपने गृह ताई।। ८९।।

तव ऋषि गयो ब्रह्म पुरी मांही। नंदिनी काम धैन सुता ताही।।
ब्रह्मे ते नंदिन ले आया। आइ कुटीआ माह ठहिराया।।
जो मांगे सो तिस ते पावै। नंदिनी काम धेनु सुता कहावै।।
ऋषि ने मुष ते बचनु उचारा। सुण हो नंदिनी कहा हमारा।।

चेरी अधिक देहो हमि ताई। जो हमि आगे टहिल कराई।।
तव ही चेरी वहु प्रगटाई। तांकी वाति कहा उचिराई।।
पाछे पीतंवर वहु दीने। ऋषि ने लै विछावने कीने।।
भांजन कनक के अधिक निकारे। तांकी गणती कौणु विचारे।।
रैणका अधिक वस्त्र जु उढाए। तो संग चेरी अधिक सुहाए।।
भूपति कों ऋषि भोजनु दीना। छत्री प्रकार को भोजन कीना।।
जो कछु वांछै कोई सोई देवै। आदर भाउ सभ सैना लेवै।।
नृप संग आए रहे अघाए। तव ऋषि मुष ते वचन सुनाए।।
जिह आगे भोजन सो लेवौ। वहुडो भोजन हमिह न देवौ।।
भोजन सभ तुम लेहु उठाई। साईंदास कह्यो राम दुहाई।। ९०।।

भूपति भोजनु ले उठि धायो। केतक मग चलि करि वहि आयो।।
वीच ही मग के ठांढा के भया। अति विस्माय मन अंतर लया।।
एक कुटीआ ऋषि की दिषलाई। एह अडंबर उनि कहा कोई भाई।।
वहुडो नृपु मगते चलि आया। तिसी ठौर फिरि आइ ठहिराया।।
दो नर सैन सो आषि सुनायो। वेग बिल्म तुम मूल न लायो।।
जावो ऋषि की कुटीआ माहें। तहा जाइ द्रिग सो निर्षाहे।।
कवन ठौर ते भोजनु दीना। कहा ऋषीश्वर ने इहि कीना।।
तांको देषि ईहा तुम आवौ। साईंदास तुम आष सुणावौ।। ९१।।

दो नर सैंन के चलि करि आए। जहा यमदिग्न ने कुटीआ छाए।।
ना कछु अग्नि जले तिहि माही। अति भै चक्रित होइ मन माही।।
कामधेन सुता नंदिनी षडी। जो मागो सो आगे धरी।।
इहि विधि निर्ष के फिरि आए। नृप पाहे आइ करि ठहिराए।।
जो विधि देष आइ वीचारी। एक एक कर रस्न उचारी।।
कामधैन सुत नंदिनी तिह माही। जो मांगे तिस ते सो पाही।।
नृप सहस्रार्जुन ने विधि जानी। तिस प्रत सुण करि मन इहि आनी।।
नंदिनी कौ कित विधि हमि लेवहु। साईंदास तिस सेव करेवहु।।९२।।

फिरि नृप तासो वचन उचारे। वात सुणो श्रवण तुम धारे।।
ऋषि सों जाइ करि आष सुनावो। मेरो कह्यो मन महि ठहिरावो।।

प्रिथमे ऐसे आषि सुनावो। जो नही माने य्युं उचिरावो।।
नाह त मै षसि करि भी लेवौ। मार चुकावौ वहु दुःखु देवौ।।
चले चले फिरि करि तहां आए। जहा ऋषीश्वर भक्ति कराए।।
आइ ऋषीश्वर स्युं इउ कह्यो। नृप धैन कारण ठाढा भयो।।
धेनु देहु राजा ले जावै। जो मांगो आगे ठहिरावै।।
तव ऋषि कह्यो धेन कैसे देवौ। ब्रह्म उलहिना क्युं करि लेवौ।।
फिरि दोनों नर बचन उचारे। जो ना देवो नृपु युद्ध मारे।।
तव ऋषि नंदिनी सो इउं बोले। क्रोध वान होइ श्रवणहि षोल्हे।।
कहे नंदिनी अबि क्या कीजै। किहि प्रयोग तुम उसि कों दीजै।।
इहि भूपति मोह बलु दिषलावै। होवे भस्मि वहु घात करावै।।
नंदिनी ने प्रतु तांको दीना। कहा विश्वासु तै मन महि लीना।।
आग्या करों सभ को प्रहारो। एक एक को पकिर पछारो।।
तव ऋष कह्यो सुण लेवहु भाई। एही नृप को तुम कहो सुणाई।।
मै तौ नंदिनी कौ ना देवौ। ब्रह्म उलहिना नाही लेवौ।।
हमिरी होइ तौ तुमि कौ देवौ। आन अमान कैसे हिर लेवौ।।
हमि तुम को इह कह्यौ सुणाई। साईंदास कहो तुम ताई।। ९३।।

त्याग कुटीआ दोऊ नर आए। जो कछु सुन्यों सो आषि सुणाए।।
सुनहो भूपति हमिरी वाता। नंदिनी तुमि आवै नही हाथा।।
प्रिथमै हमि तिस सुणाया। नंदिनी देह नृप चितु लुभाया।।
नंदिनी कौ नृप ताई देवौ। जो तुम भावै सोई लेवौ।।
जव विधि उसि कौ इहि विधि ठानी। तव उसि ने इहि वात बषानी।।
मम नाही नंदिनी जोई मै देवौ। जो बांछो तुम पाहे लेवौ।।
जव उसि ने इहि वात वषानी। तव हमि उसि को इहि विधि ठांनी।।
जो तुम हिर्षमान हो देवो। जो मनु मानें सोई लेवो।।
जो तुम हमि को देवो नाही। नृप आइ मारहि घातु कराही।।
जव इहि वचनु हमि ताह सुणाया। ऋषु अति क्रोध लोचन ललाया।।
मुख ते एही वचन उचारा। नृप कहा करेगो कहो हमारा।।
कामधेनु नंदनं कैसे देवौ। कैसे ब्रह्म उलहिना लेवो।।
जो कछु तुमरे मन महि होई। साईंदास करो तुम सोई।। ९४।।

जव भूपति इहि विधि सुनी काना। अति क्रोधु उठियो मन माना।।
अति क्रोधु करि युद्ध को आयो। यमदिग्न कुटी को उठि धायो।।
घेरा जाइ कुटी को कीना। अपनो शस्त्र करि महि लीना।।
यमदिग्न ऋषीश्वर तव ही कह्यो। कामधैन सुता उठि क्या बह्यो।।
एहि पातकु हम युद्ध को आया। अति आतर होइ कुटी को धाया।।
कामधैन सुता कुटीआ तजि आई। सन्मुख सहस्रार्जन धाई।।
सहस्रार्जन सौं युद्ध कीना। ताह सैन वहु मार के लीना।।
मार सैन ब्रह्मपुरी धाई। एकु घाउ तिनि लागो भाई।।
सहस्रार्जन जोरा कीना। यमदिग्न ऋषीश्वर को घाउ कीना।।
यमदिग्न ऋषीश्वर तजे प्राना। साईंदास नृप अति वलवाना।। ९५ ।।

सहस्रार्जन उठि करि धाया। अपने गृह के मग चितु लाया।।
रैणका ने अवाहन कीना। पर्शुराम सुतु जान प्रबीना।।
कहा करो तुम पाछे आई। जो तुम अवि ना होहु सहाई।।
जबि रैणका इहि मन महिधारी। परसुराम आए तत कारी।।
हे मोह मात कवन दुःख दीनो। कहो मोह जोरा किन कीनो।।
उसि को मोको देहु बताई। मै संग्रामु करों तिस जाई।।
कहा वली प्रगट्यो इहि ठौरा। हमि को तुम वतावो भोरा।।
तांको एक छिन माह प्रहारो। साईंदास उसि धर्न पछारो।। ९६ ।।

तव रैणका ने वचन सुनाए। पर्शुराम सो कह्यो समिझाए।।
सहस्रार्जन वन महि आया। अखेडि कीयो वन महि ठहिराया।।
मै जलु नितापर्त ले आवा। जलु लेने वन माही जावा।।
मै जलु लेने को उठि धाई। वन महि मोह सैना दिष्टाई।।
मै सैना सो वचन सुनायो। कौनु है नामु तुम एहि बतायो।।
तव सैना मोह दीयो वताई। नृप सहस्रार्जन इह माई।।
तव मै मन महि लीयो वीचारा। इहि पतु कहीयै वहिन हमारा।।
मैं जाइ निर्ष वहिन को आवो। साईंदास वहु हेतु बढावो।। ९७ ।।

मै गई वहिण के मिलने ताई। तिस सरूप सुंदर अधिकाई।।
उनि उठि मोको अंग लगाया। महा अधिक उनि हेतु बढाया।।

मै उसि ते विदआ ले आई। इसि कुटीअ महि आइ ठहिराई।।
विस्म रही विस्म ठहिराई। तवी ऋषीश्वर ने निर्षाई।।
मोह कह्यो कित कौ विस्माई। कौन दुःख तुम लागो आई।।
उोह वात तुम मोहे वतावो। हमि ते कर्न दुरावो।।
तवि ऋष हमि से वचनु उचारा। हे ऋषि पूर्न प्रान आधारा।।
मोह वहिन पतु वन महि आया। अखेर कीयो वन महि ठहिराया।।
हमिरे गृह माहे कछु नाही। ताह षलावा षडि वन माही।।
तांको आदर भाउ कैसे लेवो। ताह सैन भोजनु कैसे देवो।।
जव तोह पिता इहि विधि श्रुण पाई। साईंदास सो कह्यो सुणाई।।९८।।

तव ऋष मुष ते वचन उचारे। इहि प्रजोग विस्मक चित धारे।।
हमिरे गृह मै सभ कछु भामा। जो हमिरे गृह गोविंद नामा।।
तुम जाइ करि भोजनु कहि आवो। वेग विल्म तुम मूल न लावो।।
मै गई ताह भोजनु कहि आई। वेग विल्म मै मूल न लाई।।
ऋष गयो ब्रह्म पुरी के माही। मै सकल वीचार करो तुम पाही।।
ब्रह्म पुरी ते नंदिनी ल्याया। ऋषि ने धैन को वचनु सुणाया।।
हे नंदिनी चेरी हमि देवो। वेग विल्म तुम नाह करेवो।।
तव नंदिनी चेरी वहु दीनी। वेग विल्म उनि मूल नि कीनी।।
पाछे से पीतंबर दीने। सो ऋषि लै विछावनि कीने।।
भोजन कनक के अधिक निकारे। जो बांछहि वे तत्कारे।।
अनक प्रकार के भोजन दीना। हर्षिमान होइ करि नृप लीना।।
जो सैना संग सभिहू अघाई। उदर भरे सभ भूष गवाई।।
नृप भोजनु ले करि उठि धाया। केतक मगु चलि करि वहु आया।।
वीच ही मग के ठांढा भया। कछु संचरु मन माहे लया।।
मग ते फिरि करि भी वहु आया। दो नर सैन के तिनहि पठाया।।
नंदिनी को हमि ताई देवौ। जो चाहो हमि पाहे लेवौ।।
तव ऋषि कह्यो हमारी नाही। मैं मंगिआनी ब्रह्म पाही।।
आनि अमाण कैसे तुम देवौ। आनि अमान कैसे हिर लेवौ।।
जव ऋषि ने यहि वचन सुनाया। दो नर तव सुणि करि उठि धाया।।
नृप सो जाइ करि वचनु उचारा। हे नृप सुनों श्रवन हम धारा।।

ऋषु नंदिनी को नाही देवै। हमि सो ऐसे वचन उचरेवै।।
कहे नंदिनी हमिरी नाही। मै मंगि आनी ब्रह्मे पाही।।
वस्तु पराई कैसे देवौ। ब्रह्म उलहिना क्युँ करि लेवौ।।
जव नृप ने एहि विधि सुण पाई। क्रोधु कीयो कुटीआ परि आई।।
एक घाउ नंदिनी को दीना। नंदिनी ब्रह्मपुरी मगु लीना।।
पाछे तुमरे पित परि आयो। शस्त्र लीए तिस घाउ लगायो।।
तोह पित के हिर लीए प्राना। कहा मै तोह पहि आष वषाना।।
इहि प्रयोग तुम को चित कीना। तोह पिता नृप ने हनि लीना।।
अवि मै तुम कौ कह्यो सुणाई। साईंदास सुण हो विध लाई।। ९९।।

पर्शुराम जब येहि सुण पायो। अति क्रोध लोचन ललचायो।।
अति वलवंतु वल कहा वषाना। तांके वल का अंतु न जाना।।
सुंदर रूप सत्य तिह काया। ससी अरु भानु तिस की है छाया।।
कंपमान सुर नर सभ होए। आंसो नीर सौं तिह मुख धोए।।
कहा जानै इह क्या कछु करसी। कवन संग संग्राम चितु धरसी।।
सकल सुरौ ने भौ मन कीआ। साईं दास तिन कौ सुख दीआ।। १००।।

पर्शुराम आतर होइ आए। करि कुठार ले करि उठि धायो।।
सहस्रार्जन कौ जाइ मारा। सकल सैन को तिहि प्रहारा।।
नृप की रक्त सो तर्पन कीना। इहि संकल्प तहा उनि दीना।।
इकीस बार निक्षत्राइण करहो। तौ कछु औरु वात चित धरहो।।
सभ छत्री इकि बार विडारे। विर्ला भाग छुटा तिहि वारे।।
वहुरा तिस ते उत्पत होई। वहुडो पर्शुराम आइ षाई।।
इकीस वार ऐसे ही कीनो। जिन ने जोरु कीयो दंड दी उोनो।।
महावली तांको वल भारा। तिति वल का क्या कहो वीचारा।।
त्रैलोक को दुःख मिटावै। जो निसवासर हरि गुण गावै।।
संत जना को वहु सुख देवै। पातक को वहु घातु करेवै।।
जो जो तिह सर्नी चितु लावै। तांके पूर्न होवै कामा।।
जो जो क्षेम कुशल को चाहे। उौर भारु सभ सिर ते लाहे।।
जो जो गोविंद को जसु गावै। महा सुखी दुःख मूल नि पावै।।
हे साधो सकला भ्रमु षोवौ। राम नाम स्मिरो सुख सोवौ।।

तांते तुम कौ दु:ख न लागै। जो दु:ख होवै सभ ही भागै।।
तिस की उस्तिति कौनु वषाने। प्रान पुर्ष कौ कौनु षछाने।।
पर्शुराम पूर्ण अवतारा। साईंदास कहियो वीचारा।। १०१।।

राम अवतार

रामाय नम:

राम नाम नाम हरि रामु। सकल जगति के कर्ते काम।।
पूर्ण ब्रह्म ब्रह्म पूरायण। कौलापति पूर्न नारायन।।
गोविंद संत सहाई रामा। सकल जग्त के पूर्न कामा।।
रघुवंसी पूर्ण भगवाना। भयो मुक्ति जिन अंतर आना।।
अंतर आन ध्यानु तिहि कीना। मुक्त भयो पर्म पदु लीना।।
संकट काटन सुष को दाता। पूर्न पुर्ष हरि आप विधाता।।
जो जो उस्तित तांकी करही। विना नाउ वहु भौजलु तरही।।
क्रिपा निधान क्रिपा जन करही। अपना जान जन पार उतरही।।
दीना नाथ अनाथ को दाता। सदा सदा संतन संग राता।।
जो वांछे हि तिन को देवै। सुप्रसन्न जन को करि लेवे।।
को कहि सकै उस्तिति हरि केरी। हरि चढ रहे निर्भौ की वेरी।।
हो गोविंद दु:ख संतन नासा। सर्वि निरन्तर जांको वासा।।
प्रान अधर्न संत सहाई। कौलापति संतन सुषदाई।।
महा गंभीर कछु अंतु न तांको। कहा करे कोई उस्तित वांको।।
तांकी सर्नी मै चितु देवौ। सुप्रसन्न आत्म करि लेवौ।।
राम नाम माधो गुण गावो। साईंदास छिनु ना अलिसावो।। १।।

महाराज भक्तिनि सुखदाई। गुण निधान मै ता सर्नाई।।
ज्युँ जानो तैसे प्रभ राषो। त्याग न देवो अपना भाषो।।
तुम हरि औगुन उर न देषौ। प्रभ जी अपनी ओर तुमि पेषो।।
पतति उधारन नामु तिहारा। सदा सदा जिन विर्दु सम्हारा।।
जो हमि अघ कीए सभ निवारो। अपनी किर्पा हमि परि धारो।।
जो जाचकु जाचे हर दाना। दीनै दानु हर विर्द समाना।।
अपनो विर्द हरि तुमहि समारो। साईंदास परि किर्पा धारो।। २।।

एक विनती प्रभ तुम पै करही। अपने सीसु तुम पगि परि धरही।।
एक बात हमिरे मन आई। सो तुमि हमि कौ देहु वताई।।
द्याल पुरुष कहो क्यूँ करि पाई। द्याल पुर्ष कैसे ध्यानु लगाई।।
द्याल पुरुष कैसे जपीए नामा। द्याल पुर्ष पूर्न सभ कामा।।
इहि विधि हमि को देहु वताई। तुमि विनु हमिरो कोऊ न सहाई।।
हे माधो मुकंद मुरारी। हे माधो संतन हित कारी।।
हे माधो क्षिण महि तार्ण हारे। हे माधो संतनि रषवारे।।
हे माधो पूर्न भगवाना। हे माधो सभ माह समाना।।
हे माधो धर्नी धर गोविंद। हे माधो पूर्ण पर्मानन्द।।
हे माधो त्रिभुवन के नायक। हे माधो सुख सहिज समाया।।
हे माधो विर्था सभ जानौ। हे माधो उोगनि न वषानो।।
हे माधो धार्न सभ धर्ना। साईंदास सस कार्ण कर्ना।। ३ ।।

निरंकार सभ माह समाया। निरंकार सभ रचन रचाया।।
निरंकार सभ हूंते न्यारा। निरंकार सभ माह निहारा।।
निरंकार पूर्ण रघुराई। निरंकार संतन सुषदाई।।
निरंकार की गति को जाने। निरंकार को कौणु पछाने।।
निरंकार पूर्न अविनासी। निरंकार दुःख को है नासी।।
निरंकार जनु हृदे पछाने। निरंकार सभ महि करि जाने।।
निरंकार सो मुक्ता कीना। निरंकार निर्भो पद दीना।।
निरंकार ब्रह्मंड को दायक। निरंकार त्रिभुवन को दायक।।
निरंकार घटि घटि समाया। निरंकार सभ जग्तु उपाया।।
निरंकार निर्लेपु गुसांई। निरंकार सिमरो मन माही।।
निरंकार त्रिभुवन को सांई। निरंकार सिमरो दुःख जाई।।
निरंकार सूक्ष्म अस्थूलं। साईंदास जीवन वहि मूलं।। ४।।

निरभो है निरवैर गुसांई। निर्भो है त्रिभुवन को सांई।।
निर्भो है मुकंद मुरारी। निर्भो है जिन रचिना धारी।।
निर्भो है अकाल अकल हर। निर्भो है माधो धर्नीधर।।
निर्भो है त्रिभुवन को राया। निर्भो है दुःख सुख को राया।।
निर्भो है महाराज के राजा। निर्भो है महाराज बेमुहताजा।।

निर्भो है जुग जुग अवतारा। निर्भो है प्रभ राषनहारा।।
निर्भौ है वावन वपु धारा। निर्भौ है संतनि रषिवारा।।
निर्भौ है अनाथ को नाथा। निर्भौ है तिसि सभ कछु हाथा।।
निर्भौ है रघुपति रघुराई। निर्भौ है लक्ष्मण संग भाई।।
निर्भौ है त्रैलोक को दाता। निर्भौ है घटि घटि महि राता।।
निर्भौ है भौ ताहि न व्यापै। निर्भौ है सभ को तिस जापै।।
निर्भौ है साईंदास के दासा। निर्भौ है जिन हर की आसा।। ५।।

रघिपति को अवतारु सुनावों। सभ व्रतांतु मै ताहि वतावो।।
साधो श्रवण धार सुण लीजै। उौर बात कछु हृदे न दीजै।।
जो श्रवण धार एहि सुण लेवै। तांपरि प्रभ जी क्रिपा करेवै।।
सदा सदा मुक्ता जग माही। तो को दुःख कोऊ लागै नाही।।
जन्म जन्म के अघ कटि डारे। डूवति वेडी पार उतारे।।
जैसे पषाण जलहि तरायो। वेग विल्म कछु मूल न लायो।।
जैसे तुम को भौ जल तारे। एक छिन मै षडि पार उतारे।।
जो वाछेहि सोई कछु पावै। जो रघिपति जसु हृदे वसावै।।
साधो तुम कौ कहौं पुकारी। तुम मनि माहे लेहो वीचारी।।
सदा सदा रघुपति जसु गावो। अपने घट महि सदा वसावो।
जिहि विधि रघुपति लियो अवतारा। सकला तांका कहो वीचारा।।
साधो सुण हो हितु चितुलाई। साईंदास मुक्ति जन पाई।। ६।।

रावण देतु महा बलकारी। दस सिर वीस भुजा बलु भारी।।
एकु लक्षु पूतु सवा लषु नाती। कुंभकर्णु भाई तिहि साती।।
ब्रह्मे के आश्रम चलि आया। ब्रह्म भक्ति सों हेतु वढाया।।
महा कठिन तपु रावण कीना। तव ब्रह्मे मन महि इह लीना।।
जो मांगे सोई इसि देवौ। सुप्रसंन्न मनु इसु कर लेवौ।।
मोह भजनु इनि अधिक कमायो। मोह भजन सो वहु हितु लायो।।
वहु अधीन भजनु उनि कीना। रावण अधिक भजनु करि लीना।।
महा कठन तव भजनु कमायो। साईंदास ब्रह्म लिव लायो ।।७।।

ब्रह्मा प्रगटि भयो तिह पाही। सोच वीचार करी मन माही।।
हे रावण तुमि कछु मंग लेवौ। संका कछु न मन महि लेवौ।।
जो तुम मांगो सोई देवौ। वेग विल्म तुम नाह करेवौ।।
तव रावन ने वचनु उचारा। हे प्रभ पूर्न प्रान अधारा।।
हे प्रभ मोको येही देवौ। जो मांगो सो क्रपा करेवौ।।
सुरों असुरो ते ना मै मरहो। इह जाचनु प्रभ तुम पै करहो।।
मानस कपि कहा निकट आवहि। त्रैलोक मोह वल कंपावहि।।
ब्रह्मे कह्या ऐसे ही होई। जो तै माज्ञा देआ सोई।।
अवि जाइ सुख वसो गृह माही। उौरु ह्दे आनी कछु नाही।।
ब्रह्मे जव एहि बात वषानी। साईंदास रावण मन मानी।। ८।।

करि डंडौत रावण उठि धाया। तेह वल ते त्रैलोक कँपाया।।
कनक पुरी त्रिकूट ग्रह तांका। सागरु षाई है फुन वांका।।
वस्तु कुमेरु तस के माही। तांके मन महि भौ कछु नाही।।
रावण ने वहु जोरा कीना। लंका गढु तांते हिरि लीना।।
आप तहा जाइ लीयो निवासा। नित नित कलु तोकौ प्रकासा।।
कुमेरि कौ तासो दीयो निकारें। अति अभिमान ह्दे महि धारे।।
कनकपुरी को लीनो राजा। महा बली वह बेमुहताजा।।
जरु जमु पकिड के वंदी पाया। त्रैलोक अपुने वस ल्याया।।
महावली तिह सरि नही कोई। साईंदास सन्मुख कोऊ होई।। ९।।

असुर वुलाई लीए सभ तव ही। तांको आग्या दीनी जवही।।
जो कोई यज्ञु करे भाई। तहा परो जब ही तुम धाई।।
तिह यज्ञु पूर्ण कर्ण न देवों। मार कूटि वस्त्र षसि लेवों।।
येही आग्या तुम को दीनी। एहि बात मन महिं मे लीनी।।
मेरे कह्यो मन महि ठहिरावो। उौर बात कछु ह्दे न ल्यावै।।
बार बार तुम कहो पुकारी। मानि माहे तुम लेहु वीचारी।।
एह काम कर्नी चितु लावो। आग्या मम मनि महि ठहिरावो।।
असुरो येहि आग्या मनि लीनी। तांकी आग्या दृढि मन कीनी।।
महावली तिस बलु अधिकारी। साईंदास सभ कह्यो वीचारी।।१०।।

सकल सुरौ को हुकुमु मनाया। गुरु किर्पा ते आष सुणाया।।
सुरपत कौ तिन लीयो वुलाई। ताह कह्यो सुण ले मेरे भाई।।
पुहप निताप्रति तुम ले आवौ। हमिरे आगे आण टिकावौ।।
सुरपति ने इहि मन महि लीआ। पुहप चुणनि चितु अपनो दीआ।।
वहुर बसंतर लीयो वुलाई। तांसो रावण आष सुणाई।।
सूपकारु हमरो तुम होवो। निश्चल अपने ग्रह मै सोवो।।
विसंतर[१] मन महि धरि लई। जो कछु रावण आग्या कीई।।
ससीअरु लीयो वुलाइ तत्कारा। रावण दैत महावलु भारा।।
ससीअर को तिन आष सुणाया। मन करि प्रीति उनि तिसे बनाया।।
मोह सिर छत्र तुम कर महि राषो। उौर वाति कछु ना तुम भाषो।।
ससीअर ने मन महि ठहिरानी। जो कछु रावण मुखो वषानी।।
पौण वुलाई लीयो वलकारी। ताह कह्यो सुण बात हमारी।।
तुम सुहना हमरे ग्रह देवौ। सदा सदा इहि काम करैवौ।।
जो तुम हमिरा कामु न करहों। कोई और बात चित धरहों।।
टूक टूक तोह तुझ करि डारो। एकपल माहे तुझहि विडारो।।
पौन कह्यो हे नृप बलिकारी। तुम सुण लेहो बात हमारी।।
जो तैं कह्यो सो मन महि लीआ। अपुने घटि अंतरि मै कीआ।।
सदा सदा सोहना मै देवौ। उौरु कामु कछु नाह करेवौ।।
मार्ति मान[२] लीयो जो कह्या। जोउनि कह्या सो मन महि सह्या।।
पाछे रावण वर्नु सदाया। तांसो अेसे भाष सुणाया।।
तुम हमिरे गृह नीर ल्यावो। हमिरे द्वार परि छिनकावो।।
वर्न ह्दे महि धरि करि लीना। जो कछु हुकुमु रावण ने कीना।।
वर्न मान गयो ग्रहि माही। तांको वलु कछु लागो नाही।।
रवि को लीनो तवै वुलाई। तांको रावण यही वताई।।
मै पतिहारी तुम को कीना। एहि बात मै मन महि लीना।।
रवि ने मन महि लीयो ठहिराई। तांसो वलु न वसावै भाई।।
बहुता दुःख देव को दीआ। साईंदास उनि सभ वस कीआ।। ११ ।।

---

१. बिसंतर = अग्नि।
२. मार्ति < मारुति = वायु।

सभ सुर ब्रह्मे पाह पुकारे। तुम हो महावली अधिकारे।।
हमि को वहु दुःख रावण दीना। अपुने गृह महि वंदी कीना।।
हमि तुम त्याग अवर किसु आषहि। अनो दुःख हमि किस पै भाषेहि।।
जो तुम हमहि न करो उपराला। कौनु होइ कहु हमिरो हाला।।
हमि वलु ता संग कछु न वसाए। क्षीर समुद्र कौ पग धाए।।
चला चला दधि के तटि आयो। मुष ते वेद चतुर उचिरायो।।
इति विधि मुख सें वेद वषाने। तीन लोक महि सभ ही जाने।।
पाछे से विनती येहि कीनी। साईंदास मुष ते उचिरीनी।। १२।।

हे प्रभ सुर वहुता दुःख पावहि। तुझे त्याग उौरु कहा जावहि।।
रावण दैत्य अधिक दुःख देवै। महा कष्ट देवनि कौ देवै।।
तुम भक्तिन के सदा सहाई। सभ कूकति है तुम पहि आई।।
ज्युँ जानो त्युँ दुःख मिटावौ। वेग विल्म तुम मूल न लावो।।
जव ब्रह्मे येहि वचनु उचारा। त्रिहू लोक महि सुन्यों वीचारा।।
शब्द आकास ते उत्पति होया। में सां सुन्न मदिर महि सोया।।
जव ते तैंने इहि करी पुकारा। तव ही मै मन लीयो वीचारा।।
जाहो चितु अपना ठहि राषो। राम नाम मुष अपुने भाषो।।
मै दशरथ गृह ल्यों अवतारा। तुम मरिकटि होवो सुर सारा।।
ब्रह्मे जव वाणी सुण पाई। सकल सुरो सो कह्यो सुनाई।।
चितु धरि ठौर तुम ना उकिलावो। राम नाम हृदे माह ध्यावो।।
दशरथ के ग्रहि माह प्रभ आवै। दुःख दर्दु तुम सभू मिटावै।।
तुम सभ ही मर्कटि वपु धारो। राम नाम घटि माह वसांवो।।
जव सभि ही सुर यह सुण पाई। वेग विल्म उनि मूल न लाई।।
तातकार सुर कपि वपु लीना। साईंदास यहि कार्ण कीना।। १३।।

दशरथ नृप ग्रहि सुतु ना कोई। ताहि उपिचारु न दीसे कोई।।
त्रैबनिता तिस के गृहि माही। तिस गृह सुतु होवे कोऊ नाही।।
एकि कौशल्या है तिसु नामा। द्वितीआ कौकेही तिसु भामा।।
त्रितीया सौमित्रा ही कहीयै। तीनो नाम इस माहे लहीयै।।
दशरथ ने इकु तालु कढाया। धनष वाण ले तहा ठहिराया।।
ताहि ताल रषिवाला रहिही। निसवासर ऊहा वहु वहही।।

जव लगि ब्राह्मण ना ज्युँ लावा। तव लगि इसि ऊपरि ठहिरावा।।
जो पंषी मृग पाणी ना पीवै। इसि का जलु जूठा ना थीवै।।
इसि प्रयोग ताल परि रहई। निसवासरि तिसि ऊपरि वहिई।।
अंधी अंधा काँधे लीए। सुरिवण सुत तिह मग पग दीए।।
पूर्ण चक्षु पिता को नामा। मांइ सुनेती सभ घटि रामा।।
चल्यो आवति तिह मग माही। अति अनंदु तिहि दुःख को नाही।।
अंधी अंधा त्रिषा संतायो। तव उनिने मुष वचन सुनायो।।
हे सरवण सुत त्रिषा संताए। तौ विनु हमि को त्रिषा वुझाए।।
त्रिषा गह्यौ हमि को अधिकाई। जलु आण देवो तुम हमि ताई।।
नाहि ति निकिसित प्रान हमारे। पाछे कछु न होवत पछुतारे।।
तव सरिवण ने मनि ठहिराई। वहिंगी ले व्रिक्ष सों अटिकाई।।
गडिवा ले जल कों पग दीए। जाइ ताल भर्ण चितु कीए।।
तिहि चकचकारु दसरथ कानि पर्‌यो। कह्यो किसी म्रग जल पगु धर्‌यो।।
सरु साध्यो सरवण को मारा। तव सरवण ने एही पुकारा।।
हे दशरथ पापी क्या कीआ। तै मुझिको घातु करि लीआ।।
तव दशरथ वहुता पछुताना। कहा होइ जवि वषतु विहाना।।
सरवण कह्यो गडिवा ले जावौ। षडि जलु तुमि जाइ तिनहि पीलावौ।
मुखो न बोलौ गडिवा छिणकावो। एहु काम तुम जाइ कमावो।।
जो मुष बोले उोहू न पीवहि। साईंदास वहु म्रितक थीवे।। १४।।

गडिवा ले दशरथु जबि धाया। चल्या चल्या दोनों पहि आया।।
जलु गडिवे माही छिणिकाया। अंधी अंधे कौं सुणवाया।।
अंधी अंधे वचन उचारे। हे सरवण सुत प्रांन हमारे।।
काहे ना आवति हमि नेरे। कहु तूं क्या आयो चित तेरे।।
मुषि ते वचनु काहे नही आषो। मात पिता कौ क्युँ ना भाषो।।
सरवण कहा जो मुषि ते बोलै। साईंदास मन महि वहु डोलै।। १५।।

हे पापी तूं कौणु कहावै। भूत प्रेत हमि क्युँ न बतावै।।
तब दसरथ ने वचन उचारा। मैं अपराधी सरवण मारा।।
मैं ज्यान्यौं मृगु कोई आयो। तिह प्रयोग मै वाणु लगायो।।
जलु ले आया हों ले पीवे। हमि ऊपरि गुस्से ना थीवो।।

तव अंधि कह्यो चिषा वणावो। अपुने करि तीनों जलावो।।
तव दसरथ कह्यो एहु न करहों। ऐसी बात परि चितु न धरहों।।
होवन होइ सोई कछु होई। साईंदास उौरु करे न कोई।। १६।।

अंधे अंधे कह्यो कैसे जीवहि। विनु सुत सरवण किउ सुख थीवहि।।
सरवण सुत को वेग ल्यावो। हे दसरथ हमि आण दिषायो।।
दसरथु सरवण को ले आया। अंधे अंधी को आण दिषाया।।
तिनहि द्रिष्ट आवै कछु नाही। हाथ लाइ वहु रुदन कराही।।
रुदन कीयो करि वचन उचारे। हे दसरथ पातक वहु मारे।।
चिषा बनाई करि हमहि जलावौ। वेग विल्म तुम मूल नि लावौ।।
तव दसरथ ने चिषा बनाई। ले लकिडी वन की अधिकाई।।
तीनों चिषा ऊपरि ले पाए। साईंदास चाहति अग्नि लाए।। १७।।

ताहि चिषा को अग्नि लगाए। तव अंधी अंधे वचन सुणाए।।
जिहि वियोग हमि तजै प्राना। इहि वियोग निकसिहि तुम जाना।।
जब उनि ने इहि बचनु उचारा। तब दसरथ मनि लीयो वीचारा।।
भलो सरापु दीयो हमि ताई। इहि सरापु सुतु हमि गृहि आई।।
प्रिथमे तो सुतु मोह ग्रहि आवै। पाछे मोह वियोग लगावै।।
अनंद मान होइ ताहि जलायो। तिनहि जलाइ करै गृहि आयो।।
आइ सिंहासन ऊपरि चढयो। मन अंतर इहि कार्ण करयो।।
तब वशिष्ठ को लीयो वुलाई। तांसो विनती आष सुनाई।।
हे गुरदेव कछु करु उपिचारा। नाहति कुल होइ नासु हमारा।।
जो मोह ग्रहि संतत ना होवै। तव कुल नास हमारा होवै।।
ऐसे करो मोह संतत होई। तुम विनु अवर न कर्सी कोई।।
तव वशिष्ठ ने आष सुणाया। साईंदास येहि वचनु बताया।। १८।।

सिंङी ऋषु वनि माहे रहई। महा ऋषीश्वर पूर्न इहई।।
किसी बात करि तिसे ल्यावो। उसि कौ आण ईहा ठहिरावो।।
ओहु ईहा आणं करि यज्ञ करावे। तुमको उोहु कछु भलो बतावै।।
तव तुमरे गृह संतत होई। इह वीचार उौर नही कोई।।
जब दसरथ इहि विधि सुण पाई। फिरि वशिष्ट सौ बात चलाई।।

कहु सिंङी ऋषु कैसे आवै। नगर माह आइ करि ठहिरावै।।
तव वशिष्ट ने दीयो बताई। हे दशरथ नृप सुण मेरे भाई।।
सुंदर बनता अधिक पठावो। मेरो कह्यो मन ठहिरावो।।
अति मिष्टान जा ताहि षलावनि। लोभ मान करि ताह ल्याइनि।।
दसरथ बनता अधिक बुलाई। तिह मिष्टानु देवनहि पठाई।।
दसरथ तांको कह्यो सुनाई। तुमि सुण लेवो मेरे भाई।।
इहि मिष्टानु खडि ऋषहि षवाओ। सिङी ऋष कों ईहा ल्यावो।।
इहि मिष्ठानु सिंङी ऋषि देवौ। एहि बात तुम मोह करेवौ।।
ज्युँ जानो त्युँ तिसे चषावो। ज्युंउ जानो उसि कों ईहा ल्यावो।।
वनता सभि तव ही उठि धाई। चली चली ऋषि पाहे आइ।।
सिंङी ऋषि प्रभ सो लिउ जोरी। वनता सभ आगे असु होंरी।।
वनिपत से मिष्टानु लगाया। जहा सिंङी ऋषि आसणु छाया।।
ध्यान छूटो तिह षुध्या व्यापी। तोड लीए वनिपति तिह आपी।।
पात तोड मुख माहे दीने। रस्ना स्वाद अधिक चषि लीने।।
भूल पर्‌यो रस्ना स्वाद लीए। नेत्र षोल्ह इति उति उनि कीए।।
वनिता तिहि निर्षी उठि आयो। उनि वनिता मिष्टानु षलायो।।
एक वनिता आगे उठि धाई। दसरथ कों आइ षबर सुणाई।।
हे भूपति ऋषि को ले आई। साईंदास जो तुझै पठाई।। १९।।

सुण दसरथ आगे कौ धायो। सिंङी ऋषि पै जाइ ठहिरायो।।
अति डंडौत ताहि को कीनी। हे प्रभ हम पै किर्पा कीनी।।
चलि सो गृह सेवक के माही। क्रिपा करी प्रभ तुम अधिकाही।।
सिंङी ऋषि को गृह ले आया। प्रजंग ऊपरि आण वैठाया।।
आदर भाउ अधिक तिहि कीनो। करि जौरे विनती उचिरीनो।।
हे प्रभ मोको यग्य करावौ। मोह गृह संतत तुम उपजावौ।।
तुमि विनु ओटि हमि को नाही। तोह क्रिपा ते संतति पाही।।
सिंङी ऋषि कहो वहु नीका। भलो कह्यो मुख चाहो जी का।।
आन भूपति ने सुण करि पाया। दसरथ ने वहु यज्ञु मचाया।।
आन आन नग्र के भूपति आए। आइ अयोध्या महि ठहिराए।।

ऋषु तिहि यज्ञ करावन लागा। दसरथ उौर वात सभ त्यागा।।
चितु धरो तुम यज्ञ करावहि। साईंदास संतत उपिजावहि।। २०।।

कुंडि कीयो तहा अग्नि जलाई। घ्रित तिल अक्षत लीयो बुलाई।।
ताह अग्नि महि होमु जु कीना। घ्रित तिल अक्षत डार तिह दीना।।
अग्नि से प्रगट्यो इकु रूपा। अति भुज गात तिह अधिक सरूपा।।
कनक थार क्षीर कर लीआ। कौशल्या कौकेही को दीआ।।
तव ही सुमित्रा मुखों पुकारा। हे प्रभ वांटा कछू हमारा।।
मो को भी प्रभ जी कछू देवो। हमि परि भी तुम क्रिपा करेवौ।।
कछु उस ते कछु उसते लीआ। ले सुमित्रा को उनि दीआ।।
दसरथ की तिहूँ वनिता षाया। यज्ञ करि सिंङी ऋषु वन धाया।।
केतक दिन जव भए वितीता। जां दिन ते दसरथ यज्ञु कीता।।
कौलापति पूर्न गोसांई। धर्नीधर सुंदर अधिकाई।।
तजि वैकुंठ गर्भि महि आयो। कौशल्या गर्भ आइ ठहिरायो।।
कौशल्या रूप भयो उजीआरा। रवि चढियो मिटि ग्यो अंध्यारा।।
मानो पुतली कनठ बनाई। तिह उस्तित कछु कही नि जाई।।
ब्रह्मा शिव दर्सन को आए। दर्सन कर उस्तित उचिराए।।
हे प्रभ हमि दधि के तटि गए। तहा जाइ करि ठांढे भए।।
तव हमि करी विनती त्रिभवनराया। तव तुम गगनि सौ वचनु सुणाया।।
मै आवौ दसरथ ग्रहि माही। दूष मिटावौ तुमरो ताही।।
तव हमि लीन ह्दे सम्हारा। हे कौलापति अपर अपारा।।
क्या जानौ क्या नाही होई। तव हमि विस्म भए अधिकोई।।
तूं भक्तन को सदा सहाई। तुमरी उस्तिति तुम वनि आई।।
तुमरी उस्तित कहु को जाने। साईंदास सभ सत्त वषाने।। २१।।

जहाँ जहाँ संतनि भीर होई। तहाँ तहाँ प्रभ जी तुम षोई।।
तुझि विनु संतन को सुष देवे। तुझि विनु को जनु क्रिपा करेवै।।
तुमरी उस्तित कहा वषाने। तुमिरी उस्तित हमि नही जाने।।
तूं अविनासी नासु न तेरा। अकाल मूल सूक्ष्म अधिकेरा।।
तीन लोक महि ताह प्रकासा। जीय जंत सभ तेरी आसा।।
तेरो अंतु न पावै कोई। जो तुझि भावै सोई होई।।

जन कौ तूं सुख देवन हारा। सकल लोक महि तुही उजारा।।
घटि घटि जोत हर तोह समाई। तुमरी उस्तित कही नि जाई।।
कहा कहो उस्तित मै तेरी। रसना थोरी है प्रभ मोरी।।
सदा सदा तूं राषणि हारा। आपे एकु आपे विस्तारा।।
जीइ जंत्र सभ तुझहि वनाए। तुमरि गत को को हर पाए।।
सदा सदा हम सर्न तिहारी। तूं दाता हमि दीन भिषारी।।
निर्भो निरंकार पूर्न भगवाना। घटि घटि की विर्था तुम जाना।।
रूप रेष कछु वर्नि न साको। मै फिरि उस्तित कैसे भाषो।।
मोहि पै उस्तित कही नि जाइ। साईंदास प्रभ सकल समाई।। २२।।

ब्रह्म शिव दर्सनु करि आए। अपनो अपने ग्रहि जाइ ठहिराए।।
कौकेही सुमित्रा को गर्भु होया। दसरथ संसा मन ते षोया।।
जव ते भए संपूर्ण भासा। कौलापति हरि जग्त की आसा।।
चैत्र स्वेत नौमी तिथि आई। तिह दिन जन्मु लीयो रघुराई।।
जन्म लीयौ दसरथ के नंदनि। तीन लोक ठाकुर मकरंदनि।।
भयो उजीआरा तिमर विनासा। दसरथ की पूर्न भई आसा।।
निर्ष्या सुखु अनंद वहु होया। दसरथ संसा मनि तै षोया।।
ज्यो दस दिन भए वितीता। नामु कर्न दसरथ तिहि कीता।।
वशिष्ट प्रोहतु लीयो वुलाई। भूपति तिह समे लियो सदाई।।
हिर्षमान भोजनु तिहि दीना। चर्न पषार चर्णाम्रतु लीना।।
रामचंद्रि जी नामु रषायो। दसरथ अंग अंग हिर्षायो।।
गऊ अधिक विपो की दीनी। विपो ले स्वस्ति मुष कीनी।।
वहुरो कौकेही गर्भु जायो। तिहि गर्भ ते सुत वाहिर आयो।।
तांको नामु भरत तिहि राषा। वशिष्ट प्रोहति ने जो आषा।।
वहुरो सुमित्रा ने जाए। दो सुत तिहि गर्भ वाहरि आए।।
दसरथ तिन्ह को नामु रषाया। लक्ष्मण उौर शत्रघनु ठहिराया।।
वडे भए मुष दसन निकारे। दसरथ कौ अति भए प्यारे।।
रुढति फिर्त षेलति ग्रहि माही। अत अनंदु सोक कछु नाही।।
वहुरो पग सो मग महि चालहि। अधिक सोभति जो गडिमुडि हालहि।।
धनष लीए कर षेलन जाही। धर नीशाना बाण चलाही।।

धन्षि विद्या उनि ने सिष लीनी। धन्ष विद्या वहु मन महि कीनी।।
श्री रघुपति सुंदर अधिकाई। साईंदास दर्सन वल जाई।। २३।।

महावली तिहि वलु अधिकारा। जिह वल कछू न पारावारा।।
धरि नीशाना वाण चलावहि। नितापर्त इहि वात कमावहि।।
दसरथु देष तिन को हिर्षाए। अंग अंग महि नाह समाए।।
चतुर सुत दसरथ गृहि होए। दसरथ सकले संसे षोए।।
तिन को देष अधिक सुख पाए। ले तिन गोदी माह वहाए।।
रोम रोम सीतलु तिह होवै। शीत तप्त ह्दे ते षौवै।।
जैसे भौर पुहप निर्षाहै। अति अनंद होवत मन माहे।।
जैसे मृगु वनु हरिआ देषै। अति अनंदु व्यापति त्रिण पेषै।।
जैसे पंक्षी फलु द्रिग धारे। हिर्षमान होवत तत्कारे।।
जैसे वृक्ष देन जलधारा। हर्यो होत संग ले परिवारा।।
तैसे नृपु दसरथ हिर्षाए। साईंदास प्रभ दर्स दिषाए।। २४।।

रावण दैत्य महा अधिकारा। ताहि भुजा वलु है वहु भारा।।
जो विच जज्ञ तिन्ह को दु:ख दीना। अति अभिमान ह्दे महि कीना।।
विपो कौ कह्यो हमै कछु देवौ। मोह आन मान तुम लेवौ।।
तव विपो कह्यो कहु क्या देवहु। तोह आन मान करि लेवहु।।
रावण कह्यो जो कछु तुम पाई। सोई देवौ तुम हमि ताई।।
विपो तन ते रक्ति निकारी। कुंभ लीयो तिन्हो तिसि महि डारी।।
कह्यो लेहु नृप इहु हम माही। अवर कछू हमिरे पहि नाही।।
रावण कुंभ लीयो ग्रह आयो। जोतकी पंडित तव ही वुलायो।।
तांसो कुंभ नृप आण दिषारा। हमि को इसि का देहु वीचारा।।
जोतकी निर्ष करि कह्यो वीचारी। हे नृप इनि का लेह वीचारी।।
इसी रक्त ते कंन्या होवै। साईंदास रावण जीउ षोवै।। २५।।

जव रावण इहि विधि सुण लीई। चिंता अधिक ह्दे महि कीई।।
कुंभ रक्त सौं दधि महि डारा। तहा निरंकार रचिन इह धारा।।
एक मीन कुंभु उदर महि कीआ। रक्त समेत उदर महि लीआ।।
केतक दिन उदरि महि रह्या। ताहि भारु मीन मन सह्या।।

वाही मीन फंधकि फहाई। जलु ततिउो वाहिरि वहु आई।।
मीन अधिक वपु ताह खहेरा। वंधकु निर्ष भयो विस्मेरा।।
जन्क विदेही तिह कछु दीना। वाहै मीन जनक ने लीना।।
ताह मिन को उदिर विडारा। तिस महि इकु कुंभ निहारा।।
जव नृप द्रिष्ट कुंभ महि कीई। कंन्या सुंदर द्रिग देषि लीई।।
जनकि तवहि पंडित वुलाए। कुंभु लीयो ले तिसहि दिषाए।।
हे प्रभ मोको उत्तर देवहु। येह अचर्ज देषि द्रिग लेवहु।।
तव शुभ पंडित उत्तर दीना। जन्क विदेही सुण करि लीना।।
एहि कन्या जो पर्गटि होई। रावण को लीउ एहि षोई।।
रावण मारन को इह आई। सभ पंडित इह वात सुनाई।।
जव पंडित इहि वात उचारी। साईंदास तव जन्क वीचारी।। २६।।

तव कह्यो जन्क सुण हो प्रभ स्वामी। तुम सभ विर्था अंतरजामी।।
इसि की उत्पति कहा ते होई। सभ विर्था सुणावो मोही।।
तव पंडित ने बचन उचारा। सुण हो नृप तुमि वात हमारा।।
रावण दैत्यु महा बलिकारी। तांको वलु भुज है अति भारी।।
तिसि ब्राह्मण को वहु दुःख दीनो। सभ ब्राह्मण अपने वस कीनो।।
तिन को कह्यो हमि कौ कछु देवौ। मोहि आन-मान करि लेवौ।।
तव उनि कह्यो कहा हमि देवहि। तोह आन मान करि लेवहि।।
तव रावण कह्या कछु तुम देवहु। मेरो कह्यो मान तुमि लेवहु।।
तव उन्हों तन के रक्त निकारी। कुंभ लीयो ले तिसि महि डारी।।
रावण कुंभ लीयो ग्रह आया। जोतकी पंडित तिसे वुलाया।।
ताह कह्यो सुण हो मेरे भाई। इसि की विधि मोह देहु बताई।।
पंडित निर्ष रावण सो आषा। तोह कालु है इहि विधि भाषा।।
तव रावण भै चक्रित हों रह्या। ताकी गति कछु जाइ नि कह्या।।
कुंभ रक्त सों दधि महि डारा। दधि महि गोविंद रचना धारा।।
सो सभ वात मै तोह वीचारो। साईंदास सभ संसा टारो।। २७।।

एक मीन निकल करि लीआ। कुंभ रक्ति सों उदर महि कीआ।।
केतकि दिन तिहि उदर महि रह्या। कुंभ को भारु मीन मन सह्या।।

---

१. यहाँ विर्था शब्द व्यथा के लिए आया है,

वाही मीन फंधकि ने फांही। सोई मीन इहि हम पै आई।।
तिसि रक्त से कन्या होई। हे नृप और नाह इहु कोई।।
जन्कि पंडित सभ विदआ कीने। कनक गऊ कछु तिन कछु दीने।।
कन्या षडि राषी गृह माही। दुहिता जान करि ताह पलाही।।
तव उोझै[1] सीता नामु तिह राषा। उौर जानकी मुख ते भाषा।।
दस्न कढे होइ अधिकायन। अपुनें कर कर भोजन षायनी।।
अधिक भई पग चलिणे लागी। वाल अवस्ता उनि ने त्यागी।।
सुंदर रूपु क्या रूप वषाना। ताह रूप उस्तित क्या जाना।।
ससी अरु भानु देषत छपि जाई। देषि निसा कहि मन सुकचाई।।
फिर्त फिर्त सषी संग लीए। भरि जोवण चाहति रस कीए।।
अंवर अधिक जो अंग उढावै। तांकी महिमा कही नि जावै।।
अति सरूप सुंदर अधिकाहनि। साईंदास तिहि वल वल जायनि।। २८ ।।

शिव को धनुष दरि आगे परिआ। जन्कु ताह पूजा नित करिआ।।
महा अध्कि जोधे जो आवहि। तौ उसि धन्षि कौ ठौर उठावहि।।
चौंका देह ठवर तहा राषहि। जन्कु ताह पूजा चितु राषहि।।
निता पर्त एही उसि कामा। जन्क विदेही नृपु तिह नामा।।
जान्की द्वादश वर्ष की होई। तिहि स्मसर औरु रूप न कोई।।
सखिआ ले संग वाहिर आई। आई धन्ष पाहे ठहिराई।।
सखीअन सों उनि एहि भाषा। गोवरु तुम ल्यावो एहि भाषा।।
धन्ष ठौर चौका मै देवौं। इसि की सेवा मै कर लेवौं।।
मेरो कह्या मन महि ठहिरावौ। साईंदास छिनु विल्म न लावौ।। २९ ।।

तव सखीआ सीता स्युँ भाषा। हे जान्की तैने क्या आषा।।
जो केतक जोधे ईहा आवहि। तौ इसि धन्ष को मसा उठावहि।।
कहु तूं कैसे इसे उठावहि। क्युँ करि तूं ईहा चौंका पावहि।।
तव सीत कह्यो तुम भई हयानी। मोरी विधि तुमि अजहूँ न जानी।।
मैं यकि कर सो इसे उठावौ। छिन पल वेग विल्म नही लावौ।।
सखीआ कह्यो प्रतीत नि आवै। किति विधि तूँ इसि धन्षि उठावै।।

---

१. ओझा < उपाध्याय = पुरोहित।

प्रिथमे तूँ इसि लेहु उठाई। तव हमि गोवरु ल्यावहु जाई।।
तव श्री जानकी ने इह कीआ। करि सो धन्षि उठाइ करि लीआ।।
तब सभ सखीआ भै चक्रिति भई। अति भै चक्रति मन महि हो गई।।
दौरी जाइ गोवरु ले आई। जानकी जी पै आइ ठहिराई।।
जानकी गोवरु तिहि सै लीआ। एक करि धन्षि ले चौंका कीआ।।
वहुरो धन्षु तहा ही राष्या। जान्की कछु मुष ते ना भाष्या।।
धन्षि राष ग्रहि को उठि धाई। चली चली ग्रहि माहे आई।।
पाछे जनकु विदेही आयो। चौंका पाया तिन निर्षायो।।
रह्यो भै चक्रित मनि के माहे। साईंदास पूछति सीताहे।। ३०।।

कहो किने इहि चौंका दीआ। एहि कामु कवन ने कीआ।।
तिहि सषीआ तव भाष सुणाआ। जान्की ने एहि लेपु कराया।।
तव ही नृप ने बचनु उचारा। इहि तौ धन्षु महा वलु भारा।।
क्युँ करि जानकी धनषु उठाया। ईहा लेपनु कैसे कराया।।
तव सषीआ नृप सों इउ भाषा। एक कर धनषु उठाया राषा।।
एक कर ईहा लेपनु कीआ। जानकी ने विधि करि के लीआ।।
जन्कि विदेही मन महि लीनी। अचर्ज की विधि सीता कीनी।।
बहु भार इहु धन्षु उठायो। एक करि सौ ईहा लेपु करायो।।
जो इसि धन्ष को तोड चुकाई। कंन्या एह ताहूँ देवहु भाई।।
जन्क विदेही ईही हृदेधारा। मन अंतरि इह बाति वीचारा।।
स्वयंवर सीता का हौं कीना। एहि प्रतज्ञा दृढि करि लीना।।
जो इसि धन्षि को दों करि डारे। ताह भुजा बलु हो अधिकारे।।
जान्की कौ ताहूँ कौ देवौ। सेवक होइ करि सेव करेवौ।।
देस देस कों पती पठाई। ताह वीचारु मै सकल सुणाई।।
आनि भूपति कौ लिष्यौ पठायो। जनकविदेही काजु रचायो।।
तुम आवो झबि मेरे भाई। साईंदास हरि सदा सहाई।। ३१।।

विश्वामित्र ऋषु अधिकाई। भजनु कीयो तिन त्रिभुवन साईं।।
यज्ञु करै दैत्य जाहि विडारी। तांको कठनि बनी अति भारी।।
यज्ञु पवित्र होन ना देही। पापी असुर विरोधु करेही।।
तव विश्वामित्र मन महि इह कीना। कौलापति उौतारु है लीना।।

किर्पा करि दशरथ ग्रहि आए। रामचंदि जी नामु रषाए।।
तांको जाइ ईहा मै ल्यावौ। पाछे से मै यग्य रचावौ।।
असुर आइ जो मोह संतावहि। श्री रामचंदि तिहि मार चुकावहि।।
विश्वमित्र मन महि इहु धारा। मन माहे उनि सोच वीचारा।।
चल्यो नग्र अयोध्या आया। दसरथ के ग्रहि आइ ठहिराया।।
दशिरथ कह्यो क्रिपा प्रभ कीने। किह प्रयोग ईहा पगि दीने।।
जो आज्ञा होइ वहुडि ले आवो। वेग विल्म मै मूल नि लावौ।।
तव विश्वामित्र मुष ते इउ भाषा। इसि विधि तुम पहि आया आषा।।
असुर यज्ञ मोह कर्नि न देही। हमिरो यज्ञ विटार[1] करेही।।
दोनों सुत अपुणे मोह देवहु। मोह आज्ञा मान करि लेवहु।।
इहि जाइ यज्ञ संपूर्ण करही। तिहि असुरो सेती इहि लरही।।
तव दसरथु दोऊ सुत ल्याया। भरत शत्रुघ्नु आण दिषाया।।
हे प्रभ इनि कौ तुम ले जावौ। जो भावे सो टहिल करावौ।।
भला कीआ प्रभ तुम जो आए। साईंदास बहुते सुष पाए।। ३२।।

विश्वामित्र ले तिहि उठि धाया। नगर त्याग बाहर वहु आया।।
अपुने नग्रि कौ उनि पग दीने। त्याग अयोध्या गृह मगु लीने।।
चलित चलित दो मग परि आयो। तहू ठौर आइ करि ठहिरायो।।
तव भरत शत्रुघन वचन उचारे। हे पूर्न ऋष कहा वीचारे।।
आगे को पगु क्युँ न धरहो। आगे को काहे ना करहो।।
हमहि वीचारु इसि का तुम देवहु। हमिरो संचरु हिरि करि लेवहु।।
विश्वामित्र तिहि प्रतु दीना। इहि कार्ण मै गवनु न कीना।।
मोह नग्र दोइ मार्ग जावै। एकि अनंद इकु त्रासु दिषावै।।
जो अनंदि मार्ग हमि जावहि। सप्त दिनसि मग माहे लावहि।।
तव जाइ नग्रि परापति होवहि। मग की चिंता सभही षोवहि।।
जो इसि त्रास के मार्ग जावहि। तीन दिवस को जाइ ठहिरावहि।।
अधिक त्रासु है इसि मग माही। जो तुम वलु होइ इसु मार्ग जाही।।
जो तारिका सो युद्ध करावो। युद्ध करी जो तिहि हिरि आवो।।
तव हमि इसि मार्ग पगु धरही। अपुने नग्र गवनु हमि करही।।

---

१. विटार = अपवित्र।

भरत शत्रुघन इहि विधि पाई। विस्म भए कछु कह्यो न जाई।।
विस्म होइ येह वचनु उचारा। आनंद मार्ग चलु प्रान अधारा।।
हमि असुरो सों युद्ध न करही। युद्ध कर्न कौ चितु न धरही।।
विश्वामित्र ह्रदे इह आनी। साईंदास सो सकल वषानी।। ३३।।

इनि से कार्ज पूर्न ना होइ। इनि महि सूर्मा नाही कोई।।
तिन कौ संग ले करि फिरि आया। आइ अयोध्या महि ठहिराया।।
कहियो दसरथ को सुत लेवो। रामचंद्र लक्ष्मण हमि देवो।।
इनि से हमिरो कामु न होइ। इनि मनि त्रासु उठित अधिकोई।।
इनि को तुम अपुने गृहि राषो। जो जानो सो इनि संग भाषो।।
रामचंद्रि लक्ष्मण को देवो। मोह कार्य पूर्ण करि लेवो।।
तव दशरथ कह्यो इनहि न देवो। एहि वाति मैं नाह करेवो।।
तव ऋषि कह्यो जु लेहु सरापा। अपुने मुष माँगो तुम आपा।।
तव दशरथु भै चक्रित हो रह्या। हे ऋषि जी तैने क्या कह्या।।
कोन पापु तेरा मै कीआ। जो तैने चित्त धारि लीआ।।
कित कार्ण श्रापु देवो मोही। कवन बात मन लीनी तोही।।
सुण हो दशरथ मैं तुंह आषा। एहि वाति मै तुझ सों भाषा।।
देहो राम लक्ष्मण ले जावा। नाहि त तुम कों श्रापु लगावा।।
रामचंद्र लक्ष्मण कौ देवौ। साईंदास यहि काम करेवौ।। ३४

दसरथ मन महि लीओ वीचारी। अवि मोह आइ वनी अति भारी।।
देवो राम लक्ष्मण दु:ख पावो। जो न देवो तौ श्रापु उरिझावो।।
एह महा ऋषु भजनु कमाई हे प्रभु श्रापु न देवो।
सुत को लेवौ जो चाहो सो जाइ करेवौ।।
विश्वामित्र तव क्या कीआ। रामचंद्र लक्ष्मण को लीआ।।
अपुने नग्र कौं तिस पग दीने। त्याग अयोध्या ऋष गवनु कीने।।
चल्यो चल्यो दो मग परि आयो। आइ दुहू मग परि ठहिरायो।।
श्री रामचंद्रि जी वचनु उचारा। सुण हो प्रभ जी वात हमारा।।
ऐह दो मार्ग कैसे आए। इसि की विर्था[१] देहु वताए।।

१. विर्था शब्द का अर्थ सम्भवत: कथा है।

इहि मार्गु कहा इहु कहा जाई। इहि कैसो इहि कैसो भाई।।
तव ऋषि सुण तांको प्रतु दीना। श्री रघुपति मनि महि धरि लीना।।
त्रासु मार्गु इह है रघुराई। दूसरो अनंद को मेरे भाई।।
रघुपति कह्यो त्रासु क्या कहीयै। हे प्रभ विर्था मोह वतय्यै।।
वहुरो ऋषि ने आष सुणाया। हे प्रभ पूर्न रघुपति राया।।
दोनों मग मम देस को जाही। तिन की विर्था सभहू वताई।।
जो हमि त्रास मार्ग पग धारहि। तीन दिनसि हमि पंथु निहारहि।।
जो अनंद के मग महि जाही। सप्त दिवसि लागै हमि ताही।।
तव रघुपति फिरि वचनु सुनाया। हे ऋष त्रासु नामु वताया।।
कवन त्रासु इसि मार्ग माही। इहि संचरु उपज्यो मन माही।।
क्रिपा करो करि मोह वतावो। वेग विल्म तुम मूल नि लावो।।
तोह क्रिपा करि संचरु भागे। संचरु त्याग मन महि सुख लागे।।
क्रिपा करि करि मोह वतावो। साईंदास तुम विल्म न लावो।। ३४।।

विश्वामित्र ताह सुनायो। वेग विल्म तिन मूल न लायो।।
तारका राषसी युद्ध कौ आवै। हमि तुम वहुता दुःख दिषावै।।
सूक्ष्म वाति तीन दिन करी। इसि महि त्रासु प्रभ है अधिकारी।।
जो तुम आज्ञा होइ सु करहों। तिस मगि माहे मै पगु धरिहों।।
सुण रघुपति इहि वचनु उचारा। त्रास मार्ग चलि हो ततकारा।।
जो हमि त्रासु करहि मन माही। इसि कार्ज कैसे सिद्ध कराही।।
हे प्रभ हमि इहि त्रासु दिषावै। इहि संचरु क्या मन महि ल्यावै।।
चलहो निकटि मार्ग हमि जांवहि। तारका सों वहु युद्ध मचावहि।।
इहि कार्ण मन कीयो विस्वासा। कहा भयो मन माहे त्रासा।।
चल हो प्रभ इस ही मग माही। भजौ राम त्रासु कछु नाही।।
तारिका राक्षसी कहा बलु होई। हरि स्मसर कहा होवै कोई।।
हे प्रभ चलिहो इसि मग माही। साईंदास दुःख लागे नाही।। ३५।।

तव ऋषि ने इहि मन महि धारा। मनि माहे अति सोच वीचारा।।
इहि वाल्कु मोह कार्जु करिही। असुर अधिक को एही हिरही।।
त्रास के मग माहे पगु दीना। तिहि कछु त्रासु मन महि कीना।।
ऋषु आगे रघु पाछे जाही। तिहि को भी उपिजै कछु नाही।।

जब केतकि मग ताई गए। कछु उनि त्रासु मन महि लए।।
जव इनि पग आगे कौ धारे। महा अधिक उठिउो गटिकारे।।
तारिका प्रगटि भई मग माही। तव गटिकारु भयो अधिकाही।।
रघिपति वाण गह्यो कर माहें। ताह बाणु षाली पवे नाहें।।
वाण गह्यो राकसी कौं मारा। श्री रघुपति तांको प्रहारा।।
तिसे मार आगे पगु दीना। श्री रघुपति मनिहि चित कीना।।
बनिता गोत्तम की मग मांहे। सिला परी वहु मग मंझाहें।।
तांकौ क्रितार्थ कर लेवौ। साईंदास तिह सब्द पुरेवौं।। ३६।।

सकल व्रितांतु मै ताहि सुणावौ। सकल वात मै तुझे बतावौ।।
किहि प्रयोग श्रापु तिह पायो। गुर किर्पा ते सकल सुणायो।।
गोत्तम भार्जा नामु अहल्या। तिहि सत अंग अधक परिफुलिआ।।
एक नृप के कंन्या वहि होई। महा सुंदर तिह रूप अधिकाई।।
तिसि नृप ने पर्तज्ञा कीनी। इहि पर्तज्ञा मन महि लीनी।।
तीन घडी महि इह करि लेई। वसुधा सकल प्रदक्षणा देई।।
इहि कंन्या मै तांकौ देवौ। चर्न लाग तिह सेव करेवौ।।
कंन्या रूप महा अधिकाई। तिह उस्तित कछु वर्नि न जाई।।
सुरपतु माइलु तिह ऊपरि आही। तिसि देषनि को मनु लोचाही।।
इहि विधि जव सुरपति सुण पाई। पौन रूपु तव लीयो बुलाई।।
चला चला नृप पाहे आया। नृप सौ सुरपति भाष सुणाया।।
सकल प्रिथवी प्रदक्षिणा देवौ। साईंदास एहि कामु करेवौ।। ३७।।

पौन रूप परि सुरपति चढ़िआ। प्रदक्षिणा प्रिथवी की चितु धरिआ।।
गौत्तम तवै बेदु करि लीना। ताह माह सोधनु उनि कीना।।
वेद सें इहि विधि निकसाई। सो भी नर की भाष सुणाई।।
जो शाल ग्राम प्रदक्षिणा देवै। प्रिथवी परिदक्षिणा कर लेवै।।
काढि पत्रु नृप के करि दीना। तव नृप पत्रु पढि के लीना।।
इहि निकस्यो पत्रि के माही। दूसरी वात अवरु कोऊ नाही।।
जिन शाल ग्राम प्रदक्षिणा कीनी। तिन सकल प्रथ्वी प्रदक्षिणा कीनी।।
गोत्तम शाल ग्राम निकारा। करी प्रदक्षिणा तिस ततकारा।।
नृप कंन्या काजु करि दीनी। गोत्तम ऋषि काजु करि लीनी।।

कीउो काजु गृहि महि ले आया। सुरपति नृप आइ आषि सुणाया।।
मै पृथ्वी प्रदक्षिणा दीई। साईंदास सुरपति इह कीई।। ३८।।

तव नृप इंद्रि सौ वचन सुनाए। सुण सुरपति तुम वलि अधिकाए।।
कंन्या गौत्तम ऋषि ने लीनी। तात काल परिदक्षिणा दीनी।।
तव सुरपति भै चक्रित हो रह्या। मुष ते वचनु उचारा कह्या।।
किउ करि उनि पर्दक्षिणा दीनी। किंउ करि कंन्या उसि ने लीनी।।
तव नृप ने मुख वचनु उचारा। सुण हो सुरपति बात हमारा।।
वेदु कढ्यो तांसों निकसायो। जिनि शाल ग्राम प्रदक्षिणा पायो।।
तिन प्रथिवी सकल प्रदक्षिणा दीई। जिन शालग्राम प्रदक्षिणा कीई।।
तव सुरपति गृह अपुने आया। अति विस्माद महि ध्यानु लगाया।।
केतकि दिन ऐसे ही रह्या। तांहि व्योग वांका चितु दह्या।।
करि वीचार ग्रहि वाहिर आया। गोत्तम के गृह सो हितु लाया।।
तिस कंन्या भी हेतु वढायो। सुरपति सेती तनु मनु लायो।।
सुरपति कह्यो कहो कवि आई। जो हमि तुम दोऊ कामु कमावौ।।
तव कंन्या तिहि दीयो वताई। जिहि समे गोत्तमु वाहिर जाई।।
अवि तुम अपने गृहि महि जावो। साईंदास मन नाह डुलावो।। ३९।।

सुरपति कह्यो मै क्या जानो। कित विधि मै वहु समा पछानो।।
तूं मौ को येहु देहु बताई। किह समे गौत्तमु वाहिर जाई।।
तिह ना चितु जो ताह वतावै। प्रीत बढ़ी फुन रह्यो न जावै।।
तव ही अहल्या वचन उचारा। सुरपति को तव दीयो वीचारा।।
जव पिछलो पहिर रात को रहे। तव गोत्तम ऋषु उठि करि वहे।।
जव चतुर घटि निस उौरु विहावै। तव संध्या कर्ने को जावै।।
सुरपति वाति ह्दे ठहिराई। ग्रहि अपने माहि बैठो आई।।
दिनु वीत्या होई जब रैना। उडिगण प्रगटि भए प्रगटेना।।
सुरपतु कहे कवि रैनि विहावै। गोत्तमु संध्या को उठि धावै।।
मै तहा जाइ करि कामु कमावो। साईंदास मन इछि पुजावो।। ४०।।

रजनी घटी समा वहु आया। गोत्तमु ग्रहि तजि के उठि धाया।।
जैसे चोरु हिर्ति परि धन को। साधू हेर्ति जैसे मन को।।

जैसे माली पुहिप हिराए। जैसे फंधकु मिर्गु फहाए।।
जैसे तपसी वन कौ धावै। जैसे मिर्गा नाद उझ्राए।।
जैसे पावक अग्नि प्यासा। तैसे सुरपतु काम सुवासा।।
विधि को संग ले करि उठि धायो। तति क्षिण ऋषि के द्वारे आयो।।
विधि ने भूम दिस को वपु लीना। अपुने मुष ते भाष कीना।।
रैन गई जागो रे प्रानी। भजु ले हो तुम सारंग पानी।।
गोत्तमु ऋषि जब ते सुण पायो। सुरतवानि भौ चित महि आयो।।
समा भयो संध्या कौ जावौ। हरि को जाइ करि भजनु कमावौ।।
गोत्तमि पग बाहिर ग्रहि दीने। सुरपति पग अंतरि तिहि कीनै।।
जाइ प्रजंक ताहि परि परिआ। चाहति है तासों संगु करिआ।।
गोत्तम के हृदे महि कछु आया। संध्या त्याग करे उठि धाया।।
रैन अधिक है मेरे भाई। मोह दगा दीनो किसे आई।।
धौल्ह आई विधि के सरि मारी। ताहि लील लागो तत कारी।।
इनि दोनो ने ताक चढ़ाए। गोतम आइ कपाट हिलाए।।
मुष ते ऋषि ने वचन उचारा। सुरपति सुण लीने ततकारा।।
अहल्या सौं कह्यो मोह छपावो। जहा जानौ तहां मोह वैठावो।।
ऋषि आयो उपज्यो मन त्रासा। साईंदास वुरी काम प्यासा।। ४१ ।।

तव अहल्या कह्यो ठौर नि कोई। जहा दुराइ रषौ मै तोही।।
इसी प्रजंग तले छपि रहहो। मुखो न बोलो स्वासु घटि वहुहो।।
प्रजंक तले सुरपति को डारा। पाछे आइ कपाटु उघारा।।
गोत्तम ऋषु गृहि महि आयो। आइ प्रजंक ऊपरि ठहिरावो।।
वनिता को ऋषि पूछन कीना। कौन स्युँ वचनु उचारे लीना।।
एह वाति मोह देहु वताई। जो अवि मै तुझे आषि सुणाई।।
तां पै मिथ्या कह्यो न जाई। गोत्तम ऋषु पूर्न ब्रह्म ताई।।
तवी अहल्या वचनु उचारा। हे प्रभ पूर्न प्राण अधारा।।
हमि मंजार सों वात चलाई। हे ऋषि पूर्न मोह सहाई।।
गोत्तम ऋषु विधि जानणि हारा। मुख ते सुणि करि वचनु उचारा।।
हे पातक पातक अधिकाई। प्रगटि होहु क्या देहि छपाई।।
हे पातक मोह आगै आवौ। साईंदास किंउ देह छपावौ।। ४२ ।।

तव सुरपति आगे चलि आया। गोत्तम ऋषि पै आइ ठहिराया।।
गोत्तम ऋषि सुरपति सों भाषा। कौनु कर्मु कीयो पातक आषा।।
भग भोग कार्ण ईहा आया। सहस्र भग मै तुझै लगाया।।
एही श्रापु मै तुझ को दीआ। जो तै उौगुण मेरा कीआ।।
तव सुरपति कह्यो कवि मोह होवे। इहि सहस्र भग कवि मोह षौवे।।
ऋषु अगस्तु तोह स्रापु निवारे। हरि किर्पा वहु तुमहि उवारे।।
तत्काल सहस्र भग फिरि होई। सुरपति मन माहे वहु रोई।।
जैसा कीयो तैसा मोह पायो। उौगुण कीयो उोगुण हरि लायो।।
सुरपति ग्रहि तजि बाहिर गया। जाइ स्वेत सिंद्ध वास लिया।।
जैसा करै तैसा कोई पावै। विनु कीए कछु निकटि न आवै।।
वेद पुरान सभ भाष सुणाही। रे जन लेहु समझि मन माही।।
कामु त्याग होवो निहकामा। साईंदास पूर्न प्रभ रामा।। ४३।।

अमर सकल प्रभ पाहि पुकारे। हे प्रभ तीन भवन को धारे।।
सुगुरु कहू भोरि उठि धायो। दो दिन वीते पुर न आयो।।
पुर का काजु प्रभ कौनु कराए। इहि प्रयोग पर्जा दुःख पाए।।
तोहि विनु विर्था कौनु मिटावै। हमिरि द्रिष्ट उौरु नही पावै।।
प्रभ द्वादस ऋषि लीए बुलाई। ताहि कह्यो सुणि हो मेरे भाई।।
मघिवा गुप्त भयो क्या कीजै। तिह पुर को राजु कवन को दीजै।।
ऐसो द्रिष्ट उौरु नही आवै। मघिवापुर को राजु करावै।।
तिह विनु सुर सकले उकिलाने। पर्जा धीर्जु नाही आने।।
गर्ग पराशुर और जदकना। अगस्त धूमि ऋषि गोबिंद गणा।।
गोत्तमु नार्द उौर बस्वासुर। पीलादिपरु जागे बाछहि निसवासर।।
कीलादि तुष्ट द्वादस माहे। नाम संपूर्ण भये इताहे।।
आज्ञा ले हरि की उठि धाए। मघिवा जोहनि को चितु लाए।।
प्रिथमि वना महि वहु आए। पात पात तरिवरि निर्षाए।।
तांते मघिवा प्रगटि नि होया। तिह विस्वास हृदे महि होया।।
मतु त्रिण मध्य मघिवा होइ भाई। हमिह न देष्या सुर्तिं भुलाई।।
त्रिण त्रिण करि कहा सोधहि भाई। हमि पहि इहि विधि करि नि जाई।।
फूकि नारि वनि सकल जलाए। भस्मि भए वन बहु अधिकाए।।

मघिवा प्रगटि भयो ना वा ते। अति संचरु उपज्यो मन तांते।।
द्वादस मुनि मन महि बिस्माए। साईंदास हृदे संचरु आए।। ४४।।

गोमती कहूँ कोई कहूँ धायो। मघिवा जोहनि चितु लुभायो।।
अगस्त ऋषीवर ने क्या कीआ। तत्क्षिण सेत के निकटि पगु दीआ।।
सेत को तत्क्षिण लीयो अचाई। मघिवा प्रगटि भयो तव आई।।
निर्षि अगस्ति को मनु सुकचायो। सीस तले कीउो द्रिग ना लायो।।
अमरो प्रह् न कीयो रिषि पाही। वाल्मीक तुम त्रिभुवन साईं।।
अगस्त सेतु काहे अचि लीना। इहि कार्ण काहे तिह कीना।।
हरि किर्पा मह एहु वतावो। हमिरे मन का भर्मु हिरावो।।
ऋषि कह्यो भलो प्रश्न कियो भाई। भली बात तुमरे मन आई।।
अगस्त पुरातम देह चितारा। तिहि प्रयोग अचियो दधु सारा।।
अमरो फिरि कह्यो रिषि ताही। कौनु वैरु पूर्व चित आई।।
सकल व्रितंतु प्रभ हमिह सुनावो। किर्पा धार हृदे इहि ल्यावो।।
वाल्मीक तिन कौ प्रतु दीनां। मुख ते वचनु तिने इहि कीनां।।
श्रवण धारि सुण हो मेरे भाई। पूर्व जन्म की कथा हीयो वताई।।
टेटूही षग नाम कहावै। सोई अगस्त ऋषु वेदु वतावै।।
तांके सुत दधि खडे कढाई। षग के मन माहे बुरी आई।।
हृदे क्रोधु कीनो अधिकाई। चाहित मन करि सिंध सुकाई।।
चुंच भरे जलु वाहिर डारे। सिंध सुकावन को चितु धारे।।
ऐसे वचन नार्द ऋषि आए। नार्द षग सौ वखिन उचिराए।।
हे टेटूही कहा करावै। जलुभरि चुंच वाहिर क्युँ पावै।।
कहा आई तुमरे मन माही। मोह कहो तूँ कहा कराही।।
तव षग ने ऋषि को प्रतु दीना। हे नार्द मै इहि मनि लीना।।
चाहित हौ मैं सिंध्य सुकावौ। पलु छिन रंचकि मूल नि लावो।।
नार्द फिर कह्यो षग ताई। किहि प्रयोग तुम मनि इहि आई।।
टेटूही तिह आष सुणाई। सुण हो नार्द ऋषि अधिकाई।।
मम सुत सिंध खडे दुराई। तिह प्रयोग मम मनि इहि आई।।
नार्द फिरि तांको सुनिवायो। हे षग कौन जाति चितु लायो।।
तुमि से कहा सुकाउो जाई। सिंध प्रवाह चले अधिकाई।।

जब षग नें इहि विधि सुण पाई। नार्द सों फिरि कह्यो सुणाई।।
कैसे वैरु लेवौं सुत केरा। करि किर्पा तू सुणु प्रभ मेरा।।
जित विधि वैरु सुत कौं मै पाई। सोई कहो मै तिसे कराई।।
सुत वियोग मै बहु दुःख पायो। मो सो दधि इहि वैरु कमायो।।
नार्द षग ताई प्रतु दीना। तांसो ऐसो वचनु मुख कीना।।
षग वपु तजि मानस वपु पायो। राम भजनि तव अधिक करावौ।।
जो चाहो तुम से तव होई। येहि वाति उौरु नाही कोई।।
नार्द ऋषि षग सो समिझायो। साईंदास विधि प्रगटि सुनायो।।४५।।

खग ऋषि वचि मन मांह ठहिरायो। राम भक्ति सो वहु हितु लायो।।
खग की देह तजी ततकारा। मानस वपु पायो संसारा।।
उलिट गर्भ से जन्म आइ पायो। अगस्त मुनि तिहि नामु सुनायो।।
अगस्तु नाम कर्न तिह कीआ। वहु विपो को भोजनु दीआ।।
अगस्त नामु तांको रषिवायो। पूत हेत करि वडो करायो।।
भयो अधिक हरि ध्यानु लगायो। पूर्व जन्म व्रिथा चित आयो।।
इहि विधि सिंध को अचिवायो। मघिवा कार्य सो चितु लायो।।
जव देवो ने इहि प्रतु पाया। मन को संचरु सकल हिराया।।
सत्य सत्य करि के हृदे आना। निश्चय एही विधि कर जाना।।
कह्यो अगस्ति मघिवा के ताई। रे मति मूढि कहा सुकचाई।।
तै निहार देष मोह उोरा। हृदे माहि धरि वचु मोरा।।
मघिवा ने तव कह्यो पुकारे। हे ऋषि पूर्न प्रान अधारे।।
सहस्र दुःख मोको आइ लागे। कैसे देषौ जाइ न त्यागे।।
तव अगस्त कह्यो सुण हों भाई। मोह दर्सनु करहो चितु लाई।।
उौर दुःख सभ तुमि मिटि जाई। पाँच दुःख पाछे रहे आई।।
पाँच दुःख तुमि रामु निवारै। इहि करुणा प्रभ तुमि परि धारै।।
अमिरो प्रश्नु वहुडु फिरि कीना। हे ऋषि हमि मन संचरु लीना।।
पाँच दुःख तिह काह नि टारे। अगस्त काह विधि मन धारे।।
इतिनी शक्ति नाहसी वाँकौ। पाँच दुःख राषो जो ताँकौ।।
वाल्मीक वहुरो प्रतु दीना। इहि कार्ण ऋषि ऐसे कीना।।
प्रभु जाने इसि ले दुरायो। दुःख कार्ण सुरपतु ना आयो।।

इहि प्रयोग ऋषु दु:ख ना टारे। इहि विर्था इसु मन महि धारे।।
जव देवौ ने इह प्रतु पायो। मन को संचरु सकल हिर्‌यो।।
निश्चय एहि विधि मन महिधारी। साईंदास सुष सिंधु मुरारी।। ४६।।

ऋषि अगस्ति कह्यो सुरपतिताई। रे सुरपति किंउ मन सुकचाई।।
तैं निहारु देषि मोह उोरा। मन महि संचरु आण नि भोरा।।
सुरपति ऋष की उोरि तकायो। पाँच दु:ख विनु सकल हिरायो।।
ऋषु मघिवा को लेकर धायो। तव मघवे तिह वचु उचिरायो।।
पाँच दु:ख रहे हमिरे ताई। कैसे पुर जाइ राजु कराई।।
दु:ख सहित पुर जाण न पावौं। तांते भला ईहा ठहिरावौ।।
मै देषौ आनि राजु करावै। वहु भी मौ पहि सह्यो न जावै।।
ऋषि अगस्ति तांकौ प्रतु दीना। है मघिवा तै क्या मनि लीना।।
तोहि पुर राज शक्त को करई। जो तुमरे पुर महि पगु धरई।।
जव लगि प्रांन हमिरे घटि मांही। तोहि पुर मैं पग उौरु न जाही।।
ऋषु वच करि सुरपति ले आयो। पहिले ग्रहि महि आण ठहिरायो।।
जव लगि दु:ख निवर्त्तु न होई। कैसे जावै मघिवापुर कोई।।
अमरो फिरि कह्यो प्रभताई। हे कौलापति त्रिभवन सांई।।
अधकि भयो सुरपतु ना आयो। सकल सुरो ने वहु दु:ख पायो।।
पुर को राजु प्रभ कौनु कराए। इहि प्रयोग अमरो दु:ख पाए।।
वार वार प्रभ कहे सुनाई। साईंदास तुम सदा सहाई।। ४७।।

प्रभ जब अमरो सों सुण पायो। तव ही ऐसे वचनु चरायो।।
नघि राजे कौ जाइ सुणावौ। हमिरो वचु मन महि ठहिरावो।।
मघिवा पुर को राज करावै। सकल सुरो को सुख उपजावै।।
अमरि सुनति प्रभु वचु उठि धाए। तत्क्षिण नघि राजे पहि आए।।
प्रभ वो वचु तिह भाष सुणायो। नघि राजे सुण करि उचिरायो।।
एक सहस्र घटि यज्ञु कीना। एहि प्रतज्ञा मै मनि लीना।।
लखु यज्ञु जव पूर्ण करो भाई। पाछे मघिवा पुरि चलो धाई।।
एक सहस्र यज्ञ अवरु करावौ। तव पाछे मघिवा पुर जावौ।।
अवि तो हमिरो वलु न वसांई। मघिवापुर जावों मेरे भाई।।
एहि बेनती मोहि जाइ सुणावो। दीन वचन कहि करि समिझावो।।

वहुरी सुरि आए प्रभ पाहे। नृप नघि कह्यो सो कहत सुनाहे।।
लखु यज्ञ मैं प्रतज्ञा धारी। मन अपुने मै लीउो वीचारी।।
रह्यो सहस्र लख यज्ञ के माही। तुम किर्पा पूर्ण होइ आही।।
जब पूर्ण होइ मघिवापुर आवो। तोहि आज्ञा प्रभ राजु करावो।।
जो आज्ञा तुमिरी होइ सों करिहौ। ले मस्तिक ऊपरि प्रभ धरहो।।
तव प्रभ अमिरो कौ प्रतु दीना। नगि राजे ने इहु वचु कीना।।
नृप नघि को तुमि जाइ सुनावौ। मोह वचनु तांसौ समिझावौ।।
द्वादश मनु को भोजनु देवौ। मानो सहस्र यज्ञ पूर्ण करि लेवौ।।
रथि अजीत परि चढि पुर आवौ। मघिवा पुर को राजु करेवौ।।
अमर फेरि फिर नृप पै आए। सभ विधांत तिहि आष सुनाए।।
द्वादश मुन को लेहु वुलाई। भोजनु तिहि देवौ चितु लाई।।
सहस्र यज्ञ तुम पूर्ण होई। तुम बांछा फिरि रहे नि कोई।।
चढि अजीत रथि पुर को धावो। मघिवा पुर चलि राजु करावो।।
जव रथि अजीत को सुणआ नामा। भयो भै चक्रित तजि विस्रामा।।
रथु अजीत कहा सें ल्यावों। तां परि चढि मघिवापुर जावों।।
अमरो कौ नघि ने प्रतु दीना। हे अमरो तुम क्या वचु कीना।।
रथ अजीत कहो कहा ल्यावो। कौन ठौर ऐसो रथु पावो।।
तुमि वहुरो जावहो प्रभ पाही। मम वेनती कर होवे गजाई।।
रथ अजीत प्रभ देहु वताई। ताहि चढो पुर को चलो धाई।।
अमर सुनत इहि प्रतु उठि धाए। साईंदास प्रभ पहि बेग आए।।४८।।

नघि नृप यग्य अरंभ कीयो भाई। द्वादश मुनि को लीउो बुलाई।।
कह्यो क्रिपा करि भोजनु पावो। मम यज्ञ पूर्ण तुमहि करावो।।
तुम प्रसाद मघिवापुर पावो। तुमि प्रसाद जस हर को गावो।।
हरि आज्ञा मै इहि उचिरायो। तुमि सो ऐसौ सब्द सुनायो।।
एकादस मुनि मन महि आनी। जो नघि नृप ने मुषो वषानी।।
अगस्त हृदे कीनो वीचारा। मै मघिवा ग्रहि आण बहारा।।
जो तिह पुर को इहु नृपु होई। मघिवा की फिरि गति ना कोई।।
मैं तासौ वचनु कर्के आना। अपुने ग्रहि माहे ठहिराना।।
मै कैसो वचु अपना हारो। क्या मुख ले जगि मांहि निकारो।।

मोको स्रापु इसि देव न होई। जिति विधि श्रापु होवै करो सोई।।
जो इसि के ग्रहि भोजनु पावौ। वहुरो स्रापु कैसे इसि लावौ।।
हृदे वीचार इहि नृप प्रतु दीना। मन हृदे इही मान करि लीना।।
मैं भोजनु तुमि ग्रहि ना पावौ। इहि विधि मन माहे ठहिरावौ।।
अेसे हमिरे मन महि आई। नृप वहुरो फिरि प्रश्न चलायो।।
कवन अवज्ञा हमहि करायो।।
मम ग्रहि भोजनु किउ ना पावो। कवन दोसु प्रभ हमहि लगावो।।
जव नृप ऐसे वेनती ठांनी। अगस्त दीयो प्रतु ब्रह्म ग्यानी।।
तुमि को दोसु नाह है काई। हमिरे मन ऐसी ही आई।।
जिहि किए आत्म सुष पाए। साईंदास जन सोई कराए।। ४९।।

नृप नघि ने नीको यज्ञ कीना। एकादस मुनि को भोजनु दीना।।
अगस्त ताहि ग्रहि कछू न षायो। कैसे मिटै विधि वनति वनायो।।
अमरौ जाइ प्रभ पाइ सुणाया। जो नघि नृप ने ताहि वताया।।
रथु अजीत प्रभ देहु वताई। जासि परि चढ़ि आवौ वेग धाई।।
प्रभ इहि अमरो को प्रतु दीना। हे अमरो इहि वचु नृप कीना।।
द्वादस मुनि रथि के संग जोरे। ता परि चढि आवो हौरे हौरे।।
वही अजीत रथु अवर न काई। सकल व्रितांतु प्रभ दीयो वताई।।
अमर सुनति इहि नृप पहि आए। प्रभ वच सकले आइ सुणाए।।
नघि नृप ने तव ही क्या कीआ। द्वादस मुनि ताई सदि लीआ।।
करि जोरे तिहि कह्यो सुणाई। इहि आज्ञा प्रभ को मोह आई।।
द्वादस मुनि रथ साथ जुडावो। तापरि चढि मघवापुर आवो।।
जो आज्ञा तुम होइ सो करहो। तुमरो वचु मस्तक परि धरहो।।
एकादश मुनि सुण करि ठहिरावो। भलो भयो प्रभ आज्ञा आयो।।
हमि को रथि के सहित जुडावो। अति अनंद मघवापुर जावो।।
अगस्त मन महि लीउो वीचारी। भली भई अति वात हमारी।।
अवि मै स्रापु देवौ इसि ताई। मघवा काजु मन करि पूजाई।।
विनु औगण श्रापु दीयो न जाई। सोच लीयो मन विधि ठहराई।।
एक प्रतज्ञा इसे करावौं। जो न करे तव श्रापु लगावौं।।
जव लगि तुम मघिवापुर जावो। तव लगि मुष कछु न उचिरावो।।

जो उचिरे कछु स्रापु लगावौं। एही प्रतज्ञा ताहि करावौं।।
मनि ठटु वांधि कह्यो नृप ताई। सुणि हो नृप नघि तुम मन माही।।
प्रभ आज्ञा हमि मन ठहिराई। रथि को जोड लेहु हमि भाई।।
एक प्रतज्ञा तुमहि करावो। वाही निश्चे मन ठहिरावो।।
जव लगि पहुचति तूँ पुर माही। तव लगि मुखि वचु ना उचिराही।।
जो वोले मुखों स्रापु लगावौ। एहि प्रतज्ञा तुमहि करावौ।।
नृप इहि सुण प्रतज्ञा कीनी। साईंदास निश्चय मनि लीनी।।५०।।

रथि सौ द्वादश मुनी जुडाए। अति अनंदु मन महि उपजाए।।
मघिवापुर को चल्यो सुषु धाई। उपज्यो भउ गियो हताई।।
जव मघवापुर के निकटि आए। वजति वजंत्र अति अधिकाए।।
नीको पुरु अमरो वणवायो। निर्षिति द्रिग सुख भयो अधिकायो।।
नृप नघि सब्द वजंत्र सुण पाए। आतुर हौ पुर को चल्यो धाए।।
तिहि मन महि वहु भयो हुलासा। अधिक भई पुर देषनि प्यासा।।
पर्तज्ञा तिनि दीई विसारे। मुख ते वचन कह्यो तत्कारे।।
सर्पि सर्पि चले हो मेरे भाई। वेग माहि देषों पुर जाई।।
जव नृप ने इहि वचनु उचारा। अगस्त ताहि ले धर्न परि मारा।।
तव ही स्रापु दीयो नृप ताई। रे पातक सर्पि की योन पाई।।
हमिरो वचु तैने भंग कीआ। तौ मै स्रापु इही तुझै दीआ।।
नृप नघि तव ही कह्यो पुकारा। हे अगस्त ऋषि प्रान अधारा।।
तुमरो स्रापु अन्यथा न जाई। जो तुम वचनु करो होइ साई।।
कवि गति होइ हमारी भाई। एह किर्पा कर देहु वताई।।
तव अगस्त मुष वचन उचारे। नृप नघि कौं न देउो वीचारे।।
जव पांडो सुत वन महि आवै। कैरव तिह वनवासु दिवावै।।
युधिष्ठुरु तुम दर्सनु देवै। तुमरो स्रापु वही हिर लेवै।।
तब तुमरी होवै कल्याना। ऐसे वचन अगस्त वषाना।।
नृप वसुधरि को देहु वनाया। एक देहि महि आइ करि ठहिराया।।
वन भीतर वाही दिहि भाई। वसुधर को वपु कीयो अधिकाई।।
ऋषि को वचु अन्यथा ना जावै। भजनु करै हरि नामु ध्यावै।।
साधो जन आग्या जो होई। साईंदास तुम करहो सोई।।५१।।

अमर गए मिल सभ हरि पाही। मुख ते वचनु उचार सुणाही।।
नघि को स्रापु अगस्त ने दीना। ताहि स्रापु वसुधर वहु कीना।।
सुगुरु गुप्ति भयो ना आयो। अमरो ने वहुता दुःख पायो।।
मघवा पुर को राजु करावै। पर्जा को सो सुष दिवावै।।
अमर कौ प्रभ ने प्रतु दीनां। नघ नृप वसु धरि को वपु लीना।।
अगस्त ऋषीश्वर लेहो वुलाई। मोह कह्यो सुणहो मेरे भाई।।
अमर सुनति इहि ऋषि पै आए। छिन मात्र तिन मूल नि लाए।।
ऋषि कौ कह्यो चलो हरि पाही। तुमको हरि जी आप वुलाही।।
ऋषु तत छिन तांके संग धाया। श्री कौलापति पाहे आया।।
प्रभ ऋषि सों तव कह्यो सुणाई। सुण हो ऋषि पूर्ण रिषि नाई।।
नघि को स्रापु देइ वसुधरु कीनो। भली वाति तै मन महि लीनो।।
मघिवा गुप्त भयो कहू ठौरा। ताहि बियोग अमर भए वौरा।।
मघिवा पुर को राजु कराए। तास प्रयोग सुर उकिलाए।।
कह्यो अगस्ति सुनो प्रभ मेरे। विनती भाषो आगे तेरे।।
मघिवा को मै हुण ले आयो। तासि आण ग्रहि महि ठहिरायो।।
प्रभ कह्या तांको ले आयो। अपुने ग्रहि महि काह वहावो।।
तव अगस्त फिरि वचन उचारे। हे पूर्न प्रभ प्रान अधारे।।
पांच दुःख मघवा के ताई। लागे है दूर न जाई।।
सुकचित मघिवा आवै नाही। दुःख सहित पुर जाण न पाही।।
ताहि दुःख हिरहो वहु आवै। मघिवा सुर को राजु करावै।।
प्रभ कह्यो तिह दुःख निवारे। मुख अपने ते कह्यो पुकारे।।
पांच दुःख पांच को दीए। मघिवा के तनि से दूरि कीए।।
कह्यो अगस्त पांच को कोई। मोह वताइ देवो प्रभ सोई।।
एक एक को नामु वतावो। हमिरे मन ते भ्राति चुकावो।।
प्रभ ऋषि को कह्यो सुण लीजै। और ठौरि कहू चितु न दीजै।।
एक दुःख दारा को लायो। एक बनासती को उर्झायो।।
एक अंभ ताई मैं दीना। एकु वसंतर प्राप्त कीना।।
एकु वसुधा को दीना भाई। पांचो नाम सुनो मन लाई।।
ऋषी फिर प्रश्नु कीयो हरि पाहे। संचरु उपज्यो मोह मनि माहे।।
दाराको को दुःख लगायो। वनासपती को कौनु उर्झायो।।

अंभि को कौनु दुःख प्रभ लागै। वसंत दुःख जारे सभु भागै।।
वसुधा को कौनु उर्झायो। इहि प्रयोग संचरु मन आयो।।
इहु कर्णाकर देहु वताई। मोह मन भ्रांत हिरि लेह हरि राई।।
प्रभ फिरि प्रतु दीनो ऋषताई। सुणहु अगस्त हितु चितु वहु लाई।।
रितवंती दारा कौं कीना। छडदि वनासपति कौ मै दीना।।
अंभ उपर सिबाल वनायो। धूम बसंतर को उपिजायो।।
वसुधा को कीना। इहि दुःख वसुधा कौ दीना।।
मघिवा के हरि दुःख हिराए। इनि पांचो ताई हरि लाए।।
मघिवा कौ आगस्तु ल्यायो। प्रभ के आगे आण षलायो।।
मघवा ने डंडौत कराई। करि डंडौत पुर कौं चल्यौ धाई।।
महा अधिक सुख मघवा पायौ। दुःख दर्दु सभि ही विसरायो।।
इहि पांचो जवि दुःख गिरि साए। ततक्षिण प्रभ पाहे इहि आए।।
हे प्रभ कौण दुख हमि कीना। जो तै हमि ताई इहि दीना।।
कवन वेद इहि बात बनाई। विन औगण कीए लागे आई।।
प्रभ इहि सुण रह्यो विस्माई। विस्म होइ मुख वचन सुनाई।।
तुमरे दुःख दूर मै करहौं। मनकर ठौर सकल के हिरहौं।।
प्रिथमे दारा कौ प्रतु दीना। तोह दुःखि मै तांकौ दीना।।
रितवंती होवे जबि नारी। नरु आवै परि सेज तुमारी।।
तास समै तुमरो संगु करही। तोह दुःख हरि वांको चढिही।।
वहुरो वनासपती प्रतु दीआ। तोहि दुःख दूर मै कीआ।।
यजधर ले लकड़ी जु कटावै। दांतनु लेकरि मुख हि करावै।।
तुमरो दुःख तास को लायो। तुमरो दुःख हमि दूरि करायो।।
करि करोरी तुमरे महि डारे। तोहि दुःखु मिट जाइ तत्कारे।।
तांको जाइ ग्रसे मेरे भाई। अंभ को इहि विधि दीई बताई।।
पावक कौं प्रभ कह्यो सुणाई। तुमरो दुःख भी विनसे भाई।।
विनु अहूती दे भोजनु पावै। तोह दुःख तांको ग्रसावै।।
इहि आज्ञा पावक को दीना। पावक ले मस्तिक पर कीना।।

---

१. मूल ग्रंथ में इसी प्रकार रिक्त स्थान छूटा है। प्रसंग से भी जाना नहीं जा सकता क्या शब्द हो सकता है।

वहुरो वसुधा निकटि बुलाई। तांहि कह्यो प्रभ जी समिझाई।।
विंदु मथन करि तुम परि डारे। तांकौं दुःख लागै तत्कारै।।
तोह दुःख छिन महि मिटि जाई। तासि पुर्ष को ग्रासे आई।।
अेसे प्रभ सभ धिर धिर आयो। सभ के मन को भ्राति हिरायो।।
सुगर निश्चल आसुन कीआ। महा अधिक सुष मन महि लीआ।।
ताल मृदंग वजै अधिकाई। मोहिनीआ मिलि निर्त कराई।।
सभ अमरो कीनो जैकार। जै जै राम पूर्ण निरंकारा।।
ग्रहि ग्रहि अमरौं भई बधाई। सुरपतु आयो वहु सुषु पाई।।
धन्य साध जो हर गुण गावहि। धन्य साध जो नाम ध्यावहि।।
धन्य साध निर्मो पद पाया। धन्य साध जिन्हा हरि गुण गाया।।
धन्य साध निर्भो पद वासा। धन्य साध जिन्हा हरि की प्यासा।।
धन्य साध जिन्हा अल्ष धियाया। धन्य साध पूर्न पद पाया।।
मघिवा कौ हरि श्रापु मिटायो। साईंदास कौ नामु जपायो।।५२।।

पाछे ऋषि वनता सो भाषा। इहि कर्नु काह कीयो आषा।।
तब अहल्या कह्यो क्या मै आषौ। कवन दुःख अवगुण मै भाषो।।
मोसे अवगुण कछू न होयो। कामु वीजु तिह संग न वोयो।।
तब गौतम ऋषि वचनु उचारा। हे वनिता क्या कहे पुकारा।।
एही श्रापु दीयो तुझि ताई। सिला होइ परु मग मंझाई।।
तब ऋषि वनिता वचन उचारा। हे प्रभ कवि गति होइ हमारा।।
तब ऋषि कह्यो राम अवतारा। होवै तुमरो तब निस्तारा।।
सिला भई ऋषि दीनों स्रांपा। इनि ने उौगुण कीनो आपा।।
सोई शिला है रघुराई। अबि इसि उौध निकटि प्रभ आई।।
तव रघुपति मन महि ठहिराई। गुप्त वाति मै प्रगटि सुनाई।।
इसि कौ मैं क्रितार्थ करहों। भक्ति को वचनु हृदे महि धरहों।।
पग रजि प्रभ जी ताहि लगाई। सुर रूप होइ गगन सिधाई।।
तिहि समे प्रभ की उस्तित आषी। अनेक रंग रस्ना ने भाषी।।
जो तिहि उस्तित करो वीचारा। एती रस्ना कहा हमारा।।
तिसे क्रितार्थ करि हरि धाए। चले चले सलिता तटि आए।।
झीवर को रघुराइ पुकारा। रे झीवर सुण कहा हमारा।।

नौका ल्यावौ हमिह चढावौ। इहि सलिता तें हमहि लंघावौ।।
जव वनिता ऋषि कौ धूडि छुहाई। धूरि छुहित वैकुंठ सिधाई।।
झीवरि एहि विधि नैन निहारी। उही वाति हृदे महि धारी।।
मतु मोहि नौका भी उडि जावै। मोकौ अपुने सहित उडावै।।
मम कुटंब सभ पाछे रहिई। महा अधिक दुःषु मन महि सहई।।
झीवर प्रभ सों वचन उचारा। सुणु बल जावां प्रान अधारा।।
तुम पग रज वज्र उडायो। उड्यो वज्र गग कों धायो।।
मतु मोह नौका भी उडि जाई। मोहि कुटंबु विलापु कराई।।
नौका कौ मैं निकटि न ल्यावौ। मन माहे इहि विधि सुकिचावौ।।
रघिपति झीवर सो तव आषा। हे झीवर क्या मन महि राषा।।
उह बज्रि जो तुम द्रिष्ट आया। मोह पग रजि छुहि गगनि सिधाया।।
गोत्तम ऋषि की भार्जा वाही। स्रापु पाइ वज्र तन पाही।।
तांको स्रापु निवार्ण कीना। वज्र ते सुर को बपु लीना।।
इहि प्रयोग वहु गगनि सिधाया। तुझि चिंता क्या मन महि ल्याया।।
चिंता त्याग नौका ले आवौ। साईंदास को पार लंघावो।। ५३।।

तव झीवर कह्यो हे प्रभ स्वामी। सकल वाति तुम अंतरजामी।।
पूर्व जन्म मोह वेडी काहू। भार्या होइ स्राप पायो ताहू।।
जो इहि उडि जावे क्या करिहों। कौन ठौर प्रभ मै चितु धरहों।।
वहुरो रघिपति ताहि सुनायो। हे झीवर क्या भर्म भुलायो।।
तोह नौका कहू उडि न जावै। तूं काहे मन महि विस्मावै।।
तव झीवर कह्यो सुणु रघुनाथ। सकल कुटंब ल्यावो साथ।।
तांकौं इसि महि आण वहावौ। पाछे नौका तुम पै ल्यावो।।
तुम अपुने पग धोइ कराही। चर्णाम्रतु देवौं हमि ताई।।
जो उडि जावै सभ संग होई। तव हमि दुःख व्यापे नही कोई।।
रघिपति कह्यो जावो ले आवो। नौका परि तुमि आण चढावो।।
झीवर जाइ कुटंबु ल्यायो। नौका महि तिन आइ बहायो।।
तिहि संग ले रघुपति ओर धायो। नौका आण करि तीर लगायो।।
श्री रघुपति के चर्न पषारे। चर्णाम्रतु मस्तिक ले धारे।।
पाछे नौका परि आण चढायो। तव झीवर ने पार लंघायो।।

तीर उतार दोऊ करि जोरे। इहि विधि सुणु पूर्न प्रभ मोरे।।
सदा सहाई प्रभ तुम हमि होई। तुमि विनु अवरु न हमिरो कोई।।
तब रघुपति झीवर सो भाषा। साईंदास चितु ठवर हि राषा।।५४।।

तव रघुपति जी आगे धाए। चले चले नगरी महि आए।।
विश्वमित्र ग्रहे माहे गए। अति अनंद मंगल वहु भए।।
ऋषि गृहि जा करि यग्य रचाया। असुर अधिक यज्ञ कर्न्या आया।।
चाहित हैं यज्ञ कर्न न देवहि। अति विरोधु तव असुर करेवहि।।
राम धनष स्यों वाण संभारे। युद्ध कीयो सभ दानव मारे।।
लक्ष्मण वीरु सहित प्रभ लीए। सकले असुर संघार्ण कीए।।
वहुते असुर हने रघुराई। मरीच आदि सर संग उडाई।।
ऋषिको यज्ञ प्रभ पूर्ण कीना। सकल असुर प्रभ ने हनि लीना।।
तव कह्यो ऋषि आज्ञा देवौ। अवि तुमि किर्पा हमिहि करेवौ।।
जावो नगर अजोध्या माही। दशरथ पिता हमारो चाही।।
तव ही ऋषि ने वाति चलाई। सुण हो राम लक्ष्मण दोऊ भाई।।
एकि वात मै तुमहि सुनावौ। अति अनंद मंगल वहु गावौ।।
तुम श्रवण धरि सुण करि लेवहु। उौर उोर कहूं चितु न देवहु।।
मेरो कह्यो मन धरि लीजै। साईंदास कछु अवर न कीजै।।५५।।

रघुपति कह्यो कहो पुकारे। हे ऋषि पूर्न प्रान हमारे।।
हमि श्रवण धर कर सुण लेवहि। उौर उोर कहू चित्तु न देवहि।।
तव ऋषि नें मुख बचन सुनायो। राम लक्ष्मण सुनने चितु लायो।।
जन्क स्वुअंवर अधिक रचायो। नगर नगर के नृप सदायो।।
मम संग चलो तुमि ले जावौं। चलो तमासा तुमें दिषावौं।।
तव ही ऋषु उठियो उठि धाया। राम लषन को संग चलाया।।
मिथुला नगरी निकट तव आए। जहा जन्क आस्रम सुख छाए।।
तह अधिक फूली फुलवारी। श्री रघुपति वहु नैन निहारी।।
हे ऋषि जी आजु ईहा रहे। इसि फुलवारी महि सुख वहे।।
मेरो कह्यो मन धरि लेवौ। साईंदास फुनि सोई करेवौ।।५६।।

विश्वामित्र मन धरि इहि लीआ। जो रघुपति मुख ते वचु कीआ।।
भूपति अधिक आगे से आए। तहूँ ठौर वहि भी ठहिराए।।

जानकी सहित सषीअनि ले धाई। तिस फलवारी महि चलि आई।।
पटु करि सभ भूपति निर्षाए। ताहि चित्तु किसे नाहि लुभाए।।
वहुरो राम लक्षन तिह देषै। नैन निहार रूप तिह पेषै।।
लुब्ध परी हरि रूप पराहे। कीउो विचारु अपने मन माहे।।
ऐसे होइ इहु वरु मै पावो। अपनो मनु चित्तु इसि संग लावो।।
तिनहि निर्ष वहुरो उठि धाई। चली चली पिता ग्रह महि आई।।
जन्क विदेही गृहि तजि आया। तिन भूपति महि आइ ठहिराया।।
जन्क विदेही नेत्र निहारे। निर्षे रवि सस वीर प्यारे।।
तिहि अति भूपति ऐसे दिष्टाए। जैसे रवि प्रकास तिमरु मिट जाए।।
जव रवि गगन करे प्रकासा। दीपक जोत होइ जात विनासा।।
जैसे दीपक जोत तिमरु मिट जाई। जैसे दिन समाहि ससि देइ दिषाई।।
तैसे दोऊ वीर आगे दिषलावहि। आनि भूपति ऐसे द्रिष्ट आवैहि।।
जन्क कीयो हरि को नमस्कारा। करि नमिस्कार हृदे इह धारा।।
कहा प्रतज्ञा मै मनि कीनी। कौनु वाति मन महि धरि लीनी।।
जो मै पर्तज्ञा न कर्ता। जानकी ले इसि आगे धर्ता।।
अवि प्रतज्ञा तजी न जाई। महा कठनि मोह वनी है आई।।
इहि वाल्क कहा विडारे। तोरि धन्षु धर्नी परि डारे।।
साईंदास संचरु क्या देवे। जिसे प्राप्ति होइ सो लेवे।। ५७।।

भूपति सभ सो जन्क पुकारा। सुनहो भूपति वात हमारा।।
मोह प्रतज्ञा इह है कीनी। इहि प्रतज्ञा मन धरि लीनी।।
जो भूपति इसि धन्षि को तोरे। वलु करि अपुना इसि को फोरे।।
अपुनी दुहिता तांको देवो। आद्र भाव तिहि अधिक करेवो।।
भूपति बात सुनी उठि धाए। चलति चलति धन्ष निकट आए।।
एकु आइ कर धन्षु हलाए। वलु न लगे जो धन्षु उठाए।।
एकु त्याग जाइ दूजा आवै। वलु करि अपुना धन्षु उठावै।।
तांको भी वलु कछु न वसाए। लज्जा मान होइ त्यागे जाए।।
एकु पगु पीछे दे इकु आगे। इक सन्मुख होवै इकि भागे।।
ऐसी भाँत भूपति सभ आए। वलु ना लागो सभी लजाए।।

इहि वलु किस जो धनषु उठावै। ता संग वलु कहु कौन वसावै।।
सभ नृप धन्षु त्याग करि दीआ। साईंदास रघुपति सुख लीआ।।५८।।

रामचंद्र लक्ष्मण उठि धाए। दोऊ वीर धनष पै आए।।
तव ही जानकी नैन निहारे। मन अंतर उनि एह वीचारे।।
हे किर्पाल क्रिपा निधि स्वामी। सकल विर्था के अंतरि जामी।।
क्रिपा करो इह धन्षु उठावै। वेग विल्म कछु मूल न लावै।।
मोहि परापति इहि पतु होई। उौरु न चाहिती हौं मै कोई।।
सभ सषीआ ने इहि पुकारा। हे कौलापति प्रान अधारा।।
जानकी को पतु एही देवौ। हमिरो कह्यो चित्त धरि लेवौ।।
जनकि भार्जा भी चितु धारा। हे धर्नी धर सकल भतारा।।
तुम करुणा अपुनी प्रभ करहो। अपनो वलु इसि भुज महि धरहो।।
तोह वल कर इसि धन्षु विडारे। तोह किर्पा करि वलु को अधिकारे।।
जानकी को पतु एही होई। जानकी उौरु चाहित नही कोई।।
जब सभनो एहि वचन उचारे। साईंदास प्रभ ने ह्रदे धारे।।५९।।

रामचंद मनि लीयो वीचारी। चिंता मण सकल है नारी।।
अपुनो रूपु कछु उौरु दिषायो। जिन निर्ष्या सोई विस्मायो।।
तिमरु ही उजीआरा होया। श्री रघुपति जव प्रगटि षलोया।।
जन्कि निर्ष मन चितवन कीनी। एहि वाति ह्रदे धरि लीनी।।
इहि कछु रूपु आछा देषावै। अपुने वल करि इहि धन्षु उठावै।।
कौन रूप मै इसहि वषानो। इसि का अंतु कहा मै जानो।।
रवि इहि आप के रवि इसि छाया। पर्म पुर्ष कछू रूप दिषाया।।
कहा वषानो सुंदरिताई। मम पै इहि विधि वर्न न जाई।।
लोक कहे इह कहा उठावै। वलु इसि वाल्क कहा वसावै।।
मिल मिल सभु मनि महि मुस्कावहि। एहि वाल्क कहा धन्षु उठावहि।।
सभु देषनि कार्ण उठि धाए। निकटि धन्षि के आइ ठहिराए।।
लक्ष्मण सों हरि वचनु उचारा। सुण हो लक्ष्मण वीर हमारा।।
तुमि जा धन्षि कों लेहु उठाई। मै आज्ञा तुझि दीनी भाई।।
तव लक्ष्मण प्रभ सौ इहि आषा। करि जोरे मुष से इहि भाषा।।

तुम किर्पा ते लेयो उठाई। क्या प्रभ एहि जो तुमहि सहाई।।
इहि मोह कामु नही तुम कामा। साईंदास पूर्न प्रभ रामा।। ६०।।

तव रघुपति कह्यो भल आषा। इहि विधि तै जो मुष तै भाषा।।
अंतर ध्यान होइ तुम जावो। त्रैलोक को जाइ सुनावो।।
श्री रघुपति बल कर धन्षु तोरे। वल कर धन्षु ताई वहु फोरे।।
तांते शब्द होवै अधिकारा। डर्पिमान होवै संसारा।।
त्रैलोक कंप करि जावै। धन्षु तूटै जव शब्द उठावै।।
लक्ष्मण अंतर गति होइ धाए। त्रैलोक को जाइ सुनाए।।
श्री रामचंद जी धन्षु विडारे। तांते शब्द उठित तत्कारे।।
तुम मन माहे त्रासु न ल्यावो। हिर्षमान हो मंगल गावो।।
तव त्रैलोक देषनि को आए। ठौर ठौर परि आई ठहिराए।।
श्री रामचंद जी धन्षु उठायो। मानो त्रिण करि महि ठहिरायो।।
करि सों खिंच्यो धन्षु विडार्‌यो। तांते शब्द उठयो अधिकार्‌यो।।
तव सभ लोक भै चक्रि रह्यो। साईंदास तव वहु सुषु लह्यो।। ६१।।

जानकी केसरु सिरि परि डारा। अति अनंदु मन माहि बीचारा।।
दसरथ को लिष पतीआ पठाई। करो काजु रघुपति को आई।।
जव पतीआ दसरथ ने देषी। अपुने द्रिग सौ पतीआ पेषी।।
भर्थ शत्रुघन लीयो वुलाई। वशिष्ट प्रोहतु तांको भाई।।
तिस को संग लेइ उठि धायो। मिथुला नगरी को हितु लायो।।
मिथुला नग्री के निकटि आए। अंग अंग तिह वहु सुष पाए।।
जन्कु देवि तिहि ठांढा भया। दसरथि को अंग माहे लया।।
भले नक्षत्र कार्जु कीनो। रघपति कार्जु कर्के लीनो।।
धूप दीप आर्ती ले आई। मिल नारी वहु मंगल गाई[१]।।
जन्क भ्रात कुश धुज लघु नामा। दो कन्या तांके अस्रामा।।
लक्ष्मण भर्थ शत्रघन भाई। तिह कार्जु कीनो अधिकाई।।
दसरथ सभ सुत कार्ज कीना। जन्क विदेही वहु कछु दीना।।

---

१. मूलग्रंथ में इसके अनंतर ''जन्क सुता सीता'' लिखकर आगे रिक्त स्थान है। संभवत: लिपिकार से कोई पंक्ति छूट गई है।

कनक अश्व मोती वहु दीने। चेरे हस्ति वहु संग कीने।।
एक क्षूहिणी सेना दीनी। जन्क विदेही एहि विधि कीनी।।
पाछे से विद्या सभु कीए। साईंदास सर्व सुषि लीए।। ६२।।

दशरथ नृपु संग ले करि धाया। केतक मगु मिथुला ते आया।।
पर्शुराम आगे प्रगटि आयो। दसरथ निर्षे अति विस्मायो।।
कह्यो पुकार तुम कौन हो भाई। हमि को इहि विधि देहु वताई।।
पर्शुराम जव वचनु उचारा। दशरथि विस्म रह्यो अधिकारा।।
बुरी भई अवि क्या मै करहो। कौन ठौर अपना चितु धरहो।।
मै सक्ल कुटुंब घातु करि लीआ। ईही धार्‌यो अपुने जीआ।।
दशरथ रंगु अवर कछु भया। अति भै चक्रिति मन महि हो रह्या।।
पर्शुराम फिरि वचनु वषाना। काज वीच मै तुझै पछाना।।
जिह समे मै निछत्राइणु कीना। नारी तुझै दुराइ करि लीना।।
अवि कहु कहा भाग करि जावे। अवि कहु कहा तूं आप दुरावै।।
दसरथ को रंगु अवरे भया। अति विस्मादु हृदे हो गया।।
सुधि तजि दशरथ भयो हैराना। साईंदास मै कहा वषाना।। ६३।।

श्री रघुपति विधि जाननिहारा। पर्शुराम सों वचन उचारा।।
हमि छत्री है प्रभ वलजावा। कहो किरुणा करि किर्पा पावा।।
पर्शुराम तव वचनु उचार्‌यो। धन्षु शंकर को तुझै विडार्‌यो।
जनक के ग्रहि तुझै कार्जु कीना। शिव को धन्षु विडारे लीना।।
श्री रघुपति तव कह्यो पुकारे। सुन हो प्रभ पूर्न पर धारे।।
धन्षु पुराना पूदा भया। मै उठाइ करि माहे लया।।
जवि मै षिंच्यो वहु तुटि गयो। दोनों टूक धन्षु होइ गयो।।
तव अति क्रोध लोचन ललाए। रक्त चुइनि कछु कह्यो न जाए।।
महा वली तिहि वलु अधिकारा। कहा कहो मै ताह वीचारा।।
कंप क्रोधु हृदे ठहिरायो। मुष ते वचनु उचार सुनायो।।
अग्नि रूप क्रोध अति भारी। तांको वलु भुज महि अधिकारी।।
कह्यो लेहि मोह धन्षु विडारो। हमिरे धन्षि को तुम प्रहारो।।
नाहि त अवि सभ ही को मारो। साईंदास मै सभै प्रहारो।। ६४।।

पर्शुराम क्रोधु वहु कीना। अति अभिमानु हृदे महि लीना।।
दसरथ निर्ष अधिक विस्मायो। रघिपति निर्ष्या संचर पायो।।
हे तात काहे को सुकचावौ। संचरु किह कार्ण मन ल्यावौ।।
हमि संग वलु कहु किसे वसाई। ऐसो कवनु जमयो है भाई।।
चित्तु रषु ठौर काहे विललावै। कित प्रयोग मन महि दु:ख पावै।।
जो किसु पै ब्रह्मण हन्या जाई। सोई हमि है सुणु मेरे भाई।।
अवर कोई हमि निकटि न आवै। काहे तू मन महि सुकचावै।।
ताह प्रबोधन वहुता कीना। साईंदास दसरथ सुषु लीना।। ६५।।

रघुपति धन्षु ताह ते लीना। धन्षु वाण ले कर महि कीना।।
षैच्यो धन्षु वाण करि माही। किस मारो कोऊ आगे नाही।।
तव वशिष्ट सों वचनु उचारा। सुण हो प्रभ गुरदेउ हमारा।।
साध्यो वाणु अन्यथा ना जाई। किस को मारो देहु वताई।।
तव वशिष्ट रघुपति सौं भाषा। स्वर्गपुर काटे इहु आषा।।
रघिपति वाणु करि ते छडि दीआ। स्वर्गपुर काट करि लीआ।।
स्वर्गपुर काट्यो इहि कार्न। कौलापति प्रभ आप अपार्न।।
मात लोक कोई स्वर्ग न जावहि। स्वर्ग लोक मार्ग ना पावहि।।
धन्षु फिरि पर्शुराम कौ दीना। पर्शुराम कौ अंग महि लीना।।
तांको वलु सभु लीयो हिराई। पूर्न प्रभ मेरे रघुराई।।
पर्शुराम तिहि मति हिर लीनी। महा कठनि विधि तिन ने कीनी।।
पर्शुराम फिरि वचनु उचारा। श्रीरामचंद ने लीयो अवतारा।।
चर्न लाग स्थावर धायो। जाइ तपस्या सों चितु लायो।।
तव दसरथ सहित हिर्षाए। अंग अंग महि नाह समाए।।
तव ही आगे को पग दीने। नगर अयोध्या का मग लीने।।
जव केतक मगु आगे आए। तव आन भूपति षडे पाए।।
जो जनकि स्वंवर माहे आए। तहा बलु ना लागो ठांढे भए।।
सोई अवि आगे चलि आए। चाहति हरि सों युद्ध कराए।।
तव रघुपति ने वान सम्हारे। केतक भूपति प्रभ ने मारे।।
केतक भाग गए वचे सोई। रघुपति सर काहा होवै सोई।।
नृप मार आगे को धाए। नगर अयोध्या माहें आए।।

कौशल्या को आष पठाए। रघुपति जी कार्जु कर ल्याए।।
जो कछु वेद मिर्जादा होई। हमहि ले चलों करो तुम सोई।।
अवि हमि तुमि कौ कह्यो पठाई। साईंदास विधि प्रगटि सुनाई।।६६।।

कौशल्या वनिता संग लीए। श्री रघुपति उैर तिन पग दीए।।
ताल मृदंग वजावति आई। श्री रघुपति पै आई ठहिराई।।
वजति मृदंग उठिति झुनिकारा। तव सभही ग्रहि को पगु धारा।।
सीता को ग्रहि महि ले आए। अनंद मान होइ मंगल गाए।।
जो कछु वेद मृिजाद वताई। कौशल्या ने कीनी साई।।
भयो अनंदु तांके ग्रहि मांही। अंग माहि भावति वहु नाही।।
केतकि दिन जवि भए वितीता। दसरथि नृप अतिभारु दिष्टेता।।
कर पल्लव तांके कछु होया। तिस दिन दुःख सुष ना सोया।।
पीक पडी तिहि पल्लव माही। अनकि उपाउ कीस छुटे नाही।।
दुःख भयो सुषु निकटि नि आवै। जैसे मीन जल विनु तडिफावै।।
कौकेही सुंदर अधिकाई। दसरथ निकटि रहे सदाई।।
ताहि रूप मै कहाँ वषानो। साईंदास उस्तिति कहा जानो।।६७।।

कोकेही कर पल्लव कर लीना। ले अंगुष्ट मुष माहे कीना।।
पीक सकल तांकी चुस लीनी। मुष से तव ही डार न दीनी।।
पीक चूसी दसरथ सुष पायो। सुख उपिज्यौ दुःख मूल गवायो।।
जैसे कंदरा होति अंधारा। दीपक जाल कर्ति उजीआरा।।
जैसे विछ्सू कहरिया होई। जलु तिहि मिले सुष पावै सोई।।
जैसे भूषा भोजनु पावै। भोजनु लेइ भूष तजि देवै।।
तैसे दुःख दशरथ तजि भागा। अति अनंदु तांके मन लागा।।
नैन मूँद सुष के ग्रहि आया। सक्ल दुःखु तन मनहु हिराया।।
दसरथ सुष कीनो अधिकाई। कौकीही कर पल्लौ मुष माही।।
जाग पर्यो निर्ष्या तिह उोरा। हे कौकेही सुण कहा मोरा।।
कछु मांगौ तुम कौ वरु देवौ। जो तूं कहै मान मै लेवौ।।
उैरु वाति मै ना कछु करियो। साईंदास सोई मनि धरहो।।६८।।

कौकेही मुषि पीक अधिकाही। तव उनि डारी धर्नि पराही।।
डारि धर्नि परि वचनु उचारा। तुम पै इहु वरु रहो हमारा।।

माँग लेयो जवि इछया होई। जो इछया होइ लेवहु सोई।।
दसरथ तव मन महि धरि लीना। ताहि कहा मनि माहे कीना।।
कर पल्लव छूटी वहु सुणु पायौ। सुख भयौ सभ दुःख विसरायौ।।
देव इकत्र होइ करि आए। दसरथ को तिह आष सुणाए।।
गंधर्व हमि को वहु दुःख देवै। निसवासर हमि युद्ध करेवै।।
हमि वलु नाहि जो सन्मुख होवहि। युद्ध करहि करि तांकौ षोवहि।।
हे नृप हमिरी करो सहाई। अवि हमि तुमलौ कह्यो सुनाई।।
दसरथु सुनि इहि विधि उठि धाया। कौकेही को संग चलाया।।
जहां जाइ तहाँ संग जाई। विनु कौकेई कहू नि जाई।।
इहि प्रयोग संग वहु लीनी। साईंदास विधि पर्गटि कीनी।। ६९।।

दसरथ वहिरागी पिछे जावै। दसरथ इहि विधि नामु कहावै।।
जव दसरथु युद्ध को उठि धाया। वेग विल्म तिन मूलि न आया।।
मिलि गंधर्व आए अधिकाई। जो दसरथ सों करहि लराई।।
दसरथ धन्षु वाण करि लीना। गंध्रपसों तिह वहु युद्ध कीना।।
रथि लठि टूटि गई वीचाही। कौकेई निर्षी वहु ताही।।
कैकेही तांमहि भुजि दीनी। उनि मन अंतरि येहि विषि कीनी।।
मतु रथु झडे धर्नि उपिराहें। दसरथ को गंधर्व जीता जाहें।।
इहि प्रयोग तिहि महि भुजि दीई। इहि विधि कौकेई मनि कीई।।
जो उेरि दसरथ रथु ले जावै। कौकेही तहू उेरि धावै।।
अधिक युद्ध दसरथ करि लीआ। गंधर्व को प्रहारणु कीआ।।
केतक गंधर्व भागे जाही। पाछे मुडि तांकै वहु नाही।।
भागे गंधर्व रणु तिहि हारा। साईंदास रथ नृपु भारा।। ७०।।

दसरथ ने जवि रथि उौर देषा। कौकेई कौ ऐसे पेषा।।
हा हा कौकेई क्या कीआ। काहे भुजि तै इसि महि दीआ।।
तव कौकेई वचन उचारा। सुण हो प्रभ जी प्रान अधारा।।
रथि लठि टूट गई वीचाही। निर्ष्यो रथु गिरे धर्नि पराही।।
रथु गिरे धर्नि हार हामि आवै। गंधर्व हमि कौ सभै हिरावै।।
तव मै भुज इसि माहे दीनी। एहि वाति मै कर्के लीनी।।
दसरथ कह्यो माँगु कछु रानी। मैं वरु देवौ इहि वाति वषानी।।

जो कछु माँगे सो कछु देवौ। सुप्रसन्न तुझ कौ करि लेवौ।।
कौकेई तव ऐसे भाषा। एकु वरु तुम पै आगे आषा।।
एकु वरु इहि हमिरो तुम पाहे। रहो भूपति मै लोवो कदाहे।।
दसरथ जब अयोध्या को आया। वजत वजंत्र अनंदु सवाया।।
महा अनंदु तांके ग्रहि होया। साईंदास सकला दु:ख षोया।।७१।।

एक दिन दसरथ के मनि आई। राजु देवौ मै रघुपति ताई।।
अवि मै वृद्धि भयो अधिकाई। मो पै राजु कीयो ना जाई।।
लोक नगर के सभे बुलाए। तांसो इहि विधि आष सुणाए।।
चाहित हो रघुपति राजु देवौ। मै हरि स्मरनु हृदे करेवौ।।
वृद्धि भयो सुधि बुधि वौरानी। इहि विधि दसरथ मुषो वषानी।।
सभ लोको मिल एही भाषा। हे नृप दसरथ वहु भलो आषा।।
केसरु रगर भाजन भरि लीना। माला छत्रु वहु विधि कीना।।
कह्यो प्रात समे दीयो राजा। दसरथ कह्यो करो इहि काजा।।
तव रघुपति मनि माह वीचारा। मोह सिर कार्जु है अति भारा।।
मै लेवौ राजु कार्जु को करही। कार्ज कर्तन को चितु धरही।।
तव चेरी प्रभ लई वुलाई। तांसौ इहि विधि राम सिषाई।।
जा कहु तू कौकेई ताई। दसरथ रघुपति राजु वहाई।।
जवि ते रघुपति राजा होई। भर्थ को नामु न लेवै कोई।।
कौसल्या को कहिउो होई। तेरो कह्यो माने नाही कोई।।
जानकी होइ वहैगी रानी। साईंदास मै वाति वषानी।।७२।।

चेरी कौकेई पै आई। तांको आइ करि वाति सुणाई।।
दसरथु राजु रघिपति कौ देवै। रामचंद राज कौ लेवै।।
कौकेई सुण विधि हिर्षाई। तांकौ कथा वीचार सुणाई।।
मंथरा सौं तव वचनु उचारा। हे मंथरा क्या भलो पुकारा।।
एहि बात तुझै मोह सुनाई। सुनति वात सुखु भयो अधिकाई।।
ऐसो क्या जो तुझ कौ देवौ। सुप्रसन्न मै तोहि करेवौ।।
अंग अंग मैं वहु हिर्षाई। तांकी वाति न कहिणी जाई।।
जैसे जल मिल फूलै फूला। विर्छ हरिआ होइ सण मूला।।
ऐसे कौकेई हिर्षाई। साईंदास सो प्रगटि सुनाई।।७३।।

तब श्री रघुपति अंतरजामी। सकल घटा माहे विस्रामी।।
कह्यो बुरी भई अवि क्या कीजै। उसि को मनु क्यूँ करि भर्मीजै।।
वहु विधि सुण के वहु हिर्षाई। अंग अंग महि नाह स्माई।।
श्री देवा जग की वहु माई। श्री रघुपति ने तव ही बुलाई।।
तिहि आग्या रघिपति ने दीनी। एही आज्ञा वांको कीनी।।
कौकेई को लेहु भुलाई। वाँकी मति कौ लेई वौराई।।
श्री देवा तव ही उठि धाई। कौकेई पाहे वहु आई।।
आवति मति तिहि ने वौराई। वहु मति भूलि उौरे आई।।
वहुरो चेरी वचनु उचारा। हे राणी क्या मन सुष धारा।।
जव श्री रघुपति जी राजु पाए। तव पाछे तूं कहा कराए।।
भर्थ को राजु नाह को देवै। वह दुःख तव तू मन महि लेवै।।
अवि मै तुम सो आई वतायो। साईंदास मै प्रगटि सुनायो।।७४।।

तव कौकेई वात चलाई। हे मंथरा भली वात सुणाई।।
कहा करों कैसे करि भाषो। दसरथ को मैं क्या करि आषो।।
जो तूं मो को देह वताई। सोई मै नृप पै कहो जाई।।
तव ही मंथरा वचनु उचारा। सुण कौकेई कहा हमारा।।
तुमरे दो वर नृप पै आवहि। जो तूं मांगहि सोई पावहि।।
जो नृप निसि आवै तोह पाही। तूं कहु दोनों वर मै पाही।।
जो उहु कहे मांग करि लेवौ। तौ तूं कहे हमौ को देवौ।।
प्रथम भर्थ को राज वहावौ। द्वितीया राम उद्यान पठावौ।।
एही दोवे वर मै पावो। और वात कछु हृदे नि ल्यावो।।
कौकेई कह्यो वहु भला कह्या। मन माहे विधि ढूढति लह्या।।
दिनु वीत्यो निस आवन होयो। कौकेई मन दुःख स्यों पेयो।।
मंदर महि दीपकु न जलायो। वन्हि उपरि तिन केस छुडायो।।
दिन वीत्यो दशरथु तव आयो। मंदर अधिक तिमर निर्षायो।।
दसरथ तवी पुकार सुनायो। हे कौकेई कित मनु लायो।।
कवन दुःख तुम को है लागा। किह प्रयोग उजीआरा भागा।।
इहि विधि मोको देहु वताई। तैने इहि विधि काह कराई।।
महा सुंदरी सुंदरताई। ताह ताह रूप वर्न्या ना जाई।।

दसरथ सों उनि वचन उचारा। सुण हो नृप जी प्रश्नु हमारा।।
दोई वर मेरे अवि देवौ। आप वचन पूर्न करि लेवौ।।
तव दसरथ ने वात चलाई। इहि प्रयोग इहि रूपु दिषाई।।
जो तुम बांछा होइ सो लेवौ। मुष अपुने से कछु उचिरेवौ।।
तव कौकेई ऐसे भाषा। भर्थ राजु देवौ इहि आषा।।
दूजा वरु मो कौं इहि देवौ। रामचंद कों वनवासु पठेवौ।।
नाहि त अवि तजों प्राना। साईंदास तिहि मन इहि आना।। ७५।।

तव दसरथ ने वचन उचारा। हे कौकेई क्या मन धारा।।
जैसो तुमरो रूपु उचारा। तैसा तुम घटि माह अंधारा।।
वाहर रूप सुंदर दिषाई। अंतर महि विषु कहा छपाई।।
धिग धिग बुद्धि तुमारी भामा। मो सो दुजा कीयो तै रामा।।।
इहि विधि कहि दसरथु मुर्छायो। सकली सुधि वुधि ताहि भुलायो।।
निस वीती झालू तव होया। दसरथ संसा मनो न षोया।।
मंत्री दसरथ को तव आया। हे नृप कहा तै ढील लगाया।।
रघुपति को आवौ देहो राजा। हे दसरथ करि ले इहि काजा।।
दसरथ कहा जो विधि सुण लेवौ। तां विधि प्रतु तांको देवौ।।
रुदन कर्ति द्रिग नीर ढुराना। तव मंत्री मन महि हैराना।।
विघ्न भयो कछु रुदनु कराए। मुषि ते वचनु जु ना उचिराए।।
मंत्री ने तव वचन उचारा। साईंदास सभ कह्यो वीचारा।। ७६।।

हे कौकेई इहि क्या होया। दसरथ नृप कवन दुःख रोया।।
तव कौकेई वचनु सुनायो। तव मंत्री को तिनहि वतायो।।
राजु दीयो नृप भर्थ के ताई। रघुपति सों वनवास पठाई।।
सुनि मंत्री एहि विधि उठि धाया। चला चला रघिपति पहि आया।।
कह्यो पुकार राम जी ताई। तुम वनवास भयो अधिकाई।।
कौकेई इहि वचनु उचारा। हे पूर्न प्रभ प्रान अधारा।।
दसरथ रुदन कर्ति अधिकाई। ताहि वात मै कहा उचिराई।।
कौलापति प्रभ प्रान अधारा। सभ ही विधि हो जानण हारा।।
चलति चलति दसरथ पहि आयो। दसरथ को तव आष सुणायो।।
हे पति किहि विधि राजु कराहे। किंउ रोवत है तूं मन माहे।।

इहि विधि को प्रतु मो कौ दीजै। इहि करुणा प्रभ मो परि कीजै।।
कवन प्रयोग दुःख तै पायो। साईंदास सो मोह वतायो।। ७७।।

कौकेई तव वचनु सुनायो। रुदन कर्नि इहि विधि चितु लायो।।
तुम को कहति जाहो वन माहे। चतुर्दश वर्ष रहो तुम ताहे।।
हमि ने राजू भर्थ को दीना। इहि कार्णु हमि ने है कीना।।
जो मोह सुतु मेरो कह्या माने। और वाति कछु ह्रदे ना आने।।
जव रघुपति इहि विधि सुण पाई। मुषि अपुने ते वाति सुणाई।।
हे पति[1] तुमि आज्ञा जो होई। ह्रदे धार करि हौं मै सोई।।
हे पति तुमि प्रणु छाडो नाही। मै जावति हो वन के माही।।
रुदनु न करु कछु ह्रदे न आनो। हमि को निकटि सदां तुम जानो।।
सुतु सोई पति कह्या करावै। द्वितीआ भाई कछु ह्रदे न ल्यावै।।
तव दसरथ ने वचनु उचारा। सैना सहित लेहो अधिकारा।।
तवे कौकेई कह्यो पुकारा। जव दसरथ इहि वचनु उचारा।।
जवि सैना रघुपति ले जावै। भर्थु राजु कहु कहा करावै।।
तव श्री रघुपति वात चलाई। काहे तमि है मेरी भाई।।
मोहि सैना काम नहीं आवै। इहि सैना मोकौ नहीं भावै।।
जो प्रथमे प्रभ वचन उचारा। ओही वचन ह्रदे मै धारा।।
ले आग्या दसरथ ते धाया। साईंदास रघपत गृह आया।। ७८।।

जनक सुता सो वात सुनाई। एक एक करि ताह वताई।।
कौकेई वनवासु दिवायो। हमि पति आग्या मनि ठहिरायो।।
मौ को आज्ञा पति की होई। जो आग्या होइ कर हो सोई।।
मौह कह्यौ तुम वन को जावो। मेरो कह्या ह्रदे नहि लावो।।
अवि मै जावति हो वन माही। उौरु वाति करहो कछु नाही।।
तुम सुष वसो अयोध्या माही। मानु महतु करवो कछु नाही।।
भर्थ कह्या सिरि ऊपरि राषौ। उौरु वाति कछु नाह नि आषौ।।
जनक सुता जवि विधि सुण पाई। मूर्छा होइ करि धर्नि गिराई।।
श्री रघपति भुजा पकरि उठाई। मूर्छा ते फिरि सुद्धि महि आई।।

---

१. पति > पति = पिता–स्वर परिवर्तन।

तव सीता कह्या मोह संग लेवो। पाछे पग तुम वन महि देवो।।
तव श्री रघपति ताह सुनायो। हे जानकी क्या मनि ठहिरायो।।
तुमि हमिरे संग काहे आवो। तुम अपुने ग्रहि महि ठहिरावो।।
महा भै मान है वहु अधिकाई। वन महि कहा करौ तुम जाई।।
हमि तो पत की आज्ञा पाई। आग्या पाइ चले वन धाई।।
वादर उमड उमड के आवहि। महा अधिक उह वर्षा लावहि।।
कवहूं पवन चले अधिकाई। कवहूं सिंघ सन्मुष हमि धाई।।
व्याघ्र अधिक फिर्त तिहि ठौरा। दुःख घणो सुषु नहि हे भौरा।।
वन महि जाहि अधिक दुःख पावहि। तव वन महि वहुता पछुतावहि।।
काहे नगर त्याग वन आई। इसि के संग काहै मै धाई।।
तांते एहि भलो है भामा। रहै अयोध्या इहि भलो कामा।।
तुम रहो नगर अयोध्या माही। हमिरे संग चलो तुम नाही।।
तव ही जानकी वचनु उचारा। हे प्रभ पूर्न प्रान अधारा।।
तुझै त्याग कैसे सुष पावौ। तुझि विनु मनु कहु किस सौ लावौ।।
पवन मेघ ते हमहि डरावौ। सिंघ त्रासु प्रभ हमहि वतावौ।
जो ईहा रहो सिंघ दिष्ट आवै। जो ईहा रहो दुःख मनु पावै।।
श्री रघुपति फिरि वचनु उचारा। जानकी कहा हृदे ते धारा।।
मै कछु त्रासु तोहि न दिषायो। नीकी वाति मै तोहि वतायो।।
हमि संग काहे वन तुम जाई। तू भामा हम नर अधिकाई।।
हमि दसि कोस चले क्षिण माही। तूं हमिरे संग पहुँचे नाही।।
हमि तो सिंघ सौ करहि लराई। तुम को सिंह पकरि छिन षाई।।
मोह कहा मन नहि ठहिरावौ। उौर वाति कछू नाह चलावौ।।
जानकी फिरि ताको प्रतु दीना। हे प्रभ कहा उचारे लीना।।
जो तुम किर्पा मो परि होई। दुःख दर्दु व्यापे नही कोई।।
तुझि विनु दुःख दर्दु सताही। तुझ विनु प्रान निकसि करि जाही।।
जो तुम मोह त्यागे जावो। विरह अग्नि तन हमिरे लावो।।

तुम विनु प्रान निकस करि जाही।
छूटति रघुराई तुझि विनु मोपै रह्यो न जाई।।

किर्पा करि हमि को संग लेवो। दुःख दर्द हमि को ना देवो।।
उौरु वाति कछू नाहि चलावौ। हमि कौ संग लेइ करि प्रभ धावौ।।

रघुपति फिरि कह्या जानकी ताई। हे जानकी चलहो वन माही।।
ग्रहु अरु भूषन अंग लुटावो। छिन पलु विल्म नाहि तुम लावो।।
जानकी तत्काल इहि कीना। ग्रहु अंग भूषन सभ तजि दीना।।
मालु धनु दीयो लुटाइ क्षिण माही। पाछे कुछु राषो उनि नाही।।
रघपति जानकी कौ संग लीना। चाहति गवन उद्याने कीना।।
जो नृप कह्या सो मनि ठहिरायो। साईंदास चित्त उनि लायो।। ७६।।

जव रघपति पग आगे दीने। लक्ष्मण वीर तवी सुण लीने।।
लक्ष्मण वीर तवै सुण आया। श्री रघपति सौ भाष सुणाया।।
हे प्रभ मै तुमरे संग जावौ। पलु छिनु तुम विनु ना ठहिरावौ।।
तुम विनु निकसि जाति मोह प्राना। हे पूर्न प्रभ मैं इहि जाना।।
श्री रघपति कह्यो सुणु वीरा। हमि संग किंउ चल चंचल धीरा।।
मोह आग्यापत कीसे जावौ। पति आग्या मन माहे ल्यावौ।।
इहि विधि वंधू बेद बताई। पिता समान वडो है भाई।।
मोह कह्यो मन महि ठहिरावो। वन जावन चितु नाहि ल्यावो।।
तुम कों किसै वनवासु न दीआ। तुम हृदि महि किउ इहि धरि लीआ।।
तुम वसो नगर अयोध्या माही। हमिरे संग चलो तुम नाही।।
वन महि चलो कष्टु वहु पावो। साईंदास इहि मनि ठहिरावो।। ८०।।

तव लछमन तांको प्रतु दीना। हाथ जोर विनती मुष कीना।।
हे प्रभ तुम जाव वन माही। हमि तुम विनु किंउ रहो इथाही।।
मै तुम त्याग ईहा ना रहो। नग्र माह आस्रमु ना लहों।।
तुझि विनु कहु कित काम हमि आवहि। तुझ विनु कहु कैसे सुष पावहि।।
तुझि विनु हमि पै रह्यो न जाई। हे प्रभ पूर्न रघपति राई।।
किर्पा कर हमि सहित चलावो। वेग विल्म प्रभ मूल न लावो।।
विनु जल ब्रिक्ष हर्या नही हो। विनु नावक जलु तरे न कोई।।
हे प्रभ तुमि विनु रह्यो न जाई। साईंदास मन वहु दुःख पाई।। ८१।।

रघपति लछमन को समझाई। सुण हो विधि तुम मेरे भाई।।
महा विकटि वनु रह्यो न जाई। सिंघ असुर वहु त्रासु दिषाई।।
भूष व्यापे क्या तूं षावहि। सुनहो वंधू वहु दुःख पावहि।।

तप्त सीत तहा वहु सताई। तुम पै वहु दुःख सह्यो न जाई।।
मेरो कह्यो मन धरि लेवो। उौरु वाति कछु हृदे न देवो।।
वहुरो लक्षमन तिह प्रतु दीना। हे रघपति तुम जान प्रवीना।।
हमि को भूष का त्रासु दिषावै। उौरु घाम प्रभ हमहि वतावै।।
सिंघ असुर प्रभ कहा कहावै। तुम किर्पा कछू निकटि न आवै।।
मै तुमि संग चलो वनि माही। साईंदास ईहा रहो नाही।। ८२।।

वहुरो रघपति ताहि सुनायो। उौरु वाति प्रभ प्रश्नु वतायो।।
वन महि पाट पीतंवर नाही। इहि विधि स्मझि देषु मन माही।।
कां परिशैनु करो मेरे भाई। तुम को दुःख उपजै अधिकाई।।
कहा सिहांने धरि करि सोवै। हे मोह वीर महा दुःख होवै।।
कित प्रयोग तुम वन महि जावो। हमिरे संग काहे को आवो।।
तुमि दुःख लागे हमि दुःख होई। वन महि सुषु वंधू नही कोई।।
कांटे अधिक पडे पग माही। साईंदास काहे दुःख पाही।। ८३।।

लछमन कह्यो सुनो रघुराई। दुःख कहा लागे तुम ही सहाई।।
पाट पीतंवर मोह तेरो नामा। उौरु वात सों मोह नही कामा।।
तुम को त्याग रहों कहा ठौरा। तुझि विनु होवति हों मै वौरा।।
तुम विनु सुधि वुधि सकली जाई। तुमि विनु मनु रंच न पाई।।
तुमि विनु मो को भौ अधिकाई। तुमि विनु मो पहि रह्यो न जाई।।
जहा तुमि चलो तहा मै जावों। तुमि बिनु नगर मै किंउ ठहिरावों।।
तुम विनु दग्ध होत मोह प्राना। हे प्रभ तुम विनु कहा वषाना।।
तुम विनु जीउ निकसि मोहि जाई। जैसे जल विनु मीन तडफाई।।
तुमि विनु हमि किते काम नि आवहि।
तुमि विनु दुःख अधिक हमि पावहि।।
तुमि विनु द्रगि मोहि कछू न सूझै।
तुमि विनु इहि मनि वाति न बूझै।।
तुमि विनु राति दिवस अंधारा।।
तुमि विनु कहू न होत उजारा।।
तुमि विनु सुफलो काजु न होई।
तुमि विनु महा दुःख प्रभ होई।।

तुमि विनु त्रासु ग्रहे प्रभ आई।
तुमि विनु हमिरो कौन सहाई।।
तुमि विनु कवन दुःख हमि टारे।
तुमि विनु दुःख हमि कौनु उधारे।।
तुमि विनु नगरी नाह सुहावै।
तुमि विनु सभ जगु भर्म भुलावै।।
तुमि विनु शांत कहु कैसे होई।
तुमि विनु विघ्न कवन हमि षोई।।
तुमि विनु वहु दुःख लागे आई।
तुम विनु तीन ताप संताई।।
कैसे त्याग रहो तुम ताई।
तुम को त्यागो वहु दुःख पाई।।
हे प्रभ तुझि विनु रह्यो न जाई।
इहि विधि कहि मै तुझे सुणाई।।
अवरु वाति तुमि नांह चलावो।
साईंदास को साथ ले जावो।।८४।।

श्री रघुपति मन माह वीचारा। इनि निश्चै कीना मन धारा।।
मै इसे ऊभ पताल दिषायो। अधिक त्रासु मै इसे वतायो।।
इनि धर्‌यो ले सीस पराइण। उौरु वात मै कहा बताइण।।
कह्यो भलो भाई तुम आवो। हमिरे संग तुमि वन कौ धावौ।।
जव इहि तीनों उठि करि धाए। रव सस तिह रूपु देष लजाए।।
महा सरूपु रूप उजीआरा। तां कहु कहु को करे वीचारा।।
रव सस दोनों जाहि लजाई। ताहि रूप देषे मेरे भाई।।
मधुरि मूर्त्ति रघुपति राई। तांकी उस्तित कौणु वताई।।
लछमन तांसो वचन उचारा। हे रघपति क्या मन महि धारा।।
चलु इनि भूपति को हनि लेवहि। ताहि नग्र को राजु करेवहि।।
श्री रघुपति तांको प्रतु दीना। हे मोह वीर कहा मनि लीना।।
इहि केतक विधि जो ना होई। जो पति आज्ञा होइ करो सोई।।
पिता हमि कौ दीना वनवासा। हमि किंउ नगरी लेवहि वासा।।

तव लछमन कहो वहु भलो होई। जो तुम कहो करहि हमि सोई।।
रघुपति कह्यो सुणु मेरे भाई। जो तेरे मन अेसी आई।।
इहि भूपति हनि लेवहि राजा। पूर्न हमिरे होवहि काजा।।
तुमि रहो ईहा किंउ वनि जावो। कित कार्नि वंधू दु:ख पावो।।
तव लछमन द्रिग नीरु ढुराना। हे रघिपति जी क्या मनि जाना।।
जाहा तुमि जाइ के आश्रमु लेवो। आसनु करि वन को तुम सेवो।।
मै लकरि ले कुटी वनाऔ। तुम आगे प्रभ टहिल कमावौ।।
मै इहि तुम सुष कार्ण भाषा। उौरु वाति कछु हृदे न राषा।।
जो तुमि मो सों अैसी भाषो। जान बूझि अेसी विधि आषो।।
अवि ही प्रान तजौ मेरे भाई। मो पहि इहि विधि सही न जाई।।
मै सेवकु तुमिरो रघुराई। साईंदास तुमि सदा सहाई।। ८५।।

तव श्री रघुपति वचनु सुनाया। हे मोह वीर कहा मन ल्याया।।
इहि विधि तुमि पै इहि बतायो। पित को वचनु हृदे में ल्यायो।।
तुमि सुष वसो अपुने ग्रहि माही। कित कार्नि वन कौ तू जाही।।
तूं ही जीउ प्रान है मेरा। मै सुषी जीउ चाहित हो तेरा।।
तव ही लछमणु शांत घरि आया। तव रघुपति इहि वचनु सुनाया।।
तीनो कौशल्या पहि आए। करि जोरे मुख आषि सुणाए।।
रघुपति कौशल्या सो आषा। मै बन जावो इह मुष भाषा।
पित हमि को दीना वनवासा। हमि ने त्यागी सकली आसा।।
जानकी लछमन मोहि संग जाही। मेरे कहे स्मझै इहि नाही।।
मै कह्यो वन महि दु:ख पावौ। काहे को हमिरे संग जावौ।।
अनकि अनकि विधि कहि स्मझायो। मेरो कह्यो इन्हा मनि ना भायो।।
तुम आज्ञा देवो हमि जावहि। साईंदास छिन विल्म न लावहि।। ८६।।

कौशल्या तिहि आष सुणायो। हे रघपति किहि विधि मनु लायो।।
लछमन जानकी संग चलाए। तुमि विनु मोपहि रह्यो न जाए।।
निकसि जाहि प्रान सुत मेरे। कहा कहो मै आगे तेरे।।
मो को अपुने संग वलावो। मेरो कह्यो मनि महि ठहिरावो।।
श्री रघपति तव वाति चलाई। सुणु कौशल्या हमिरी माई।।
वनिवासा पिता हमि को दीना। चतुर्दस वर्ष हृदे धरि लीना।।

चतुर्दश वर्ष पाछे फिरि आवहि। काहे को तूं हमि संग धावहि।।
हे मय्या चितु ठउरे राषो। उौरु वाति कछु मुषो न भाषो।।
हमि सदा सदा रहै तुमि पाहै। कहूँ तुमि से दूरि न जाहै।।
हे सुत कहा तै वात वताई। मै रहो मन पहि रह्यो न जाई।।
तव श्री रघुपति ताह वतायो। हे माता काहे चितु लायो।।
तुमि सुष वसो मात इहि ठौरा। संचरु मन ल्यावो नही भोरा।।
कौशल्या कह्यो जो तुम जावो। जानकी लछमन को छडि जावो।।
जनक सुता वनु कबहूं न देष्या। इनि वनु कबहूँ न नेत्री पेष्या।।
कैसे करि वन को इहि जावै। कैसे वन महि पग ठहिरावै।।
इन हि छोड जावौ रघुराई। कहा करहि इहि वन महि जाई।।
तव रघुपति तांको प्रतु दीना। हे मय्या मैने क्या कीना।।
मै इनि कों वहु कहि कहि रह्या। इनि मेरो कह्यो मनि महि ना लह्या।।
किर्पा करि मोह लेहु छडाई। इहि विनती सुणहो मेरी माई।।
कौशल्या कहो जानकी ताई। हे जानकी वनि वहु दुःख पाही।।
कित प्रयोग इनि के संग जावो। कित प्रयोग वन को चितु लावो।।
तुम सुष वसो अयोध्या माही। काहे को तूँ वन महि जाही।।
तव ही जानकी वचन उचारा। विनु रघुपति क्या कामु हमारा।।
हमि जु रहो नग्रि के माही। रामचंद्रजी वन को जाही।।
रघिपति विनु वहुता दुःख पावौ। रघुपति विनु चितु कांसो लावौ।।
मो पहि नग्रि महि रह्यो न जाई। विनु प्रभ पूर्न रघुपति राई।।
तुमि किर्पा कर वहु सुषु पावौ। साईंदास जो हरि संग जावौ।।८७।।

कौशल्या फिरि तिहि स्मझावै। अनेक वाति वहु ताहि वतावै।।
हे जानकी वन सुषु नही कोई। दुख भूख वन महि वहु होई।।
पग महि काँटे अधिक पुडाही। तव दुःख पावै वहु मनि माही।।
चंदनु त्याग भस्म अंग लावै। अंवर त्याग मृगानु उढावै।।
छत्री भोजन कहा प्रकारा। ऊहा कंदमूल आहारा।।
महा विकट वनु सिंध को त्रासा। निसबासरि बन माहे वासा।।
मेरो कह्यो मनि महि धरि लीजै। जानकी उौरु न मन महि दीजै।।

मैं तुमि पाहे कहो पुकारा। तुमि मन लेहि वीचारा।।
हे जानकी जो सुख को चाहे। साईंदास इहि संग न जाहे।।८८।।

जानकी फिरि तांको प्रतु दीना। हे माता कहा मनि लीना।।
वन महि सुख होइ अधिकाई। जवि मोहि रघुपति होइ सहाइ।।
काँटे हमिरे निकटि न आवहि। जवि हमि रघुपति पाछे धावहि।।
चंदन हमिरे काम न आवै। मिर्ग मृगानु हमा को भावै।।
छत्री भोजनु कहा करावहि। हमि कंदमूल लै ले करि षावहि।।
सिंघ कहा वलु मोह निकटि आवै। हमि को अपुना त्रासु दिषावै।।
निसबासरि जो वन महि वासा। सदा सदा तहा भोग विलासा।।
हमि छिनु हरि विनु रहिणु न पाही। हमि जावहि रघपति संग ताही।।
तुमि फिरि वाति न कोइ चलावो। हे मोह मात हमि काह संतावो।।
जव कौशल्या इहि सुण पायो। तांसो फिरि नाह वचनु सुनावो।।
वहुरो लछमण कौ ऐसे आष्यो। लछमन भी ऐसे ही भाष्यो।।
पग धरि सीस गवनु हरि कीआ। लछमन जानकी को संग लीआ।।
रघुपति चल्यो उद्यान के ताई। सांईदास सोच मन माही।।८९।।

श्री रघुपति वन खंडि सिधारे। दशरथु मंदर षरो निहारे।।
मंदर चढ्यो रामु निहारे। जानकी लछमन सहित संभारे।।
जवि लगि द्रिष्ट परे रघुराई। दशरथ दूषू न लागो काई।।
भई झीण जवि द्रिष्ट न आई। दशरथ द्रिग महि कछु न सुहाई।।
मंदर ते गिर पर्यो धरायण। पर्मि जोति जाइ मिल्यो नरायण।।
छूटै प्राण कालु तिस होया। रघुपति को मन संसा षोया।।
इहि विधि श्री रघुपति सुण पाई। दशरथु कालु कीयो मेरे भाई।।
दसरथ नृपु देवलोक सिधारे। तव श्री रघुपति मनि वीचारे।।
कर्मि क्रतूत श्री रघुपति कीना। वेद म्रिजादा मनि धरि लीना।।
कर्मि क्रतूत करि आगे धाए। महा विकटि वनु भौ दिषलाए।।
काँटे पुडहि घामु वहु होई। मनि महि सुख नाहि है कोई।।
चले अगस्त के आश्रम आए। छिन पलु इकु दिनु तहू ठहिराए।।
सारंग धन्षु अगस्त ने दीना। श्री रघुपति ले करि महि कीना।।
फिरि वाल्मीक के आस्रम आए। वाल्मीक ने दर्सन पाए।।

ऐसे आस्रम अधिक फिराए। श्री कौलापति त्रिभुवन राए।।
मिर्ग निर्षि हर को उठि भागै। रघिपति ऋषि सों भाषन लागै।।
हमि को देषि काहे डरि जाही। किर्पा करि कहो हमि ताई।।
हे प्रभ तुमि को नाहि पछाने। इहि प्रजोग भागनि चितु ठाने।।
जा वन महि रघुपति ठहिराए। साईंदास तिहि सद बल जाए।। ९०।।

मात पिता गहि दोनों भाई। भर्थ शत्रुघनु वहु सुख दाई।।
जहा भर्थु रहे तहू शत्रुघनु। देह दोई तांके है इकु मनु।।
मात पिता के ग्रहि ठहिराए। विद्या पढिने कौ चितु लाए।।
जव दशरथ नृप तजे प्राना। तव कौकेई मनि इहु आना।।
दशरथ मुष लिष पती पठाई। सभ व्रतंतु मै ताहि सुनाई।।
भर्थु शत्रुघनु वेगही आवो। पतीआ निर्षिति तुमि उठि धावो।।
एकु कार्जु सुत क्षिनु वनि आयो। तुमि पतीआ देषि विल्मु न लायो।।
पतीआ क्षिन महि भर्थि पहि आई। शत्रघणि कौ तिन दिषलाई।।
भर्थ कह्यो सुण हो मेरे भाई। पतीआ आई रह्यो नि जाई।।
चलहो चले अयोध्या जावहि। वेग विल्म कछु मूल नि लावहि।।
दशरथ पित हमि पती पठाई। ईहा रहि क्या कीजै भाई।।
भर्थु शत्रुघनु तव उठि धाए। नगर अयोध्या माहे आए।।
नग्रि को लोकु सभे शोकवाना। तिन के मन आनंदु ना भाना।।
दशरथ नृप देवलोक सिधारे। श्री रघुपति पगि वन को धारे।।
इहि प्रयोग प्रजा सोकवाना। कहा करे कोई ताहि वषाना।।
भर्थु निर्ष विस्मादि होइ रह्या। तात समे मुषि ते उनि कह्या।।
किहि प्रयोग प्रजा शोक लेवो। कौन वियोग माहि चितु देवो।।
तव काहू ने कह्यो पुकारी। हे प्रभ तुमि लेहो हृदे धारी।।
रघिपति को वनवासु दिवायो। कौकेई इहि कामु कमायो।।
तिहि वियोग तजे दशरथ प्राना। हे नृप भर्थ हमि कहा वषाना।।
सर्घि सभी विधि ठहिराई। कहा होइ जवि समा सिधाई।।
दशरथ कों षडि तिनहि जलायो। कर्मि क्रतूति फुनि तिनहि करायो।।
कर्मि कीए आयो ग्रहि माही। कौकेई को कह्यो ताही।।
हे मोहि मात कहा ते कीना। रघुपति को वनवासा दीना।।

विनु रघुपति कैसे सुख होई। विनु रघुपति हमि सुष ना कोई।।
रघुपति विनु हमि तजहि प्राना। रघुपति विनु जीवनु ध्रिगु जाना।।
हमि कैसे रहे नग्रि के माही। कहु सुषु कैसे करि हमि पाही।।
तव कौकेई वचनु उचारा। हे मोंहि सुत तैं क्या मनि धारा।।
जव मै इहि विधि सुण के पाई। दसरथ रघुपति राजु वहाई।।
मै अनंदु लीयो मन माहे। अति अनंदु ह्दे नाहि स्माहे।।
मो सो मंथरा एहि सिषायो। अति अनंदु काहे मनि लायो।।
जबि ते रघुपति राजा होई। भर्थु नाम लेवे नही कोई।।
राजु तुम्हारे ग्रहि ते जाई। तव तूं पाछे कहा कराई।।
हे सुत मोको इनि ही भुलायो। मै इसि कहे इहि कामु करायो।।
हे सुत जो तै मन इहि धारा। साईंदास मोहि कहा वीचारा।।९१।।

भर्थि कह्यो सुण हो मेरे भाई। मो पहि राजु कीयो ना जाई।।
श्री रघुपतु मिर्गानु उढावै। भर्थु कहा ले वस्त्र हंढावै।।
श्री रामचंदु फिरे वन माहे। भर्थु कैसे कहु राजु कराहे।।
श्री रामचंदु कंदमूल षावै। भर्थु स्वाद कैसे भोजन पावै।।
रामचंद वसुधा पे सोवै। भर्थु कैसे सिंघासन हौवै।।
श्री रामचंद घाम तन सहे। भर्थु कहु किंउ सुष गृहि वहै।।
इहि विधि कहो भर्थ उठि धाए। भर्थु शत्रधन बाहरि आए।।
मंथरा कौ तिन हि ले वहु मारा। रोम रोम से रक्ति निकारा।।
तेने कहु इहु किंउ कर्मु कीआ। एहि सिष्य कौकेई दीआ।।
मार कूट करि फिरि तजि दीई। उोरु वाति कछु ह्दे न कीई।।
कौकेई अति मन पछुताई। तव सुत को इहु आषि सुणाई।।
कहा होइ जवि समा विहाना। साईंदास समा पर्धाना।।९२।।

भर्थु शत्रघनु सैना लीने। त्याग अयोध्या वन पग दीने।।
जिहि मग रघिपति वनहि सिधारे। सोई मगु तिह ह्दे वीचारे।।
जहाँ जहाँ रघपति जी ठहिराए। सभ ही ठौर देषत वहु आए।।
भर्थु शत्रघनु जव निकटि आए। लक्ष्मण ने नैनो निर्षाए।।
कह्यो सुणो श्री रघुपति राई। भर्थु आयो हमि करहि लराई।।
जो आग्या होइ तां सन्मुख जावो। भर्थु सो जाइ युद्ध मचावो।।

तव श्री रघपत ताहि सुनायो। हे लक्ष्मण क्या मन ठहिरायो।।
प्रिथमे तुम तो युद्ध न करहो। ले संतोष हृदे महि धरहो।।
देषो भर्थु काहे को आयो। भर्थु क्या मनि महि ठहिरायो।।
जवि श्री रघपति एहि सुणायो। लछमनि वात सुणी ठहिरायो।।
भर्थ शत्रघनु नेत्र पसारे। श्री रघपत तिन्हा द्रिष्ट निहारे।।
सभ सैना को तहूं षलायो। रथु तजि पग अपने चलि आयो।।
रघपति कों प्रदक्षिणा कीनी। हाथ जोरि मुष विनती कीनी।।
हे प्रभ पर्जा वहु दुःख पायो। तोहि व्योग सभ ही वौरायो।।
हे प्रभ सभ ही भए हैराना। मै तुमि पाहे कहा वषाना।।
जवि ते भर्थ इहि वचन सुनाए। श्री कौलापति मनि ठहिराए।।
हे मोहि भ्रात कहा कहु कीजै। पिता वचन कैसे तजि दीजै।।
जो पित वचन तजे भलो नाही। निंद्या होइ हमिरी जग माही।।
कहा पूतु पित वचन न माने। कहा पूति पति कह्यो न माने।।
धिगु धिगु होइ हमहि जग माही। हे मौहि भ्रात सह्यो न जाही।।
कैसे करि मोहि राजु करावौ। कैसे नग्र मांहि ठहिरावौ।।
तुमि करो राजु कह्या मोह मानो। उौरु वाति कछु हृदे न आनो।।
रघुपति भर्थ कौ आष सुनायो।साईंदास विधि प्रगटि वतायो।।९३।।

भर्थ फेरि करि वचनु उचारा। हे पूर्न प्रभ प्रान अधारा।।
मै कैसे करि राजु करावौ। राज कर्नि चितु कैसे लावौ।।
तुमि फिरो डोलत वन के माही। हमि सुष कैसे राजु कराही।।
इहि कवहू हमि से ना होई। तुमि विनु राजु करे ना कोई।।
श्री रघुपति प्रभ अंतरजामी। घटि घटि मै प्रभु है विस्रामी।।
पग षडांउ प्रभ भर्थ को दीई। इहि करुणा पूर्ण प्रभ कीई।।
कह्यो भर्थ को तुमि वहु ले जावो। सिंघासन परि इसे वहावो।।
इसि से पूछ करो तुम कामा। तुमि जानो एही है रामा।।
सभु आइ इसि पर्नाम सुनायो। इसि के तुमि मंत्री कहावो।।
भर्थि षडांउ लीनी उठि धायो। चलति चलति सैना पहि आयो।।
सैना को व्रितांत सुनाए। सहति लीई सैना उठि धाए।।
आणि सिंघासन परि ठहिराए। पग षडांउ श्री रघुपति राए।।

आप तले वहि राजु कमावे। इहि विधि करि भर्थु काम चलावे।।
सकल प्रजा को वहु सुषु दीना। अनीत दंड काहू ना कीना।।
जो कछु रघुपति ताहि वतायो। तिसी काम कर्ने चितु लायो।।
भर्थु भलीभाँति राजु करावै। सांईदास प्रभ सुख पावै।। ९४।।

रावण वहिन सूपनकि तिहि नामा। इहि वीचार गह्यो मन भामा।।
चली चली वन माहे आई। जानकी पहि आइ करि ठहिराई।।
जानकी सों तिन बचन उचारा। सुण हो जानकी कहा हमारा।।
अः तूं अति सुंदर सुंदरताई। तोहि रूप गति कौन वताई।।
इनहि डिगंवर सों किंउ रहै। संन्यासी संग काहे वहै।।
मोहि वीरु रावण तिहि नामा। महा वली वलु वहु तिहि भामा।।
लंका गढि को राजु करावै। तहा वसै तूं बहु सुष पावै।।
त्रैलोकि तिहि वंदी माही। हे जानकी समझु मनि माही।।
मोहि संग चलै तुझै ले जावौ। कनकपुरी मै तोहि दिषावौ।।
महा अधिक सुष तांके पावो। जो तुमि वेग सहित हमि आवो।।
इहि उौसरु काहे तूं षोवहि। उौसरु वीते पाछे रोवहि।।
कनकपुरी महि वहु सुषु पावहि। हे जानकी किंउ बनि चितु डुलावहि।।
वेग विल्म तुम मूल न करहों। कनकपुरी चलने चित्तु धरिहों।।
अति सुगंध अंवर अधिकाए। भूषनि षचति मणी पहिराए।।
भोजनु मन वाछहि सो पावहि। नाना अंबर अंग हंढावहि।।
कहा भस्म सो कीयो प्यारा। कहा तै मन महि लीयो वीचारा।।
म्रिगानु काहे ऊपर लेवै। इहि वन महि कहु कहा करेवै।।
उौरु वाति तुमि सकली त्यागो। हे जानकी हमिरे कहे लागो।।
चलहो मै तुम को ले जावो। नृप रावण पहि खडि पहुचावो।।
त्याग देह तूं इनि को संगा। कहा भस्म लगावें अंगा।।
इने त्यागु मेरे संग आवो। साईंदास अधिक सुष पावो।। ९५।।

जानकी सौ जबि एहि सुणायो। जानकी क्रोध लोचन ललायो।।
लछमन को तब लीउो बुलाई। हे लक्ष्मण सुण आगे आई।।
सूपनक मोसों ऐसे आषहि। ऐसे वचन इहि मो सौ भाषहि।।
मोह वीरु तिहि वलु अधिकाई। कनकपुरी को राजु कराई।।

त्रैलोक तासि वंदि माही। हे जानकी उहु रहे सदाही।।
तूं चलु मो संग तुझै ले जावौ। कनकपुरी षडि तुझे दिषावौ।।
तहां महा अधिक अंवर हंढावै। भूषन अधिक वहु तोहि पहिरावै।।
जो कछू तूं मुष ते उचिराही। मोहि वीरु वहु करे तदाही।।
इहि संन्यासी संग किंउ रहे। वन माहे काहे तूं वहे।।
मो को ऐसे वचन सुनावै। अति क्रोधु मोहि मन उपिजावै।।
अधिक दुःख मोको इनि दीना। एहि वचनु जो मोसौ कीना।।
अबि मै तुम सौ कह्यो सुनाई। साईंदास लछमन सुण पाई।। ९६।।

लक्ष्मण जवि सुणी इहि विधि काना। अति क्रोधु उठ्यो मन माना।।
उनिहि सूपनकि ताई कह्यो। हे सूपनकि कहु क्या तै कह्यो।।
जानकी को चाहित हिरि लीआ। हे सूपनकि तै क्या मनि कीआ।।
नाकु कान दोऊ कटि डारे। लछमन चाहति तिहि प्रहारे।।
जानकी कह्या त्याग इसि देवो। आवो प्रभ की सेव करेवो।।
लछमन सूपनक को छाडि दीआ। इहि कार्णु लछमन ने कीआ।।
सदा अनंदु वसे वन माही। नग्र माहि कवहूँ ना जाही।।
वन फल ले करि उदर भरायण। निसिवासर तिहि अैसे भायण।।
कुटीआ छाइ रहे बन माहे। कंदमूल वन से ले षाहे।।
जैसे तपसी भजनु कमावहि। साईंदास प्रभ के गुन गावहि।। ९७।।

सूपनक षरदूषनि पहि गई। तांसौ जाइ करि सभ विधि कही।।
दोनों वीर एकि संग नारी। नाकु कान उनि हमि कटि डारी।।
तुमि होवति हमि इहि विधि होई। तुमि विनु नाह सहाई कोई।।
तुमि वल करि उनि को प्रहारो। जिंउ जानो त्युँ तिन को मारो।।
फिरि सुवाह सौ आषि सुणायो। हे मोहि वीर सुणो चितु लायो।।
श्रवण नाकु हमिरा कटि लीआ। मो सिरि इहि विधि तिन कीआ।।
संन्यासी रहे वनि के माही। एकि त्रीआ सुंदर संग ताही।।
मो सों उनि ने ऐसा कीआ। कानि नाकु हमिरा कटि लीआ।।
अवि मै तुमि सौ आषि सुणायौ। वेग विल्म मै मूल नि लायो।।
तुमि जाइ करि तिन को हनि लेवौ। मोहि उपराला तुमहि करेवौ।।
जो तुमि हमिरौ वैरु न पाही। कैसे तुमि जीवो जगि माही।।

तुमहि त्याग कौन पहि जाई। अपुनी विर्था किसे सुणाई।।
जो मोहि विर्था को करो उपराला। नाहि त हमिरो को नही हाला।।
मोहि कह्यो मन महि टहिरावो। साईंदास वेग उठि धावो।। ९८।।

खर दूषन तिहि वलु अधिकाई। उौरु सुबाह सुणो मेरे भाई।।
खर नी अर तीनो वलिवाना। ताहि कह्यो इनि मनि महि माना।।
रघपत सौं युद्ध कर्ने धाए। अधिक सैना वहु संग ल्याए।।
तिन को नामु कहा वीचारा। चित्त परि को नामु सम्हारा।।
ज्युँ-ज्युँ धर्नी परि पगु धरही। युद्ध कर्नि को गवनु जु करही।।
मानो स्थावर गिरि पर्या। धर्नी धरि चितु डोलनि धर्या।।
धौल्हु कंपमान होइ रह्यो। दो पति द्रिष्ट कछू ना कह्यो।।
मो परि भारु सह्यो ना जाई। हे कौलापति संत सहाई।।
इहि विधि धौल मन महि वीचारे। कौलापति विधि जाणनहारे।।
चले दैति वन माहे आए। महा वली तिहि वलु अधिकाए।।
चहू उौर आइ घेरा पाया। चाहित हर सौं युद्ध कराया।।
रघुपति लछमन कुटीआ माही। जानकी सहित ठांढे है ताही।।
जानकी जवि वनु द्रिष्टी आया। दैति अधिक द्रिग सौ निर्षाया।।
तव ही कह्यो सुण रघुराई। असुरो सैना अति उमिडाई।।
कैसे इनि सौ सन्मुष होई। कैसे वीजु असुर का षोई।।
हमि थोड़े इहि है अधिकाई। इनि संग वलु हमि कछु न वसाई।।
तव ही रघपति नैन पसारे। असुर अधिक वनि माह निहारे।।
धन्ष वाण ले सन्मुख धाए। मारि वाण सभ असुर हिताए।।
काहू सीसु काहू कर काटा। काहू भुज काहू नकु काटा।।
काहू को प्रभ ने जीउ षोया। कोई दु:ख पाइ मन महि रोया।।
काहू के पगि प्रभ कटि डारे। इहि विधि कर्के सभ ही मारे।।
छूटे सो जिनि द्रिष्टि दिषाई। उौरु न छूटे को मेरे भाई।।
हरि स्मसर कहा कोई होई। हरि स्मसर दूजा नही कोई।।
तिन को हति फिर कुटीआ आये। साईंदास वहुता सुष पाये।। ९९।।

जवि प्रभ इहि सभ असुर सिंघारे। धन्ष बाण कर्के हरि मारे।।
तव सूपनकि इहि मनि वीचारा। मोहि वीर वडे बली इनि मारा।।

इसि भुज महि वलु है अति भारी। एही विधि तनि मनि वीचारी।।
अवि जावौ मै रावण ताई। उसि विनु वेरु लए कोई नाही।।
चली चली रावण पहि आई। सभ विर्था तिहि आषि सुनाई।।
दो तपसी वैठे वन माहे। तिन संग नारी एक सीता है।।
अति सुंदर मंदर उजीआरा। जहाँ वसे मिटि जाइ अंधारा।।
रव सस रूप तिहि देष लजावै। ताहि रूपु कछु कह्यो न जावै।।
मेरे मनि महि एही आई। जवि मै देषी सुंदर ताई।।
इसि स्मसर मोहि वीर धराही। वनिता सुंदर तां कोई नाही।।
किसी भाँति करि इसे ले जावौ। रावण को षडि के दिषलावौ।।
ताहि नारी सौ प्रश्नु चलाया। तांसौ इहि विधि आषि सुणाया।।
काहे ईहा रूपु गवावै। भस्म अंग काहे को लावै।।
इनि तपसी सों कहा प्यारा। मेरो कहा लेहु वीचारा।।
काहे इसि वन महि दुःख पावै। काहे को मिर्गानु उढावै।।
रावण नृपु तिहि बलु अधिकाई। कनक पुरी तांकी सुखदाई।।
कनक पुरी महि राजु कराए। उहि तुम सुष देवै अधिकाए।।
मोहि संग चले तुझै ले जावौ। कनक पुरी क्षिणमहि दिषावौ।।
तुमहि वस्त्र उहु अधिक उढावै। नाना रंग भूषन पहिरावै।।
चोआ चंदन अधिक लगावहि। महा सुषी सुष वहुता पावहि।।
जवि मै उसि कौ एहि सुनायो। एक तपसी को तव ही वुलायो।।
एही विधि उनि उसि सौ भाषी। इहि वनिता मोहि इहि विधि आषी।।
तव मोकौ उनि भुज ते गह्या। मो कौ इहि विधि उनि ने कह्या।।
हे वनिता कहां इसे सुनायो। चाहिए इसि का चितु वौरायो।।
इहि कहि नाकु कानि कटि डारा। चाहिति था वहु मो कौ मारा।।
तव उनि वनिता उसे सुनायो। तपसी से तव मोहि छडायो।।
मै खर दूषन पाहे आई। सकल वाति मै ताहि सुनाई।।
औरु सुवाहि पाहे भी भाषा। षरनीअर कौ भी आषा।।
वहु सैना ले करि उठि धाए। उनि तपसी सो युद्ध कराए।।
उनि तपसी उनि को प्रहारा। काहू कर काहू सीसु विडारा।।
उनि को वलु तिहि नाह वसायो। उनि तपसी ने उोहु हिरायो।।
तो विनु वैरु मोहि कौण लेवै। तो विनु सुषु मोकौ कौण देवै।।

मोहि नाकु कानि कटि दीआ। इहि कर्णु तिहि तपसी कीआ।।
कहा करो कां पहि जाइ आषो। तुमि विनु विर्था कां पहि भाषो।।
अध्कि दुःख मै तासौ पायौ। हे वंधू अवि ताहि सुनायौ।।
हे वंधू हमिरो वैरु लीजै। साईंदास कछु अवर न कीजै।। १००।।

जव रावण सुनी इहि विधि काना। अति क्रोधु लीनो मन माना।।
मानो सिंधु क्रोध षलोयो। मानो नैन रक्ति चुवोयो।।
क्रोधु कीयो लोचन ललाए। कंप कंप करि फिरि ठहिराए।।
घौलु अधिक मन महि भौ माना। रावण क्रोधु मनि माहे आना।।
ताहि तेजु कापहि सह्यो न जाई। महा सूर्मा अति वलि काई।।
तिहि बल ने त्रैलोक कंपाए। थर हर थर हर मनु डोलाए।।
क्रोधमान हो वचनु उचारा। तांका सकला कहों वीचारा।।
कह्यो मरीच वुल्याइ ल्यावो। वेग विल्म तुम मूल नि लावो।।
तव ही मरीच वुलाइ ल्याए। पलु छिनु रंचकि ढिल नि लाए।।
तव ही मरीच सो कह्यो सुनाई। सुणहो मरीच हमारे भाई।।
दो तपसी एक त्रीआ रहे। इसि वन माहे आस्रमु लहे।।
उनि तपसी ने इहि कर्मु कीना। कानि नाकु सूपनकि कटि लीना।।
तव ही मरीच कह्यो सुणु राया। तपसी किंउ इहि कामु कमाया।।
इहि वीचारु नृपि मोहि सुनावो। छिनु पल रंचक विल्मु न लावो।।
तव रावण सभ वाति सुणाई। सुणहु मरिच हमहि सुषदाई।।
सूपनकि चली गई वनि माही। जानकी रामचंदु सो जाही।।
उौरु लछमणु रघपति को भाई। वन महि तिह नै कुटी बनाई।।
जानकी रूपु महा उजीआरा। तिमर को नासु करे तत्कारा।।
रवि तांसौ समसर ना होई। दूजा रूपु समसर ना कोई।।
ताहि देह कोमल मेरे भाई। तासि देहि वनि भस्मि लगाई।।
अंवर त्याग मृगानु उढायो। अनरस वांछ कंदमूल पायो।।
तांसौ सूपनकि वचनु सुनाया। हे जानकी क्या रूपु कराया।।
तव अंगु कोमल पुसपुन होई। तोहि स्मसर दूजा नही कोई।।
तोहि रूपु देषि भान छपि जावै। ताहि रूप सस वदन दुरावै।।
किहि प्रयोग इहि भेषु बनायो। किहि प्रयोग अंग भस्म लगायो।।

अंबर त्याग काहे तै दीए। अंग मृगानु उढाइ किउ लीए।।
इनि तपसी संग क्या तेरो कामा। मोहि कहा सुण ले तूं भामा।।
मोहि वीर लंका को राजा। सकल जगत तांकौ मुहिताजा।।
सुर नर ऋषि मुनि ताहि ध्यावहि।
ताहि कह्या मनि महि ठहिरावहि।
मोहि संग चलें तुझै ले जावौ।
आप वीर ग्रहि तुझै षडि ठहिरावौ।
महा अधिक सुषु तहा तूं पावहि।
हे जानकी जो माहि संग आवहि।
अंबर नाना तोहि उढावहि।
भूषन अनक तोहि पहिरावहि।
जो मुख मांगै षावण कौ देई।
तेरो कह्या मनि महि धरि लेई।
हे जानकी काहे दुःख पावहिं।
मो संग किंउ नाही तूं जावहि।
इहि तपसी तुमि को क्या देवहि।
निसि दिन किंउ दुःख मनि महि लेवहि।
जबि सूपनकि इहि बात सुणाई। जानकी लछमन लीओ वुलाई।।
ताहि कह्यो मोसो ऐसे आषे। इहि विधि सूपनकि मो सो भाषे।।
तव लछमन सूपनकि सो कह्यो। हे सूपनकि क्या तैने कह्यो।।
जा हिति जानकी कौ वौराई। कहा वात तै इसे सुनाई।।
एहि विधि कहि नाकु कानि कटि डारा। सुन हो मरीच एही वीचारा।।
कित विधि वैरु ताहि सो लेवहि। किंउ जानकी तांसौ हिरेवहि।।
तव मरीच ने वचनु सुनायो। हे नृप तुमि क्या मनि ठहिरायो।।
जो कछु तुमरे होइ वीचारा। सोई हमि करहै तत्कारा।।
तव रावण ने बचन उचारा। हे मरीच मोहि एहु वीचारा।।
कनक मिर्गु तुमि होइ करि जावहु। अपनो रूपु तुमि ताहि दिषावहु।।
तुमिरो रूपु वहु देषि लुभाए। रामचंदु तुमि पाछे धाए।।
जवि रघुपति तुमि पाछे आवै। वानु गहै करि तुमहि चलावै।।
तूं कहे रामचंदु मै मारा। एहि वाति तुमि कहो गटकारा।।

लछमनु कर्नि आवै उपिराला। जानकी कोई न होइ रखिवाला।।
मै जानकी कौ हिर ले आवौ। वेग विल्म तुम मूल न लावौ।।
तव मरीचि ताकों प्रतु दीना। हे नृप कहा तै मनि महि लीना।।
विस्वामित्र जवि यज्ञ रचायो। हमहि भृष्टि कर्नि चितु लायो।।
हमि जाहि यज्ञु भृष्ट करावहि। करि भृष्टि यज्ञ तिहि भर्मावहि।।
श्री रघपति कौ ऋषु ले आया। यज्ञ समे तिहि आण वहाया।।
हमि यज्ञ भृष्टि कर्नि चितु धर्‌या। रघपति धन्षु बाण हय झरिआ।।
हमि कौ ऐसे वाण लगाए। हमि वलवान सभे हिरवाए।।
अवि लगि वलु हमि ठौर न आवै। हमिरो पगु धर्नि ना ठहिरावै।।
रघपति नाम सुणहि जवि काना। कंपमान होवति हमि प्राना।।
कैसे करि तिहि सन्मुख जावहि। तिहि आगे किंउ करि ठहिरावहि।।
हे भूपति इहि कामु न मेरा। साईंदास मै तुमिरो चेरा।। १०१।।

रावण नृप फिरि वचनु उचारा। हे मरीच तैं क्या मन धारा।।
जवि तुमि भृष्टि कर्नि जगु धाए। श्री रघपति तव यग्य परि आए।।
तिहि समे राज को वलु तिहि पाई। भोजनु कीनो तिहि समे पाई।।
वस्त्र भले तव अंग हंढावै। मनु माने सोई ले षावै।।
दुःख सुष तव कोऊ न लागो। सभ विस्वासु हृदे दे भागो।।
अवि वनि रहै कंद मूल षावै। ले मृगानु वहु अंग उढावै।।
दुःख घणो तिह सुष नही कोई। हे मरीच कहो सुण सोई।।
मन महि कछू न करो त्रासा। हृदे धरि गोबिंद की आसा।।
चले चले वनि माहे जावो । मिरगु कनक होइ ताहि लुभावो।।
इहि विधि मैं तुमि दीई वताई। श्रवण धार सुण ले मेरे भाई।।
मोह कहे अंतरा उन आनो। हमिरो कह्यो सत् करि जावो।।
तात्काल जाओ वनि माहि। साईंदास तहा मो कछु नाही।। १०२।।

फिरि मरीच तिहि वचन सुनायो। हे रावण नृप कित चितु लायो।।
जैसे पंडित बाल पडावै। तैसे तूं मोको स्मझावै।।
मैं नही वाल्लु जो लिख लेवौ। तोहि सिखले जाइ जीउ देवौ।।
एहि जु तैने कह्यो पुकारा। तव इनि राज को वलु अति भारा।।
छत्री प्रकार को भोजन पायै। अंवर नाना अंग हंढावै।।

अवि तो कंद मूल अहारा। अवि को वलु नाहि अधिकारा।।
हे नृप जिहि वलु होइ सो होई। तांको वलु षसि लए न कोई।।
महा गम्भीर पर्म पुर्षायण। जांकी उस्तित कही न जायण।।
घटि घटि माही इसे प्रकासा। घटि घटि अंतर षेलु तमासा।।
मैं इसु सन्मुख किंउ करि जावौ। सन्मुख जावौ वलु नही पावौ।।
मोहि पग आगे को नही जावै। डर्पिमान होइ पाछे धावै।।
जैसे मृगु निर्ष सिंह ताई। ग्रह तजि भागनि को चितु लाई।।
वाज को निर्ष जैसे षगु भागे। तेजवानि होइ उडवण लागे।।
जैसे तंत्र मंत्र के आगे। जिन्न परी सभ ही उठि भागे।।
जैसे जंपक[१] स्वान निहारे। वनि महि भागनि को चितु धारे।।
जैसे नर को रव सुत त्रासा। उोषद अध्कि करे सुष प्यासा।।
जैसे रवि प्रकास तिमरु मिट जाई। तिमरु को वलु रवि नाहि वसाई।।
तैसो वलु मोहि तिहि नही लागे। हे नृप ताहि देषि मनु भागे।।
कहु कैसे करि सन्मुख जावौ। कहु कैसे मनि को ठहिरावौ।।
मोहि पे धीर्जु धर्‌यो न जाई। हे रावण मै आषि सुनाई।।
जांसो वलु कछु नाहि वसाई। कहु कैसे तिहि करहि लराई।।
जो आपसि ते होवे बलवाना। हे नृप तिहि कैसे करहि हाना।।
सिंह सन्मुख कपि मिर्गु न होई। साईंदास आषै अवि सोई।। १०३।।

रावण कह्या सुणहो मेरे भाई। कौनु वाति तुमि मनि ठहिराई।।
तुमि संग उनि का कछु न वसावै। कंद मूल सौ षुध्या मिटावै।।
तांका वलु एता कहा आयो। जो तुम को वहु सके हितायो।।
अवि तुमि जावो विल्म न लावो। मेरो कह्यो मन महि ठहिरावो।।
तव ही मरीच ने कह्यो पुकारा। तहा रावण नही कामु हमारा।।
मै जावो मनु नाही जावै। विनु आग्या मनि पगि किंउ धावै।।
जवि राजा आज्ञा ना देवै। तन को कौणु उठाइ करि लेवै।।
सैना ताहि वाहिर नही जावै। जवि राजा आज्ञा करि लेवै।।
सैना तिसि घटि उठि सेवै।।
जहा राजा जावै तहा जाही। तिह बिनु नगर महि ना ठहिराही।।

१. जंपक < जंबूक = गीदड़।

तैसो मनु राजा मेरे भाई। इहि विधि मै तुमि आषा सुणाई।।
बिनु आग्या इस पग किंउ जावहि। साईंदास विधि वेग वतावहि।। १०४।।

जवि मरीच इहि वाति सुणाई। रावण तवि इहि मनि ठहिराई।।
मोहि कह्यो माने इहि नाही। इनि कछु उौरु लीयो मन माही।।
इसि कौ त्रासु देवौ अधिकाई। त्रासु पाइ तब ही उठि धाई।।
रावण तांसौ कह्या पुकारा। हे मरीच तै क्या मन धारा।।
वेग न लावौ उठि करि तुमि धावो। कनक मिर्गु होह ताहि दिषावो।।
जो जावहि तौ वहु भलो भाई। इहि विधि तुमि दीई बताई।।
नाहि त अवि ही मै तुझो मारो। पकरौं पगो तै धर्नि पछारो।।
अवि ही मार जीउ तेरा लेवौ। वेग विल्म कछु नाहि करेवौ।।
जो अपुनो कछु वहु भलो चाहे । कनक मिर्गु होइ तिहि पहि जाहै।।
तहां तोहि दुख सुषु कछू नाही। जो भलो होइ सो ले मनि माही।।
मतु पाछे कहे मोहि न कह्या। विनु आषे हमिरो तनु दह्या।।
अवि मै तुमि कौ कहों सुनाई। साईंदास सुण ले मेरे भाई।। १०५।।

तव मरीच मनि माहि वीचारा। नृप रावण मनि महि उर धारा।।
जो नही जावौ मारि चुकावै। जो जावै मनु वहु दुःख पावै।।
दोई कठिन वनी क्या कीजै। कौन वाति मन महि धरि लीजै।।
जो इहि मारै उौगति जावौ। वार-वार जूनी भर्मावौ।।
जो रघुपति कर्त हनि प्राना। मुक्ति हौवौ मिटै आवण जाना।।
एहि भलो हरि सन्मुख जावौ। इहि बुरो इसि थी मृतु पावौ।।
तब रावण सों कह्या सुणाई। काहे क्रोधु करों मेरे भाई।।
जो तुमि कहो सोई मै करिहौ। उौरु वाति किते चित्तु न धरिहौं।।
जिहि विधि करि तुमि वहु दुःख पावो। सुख त्याग दुःख के घरि आवो।।
सौ विधि हौं काहे कौ करिही। सो विधि कर्ने किउ चितु धरिही।।
काहे नृप तुमि क्रोध धरि आवो। कित प्रयोग तुमि शांति तजावो।।
हमि तुमि सैना तुमि बडे भाई। साईंदास तुमि सदा सहाई।। १०६।।

जवि रावण इहि विधि सुणी काना। अति अनंद तव ही मनु माना।।
तव ही मरीच सो वचन सुनायो। हे मरीच चितु वहु भलो लायो।।

धंन्न धन्नं है मत्त तुम्हारी। मोहि कह्या घटि लीउो वीचारी।।
जो तुमि कहो सोई कछु देवौ। तोहि कहो मन महि धरि लेवौ।।
तूं आगे चलु मै पाछे आवौ। वेग विल्म मै ना कछु लावौ।।
कनक मिर्गु मरीच हो धायो। चलति चलति वनि माहे आयो।।
जहाँ राम जी कुटी बनाई। ताहू निकट गयो मेरे भाई।।
रावण तांका पाछा कीना। वनि महि आइ दुराइ आप लीना।।
जानकी जलु लेने को धाई। चली चली जल के तटि आई।।
जलु ले कुटीआ को पग दीने। कनक मिर्गु निर्ष द्रिग लीने।।
जानकी मन अभिलाखा होई। सभ व्रितंतु कहो मै सोई।।
जो मृगु इहि को हनि करि ल्यावै। ताहि तुचा मेरे मनि भावै।।
तिसी तुचा की कुंचकी बनावौ। सोई कुंचकी अंग उढावौ।।
जलु ले कुटीआ माहे आई। श्री रघपति को कह्यो सुणाई।।
हे प्रभ कनक मिर्गु हनि लेवौ। मृग कौ हनि तुच इसि मोहि देवौ।।
ताहि कुंचली भली सुहावै। हे रघपति इहि मोहि मनि भावै।।
तव श्री रघिपति ताह सुनायो। हे जानकी क्या चितु लुभायो।।
अैसो मिर्गु कवनाहि उपायो। कवहू द्रिग सो ना निर्षायो।।
इहि कछु छलन वलन ईहा आयो। ऐसो मृगु मै नाहि उपायो।।
इसि की चिंता मनो त्यागो। इसि चिंतामार्ग ना लागो।।
कनक मिर्गु एय ही देषाई। हे जानकी स्मझु स्मझाई।।
मेरो कह्या मन धरि लीजै। इसि मृग देषन चित्तु न दीजै।।
इहि मृगु हमिरे काम नि आवै। काहे इसि देष चित्तु लुभावै।।
इसि मृग मारि क्या हमि लेवहि। साईंदास इहि चित्तु न देवहि।।१०७।।

जवि श्री रघिपति एहि सुनायो। जानकी प्रतु तवि तासु बतायो।।
जवि तुमि रच्यो नहीं मृगु ऐसा। एहि मृगु प्रगटि भयो प्रभ कैसा।।
जवि तुमि इह मृगु कवहू न देष्या। अवि कैसे प्रभ द्रिग सो पेष्या।।
जो इहि छलनि वलन हमि आवै। केतक वलु हमि को छलि जावै।।
तुमि इसि मार्ग ताई हनि लेवहु। कृपा करो तुच इसि हमि देवहु।।
उौर उौर काहे किछु आषो। अैसी विधि तुमि काहे भाषो।।
अैसे कहो हमि हन्यो न जाई। हमिरो बलु इसि सो न वसाई।।

उैर वाति कहि काहे दुरावो। उैरु वाति प्रभ काह चलावो।।
तव श्री रघपत कह्यो पुकारे। इहि वलु क्या जो जाइ न मारे।।
एक वाण सों इसि हनि लेवौ। द्वितीया घाउ इसि अंग न देवौ।।
तै जानकी क्या मन महि धारा। कौन वाति मन लई वीचारा।।
इहि विधि मै तब तोहि वताई। घटि अपुने मै सोझी पाई।।
अपूर्व मृग द्रिष्ट मोहि आया। इहि विधि मृगु मै नाहि रचाया।।
तव जानकी कह्यो सुण रघुराई। किउ नही हन्यो जो हन्यो जाई।।
तव जानकी एहि वाति चलाई। रघपति तव मनि महि ठहिराई।।
जाण बूझि रघुपति वौराना। कर महि लीआ धन्षु अरु वाना।।
धन्षु वाण ले तेहि पाछे धायो। लछमन जानकी पाहि वहायो।।
मृगु लीए लीलीए केतक गयो। एक विर्छ के जाइ उोल्हे भयो।।
तहा जानकी लछमन दिष्ट न आवहि। कूक करी तव वहि सुण पावहि।।
श्री रघुपति तव धन्षु संभारा। चाहति कनक मृग कौ मारा।।
जो रघुपति सरधर्नि दिषावै। कनक मृगु तव गगनि को धावै।।
जौ प्रभ गगनि उोर सर ल्यावै। कनक मृगु पताल कौ जावै।।
जो प्रभु सरु ले पाताल निहारे। वहुरो मृगु मध्य चितु धारे।।
कनक मृगु तव हन्यो न जाई। साईंदास रघिपति चित आई ।।१०८।।

पाताल अरु मध्य गगनि चितु राषा।
वाणु लीयो ले कर महि राषा।
कर ते छाडि वानु मृगु मारा।
तिह समे मृग ने एहि पुकारा।
मै तो रामचंद कौ मारा।
करि वलु अपना ताह प्रहारा।
तब ही जानकी ने सुण पाया।
लक्षमन सो तव आष सुणाया।
हे लछमन कछु विधि सुणी काना।
हनि लीए किने मेरे प्राना।
श्री रघिपति के पाछे जावो।
ताहि षवरि मोहि आण सुणावो।

किन ही रघिपति को हनि लीआ।।
इहि विस्वासु मेरे मन कीआ।
छिन पल विल्म तुमि मूल नि लावो।
श्री रघिपत के पाछे जावो।
कहा भयो तहा क्या कछु होया।
मोहि मनि अवि विस्वासु है पोया।
अवि ही किनि ही एह पुकारा।
श्री रघिपति कौ मैने मारा।
हे लछमन जावो तत्कारा।
कहा कर्ति है मनि वीचारा।
मेरो कह्यो हृदे महि ठहिरावौ।
साईंदास छिनु विल्मु न लावौ।। १०९।।

लछमन फिरि तांको प्रतु दीना। हे जानकी तै क्या मनि लीना।।
अैसो कौण जो रघिपति मारे। अपुने वलि कर राम प्रहारे।।
अैसो हमि सूझति कोऊ नाही। सोच वीचार रह्यो मन माही।।
प्रानपति को कौणु हताई। वलकरि रघुपति हन्यो न जाई।।
अैसा को मोहि द्रिष्ट न आवै। जो श्री रघपति कौ हति जावै।।
सकल जीइ उतति है ताँकी। कौनु बराबरि करे कहु वांकी।।
जो कोई अनल अनीलि कौ मारे। सो भी रघपति नाह प्रहारे।।
आत्मु किसि पहि हन्यो जाई। वह पूर्ण पद रघिपति राई।।
त्रैलोकि मिल करि जो आवहि। सो भी रघपति हन न पावहि।।
ब्रह्म विष्णु महेस जो आवै। दूरो देष नमिस्कारु करावै।।
श्री रघपति तिह सर ना कोई। कहु तिहि हनिनो कैसे होई।।
लछमण ने जवि एहि पुकारा। साईंदास मन महि वीचारा।। ११०।।

जनक सुता कह्यो लछमन ताई ।
हे लछमण कछु सुणउो नाही।
मोहि श्रवण इहिं विधि सुणि पाई।
सो मै तुमि सौ आषि सुणाई।

किनही रघिपति को प्रहारा।
मोहि श्रवण सुनि मनु इहि धारा।
जो तुमि भला करो तब जावौ।
श्री रघिपति को वेग ल्यावौ।
नाहि त निकिस जाहि मोहि प्राना।
उौरु वाति मै कहा वषाना।
तिमरु भयौ मोहि नैनो आगे।
विनु रघिपति वहु नाही भागे।
जैसे वादर रवि को छावै।
सकल जगति अंध्यारा पावै।
जवि लगि पवन मंडलु नही आवै।
तब लगि वादर दूरि न जावै।
जवि ते अग्नि मंडल प्रगटावै।
वलि अपुने करि बादल बिघरावै।
मोहि द्रिग आइ आइ बैठो है छाई।
मोहि द्रिग मै कछू नाहि सुझाई।
अः रघपति अनल आबै मोहि पाहे।
वियोग वादल हमिरे विघराहे।
अवि मै तुमि को आषि सुणायो।साईंदास मै वैठा वतायो।।१११।।

लक्ष्मण जानकी फिरि समिझावै। अनेकि वाति वहु ताहि वतावै।।
हे जानकी तू भई इयानी। कौन वाति मनि अंतरि आनी।।
सिंह को त्रासु कौनु मृगु होई। सिंह समान मृगु नही कोई।।
वाजु कौनु षग ते डरु पावै। तिहि स्मसर को वलु न धरावै।।
श्री गोपाल भक्तिनि सुषदाई। ताह सर कहु जग कौनु कराई।।
फिरि फिरि कहे तुमहि झवि जावो। श्री रघिपत की ओर सिधावो।।
मोहि चितु ना डोलति कैसे जावौ। तुझै त्याग कैसे उठि धावौ।।
जवि लछमनि एहि कह्या पुकारा। ता को जानकी दीयो वीचारा।।
हे लक्ष्मण तै इहु मनि आना। मनि अपुने सहिज कर जाना।।
रघिपति को हते मै इसि लेवौ। पूर्न वांछा मनहि करेवौ।।

इहि प्रयोग तूं नाही जावै। मनि माहे तूं कपटु कमावै।।
जो तुमि इछा हो करो सोई। साईंदास होवण हो सो होई।। ११२।।

जवि जानकी इहि वाति सुणाई। लछमन क्रोधु कियो अधिकाई।।
करि क्रोधु तिनि वचनु उचारा। हे जानकी तै इहि मन धारा।।
एहि विधि कहि मोहि वाणु लगायो। अंतरु वाहर सकल जलायो।।
लक्ष्मण कह्यो पुकारे ताही। करी पुकार ताहि रवि पाही।।
हे रवि जी मोहि साषी होई। एहि साष मै तै कहोई।।
कीई कार अंतर वहिर हे। वाहर पगु धरै तनु मनु दहे।।
जानकी इहि मोहि वचनु सुनायो। मोहि कर्नि को तुमि चितु लायो।।
इहि प्रयोग जावो तुमि नाही। श्री रघिपति कौलापति पाही।।
इहि चानकि इनि मोहि लगाई । मौ पहि चानकि सही न जाई।।
जो कछु विघ्नु होइ नाही जानो। इहि विधि मै तुमि पाहि वषानो।।
मैं जावति हौ रघवीर पाही। अवि इसि ठौर रहो मै नाही।।
रवि को लक्ष्मण साक्षी कीआ। जानकी उौरि कार तिनि दीआ।।
कुटीआ त्याग तव ही उठि धायो। साईंदास रघुपति पदि आयो।। ११३।।

रावण जोग भेषि करि लीना। जानकी हिर्नें को पगु दीना।।
चल्यो चल्यो आयो कुटीआ पाहे। निष्यों तपसी को घरि माहे।।
नाथ नाथ कर मुखो पुकारा। जागे नाथु सो वे संसारा।।
हे माई भिक्षा कछु ल्यावो। भिक्षा कछु हमिरे पत्र पावो।।
जानकी कछु भिक्षा ले आई। रावण तांकौ कह्यो सुनाई।।
वांधी भिक्षा काम न आवे। मै नही लेवौ मनु सुकचावे।।
जो वाहिर आइ देवै माई। हिर्षि मान होइ लेवौ साई।।
जानकी कह्यो वाहिर ना आवौ। विनु आज्ञा कैसे पगु पावौ।।
लछमन मोह गयो कह भाई। वाहरि पगु देवणा नाही।।
रावण तव कह्यो स्रापु लगावौ। विनु भिक्षा लीनी उठि जावौ।।
जव स्रापु को लीनो नामा। जानकी दु:खत भई अंतराना।।
कार त्याग भिक्षा ले आई। श्रापु न देहि मोहि सह्यो न जाई।।
चामि षालि महि ले करि डारी। उौरु वाति कछु हृदे न धारी।।
ताहि लीए पग मग महि दीए। कनक पुरी को तिन पग कीए।।

श्री रामचन्द्र जवि वीरु निहारा। लक्ष्मण सौ तव कह्यो पुकारा।।
हे लछमन तैने क्या कीआ। जानकी उैर त्याग किउ दीआ।।
असुर फिर्ति वन महि अधिकाई। जानकी को कोऊ हिरि ले जाई।।
जानि बूझ तूं भर्म भुलायो। हे लछमन क्या मन ठहिरायो।।
इसि का मो को देहि वीचारा। साईंदास तै क्या मन धारा।। ११४।।

लछमन नैं ताको प्रतु दीना। हे रघिपति मै इहि मन लीना।।
जवि तुमि कनक मिर्गु हनि लीआ। हतनि समे मृग भाषा कीआ।।
मै हति लीनो रघिपति ताई। बलु अपुनो कर्के अधिकाई।।
मिर्ग वचनुं सीता सुण पायो। मौ सौ तिन ने वचनु सुनायो।।
हे लछमन तूं भी उठि जावो। श्री रघपति की उैरि सिधावो।।
श्री रघिपति को किन हनि लीआ। इहि कार्णु किन ने हे कीआ।।
मोहि मन उपज्यौ विस्वासा। मोहि मुख ते निकसति नही हासा।।
हे प्रभ मै कह्यो जनक सुता हे। रघिपति कह पै हन्यो न जाहे।।
अनेकि अनक विधि कहि स्मझायो।
मोहि कह्यो तिन मनि नही भायो।।
चानकि वानु ताहि मोहि लायो। मो सों अैसे वचनु सुनायो।।
तूं चाहित को रघपति मारे। मन माहे तूं एहि वीचारे।।
पाछे जानकी को मै लेवौ। ता संग भोग विलास करेवौ।।
हे प्रभ हमि इहि वचनु सुनायो। रवि कौ साषी तवि करायो।।
इसि प्रजोग मै तिहि तजि आया। साईंदास मोहि वाणु लगाया।। ११५।।

मृगु मारि कुटीआ को धाए। सस बुढायो तिमर प्रगटाए।।
क्या निर्षहि जो जानकी नाही। इहि निर्षि वहु मन पछताही।।
जाण बूझि हमि कीउो कामा। मुखि ते कह्यो पूर्न प्रभ रामा।।
जैसे फूल जल विनु कुमलावै। जैसा भूषा भोजनु पावै।।
जैसे डारी रूपु गवाए। मन माहे वहुता पछुताए।।
जैसे पिंगुला कर पग ताई। मनि माहे रोवति अधिकाई।।
जैसे सीआह गोसे षराना। मन माहे होवति हैराना।।
तैसे रघिपति रहे विस्माई। कहा वीचारु सुनावौ भाई।।
विस्म भए विस्मक ठहिरानो। अति वियोग ताहू मन मानो।।

कहा होइ पाछे पछुताए। कहा होइ जो समा सिधाए।।
महा अध्कि दु:ख रघिपति पायो। जवि जानुकी द्रिग ना हिर्षायो।।
अति वियोग भयो मनि माही। साईंदास कछु कह्यो न जाही।। ११६।।

रावण जानकी को ले धाया। केदहि ने इहि विधि निर्षाया।।
केदहि रावण के सन्मुख आया। युद्ध कर्नि को तिह चितु लाया।।
रावण केदहि के दहि नृपु मारे। दोई वलवान कोई न हारे।।
केदहि अनक युद्ध नृप सौ कीना। किन हू तिन से हार न दीना।।
केदहि रावण को जान न देवै। आगे पग धरि युद्ध करेवै।।
रावण कह्यो अवि क्या कीजै। किउ करि पगु मग आगे दीजै।।
केदहि मो कों जाण न देई। मो सौ युद्ध कर्नि चितु लेई।।
युद्ध कीए इसि नाह हिरावौ। कैसे करि आगे कौ धावौ।।
जो रहो ठांढा रघिपतु आवै। क्षिण माहे मोहि मार चुकावै।।
जानकी कह्यो मै तोहि लंघावौ। इहि विघ्न ठौर सों पारि परावौ।।
जो मो सो इकु वचन करावहि। ताहि वचन ऊपरि ठहिरावहि।।
रावण कह्यो कहो जो बाई। जो तुमि कहो करो मै साई।। ११७।।

जानकी तव ही वचनु उचारा। सुन हो रावण नृप अति भारा।।
मै तुमि सौ प्रतज्ञा करहो। तिहि प्रतज्ञा महि चितु धरहो।।
मोहि निकटि तूं आवै नाही। अष्ट मास लग सुणु मैने नाही।।
जो अष्ट मास लगि रामु न आवै। करु पाछे जो तोहि मन भावै।।
रावण एहि प्रतज्ञा धारी। जो जानकी मुख आप उचारी।।
मन अंतर जानकी लीउो वीचारा। मोहि वीचारु एहि मन धारा।।
रावण को तिन दीयो वताई। सुण नृप रावण मनि चितु लाई।।
रक्त काढु तनि अपुनै केरी। इहि मति सुण लेवहु तुमि मेरी।।
ताहि रक्त सों वाटि लिवारहु। गेदहि के उदरि वेगही डारहु।।
जवहि वाटहि गेदहि उदर जावहि। गेदहि उदर वहु भारु करावहि।।
गेंदि को वलु तव कछु न वसाई। तव मो को ले चलु तू धाई।।
जवि रावण इहि विधि सुणी काना। हर्षिमान होयो तिहि प्राना।।
अपुने तन सो रक्ति निकारा। वाटि लीयो ले ताहि लिवारा।।
गेदहि ओरि डारि करि दीआ। गेदहि वाटि ले उदरि महि कीआ।।

केतकि वाटि रावण अैसे डारे। गेदहि उदरि महि वहु भए भारे।।
गेदहि ठौर उठिणु फुनि त्यागा। रावण तव अपुने मग लागा।।
रावण तव आगे पग दीने। गेदहि त्याग गवनु उनि कीने।।
आगे खसांति प्रगटाए। जानकी तांने द्रिग निर्षाए।।
आइ चुंच रावण सिरि मारी। रावण घाउ लगो तन भारी।।
अध्कि दु:ख रावण को होया। सकल सुषु रावण तव षोया।।
अध्कि युद्ध वां संग तिनि कीना। पंष तासि रावण कटि दीना।।
पंष कटे तिहि वलु न वसाए। कैसे कर वहु युद्ध कराए।।
तांको जीत आगे को धाया। कनकपुरी सेती चितु लाया।।
जानकी मग जावति क्या कीआ। कहूँ कुछ कहूँ कुछ डारि के दीआ।।
मतु श्री रघिपति इहि मग आवै। मोहि वाता मन महि ठहिरावै।।
इसि मग जानकी खडी दुराई। मतु हमिरे पाछे वहु आई।।
इहि प्रजोग वहु डारति जाई। इहि व्रितांतु सुण हो मेरे भाई।।
रावण चलि लंका महि आए। सकल सैन ने इहि सुण पाए।।
रघिपति भर्जा इनि हिरिआनी। कनकपुर सकली इहि जानी।।
सभु सीता को देषिनि आई। निर्षि रूपु सभि जाहि भुलाई।।
सीता कौ तिन जाइ बहायो। एक फुलिवारी मांहि ठहिरायो।।
निसवासर सीता ऊहा रहे। राम व्योग हृदे महि सहे।।
सुरपति सैना ताही आई। कछु सहाइ तिस भूषि गवाई।।
जानकी भूषि त्रास ना ग्रासे। छिनु पलु जानकी मुषो न हासे।।
सुर फिरि गयो अपुनी ठौरा। हे साधो सुणो कह्यो मोरा।।
जानकी वचनु सुनाई सिधारे। कछु विस्वासु हृदे ना धारे।।
है जानकी रघिपतु छिन आवै। इसु पापी को मारि चुकावै।।
दीयो संतोषु सुरपति उठि धाए। चलति चलति अपने ग्रहि आए।।
रावणु भर्जा असर पठेवै। जानकी बुद्धि फेर्नि चितु देवै।।
जाननी[१] तांको कछु न कहाए। जो फलि तिहि सौ धर्नि गिराए।।
ताहि मत सीता ना लेवै। ताहि कह्यो मनि नाहि धरेवै।।
जो वहु कहे सो चितु न जाने। तांको कह्यो कछु मनु ना माने।।

---

१. यहाँ शब्द जानकी होना चाहिए।

निसिवासरि उनि को इहि कामा। मिलि करि आवहि असुर की भामा।।
जल को कोई मैलु न लागै। सो जनु सदा सुखी जो जागै।।
साधि भाउ चोरु सिषि लेवै। चोरु भाउ साधू नही लेवै।।
अग्नि माहि जो कछु तुमि डारो। अपुने मन महि लेहु वीचारो।।
सभ कौ क्षीण महि अग्नि जलाए। अग्नि दुःख लागै नही आए।।
त्रिणु लकडी जो जल महि पावै। षिन महि जलु ताहि रुढावै।।
जैसे त्रिणु लकडी रुढि जावै। कछु जनक सुता मन ना ठहिरावै।।
जन्क सुता स्मिरे रघुराई। साईंदास प्रभ सदा सहाई।। ११८।।

कहे मदोदर रावण तांई। सुणु मोहि वाति लंक के सांई।।
काहे जानकी को ले आया। किहि प्रयोग इहि कामु कमाया।।
तोहि मत्ति हीण किंउ होई। अकल मति तैने सभु षोई।।
श्री रामचंद त्रिभवन के राया। सकल जग्रति हि षेलु रचाया।।
क्षिण महि उतपति सभ करि लेवै। क्षिन महि सकल संहारु करेवै।।
तांकी भर्जा तै हिरिआनी। हे मतिहीण क्या मनि ठहिरानी।।
अवि ही आवै तोहि विडारे। कनक पुरी तुमिरी उभु जारै।।
मारि जीउ तुमिरो वहु लेवै। महा अध्कि दुःख तुमि को देवै।।
तव पछुतावहिगा मनि माही। किहि प्रजोग विरोधु कमाही।।
साईंदास जानकी ले जावो। रघिपति आगे षडि ठहिरावो।। ११९।।

रावण फिरि करि वचनु सुनायो। हे मद्दोदरि क्या उचिरायो।।
मोहि सर दूजा कौणु कहावै। इसि धरि परि को द्रिष्ट नि आवै।।
ते मनि महि कहा लीउो वीचारी। ते विधि जानी नाह हमारी।।
त्रैलोक मै बंदी पायो। मोहि सम दूजा को नहि प्रगटायो।।
दस सिरि बीस भुजा वलु भारी। कहु को रीस करि सके हमारी।।
रघुपति त्रासु तूं मोहि दिषावै। वडो वली तूं मोह वतावै।।
छिनि महि तांको मै प्रहारो। केतकि वलु उनि को मै मारो।।
अवि सीता को कैसे देवौ। कैसे तिस को त्रासु करेवौ।।
रामचंद मोहि नामु सुनावै। नामु सुनाइ करि मोहि डरावै।।
मैं काहू कों त्रासु न करिहों। त्रासु काहू का नाम नि धरिहो।।

कनक पुरी महि हमिरो डेरा। को आइ सके हमारो नेरा।।
वढो त्रासु ते मोहि दिषायो। साईंदास रावण उचिरायो।। १२०।।

फिरि मद्दोदरी नृप सौ भाषा। हे रावण तै क्या चित राषा।।
दसि सिर बीस भुजा को जाने। इहि अभिमानु हृदे महि आने।।
मोहि दसि सीस कौनु विडारे। बीस भुजा मोहि कौनु उपारे।।
हे नृप काहे भर्म भुलावै। मेरो कह्यो किउ मनि नही ल्यावै।।
एकु सरीर संग राम जीत आवै। सकल सैना को एकु हिरावै।।
जैसे मिर्गु होवहि इकि ठौरा। सिंहु जीति ले तिहि इकि भोरा।।
जे बकि अधिक होवहि बनि माही। स्वान एकि तिहि उदर फराही।।
एकु भारु काष्ट जो होवहि। रंचक दावा सभही षोवहि।।
कष्ट अग्नि भस्म करि डारे। ऐसे रघुपति तोहि विडारे।।
दसि सिरि बीस भुजा तुमि षोवहि। तव पाछे रावण तै रोवहि।।
जो तू अपनो भला चाहे। जानकी सहित लेइ तूं जाहे।।
पगि लाइ जाइ राम मनावहि। साईंदास अधिक सुषु पावहि।। १२१।।

मदोदरि ने जवि वचन उचारा। अति क्रोधु रावण मनि धारा।।
हे मदोदरी मति वौराई। तुमरे मनि महि क्या है आई।।
ऐसो को दसि सीस विडारे। ऐसो को मोहि भुजा उपारे।।
मोहि नामा त्रैलोक मँझाई। रघिपति त्रासु कहा मै पाई।
त्रैलोकि मोहि डर डर्पावहि। हे मदोदरी मोहि डरावहि।।
मै तो त्रासु किसे करो नाही। सदा अनंदु हमिरे मन माही।।
मै जानो तोह मत्ति हिराई। जो तै इहि विधि मोहि सुणाई।।
मै काहे सीता ले जावो। चर्नि लाग मै ताहि मनावौ।।
इहि विधि हमसौ कबहू न होई। इहि विधि कबहू करे न कोई।।
ऐसे आपस महि झगिरावहि। वहु उसि इसि इसि आष सुणावहि।।
झगिरा अधिक कयो अपि माही। किसे कह्यो कीऊ माने नाही।।
गई मदोदरी जानकी पाही। सोच विचार कियो तिन ताही।।
हे जानकी रावण बलकारी। दसि सिर बीस भुजा वलु भारी।।
ताहि संगु काहे ना लेवै। आइ भाउ तिस किउ ना देवै।।
महा वली तुमि कौ इहि ल्याया। मोहि पति कौ वलु है अधिकाया।।

मेरो कह्यो मनि महि ठहिरावौ। रावण नृप सौ सेगु करावौ।।
जविही मदोदरी एहि सुनायो। जानकी क्रोधु कीयो उचिरायो।।
मै इसि कौ क्षय कर्ने आई। तै कहु मनि महि क्या ठहिराई।।
इसि को वलु मोहि द्रिष्टि नि आवै। श्री रघपति इसि आइ हतावै।।
फिरि मदोदरी वचनु सुनायो। हे जानकी क्या मुख उचिरायो।।
जो रघिपति सा बलु अधिकारी। कैसे हिर्नि दीई घरि नारी।।
किति कार्ण मुख कउ अलावै। झूठि वाति तू मोहि सुनावै।।
रावण नृप को बलु अधिकारी। मेरो कह्यो मनि लेहु वीचारी।।
जानकी फिरि तांको प्रतु दीना। जोई प्रश्न मदोदर कीना।।
कहा रावण को वलु अधिकारी। श्री रघुपति छिन माह विडारी।।
मदोदरी जाण बूझि इहि भाषै। मनि महि इहि वीचारु इहि आषै।।
जो जानकी कहै होवै सोई। उौरु वाति नाहि कछु होई।।
इहि प्रजोग तांसो झगिरावै। प्रश्नु करे ताकौ प्रतु पावै।
जवि जानिकी इहि वचनु सुनाए। मदोदरि मन महि ठहिराए।।
जो इनि कह्यो सोई कछु होई। उौरु न करि साके कछु कोई।।
चलति मदोदरि गृहि महि आई। साईंदास सो सकल सुनाई।।१२२।।

श्री रामचंद लक्ष्मण दोऊ भाई। फिर्त हेर्ति वन महि अधिकाई।।
हेर्ति फिर्ति सीता के ताई। मन अंतर वहु ताप छुताई।।
जनक सुता कहू द्रिष्ट न आवै। तिहि प्रयोग मन वहु दुःख पावै।।
रघिपति पूछति विर्षो ताई। मतु कहू जानकी मोहि दिषाई।।
लछमन कौ प्रभ कह्यो सुनाई। लछमन सुण हो मेरे भाई।।
तीन कुंटि कुटीआ के पेषै। चतुर कुंटि मै नाही देषै।।
मतु तिह कुंटि महि जानकी होई। चलु देषहि मेले मतु सोई।।
अैसे रघिपति विहलु भए। एहि संचरु प्रभ मन महि लए।।
षगि मृग पंक्षी सौ प्रभ पूछहि। ताहि अग्नि किसि ते ना बूझहि।।
शंकर ध्यान धर्यो लिव जोडी। सुधि नही तांको अपनी षौडी।।
रघिपति चर्नि सौ ध्यानु लगायो। शंकर ध्यानु अधिक ठहिरायो।।
पार्वती तव वचन उचारा। हे शंभू जी तै किस ध्यानु धारा।।

सकल जीइ प्रभि तोहि ध्यावहि। तूं प्रभि ध्यानु काहि को लावहि।।
मम मनि संचरु प्रभ हिरि लेवौ। साईंदास को वहु सुषु देवौ।।१२३।।

तव ही संकर वचन उचारा। हे पार्वती सुण हो चितु धारा।।
मै घरो ध्यानु चर्नि रघुराई। ताहि वाति कछु कही नि जाई।।
तिहि रजि चर्नि माहि कोऊ पावै।
जो पावै फिरि जन्म नि आवै।
आदि अनादि रह्यो समाई।
घटि घटि माहि तिहि जोति दिषाई।
ताहि रूपु कोऊ कहा पछाने। ताहि कला कोऊ विर्ला जाने।।
हमि उतिपति तिसी ते होए। तै संचरु क्या मनि महि पोए।।
मै तिस चर्ना ध्यानु लगायो। सदा सदा तांको जसु गायो।।
पार्वती सुण करि विंस्माई। वहुरो मुष ते वाति सुणाई।।
इही रामु जिन जानकी षोई। हे प्रभु इसि ते क्या कछु होई।।
पूर्ण ब्रह्म इहु कहा कहावै। मोहि मनि इहि विधि नाही जावै।।
जो पूर्न ब्रह्म प्रभ इहि होता। जानकी को कहु काहे षोइता।।
जवि देवी इहि वाति चलाई। शंभू फिरि प्रतु दे तिहि स्मझाई।।
इनि से कोई नाह दुराए। इनि से कौणु दुराइ ले जाए।।
जीइ जंत सभ इसे वनायो। घटि घटि माहि इहि आप स्मायो।।
जैसे रवि करे गगन उजीआरा। ग्रहि ग्रहि महि तांको चमिकारा।।
तैसे प्रभु सभ माहि स्माया। एहि भी प्रभ इकु षेलु रचाया।।
सकली विधि प्रभु जानण हारा। तांके घटि का कहा वीचारा।।
सकल जग्त की विर्था पावै।
कथनि माहि प्रभु वाति नि आवै।
ताहि नामु लीए दुःख सभ भागे।
वहुरो फिरि फिरि करिआ इनि लागे।
ताहि नामु अघ भस्म करावै। वेग विल्म वहु मूल नि लावै।।
वनि कटि काष्टु कौ ले आवहि। एक ठौरि सभ को ठहिरावहि।।
पावक छिन इकि तासौ लाई। छिन माहे सभ भस्म कराई।।
जैसे मलीन वस्त्र वहु होता । लाइ सबूण ताँकी मैलु षोइता।।

जैसे त्रिषा गहे जवि आई। पीयो जलु त्रिषा गई हिराई।।
जवि लगि मंदर दीपकु नाही। महा तिमरु तहा तहा देइ दिषाई।।
जवि दीपकु मंदर महि होया। तात काल तिमरु तिन षोया।।
ऐसे नाम प्रभ अघ को टारै। भागहि अघ मुख नाम सम्हारे।।
ऐसे शंभू देवी समझावै। पार्वती कछु हृदे न ल्यावै।।
अनकि भाँति शिव ताहि वतायो। साईंदास विधि सुणायो।।१२४।।

पार्वती फिरि शिव सौ बोली। हे शिव जी मेरो मनु डोली।।
एहि भरोसा मो मनि नही आवै। इहि रघुपतु जो ब्रह्म कहावै।।
ब्रह्म काहू पै चल्यो न जाई। हे शिव मै इहि तोहि वताई।।
मै जावौ इसि को छलि आवौ। पाछे से मै तोहि सुनावौ।।
जो मै इसि को ना छलि आई। तव मै जानों रघिपति राई।।
पूर्न ब्रह्म तव ही कर जानो। द्वितीआ भाउ फिरि हृदे न आनो।।
जो शंभू मै इसि को छलि आई। तव ब्रह्म शिवजी कहा कहाई।।
पार्वती को शंकर कह्या। कहा संचर तै मन महि लह्या।।
तोहि वलु कहा जो तिसि छलि आवहि।
ताहि छलनि तूं नाहि पावहि।।
पार्वती क्या भर्म भुलावै। कहा वाति तूं मनि ठहिरावै।।
पूर्न ब्रह्म सभि ही कौ जाने। जीउ जन्त वहि सभ हूँ पछाने।।
पाछे से तूं मनि पछुतावै। काहे एहि विधि मन ठहिरावै।।।
पार्वती कह्यो शिव ताई। इहि उपिजी है मोहि मन माही।।
जवि लगि मै उसि देषिनि आवौ। तव लगि शांत नाह मै पावौ।।
इहि विधि शंकरि सौ झगिराई। साईंदास छलनि कौ धाई।।१२५।।

पार्वती तव ही क्या किआ। जानकी रूपु तवही करि लीआ।।
आइ करि वन माहे ठहिराई। छलिनि गई श्री रघपति ताई।।
पूछति पूछति रघिपति आए। तहू उोरि प्रभ पग दे धाए।।
पार्वती सों वचनु उचारा। तांको सकला कहों वीचारा।।
माता कहि के ताहि सुनायो। पार्वती मुष ते उचिरायो।।
पार्वती कहू जानकी देषी। मोहि वतावो जो तुमने पेषी।।
पार्वती संचरु हिरि लीआ। करि डंडौत चर्नि चितु दीआ।।

पार्वती तव वचनु उचारा। हे पूर्न ब्रह्म प्रान अधारा।।
तोहि दर्सन ते सभ दुःख भागे। तोहि दर्सन कोई दुःख न लागे।।
त्रैलोक तुमिरो विस्थारा। तूं त्रैलोक ते रहे न्यारा।
सक्ल जग्त महि तुमिरो वासा। तूं प्रभ संत जना की आसा।।
जहाँ जहाँ भीर परी जन ताई। तुमि प्रभ आवति हो क्षिण माही।।
संत हेति करि तूं वपु धारहि। संत हेति करि असुर सिंहारहि।।
अनल अनिल ध्यानु चित धार्न। तूं कौलापति अपर अपार्न।।
वेद क्तैब क्या महिम वषानें। तुमिरी महिमा को प्रभ जाने।।
अनलि अनील अतीत गुसाईं। तोह स्मसर दूजा कोई नाई।।
चिह्न चक्र कछु द्रिष्ट न आवै। तांको कहु कोऊ कहा वतावै।।।
जोति प्रकाश सकल घटि माही। सकल माहि रमि रह्यो सदाही।।
मै तोहि उस्तिति कहा वषानो। तोहि उस्तिति प्रभ मै कहा जानो।।
रस्ना रंचि कहा कछु कहे। कित विधि उस्तिति तुमि उचिरहे।।
मोहि अवज्ञा राम मिटावौ। मोहि अवज्ञा ह्दे न ल्यावौ।।
जान किर्पा प्रभ मो परि कीजै। साईंदास छिन विल्म न कीजै।।१२६।।

पार्वती लगि चर्नि सिधाई। तात्काल शिव पाहे आई।।
शिव पहि उस्तिति भाष सुनाई। पार्वती मुष ते उचिराई।।
आदि अनाद रह्यो स्माई। तांकी भक्ति कछु लषी न जाई।।
अकाल मूर्ति त्रिभुवन के राया। सकल माहि प्रभ आपि स्माया।।
जो जो तांको नामु ध्यावै। पर्मि मुक्ति गति को वहु पावै।।
जो जो तिहि चर्नि चितु धारै। तात्काल वहु ताहि उधारै।।
जो जो तिहि परे सर्नाई। तांकी क्षिण महि तम्रि हिराई।।
ताहि प्रकार मै कहा सुणावौ। कहा वुद्धि जो कहिणा पावौ।।
हे शिव जैसा तोहि वताया। तैसा ही प्रभ मोहि द्रिष्ट आया।।
हे शिव जी ताहू ध्यानु कीजै। साईंदास कछु उौरु न कीजै।।१२७।।

रघिपति हेर्ति है मनि मांही। मतु कहू षर वरि जानकी पाही।।
रघिपति चकिवी चकिवे सो भाषा। जानकी कहू तुम देषी आषा।।
तिहि ने कह्या क्या हमि जानहि। जानि कौपु हमि कहा पछानहि।।
हमि अपुने ग्रहि आनंद माहे। हमि तो काहू जानति नाहे।।

तव रघुपति तांको स्रापु दीआ। रैनि विछोरा तिन महि कीआ।।
दिन इकि ठौरि होवै निस नाही। रैनि विछोरा दीयो तुमि ताई।।
ताहि स्रापु विछोरा तिहि पाहो। रघिपति वचु अन्यथा ना जायो।।
निस इकत्रि इसि विधि ना होवहि। साईंदास निस वहु सुखु होवहि।।१२८।।

तिहि स्रापु देह आगे धारे। ताहि कह्यो किउ अन्यथा जाए।।
अंव व्रिक्ष कोकला ठहिरानी। अति रसालि वोलै वहु वानी।।
अति भलो शब्द सदा मुख वोलै। विहंगम को शब्द अमोलै।।
ताहि कह्यो प्रभ रघिपत राई। कहू जानकी तोहि निर्षाई।।
एहि शब्दु तुमि मोहि सुणावो। हे विहंगम तुमि वेग न लावो।।
तव ही विहंगम शब्द उचारा। हे रघिपति सुण वाति हमारा।।
मै सुख वस्ति हौ अपुनौ ठौरा। मोहि व्योग नाही है भोरा।।
फल देषै मनि महि कुकलावो। महा अध्कि सुख मंगल गावौ।।
उौर कोई मोहि द्रिष्ट न आवै। हे रघिपति कछु उौरु न भावै।।
मै जानकी द्रिग नाहि निहारी। कैसे तुमि सौ कहों झूठारी।।
ताहि कह्यो श्री रघिपति राए। मुख कालो तुमिरो हो जाए।।
स्याम वदनु प्रभ करे तुम्हारे। इहि मम मन महि भयो वीचारो।।
जो कहे राम सोई फुन होई। ताहि कह्या मेटे नही कोई।।
पूर्न पुर्ष जो मुखो उचारे। साईं होवति है तत्कारे।।
स्याम वदनु ताहू तव होया। अति अनंदु तांको प्रभ षोया।।
ताहि स्रापु दियो रघुराए। साईंदास विधि आषि सुणाए।। १२९।।

सुग्रीम वाल कपि दो भाई। किष्कंधा नगरी राजु कराई।।
सुग्रीम वुडो वाल कपि छोटा। वडो सूक्ष्म सूक्ष्म है छोटा।।
सुग्रीम तहा राजु कराई। बाल कपि छोटो तिहि भाई।।
वालु महा वली तिहि भारा। तांके वल का कहा वीचारा।।
त्रैकाल संध्या वहु करही। ताहि व्रितांतु लेह चितु धरही।।
प्रथमै पूर्व जाइ करावै। मध्यान्ह दक्षिणा इनि आवै।।
सांकाल पश्चम आइ करई। दधि तटि जाइ ऐसे चितु धरई।।
निता प्रति एही उसि कामा। सुतवंधू तिहि ग्रहि महि भामा।।
इकि दिन रावण दधि तटि आया। वाल कपि संध्या कर्नि चितु लाया।।

निर्ष वाल को मनि लोभाना। एहि वाति हृदे उनि आना।।
इसि कपि को मै पकरि ले जावौ। सुत वंधू कौ षडि दिषिलावौ।।
चलिति चलिति वाल निकटि आया। पकरिन कौ कर तासि चलाया।।
वाल कपि महा वली वलवाना। उनि प्रभ सेती धरो ध्याना।।
जवि रावण ने हाथ चलाए। वाल ध्यान छाडे पकडाए।।
ले तनूंनी सौ अटिकायो। रावण वलु कछु नाहि वसायो।।
बाल कह्यो सुत षेलनि ताई। इसि को मै ग्रहि मे ले जाई।।
रावण जतनु करे नही छूटै। जोरु करे तनूंनी नही टूटै।।
वंधिन गयो वंदन महि पर्‌यो। आगे आयो जैसा कर्‌यो।।
वालु कपि संध्या करि आयो। विसर गयो तनूंनी अटिकायो।।
षष्ट मास तहू रह्यो उर्झाई। रावण छूटनि मूल न पाई।।
जत्न कीए तनूनी ग्रंथ षुल्ही। सीस काढि भागा ताहा हउली।।
भाग गिआ लंका के माही। वाल कपि पाछे नाह न जाही।।
कछु प्रजोग तासो उनि नाही। कति प्रजोग तिहि पाछे जाही।।
एकु असुरु संढे वपु लीने। कपि गंधा नग्री को पग दीने।।
चला चला नग्री निकटि आया। अति उपाध तहा असुर उठाया।।
वालि कपि जव इहि सुण पाई। एक संढे वहु धूम रचाई।।
वाल तत्काल नग्री तजि आया। तांसो आइ करि युद्ध रचाया।।
असुर कहा वलु इसि सरि होई। वालि सर जोधा नही कोई।।
सीसु असुर को कर महि लीना। ताहि मरोर मरोडे दीना।।
जव ही वालि असुरे को मारा। अध्कि वपु तव असुर पसारा।।
वाल कपि उसि लीयो उठाई। ताहि देहि गिर के तले पाई।।
ताहि गिरि परि जो रषीस्वर रहे। नामु सधहलि तासि को अहे।।
जवि ही वालि असुर को मारा। ताहि मृतुकु गिरि के तले डारा।।
मृत की दुर्गंधिता होई। सधहल रहे तहू अवरु न कोई।।
कह्यो ऋषीश्वर जिन एहि कीना। तांको इहि श्रापु मै दीना।।
जो वहुरो ईहा वहु आवै। गोविंद तांको नासु करावै।।
जो ऋषि मुखि ते वचन उचारे। साईंदास होवै तत्कारे।। १३०।।

एक असुर किंकिधा आवै। वालु परे पाछहि नसि जावै।।
करे प्रवेसु जाइ कंदरा माहे। तिस कंदरा महि वलु ना जाहे।।
तहू ठौर से वलु फिरि आवै। किंकधा महि आइ आइ ठहिरावै।।
उोहु असुरु अैसे ही करही। उौरु वाति किति ना चितु धारही।।
जो उहु असुरु वहुरि फिरि आया। बाल कपि मनि इहि ठहिराया।।
आजु तो मै इसि असुरु कौ मारो। पकरि असुर को धर्नि पछारो।।
जवि वहि असुर नग्रि निकिटि आया। वालु ताहि पाछे उठि धाया।।
सुग्रीव सैना संग लीए। वाल के पाछे तिनि पग दीए।।
असुर जाइ कंदिरा महि वडिआ। वालु षडे होइ मस्तल करिआ।।
सुग्रीम सौ भाषि सुणाया। सो सकला सुण हो चितु लाया।।
हे मोहि वीर सैना संग लीए। तुमि ठांढे रहो ईहा पग दीए।।
मै कंदरा प्रवेसु करेवौ। जाइ असुर को मै हनि लेवौ।।
नितापर्ति आवै दुःख देवै। सदा विरोधु हमि संग करेवै।।
इहि विधि कहि उनि कीया प्रवेसा। सुग्रीम कंदरा मुख वैसा।।
वाल जाइ तिहि युद्धु करायो। वल करि अपुने असुर हतायो।।
तहा रक्त प्रवाहु चलायो। उमडि रक्ति कंदरा मुष आयो।।
सुग्रीम जबि द्रिष्ट निहारी। तब ही मनि महि लीउो बीचारी।।
बालि वीरु को असुर ने मारा। युद्ध कीयो तांकौ प्रहारा।।
ताहि कंदिरा मुख ढपि लीना। पाछे गौनु नग्र को कीना।।
चलति चलति नग्र महि आया। सुग्रीम वहु रुदनु कराया।।
वीरु व्योग सह्यो ना जाई। सुग्रीम द्रिग नीर वहाई।।
रुदनु त्याग शांत घरि आया। जो कछु सिंभ्रत कह्यो बताया।।
जो हरि भावै होवै सोई। साईंदास होरु करे न कोई।। १३१।।

वालु मारि तिहि असुर को आया। कंदरा मुख मूँदा निर्षाया।।
कंदरा मुखु तिनि दीयो गिराई। सैना कछु तिनि द्रिष्ट न आई।।
अति क्रोधु तिनि मन महि कीना। एहि वाति तिन मनि धरि लीना।।
सुग्रीमु एही कछु चाहे। वालु मरे फाँसी कटि पाहे।।
मै उनि को ईहा गियो षलिवाई। तुमि ठाढे रहो ईहा भाई।।
मै इसि असुर को हनि करि आवौ। वेग विल्म मै मूल न लावौ।।

वहु कंदरा मुख ढंपि सिधाए। एही कर्मु सुग्रीमु कमाए।।
वाल क्रोधु कीयो उठि धायो। चलिति चलति किकिंधा आयो।।
सुग्रीम कौ मारि निकारा। राजु आप लीयो तत्कारा।।
ताहि भर्जा षसि करि लीनी। इहि विधि वालि कपने कीनी।।
सुग्रीम तांते भजि आया। आइ करि गिरि ऊपरि ठहिराया।।
चतुर मंत्री तिनि संग लीने। गिरि ऊपरि आइ करि पगि दीने।।
तिन महि हनूंमानु वलभारी। सुग्रीम संग मंत्री चारी।।
जहा ऋषीस्वर सध हलु रहे। राम नामु मुख ते उचिरहे।।
तहू आइ इसि वासा लीना। सुग्रीम इहि कार्णु कीना।।
रहि न सके सुग्रीमु जु जावै। वालु आइ इसि मुष्ट लगावै।।
षष्ठ मास रक्त इहु वहे। इहि प्रयोग मन अंतर सहे।।
षष्ट मास जबि पूर्न होही। सुग्रीम मुष्ट दुःख खोही।।
वहुरो जाइ द्वारे ठहिरावै। कछु अपने मुख ते उचिरावै।।
वालु निकसि के वाहिरि आवै। एक मुष्ठ वहु इसे लगावै।।
दूसरी मुष्ट जवि मारण लागै। सुग्रीमु तव ही उठि भागै।।
भाग आइ गिरि ऊपरि चरे। सुग्रीमु इहु कार्णु करे।।
स्थावर महि तांको वासा। साईंदास प्रभ पूरे आसा।। १३२।।

रघिपति ढूढति ढूढति आए। तहू राहि होइ करि प्रभ धाए।।
सुग्रीम ने द्रिष्ट निहारी। हनूमान सो कह्यो पुकारी।।
हनूमान इन्ह षवरि ल्यावो। इनि को पूछ हमहि पहि आवो।।
कौनु है इहि कहा कौ जावहि। अतुर होइ कहा कौ धावहि।।
हनूमान जवि आज्ञा पाई। तात्काल तिन मनि ठहिराई।।
चलति चलति रघपति पहि आया। करि जोरे मुष भाषि सुनाया।।
हे प्रभ अपुनो नामु वतावो। पाछे कहो कहा तुम जावौ।।
तव रघिपति हनूमान सुनायो। रामु नामु मोहि सुण चितु लायो।।
जानकी को किनी षड्यो दुराई। ताहि फिर्ति हो हेर्ति भाई।।
हनूमान विधि सुण उठि धाया। सुग्रीम कौ आण सुणाया।।
रामचंद इहि नामु अषावै। जानकी को इहि ढूढति जावै।।
सुग्रीम कह्यो ताहि ल्यावो। हनूमान तुमि वेग न लावो।।

हनूंमानु तव ही उठि धायो। तत्क्षिण महि रघिपति पहि आयो।।
कह्यो चलो सुग्रीमु बुलावै। हे प्रभ पूर्न वात सुनावै।।
श्री रघिपति कह्यो वहु भलो भाई। तुमि हमि को भली वाति सुणाई।।
थकित रहे गिरि चर्‌यो न जाई। हार परे वलु कछु न वसाई।।
जबि श्री रघपति वाति वीचारी। हनूमान मन अंतर धारी।।
श्री रामचंद लक्ष्मण कौ लीना। एक इति एक उति कांधे कीना।।
तात्काल सुग्रीम पहि आया। रघपतु लछमणु आण दिषाया।।
जव हनूमान कांधे प्रभ कीए। साईंदास ठौर मत्त लीए।। १३३।।

सुग्रीम जबि दर्सनु पाया। हाथ जोरि मुख वचन सुनाया।।
हे प्रभ कहो कहा तुमि जावो। एहि वाति प्रभ मोहि वतावो।।
तव श्री रघिपति वात सुणाई। सुणु सुग्रीम हमारे भाई।।
मै जानकी कौ ढूढणि जावौ। मतु काहू ठौर सोझी तिहि पावौ।।
किनही जानकी षडी दुराई। हे सुग्रीम हमारे भाई।।
सुग्रीम इहि सुण विस्मायो। तव रघिपति ने वचनु सुनायो।।
हे सुग्रीम क्या संचरु लीयो। कवन व्योग मन महि कीयो।।
तव सुग्रीम कह्यो रघुराई। मोहि वनिता षसि लई मोहि भाई।।
इहि प्रजोग रह्यो विस्माई। मोसौ विधि कछु कीई न जाई।।
रघिपति सुण प्रतु प्रश्न चलायो। सुग्रीम सौ एहि सुणायो।।
तुमि सो कैसे उनि इहु कीआ। वनिता षसि तुमिरो राजु लीआ।।
मै तिहि सुणु करि हो उपिचारा। साईंदास रघिपति बलु मारा।। १३४।।

सुग्रीम तव कह्यो सुनाई। सुण हो कौलापति रघुराई।।
मै वडो वालु छोटो मोहि भाई। मै करो राजु तिहि वलु अधिकाई।।
किंकधा नगरी के माही। राजु करहि वहुता सुख पाही।।
एक असुर किंकधा आवै। ताहि प्रयोग सैना दुःख पावै।।
वालु तवि तांके पीछे जावै। असुरु जाइ किंदरा ठहिरावै।।
एकि दिन वालि कह्यो सुणु भाई। प्रजा असुर्नें अधिक दुखाई।।
आजु तो मै इसि असुर कौ मारौ। पकरि असुर कौ धर्नि पछारौ।।
तुमि सभ सहित चलो मेरे भाई। मै इहि तुमि सौ कहो सुनाई।।
तव ही असुर प्रगटि आइ भया। वालु ताहि सन्मुख होइ गया।।

सभि सैना ले मै भी धाया। असुर भाग कंदरा चितु लाया।।
कंदरा के मुखि परि सभु गए। तहा जाइ करि ठाढे भए।।
वाल तव ही कह्यो सुनाई। तुमि ईहा ठांढे रहो हे भाई।।
मै प्रवेसु करो इसि मांही। जाइ प्रहारौ असुर के ताही।।
असुर मारि फेरि मै आवौ। छिनु पलु विल्मु नाहि मै लावौ।।
हमि हिटिकाइ गयो तिहि माही। हमि तहा ठाढै मनि विस्माही।।
क्या जाने हमि क्या कछु होई। इसि कंदरा महि सुख नही कोई।।
छिनु एकु वीते हे रघुराई। रक्त कंदरा से उमिड आई।।
हमि जाना किसी बालि कौ मारा। किनी असुर इसि कौ प्रहारा।।
हमि कंदरा मुषु मूँद केराही। चले आए किंकधा माही।।
पाछे मारि वालि तिहि आया। मुषु मूंदा तिन ने निर्षाया।।
कंदरा को मुख दीयो गिराई। कंदरा सौ वाहिरि पर्‌यो आई।।
देषनि लागा सैना नाही। अति क्रोधु कीनो मनि माही।।
तांकी भुज महि वलु अति भारी। तिह वल को क्या करौ वीचारी।।
तव ही चला किकंधा आया। मो सौ प्रभ तिहि राजु छिनाया।।
मोहि वनिता भी षसि करि लीई। एहि वाति मो सौ तिनि कीई।।
तिहि वल से भाग ईहा आया। हे प्रभ आइ ईहा ठहिराया।।
तिहि प्रयोग मोहि सुषु न भावै। निसवासर हमि गिणत्या जावै।।
हे प्रभ कहा मै कहो पुकारी। साईंदास वनी अति भारी।। १३५।।

सुण रघिपति फिरि वाति चलाई। सुग्रीम सौ कह्यो समिझाई।।
जो वाल भुजा महि वलु अधिकायो। तुमि ईहा वासा कैसे पायो।।
सुग्रीम फिरि तिहि प्रतु दीना। सकल वीचारु राम तिहि कीना।।
हे रघिपति इकु असुर जु आया। केतिगंधा महि धूम रचाया।।
असुर ने संढे को वपु लीना। युद्ध कर्नि को तिन चितु दीना।।
वालु निकिस वाहिर को आयो। संढे सो तिनि युद्ध मचायो।।
वालि ताहि सीसु वरि लीना। दीई मरोरी मरोर तिनि दीना।।
असुर मारि ईहा उनि डारा। दुर्गंधिता भई तिहि अधिकारा।।
सदहलि ऋषीश्वर को ईहा वासा। सदा सदा वहु हरि संग रासा।।
जवि ऋषि को दुर्गंधिता आई। तवी ऋषीश्वर मुषि उचिराई।।

जिनने एहि दुर्गंधिता उठाई। जोईहा फिरि आवे हन्यो जाई।।
हे प्रभ तास त्रास नही आवै। इहि वसुधा परि पाँव न पावै।।
इहि प्रजोग हमि वासा पायो। माहि ततासौ वलु न वसायो।।
रघिपति तव ही अग्नि जलाई। इहि प्रतज्ञा मनि ठहिराई।।
प्रिथम तोहि कार्जु मै करिहो। पाछे जानकी ढूढनि चढिहो।।
एहि प्रतज्ञा रघिपति कीनी। उौरु वाति सभु तजि करि दीनी।।
सुग्रीम तव वचनु उचारा। हे प्रभ पूर्न प्रान अधारा।।
जो तुमि एहि वाति प्रभ करहो। वालि हतिन को जो चितु धरिहो।।
मै भी तुमिरो कार्जु करिहो। जो तुमि कह्यो तति चितु धरिहो।।
करि प्रतज्ञा रघिपति धाए। सुग्रीम उौरि सहिति चलाए।।
जिहि उौरि कुरंगु असुर को पर्या। तेहू उोरि प्रभ को इनि षडिआ।।
जो प्रिथमे इसि कुरग उडावै। तौ जानो मै वालु हतावै।।
जो इसि को ना सके उठाई। वालि सौ इसि वलु कहा वसाई।।
चलति चलति आए तिहि पाहे। सुग्रीमु सुकचे मनि माहे।।
कहों राम सों के ना कहो। इहि प्रतज्ञा लहो कि ना लहो।।
जो रघिपति विधि जानण हारा। मनि माहे तिनि लीयो वीचारा।।
जो कछु सुग्रीम मनि आयो। कौलापति सभ विर्था पायो।।
धन्ष सौ कुरगि कौ लीयो उठाई। श्री कौलापति पूर्ण रघुराई।।
के सहस्र जौजन डारि दीआ। इह कार्ण कोलापति कीआ।।
सुग्रीम तव भर्मु निवारा। साईंदास निश्चै मनि धारा।। १३६।।

श्री रघुपति आगे तव धाए। किकंधा नग्री निकटि आए।।
कह्यो सुग्रीम कौ आगो जावो। वालि को गृहि से वाहिरि ल्यावो।।
जवि वाहिरि आवै तिहि मारो। वानु साध तिहि धर्नि पछारो।।
तव सुग्रीम ने विनती ठांनी। हे पूरन सभ सारंग पानी।।
मोहि उसि वपु वनिति एकु दिषावै। हे प्रभ उसि कैसे वाणु लगावै।।
मतु उोसि त्याग मोह को मारे। हे प्रभ बाण सौ धर्नि पछारे।।
इहि प्रयोग मनि महि सकुचावौ। डरिता प्रभ आगे नही जावौ।।
पत्रो की प्रभ माल वनाई। सुग्रीम को उरि महि पाई।।
इसि देषि तुझै नाहि भुलावो। वानु सांधि मै ताहि लगावो।।

एक हीं वाण सो प्राण निकारो। एकि ही वाण सो धर्नि पछारो।।
तुमि मनि महि काहे सकुचावौ। तुमि संचरु मनि महि ना ल्यावौ।।
जो मै तुमि सौ कह्यो भाई। साईंदास करौ मै साई।। १३७।।

सुग्रीम आगे को धाया। निकटि द्वारि बालि के आया।।
वालु कर्ति यज्ञु विपि षौलाए। करि अपुने तिहि तिल्कु लगाए।।
सुग्रीम तव वचनु उचारा। बाल आउ वाहिरि तत्कारा।।
आइ करि मौ सो युद्ध करावो। अंतरि वहिनि नाहि चितु लावो।।
जवि सुग्रीम इहि वचन सुनायो। वालि कपि तव ही सुण पायो।।
चाहति यज्ञ त्याग करि आवै। सुग्रीम सो युद्ध मचावै।।
ताहि भार्जा तारा नामा। अति वहु स्यानी हे वहु भामा।।
वालि के ताई कह्यो पुकारे। हे वाली मन लेहि वीचारे।।
यज्ञ त्याग वाहिरि ना जावो। ईहा वहि करि यज्ञ करावो।।
जो उनि कह्यो कहा कछु होई। तोहि स्मसर उसि वलु ना होई।।
वालि कह्यो उसि कों हति आवौ। पाछे आइ करि यज्ञु करावौ।।
फिरि तारा ने वचनु सुनायो। हे पति मोहि कहा चित लायो।।
विनु सहाइ इहु ईहा न आवै। विनु सहाय इस वलु न वसावै।।
इसे सहाइ होई हैं भारी। तब तुमि सो इनि वाति उचारी।।
वाल कह्या तारा ना माना। अति अभिमानु ह्दे महि आना।।
करि अभिमानु वाहि कौ धाया। सुग्रीम तांकौ निर्षाया।।
सकुचि गयो सुग्रीम तव ही। निर्ष्यो वालु नैन सों जवही।।
जैसे मृग केहरि निर्षाए। सुकच जाइ द्रिग नीरु ढुराए।।
जैसे जंपकि निर्षे स्वाना। मनि माहे होवै हैराना।।
जैसे षग बंधकु द्रिष्ट आए। भागनि को अपुना चितु लाए।।
जैसे चोरु परिग्रहि मै जाई। वस्तु हिर्ति वहु मनि सकुचाई।।
मतु ग्रहि को धनी जाग पराए। मोहि पकरि करि घातु कराए।।
जैसे काल रूपु दिष्ट आए। जीउ धार सभि ही सुकचाए।।
तैसे सुग्रीम मनि सुकचाना। साईंदास वहु भयो हैराना।। १३८।।

वाल कपि तिहि पाछे धाया। सुग्रीमु ताहा क्षिण ठहिराया।।
जवि ते वालु निकटि तिहि आयो। सुग्रीमु भागनि चितु लायो।।

वालि दौरि सुग्रीम कौ गह्या। मुख अपुने ते एही कह्या।।
हे सुग्रीम काहे अवि भागो। युद्ध करि काहे नही लागो।।
उोति पोति जवि दोनो होए। रघिपति बाणु सांधि वालु षोए।।
सुग्रीमु तव ही भजि आया। श्री कौलापति आइ ठहिराया।।
बाल तव ही वचनु उचारा। हे प्रभ तै मौकौ किउ मारा।।
जो तूं मोहि कहित रघुराए। लंका कहु मोहि आण दिषाए।।
जैसे एकु भोजनि कोई ल्यावै। आण कहू आगे ठहिरावै।।
तुमि आगे लंका आणि धर्ता। हे प्रभ इह कार्ण मै कर्ता।।
सुग्रीम सौ करी भलाई। जाँके तुमि आइ भए सहाई।।
मै तेरो नाहि उौगुणु कीना। तै मोकौ काहे हनि लीना।।
रघिपति तासौं वचन उचारा। ते उौगुणु कीना वहु भारा।।
भावज वडी मात सरि होई। भार्जा तैने कीनी सोई।।
इसि तै उौगुणु होरु कहा कहावै। इहि उौगुणु हमि नाही भावै।।
वालि कपि फिरि वचनु उचारा।
हे रघुपति जन प्रान अधारा।
हमि पसू हमहि दोषु नाही।
इहि वीचारु लेहु मनि माही।
जवि रघपति इहि विधि सुणी काना।
तव सत्य कर के मनि महि आना।
कह्यो तवै प्रभ वाल के ताई।
इहि वीचारु लेहि मनि माही।
अवि मोहि वाणु अन्यथा ना जाही।
तुमिरो वान देउ मोह आयो।
इहि विधि मै मन महि ठहिरायो।
वालि कह्यो प्रभ कवि मै पावौ।
अवि तो मै देव लोक सिधावौ।
तव कह्यो श्री रघिपति राए।
कृष्ण अवतारु लेवौ जवि जाए।

तवि उधारु तुमिरो मै देवौ।
एहि वाति मै तव ही करेवौ।
श्री रघिपति ने वालि कौ मारा।
साईंदास सभ कह्यो वीचारा।। १३९।।

लछमन कौ प्रभ कह्यो ताही। लछमन समझ देषु मनि माही।।
चतुर्दश वर्ष होवन मै ताही। पिता वचन हमि को इह आही।।
मै तो नग्रि माहे नही जावौ। जाइ नग्रि इसि राजु वहावौ।।
सुग्रीम कौ तुमि ले जावौ। षडि किकंधाराज वहावौ।।
इसे राजु देइ तुमि उठि आवो। वेग विल्म तुमि मूल नि लावो।।
लछमन आज्ञा मनि ठहिराई। वहुरो रघिपति वाति चलाई।।
सुग्रीम सौ कह्यो पुकारे। सुणु सुग्रीव तूं वीर हमारे।।
तुमि जाइ नग्री राजु करावो। जवि हमि कहे तव ही तुमि आवो।।
सुग्रीम पग परि सिरु राषा। मुषि अपने ते इहि कछु भाषा।।
हे रघिपति आज्ञा जो होई। मोहि मस्तक परि करहो सोई।।
लछमनु को प्रभ तिहि संग दीआ। सुग्रीम कौ प्रभ विदआ कीआ।।
लछमनु सुग्रीमु चलि आए। श्री कौलापति तहू ठहिराए।।
दोनों केतगंधा महि आए। लछमनु सुग्रीमु राज वहाए।।
ताहि राजु दे करि उठि धायो। चलत चलति रघुपति पहि आयो।।
रघुपति कह्यो राजु तिहि दीना। लछमन कह्यो कार्जु इहि कीना।।
हे प्रभ जो आज्ञा तुमि होई। साईंदास ने मानी सोई।। १४०।।

लछमन हनूमान संग लीना। गवनु तवै रघिपत ने कीना।।
चले चले सलिता परि आए। छीपा वस्न धोवति निर्षाए।।
कह्यो कहू तुमि जानकी देषी। मोहि कहो जो तुमि द्रिग पेषी।।
तवि छीपे ने वचनु उचारा। हे रघिपति हरि प्रानि अधारा।।
रावण दैत्य ने षडी दुराई। हे माधो जन सदा सहाई।।
तव रघिपति छेपे वरु दीना। तोहि सीतु दूरि मै कीना।।
सीतकाल तुमि जलु न सतावै। करो कामु तुमिरे मनि आवै।।
जल सौ सदा होइ तुमि कामा। तौ मै वरु दीनों विस्रामा।।
छीपा वरु देइ आगे धाए। साईंदास रघिपति परि वल जाए।। १४१।।

रघिपति पग आगे को दीने। षग चटाई प्रभ ने देषि लीने।।
ताहि कह्यो सुण मेरे भाई। जनक सुता कहू ने निर्षाई।।
कह्यो चटाई श्री रघपति राई। जानकी जावति मै द्रिष्ट आई।।
रघिपति तांको अंक महि लीना। फेर करि तांसौ प्रतु दीना।।
हे चटाई व्रितांतु सुनावौ। सकल वाति तुमि मोहि वतावौ।।
तव ही चटाई कह्यो रघिराए। मै सभ विधि तुमि देयो वताए।।
गणत्री त्याग मो सो चितु देवौ। मेरे कह्यो मनि धरि लेवौ।।
कनक पुरी नृपु रावण नामा। हे प्रभ पूर्ण सुण हो रामा।।
जानकी ताहि दुराइ करि आनी। जानकी सो मै लीउो पछानी।।
मै तासौ वहु युद्ध करायो। हे प्रभ उनि मोहि दगा कमायो।।
रघिपति कह्यो कहो क्या कीआ। तुमि सौ कौण दगा उनि दीआ।।
तव ही चटाई आषि सुनायो। हे प्रभ मोसौ एहि करायो।।
अपुनी देहि पछ रक्त निकारी। वाटि लीए ले ताहि लिवारी।।
वाटि लिवारि मोह उोरि डारि दीए।
हे रघिपति मै उदरि महि कीए।
जवि मोहि वाटि उदर महि डारे।
वलु भयो क्षीण मोहि तत्कारे।
पाछे वलु मोहि कछु न वसायो।
हे प्रभ वहु जानकी ले धायो।
हे प्रभ अवि मोहि निकिसति प्राना।
तुमि सत्ति करि लहो मन माना।
मोहि दागु दे करि तुमि जावो।
अदग्ध ठौर तुमि मोहि जरावो।
इहि विधि कहि चटाई तजे प्राना।
साईंदास ब्रह्म जोत समाना।। १४२।।

जव ते चटाई प्रान तजि दीए। श्री रघपति संचरु मन लीए।।
ब्रह्मपुरी हमि ध्यानु लगायो। तहू अदग्ध ठौरि नही पाए।।
अदग्ध ठौर कहू द्रिष्ट न आवै। जहा चटा कौ रामु जलावै।।
सोच वीचार देष्यो मन माही। सो गुर क्रिपा ते आषि सुणाई।।

उौर अदग्ध ठौर कोई नाही। जहा दागु देवौ इसि ताही।।
कर अदग्ध पावौ मेरे भाई। उौर ठौर कहा द्रिष्ट नि आई।।
रघिपति करि परि तिसहि जलाया। कर्म क्रतूत प्रभ तिसे कराया।।
जो कछु वेद कही मेरे भाई। श्री रघिपति ने कीनी साई।।
जैसे सुत पित को कर्म करही। क्रिया कर्मि सभे चितु धरही।।
तैसे रघिपति ताके कीने। एहि वाति मन महि धरि लीने।।
पिता सषा प्रभ जान कराही। एहि वाति लीनी मनि माही।।
जैसे को पित को कह्या माने। द्वितीया भाउ पिति कहे न आने।।
चटाई कहा ऐसे माना। पिता सषा कर्के प्रभ जाना।
पर्मि मुक्ति पदु षग ने पायो। साईंदास रघिवर चितु लायो।। १४३।।

श्री रघपति तव आगे धाए। जवि केतक मगु चलि करि आए।।
लछमन सौ तव वचनु उचारा। सुग्रीम क्या मनि महि धारा।।
तुमि जाइ करि सुग्रीमु ल्यावो। मेरे कह्यो चित महि ठहिरावो।।
लछमन क्रोधु कीयो उठि धाया। जो आज्ञा होई वही कराया।।
तांको वलु कैसे सह्यो जाई। लछमन कौ वलु है अधिकाई।।
निकटि किकंधा नग्री आया। सकल कपो ने द्रिग निर्षाया।।
लछमन तेजु कपि देषि कराही। ग्रहि ते झडति हे धर्नि पराही।।
सुग्रीम तव ही सुण पाया। रघिपति वीर लछमनु है आया।।
सुग्रीमु तव सन्मुख धाया। लछमन कौ डंडौत कराया।।
लछमन तांसौ कह्यो सुनाई। हे सुग्रीम सुणो मेरे भाई।।
श्री रघिपति तुमि को चिति कीना। तुमि ईहा सुष मनि महि लीना।।
महा क्रोधु कीयो रघुराई। सुग्रीम विल्म वहु लाई।।
इहि प्रजोग मोहि दीयो पठाई। सुग्रीम सो कहो तुमि जाई।।
छिनु विल्म न लावो तुमि वुलाया। तुमिरे पाहे मोहि पठाया।।
दो दिन तुम ईहा विल्मु करावो। क्रिपा करि ईहा ठहिरावो।।
नग्रि नग्रि के कपह वुलावो। रघिपति कार्ज उठि सिधावौ।।
दो दिन महि सभ ही कपि आवहि। सहित लीए हमि उठि करि धावहि।।
लक्ष्मण कह्यो रघपति उकलावहि। मम तुमि परि वहु क्रोधु करावहि।।

सुग्रीम कह्यो दो दिन कार्न। क्रोधु न कर्सी अपर अपार्न।।
मेरो कह्यो सुण करि लेवहु। साईंदास सुष जीउ कौ देवहु।। १४४।।

लछमन दो दिन तहू ठहिराए। दो दिन पाछे वंतरि आए।।
कै सहस्र वांतरि उमिडाए। तांकी गणिती गिणी न जाए।।
सुग्रीमु सैना ले धायो। चलति चलति रघुपति पहि आयो।।
करी डंडौत आइ प्रभि ताई। तांके संग सैना अधिकाई।।
वाल को सुतु अंगद वलकारी। जाम वानु तांकौ वलु भारी।।
नल अरु नील दोऊ वलिवाना। दिवद महें इ सुषेंण प्रधाना।।
केसरी कपु उौर्वहु वलिवाना। सैना नाम मै कहा वषाना।।
जो इकु इकु नामु कहा मेरे भाई। वसुधा ऊपरि लिष्यो न जाई।।
कपि अठारा पद्म उमिडाए। तांकी गणिती कौणु कराए।।
एक एक कपि को वलु सुण लीजै। उौर वाति कछु चित्त न दीजै।।
दस सहस्र गज कौ वलु भाई। एहि वाति मोहि वेद वताई।।
सस कपि सुरो उौतारा लीना। जो आज्ञा रघिपति ने कीना।।
इहि प्रजोग वलु है अधिकाई। हे साधो सुण हो चित लाई।।
और वाति तजि इहि चित लावो। राम नामु मनि महि ठहिरावो।।
कोटि जन्म प्रभ मुक्ता कर्सी। साईंदास जो नामु उचर्सी।। १४५।।

श्री रघिपति सुग्रीम सौ आषा। हे सुग्रीम कहा चितु राषा।।
चतुर्दिसा वंतरि पैठावो। तात्काल एहि वाति करावौ।।
जानकी की कहूं षवरि ल्यावहि। एहि षवरि मोसो पहुचावहि।।
सुग्रीम कह्यो वहु भलो आषा। हे रघिपति भलो चित राषा।।
एक एक दिसि वंत्र पठाए। दस सहस्र सुण हो चितु लाए।।
हनूमान कौ कह्यो सुनाई। श्री रघपति कौलापति राई।।
हे हनूमान तूं भी चल जावो। दस सहस्र कपि संग सिधावो।।
वन वन नग्रि सुधि लेवहु। एहि वाति तुमि चित्त करेवहु।।
मुद्रा रघिपति तांकौ दीना। एहि संदेसे कार्ण कीना।।
जानकी देषि आवै पर्तीता। ठौर हो इनाहूको चीता।।

---

१. वंतरि = बन्दर।

इहि प्रजोग मुद्रा तिहि दीना। इहि कार्णु श्री रघपति कीना।।
हनूमान पगि सीसु ठहिरायो। साईंदास आज्ञा पाइ धायो।। १४६ ।।

हनूमान सैना संग लीए। जानकी ढूढनि को पग दीए।।
नग्रि नग्रि वनि वनि ढूढाही। मतु कहू ठौर षवरि तिहि पाही।।
ढूढति एकि कंदरा आए। हनूमान मनि इहि ठहिराए।।
कह्यो हृदे कछु त्रासु न होई। मेरो कहो क्या कर्सी कोई।।
दस सहस्र कपि लै वलिवाना। इनि सै कौनु होइ सत्राना।।
अंगद सुत है बाल को भाई। महावली तिहि वलु अधिकाई।।
जाम वानु तांको वलु भारा। नल अरु नील तिहि वलु अधिकारा।।
हमि स्मसर कहा कौनु कहावै। जो हमि सन्मुख युद्ध कौ आवै।।
ताहि कंदिरा महि पग दीने। अधिक गवनु ताहू महि कीने।।
ताहि विच गए सुधि वौरानी। कौन ठौर षरे सारंग पानी।।
विस्मक होइ आगे कौ धाए। कनकि मंदर निर्ष विस्माए।।
अनकि ता जल्जल भरे लिल्हाई। फल नाना तिहि व्रक्ष उझ्राई।।
तहा त्रिजा ने आस्रमु कीना। दिव्य जोति देवी रूपु लीना।।
वंतरि निर्ष भई हैराना। तव देवी मुष वचनु वषाना।।
हे वंतरो कहु कहा ते आए। इहि विधि मौको देह वताए।।
हनूमान तव वचन सुनाए। सुण हो देवी देउ वताए।।
जानकी किनहू षडी दुराई। ताहि ढूढणि कौ हमि जाई।।
तव त्रिजना सुन वचनु उचारा। श्री रामचंद्र को भयो अवतारा।।
रावण जानकी षडी दुराई। होणी हो इसौ कौणु मिटाई।।
हनूमान कह्यो ऐसे होई। रावण षडी होइगी सोई।।
तव त्रिजना कह्यो हनूमाना। फल षावो अपना मनु माना।।
वंतर फलि षाइ रहे अघाई। उदरि भर्यो सुधि फिरि पाई।।
द्रिग मूँदे तिहि नैन उघारे। सकल वार्ता ताहि चितारे।।
फल षाइ वंतरि ठहिराए। साईंदास त्रिजना सुनाए।। १४७।।

हनूमान त्रिजना सौ आषा। करि जोरे मुष ते इहु भाषा।।
हे मय्या मोह राहु वतावो। अपुनी किर्पा हमहि करावो।।
जवि हनूमान इहि वचनु सुनायो। त्रिजना तव मुष ते उचिरायो।।

राहु दसों तौ तुमि ना पावो। जत्नु करो वाहरि नही जावो।।
द्रिग लेहु मूँदि कहा मोहि मानो। उौरु वाति कछु हृदे न आनो।।
सभ वंतरि ने नैन मूँदाए। फेरि उघारे वाहिरि आए।।
भए भै चक्रित अधिक मनि माही। हे रघिपति कहा ठौर दिषाही।।
कहा वहु कनक मंदिर रघराए। कहा व्रक्ष जो फरि उर्झाए।।
कहा रूपु तुमि हमहि दिषायो। हे प्रभ क्या द्रिग सौ निर्षायो।।
तुमिरी गति रघपति को जाने। तुमिरी गति कहा वेद वषाने।।
तू प्रभ सदा सहाइ जना केरा। किन हू अंतु न पायो तेरा।।
हे प्रभ तुम हमि भए सहाई। साईंदास तुमि परि वल जाई।।१४८।।

कंदरा त्याग वाहिरि सभ आए। जानकी को ढूढण उठि धाए।।
वन वन व्रिक्ष व्रिक्षि ढूढाही। एति उोति उोर द्रिग निर्षाही।।
आगे उौरु कंदरा आई। सभ वंतर ने द्रिग निर्षाई।।
सभ प्रवेसु कीयो तिन माही। महा तिमरु कछु द्रिष्ट न पाही।।
चलति चलति सभु आगे आए। कनक मंदिर सुंदर निर्षाए।।
वनि सुंदर तहा व्रिक्ष अधिकाई। तिहि वन महि फल वहु उर्झाई।।
मैन सुता बैठी मंदिर माही। ताहि रूप गति कही न जाही।।
वंतरि निर्ष रहे विस्माई। मैन सुता तिहि कह्यो सुनाई।।
हे वंतरो तुमि कहा से आए। कौनु उोरि तुमि वंतरो धाए।।
हनुमान तिहि वचनु उचारी। मैन सुता सुनु वाति हमारी।।
हमि जानकी कौ ढूढनि आए। श्री रघपति अवतारु है लीना।।
मैन सुता कह्यो लेहि फलु षावो। इहि फल सौ तुमि उदर अघावो।।
तहा अधिक फल किनहू षाए। षाए फल तिहि उदर भराए।।
मैन सुता तवि कह्यो सुनाई। रावण जानकी षडी दुराई।।
प्रगटि भयो राम अवतारा। मैन सुता मुख वचन उचारा।।
हनूमान तांकौ प्रतु दीना। श्री रघपति अवतारु है लीना।।
मैन सुता सौ वचनु उचारा। हनूमान वलु तांको भारा।।
मार्गु कोई हमहि वतावो। है मैन सुता वेरि नही लावो।।
तवि उनि कह्यो नैन मुँदावौ। वेग विल्म कछू मूल नि लावौ।।
सभ ही कपि नैन मूँदि लीने। मैन सुता सभ वाहरि कीने।।

षोल्ह दीए द्रिग बाहिरि आए। तजि कंदरा आगे को धाए।।
हेर्ति फिर्ति सभ जानकी ताई। ग्रहि ग्रहि वनि वनि विर्ष मझाई।।
कहू जानकी द्रिष्ट न आवै। वंतरि इति उति अधिक डूलावै।।
वंतरि ढूढति भए हैराना। साईंदास ढूढति मनु माना।। १४९।।

ढूढति ढूढति ढूढति आए। निर्ष्या दधि मनि महि विस्माए।।
पृथ्वी सकल ढूढी ना पाई। जानकी किने षडी दुराई।।
चारि जोजन जलु धर्नि ते ऊचा। हमिरी आगे नाह पहूचा।।
जहा लगि वलु हमिरो वसाया। थक्त परे वलु सभ ही लाया।।
आगे कहा जाहि मेरे भाई। हनूमान कहति स्मझाई।।
षगु मृगु ईहा नाही जावै। कहो कहा वलु हमहि वसावै।।
जो फिरि जाही रघपति पाही। सुग्रीम हमि घातु कराही।।
भलो होइ ईहा तजो प्राना। जोग मार्ग मनि लेहि पछाना।।
जामवंत कह्यो सुण मेरे भाई। जोग साधिना करी न जाई।।
कहा जोग साधना हमि ते होई। जो ना होइ कहो तुमि सोई।।
हनूमान फिरि करि इहि वोले। सुणो वाति तुमि श्रवणहि षोल्हे।।
लकडि मेल करि चिषा वणावहि। साईंदास सभ प्राण तजावहि।। १५०।।

सभ हूं इहि विधि मनि ठहिराई। हनूमानि जो दीई वताई।।
सभ लकडी चुण करि ले आवहि। अपो अपुनी चिषा वणावहि।।
सभ हू चिषा जो लीई वनाए। चाहित अपुने प्रान तजाए।।
षग सुनति तब ही प्रगटाया। वंतरि सभु तिनि द्रिग निर्षाया।।
षग हृदे महि इहि विधि धारी। पूर्न भई अवि इछा हमारी।।
वहुति दिवस की भूष जु लागी। वलु अरु मत्ति हृदे ते त्यागी।।
अवि मै इनि सभ भछनि करहों। पाछे उर वाति चितु वरहों।।
श्री कौलापति भछन कार्न। आण दीए इहि अपर अपार्न।।
सभ वंतरि षग को निर्षाया। दीर्घ रूप वलु कह्यो न जाया।।
सभ ही निर्ष भए हैराना। एहि वाति उनि मुषहु वषाना।।
धंन्न जटाउ प्रभ कार्ज आया। राम कार्ज करि प्रान तजाया।।
जवि उनि ने इहि वाति वषानी। षग सुनति मनि लई पछानी।।
कह्यो वंचरो क्या उचिरायो। चटाई नामु मोहि कहा सुनायो।।

कहो चटाई कवि प्रान तजाए। राम कार्ज तिन कैसे कराए।।
हनूमान तव वचनु उचारा। सुन हो सनाति हृदे तुमि धारा।।
रावण जानकी को हिति ल्यायो। तव ही चटाई ने युद्ध कराया।।
रावण तांको वलु हिरि लीना। राम नमित्त प्रान तिन दीना।।
श्री रघपति कर धरि के जलाया। षग चटाई पर्म गत पाया।।
जवि सनाति इहि सुण करि लीए। वहुरि वाति वंचरि सौ कीए।।
हे वंचर मोहि वलु सा भारा। मो सर अवरु न को संसारा।।
मै उडि रवि मंडलि महि जावौ। रवि के आगै जा ठहिरावौ।।
रवि का आगा छाइ करि लेवौ। वल पंषनि करि एहि करेवौ।।
वाति चटाई की तुमि सुणाई। वहि चटाई लहुरो मेरे भाई।।
एकि दिन हमि दोनो जो धाए। हमि रवि मंडल को जाइ छाए।।
चटाई तले मैं ऊपरि धाया। रवि को मंडल जाइ मैं छाया।।
रवि के तेज मोहि पंष जलाए। रवि मंडल ने धर्नि गिराए।।
चटाई की रक्षा मैं करि लीई। तांको अंच न लागण दीई।।
मै निहि वलु होइ ईहा गिरायो। चटाई गिर्‌यो तिहि वन ठहिरायो।।
आजु षबरि मै तांकी पाई। भला कीआ तुमि मोहि सुणाई।।
मोहि वलु क्षीण भयो मेरे भाई। अवि मो पहि कहूँ गियो न जाई।।
जो मोहि वलु प्रिथम सा होता। रावण को मै जाइ करि षोता।।
मोहि द्रिष्ट दिव्य हे भाई। जानकी अशोक वन महि ठहिराई।।
इकु सौ जोजनु ईहा वहु ठौरा। जिहि वल लागे जावौ दौरा।।
लंगा गढु त्रगुण भाई। इहि विधि मै तुमि दीई वताई।।
राकस जानकी ओरि फिराही। जानकी कौ वहु दुःख दिषाई।।
मै तुमि को इहि प्रगटि सुणायो। साईंदास कछु विल्म न लायो।।१५१।।

जवि सभ वंचर इहि सुण पाया। चिषा त्याग सोचन चितु लाया।।
सभ वनिचर इकत्र आइ भए। मुष ते तव ही वचनु उचिराए।।
कह्यो कौणु लंका कौ जावै। तहा जाइ वल कौण वसावै।।
कनकपुरी सौ षवरि ल्यावै। जानकी कौ द्रिग सों निर्षावै।।
अंगद कह्यो सुनो मेरे भाई। अवि मै जावो लंका धाई।।
जावनि जावो फिरि नही आवौ। इहि विधि करि मै मनि सकुचावो।।

नील कह्यो मै जावण जावौ। वलु नही लागै फिरि मै आवो।।
एहि विधि भी अनल वीचारी। हे साधो तुमि केहि वीचारी।।
जोइ नि इहि विधि कही पुकारे। जामवंत तव वचन उचारे।।
जव प्रभ ने वावन वपु धारा। वलि को छलिनि गयो नरंकारा।।
अढाई करौ वसुधा जाचाई। वलि कह्यो मै दीनी साईं।।
वलि छलने मन संकल्पु जु कीना। कह्यो अढाई करौ मै धर्ती दीना।।
प्रभ छलिते दीर्घ वपु धारा। वलु वहु विस्म हृदे सकुचारा।।
एती विल्म जु प्रभ ने कीई। मै सप्त वारि प्रदक्षिणा दीई।।
सकल पृथवी कौ मेरे भाई। अति वृद्धि भयो वलु नाहि वसाई।।
हनूमान कछु नाहि उचारा। विस्म होइ विस्मकि चितु धारा।।
जामवान हनूमान सुनायो। हनूमान क्या वलु विसरायो।।
जवि तेरी वालि अवस्ता साई। तुमि कौ वलु था अति अधिकाई।।

अवि कहा भयो जो वलु विसिराना।
तूं तां वोलीए अति वलिवाना।

हनूमान कछु ना उचिरायो। स्रापु पाइ तिहि वलु विसिरायो।।
एक समे ऋषि यज्ञु कराही। अग्नि जलाइ वहु होमु कराही।।
तिहि समे पौन पुत्र क्या कीआ। अग्नि जलति लकडी कढि लीआ।।
ऋषीश्वर ने तव वचनु उचारा। अति वलु इहि वल षीन तुम्हारा।।
जवि तुमि राम कार्ज को जावौ। वहुरो वलु अपना तुमि पावौ।।
जामवानि तव कह्यो सुनाई। सुण हो पवन पुत्र वाति कहाई।।
जवि तुमि वालक मेरे भाई। तव तुम सौ वलु सा अति अधिकाई।।
तोहि मात केसरी तिहि नामा। तव केसरी इहि कीनो कामा।।
तुमि कौ पालनि माहि पायो। अपुनो चितु उनि वन को लायो।।
फल लेने गई वन के माही। तवि तै सोच लियो मनि याही।।
रवि प्रकासु भयो तत्कारा। तवि मनि महि तुमि लीयो वीचारा।।

तव तैं फलु करि रवि कों जान्यो।
तव ही इहि विधि मनि महि आन्यो।।

त्याग पालिना गगनि सिधाए। अपुने करि जाइ रवि कौ पाए।।
धर्नि त्याग गगनि को धाया। जाइ रवि को तै हाथ चलाया।।

रवि कीउो तेजु तुमि दियो गिराई।
तोहि पितु ठटकि रह्यो अधिकाई।।
जब लगि पवनु न होइ सहाई। कहु कैसे कोऊ मग महि धाई।।
सभ हू लोक कष्टु वहु पाया। ब्रह्म पाहि तिन्हा आष सुणाया।।
हे प्रभ पौनु रह्यो ठटिकाई। कहो कवन पहि आष सुनाई।।
विनु पवन कैसे सुख होई। विना पवन सुखु नाह कोई।।
ब्रह्म पवन को लीउो वुलाई। ताहि कह्यो सुण हौ मेरे भाई।।
काहे तुमि इहि कामु करायो। किह प्रयोग तुमि इहि चित आयो।।
पवन ब्रह्म पहि कह्यो सुनाई। सुण हो ब्रह्म पूर्ण ब्रह्म ताई।।
मम सुत को रवि धर्नि गिरायो। हमिरे पुत्र वहुति दु:ख पायो।।
इहि प्रयोग मै इहि कर्मु कीआ। सभ हूं ते न्यारा कीयो हीआ।।
तव ब्रह्मा कह्यो सुणु मेरे भाई। इहि विधि कीए नाहि भलाई।।
सुत कौ आण रवि पाह वैठावो। विद्या सभ तुमि ताहि सिषावों।।
अपुने आपु न करो न्यारा। मेरो कह्यो मनि लेह वीचारा।।
पवन पुत्र रवि पाहि वहायो। रवि ने विद्या तोहि सिषायो।।
उोह वलु तुमि काहे विसिरायो। हनूमान वलु चित्त ल्यायो।।
जवि इहि विधि पवनु सुत सुन पायो। स्रापु मिटयो वरु प्रगटायो।।
जामवंत जैसा कह्यो सुणाई। साईंदास वलु अति प्रगटाई।। ख[1]।।

हनूमान कंपति करि परिआ। अति दीर्घ अपुनो वपु करिआ।।
कह्यो सुनो भाई मै जावो। जानकी की जाइ षवरि ल्यावो।।
तुमि सुषसेती ईहा रहो। रामु जपौ कछु अवरु न कहो।।
हनूमान स्थावरि परि चढ्यो। चतुर जोजन स्थावरि षढ्यो।।
उत्तिमाति देवनि की आई। आगे आइ करिहि ठहिराई।।
कह्यो मै इसि प्रतज्ञा लेवौ। हीरो पर्षिनि चित्तु धरेवौ।।
सोच वीचार लीउो मनि माही। मै हनूमान ताई पतीआही।।
राम कार्जु इसि ते होइ आवै। को कार्जु कर्ना ना पावै।।
दीर्घ रूप कीयौ आगो आई। हनूमान ने द्रिग निर्षाई।।
हनूमान वपु दीर्घ कीआ। उोति उसि ते दुगणा करि लीआ।।
वदन पसार आगे को आई। अति दीर्घ तिहि रूप देषाया।।

१. मूल ग्रंथ में १५१ संख्या दो बार आई है।

हनूमान सूष्म वपु पाया। कूदि वदिन होइ वाहरि गया।।
अस्थावरु घसि गयो तलाही। जैसे धर्नी देह दिषाई।।
वसुधा सौ तवही रलि गया। हनूमान कूदनि चितु दया।।
तव उनि ने मुष वचनि उचिराए। धन्न माति जिन तुम से जाए।।
हे हनूमान मैं उोति सी आई। तोहि पतीआविणि कार्नि भाई।।
तुम रघपति को काजु सवारो। लंका को गढु तुमि ही जारो।।
श्री रघुनाथु होइ तोहि सहाई। उोति वचनि मुष ते उचिराई।।
हनूमान डंडौत कराए। जवि उोत ने यहि वचन सुनाए।।
हे पूत माता तुमि होइ सहाई। मो कौ होवति वलु अधिकाई।।
श्री रघिपति के कार्ज जावो। तोहि क्रिपा सिद्ध करि आवौ।।
उोति अशीरी वचनू तिहि कीआ। साईंदास सुत पवन के लीआ।।१५२।।

जवि हनूमान अकास सिधायो। एक गिरि दधि महि प्रगटायो।।
पवन पुत्र सौ वचनु उचारा। सुन हो पवन सुत कहा हमारा।।
तुमि हारे होवोगे भाई। मम परि आस्रमु लेवहु आई।।
तोहि पिता हमि सौ भला कीना। जासि समे मघिवे दुःख दीना।।
हमिरै पंषि मघवे कटि डारे। चाहित था हमि कौ वहु मारे।।
तोहि पिता हमि करी सहाई। ताहि प्रजोग छूटे हमि भाई।।
सुरपति से डरि ते ईहा आए। दधि मो अपुना आपु दुराए।।
अमरो प्रश्नु किया ऋषि पाही। वाल्मीक ऋषि विधि पूराही।।
अस्थावर को पापु करायो। मघवे तिहि पंष कटिणि चितु लायो।।
इहि विधि हमि कौ देहु वताई। पूर्ण ऋषि तुमि सदा सहाई।।
वाल्मीक हि अमरो प्रतु दीना। जो कछु प्रश्न देवहु ने कीना।।

अस्थावर उडणै चितु लावहि।
चडि अकास फिरि धरनि परि आवहि।।

पर्जा को वहुता दुःख देवहि। नग्र कौ देषि विडारहि लेवहि।।
प्रजा मघिवा पाहि पुकारी। हमि को दुःख दीनो अति भारी।।

इहि अस्थावर हमहि दुःखावहि।
इनि के हाथ हमि वहु दुख पावहि।।

जवि मघवे इहि विधि सुण पाई। क्रोधु कीयो मनि महि अधिकाई।।

इहि प्रजोग पंष कटि डारे। सुण हो देवहु वीर हमारे।।
सकल देवौ कौ भर्मु कटि डारा। वाल्मीक जव दीयो वीचारा।।
इस्थावर जवि वचन उचारे। पवन पुत्र तिहि दीयो वीचारे।।
अवि तो मै कार्ज को जावौ। राम कार्ज कर्ने चितु लावौ।।
राम कार्जु जवि कर्के आवौ।
तौ तुमि परि आइ करि ठहिरावौ।।
फेरि कीई इस्थावर बानि। पवन पुत्र सुण हो चित आनी।।
तोहि पिता को हमि सिर भारा। चाहति हमि तिहि भारु उतारा।।
पवन पुत्रु फिरि ताहि मग आयो। साईंदास फिरि आगे धायो।।१५३।।

हनूमान आगे कौ धायो। कनक पुरी सौ तिन चितु लायो।।
छामा राकसी तव प्रगटाई। छामा राकसी वलु अधिकाई।।
जो कोऊ गगन के मार्ग जावै। तिह परिवस्त धर्नि परि आवै।।
ताह परिवस्तु कौ वहि दव लेवै। गगन त्याग वहु धर्नि परेवै।।
ताहि लेकरि भछन वहु करही। इहि वलु छामा राकसी धरिही।।
हनूमानु मग गगनि को धायो। तिहि परि वस्तु छामा निर्षायो।।
जत्न करि तवहि दव्यो न जाई। हनूमान तिहि वलु अधिकाई।।
हार परी विस्मकि ठहिरानी। गगनि उौरि तिहि द्रिष्ट करानी।।
देष्यो तिहि कपु उडियो जाई। देषि कपि को गगनि को धाई।।
हनूमान जाइ सन्मुख होए। तांसो युद्ध कीयो अधिकाए।।
हनूमान राकसी को मारा। ताहि मारि कूद्यो अधिकारा।।
लंका त्याग पलंका माही। जाइ पर्यो कपु वलु वहुताही।।
भयो भै चक्रित कहा मै आयो। कनक पुरी पहुचिन ना पायो।।
एक वनिता वुढी आसा देषी। नैन निहारि पवन तनु पेषी।।
वनिता उपले लीए मिलाई। जत्न करे वलु नाहि वसाई।।
जो उपल्यां वेचा लेहु उठाई। उपले ले ग्रहि को वहि जाई।।
कह्यो पूत इहि मोहि उठावो। एति की उोरि मो पहि आवो।।
पवनपूत तव कह्यो पुकारे। हे मय्या हमि भी है हारे।।
मै जावनि लंका के माही। थक्ति पर्यो वलु नाहि वसाही।।
तव वनिता ने बचनु सुनायो। हे वनिचरि इहि विधि सकुचायो।।

लंका पाछे रही अधिकाई। तुमि आइ परे पलंका माही।।
त्रैढे कूदि परो तहा जावो। किहि प्रजोग मन महि सुकचावो।।
तव हनूमान सुनी इहि विधि काना।
मनि वहु सुख होयो आनंदु माना।।
उपले वनिता को उठिवाए। साईंदास तिहि वलु अधिकाए।। १५४।।

त्रेढे ही हनूमान कूदाए। तातकाल लंका महि आए।।
कह्यो कौन ग्रहि ढूढिनि जावो। जानकी पूछ कहाँ ते पावो।।
सूष्म रूपु कीयो हनूमाना। ग्रहि ग्रहि फिर्ति सुजाना।।
ढूढति चल्यो शोक वनि आयो। जानकी कौ तहा आइ निर्षायो।।
राकसी षडी अधिक इहि पाही।
चतुर्दिसा सीता ठहिराही।
मुष करि जानकी के पूछहि टोरहि।
तांको छोड तिना ही भोरहि।
जानकी कौ वहु कहै सुनाई। हे जानकी रावणु वलिकाई।।
रावण नृप को तुम संगु लेवहु। तपसी कौ मनि ते तजि देवहु।।
जानकी तेह कह्यो ह्दे न आनें। तांको कह्यो कछू नि जानें।।
रंचिक वीते रावणु आयो। जानकी सौ तिनि भाष सुणायो।।
हे जानकी हमिरे ग्रहि आवो। काहे को एता दुःख पावो।।
सभ ते नायक तुमें करावौ। पटिराणी तुमि नामु रषावौ।।
सुरों सभ हू हमि कंन्या दीनी।
सेषनाग दुहति सहिति कीनी।
त्रैलोकि मोहि वल कंपावहि।
डर्पिमानि होइ सर्नी आवहि।
कहा रामु लक्ष्मण तू भाषहि।
राम लछमनु क्या चित महि राषहि।
मेरो कह्यो मनि महि धरि लेवहु।
उौरु कहू चित नाहि डुलेवहु।
जानकी रावण कह्यो सुणाई।
हे मति हीन कहा चित आई।

श्री रामचंद लक्ष्मण अवि आवहि।
हे मति हीन वहु तुझे हतावहि।
तुमिरी उौधि निकटि है आई।
तै मनि माहे क्या ठहिराई।
रावणु इहि सुण के उठि धाया।
चला चला वनिता पहि आया।
मंदोदरि को तिहि कह्यो सुणाई।
मै जानकी सौ इहि उचिराई।
तुमि चलिहो हमिरे ग्रहि माही।
किह प्रजोग कछु तू पाही।
जो मै इहि कह्यो प्रतु दीना।
हे रावण क्या मनि मह लीना।
अवि ही राम लछमनु ईहा आवहि।
साईंदास उोह तोहि हतावहि।। १५५।।

मदोदरी रावण सौ आषा। एकु सुप्ना निसि मै भी भाषा।।
मानो रामचंद जी आया। तुमिरा रघिपति मूडु मूँडाया।।
मुषु कीउो स्यामु गर्ध परि चारा। लंका लूटी तुमि कौ मारा।।
हे नृप मै इहि सुप्ना पायो। सोई तुमि कौं आष सुणायो।।
जो अपुनी चाहे भलिआई। एती त्याग देहि वुरिआई।।
जानकी सहित लेइ उठि जावहि। चर्न लाग जा रामु मनावहि।।
नाहि ति तुमिरो होइ विनासा। तुमिरी पूर्ण होइ नि आसा।।
रावण सुण इहि वचनु उचारा। हे मदोदरी क्या ह्दे धारा।।
मै रघुपति लछमन कौ मारो। वल करि अपुने तोह प्रिहारो।।
क्या सुप्ना तूं मोहि सुणावै। काहे इतिना भर्मु भुलावै।।
तुमि चितु राषो अपुनी ठौरा। मनि विस्वासु सुन लेहो मोरा।।
तिन को मै पल माहि विडारो। साईंदास तिन कौ मै मारो।। १५६।।

मंदोदरी फिरि तासि सुणायो। हे रावण क्या भर्म भुलायो।।
तुमि पहि वह दोई हने न जाही। काहे एते भर्म भुलाही।।
जो कोई आत्मे को प्रहारे। तो रघपति लछमन कौ मारे।।

रावण वनिता कह्यो सुणाई। कहा वाति तै मुष उचिराई।।
रघपति लछमन को ब्रह्म कीआ। कौनु वाति तै मनि महि लीआ।।
ब्रह्मु कहा योनि महि आवै। ब्रह्म कहा दुःख सुष कौ पावै।।
ब्रह्म सीता कौ कहा कराए। ब्रह्म सदा आनंदु वहु पाए।।
मंदोदरी तांकों प्रतु दीना। हे मतिहीन कहा चित लीना।।
जहा जहा कष्टु संतनि कौ होई। रूप धारि तहू प्रगटि षलोई।।
भक्ति हेत करि दुःख सुष पावै। भक्ति हेति योनि भर्मावै[1]।।
मोहि कहा मन महि ठहिरावो। जानकी सहित ले करि उठि धावो।।
वेनती जाइ करि मुषो उचारो। साईंदास उगण न विचारो।। १५७।।

रावण ताहि कहा नही माना। आपु कहा मनि महि ठहिराना।।
त्रिजटा राकसी सेवक रामा। जानुकी पहि रहे इहि कामा।।
तिन्ह उनि राकसी आष सुनायो। हे राकसीयो कित चितु लायो।।
काहे जानुकी कौ दुःख देवौ। कह प्रयोग इहि कामु करेवौ।।
मै इकु सुप्नो निसि महि पायो। वहि सुनहो कछु कह्यो न जायो।।
तव सभ राकसी कह्यो पुकारा। सुप्ने को सभु कहो वीचारा।।
त्रिजटा राकसी कहति सुनाई। सुण हो मै कहो हितु चितु लाई।।
मानो एकु वनिचर आयो। तिहि अशोक वनु सभ ही उपाड्यो।।
कनकपुरी लोक तिन दग्धाई[2]।।
एहि स्वप्ना मैने है पायो। सो मै तुम सौ आषि सुणायो।।
राकसी सभु जवि इहि सुण पायो। मांसु कटिण तै चितु उठायो।।
सोइ गई निद्रा वहु आई। साईंदास प्रभ माया छाई।। १५८।।

हनूमान वृक्षि परि चरिया। सूक्ष्म रूपु अपुनो तिह करिया।।
जो रावणु कहि करि उठि धाया।
पौण पुत्र वहु भी सुण पाया।

---

१. ''ब्रह्मु कहा योनि महिआवे'' यहाँ से ''भक्ति हेति योनि भर्मावे'' तक निराकार क्यों सरकार होता है, यह स्पष्ट किया गया है। वैसे बाबा साईंदास निराकार और साकार ईश्वर के दोनों रूपों को स्वीकृति देते हैं।

२. इस छन्द की पूर्ति नही हुई है।

जो त्रिजटा सुप्नो वीचारा।
पवन पुत्र एहा चित धारा।
जिहि समे रावण वचन उचारे।
पवन पुत्र क्रोधु मन धारे।
मनि महि कह्यो जो अवि इसि मारो।
अवि ही इसि मति हीन प्रहारो।
फिरि कह्यो आज्ञा नाही पाई।
विनु आज्ञा रघपति हन्यो न जाई।
सुण सुण विधि मनि महि ठहिराई।
तिहि समें वचनु न कोई उचिराई।
जवि रावणु गयो उठि ग्रहि माही।
राकसी रही जानकी पाही।
त्रिजटा सौ फुनि तिनहि सुणाया।
तिहि जानकी तजि सोवनि चितु लाया।
हनूमान रघपति नामु लीआ।
उस्तित अधिक राम की कीआ।
जानकी सिरु ऊपरि करि पेष्या।
वनचरि कौ द्रिग सौ उनि देष्या।
निर्ष्या वनचरु सिरु तले कीआ। मनि अंतर जानकी इहि लीआ।।
असुर रूपु वहु धरि करि आवहि। नाना रूपु वहु करि दिषलावहि।।
हनूमान फिरि उस्तित कीनी। अधिक उस्तित रस्ना उचिरीनी।।
श्री रामचंद्र दसरथ सुत भाई। लक्ष्मण वीर तांके संग सहाई।।
वालि कपु तिहि वलु अधिकाई। वीर भार्जा सुं लई छिनाई।।
सुग्रीमि सौ मारि निकारा। वाली कपि कौ वलु अति भारा।।
श्री रघुपति जी चलि तहा आए। सुग्रीम सौ वचनु कराए।।
वालि मारि वनिता ले देवौ। इहि मै कार्जु तोहि करेवौ।।
रघुपति वाल को मार विडारा। सुग्रीम परि किर्पा धारा।
केतगंधा नग्री राजु दीआ। एहि कार्णु श्री रघपति कीआ।।
जानकी वचनु लीउो सुण काना। मुख ते वचनु तव ही उचिराना।।
जौ कोई राम को नाम उचारे। प्रगटि होउ आउ आगे हमारे।।

हनूमान व्रक्षि तजि तले आया। करि जोरे मुष वचनु सुनाया।।
श्री रामचंद्र लछमन जी आए। तिहि संग सैना है अधिकाए।।
मम तोहि षवरि लेन पठायो। इहि प्रजोग ईहा मै आयो।।
जानकी कह्यो संदेसा कोई। रघपति कह्यो तुमि सोई।।
हनूमान मुद्रा करि लीआ। जानकी कौ तिन ने वहु दीआ।।
जानकी देष्या अध्कि हिर्षाई। अंग अंग महि नाहि समाई।।
पवन पुत्र तव कह्यो सुनाई। मोहि षुध्या लागी है माई।।
मोहि षावनि को तुमि कछु देवौ। वेग विल्म मय्या कछु न करेवौ।।
जानकी कह्यो मो पहि कछु नाही। जो मै काढि देवौ तुमि ताही।।
धर्नि गिर्या फलु ले करि षावौ। उदर पूर्ना तुमहि करावौ।।
पवन पुत्र आग्या जवि पाई। ब्रिक्षमूल से लेहि उठाई।।
मूल ऊपरि साषा तले करही। फलु तांको गिरि धर्नि जु परिही।।
जो फलु लेवे अरु षावै। पवन पुत्र इहि कर्मु करावै।।
सभ विर्छ तिनि मूल उपारे। फुल सभ उदिर की विर्छ डारे।।
असोका वनि पवन पुत्र उजारा। हे साधो सुण लेहु वीचारा।।
दस सहस्र असुर तिहि माहि। सोका वन महि रहनि सदाही।।
जबि हनूमान इहि कर्मि कराए। सभ ही असुर तवै उठि धाए।।
पवन पुत्र सौ युद्ध मचावो। जो वलु था षलां सभ ही लायो।।
पवन पुत्र वहु सभी विडारे। दस सहस्र असुर तिह मारे।।
त्रिजटा राकसो तजि दीआ। जास विर्छ तले जानकी थीआ।।
एक विर्छ कौ हाथन गह्या। सुख आस्रमु उहा वहु लह्या।।
रावण ने इहि विधि सुण पाई। इकु वंचरु आयो धूमि रचाई।।
सोका बनि तिहि सकल उपारा। दस सहस्र जोधा उनि मारा।।
केतकि सुत तिहि दीए पठाई। तांसो युद्ध करो तुमि जाई।।
वहु सेना तिन के संग दीई। रावण नृप ने इहि विधि कीई।।
सैना ले वहु युद्ध को धाए। पवन पुत्र जहा तहू ही आए।।
पवन पुत्र तिहि सन्मुष होए। पवन पुत्र वह सभ ही षोए।।
रावण सैना अवरु पठाई। हनूमान सभ सैन हताई।।
अधिक संहारु पवन पुत्र कीना। तव रावण मनि माहे लीना।।
इहि वंचर वहु सुत मोहि मारे। नर मोहि सैन अधिक प्रहारे।।

अग्नि लगी रावण तन माही। लोचन तिहि देहि रक्त दिषाई।।
क्रोधु कीयो सुत वडो वुलायो। इंद्रजीत तिह नामु वतायो।।
इंद्रजीत कौ तवि स्मझायो। हे सुत कपि वहु घातु करायो।।
तुमिरे वीर अधिक उनि मारे। असुर सैन के वहु परिहारे।।
तुमि जाइ करि तिहि वधि ल्यावो। मेरो कह्यो मनि ठहिरावो।।
इंद्रिजीति जवि आग्या पाई। सैन अधिक तिहि संग चलाई।।
पवन पुत्र वाधिनि पग दीए। वेग विल्म तिन मूल न कीए।।
इंद्रजीतु शोक वन को धाया। साईंदास तिहि वनि महि आया।। १५९।।

इंद्रिजीत आइ युद्ध रचायो। पवन पुत्र तिहि सैन हतायो।।
इंद्रिजीत ब्रह्म फाँसी डारी। इंद्रजीत कौ वलु अधिकारी।।
पवन पुत्र को लीयो फसाई। वाधि लीयो कछु वलु न वसाई।।
वाधि ताहि रावण पहि ल्याहा।
रावण कौ तिहि आण दिषाया।
इनि वंचर ने इहि कर्मु कीआ।
अति क्रोधु फिरि मनि महि लीआ।
नृप कह्यो वनचर को मारो। इनि कर्मु एहि कीआ प्रहारो।।
तवी वभीछन बचनु उचारा। हे नृप मनि माहे क्या धारा।।
अवि लगि दूत किने ना मारे। इहि तीक्षण वचन कहति अति भारे।।
तीक्ष्ण वचन जु ना उचिराए। हे नृप तूं वहु कहा कहाए।।
रावण तव कह्यो सुण भाई। इनि मेरी सैना सकल हताई।।
तिहि प्रजोग मै इसि कौ मारो। इसि वंचर को धर्नि पछारो।।
विभीक्ष्ण फिरि तिहि प्रतु दीना।
दूत सौ वैरु किन हू नही कीना।
जो तुमि अवि इसि दूत कौ मारो।
करि विरोधु इसि कौ प्रहारो।
जग महि तुमहि कलूषति होई। वहुरो दूत आवे नही कोई।।
वभीक्ष्णु कह्यो नृपु ना माने। जो इहि कहे क्रोधु हृदे आने।।
फिरि कह्यो वंचर को मारो। पकरि बंचर को धर्नि पछारो।।
जबि रावण एहि आज्ञा दीई। सकल सैन ने एही कीई।।

हनूमान को मार्न लागे। मार थके तिहि वलु सभ त्यागे।।
पवन पुत्र कछु जाने नाही। ताँको वरु शिव का अधिकाही।।
ना तूं ब्रह्म शस्त्र ते मरही। ना शिव सस्त्र घाउ तोहि करही।।
वर प्रजोग करि दुःख न पावै। तांके मनि महि कछू ना आवै।।
एक मारि के वलु हिराई। ताहि भुजा महि वलु रहे नाही।।
मारि मारि करि सभ ही हिराए। साईंदास गोविंद जसु गाए।। १६०।।

पवन पुत्र तव वचन सुनायो। तोहि मोहि मार्ण को चितु लायो।।
जो तूं जत्न करे मरों नाही। सोच वीचारु देषु मन माही।।
अवि उपिचारु मै तोहि वतावो। तिहि प्रजोग प्रान तजि जावो।।
जवि लगि उोहु होवे मेरे भाई। तव लगि मोकौ हन्यो न जाई।।
तव रावण मुष वचन उचारा। हे वंतर तुमि देहु वीचारा।।
कौंन कीए तूं प्रांन तजाए। किह विधि करि तूं मृत्यु को पाए।।
सो विधि मोको देहु वताई। जौ नि कहै तुझे राम दुहाई।।
तव हनूमान ने कह्यो पुकारा। तोहि प्रतज्ञा मोहि कीनी भारा।।
श्री रामचंद्र को नामु सुणायो। एहि प्रतिज्ञा मोहि वतायो।।
अवि मै तुमि सौ कहो सुनाई। सुण हो चितु लगाइ मेरे भाई।।
रुई आण इकत्रि करहो। तेल संग तांकौ तुमि भरहो।।
मोहि पूछ सेती लपटावो। पाछे तांकौ अग्नि लगावौ।।
इहि विधि कीए प्रान तजावौ। उौर कीए किते दुःखु न पावौ।।
इहि विधि अवि मै कह्यो सुणाई।
जवि तुमि मम कह्यो राम दुहाई।
इहि उपिचारु कहु कौणु वताई।
साईंदास जो कह्यो सुणाई।। १६१।।

रावण श्रवन धार सुन लीनी। पवन पुत्र जो आज्ञा कीनी।।
रुई अधिक तिहि लीई मगाई। तांते तेलु लीयो अधिकाई।।
ताहि पूछ सौ रूं लिपिटाया। तेलु अधिक तांसौ उनि पाया।।
पावक ले करि तासि लगाई। अति भडिकाऊ भयो तवि भाई।।
सीता को राकसी इकि भाषा। वंतर जलायो नृप इहि आषा।।
सीता वन्हि अराध के कह्या। कपि राषो लंका गढु दह्या।।

पवन पुत्र सूक्ष्म वपु कीआ। फाँसी त्याग कूदनि चितु लीआ।।
कूद चर्‌यो रावण मंद्रायण। मंदरि सकले ताह जलायण।।
पवन को तव ही लीउो वुलाई। हे मोहि पित अवि होउ सहाई।।
जिहि जिहि मंदर महि मै जावौ। तासि मंदिर्जा अग्नि लगावौ।।
तुमि तहा जाइ प्रवेसु करावौ। वह मंदर तुमि वहुतु जलावौ।।
पवन जाइ तव भयो सहाई। कनक पुरी सकली दग्धाई।।
भई स्याम कंचन ते वाही। द्रिग सौ वहुतो देष न जाई।।
बैठकि नृप की कुंभ कर्नि द्वारे। इंद्रजीत गृहु त्रै नही जारे।।
सुरो जोरि करि वचनु उचारा। वाल्मीकि सुणु प्रान अधारा।।
कनक निकटि जवि पावक आवै। कंचन रूपु अधिक दिषलावै।।
स्याम वर्नु नही प्रभ होवै। एहि संचरु मनि महि वहु होवै।।
वाल्मीक तव कह्यो सुनाई। भलो प्रश्नु कहो मेरे भाई।।
वृहस्पति सुतु रावण गृह माही। फाँसी परा डर्पे अधिकाही।।
पवन पुत्र तिहि लीउो छडाई। वृहस्पति सुत तव दृष्टि चलाई।।
ताहि दृष्टि करि स्याम ही होई। हे देवो उौरु दुःख न कोई।।
जवि देवो ने इहि प्रतु पायो। संचरु मन का सकल हिरायो।।
पवन पुत्र तिहि लंक जराई। पावक लागी पूछ कौ आई।।
कूद्यो पर्नि लगा दधि माही। पर्ति पर्ति दधि कह्यो सुनाई।।
पवन पुत्र तुमि तटि ठहिरावो। जीइ जंत तुमि कीह जलावो।।
मै तुमरी अग्नि लेउो हिराई। तुमि परि पावौ सीतल ताई।।
पवन पुत्र दधि तटि ठहिरायो। दधि ने नीरु अधिक उमिडायो।।
पवन पुत्र अग्नि लीई बुझाई। तांकौ उमिडी सीतलताई।।
रंचिक मीन सौ भयो प्रवेसा। अग्नि दधो तनु ताको अैसा।।
तव ही पूछ मीन ललिताई। अग्नि तापु लागो तिहि जाई।।
रावण तव मनि वहु पछुताना। कहा होइ जवि समा विहाना।।
अति विस्वासु हृदे महि कर्‌यो। साईंदास संचरु चित धर्‌यो।।१६२।।

पवन पुत्र मनि लीयो वीचारी। मतु मै जानकी भी मै जारी।।
कूदि पर्‌यो जानकी पहि आयो। सभ व्रितांतु तिहि आष सुणायो।।
ऐसे करि लंका मै जारी। सकल सैन रावण की मारी।।

रघिपति की आज्ञा नही पाई। विनु आज्ञा तुमि षर्‌यो न जाई।।
मोहि आज्ञा देवौ मै जावौ। रघिपति जाइ षवरि सुणावौ।।
जानकी तव ही वचनु उचारा। देहु संदेसा राम हमारा।।
हे प्रभ निसवासरि तोहि ध्याना।
उौरु माहि कछु मनि महि आना।
तौ विनु हमिरो कोउ न सहाई।
हे प्रभ पूर्न ब्रह्म ताई।
एक समे प्रभ तुमि मोहि ताई। निकटि आपुने लीया बुलाई।।
मोकौ अपुनी उोरि वहायो। हे रघुपति इहि कर्मु कमायो।।
काग महावली एते आयो। मोहि पगि मांझ चुंचि लगायो।।
रक्त अधिक निकसी पग मेरे। तव वहि द्रिष्ट परी प्रभ तेरे।।
तव तै मोसों वचनु सुनायो। हे जानकी इहि मोहि वतायो।।
तुमि पग रक्तु कहाँ से लाई। इहि विधि मोकौ देह वताई।।
तव मै तुमि सौ वचनु उचारा। काग चुंच लागी अति भारा।।
ताहि चुंच करि रक्त चलाई। मै तुमि सौ प्रभ कह्यो सुणाई।।
तव तुमि धन्षु वाण करि लीआ। चाहि तित वही काग हतु कीआ।।
कागु भाग भयो ब्रह्म पाहै। मतु मोहि रक्षा एहु कराहे।।
ब्रह्मे तिहि रक्षा ना कीई। काग कौ प्रभि विदआ दीई।।
वहुरो शिव पुरी महि चलि आयो। शिव भी ताँको नाहि रषायो।।
त्रैलोक कागु भाग कराही। फिरि आयो प्रभ तुम सर्नाई।।
जैसे जानो तैसे राषो। हे प्रभ पूर्न अपुने भाषो।।
तव तुमि कह्यो काग के ताई। मोहि वाणु अन्यथा ना जाई।।
एकु द्रिग प्रभ तुमि ताहि छिनायो। एकु वाण द्रिग ताहि गवायो।।
कागकौ एको द्रिगु प्रभु राषा। जीउ दीयो ऐसो उनि भाषा।।
हे प्रभ उोहु समा चित ल्यावो। पातकी को तुमि ना विसरावौ।।
एकु वर्ष प्रतज्ञा कीई। रावण सौ प्रभ इहि मनि लीई।।
तिहि महि अष्टि मास प्रभ गए। चतुर मास प्रभ पाछे रहे।।
जो चतुर्मास को तुमि नही आवो। जानकी प्राण घातु करावो।।
हे हनूमान संदेसा दीजै। एहि कामु तुमि हमिरो कीजै।
पवन पुत्र कह्यो जानकी ताई। हे जानकी चितु नाहि डुलाई।।

श्री रघपति तविही चलि आवै। रावण को प्रभु हतनु करावै।।
सदा जी वोले रघिपति राम। साईंदास पूर्ण होह काम।। १६३।।

पवन पुत्र पग सीसु धरायो। जानकी ते आज्ञा तिन पायो।।
कूद पर्‌यो दधि के तटि आयो। जहा अंगदु कपो सहिति ठहिरायो।।
पवन पुत्र जवि इनो निर्षायो। आनंदमान होइ वचनु सुनायो।।
हे हनूमान षबरि ले आए। कनकपुरी द्रिग सौ निर्षाए।।
सकल वाति तिह ताहि सुणाई। पवन पुत्र छिनु विल्मु न लाई।।
सभ ही वनचरि तव उठि धाए। सुग्रीम के मधिवन महि आए।।
व्रिक्षो सौ फल रहे उर्झाई। नाना फल लागे मेरे भाई।।
हनूमान कह्यो ले षावो। सुग्रीम राजा ते नाहि संकावो।।
सभि वनचरि सुण फल ले षाए। सुग्रीम सैना ने निर्षाए।।
सैना जाइ कह्यो नृप ताई। पवन पुत्र पर्‌यो वनि माही।।
वंचरि अध्कि सहति तिहि लीए। वनि फल षाणे कौ चितु दीए।।
सुग्रीम कह्यो पुन तिन ताई। कछु न कहो समिझो मनि माई।।
जानकी की वह षवरि ल्याए। तव अनिभय होइ तिन फल षाए।।
पवन पुत्र वंचरि संग लीए। श्री रघपति आगे पग दीए।।
आइ डंडौत करी नृप ताई। रघपति तव इस्नानु कराई।।

बचनु कीउो जिहि समे तुमि आवो।
जो महि अंग होइ तुमि पावो।

कर्ति इस्नानु अंग कछु नाही। वज्र लुंग प्रभ कीयो मँझाही।।
लुंग लाहि हनूमान को दीनी। इहि कार्णु प्रभ तांपरि कीनी।।
लछमन को तव वचन सुनायो। श्री रघपत ने ताहि वतायो।।
तीन परा करी जाइ पकावौ। दोने ते इकि वडी करावौ।।
हनूमान को सहित षलावहि। अपुनो वचु वीर पूर करावहि।।
लछमन ने ऐसे ही कीना। जो आज्ञा रघपति ने दीना।।
पवन सो कह्यो सुनाई। तुम सौ वचनु हमरो भाई।।
आवो भोजनु संग हमि पावो। पवन पुत्र छिन विल्मु न लावो।।
हनूमानु आगे को आया। तीन पिरा करी तिन निर्षाया।।
दोनो पहि इकि है अधिकाई। चंचल वुद्धि हनूमानि चित आई।।

वडी पिराकरी लई उठाई। कह्यो सुणो प्रभ रघिपति राई।।
मैं विना रहो इसि कौ षावौ। तुमिरे सहित ता भोजनु ना पावौ।।
रघपति लछमन भोजनु पायो। पायो भोजनु उदर भरायो।।
त्याग रसोई वाहिरि आए। साईंदास तिहि परि वलि जाए।।१६४।।

पवन पुत्र को लीयो वुलाई। जानकी षवरि देह मेरे भाई।।
जो कछु जानकी ताहि सुनायो। रघिपति को हनूमान वतायो।।
रघिपति जवि सभ विधि सुण पाई। सुग्रीम को लीयो वुलाई।।
कह्यो चलो लंका को जावहि। रावण असुर को जाइ हनावहि।।
सुग्रीम तव वचनु उचारा। हे रघिपति भलो लीयो वीचारा।।
रघिपति हनूमान कांधे चरिआ। लछमन दधिमुख ऊपरि चढिआ।।
सुग्रीम भी ऐसै कीआ। कनकपुरी को तिहि मगु लीआ।।
सैना अधिक कछ गणी न जावै। वेद कतेब तिहि अंत न पावै।।
चलित चलित दधि के तटि आए। निर्षो जलु दधि वहु अधिकाए।।
दो दिन रघपति तटि ठहिराए। आगे मग पगु धर्नि न पाए।।
धनिषु वाण करि माहे लीआ। दधि को चाहिति प्रभु हनि लीआ।।
दधि मूर्ति होइ आगे आए। थानि मानि करि तिन आगे ठहिराए।।
हे प्रभ मै तुमिरी सर्नाई। तौ विनु हमिरो कौन सहाई।।
रघपति कह्यो दो दिन हमि होयो। तुमि तटि परि हमि आइ षलोयो।।
तूं हमि पहि काहे न आयो। तै मनि महि अभिमानु करायो।।
तव ही दधि ने विनती ठानी। हे कौलापति सारंग पानी।।
मै अभिमानु ह्रदे ना धर्यो। हे प्रभ कछु उौगणु ना कर्यो।।
नृप सगर तात तोहि मोहि कढायो। मो सो ऐसो वचनु सुनायो।।
तोहि उदरि वो पार कराही।
इसि ओरि ते उसि ओरि न जाही।
इहि प्रजौग मैं रह्यो विस्माई।
हे रघपति कछु कह्यो न जाई।
सगर वचनु कैसे तजि देवौ। तोहि कहा कैसे न करेवौ।
इहि दोइ विधि मोह वनि अति भारी।
कहा कहो तुमि पाहि वीचारी।

रघपति फिरि करि वचनु उचारा। अन्यथा न जाई वानु हमारा।।
फिरि कर दधि रघपति सौ आषा। हे कौलापति तुमि भलो आषा।।
दंसरु दैतु महा वलिकारी। तांकी भुज महि वलु वहु भारी।।
अपुने सिरि परि नग्र वसाए। इहि कर्मु प्रभ उोहु कराए।।
जास उोरि वहु जाइ गिरावै। तिस नग्री कौ नासु कराए।।
हे प्रभ वाणु ताहि कौ मारौ। मो परि प्रभ किर्प इहि धारो।।
तव प्रभ वाण छाडि करि दीआ। तस सर असुर ताई हनि लीआ।।
रघपति वानु अन्यथा न जावै। जिसे कहे तिस मारि चुकावै।।
प्रभ ने कह्यो फिरि दधि के ताई। दस्सौ मार्गु तिहि हमि जाही।।
मोहि सिरि कार्जु है अति भारी। को मगु दस्सै मन वीचारी।।
वेग विल्म तुमि मूल नि लावौ। तात्काल कोई राहु वतावौ।।
मै अवि कह्यो तुमिरे ताई। सोचि वीचारु देषि मनि माही।।
ऐसो मार्गु हमहि वतावो। तात्काल हमि पारि लंघावो।।
अवि कह्यो मै तोहि पुकारी। साईंदास लेहु मनि धारी।। १६५।।

दधिरूप कह्यो सुणो रघुराई। कौनु मार्गु मै देउ वताई।।
एक प्रतज्ञा मै प्रभ करहो। सा प्रतज्ञा मनि महि धरहो।।
श्री रघपति कहा कहो सुणाई। कौनु प्रतज्ञा करहो भाई।।
दधि रूप तव ही वचनु उचारा। हे रघिनंदन प्राण अधारा।।
हे प्रभ गिरि अध्कि अणिवावो। इसि ही ठौरि तुमि सेतु वंधावो।।
मै इनि के तले प्रान लगावो। तिहि गिरि को नाहि रुढावो।।
जल माहे तिहि धसिनि न देवौ। इहि प्रतज्ञा मै करि लेवौ।।
रघपति कह्या वहु भलो आषा। हे दधि रूप नीका तै भाषा।।
वहुरो दधि रूप कह्यो सुनाई। हे रघपति संतति सुषदाई।।
इहि नील नल भलो सेत उसरावै। विस्वुकर्मा के सुत जु कहावै।।
हे प्रभ इसि कौ आज्ञा देवौ। इस ही परि प्रभ क्रिपा करेवौ।।
गिरि कपि औरि ल्याव उठाई। नील नल अध्कि सेतु जु वनाई।।
श्री रघपति हनूमानु वुलाया। तांसौ सब ब्रितांतु सुनाया।।
पवन पुत्र कह्यो क्या कीजै। कैसे पग आगे कौ दीजै।।
आगे सूत्र जल विंव दिषावै। किउ करि सैना लांघा पावै।।

पवन पुत्र कह्या सुण रघुराई। जो आज्ञा होइ तो कह्यो सुणाई।।
तोहि क्रिपा सभ सैन लंघावौ। तोहि क्रिपा इहि कर्मु कमावौ।।
जवि हनूमान वचन उचिरावो। रघिपति तांको वहुर्सुणायो।।
कैसे करि तूं पार लंघावहि। सभ सैना को तीर चढावहि।।
पवन पुत्र तव कह्यो पुकारी। हे रघपति मै इहि मनि धारी।।
सिरु इसि तटि पग इसि तटि राषो। तोहि क्रिपा सों इसि विधि भाषो।।
जव रघपति इहि विधि सुण पाई। कहा साचु तुमि से होइ भाई।।
सुण हो वाति कह्यो इकु मेरी। पवन पुत्र चंचल मति तेरी।।
जवि सैना तुमि ऊपरि जावै। मतु उठि कूदै सकल डुवावै।।
इहि प्रजोग संचर मनि करहो। इहि संचरु मै मनि महि धरहो।।
जो मै कहो सोई तुमि करहो। उोही वाति हृदे महि धरहो।।
पवन पुत्र तव विनती ठानी। हे पूर्न पद सारंग पानी।।
जो आज्ञा तुमिरी प्रभ होई। हमि चित धार करहि प्रभ सोई।।
रघिपति कह्यो गिरि ले ले आवो। आण करि तुमि सेतु वंधावो।।
तिहि करि सैना पारि उतारहि। रावण कौ तव जाइ संहारहि।।
पवन पुत्र मन महि धरि लीनी। जौ आग्या रघिपति ने कीनी।।
महावली वंचरि ले धाया।
गिरि अधिक तिहि आइ उठाया।
गिरि चुकि करि दधि के तटि आने।
सेत वंधावनि को चितु माने।
गिरि लीए ले दधि ठहिराए।
जलु जोरा करि सकल रुढाए।
श्री रघुपति दधि रूप सौ भाषा।
हे दधिरूप कहा तै आज्ञा।
गिरि टिके नाही जलु रुढाए।
कैसे गिरि जल परि ठहिराए।
तव दधिरूप कह्यो रघुराए।
मै तुमि पहि को गिरि टिकाए।
मोहि आज्ञा देवो मै जावौ।
करु दे गिरि कौ मै ठहिरावौ।

तां पहि राम नामु लिष लेवौ।
पाछे तुमि जल माहे देवौ।
रघपति तांकौ आज्ञा दीई।
जो दध रूपहि वेनती कीई।
दधि रूपु अपुने आस्रमि आयो।
श्रीराम काज सेती चितु लायो।
वंचरि गिरि अधिक ले आवहि।
राम नाम सत्य ताहि लिषावहि।
पाषाण ले दधि माहे डारहि।
सेतवंधि पुल भयो सवारहि।
नितापर्त एही उसि कामा।
आज्ञा दीनी पूर्न रामा।
जिउ जिउ पषाण आण टिकावहि।
मानो षचित कीए जुड जावहि।
चौदा जोजन प्रथम दिन वाधा।
छत्री जोजन द्वितो दिन साधा।
पचवन जोजन तीसरे दिन कीआ।
दस जोजन चीकडु हछा कीआ।
दुहू ओर सूत जिउ राषा।
दस जोजन चकुलाया भाषा।
सभ पुलु जोरि वरावरि कीनी।
जो आज्ञा श्री रघपति दीनी।
नील नलु साजनि पुलि कौ लागा।
उौरु वाति सकली तिन त्यागा।
श्री रघपति कार्जु चितु वै धारे।
साईंदास प्रभ ताहि उधारे।। १६६।।

श्री रघपति जवि इहि कियो कामा। सुण पाई विधि रावन नामा।।
आयो रघपतु सेतु वंधावै। सेतु वांधि लंका परि आवै।।
सकल कुटंबु तव लीयो वुलाई। तांसौ रावण वाति सुणाई।।

है कोई तिन के सन्मुख जावै। युद्ध करै तांको वंधि ल्यावै।।
महीरावण तब वचन उचारे। हे वंध जावो तत्कारे।।
मै दोनों कौ वंधि ले जावौ। एहि कामु नृप मै करि आवौ।।
रावण कह्यो धंन्न मेरे भाई। भली वाति मुष ते उचिराई।।
एहि कामु मेरो करि आवो।
मही रावण विधि सुण ग्रहि आया।
रावण को कह्यो मनि ठहिराया।
कह्यो कौण समे मै जावो।
जासि समे मै उनि को पावो।
एही तिनि मनि महि ठहिरायो।
मनि महि सोच समा न सिधायो।
निस समे दोनों सैनु कराही।
साईंदास तहा जाइ फिराही।।१६७।।

निस भई मही रावणु उठि धाया। चला चला दधि के तटि आया।।
वंचर अधिक तहा नैन निहारे। संचरु मन लीउो तत्कारे।।
कवन ठौरि मै उनि कौ पावौ। कित विधि मै तिन कौ ले जावौ।।
हनूमान को नैन निर्षायो। देष्यो उसि मनि महि सुकचायो।।
वंचर अधिक फिर्त रषिवारे। सूक्ष्म रूप अही रावण धारे।।
जो कासू की द्रिष्ट न आवै। हेर्ति हेर्ति आगे जावै।।
हेर्ति हेर्ति तहू ही आयो। रव सस सैनु जिहि ठवर करायो।।
सोए परे तिहि पास न कोई। तिह समे वाको राषा को होई।।
अही रावण दीर्घ वपु धारा। रव सस को वंध्या तत्कारा।।
जव रव सस दोई लीए दुराई। अधिक तिमरु भयो मेरे भाई।।
दोनों को लेकरि उठि धाया। अपुने नग्र को मार्गु पाया।।
मग महि राकस अधिक वहाए। पाषाण राषे अति अधिकाए।।
मतु कोई इति मार्ग पगु धारे। राकस तांकौ उदरि विडारे।।
पाषाण मग महि इउ ठहिराए। जो आवै सोऊ मगु नही पाए।।
इहि विधि करि अपुने ग्रहि आया। अहीरावण इहि कर्मु कमाया।।
रव ससि वनिता कौ देषाए। तिहि वनिता मुष वचन सुनाए।।

हे निर्दया तोहि दया नि आई। वाल्क तोहि वंधि आने जाई।।
अैसे सुंदर कौ दुःख देवहि। एहि कर्मु कहु कौनु करेवहि।।
वनिता अधिक कीयो धधिकारा। हे निर्दय कहा चित धारा।।
अही रावण तव वचन उचारे। हे वनिता मै इहि मन धारे।।
इनि को रूपु तूं देषि लुभाई। तौ मोसो इहि बाति सुनाई।।
फिरि कह्यो वनिता तिहि ताई। इसि कौ रूपु तूं जानहि नाही।।
पूर्ण ब्रह्म लीयो अवतारा। भक्ति हेत करि इहि वपु धारा।।
भला करे कह्यो मोह माने। साईंदास मनि अवरु न आने।।१६८।।

महीरावण फिरि वचनु उचारा। हे वनिता मुष कहा पुकारा।।
पूर्ण ब्रह्म तूं इसि कौ आषहि। अैसी वाति तूं मुष ते भाषेहि।।
पूर्न ब्रह्म फांसी नही फासे। पूर्ण ब्रह्म को दुःख न ग्रासे।।
पूर्ण ब्रह्म किसे हत्या न जाई। पूर्न ब्रह्म सभ माहि स्माई।।
देषो मै इनि को हनि लेवौ। पूर्न ब्रह्म तुझै करि दिषलेवौ।।
फिरि वनिता तिहि वचन उचारे। हे मतिमूढि कहा चित धारे।।
तोहि कहा बलु इन्हि हति लेवै। काहे अभिमानु तूं ह्दे करेवै।।
इनि स्मसर तूं कहा कहावहि। हे मति हीन क्या चितु डुलावहि।।
तुमिरी उौध निकटि है आई।
तौ तुमि इहि विधि मन ठहिराई।
मोहि कह्या माने तूं नाही।
अवि ही देषु वहुत दुःख पाही।
अहीरावण तिहि कह्या न माने।
ताहि कह्या ह्दे महि नही आने।
दोनों वीर को तिन दुःख दीआ।
साईंदास तिहि लीयो जीआ।।१६९।।

पवन पुत्र के मन माहि आई। राम लक्षन कौ देषो जाई।।
कहा भयो वाहरि नही आए। रवि चढ्यो सस गयो दुराई।।
चलति चलति जवि अंतर आयो। रवि सस दोई ना निर्षायो।।
रवि ससि गयो दुराइ मेरे भाई। तिमरु भयो कछु द्रिष्ट न आई।।
मन महि अधिक भयो विस्वासा। भूलि गयो तिहि भोग विलासा।।

पवन पुत्र वहु रुदनु करायो। थक्ति रह्यो मनि महि विस्मायो।।
जवि इहि संचर मानु षलोयो। राम व्योग अधिक वहु रोयो।।
वसुधा गौ रूपु धारि करि आई। पवन पुत्र सौ कह्यो सुनाई।।
हे हनूमान किउ रुदनु करावै। किति प्रजोग मनि महि विस्मावै।।
इहि विधि मोसौ कहो सुणाई। पवन पुत्र तुझै राम दुहाई।।
पवन पुत्र तव वचन उचारे। हे मय्या संचरु अति धारे।।
राम लषन किने षडे दुराई। तांकी सुधि मै मूल नि पाई।।
गौ कह्यो इहि विधि सुकचावो। इहि प्रजोग तुमि रुदनु करावो।।
मै इहि तुमि कौ देयो वताई। रुदनु न करहो मेरे भाई।।
पवन पुत्र तव विनती ठानी। कहु किन षडे है सारंग पानी।।
गो कह्यो अहीरावण आयो। महीरावण इहि कर्मु कमायो।।
लषन राम तिन षडे दुराई। इहि विधि मै तुझै दीई वताई।।
पवन पुत्र जवि इहि सुण पायो। साईंदास रंचिकि सुषु पायो।।१७०।।

पवन पुत्र तिहि वलु अधिकाई। जवि ते इहि विधि सुण करि पाई।।
सुनति वाति तव ही उठि धाया। महीरावण मारण को आया।।
हनूमान जवि मग महि आए। राकस अधिक ताहि निर्षाए।।
राकसो सों वहु युद्ध करायो। सभ ही राकस ताहि हतायो।।
तव ही गवनु आगै को कीने। अति पषाण निर्ष करि लीने।।
पषाण उठाई दीए ततकारा। ले पषाण मग से ओडि डारा।।
एकु पषाणु ताहि पूछ पर्‌यो। ताहि पूछ रंचिक नोक गिर्‌यो।।
इहि विधि करि आगे को धायो। चला चला नग्री महि आयो।।
सूक्ष्म रूप तव ही करि लीना। कितहू द्रिग सौ निर्ष न लीना।।
नग्री महि सभ वाति चलावहि। राम लक्षन को नामु उचराहि।।
महीरावण दोई वंधि आने। तिहि मार्ण सो चितु ठहिराने।।
देवी भवनि तिहि रक्त चढावहि। तहू ठौर तिह जाइ हतावहि।।
हनूमान जबि इहि सुण पायो। देवी भवन महि चलि करि आयो।।
पगु जाइ तिहि मूर्त्ति परि दीना। देवी मूर्त्त कौ तले कीना।।
ताहि ठौर आप ठहिरायो। पवन पुत्र इहि कर्मु कमायो।।
अहीरावण पर्जा वहु आई। मिष्ठान पान ले ताहि चढाई।।

जो कछु कोऊ आगे ठहिरावै। पवन पुत्र सभि हो ले षावै।।
जो आए सभ ही विस्मावै। अति भै चक्रित होइ चितु डुलाए।।
आगे देवी कबहू न षायो। आजु कहा भयो अति विस्मायो।।
अति विस्माद रहे मनि माही। साईंदास कछु कह्यो न जाही।।१७१।।

इहि विधि महीरावण सुण पाई। मन महि एही आण लगाई।।
देवी वलु चाहिति मै देवौ। सुप्रसन्न तिस कौ करि लेवौ।।
श्री रघपति लछमन संग लीए। देवी भवन कौ तिन पग दीए।।
अति मिष्टनु तिहि संग चलाए। चलत चलिति देवी भवन आए।।
मिष्टान आण आगे चढाए। हनूमान वह लेकरि षाए।।
फिरि रघपति लषमण कौ षडा कीना।
अहीरावण मुष वचनु वषीना।
जो तुमिरो कोई चित्त करावौ।
नाहि ति पाछे ते पछुतावौ।
तुमि कौ वल मै ईहा चढावौ।
छिन पल विल्मु कछु नाह करावौ।
जो कोऊ प्रीत्म तिहि चित आनो।
महीरावण ऐसो वसु ठानो।
श्री रघपति मुष वचनु सुनायो।
हे महीरावण क्या चित ल्यायो।
पवन पुत्र षवरि जो पावै। सकल नग्र को घातु करावै।।
अवर कवन को चित्त ल्यावहि। बार बार क्या मुष उचिरावहि।।
जवि श्री रघपति वचनु उचारा। हनूमान कीनी नमिस्कारा।।
नमिस्कार कर्के उठि धायो। महीरावण को तव ही गहायो।।
सभ जान्यो देवीं उठि आई। देवी क्रोधु कीयो अधिकाई।।
सकली सैना तव उठि भागी। आपो अपुने ग्रहि मग लागी।।
पवन पुत्र महीरावण गह्यो। अहीरावण को ऐसे कह्यो।।
हे पातक तै क्या मनि आना। श्री रघिपति को क्या करि जाना।।
तले दीउो दे भुजि उपिडाई। डार दीई परी लंका आई।।
रावण वनिता सो जु षलाई। भुजा पडी वहुत हूही जाई।।

रावण भुजा न द्रिग सौ देषी। खल विनासनु तिह मूल न पेषी।।
वनिता सौ तिन वचनु उचार्‌यो। जो तूं कहति रघपति है आयो।।
महीरावण सोई वंधि आना। हे मंदोदरी तै नही जाना।।
महीरावण तिन कौ ले मारा। महीरावण तिह भुजा उपारा।।
फिरि मंदोदर तांको प्रतु दीना। हे मतिमूढ कहा चित कीना।।
एहि भुजा महीरावण देष लेवौ। पाछे कछु मनि उौरु करेवौ।।
जवि रावण ले भुजा निहारी। अति विस्वासु लीउो हृदे धारी।।
मंदोदरी फिरि ताहि सुनायो। हे रावण अवि क्युँ विस्मायो।।
अवि ही जानकी को ले आओ। मुष महि त्रिण ले सर्नी धावो।।
नाहि ति तुमि कौ भी एहि होई। महीरावण को कीनी सोई।।
रावण कह्यो कहा उचिरावै। हे वनिता क्या भर्मि भुलावै।।
मोह सर तांको बलु कहा होई। मोहि सर अवरु वली नही कोई।।
मंदोदरी वहुरो कह्यो सुनाई। हे नृप अजहूँ प्रतीत न आई।।
एक वंचरि तोहि लंक जराई। अहीरावण की भुजा उपिराई।।
पुनि कहिति मो सर ना कोई। इसि धर्ती परि अवरु न होई।।
एक वंचर तोह एहि करायो। अैसे वंचरि केते आयो।।
जो तूं अपुनो वहु भलो लोडे। तिमर गुमानु हृदे ते तोडे।।
रावण कह्यो ताहि नही माने। अति अभिमानु हृदे महि आने।।
मंदोदरी ताहि जेता समझावै। साईंदास नृप स्मझि न पावै।।१७२।।

पवन पुत्र महिरावणु मार्‌यो।
तांकी भुजा उनि पकिर उपार्‌यो।।
तांकी सैना सकल हताई। पवन पुत्र धंन्न धंन्न ता भाई।।
रघपत की फांसी कटि डारी। पवन पुत्र को वलु अधिकारी।।
रव सस को हनूमानु ल्यावो। एहि कामु हनूमान करायो।।
महीरावण वनिता चलि आई। चर्नि लगी रघुपति के धाई।।
मुख ते उस्तिति अनक उचारी। तांकी वात न जाइ वीचारी।।
चरन लाग गृहि मै ठहिराई। श्री रघपति तिह भए सहाई।।
पवन पुत्र रघपति संग लीए। लक्ष्मन सहित गवनु तिन कीए।।
चले चले दधि के तटि आए। आइ सिंघासन परि ठहिराए।।

सकल सैन तव ही मिल आई। रघपति को डंडौत कराई।।
महा अध्कि सुषु तांकौ होया। अति व्योग तिन्हा मनि ते षोया।।
तिमरु गयो उजीआरा आयो। रव सस ने जवि मुषु दिषलायो।।
वादर मंडल पवनि विचारा। रव निकस्यो होयो उजीआरा।।
जोति प्रकास भई रव केरी।
तिमरु तव ही हटि गयो अधिकेरी।।
हे साधो रघपति जसु गावो। जसु गावति छिनु ना अलिसावो।।
जो सेवा रघपति की कर्सी। तिहि भुज वलु प्रभ वहुता धर्सी।।
जैसे हनूमान वलु दीआ। वलु अधिक प्रभ किर्पा कीआ।।
धंन्न धंन्न जो हरि जसु गावहि। नाम जप्त जो ना अलिसावहि।।
श्री रघपति लछमन दोऊ भाई। साईंदास सेवा चितु लाई।।१७३।।

अंगद कह्यो रघपति के ताई। हे प्रभ पूर्न त्रिभवन साई।।
जो आज्ञा होइ लंका जावौ। कनक पुरी देषे प्रभ आवौ।।
श्री रघपति तिहि आज्ञा दीनी। अंगदु गवनु लंक पुरी कीनी।।
तात्काल लंका महि आयो। कनकपुरी महि धूम रचायो।।
ईहा कूद करे ऊहा जावै। कनक पुरी को त्रासु दिषावै।।
अधिक असुर अंगद ने मारे। युद्ध कीनो करि योधि प्रहारे।।
रावण ने इहि विधि सुण पाई। कह्यो वंचरि को लेहु वुलाई।।
डर्पिमान होइ करि वहु आए।
अंगद सौ कह्यो नृप तुमहि वुलाए।।
अंगद तिहि संग उठि करि धायो।
चलति चलति रावन पहि आयो।।
रावण कह्यो क्या धूम रचाई। हे वंचरि क्या मन ठहिराई।।
तव अंगद तिस कह्यो सुणाई। हे मतिहीन क्या वाति उचिराई।।
मम ताई तूं जानति नाही। मैं अंगद सुत वाल पुछाही।।
वाल महावली कौं नही जाने। ताहि त्रासु मन महि नही आने।।
जिन तुझि कौ तनूनी अटिकायो। षष्ट मास तुझि छूटण नि पायो।।
ताहि बली कौ मै सुतु आयो। तै मन महि कहु क्या ठहिरायो।।
जवि अंगद इहि वात उचारी। रावण तव मनि लीउो वीचारी।।

अंगद सौ तिन आष सुणाया। तूं सुतु वाल भयो प्रगटाया।।
तोहि तात कौ राम सिंहारा। तुमि सौ वैरु कीउो अति भारा।।
ताहि उोरि होइ युद्ध कौ आयो। भलो वैरु ते पित का पायो।।
ऐसो पूतु न होयो भलो है। गर्भि माह वह गल्यो भलो है।।
जो पित केरा वैरु न लेई। पित वैरु लेन चितु न देई।।
हे अंगद सुन हो मेरी वाता। विधवा करी इनि तुमिरी माता।।
तुमि आवो हमिरौ सर्नाई। तोहि पितु वैरु लेवौ मेरे भाई।।
मेरो कह्यो सुण मनि लीजै। साईंदास कछु अवरु न कीजै।। १७४।।

जवि रावण इहि वचन सुनाए। अंगद ताह कह्यो समझाए।।
हे मतिमूढ़ कहा चित आना। तै कित रघुपति नाही जाना।।
मोहि पित ने ऐसे की कामा। ग्रहि राषी वंधू की भामा।।
वंधू को तिन मार निकारा। तव श्री रघुपति तां को मारा।।
मो को तुमि इहि वात सुणावो। हमिरी सर्नाई तुमि आवो।।
अवि ही मै तुम ताई मारों। पकरि सीस तोहि भुजा उपारों।।
श्री रामचंद्र आज्ञा नही पाई। इहि प्रजोग मोह कछु न वसाई।।
जो अपुनी भलि आई लौडै। गर्वु गुमानु ह्दे ते छोडै।।
जानकी संग ले करि उठि धावो। श्री रघुपत की सर्नी आवो।।
नाहि त रघुपति सेतु वंधावो। हे रावण रघुपतु है आवो।।
किह प्रयोग अपुनो जीउ देवै। किह प्रजोग दुःख मन महि लेवै।।
मैं तुम कौ इहि आष सुणायो। साईंदास रघुपति है आयो।। १७५।।

रावण क्रोधु कीयो उचिरायो। हे वंचरि मनि क्या ठहिरायो।।
अवि ही तुमि कौ पकरि संहारों। रामचंद को सहिति ही मारों।।
मो सरि तांको वलु कहा होई। मो सरि दूजा अवर न कोई।।
मैं कैसे जानकी ले जावों। रामचंद की सर्नि धावों।।
सिंहु मृगु सर्नी कहा जावै। स्वानु जंपक ते कहा डरावै।।
वाजु षग ते किउ करे त्रासा। मोह रावण को नाहि विनासा।।
ब्रिछु छाया ते कैसे भागे। सूरा रण कहु कैसे त्यागे।।
हे अंगद क्या वचन सुनावै। महा क्रोधु काहे उपिजावै।।
अंगद फिरि रावण सौं भाषा। हे मतिहीन क्या अंतर राषा।।

तूं रघपति सर कहा कहावै। तुमरो वलु तिह कहा वसावै।।
एक प्रतज्ञा तुमि सौ करहो। सो प्रतज्ञा निश्चल धरहो।।
मोह पग को जो तुमहि चलावो। वलु करि अपुना तिसे हलावो।।
मैं जानो जानकी तुमि नाही देवौ। एहि प्रतज्ञा मनि धरि लेवौ।।
तोहि उैर युद्ध जाइ करहो। श्री रघपति सेती जाइ लरहो।।
जो तुमि से इहि होइ न आवै। तौ काहे को भर्म भुलावै।।
रावण कह्यो भला ते आषा। इहि प्रतज्ञा मैं मनि राषा।।
अंगद पदु धर्नी ठहिरायो। रावण पगु को टार्न आयो।।
रघपति मनि महि लीयो वीचारी। महा कठनि बनी अति भारी।।
मोह सेवक प्रतज्ञा कीई। कठनि प्रतज्ञा मन महि लीई।।
जो रावण तिस को पगु टारै। तौ मोह सेवकु प्राण को हारै।।
मोसे इहि विधि सही न जाई। वसुधा तव प्रभ लई वुलाई।।
धोल्हू वुलाइ लीयो तत्कारे। गुननिधान प्रभु अपर अपारे।।
वाकु भीत वही उठि आया। जवि श्री रघपति ताहि वुलाया।।
हे वाकस पगु धौल्हू को गहु तूं। वलु अपुनो को तहा वहु तूं।।
धौल्ह गयो वसुधा के ताई। वसुधा पग अंगद उझ्झाई।।
वल करि पग को षिसण न देवौ। जो मै कह्या मनि धरि लेवौ।।
इनि सभ ही ऐसा ही कीना। जो रघपति ने आज्ञा दीना।।
रावणु आइ पग कौ करु लायौ। अंगद तव तिहि आष सुणायो।।
हे रावण इहि मति तुमारी। मोहि पगि आइ लगो तत्कारी।।
मैं सेवकु रघपति को आयो। मोको पकर्यो चर्नि लगायो।।
मोह सेवक सौं सर्ना आयो। रघपति रीस तूं कहा करायो।।
रावण वलु अपुनो वहु लायो। हारि पर्यो पगु नाहि हलायो।।
रघपति तिहि पग परि क्या कीआ। त्रैलोक भारु आण दीआ।।
रावण वल कहा ताह हलावै। पगु न हलायो मन विसमावै।।
कह्यो कहा भयो मोह वल ताई। इसि पग को टार्नि न पाई।।
अति भै चक्रित मन महि बिस्मावो। साईंदास वल नाहि वसायो।।१७६।।

अंगद मुकुट सिरि ते षसि लीआ। तजि तांको गवनु उनि कीआ।।
तात्काल रघपति पहि आयो। मुकटु कनक को आण दिषायो।।

हे प्रभ रावण को ले आया। तोहि किर्पा करि ताहि हराया।।
तहा प्रतज्ञा मैं कीई भारी। तोहि क्रिपा करि मूल न हारी।।
तूं प्रभ सदा सहाई मेरा। त्रैलोक चेरा है तेरा।।
रावण अति अभिमानु करायो। हे प्रभ मो प्रतज्ञा पायो।।
तुमि किर्पा करि पूर्ण होई। जो प्रतज्ञा मै कीई सोई।।
तू सेवक को सदा सहाई। भीर परे तहा तुमि ही मीटाई।।
तूं जन को प्रभ दु:ख निवार्न। भक्ति हेत तूं रूप पसार्न।।
तोहि कला को प्रभ को जाने। तोहि कला प्रभ कौनु पछाने।।
संकटि काटनि सुख को दाता।
घटि घटि माही आप है राता।
जहा जहा भीर परी रघुराई।
साईंदास तहा तुमहि मिटाई।।१७७।।

कह्यो मंदोदरी रावण ताई।
हे मतिमूढि समझु मनि माही।
एक वंचरु जो प्रथमे आयो।
कनकपुरी कौ तिन हि जलायो।
अधिक सैन ताहू ने मारी।
तोहि सुत तिन ने लीए विडारी।
अवि दूजे वंचरि इहि कीआ।
छत्र मुकट सिरि तुमि षसि लीआ।
इनि भी सैना पर्लो कीनी।
इहि प्रतज्ञा तुमि कौ दीनी।
तो का पाउँ न सक्यो उठाई।
कहा मूढ मति मनि ठहिराई।
तूं तिहि सेवक सरिना होयो।
अति अभिमानु किउ मनि महि पायो।
उौरु वाति सकली तजि देवौ।
मोहि कहा मनि महि धरि लेवौ।

जानकी संग लेइ तुमि जावौ।
रघुपति ताई जाइ मनावौ।
तोहि उगण वहु सकल मिटावै।
हे नृप जो इहि कामु कमावै।
रावण जवि इहि विधि सुणी काना।
अति क्रोधु मनि माहे आना।
हे मंदोदरी तूं कहा जाने।
मोहि गत को तूं कहा पछाने।
भागै पाछे काहे जाय्यै।
जो भागे तिहि क्या डरि पाय्यै।
जो तिहि वनचर बलु सा भारी।
काहे भाग गिया तत्कारी।
तूं इसि विधि को पावै नाही।
काहे फिरि फिरि वाति चलाही।
रावणु अस कहि वाहिर आया।
आइ सभा माहे ठहिराया।
अति अनंदु तिहि भौ नही कोई।
साईंदास होणी होइ सु होई।। १७८।।

जवि रावण सभा आइ ठहिरायो।
वभीक्षण तिहि वचनु सुणायो।
हे नृप सुणहो वात हमारी।
कौणु वाति तुमि मन महि धारी।
जानकी ले करि ग्रहि ठहिराई।
अति उपाधि नृप तोहि उठाई।
श्री रघुपति ने सेतु वंधायो।
कनकपुरी तोडनि को आयो।
जानकी खडि के सुष जीउ पाहो।
जानकी ले जाहि जे सुष चाहो।
नाहि न नासु कुल तुमिरा होई।
हे वंधु छूटै नहीं कोई।

सभि कौ रघपति मार संघारे।
बीस भुजा दस सीस विडारे।
काहे कुल का नासु करावै।
काहे को इहि कर्मु कमावै।
तव रावण वीभीक्षण प्रति कह्या।
हे वंधू क्या मनि उरि पर्‌या।
कहा रामु मोहि सरि जो होई।
मो सरि दूजा नाहीं कोई।
मो सौ इहि विधि काह सुनावै।
मो पहि इहि विधि किउ उचिरावै।
तूं भी जाइ तिहि होउ सहाई। मै नहीं डर्यो मेरे भाई।।
सकल सैन राम की मारौ। तव पाछे करि तोहि पछारौ।
भली वाति तूं मोहि सुणावै। मृग वाति करि सिंहु डरावै।।
सिंहु कहा मृग कौ भउ करही। वाजु कहा वगुले ते डरही।।
हमि तिह ते डर्पे नही भाई। हमि पहि इहि विधि कीई न जाई।।
जवि वभीछनि इहि प्रतु लीना। क्रोधुमान होइ मुख उचिरीना।।
अवि मै जावति हो मेरे भाई। जो तुमि मौ सौ इहि उचिराई।।
देषो कैसे सैना मारे। तोको कैसे पकरि पछारे।।
रावण कह्यो वेग न लावो। छिनु पलु ईहा ना ठहिरावो।।
जो कछु तुम से होइ सो करहो। साईंदास कित चित्त न धरहो।।१७९।।

वभीछनु तव ही उठि धाया। गगन मार्ग तिनि चितु लाया।।
आइ रघपति सौ कीओ प्रनामा। घटि घटि पूर्न जान्यो रामा।।
श्री रघुपति तिहि वचन सुनायो। हे लंकेस भला कीउो आयो।।
जवि लंकेस रघुपति आषा। पवन पुत्र तव ऐसे भाषा।।
रावण ने सिरु शिव परिचारा। लंका राजु भयो अधिकारा।।
वभीछन अवि ही जो आया। प्रभ लंकेसुरु नामु धराया।।
ऐसे रघपति परि वलि जावा। निसवासर ताके गुन गावा।।
हे प्रभ कौण सेवा इनि कीनी। कनकपुरी जो इसि कौ दीनी।।
जवि हनूमान प्रश्नु इहि कीना। रघिपति ताकौ उत्तरु दीना।।

हे हनूमान इनि भजनु कमायो। मोहि चर्ण सिउँ वहु चितु लायो।।
तव मैं इसे लंकेसुरु कीना। कनक पुरी मै इसि कौ दीना।।
पवन पुत्र फिरि ऐसे आषा। कवि प्रभ भजनु इनि ने चितु राषा।।
तव रघपति फिरि आष सुणायो।
पवन पुत्र ते विधि न पायो।
रावण कुंभकर्ण जवि कीआ।
तव इनि भजनु मोहि मनि लीना।
रावण राजु वांध्यो सो पायो।
कुंभकर्ण निद्रा चितु लायो।
वभीछन ने भक्ति जचाई।
जो इनि वाध्या सोई पाई।
पवन पुत्र इहु भक्त हमारा।
छिनु पलु हमि ते नाह न्यारा।
मोहि ध्यानु इसि के घटि माही।
उौरु वाति इहि जानति नाही।
हनूमान तव सत्य करि जाना।
जवि श्री रघपति एहि वषाना।
वभीछनि को वहु भलो भायो।
श्री रघपति तिह मानु वढायो।
श्री रघपति तिह सो जो भाषा।
कनकपुरी विधि सभु तिन आषा।
श्री रामचंद सुण विधि हिर्षाए।
साईंदास तव वहु सुष पाए।। १८०।।

सेतुवंधि पुलु मुहकमि कीना। सैना वहु रघपति संग लीना।।
इहि तट त्याग उसि तटि तीर आए। पद्म अठारा कपि सर्वाए।।
वज्र वाली तिहि वलु भारा। युद्ध कर्नि प्रभ सौ चित धारा।।
सैना अधिक लीए वहु आयो। युद्ध कर्नि कौ सन्मुष धायो।।
तिहि ने युद्ध कीयो अधिकारी। रघपति सैना तांकी मारी।।
तांको सीस प्रभ ने कटि लीना। स्वर्ग द्वार पठाइ करि दीना।।

औरु अधिक दानव चलि आए। श्री कौलापति सभ ही हताए।।
जिह प्रभ करि सौ प्रान तजाए। तात्काल बैकुंठि सिधाए।।
एकि मरे औरे चलि आवहि। श्री रघपति सौ युद्ध करावहि।।
प्रभ ने मारे क्षिण के माहे। छिन मात्र महि औरु उपिजाहे।।
जो जो दैत आण प्रभ मारे। असुर बुद्ध प्रभ लीए उधारे।।
हे साधो हरि नामु ध्यावो। साईंदास प्रभ के गुण गावो।। १८१।।

रावण ने तव ही सुण पायो। वज्र वाली को राम हतायो।।
ताहि सैन सकली तिन मारी। तव रावण मन लीई वीचारी।।
इंद्रिजीत कौ लीयो वुलाई। हे सुत मेरे वहु सुषदाई।।
तुमि रघुपति के सण्मुख जावौ। तांसौ जाइ करि युद्धु करावौ।।
वज्र वाली को तनि ने मारा। हे सुत तिन ने वहु प्रहारा।।
इंद्रिजीत तव ही उठि धायो। चलित चलित वहु रण महि आयो।।
द्रिष्ट न आवै युद्ध कराए। इंद्रिजीत को वलु अधिकाए।।
अग्नि वसे मध कर परहारे। अद्रिष्ट होइ सैना कौ मारे।।
इंद्रिजीत अधिक युद्धु कीआ। राम सैन को वहु दुख दीआ।।
सकल सैन तिन ने मूर्छाई। को मूर्छे को प्रान तजाई।।
हनूमानु नल नील मूर्छायो। उोरु सैन सभ प्रान तजायो।।
इंद्रिजीत जान्या सभु मारे। साईंदास तब लंक सिधारे।। १८२।।

सुत असुनीकुमार को भाई। नील नाम तिहि आष सुनाई।।
तिहि हनूमान सौ आष सुणाया। पवन पुत्र अवि क्या विस्माया।।
लछमन सहति सैना मूर्छाई। कहा कीजै कहू मेरे भाई।।
जो उपिचारु कहो सो करहो। तोहि कह्या मनि अंतरि धरहो।।
नील तव ही वचनु उचार्यो। पवन पुत्र सौ आष सुणायो।।
सुरजीवणी बूटी पर्वत माही। गंधिमावनु तिहि नामु अषाही।।
वहु बूटी जो तुमि ले आवो। सकल सैना को तुम जीवावौ।।
हनूमान कह्यो उसि कैसे पावौ। गंधिमानि पर्वत परि जावौ।।
ताहि चिहनि कछु देह वताई। मै वूटी को ल्यावो जाई।।
नील कह्यो सुण हो मेरे भाई। अग्नि चिणकारु वांको चमिकाई।।

वाही बूटी को तुमि ल्यावो।
पवन पुत्र छिनु विल्मु न लावो।
सभ विधि मै तुझै दीई वताई।
साईंदास सुण हो चितु लाई।।१८३।।

पवन पुत्र तव ही उठि धाया।
गगन मार्ग तिन मनु ठहिराया।
त्याग अयोध्या आगे आया।
भर्थ तव ही इसि कौ निर्षाया।
कह्यो गया वहुरु जु आवै।
मोहि वाणु नीको इहि षावै।
असुर अधिक है तिह मग माही।
ताहि त्रास को जाण न पाही।
पवन पुत्र सभ असुर संघारे। तव पाछे आगे पगु धारे।।
गंधिमावनि पर्वत परि आयो। वूटी तिन ने वहु निर्षायो।।
सकली वूटी वहु चमिकावै। पवन पुत्र मनि महि विस्मावै।।
एहि वूटी सभ एकि दिषावै। मोह मनि वूटी पर्षि न आवै।।
जो इकि तोरि षरों मेरे भाई। वहि ना होई अवरु होइ जाई।।
वहुरो कौणु कहो ईहा आवै। वार वार किसे वलु धावै।।
सभ पर्वतु ले जाउ उठाई। तौ कार्जु पूर्ण होइ भाई।।
गंधिमा वन तिनि मूल उपारा। लेकरि अपुने सीस मझारा।।
कनक पुरी कौ तव उठि धायो। नग्र अयोध्या के निकटि आयो।।
भर्थ जोहति मगु इहि ठहिरायो। इहि आये षिच वाण लगायो।।
पवन पुत्र गिरि सहिति गिरायो। राम राम कहि वसुधा पर्यो।।
भर्थ राम को नामु सुण पायो। तात्काल वंचर निकटि आयो।।
कौशल्या कौकेही आई। हनूमान पहि आइ ठहिराई।।
कह्यो कवनु तूं राम जु आषा। श्री राम नामु तै मुष ते भाषा।।
इसि का मोको देह वीचारा। हे वंचर तुम करो नवारा।।
तुमि अरु राम कहा वनि आई। तूं वंचर वह त्रिभवन राई।।
तांका संगु कैसे तै लीना। ताहि नामु कैसे उचिरीना।।

छिन पल विल्मु कछु नाहि करावो।
इहि व्रितांतु तुमि मोहि सुणावो।
मै तुमि सौ इहि भाष सुणायो।
साईंदास तुमि मोहि वतायो।।१८४।।

पवन पुत्र तव कह्यो सुणाई। सुण हो भर्थि रघपति के भाई।।
रावणु दैतु महा वलकाई। जानकी तिन ने षडी दुराई।।
रघपति जानकी हेरति आयो। नृप सुग्रीमु जहा ठहिरायो।।
मै मंत्री ताको सा भाई। सुग्रीम मोह कह्यो सुणाई।।
इहि दो वीर को लेहु वुलाई। इनि पाहे जाहो तुमि धाई।।
मै चलि रघपति पाहे आया। लक्ष्मण वीर सहित रघुराया।।
मै इनि दोनों को ले धाया। सुग्रीम पाहे ले धाया।।
वाल कपु सुग्रीम को भाई। महावली तिह वलु अधिकाई।।
सुग्रीम को मारि निकारा। राजु आप लीयो तत्कारा।।
तांकी वनता भी षसि लीई। इहि विधि वालि कपु ने कीई।।
सुग्रीमु आइ वनि महि ठहिरायो।
जहा सदहल ऋषि आश्रमु छायो।
श्री रघपति तांको कह्यो भाई।
सुग्रीम मोह देहु वताई।
कहु कैसे वन महि ठहिराए।
वनि माहे आसणु किउ छाए।
सुग्रीम तव सकल वीचारी।
हे प्रभ मोह वनी अति भारी।
मोहि राजु वल षसि लीआ।
मो परि अधिक जोरा उनि कीआ।
मोह वनिता उनि लीई छिनाई।
मोहि वलु तासौ नाहि वसाई।
इहि प्रजोग ईहा ठहिरायो। हे प्रभ ईहा आसुणु छायो।।
रघपति अग्नि जलाई कराए। तांसौ प्रतज्ञा कीई अधिकाए।।
कह्यो वालि कपि कौ मै मारहो। पाछे उौरु वाति चित धरिहो।।

श्री रघपति जाइ वालु संहार्‌यो। सांधि वाणु प्रभ तांकौ मार्‌यो।।
सुग्रीम कौ राजु दिवायो। श्री रघपति इहि काजु करायो।।
सुग्रीम कौ संग प्रभ लीए। कनक पुरी कौ गवनु प्रभ कीए।।
तव ते मैं रघपति सर्न आया। रघपति कार्ज सो चितु लाया।।
इंद्रिजीत सभ को मूर्छायो। सुरजीवन बूटी लेन मै आयो।।
अवि तुमि मोको धर्नि गिरायो। हमिरो वलु तै सकल हिरायो।।
कैसे करि पर्वतु ले जावौ। सुरजीवन वूटी तहा पहुचावौ।।
विनु वूटी सभि तजहि प्राना। हे नृप भर्थ सुणों मनि माना।।
तवि ही भर्थ ने वचनु उचारा। पवन पुत्र वलु घट्‌यो तुम्हारा।।
पर्वतु वाण ऊपरि ठहिरावो। तुमि भी इसि के सहिति ही आवो।।
मै तुम्हि रघपति पहु पहुचावौ। छिन पलु विल्म नाहि कछु लावौ।।
पवन पुत्र तव ही मन धारा। भर्थ की भुज माहे वलु भारा।।
फिरि भर्थ सो विनती ठानी। तुमिरी गति मै नाही जानी।।
तुमि कौ वलु ऐसो है भाई। मै सेवकु तुमिरी सर्नाई।।
तुमि किर्पा से मम वलु होया। जाग पर्‌यो संचरु सा षोया।।
तुमि किर्पा करि मै ले जावो। पल माहे घडि के पहुचावो।।
भर्थ से आज्ञा लेकरि धाया। साईंदास रघपति पहि आया।।१८५।।

पर्वतु नील को आण दिषायो। नील सुरजीवनी वूटी पायो।।
सकल सैना कौ ताहि सिंघाई। सैना जाग परी अधिकाई।।
श्री राम नाम सभि मुषो उचारा। राम नामु है प्रान अधारा।।
जाग परे सैना सुष पायो। श्री राम नाम जी को जसु गायो।।
जवि सभ सैना प्रगटि षलोई। मूर्छा होयो रह्यो न कोई।।
रघपति पवन पुत्र सौ कह्या। हे हनूमान कहा वहि रह्या।।
गंधमावनि पर्वतु ले जावौ। तहू ठौर षडि करि ठहिरावो।।
नाहि त सुर वहुता दुःख पाही। मूर्छा होई नाहि जीवाही।।
पवन पुत्र पर्वतु ले धायो। वहुर आण करि तहू टिकायो।।
ताहि टिकाइ आयो प्रभ पाही। हरि सिमरति दुःख लागै नाही।।
जो जो हरि सेवा चितु धारे। तात्काल प्रभ तासि उवारे।।
वेद पुरान सिंमृति जसु गावै। साईंदास सर्नी जो आवै।।१८६।।

श्री रघपति सभ लीए वुलाई। जिह कौ वलु सा वहु अधिकाई।।
वभीखन सुग्रीमु वुलायो। हनूमान अंगद चलि आयो।।
जामवानु नल नील भी आए। वडे वडे वली सकल सदाए।।
तिहि कह्यो श्री रघपति राए। ऐसी विधि को देहु वताए।।
जासु कीए लंका गढ़ु टूटै। रावण कुंभकर्ण सिरु फूटै।।
तबी विभीक्ष्ण वचनु उचारा। सुण हो विनती प्रान अधारा।।
इंद्रजीतु जवि नाहि हतावौ। लंका नामु लेने कहा पावो।।
हे प्रभ इंद्रिजीतु वलिकारी। तांकी भुज महि वलु अधिकारी।।
वलि करि वहु हमि हत्यो न जाई। मैं इकि विधि तुमि देवौ वताई।।
जवि इहि करि तासि कौ मारो। पाछे रावण भुजा उपारो।।
जवि लगि इंद्रिजीतु ना मारों। लंका नाम प्रभ हृदे न सारो।।
मैं बिनती प्रभ आष सुणाई। साईंदास सुण ले मेरे भाई।। १८७।।

श्री रघपति तव कह्यो पुकारा। हे वभीक्ष्ण वीरु हमारा।।
वहि विधि हमि को देहि वताई।
जिह कीए इंद्रिजीतु हन्यो जाई।
वभीछन तव आष सुणाया। सुण हो रघिपति त्रिभवन राया।।
मै सभ विधि तुमि देउ वताई। तुमि सुण लेहो हितु चितु लाई।।
ब्रह्म महूर्त्त उठि वनि जावै। इंद्रिजीतु जाइ यज्ञु करावै।।
अग्नि कौ अधिक अहूति देवै। सुप्रसन्न तांकौ करि लेवै।।
अग्नि रूप दाहन अग आवै। तिहि करि प्रभ वहु हार न पावै।।
जवि वहु यज्ञ कर्नि कौ जावै। शस्त्र अपुने इसि दे जावै।।
इहि शस्त्र ताके ले आवै। तुमि सेना संग ले अधिकावै।।
वांको यज्ञु न कर्न देवौ। एहि करो तवि तिसि हति लेवौ।।
रघिपति कह्यो वहु भला आषा। हे लंकेसरि वहु भलो भाषा।।
जो तुमि कहो करहि हमि सोई। साईंदास विधि लिष्यो सु होई।। १८८।।

ब्रह्म महूर्त्ति जवि ते भया। इंद्रिजीतु यज्ञ कर्ने गया।।
श्री लछमन सैना संग लीए। इंद्रिजीतु ओरि चित दीए।।
वभीछन तहूं ठौर ल्याया। इंद्रिजीत जहा यज्ञु रचाया।।
रघपति सैना वाण चलाए। इंद्रिजीत के अंग लगाए।।

इंद्रिजीत यज्ञ कर्नि न पायो। विनु यज्ञ कीए युद्ध को आयो।।
विनु यज्ञ कीए वल न वसावै। कहु कैसे वहु युद्ध करावै।।
विनु वल युद्ध कहा को करई। विनु भुज कहु कैसे कोऊ लरई।।
इंद्रिजीत को इनहि हतायो। वलि करि अपुने मारि चुकायो।।
ताहि मार रघपत पहि आए। श्री रघुपति सुण वहु हिर्षाए।।
भला कीउो पातकि को मारा। भला कीया पातकु प्रहारा।।
जीत भई रणु तिहि कर आयो। अति अनंद हो मंगल गायो।।
श्री रघुपति स्मसर को होई। साईंदास हरि सरि नही कोई।।१८९।।

रावण ने इहि विधि सुण पायो। इंद्रिजीत को तिन्हहि हतायो।।
क्रोधु कीउो मनि महि अधिकारा। ताहि भुजा माहे वल भारा।।
सैन संग ले युद्ध कौ आया। श्री रघुपति इहि उोरि ते धाया।।

अध्कि युद्ध रावण सौ कीना।
वीस भुजा दसि सीस कटि लीना।।

जवि सिरु कटै उौरु प्रगटावै। एकु कटे एकु उौरि उपिजावै।।
दसि ही वार ऐसे प्रभ कीना। रावण के सिर कटि कटि लीना।।
रावण फेरि गयो गृहि माहे। कुंभकर्ण सुख सोया जाहे।।
कुंभ अध्कि मदि संग भराए। भैंसिके सुत वहु घातु कराए।।
जौ जागै तव इसि कौ षाए। त्रिषा गहे इसि पान कराए।।
कुंभकर्नि उौरि आण टिकाए। रावण ने इहि कर्म कमाए।।
वाजंत्र वहु भांति वजावै। कुंभकर्णु केहूँ नीद उघिरावै।।
कुंभिकर्ण सोया अधिकाई। ताँको देहि सुर्ति नही काई।।
हस्ती सौ वहु ताल वजायो। कुंभकर्न कछु सुर्त न पायो।।
मदि करि वध्कि ताहि को मारे। कुंभकर्न तव नैन उघारे।।

रावण बहु विलापु करायो।
हे मोहि वीर चितु सौण की लायो।।

लछमन इंद्रिजीत को मारा। मोहि सीसु वहु तिन कटि डारा।।
तुमि क्या सोए हो मेरे भाई। उठो युद्ध करो रघराई।।
कुंभकर्ण तव उठि षलोया। हे मोहि वीर कहा कछु होया।।
संढे अधिक तव ही उनि षाए। मद कौ तिन ने पान कराए।।

ताहि षाइ शांत घरि आया। रावण सौ तव वचनु सुणाया।।
हे मोहि वीर कवन दुःख पायो। कहो कवन तुमि आण सतायो।।
एहि विधि मो को देहु वताई। किउ विस्मावै मेरे भाई।।
जो कोई तुमि कौ दुःख देवै। साईंदास तिहि हतनु करेवै।।१९०।।

रावण तिहि सौ कह्यो सुनाई। सुन हो वंधू मोहि सुषदाई।।
रामचंदि लक्ष्मण दोऊ आए। इंद्रिजीतु तिहि घातु कराए।।
सैना मोहि अध्कि तिहि मारी। सीस भुजा हमिरी कटि डारी।।
कुंभकर्ण जवि इहि सुण पाई। सैना वहु मारी रघुराई।।
रावण सौ तव वचनु सुणायो। हे वंधू तै क्या चित लायो।।
श्री रामचंद सौ युद्ध करावहि। रघपति सरि कैसे तू आवहि।।
रघपति सौ मै युद्ध न करहो। युद्ध कर्नि कौ चितु न धरिहो।।
रावण फिरि करि ताहि सुनायो। हे मोहि वीर कहा उचिरायो।।
मै तोहि वल करि कर्म कमायो। तोंहि वल परि विरोधु उठायो।।
किहि प्रकार तूं युद्ध न करही। रघपति सेती किउ ना लरही।।
इहि विधि मोकौ देहु वताई। है वंधू मोहि वहु सुखदाई।।
मोह मनि महि संचरु वहु आयो।
हे वंधू तै क्या उचिरायो।
इसि का मोकौ देह विचारा।
साईंदास संचरु मनि धारा।।१९१।।

कुंभकर्ण तव वचनु उचारा।
सुण हो रावण वीरु हमारा।
एक दिन गयो मै वनि के माही।
अषेरि कर्नि मृग के हरिताई।
नार्दु वैन वजावति आयो।
नार्दि मोसौ आष सुणायो।
मै गयो ब्रह्मपुरी के माही।
असुरों से सुर वहु दुःख पाही।
असुरों ने वहु धूमि रचाई।
तांसों किसको वलु न वसाई।

तहाँ वार्ता इहि सुण पाई।
प्रगट भए श्री रघपति राई।
असुरों को रघपति आइ मारे।
सकल सुर को वह संघारे।
काहे को विरोधु चलावो।
श्रवनो कौ तुमि काह दुःखावो।
इहि विधि नार्द मोहि सुनाई।
सोई रामु अवि आयो भाई।
कहु कैसे तिहु युद्ध करावै।
तिसि सन्मुख कैसे हमि धावै।
रावण कह्या सुण हो मेरे भाई।
जो तुमि मन महि एहि टिकाई।
कहु मै अवि और कौन पहि जावो।
ताहि ताहि सहाई संग ले आवो।
जो तुम डर्पित संग न आवो।
युद्ध कर्नि को नाही धावो।
मै तो युद्ध करो जाइ भाई।
तुमि हमिरे ना होइ सहाई।
रावण जवि इहि वचनु सुणाया।
मुषों वचनु करि क्रोधु उपिजाया।
कुंभकर्ण तव ऐसे आषा।
हमि डरु कहूँ चित्त न राषा।
जो तुमि ने इहि वचनु सुनायो।
अधिक क्रोधु मोकौ उपिजायो।
अवि मै जाइ करि युद्ध करावो।
श्री रघपति के सन्मुख जावो।
क्रोधु कीउो कुंभकर्नि अधिकाई।
ताह भुजा महि वलु वहु भाई।
उठि षडा भयो युद्ध कौ धायो।
रघपति की सैना निर्षायो।

कंपमान वंचर सभ होए। कुंभकर्णु जवि उठि षलोए।।
लंका त्याग युद्ध कौ धायो। रघुपति की सैना महि आयो।।
वंचरि पकरि पकरि मुख डारे। भछनु करे ताहि कौ मारे।।
वंचरि अधिक ताहि ने षाए। मार्ति कूटिति आगे धाए।।
सुग्रीम को पकरि तिन लीआ। ताहि दाब काँख तले दीआ।।
नृपु जान्यो तिहि को ले धाया। कनकपुरी सौ तिन चितु लाया।।
ले आयो दरवारे माही। सुग्रीमु मनि महि विस्माही।।
हे रघुपति मोहि वाधि चलायो। कुंभकर्ण इहि कर्मु कमायो।।
जवि सुग्रीम ह्दे इहि धारी। श्री रघुपति तव लीयो वीचारी।।
श्री रघुपति तव रचना धारी। सुग्रीम देह तव वहु भई भारी।।
कुंभकर्ण पहि चुकी न जाई। तिन ने यत्नु कीउो अधिकाई।।
सुग्रीम सूक्ष्म वपु कीआ। कूदि नाकु तांको कटि लीआ।।
नाकु काटि तांको उठि धाया। कुंभकर्ण मनि महि विस्माया।।
कहा मुष ते अंतरि जावो। कहा मुख मै जाइ दिषावो।।
लज्जावानु होइ करि फिरि धाया। मनि महि क्रोधु कीयो अधिकाया।।
वंचरि अधिक पुन आइ मारे। श्री रघपति उोरे पग धारे।।
रघुपति धन्षु वाण करि लीआ।
कुंभकर्ण के पग कटि दीआ।
जवि रघुपति तिहि पग कटि दीए।
कुंभकर्नि गोडी गवनु कीए।
फिरि वानि सों कटु कटि डारा।
तव धडि सौ चल्यो तत्कारा।
मुखु पसारे आगे आवे।
रघपति सो वहु युद्ध करावे।
रघुपति उौरु वाणु तिहि मारा।
घटि रहउो धडु ताहि विडारा।
वानु मारि मुषु तिहि फिरि लीआ।
रघुपति तिस को हतना कीआ।
कुंभकर्नि कौ रघुपति मारा। श्री रघुपति कौ वलु अधिकारा।।
ताहि मार वैकुंठि पठायो। साईंदास विधि प्रगटि सुनायो।। १९२।।

कुंभकर्ण को जवि प्रभ मारा। रावण तव ही नैन निहारा।।
लंका त्याग युद्ध कौ आयो। रघुपति सन्मुख आइ ठहिरायो।।
अधिक युद्ध रावण ने कीआ। वंचरि अधिक ताहि हनि लीआ।।
श्री लक्ष्मण तिहि सीसु कटि डारे। औरु सीसु आवै तत्कारे।।
सौ सीसु रावण कटि डारा। श्री रघुपति रावण को मारा।।
गण गंधर्व कीयो जै कारा। भला कीयो प्रभ प्रान अधारा।।
ऐसे पातक ताई तै मारा। हमिरी तुमि कौ है नमिस्कारा।।
अनेक उस्तति मुषो उचिराई। हे प्रभ तुमिरी तुमि वनि आई।।
कर उस्तित अपुने गृहि आए। अति अनंद मंगल वहु गाए।।
भक्ति हेति तांकौ हति लीआ। साईंदास इहि कार्णु कीआ।।१९३।।

श्री रघुपति लक्ष्मण सौ कीह्या। हे मोहि वीर कहा तू वह्या।।
भभीछन को संग ले जावो। लंका महि षडि राज वहावो।।
जानकी कौ अंवर वहु दीए। मो पहि आनो तुमि संग लीए।।
लछमन विभीछन को ले धाया। लंका महि खडि राजु वहाया।।
जानकी को अंवर वहु दीए। लंका त्याग गवनु तिन कीए।।
वभीछन संग ही फिरि आया। जानकी कौ प्रभ आण दिषाया।।
जानकी जवि निर्षी रघुराई। अंग अंग महि नाहि समाई।।
अति अनंदु भयो मन तांके। रोम रोम हर्षति भए वाँके।।
सकल कष्टु तिन मनहु विसारा। जव श्री रघपति नैन निहारा।।
जैसे षग पिंजर मुक्तावै। पिंजर त्याग अध्कि सुष पावै।।
जैसे मृग फाही तजि भागे। बन महि ताँको वहु हितु लागै।।
अति अनंदु वन माहे पावै। जिहि उौरि चितु होइ तहू धावै।।
जैसे रोगी रोग तजाए। अति सुष मन माहे वहु पाए।।
जैसे कमलु रवि को निर्षाए। मुष षोल्हे अनंदु वहु पाए।।
तैसे जानकी प्रभ निर्षाई। अंग अंग तिहि वहु सुष पाई।।
जानकी हरि देष्यो सुषु पायो। साईंदास मनि मंगलु गायो।।१९४।।

रघुपति जानकी को संग लीआ। दधि तटि त्याग गवनु उसि कीआ।।
सैना अध्कि ताहूँ संग आई। वभीछन भक्ति महा सुषदाई।।
वंचरि अध्कि रास संग आवहि। जैसे बादर घटि उमिडावहि।।

चलति चलति वन माहे आए। ताही कुटी महि आइ ठहिराए।।
जासि वाहि वासा प्रभ कीना।
अवि भी ताहू महि आस्रमु लीना।।
सुष वसे आइ प्रभ रघुपतिराई। साईंदास सदा गुण गाई।।१९५।।

श्री रघुपति मन लीउो वीचारी। मतु कोई हमिरो करे विचारी।।
रावण जानकी षडी दुराई। षडि लंका माहे ठहिराई।।
ताँसो फिरि रघुपति ले आए। अपुने ग्रहि महि आइ ठहिराए।।
मतु कोई जानकी कौ कछु कहई। नामु वुरो कहि ताँको लहिई।।
मतु काहू के मनि भ्रमु परई। मतु काहू का चितु डोलनु करई।।
सभि ही का मै भर्मु चुकावो। जानकी दूषनु दूरि करावो।।
रघपति जानकी सों तव आषा। सुन हो जानकी मै इहि चित राषा।।
अग्नि जलाइ इसि महि तुमि डारौ।
तुमरी दूषना सकल निवारौ।
जवि जानकी इहि विधि सुण पाई।
भला कह्यो तुमि रघुपति राई।
अग्नि जलाई मोहि तिह डारो।
तासि अग्नि सौ हमि कौ जारो।
जो मोहि अवगुन भस्म होइ जावै।
नाहि त अग्नि से वाहिरि आवै।
रघुपति इहि विधि मन ठहिराई।
सकली सैना लीई बुलाई।
रघुपति तिहि सो कह्यो पुकारे।
सुन हो इहि विधि वीर हमारे।
ईधन को तुमि मेल ल्यावो। ईहा आण के अग्नि जलावो।।
मोहि मनि संचरु है पर्यो। मम मन संचरु वहु ही कर्यो।।
तव सैना वचनु उचारा। हे प्रभ क्या संचरु मन धारा।।
किहि प्रजोग ईधनु वुलावो। किहि प्रजोग ईहा अग्नि जलावो।।
एहि वीचार हमि को प्रभ दीजै।
इहि करुणा हमि परि प्रभ कीजै।

एहि विधि सुणु संचरु मन पर्‌यो।
इहि तुमि कौनु वाति प्रभ कर्‌यो।
इहि संचरु प्रभ हमहि चुकावो। साईंदास को भर्मु मिटावो।।१९६।।

श्री रघपति तिन को प्रतु दीना। तुमि काहे संचरु मनि लीना।।
मोहि मन संचरु इहि विधि पर्‌यो। जानकी कौ रावण ले षड्‌यो।।
अध्कि दिवस लंका ठहिराई। मतु को इहि दूषनु लागे काई।।
इसि कौ अग्नि माहे मैं डारो। मनि को संचरु सभ ही निवारो।।
तव सैना ने मनि महि आनी। हे रघपति क्या वाति वषानी।।
जानकी कौ दूषनु नही लागे। जानकी दूषन सकल त्यागे।।
ताँका सीलु किनहू ना टार्‌यो। ताहि धर्मु किने नाहि विडार्‌यो।।
अग्नि माहे तुमि काहे डारो। जानकी को तुमि काहे जारो।।
जवि सैना सभ एहि उचारी।
रघपति तांकौ कह्यो वीचारी।
मोहि मनि माहे य्युं ही आई।
मोहि मन ते एही ठहिराई।
मै मनि को सभ संचरि निवार्‌यो।
इहि प्रजोग इसि अग्नि सौ जारौ।
तुमि जाइ ईधनि कौ ले आवौ।
साईंदास इहि मनि ठहिरावौ।।१९६।।
जवि सभ सैना आग्या पाई।
ईधनि लेनै चले वनि धाई।
जाइ ईधनि कौं सभ ही ल्याए।
कुटीआ निकटि आण ठहिराए।
तिहि ईधनि सौ अग्नि जलाई।
भाषति अंगार को पगु ठहिराई।
पगु क्या कहीए निकटि को आवे।
निकटि कहा जो द्रिग निर्षावे।
द्रिग निर्षनि क्या कहीयै भाई।
तांको तेजु है अति अधिकाई।

द्रिष्ट करे तो प्रान तजावै।
भस्म होइ फिरि द्रिष्ट न आवै।
द्रिष्ट परिति उपजित मन त्रासा।
भूलि जात वहु भोग विलासा।
जानकी सौ प्रभ कह्यो पुकारे।
हे जानकी आवो तत्कारे।
अग्नि माहि प्रवेसु करावो।
इसु पावकि महि पगु ठहिरावो।
जो तुमि महि कोऊ दूषणु होई।
तुम को आणु लागे गी सोई।
जो तुमि को दुषणु नही कोई।
तुम कौ अग्नि न लगेगी ऐ होई।
जो दूषनु हौइ भस्म करावे।
साईंदास एहि वात बतावे।। १९७।।

जानकी जवि इहि विधि सुण पायो। जलु ले करि इस्नानु करायो।।
वहु भूषण अंग कौ पहिराए। अंवर वहु तिन अंग लगाए।।
चाहति तिह प्रवेसु कराए। तव ही सुर सकले चलि आए।।
दसरथु रघुपति पहि आए। विबाण चढ्यो मुष सब्द सुनाए।।
जानकी मध्य अग्नि ना देवो।।
सकल सुरो ने एहि पुकारा। जो कछु दसरथ कह्यो विचारा।।
जानकी ने तव वचन उचारे। सकल सुरो कौ दीयो वीचारे।।
तुमि काहे इहि वचन सुनावो। किह प्रजोग तुमि इहि उचिरावो।।
इहि महि मोह भलो है भाई। मोहि दूषणा सभ मिटि जाई।।
ऐसे ही दसरथ सौ आषा। हे पित काहे इहि तुमि भाषा।।
तोहि क्रिपा करि को दुःख न लागे। तोहि क्रिपा सकला भ्रमु भागे।।
मै प्रवेसु करो इसि माही। साईंदास दुःख नाहि सँताही।। १९८।।

जानकी तिहि प्रवेसु करायो। अग्नि माहि जा पगु ठहिरायो।।
अग्नि तव ही सीतलता होई। जानकी दुःख ना लागो कोई।।
जानकी तिहि महि पगि ठहिराए। मानो सभु ही पुहप विछाए।।

मानो सलिता माहि ठहिराई। तांके निकटि अग्नि नही आई।।
सभ सैना की द्रिष्ट न आही। लोक कहित इसि अग्न जलाई।।
जानकी भस्म भई इसु माही। अति संचरु सेना मनि माही।।
जानकी का सतु किनहू न टार्‌यो। इसि पावक तांको क्युँ जार्‌यो।।
अति भै चक्रित सभु मनि विस्मावै। ताकी विधि कछु कही नि जावै।।
सभ ही मन महि कर्ति वीचारा। हे प्रभ इहि क्या रचना धारा।।
जानकी कौ दूषना नही काई। जानकी तै प्रभु काह जलाई।।
हे प्रभु कौनु तपासु तै कीना। कौनु वाति प्रभ मन धरि लीना।।
तीन दिवसि निस भई वितीता। जानकी रही अग्नि के भीता।।
हे प्रभ हमि तो सभ वौराए। साईंदास कहा कहो सुनाए।। १९९।।

सभ सैना जवि मनि विस्माई। तात्काल सीता निकसि आई।।
अति सरूपु क्या रूपु वषानो। ताह रूप अस्तुति क्या जानो।।
त्रैलोक तिहि सरना कोई। ताहि रूप समसरि ना कोई।।
तव सभ ही रघपति सौ आषा। कहा हमारा तुमि चित राषा।।
जानकी कौ तैने पतीआयो। अपुने मन का भर्मु चुकायो।।
जानकी कौ सील ते टारे। जानकी को वात उचारे।।
जो को वुरा मन महि ल्यावे। ताँको प्रभ मोह नर्कि पठावे।।
हे प्रभ अवि तो संचरु भागा। अवि तो तैने संचरु त्यागा।।
जानकी कौ प्रभु गृह ले आयो। अति अनंदु सभु भर्मु चुकायो।।
रघपति भर्मु हृदे तै त्यागा। संचरु सोया तव ही जागा।।
संचरु त्याग अधिक सुषु पाया। श्री रघपति ने भर्मु गवाया।।
जो कछु हरि भावे सो होई। साईंदास उौरु करे ना कोई।। २००।।

ऋषि सौ देवौ कह्यो सुनाई। वाल्मीक पूर्ण ऋषि नाई।।
हमिरे मन महि संचरु आयो। ताहि चितु वहु भर्मि भुलावो।।
तुमि किर्पा करि संचरु जावै। तुमि किर्पा मनु हमि सुष पावै।।
वाल्मीकहि विपो सौ आषा। कवन संचरु मन माहे राषा।।
मोहि कह्यो तुमि संचरु निवारो। तुमिरे मनि को संसा टारो।।
तव देवौ ने विनती ठानी। सुण हो ऋषि जी ब्रह्म ज्ञानी।।
विनती तुमि पहि आष सुणावहु। सो हमि संचरु सोई वतावहु।।

जानकी जवि पावक महि डारी। पावक ने तव ही वहु जारी।।
भस्म भई तिन प्रान तजाई। भस्म ते रूप कहा प्रगटाई।।
सूकी लकडी हरी न होई। भस्म ते रूपु भयो ना कोई।।
कहा भस्म ते मानसु होई। भस्म ते मानसु भयो न कोई।।
क्रिपा करि हमि संचरु निवारो। साईंदास परि किर्पा धारो।। २०१ ।।

वाल्मीक ताँको प्रतु दीना। एही संचरु तुमि मनि महि लीना।।
सुण हो संचरु तुमि निवारो। तुमिरे मनि को भर्मु टारो।।
श्री रघपति जवि वनि को धाए। त्याग अयोध्या वाहिरि आए।।
जानकी पावक महि ठहिराई। इसे राषु तूं मेरे भाई।।
माया की जानकी संग लीए। रघपति गवनु आगे को कीए।।
वन कुटीआ छाइ करि ठहिराए। रावण दैत तहा चलि आए।।
रावण तांकौ षष्यो दुराई। षडि लंका माहे ठहिराई।।
रघुपति तांको मारि ले आयो। रावण की तिहि हतनु करायो।।
विधि ने इहि विधि धुरों वनाई। रावणु जानकी कै षडे दुराई।।
श्री रघपतु तिह जाइ विडारे। रावण दैत को रघुपति मारे।।
श्री रघपति ने अग्नि जलाई। जानकी माया दी तहा पाई।।
जानकी माया दी तहा डारी। तात्काल वहु पावक डारी।।
जानकी जन्क सुता निकसाई। जो रघपति तिहि पाहि टिकाई।।
जवि देवौ इहि विधि सुनी काना। संचरु त्याग भए अनंद माना।।
श्री रघुपति कुटीआ ठहिराए। सईंदास मनि वहु सुष पाए।। २०२ ।।

चतुर्दश वर्ष जवि भए वितीता। भर्थ कौ आइ परी इहि चीता।।
प्रतज्ञा कह्यो पूर्ण अवि होयो। चतुर्दस वर्ष रघुपति वन पोयो।।
अवि जाइ रघुपति को ले आवहि। आण अयोध्या राज वहावहि।।
सकल प्रजा कों लीयो वुलाई। ताहि कह्यो सुण हो मेरे भाई।।
मै जावति हो रघपति पाहे। ताहि ल्यावहि नग्रि के माहे।।
आण नग्रि महि राज वहावहि। तांके आगे टहिल कमावहि।।
जवि पर्जा इहि विधि सुण पायो। सभ ही भर्थ के संग उमिडायो।।
कह्यो धंन्न धंन्न मत्ति तुम्हारी। हे प्रभ इहि विधि भली वीचारी।।
हे प्रभ हमि भी तुमि संग जावहि। रघपति को जाइ दर्सनु पावैहि।।

हे नृप जी कछु विल्मु न लावहु। श्री रघपति जी की ओरि धावहु।।
जाइ राम कौ नग्र ल्यावहि। साईंदास वहुता सुष पावहि।। २०३।।

भर्थ शत्रघन लीयो वुलाई। ताहि कह्यो सुण हो मेरे भाई।।
चलहो रघपति कों ले आवहि। आण करि रघुपति राज वहावहि।।
शत्रघनु कह्यो वहु भलो भाई। भली वाति तुमिरे मनि आई।।
भर्थु सकल प्रजा संग लीए। श्री रघपति ओरि तिन्हे पग दीए।।
चलति चलति रघुपति पहे आए। सभहू आइ डंडौत कराए।।
रघुपति भर्थ कौ अंग महि लीना। शत्रुघन को वहु हितु कीना।।
वहुरो लछमनि ने उर लाए। अधिक भयो सुष मंगल गाए।।
भर्थ को पूछति श्री रघुराई। अधिक अनंद है कुशल है भाई।।
भर्थ ने तव ही विनती ठानी। तोहि कृपा सुख सारंग पानी।।
प्रजा सभ प्रनामु सुनायो। साईंदास तिहि राजु सवायो।। २०४।।

भर्थ जोरि करि मुषों पुकारा। हे श्री रघपति प्रान अधारा।।
किर्पा करि चलहो ग्रहि माही। नग्रि अयोध्या त्रिभवन मांही।।
चलहो चलि करि राजु करावो। हे कौलापति दूष मिटावो।।
तौ विनु मौं कोऊ सुखु न पायो। तौ विनु हमि दिनु गणति विहायो।।
सकल प्रजा तव कह्यो पुकारे। हे प्रभ चलिहो किर्पा धारे।।
चलहो नग्रि अयोध्या माही। तौ विनु हमि प्रभ वहु दुःख पाही।।
भर्थ अधिक दुःख हमि कौ दीना।
जोर जुल्मु प्रभ वहुता कीना।
रघुपति भर्थ की ओरि तकायो।
भर्थ तव ही मुष तु उचिरायो।
हे प्रभ तुमि सभि विधि कौ जानौ।
मै तुमि पाहे कहा बषानौ।
प्रजा कौ प्रभ श्रापु दिवायो।
कूर कूर तुमि कूक सुनायो।
भर्थु ब्रह्म भक्त अधिकाई।
काहू को ना त्रासु दिषाई।

तुम्ह कवहु सुष नाही पावौ।
तुमि कौ कूकति सदा विहावौ।
प्रजा श्रापु तव ही ते पायो।
अवि कछु कूकणि चित्तु न लायो।
श्री रघुपति तिहि दीयो श्रापा।
साईंदास तिहि लीनो आपा।। २०५।।

भर्थ ने जबि इहि विधि सुण पाई।
हिर्षमान होउो अधिकाई।
श्री रघुपति मोह श्रापु न दीआ।
इहि करुणा हमिरे परि कीआ।
वहुरौ प्रभ सौ विनती ठानी।
मै वल जावौ सारंग पानी।
किर्पा करि प्रभ उठि धावो।
नग्रि अयोध्या सौ चितु लावो।
मात कौशल्या वहु दुःख पायो।
तोहि व्योग प्रभ त्रिभवन रायो।
विल्मु न लावो हो रघुराई।
मै तुमि पहि विधि आष सुणाई।
सकल लोक तोह पंथ निहारहि।
पलु छिनु मन महि वाति वीचारहि।
कवि आवेंगे रघपति राए।
जौ सकली विर्था कौ पाए।
वार वार प्रभ विनती करहों।
तोहि चर्न ऊपरि सिरु धरहों।
मोहि विनती होइ प्रवाना।
साईंदास तुमि चर्न ध्याना।। २०६।।

भर्थ ने जवि इहि वचनु सुनायो।
श्री रघपति मन महि ठहिरायो।

कह्यो भलो चलि हो मेरे भाई। जो तुमि कह्यो सो मन ठहिराई।।
श्री रघपति सैना संग लीए। नग्रि अयोध्या को पग दीए।।
सकल तपसी सौ विदआ कीए। नग्रि अयोध्या कौ मगु लीए।।
नग्रि अयोध्या के निकट आए। कौसल्या तव ही सुण पाए।।
अति अनंदु तिन ने सुषु पायो। ग्रहि ग्रहि मंगल सभ हू गायो।।
नग्र अयोध्या भयो सवायो। सूषे विछौं ने फलु पायो।
पुहप अधिक तिह ते प्रगटायो। कौशल्या जी ले अंग लायो।।
भर्थ ने तव ही डंडौत करायो।।
जानकी कौ कौशल्या लीआ। अंग माहि अनंदु वहु कीआ।।
लक्ष्मण मुखो प्रनामु सुनायो। माता ने ले करि अंग लायो।
भयो नासु दुःख को मेरे भाई। आए प्रभ जी रघुपति राई।।
रोम रोम नग्रि सुष पायो। साईंदास ने हरि जसु गायो।। २०७।।

श्री रघुपति सिंघासन चर्‌यो। तिल्कु राम मस्तकि परि धर्‌यो।।
ताहि राज सैना सुषु पायो।
निकटि काहू के दुःख न आयो।
जानकी कौ गर्भु होयो भाई।
सोई प्रिथम गर्भु है याही।
चतुर्मास को वह गर्भु भया।
जानकी वहु सुषु मनि महि लीआ।
श्री रघुपति निसि सुप्ना पायो।
सकल व्रितांतु तिह आष सुणायो।
जानकी तटि गंगा वनि माही।
फिर्त फिर्त कलोल कराही।
निसि वीती जवि झालू होया।
रघुपति जाग पर्‌यो तवि सोया।
करि स्नानु वशिष्ट पहि आया।
सुप्ना रैन को आषि सुनायो।।
तव वशिष्ट तिहि आषि सुनाई।
सुन हो प्रभ तुमि रघपति राई।

जो सभ वनिता लेहु बुलाई।
विपो केरी हे रघराई।
तिहि ताई तुमि भोजनु देवौ।
एहि वाति तुमि मनि धरि लेवौ।
एकु मंत्रु मै जापु करावौ। पाछे होम कर्नि चितु लावौ।।
श्री रघुपति लछमन वुलायो। तांसौ प्रभ ने आष सुनायो।।
तुमि मितुला नग्री महि जावो। जन्कि कौ ईहा वेग ल्यावो।।
जनकु आइ यज्ञ जानकी देषै। अपुने द्रिग आइ विधि पेषै।।
सुर सकले भी आण वुलाई। तुमि जावो हो मेरे भाई।।
लछमनु इहि विधि सुण उठि धाया।
केतकि दिन मै सभु ले आया।
यज्ञ अरंभु कर्नि चितु लायो।
पंडति जोतकी अधिक वुलायो।
पंडति वेद अधिक उचिरावहि।
अति आनंद सदा सुष पावहि।
चतुर कुंभ जल के भरि राषहि।
पंडति वेद पढनि चितु भाषहि।
जलु उमिड्यो दो कुंभ ते भाई।
निकस परा वाहिरि वहु आई।
तव ही वशिष्ट ने मुषो उचारा।
हे रघपति सुणु प्राण अधारा।
तोहि ग्रहि वाल्क दो वलिवाना।
महा पराक्रमी होहि सुजाना।
इहि विधि कह यज्ञु पूर्ण कीना।
साईंदास सुषु मनि महि लीना।।२०८।।

पाँच मास गर्भु जानकी होयो। जानकी सभु संसा मनि षोयो।।
एकि दिन रामचंद्र ग्रहि माही। आस्रमु लीनो मन सुख पाही।।
जानकी पोखा है करि माही। अति अनंद वहि पोण झुलाही।।
श्री रामचंद्रि जी तासौं कह्या। हे जानकी तोहि मन क्या लह्या।।

जो भूषनि कहे ताहि करावो। नाना वस्त्र तुझै उढावौ।।
जानकी तव ही वचनु उचारा। मै वलि जावौ प्रान अधारा।।
जो तोसौ प्रभ मो सिरि होई। मोहि वाछा अवरु नाही कोई।।
जो आज्ञा होइ वचन सुनावौ। जो मनु मांगे सो उचिरेवौ।।
गंगा तटि ऋषि वनिता रहे। तहा तपस्या सौ चितु गहे।।
तांके अंवर भए पुराने। फाटि गई प्रभ उौधि सराने।।
जो आज्ञा होइ तहा मै जावौ। तिहि कौ अंवरि दे फिरि आवौ।।
मेरो मनु प्रभ एही चाहे। साईंदास कछु उौरु न चाहे।। २०९।।

श्री रघपति तव वचनु उचारा। जानकी तो सौ कहो पुकारा।।
चतुर्दस वर्ष रह्यो वनिवासा। अवि लगि वन की करे प्यासा।।
तुमिरो मनि वांछति वनि ताई। कौनु वाति तै मनि ठहिराई।।
एहि वाति प्रभ दीई वहाई। केतकि दिन भए मेरे भाई।।
एकु असुरु तांको वलु भारी। शिव त्रिसूलु करि तिहि अधिकारी।।
जवि लगि तिहि कर होइ त्रिशूला। ताहि कोऊ न उतारे मूला।।
सकल प्रजा को वहु दुःख देवै। अति विरोधु वहि असुरु करेवै।।
रघपति कह्यो कोइसि को मारे। अपुने वलि करि इसहि प्रहारे।।
भर्थ कह्यो प्रभु जी मै जावौ। वही असुर सौ युद्ध मचावौ।।
श्री रघपति तव वचनु सुनायो। हे मोहि वीर तै वहु दुःख पायो।।
वहुरो लछमन वचन उचारे। मै जावो प्रभ प्रान अधारे।।
रघपति कह्यो तुमि भी न जावो। इहि विधि कर्ने चित्तु न लावो।।
तै ने वन महि वहु दुःख पाया। महा कष्टु है तहा कमाया।।
शत्रघनु जाइ तिस कौ मारे। ताहि दैत्य को पकरि पछारे।।
शत्रघनु कह्यो प्रभ मै जावौ। तोहि कृपा वाँको हति आवौ।।
रघपति कह्यो सुनो मेरे भाई। मज्जन को जवि असुरु सिधाई।।
तुमि वाहू के अंतरि जावो। शिव त्रिशूलु ले करि ठहिरावो।।
जवि मज्जन कर्के वहि आवै। तुमि सेती वहु युद्ध मचावै।।
मारि त्रिशूलु तिसे प्रहारो। हे मोहि वीर जाइ उसि मारो।।
शत्रुघनु सुण इहि उठि धाया। ताहि असुर के आश्रम आया।।
असुरु मज्जनि कर्नि को धायो। शत्रुघनु अस्तल तिहि आयो।।

करि मज्जनु असुरु फिरि आया। शत्रघनु को तिन निर्षाया।।
तांसौ युद्धु कीनो अधिकाई। विनु शस्त्र किछु वलु न वसाई।।
शत्रघनु ताहू को मारा। मार त्रिशूल तिहि सीसु विडारा।।
ताहि मार रघपति पहि आयो। साईंदास प्रनामु सुनायो।। २१०।।

इकि दिन एकि ब्राह्मण क्या कीआ।
भिक्षा मांगन को चितु दीआ।
मांग भिक्षा कछु हाथ नि आयो।
ब्राह्मण अधिक क्रोधु करायो।
दाहनि अंग स्वानु तिहि आयो।
ताहि निर्ष वहु क्रोधु उपिजायो।
ले लषोटी तांके सिरि मारी।
स्वान को पीड भई अति भारी।
कूकति कूकति प्रभ पहि आयो।
प्रभ सौ सभ विधि भाष सुनायो।
मोको इनि ब्राह्मण ने मारा।
इसि पूछो तुमि प्रान अधारा।
श्री रघपति विप कौ लीउो वुलाई।
हे विप इसि किउ चोटि लगाई।
कौणु उौगुण तेरो इनि कीना।
जो इसि को इहि दुःख तै दीना।
विप कह्यो सुण हो रघुराई। इनि अवज्ञा मोह कीई न काई।।
य्युं ही प्रभ इसि कौ मारा। इहि सचु तुमि पहि आइ पुकारा।।
तव ही स्वान ने वचनु उचारा। हे प्रभ इसि देहि दंडु हमारा।।
ठाकुरि को पूजारा होई। उौरु दंड देवौ नही कोई।।
वसिष्ट कह्यो इसि कौ वरु दीना। ठाकुर का पूजारा कीना।।
ब्राह्मण कौ कह्यो रघुराई। जाहि पूजा ठाकुर करु भाई।।
तुम को स्वान ने इहि वरु दीना। जो तै ताहि अवज्ञा कीना।।
ब्राह्मण सेवा को उहि धाया। वशिष्ट स्वान सों फिरि पूछाया।।
हे स्वान तै इसि वरु दीना। कहा दंड इसि कौ तै कीना।।

स्वान कह्यो सुण हो गुर मेरे । मै विधि आषो आगे तेरे।।
मै सेवा हरि जी की कर्ता। हरि चरना सेती चितु धर्ता।।
जो कछु प्रभ कौ आण चढावै। ठाकुरि आगे आण टिकावै।।
सो मै ब्राह्मण ऋषहि षलावौ। तांसो रंचिक मै भी षावौ।।
तिहि रंचिकि ते इहि योन पाई। स्वान भयो हौ जग परि आई।।
इहि लोभी सभ ही आपि लेवै। ब्राह्मण ऋषि कौ कछू न देवै।।
ठाकुरु इसि कौ योन भ्रमावहि।
चौरासी लष महि उर्झावहि।
इहि प्रजोग मै इसि वरु दीना।
हे सतगुर जी मै इहि विधि कीना।
हृदे प्रतीत भई अति भारी।
ठाकुरु इसि वहु योनि दिषारी।
जैसा इनि मोसौ प्रभि कीना।
साईंदास ऐसा करि लीना।।२११।।

इकि दिन श्री रामचंद जी सोए।
पहिरि रही निसि उठि षलोए।
पुरि के तव रषिवारे आए।
श्री रघपति सौ डंडोत कराए।
श्री रघपति तिहि वचन उचारे।
सुण हो अयोध्या के रषिवारे।
तुमि सदा फिर्ते हो पुर के माही।
मम नामु कैसे लोक उचिराही।
तव विनती करी अपुने करि जोरे।
हे श्री रघपति जीवन मोरे।
तुमि को नामु जो मुषि उचिराए।
मुक्ता होइ फिरि योन न पाए।
लोक कहा प्रभ तुमि कौ आषहि।
तुमिरी उस्तति सभु ही भाषहि।

एकनि ता महि आष सुणायो।
हमि इहि ओरि आवन चितु लायो।
एकि ओरि कछु भयो ककरा।
हमि ताहू धाइ परे तत्कारा।
एकि पीछे वनिता क्या कीआ।
आज्ञा पतिकी ना उसि लीआ।
विनु आज्ञा गई पित ग्रहि माही।
तिहि पति रोसु कीयो अधिकाही।
ताहि लेन को वहु ना धाया।
तिहि ससुरा दुहिता ले आया।
लोक वडे वडे तिहि संग लीए।
दुहिता पति के ग्रहि पग दीए।
वहु ना आयो मै ले जावौ।
उेहु वडो मै छोटो कहावौ।
इहि प्रजोग दुहिता ले आयो।
अधिक दीनता तिने करायो।
तिहि दुहिता पति माने नाही। मुष ते वहु इहि ताहि सुनाही।
मै रघपति नाही इहि करहो। जानकी जिउ इसि कौ ग्रहि वडहो।।
जानकी असुरो षडी दुराई। षष्ट मास ग्रहि महि ठहिराई।।
रामचंदु तिन को ले आयो। फिरि करि ग्रहि महि आण वहायो।।
वहु राजा इहि तिहि वनि आवै। राजद्वार इहि वात समावै।।
मै गरीबु मो सौ नही होई। ऐसी वाति करे नही कोई।।
तांको हे प्रभ कछू न आषा। आज्ञा विनु कछु मन ना राषा।।
नाहि त हमि ताँकौ प्रहार्त। साईंदास इहि वात उचार्त।। २१२।।

जवि रघुपति इहि विधि सुण पायो। अति भै चक्रित मनि मनि विस्मायो।।
अपुने मनि महि लीयो वीचारी। मोकौ कठनि वनी अति भारी।।
जानकी कछु उौगुणु ना कीयो। कछु उौगुणु ना मनि महि लीयो।।
कैसे करि इसि को तजि देवो। इसि कौ दूष कैसे मै लेवौ।।
ऐसे मनि महि कर्त वीचारा। श्री कौलापति प्रान अधारा।।

प्राति भई वधूं चलि आए। रघपति कौ डंडौत कराए।।
रघपति कौ विस्मिकि निर्षाया। इनि संचरु मनि माहि लगाया।।
हमि भरि जोवनि है मेरे भाई। प्राति समे हमि उठ्यो न जाई।।
संध्या जापु हमि पहि ना होई। इहि औगुण हमि औरु ना कोई[१]।।
करि जोरे इनि विनती ठानी। हे प्रभ रघुपति सारंग पानी।।
जो उौगुण हमि ते कोऊ होई। हे प्रभ जी तुमि मेटो सोई।।
हमि वाल्क कछु बूझहि नाही। कहा कहे हमि तुमिरे ताही।।
हे प्रभ हमि परि क्रिपा करावो। साईंदास मनि सुष उपिजावो।।२१३।।

श्री राम चंद्रि वंधू कौ आषा।
हे मोहि वीरो कहा चितु राषा।
हमिरी जान प्रान तुमि माही।
तुमि उौगुण कीनो कछु नाही।
मै तुमि कौ इकि आज्ञा करहो।
मोहि आज्ञा मनि अंतरि धरहो।
जानकी ते निंद्या हमि होई।
एहि संचरु मनि औरु न कोऊ।
इहि निंद्या हमि सुणी न जाई।
तुम सौ कह्यो इहि मेरे भाई।
तुमि जानकी कौ वनि ले जावौ।
षडि करि वनि माही छडि आवौ।
भर्थ शत्रघन इहि सुण पाई।
करि जोरे मुष भाषि सुणाई।
तुमि प्रभ हो आषो जो भावै।
जो काऊ उौरु इहि विधि उचिरावै।
तांको खंड खंड करि डारहि।
पल माहे हमि ताहि विडारहि।
सीता सील कोऊ रीस करावै।
जानकी सर उौरु कौनु कहावै।

---

१. यहाँ भक्ति की इच्छा करने वाले नवयुवक हृदयों का चित्रण है।

जवि इनि ने इहि वाति उचारी।
श्री रामचंदि तिहि दीउो वीचारी।
दो कार्ज तुमि देवौ वताई।
जो नीका सो करहो भाई।
कै सीता को वनि ले जावो।
नही तो हमिरो सीसु कटावो।
इनि से उौरु वाति कछु नाही।
इहि मै आषी है तुमि ताही।
जबि रघुपति इहि वचनु सुनायो।
तव वहु सभ मन महि विस्मायो।
लक्ष्मण रुदन कर्ति चितु लीउो।
जानकी उोरि गवनु तिन कीउो।
चलति चलति जानकी पहि आयो।
जानकी ने लछमणु निर्षायो।
मनि माहे इहि लीउो वीचारी।
एही हृदे अंतरि उनि धारी।
एक दिन मै रघपति सौ आषा।
सोंई रघपति मन महि राषा।
गंगा के तटि प्रभ मै जावौ।
ऋषि वनिता अंवरि देइ आवौ।
इहि प्रजोग रथु आयो है भाई।
अंतरि जामी रघुपति राई।
एहि सीता मनि महि धारी।
उौरु ताह मनि नाह वीचारी।
लछमन सौ तिन वचनु सुनायो।
हे लछमनि वहु भला कीउो आयो।
तुमि षडा होउ मै अंबर ल्यावो।
साईंदास तुमिरे संग धावो।।२१४।।

जानकी कहि गई ग्रहि के माही।अति अनंदु ताहू मनि माही।।

अंवर आण रथ ऊपरि डारे। वहुरो मनि महि लीयो वीचारे।।
लछमनि सौ फिरि वचन उचारे। सुण हो लछमनि वीर हमारे।।
कौशल्या पग पर्स कै आवौ। पाछे हमि तुमिरे संग धावौ।।
जानकी कौशल्या पहि आई। विनती मुष ते आष सुणांई।।
गंगा तटि आषा हौ जावौ। छिन मात्रि माहे फिरि आवौ।।
कौशल्या जानकी सौ आषा। हे जानकी तै क्या चिति राषा।।
नागे पग कैसे वनि जावहि। वन माहे कैसे पग चलावहि।।
जानकी तांको इहि प्रतु दीना। मै वन गवनु अधिक है कीना।।
कौशल्या से आज्ञा पाई। तात्काल रथ परि तब आई।।
लछमन धौल्ह पूत को मारे। धौल्हु पूत पग आगै न डारे।।
वसुधा ते उठि षडे न होही। मनि माहे वहुता वहि रोही।।
जबि लछमन वहु जत्न कराए। धौंल्ह पुत्र आगे तव धाए।।
चलति गंगा तटि परि आए। लछमन रथ कों दीउो तजाए।।
तः रथु तटि त्याग उौरु उोर धाए। तव जानकी ने वचन सुनाए।।
वनिता ऋषि की उति ठौर रहे। कर्ति तपस्या ऊहाँ अहे।।
तूं मोकौ कहु कहा ले जावै। मोकौ इहि विधि किउ न वतावे।।
असगुन वुरे सीता मग होही। जानकी मन माहे वहु जोही।।
दाहणा द्रिगु सीता कंपावै। जानकी मन महि सोचु करावै।।
एहि असगुन मोको दुःख देवै। कछु चिंता मोको उपजेवै।।
महा विकटि वनि माहे आए। तव लछमन ने वचन सुनाए।।
सीसु तले करि मुष ते आषा। श्रीराम वनिवासु दीयौ तुझै भाषा।।
जानकी सुनति गई मूर्छाई। व्याकल होइ धर्नि गिराई।।
तांके प्राण गए निकसाई। लछमन निर्षो वहु दुःख पाई।।
छाया करि सिरि परि ठहिरानो। तांके द्रिग सों नीरु ढुरानो।।
रुदनु करे अरु पवनु झुलावै। मन माहे वहुता विस्मावै।।
जानकी फिरि आई सुधि नाही। रुदनु कर्ति द्रिग नीर ढुराही।।
लछमन सौ चित वचनु सुनायो। कौनु अवज्ञा मो तन लायो।।
रघपति मोह वनवासु किउ दीयो। मो सौ रघपति इहि क्या कीयो।।
हे लछमन मोहि देहु वताई। साईंदास तुझै राम दुहाई।। २१५।।

लछमन तांसौ दीउो वीचारा। जानकी रघपति इहि मन धारा।।
कह्यो हमारी निंद्या होई। जानकी ते विधि उौरु न कोई।।
इहि प्रजोग वनवासा पठायो। हमिरो कह्यो मनि ना ठहिरायो।।
पग धरि सीसु लछमन उठि आयो। जानकी कौ वन महि छडि धायो।।
वन महि जानकी रुदनु करावै। इति उति उोरि उठि करि धावै।।
मृग वनिता सभ ही मिल आई। जानकी पहि आइ करि ठहिराई।।
मोरि अधिक ताहू पहि आए। निसि इकि व्रिक्ष तले ठहिराए।।
तीन दिवसि निसि ऐसै भए। जानकी वन माहे ही रहे।।
चतुर्दिवसि पाछे ऋषु आयो। वाल्मीक तिहि नामु सुनायो।।
कंद मूल वन ते चुण लेवै। उदरि पूर्ना जाइ करेवै।।
वाल्मीक जबि नेत्र निहारे। स्त्री निर्षी तिन तत्कारे।।
डोलति फिर्ति हे वन के माही। कौनु रूप फिरे वनि मँझाही।।
वाल्मीक चल्यो निकटि आयो। जानकी सौ तिन वचनु सुनायो।।
हे पुत्री तूं कौनु कहावहि। इसि बन माहे काहे धावहि।।
जानकी ने तव वचनु उचारा। हे पिता सुण हो वाति हमारा।।
रघपति वनिता सीता नामा। मै फिरहो वन महि इहि कामा।।
रघपति मोहि वनिवासु दिवायो। एहि कामु तिनि मोहि करायो।।
वाल्मीक जवि इहि सुण पाई। मुष अपुने इहि उचिराई।।
तोहि कार्ज महि मै भी आयो। तोहि कार्जु जवि जन्क रचायो।।
चिंता कछु मन महि ना धरहो। मनु डोलावन मूल न करहो।।
गोबिंदु सभु कछु भलो कराए। साईं दास सभ दुःख मिटाए।।२१६।।

ऋषु सीता कौ संग ल्याया। ऋषि के सुत तिन अधिक बुलाया।।
तिन को आज्ञा दीनी। एहि आग्या ताहू सौ कीनी।।
कखु कंडा जाइ वन ते ल्यावो। ईहा तुमि इकि कुटी वनावौ।।
जहाँ आस्रम सौ सीता रहे। जानकी श्रीराम भर्जा अहे।।
वालक कंखु कंडा ले आए। ताह आइ तिह कुटीआ छाए।।
वाल्मीक कह्यो सीता ताई। हे पुत्री तूं रहु इसि माही।।
जो कछु कंदमूल ले आवहि। प्रिथमहि सीता पहि ठहिरावहि।।
पूर्ण दिवस भए गर्भि ताई। जानकी गर्भु पूर्न भयाही।।

रोहणी नक्षत्रु निस समे माही। जानकी कौ गर्भु वाहिरि आही।।
जन्म लीयो वाल्कु प्रगटायो। वनिता ऋष की मंगलु गायो।।
बाल्क ऋषो केरे दौरे आए। वाल्मीक सौ आइ सुनाए।
ऋषि तोहि दुहिता वाल्कु जायो। वाल्मीक तव ही चलि आयो।।
लऊ नामु वाल्क का राषा। वाल्मीक ऐसे ही भाषा।।
जानकी ने वहुता सुष पायो। साईंदास तवि मंगलु गायो।। २१७।।

वाल्मीकु स्नान को धायो। प्राति समे इहि वचनु उचिरायो।।
हे पुत्र कुंभु जल भरि आने। मेरो कह्यो हृदे मांझि पछाने।।
इहि विधि कहि स्नान को धायो। जानकी इहि विधि मन ठहिरायो।।
जानकी कुंभ कौ लीयो उठाई। जलु लेने ताई वहु धाई।।
मनि माहे तिनि लोउो वीचारी। अवि ही आवनि इसि ने धारी।।
जो वाल्कु पालनि पाइ जावौ। मैं जलु लेने ताई धावौ।।
फिर्त व्याघ्र अधिक इहि ठौरा। मतु उठाइ षडहि सुतु मोरा।।
गोद कीए ले करि मै जावौ। इहि कुंभु जल सौ भरि ले आवौ।।
सीता गोद लीए उठि धाई। चली चली जल के तटि आई।।
वाल्मीकु स्नानु करि आयो। करि स्नानु अपुने ग्रहि आयो।।
पालनि महि वाल्कु ना देषा। वाल्कि कौ ऋषि ने ना पेषा।।
वाल्मीकि मनि महि वीचारा। महा कठनि वनी अति भारा।।
जानकी कौ पति दीयो निकारा। सु तुं इसि को अवि ही किन मारा।।
जो गोविंद इसि क्रिपा करि दीआ। तासौ जानकी वहु हितु कीआ।।
अवि उसि कौ किने षड्यो दुराई। जानकी सुण विधि वहु दुःख पाही।।
ताहि व्योग उहु प्रान तजावे। इहि मोको ना वणि आवे।।
वाल्मीक मन महि इहि धारी। साईंदास प्रगटि बीचारी।। २१८।।

वाल्मीक ने कुशा मँगाई। ले कुशा करि माहे ठहिराई।।
ऋषि ने पुतला ताहि बनायो। वहु पुतला पालनि महि पायो।।
अंबर ले तिहि ऊपरि डारा। तांकौ पालन माहि सवारा।।
दौ घरी पीछे सीता आई। जलु भरि कुंभ कौ संग ल्याई।।
वाल्मीक जानकी सो आषा।
पुत्र वाल्कु तोहि कहा भाषा।

जानकी ने तव वचनु उचारा।
हे पिता इहि है वाल्कु हमारा।
मै इसि कौ संग ले करि धाई।
तव वाल्मीक विगस्यो अधिकाई।
हिर्षमान हो वचनु उचारा।
हरि किर्पा ते मै इकु धारा।
इहि कुशा ही ते प्रगटायो।
इसि को नामु मै कुसू धरायो।
जानकी सुण विधि वहु हिर्षाई।
भलो भयो पिता वात सुणाई।
इसि वाल्क ताई भी पारो।
इसि सो हेतु अधिक मै धारो।
जानकी महा अधिक सुषु पायो।
साईंदास कुसू द्रिष्ट आयो।।२१९।।

वाल्क चतुर्वर्षि के होए। सीता संसे मन ते षोए।।
वाल्मीक ने आषि पठायो। सुरपति ताई एहि सुणायो।।
कामधैनि कौ देहि पठाई। एहि आज्ञा हमिरी तुमि आई।।
सुरपति जवि इहि विधि सुण पाई। कामधैन तिन दीई पठाई।।
वाल्मीक ऋषि लीउो वुलाए। उौरु अधिक विपि ताहि सदाए।।
यज्ञ कीयो ऋष ने अधिकाई। जो कोऊ माँगे सोऊ षलाई।।
कामधैन ते वांछा करै। कामधैनि ले आगे धरै।।
अति मिष्टन भोजन षलायो। जो जो किन्हूँ वांछ्यो सोऊ पायो।।
रवि सौ ऋष ने वचनु सुनायो। जानकी के गर्भ ते उपिजायो।।
श्री रामचंद के सुत है भाई। इहि विधि मै तुझै आष सुणाई।।
दो तुमि धन्ष देवौ हमि ताई। एहि विधि समझि लेहु मनि माई।।
रव अपुने वाल्क सौ भाषा। द्वितीआ धन्षु ल्यावो आषा।।
जो सभ धन्ष से आछा होई। तुमि आनो मेरे पहि सोई।।
जवि रव की आज्ञा उनि पाई। धन्ष जाइ आने उनि धाई।।
आण दीए उनि वाल्क ताई। धन्ष भले नीके अधिकाई।।

बाण ऋषीश्वर उौरहि दीने। आसर्बादु तव ही उनि कीने।।
तर्गसि ते जेते वाण चलावै। अधिक होहि फिरि घटि ना जावै।।
इहि अशीर्वादु तिहि कीना। साईंदास तिहि विद्या दीना।।२२०।।

लक्ष्मण जानकी को ले आया।
वन महि छाडि ताहि उठि धाया।
श्री रामचंद मन महि इहि आनी।
सो गुर किर्पा ते सकल वषानी।
जानकी प्राण तजे होवहिगे भाई।
इकि दिन तिह पाप मोह ग्रासे आई।
गुरि वशिष्ट सौं आष सुणावो।
अस्वमेध मोह यज्ञ करावो।
दु:ख सीता को हमि तेजाई।
नाहि ति इकि दिन आइ ग्रसाई।
वशिष्ट कह्यो रघपति भलो आषा।
मन माहे विधि आछो राषा।
विनु वनिता यज्ञ होवै नाही।
हमि तुमि कौ कैसे यज्ञ कराही।
रामचंद तव वचनु उचारा।
सुण हो गुरु जी वात हमारा।
जानकी पुतली कनक वणावो।
बावें अंग हमिरे ठहिरावो।
जव रघपति इहि वचनु सुनायो।
गुर वशिष्ट तव ही सुण पायो।
कनक पुतली तव हि वणाई।
श्री रामचंद बावें अंग ठहिराई।
जो कछु वेद म्रिजाद वताई।
श्री रघपति ने कीना साई।
जो कोई गति अपुनी कीआ लोरहि।
साईंदास सभि हौमै छोरहि।। २२१।।

भले महूर्त्ति अस्वु निकारा। श्री रघुपति प्रान अधारा।।
छोडि दीयो वसुधा जिण आवै। तिहि पाछे प्रभु यज्ञ करावै।।
दक्षिण पश्चिम सभु फिरि आयो। कहूँ ठौरि तिनि ठाकि नि पायो।।
शत्रघनु तिहि भयो सहाई। जहा अश्व जावै पाछे जाई।।
ताहि संग सैना वहु भारी। तां की उस्तति कहा वीचारी।।
महा बली तांके संग आए। नामु कहा कहो चित न आए।।
मो पहि नामु कहा गिणें जाही। हे साधो समझो मनि माही।।
पंडिति किनी न मोहि सुणायो। गुर किर्पा थटु आणु वनायो।।
सिंध अपार कवनु गति पावै। रामग्रंथ कहा उपिजावै।।
विनु किर्पा कछु होवै नाही। विनु सतगुरु के भए सहाही।।
जो कहू भूल परी होइ भाई। साईंदास तुमि लेहु वनाई।। २२२।।

अश्वु वाल्मीक आश्रम आयो।
छिनु इकि अश्वु ताहू ठहिरायो।
कुसू वालि ब्रह्मण संग लीए।
एकि पुलवारी महि पग दीए।
अश्वु ताहू के आगे आयो।
तिहि मस्तक परि पतीआ लिषायो।
जग महि गर्भु कौशल्या भाई।
तिन जाए श्री रघिपति राई।
उौरि गर्भ केते काम नि आवहि।
कौशल्या सरिनाहि कहावहि।
जबि कुसू इहि लिष्यो पढि लीआ।
महा क्रोधु हृदे महि कीआ।
सीता गर्भु कहो क्या भया।
कौशल्या गर्भु जो लिख लया।
अश्व पकिरि पट केसौ वांधा।
जैसे मीन वंधक ने फांधा।
ब्राह्मण सुत कहे इहि क्या करही।
काहे इहि विधि मनि महि धरही।

काहे ते अश्वु कौ पकडायो।
कहा बाति तै मनि ठहिरायो।
अवि ही अश्वु पाछे लोक आवै।
काहे प्रान तूं घातु करावै।
तूं गरीब किउ इहि कर्मु करही।
पर अश्व वांधनि किउ चितु धरही।
कुसू प्रति ब्राह्मण सत्ति दीना।
तुमि मन त्रासु काहे कौ लीना।
हे ब्राह्मण मांगनि विधि जानो।
संग्राम गति तुमि कहा पछानो।
हमि छत्री वहु दानु करावहि।
संग्रामु करहि फुनि ना उकिलावहि।
तुम काहे को त्रासु किरावो।
तुमि अपुने ग्रहि माहे जावो।
जो कोऊ युद्ध करे तिस मारो।
भुजा ताहि क्षिण माहि उपारो।
एक घरी महि सैना आई।
सैना ने तिहि महि वला काई।
दस सहस्र सैना संग तांके।
महा वली वलुभुज वहु वांके।
ताहि कह्यो अश्वु कहु कवन वंधायो।
हमिरो अश्वु कहु कवन वंधायो।
ब्राह्मण सुत ने दीउो वताई।
तोहि अश्वु इनि बाध्यो भाई।
सैना ने मनि महि इहि धारा।
वालकु षेलन कौ इहि प्यारा।
सैना ने तव वचनु उचारा।
अश्व को षोल्ह देहि तत्कारा।
कुसू कह्यो अश्वु षोल्ह न देवौ।
जो इसि नामु ले तिसि हति लेवौ।

सैना ने इकु लोक पठायो।
अश्व षोल्हणि कौ तिन चितु लायो।
कुसू वाणु ले तांसौ मारा।
मारि बाणु तिसि सीसु उतारा।
वहुरो उौर जु आगे आयो।
कुसू वाणु संधि हाथु कटायो।
दस सहस्र सैना जो आई। सकली कुसू ने मारि चुकाई।।
वहुरो तिस को भाई आयो। तांकी सैना है अधिकायो।।
तिन आइ युद्ध कीवो अति भारी। अंत समे कुसू वहि भी मारी।।
केतक भाग फिरि पीछे आए। शत्रघन पहि आइ ठहिराए।।
शत्रघन को तिनहि सुनायो। एक वाल्क सभ सैन हतायो।।
हे प्रभ सभ सैना उनि मारी। साईंदास कहा कहो वीचारी।। २२३।।

शत्रघन जबि ईहि सुण पायो। सैना संग लई उठि धायो।।
आइ कुसू को वाणु लगायो। कुसू वाणु षायो मूर्छायो।।
ताहि मानि रथ ऊपरि डारा। अश्व ले आगे कौ पगु धारा।।
वाल्क आए सीता पाहे। हे जानकी सुण ले मनि माहे।।
कुसू अश्वु काहू वंधि लीआ। हमि वहुता प्रवोधनु कीआ।।
काहे परि अश्व कौ करु लावै। काहे कौ इहि कामु कमावै।।
हमिरो कहा तिन मनि ना कीना। परि अश्व को तिन ने वंधि लीना।।
पाछे से सैना वहु आई। सकल सैन तिहि मारि चुकाई।।
पाछे से इकु राजा आयो। तिन ने कुसू कौ वांधि चलायो।।
जानकी इहि सुण करि मूर्छाई। मूर्छा होइ करि धर्नि गिराई।।
छिन एकि महि फिरि सुधि महि आई। मन अंतरि वहु वहु विस्माई।।
कहा करौ ऋषि जी ग्रहि नाही। लऊ गियो है वनि के माही।।
ऐसे ही संचरु मनि धारा। लऊ आइ निक्स्यो तत्कारा।
लकडी आण करे ठहिराए। जानकी सौ तिन वचनु सुनाए।।
हे माता काहे विस्मावै। किहि प्रजोग तूं हृदे डुलावै।।
तव जानकी ने वचनु उचारा। हे सुत संचरु इहि विधि धारा।।
तोहि वंधू अश्व किसे वंधायो। पाछे अश्व को साईं आयो।।

तांकी सैना उनि ने मारी। अधिक सैन तांकी प्रहारी।।
तोहि वंधू को उनि मूर्छायो। वांधि करि रथ परि ले धायो।।
हे सुत इहि विधि मै मूर्छाई। साईंदास क्या कहो सुनाई।। २२४।।

जवि लऊ इहि विधि सुणी काना।
मात सौ तव वचनु वषाना।
हे माता चितु नाह डुलावो।
अपुना चितु तुमि ठौर रषावो।
जवि लगि मै जीवति हौ माई।
कुसू कौ को ले जाण नि पाई।
त्रैलोक महि षडि न पावै।
मोहि वल ते त्रैलोक कंपावै।
हे मय्या मोहि धन्षु आण देवौ।
छिनु पलु विल्मु तुमि नाह करेवौ।
जानकी सुत सौ वचनु उचारा।
तुमि कौ भूष लगी अधिकारा।
जानकी तीन गरास षलाए।
अपुने करि सुत के मुष पाए।
लऊ आज्ञा ले करि उठ धाया।
तात्काल सैना निकटि आया।
सैना कौ तिन कह्यो सुणाई।
हे जोधा ठांढे रहो भाई।
मोहि वीरु तुमि किउ ले जावौ।
मोहि आयो हों तुमि ठहिरावौ।
मो सौ युद्ध करो मेरे भाई। ऐसे लऊ ने कह्या सुणाई।।
फेंक संष वांकौ इनि मारे। सकल सैन मनि लीउो विचारे।।
शत्रघण कौ आष सुणायो। इहि वाल्क ते छूटि नि पायो।।
अबि दूजा इहि वीरु जु आवै। संषि फैकि छडि हमहि डरावै।।
इसि ते हमि छूटणि ना पावहि। इसि की फेंकि सौ मन विस्मावहि।।
शत्रघनु सूणि फेरि षलोयो। लऊ करे वह सन्मुख होयो।।

धजा गिरि रथ ताहि पराई। धर्नि परे आपे ही आई।।
तूटि गई जो गिरि करि परी। सैना सभ विस्मक मन धरी।।
शत्रघणु आगे को धायो। साईंदास लऊ निकटि आयो।।२२५।।

लऊ आण करि वांण चलाए। संग्राम ठौरि आइ ठहिराए।।
इहि सैना तिहि वाण चलाए। लऊ वाण तिहि टूकि कराए।।
लऊ वाण षिंच करि मार्‌यो। सैनापति को रथु कटि डार्‌यो।।
उौरु वाण तिहि श्रवणहि मार्‌यो।
वहुरि मारि तीहि सीसु उतार्‌यो।
सभ सैना तांकी लऊ मारी।
लऊ कौ वलु भुज मै अति भारी।
ताहि वीरु गज परि चढि आयो।
प्रिथमे तांको गजिंद्र गिरायो।
पाछे से तिहि सीसु उतारा।
वाण संधि ताहूं कौ मारा।
जवि वह गिर्‌यो शत्रघणु आयो।
चतुर बाण तिन आण चलायो।
लऊ के मस्तिकि परि तिन मारे।
तव लऊ तांसौ वचन उचारे।
एही बलु तुमि को सा भाई।
षैच्यो वाणु अधिक वलु लाई।
पुहपु लगो मानो मोहि ताई।
तोहि वाणु जो जोरु करि आई।
जोरु कीउो तै वाणु चलायो।
मानो पुहपि वर्षा तै लायो।
वहुरो लऊ ने वाणु चलायो। शत्रघन को धर्नि गिरायो।।
लऊ चल्या रथ पाहे आया। जिसि रथ महि कुसू वंधि पाया।।
जाइ कुसू को करु पकिडायो। हे मोहि वीरु उठो मै आयो।।
लऊ कुसू को लीउो छडाई। चले चले आए दोऊ भाई।।
लूट सैन कौ उठि करि धाए। मोती माणक अधिक ल्याए।।

आण जानकी आगे डारे। जानकी ने लीने तत्कारे।।
जानकी सुत देषि हिर्षाई। साईंदास कछु कह्यो न जाई।। २२६।।

जो जीवति रहे सैना माही। आए अयोध्या रघपति पाही।।
तिनहि पुकारि कह्यो रघुराई। हमि तुमि कौ कहे सुणाई।।
तोहि अश्व पूर्व दक्षिण धायो। पश्चिम सौ उत्तर फिरि आयो।।
चतुर्दिसा प्रभ जी फिरि आए। कहू ठौर हमि ठाकि न पाए।।
जिन देष्यो तोहि नामु पढायो। नमिस्कारु कीनो हितु लायो।।
जहा जाइ कोऊ निकटि न आवै। दूरि से देषे सीसु निवावै।।
हे प्रभ प्राग निकटि जबि आए। ईहा प्रभ हमि वहु विस्माए।।
एकु वाल्कु वन महि ठहिरायो। द्वादश वर्ष अवस्ता पायो।।
तिन ने अश्व पकरि वंधि राषा। तांसौ हमि ने वहुता आषा।।
अश्व न दीना युद्ध करायो। सकल सैन तिनि मारि चुकायो।।
पाछे शत्रघन तहा आए। युद्ध कर्नि को तिन चितु दए।।
शत्रघन जबि वाण चलायो। उसि वाल्क ताई मुर्छायो।।
ताहि वांधि के रथ परि डारा। हे प्रभ इति आवन चितु धारा।।
पाछे एक वंधू तिहि आयो। एक वर्षु छोटो के अधिकायो।।
बाण सांधि सैना वहु भारी। तां की भुज महि था वलु भारी।।
शत्रघन कौ उनि मूर्छा कीना। अपुनो वीरु छडाइ करि लीना।।
वीरु लेइ प्रभ गृह को धायो। साईं दास विधि आष सुणायो।। २२७।।

श्री रघपति जबि इहि सुण पायो। कह्यो झूठ काहे उचिरायो।।
भूत प्रेत तुम देष्यो होई। ऐसा उौरु ऊहा नही कोई।।
शत्रघन के को निकटि आवै। एहि कर्मु कहु कौनु करावै।।
फेरि तिन्हूं ने वात चलाई। हे कौलापति संत सहाई।।
भूत प्रेत प्रभ कहा ठहिरावै। तोह दर्सन रहिणा ना पावै।
हमि सच्चु कहिते हो रघुराई। झूठ न कहिति हो तुमहि दुराई।।
श्री रामचंद संचरु मन धारा। शत्रघन को वलु वहु भारा।।
महावली तिनि असुर विडार्‌यो।
तांको मूर्छा किनि करि डार्‌यो।

लछमण को प्रभ आज्ञा दीनी।
लछमण ने सो मन महि कीनी।
पंजाह सहस्र हस्त ले धायो।
सठ हजार असवारु चलायो।
इकु लखु पैकु लीउो तत्कारे।
लक्ष्मण सहिति सेनां अधिकारे।
केतक दिन तिसि माहे आए।
संग्राम ठौर आइ करि ठहिराए।
लऊ पुकार कह्यो कुसू ताई।
हे मोहि वीर अवि कहा कराही।
सैना अधिक आई मेरे भाई।
इहि मै मै तुमि कौ आष सुणाई।
कुसू लऊ ताई प्रतु दीना।
हे मोह वीरु कहा सैना लीना।
कांग अधिक वाजु इकु होई।
तुमि संचरु मनि लहो न कोई।
स्याल अधिक सिंहु इकु होई।
सिंह की रीस वहि कहा करोई।
सूरा एकु काइरि अधिकाई।
सूरे सरि कहा होवहि भाई।
कांग अधिक जो मिलि करि आवहि।
बाजु परे सभ ही भजि जावहि।
स्यालु सिंह पहि कहा ठहिरावै।
काइरु सूरे निकटि न आवै।
मै छोटौ तू मै अधिकाई।
अैसी वाति तै किउ उचिराई।
जो मै अपुना जीउ डुलावों।
तोहि क्रिपा करि धीर्जु पावों।
जो तुमि ऐसी वाति सुणावो।
मोहि ताई काहे उकिलावो।

हे वंधू चित को ठौर राषो।
उौरु वाति कहु तुमि ना आषो।
हमिरी द्रिष्ट कांग सभ आवहि।
साईंदास काहि हृदा डुलावहि।। २२८।।
कुसू लऊ सौ कह्यो पुकारी।
हे वंधू सुण वाति हमारी।
मोहि धन्षु नाही कहा करहो।
कैसे मै इनि सेती लडहो।
लऊ उस्तित रवि केरी कीनी।
मुष ते उस्तति वहु उचिरीनी।
तोहि रथ अस्व सप्त मेरे भाई।
तुमि को हमि डंडौत कराई।
रवि इकु रथु इकु धन्षु पठायो।
अशीर्वादु कुसू करि तिन पायो।
लऊ कुसू शस्त्र संग लीए।
संग्राम ठौर आइ ठहिराए।
अधिक युद्ध ताहूँ ने कीना।
सैना लछमण की हति लीना।
रक्ति सिंध प्रवाहु चलायो।
नर गज अश्व तिहि अधिक हतायो।
इकि ओरि लऊ संग्रामु करावै।
इकि ओरि कुसु वहु सैन हतावै।
लऊ ताई तिन्हा घेरा कीना।
घेरा करि तांकौ विच लीना।
इकु घेरा हस्ती को कीना।
वहुरो एकु रथ को करि लीना।
एकु असवार को कीनो भाई।
एकु पैक ऐसो बनि आई।
सप्त घडी तिसि ताई पाया।
लऊ ताहि वचि बाहिरि आया।

अधिक सैन लछमनि की मारी।
को घायल तांके भेद प्रहारी।
लऊ कह्यो कुसू द्रिष्टि न आवै।
इहि प्रजोग मनि महि विस्मावै।
एकु असुरु अकास सौ आयो।
लऊ करि ते तिन धन्षु छिनायो।
लऊ तर्गसु समसेर निकारी।
तांकौ पहुचि जाइ करि मारी।
कंठ पकरि ले धर्नि गिरायो।
ताहि असुर कौ मारि चुकायो।
वहुरो ताहि असुरि सुतु आयो।
तिसि ताई भी लऊ हतायो।
वहुरो लछमणु आप ही आयो।
लऊ सौ तिनि युद्ध करायो।
केतक वाण लछमण ने मारे। लऊ ताहि वाण कटि डारे।
वहुरो लऊ जो वाणु चलायो। लछमण कौ तिन ने मूर्छायो।
सैना वहु तांकी उनि मारी। जो भाग्यो छूट्यो तत्कारी।।
लऊ कुसू एहि कर्मु कमाया। साईंदास लछमन मूर्छाया।।२२९।।

जो नर सैना जीवण पाई। आए नग्रि अयोध्या धाई।।
श्री रघपति पाहे चलि आए। सकल व्रितांतु तिन आष सुणाए।।
हे प्रभ लछमण कौ मूर्छायो। दुहूं बालक वहु जोरा पायो।।
श्री रामचंद कह्यो झूठि अलावो। एहि वाति जो मोहि सुणावो।।
लछमन रावण ताई मार्‌यो।
तिसि को कहु किनि मूर्छा डार्‌यो।
असुरि अधिक कौ ताहि सिंहार्‌यो।
महावली असुरौ जो मार्‌यो।
को बालकु जो तिनि मूर्छावै।
लछमन वंधू के निकटि न आवै।

सैना के नर वहुते आए।
हाथ कटे वहु रक्त वहाए।
रघपति जवि इनि को निर्षायो।
अति क्रोधु मन महि उपिजायो।
भर्थि को कह्यो श्री रघुराई।
सैना ले संग मेरे भाई।
जाइ करि उनि बाल्क सौ झूझौ।
मोहि कहा मन अंतर बूझो।
हनूमान सुग्रीम ले जावौ।
साईंदास जाइ युद्ध मचावौ।।२३०।।

भर्थि हनूमान सुग्रीम कौ लीआ।
त्याग अयोध्या तिन गवनु कीआ।
चले चले आए छिन माही।
लऊ कुसू ठांढे से जाही।
लऊ कुसू सो वचनु उचारा।
कहा नामु है तात तुम्हारा।
लऊ भर्थ ताई प्रतु दीना।
संग्राम ठौरि तुमि क्या चित कीना।
संग्राम माहि सुण हो मेरे भाई।
मात पिता कहा जाति अषाई।
वाल्मीक हमिरे पित नामा।
जानकी माता को है नामा।
भर्थि पवन सुत सौ इहि आषा।
हे सुत पवन तै कछु भी लाषा।
वाल्क रघपति सुत द्रिष्ट आवहि।
श्री रामचंद्रि को रूप दिषावहि।
हनूमान तव कह्यो सुणाई।
सुण हो भर्थि राम के भाई।

जानकी कछु औगुण नही कीआ।
रघपति तिहि वनिवासा दीआ।
सोई वाति तै आगे आयो।
ताहि पाप तुमि एहि करायो।
जैसा करै तैसा कोऊ पावै।
साईंदास कीउो आगे आवै।।२३१।।

पवन पुत्र इहि कह्यो सुणाई। भर्थि वभीछनि मनि ठहिराई।।
युद्ध कर्नि कौ तिन चितु लायो। अधिक युद्ध तव भर्थि करायो।।
लऊ कुसू ने जोरा कीना। भर्थु सहिति सैना हति लीना।।
श्री रघपति जवि इहि सुण पायो। महा अधिक मन महि विस्मायो।।
ऐसे कौण प्रगटि भए भाई। मोहि सैन जिन सकल हताई।।
भर्थु शत्रघनु लछमनु मार्‌यो। सैना ताँकी तिहि प्रहार्‌यो।।
क्रोधु कीउो रघपति उठि धायो। अधिक सैन प्रभु संग ल्यायो।।
आइ संग्राम ठौर ठहिरायो। अधिक युद्ध तिनि अग्नि रचाहो।।
लऊ कुसू को वलु वहु भारी। सकल सैन रघपति की मारी।।
जवि सभु सैना तिनहि हताई। श्री रामचंद मन महि विस्माई।।
विस्मकि होइ करि युद्ध को आयो। लऊ कुसू सौ युद्ध करायो।।
रघुपति को तिन मूर्छा कीना। साईंदास सभ उत्तर दीना।।२३२।।

लऊ पुकार कह्यो कुसू ताई। इहि आई हमिरे मनि भाई।।
वंचरि षेलनि कौ ले जावहि। इनि से षेलनि कौ चितु लावहि।।
कुसू कह्यो भलो शब्द सुनायो।
भली वाति तुमि मोहि बतायो।
जबि सभ सैना इन्हि प्रहारी।
सुग्रीम पवनसुत इहि मनि धारी।
जो हमि फिरहि हम को मारहि।
सांधि वाणु हमि धर्नि पछारहि।
तांते धर्नि ऊपरि परि रहीए।
कहि वाण हमि इनि के सहीए।

सास घूटि वसुधा लपिटाए।
को जाने इन्हा प्राण तजाए।
माणक मोती रत्नि घनेरे।
लाल जवाहरि मणी वहतेरे।
गज अरु अश्व अधिक तिहि लीए।
लऊ कुसू एहि कार्ण कीए।
हनूमान सुग्रीम कौ लीआ। तव गवनु अपुने ग्रहि कीआ।।
चलति चलति जानकी पहि आए। जानकी सौ तिन्हा वचन सुनाए।।
दो वंचरि षेलनि कौ आने। लऊ कुसू इहि वचन वषाने।।
जानकी वंचर उोरि तकाउो। वंचरि देषि मुष ते उचिराओ।।
हनूमान सुग्रीम पछाने। तव जानकी ने वचन वषाने।।
हे सुत मोहि हनूमानु प्यारा। तुमि से प्यारा वहु अधिकारा।।
मोहि द्रिष्ट आगे ना आनो। मेरो कह्यो सत्त करि जानो।।
अवि मोहि द्रिष्ट परे मरि जाई। हे सुत पाछे कछु न वसाई।।
अवि महा तेज क्रोध द्रिष्ट मेरी। जो करो इसि होइ भस्म की ढेरी।।
छाडि देहु मेरो कह्यो मानो। मोह कहे अंतुर ना आनो।।
जबि जानकी इहि वचन उचारे।
लऊ कुसू मन माहे धारे।
तिन को त्याग दीयो तत्कारा।
हे साधो कह्यो सकल वीचारा।
जानकी माणक मोती लीने।
मणि रत्न ले गोदि महि कीने।
जीत भई सुत वहु सुष पायो।
साईंदास विधि प्रगटि सुनायो।।२३३।।

वाल्मीक आगे ही धाए। प्याल गए बलि लीए बुलाए।।
वार्नि यज्ञ करावण धाए। वार्नि को जा यज्ञ कराए।।
यज्ञ संपूर्ण ताका कीआ। पाछे ग्रहि आवनि चितु दीआ।।
आवति अंम्रति कौ ले आया। रघपति को मूर्छा निर्षाया।।
सकल सैन सौ द्रिष्ट पसारी। सभहि मूर्छा नैन निहारी।।

अंमृति ले रघपति मुष पायो। वहुरि लछमन मुख चुआयो।।
भर्थ शत्रघन के मुष डारे। तव इनि सभ ही नैन उचारे।।
अंम्रतु सभ सैना मुष पायो। वाल्मीक ऋषि सकल जीवायो।।
मानो साए से सभ जागे। उस्तति प्रभ की कर्नि लागे।।
हे माधो भगतिनि सुषदाईकि। गुणनिधान संतनि सुषदाइकि।।
सदा सदा प्रभ संति सहाई। सदा सदा संतनि सुषदाई।।
भक्तिनि को प्रभ ऐसे राषहि। जैसे रस्ना मुष महि भाषहि।।
दसरथ को नंदन रघुराई। साईंदास जागे सुषदाई।। २३४।।

रघिपति ऋषि सौ वचनु उचारा।
ऋष जी सुण हो प्रश्न हमारा।
इहि दो वाल्क कौनु कहावहि।
जो तुमिरे अस्तल ठहिरावहि।
वाल्मीक इहि सुण मुसिकाना।
मुष अपुने ते प्रतु उचिराना।
रघपति सुत है एहि तुमारे।
जानकी के गर्भ उतिपति धारे।
श्री रघपति एहि विधि सुण पायो।
वाल्मीक सें फिरि उचिरायो।
जानकी जीवति है अबि ताई।
भली वाति तुमि मोहि वताई।
वाल्मीक सुण करि प्रतु दीना।
जीवति जानकी आस्रमु लीना।
जवि लछमनि वनि महि छडि धायो।
पाछे से मै वन महि आयो।
कंद मूल लेने के ताई। जानकी वन महि निर्षाई।।
तांको ले करि संग आयो। तिहि कार्ण आइ मठ वनायो।।
ऋषि वनिता ईहा अधिकाई। जानकी रहति तिहि महि रघुराई।।
ऋषि वाल्क कंदिमूल ल्यावहि। जानकी ताई भी पहुचावहि।।
जो कछु हमि षावहि रघुराई। जानकी भी सोई ले षाई।।

जानकी पितु नृप जानक विदेही। वहु सेवकु मेरो भलो स्नेही।।
जबि जानकी कौ कार्जु भया। तिह समे मै भी मिथला गया।।
उसि दिन ते जानकी ईहा रहे। साईंदास आस्रमु ईहा अहे।। २३५।।

श्री रघपति फिरि वात चलाई। जानकी जीवति है मेरे भाई।।
मै अरंभ यज्ञ तौ कीना। एहि वाति मन महि धरि लीना।।
एहि वात जो मो को होई। अपि दहि जानकी प्रगट षलोई।।
हे ऋषि चलु जानकी पहि जावहि। जानकी कौ जाइ दर्सनु पावहि।।
ऋष कह्यो आछा रघुराई। चलहो आस्रम महि सुष पाई।।
चले चले आस्रम महि आए। बाल्मीक ऋषि अति अधिकाए।।
जानकी लऊ कुसू कों ल्यायो। श्री रघपति पहि आण षलायो।।
रघपति जानकी सुत दोऊ लीए। तांते गवनु अयोध्या कीए।।
आए चले अयोध्या माही। ग्रहि ग्रहि महि सभ मंगलि गाही।।
नग्र अयोध्या वहु सुषु पायो। अंग अंग महि वहु हिर्षायो।।
जैसा भूषा भोजनु पावै। दुःख मनि ते सभ ही विसरावै।।
जैसे वृक्षि मूल जलु जाए। फलु उपिजै साषा उमिडाए।।
जैसे दीपक मै तेलु पायो। अधिक जोत दीपक प्रगटायो।।
जैसे अंधिला द्रिग कौ पावैं। अंग अंग महि नाह समावै।।
जैसे निर्धनु धनि कौ पावै। दुःख विलार महा सुष पावै।।
जैसे बाल्क दूधि पीवाए। महा अधिक सुष मन महि पावै।।
जैसे संतु राम गुण गाए। मग्नि होइ सभ किछु विसराए।।
जैसे कमल रवि के प्रकासा। मुख षोल्ह पावति सुषु वासा।।
अैसे लोक अयोध्या होए। सकल बियोग मनो तिनूं षोए।।
रघपति ग्रहि मांहे चले आए। साईंदास मनि वहु सुष पाए।। २३६।।

श्री रघपति ने यज्ञ करायो। जो कछु वेद म्रिजाद बतायो।।
जानकी बांवे अंग वहाई। कनक पुतली धर्नि समाई।।
दसरथ सुत यज्ञ पूर्ण कीना। दक्षिणा वहु विपो कौ दीना।।
वशिष्ट प्रोहति यज्ञ करायो। वेद चतुरि मुष ते उचिरायो।।
जो कोई अश्वमेध यज्ञु करही। तिहि कुलहत्या सकली टरही।।
महा कठनि यज्ञ है मेरे भाई। विनु सहाइ हरि कीउो न जाई।।

जो श्री रघपतु किर्पा धारे। तौ वह यज्ञ होइ तत्कारे।।
यज्ञ न होवै तो हरि जसु गावौ। साधि सर्नि सदा लपिटावौ।।
जो इकि साध को भोजनु देई। मानो पूर्ण यज्ञ करेई।।
साधि माहि हरि सदा वसेरा। साध जना का है प्रभु चेरा।।
एकु साध त्रैलोक समाना। श्री रघपति मुष एहि वषाना।।
यज्ञ पूर्ण कीनो रघुराई। साईंदास प्रभ सदा सहाई।। २३७।।

ब्रह्मा रघपति पाहे आयो। एकि दिना इहि वचनु सुनायो।।
हे प्रभ उौधि संपूर्ण होई। अंतरि गति होउ विल्म न कोई।।
श्री रघपति ब्रह्मे प्रतु दीना। ब्रह्मा ने मनि महि धरि लीना।।
सहस्र वर्ष जबि उौधि विहावहि।
तव हमि अंतरि ध्यानु लगावहि।
ब्रह्मा ने फिरि वाति चलाई।
रघपति कौ ने वाति सुनाई।
किहि प्रजोग इहि वाति वषानी।
कौनु वाति तुम मनि महि आनी।
उौधि तुम्हारी पूर्ण होई।
किहि प्रजोग रहो विधि कहो कोई।
श्री रघुपति फिरि आष सुणायो।
सुण हो ब्रह्मा हितु चितु लायो।
मोहि पिता दशरथ तांको नामा।
एहि विधि आषी पूर्ण रामा।
दश सहस्र उौधि थी तांकी। सकली विधि मै आषो वांकी।।
नौ सहस्र वर्ष भोगाई। मोह व्योग तिहि प्रान तजाई।।
एकि सहस्र उौधि तांकी रही। सोई ही मै मनि धरि लही।
वाही भोग करि मै आवौ। अंतरि गति होइ वैकुंठि सिधावौ।।
ब्रह्मा इहि प्रतु सुण करि धायो। साईंदास आस्रम महि आयो।। २३८।।

सहस्र वर्ष पूर्ण जवि होए। श्री रघपति इहि मन महि पोए।।
अंतरि ध्यान होइ वैकुंठि जावौ। सकल सुरौ को दर्सु दिषावौ।।
राजु दीयो प्रभ जी लऊ ताई। तुमि सुत राजु करो अधिकाई।।

प्रजा कौ वहुता सुष देवौ। जोरु जुल्मु किसे परि न करेवौ।।
इस ही भांत राजु करावो। पर्जा को वहु सुषु दिषलावो।।
मै तुझि को सभ दीयो वताई। सुण हो सुत हमिरे सुषदाई।।
वार वारि मै तोहि समझावौ। राजनीत मै तोहि वतावौ।।
श्री कौलापति ने राजु दीआ। तिल्कु राज लऊ मस्तक लीआ।।
लऊ राजु करि चितु लायो। साईंदास पर्जा सुष पायो।।२३९।।

श्री रघपति अंत्र गति होण लागे।
राजुमालु सभहू तिन त्यागे।
बैकुंठि वेग विवाण जुआए।
तिहि चढि भर्थु शत्रघन धाए।
जानकी धसि गई धर्नि के माही।
तव वंचरि मिलि आए अधिकाही।
श्री रघपति सौ तव विनती ठानी।
हमि वलि जावहि सारंग पानी।
हमिरी गति प्रभ कौनु करावौ।
हमि कौ हमिरे संग चलावौ।
तव श्री रघुपति ताहि सुनायो।
मै तुमि कौ इहि वाति वतायो।
करि स्नानु बैकुंठि सिधावौ।
चढो विवाणीं विल्मु न लावौ।
एक वंचरि स्नानु कराए।
चढ़ि विवाण वैकुंठि सिधाए।
पवन पुत्र तव कह्यो सुणाए।
प्रभ जी मै बैकुंठि न जावौ।
वसुधा परि कूदनि सुष पावौ।
रघपति कह्यो भला ऐसे होई।
जो तै कहा होवै फुनि सोई।
लछमन सेस नाग होइ धायो।
अपुने आस्रम जा ठहिरायो।

श्री रघपति किवाड चढाए।
अंतरि गति होइ वैकुंठि सिधाए।
गण गंधर्व कीयो जै कारा।
कौलापति वैकुंठि सिधारा।
भक्ति हेति करि वपु हरि पायो। भक्ति हेति इहि कर्मु कमायो।।
गुर साईंदास कृपा जबि धारी। संत दया मनि लीउौ वीचारी।। २४०।।

मन प्रवोधि ग्रंथु वनायो। भाषा कीयो मनु ठहिरायो।।
महा समुद्र कोऊ पारु न पाई। दधि को पारु लिष्यो न जाई।।
दधि को पारु अजहू कोऊ पावै। श्री राम ग्रंथ को हाथ न आवै।।
अति अथाहु हाथ को पावै। कहा बुद्धि जो हाथ ल्यावै।।
जो कहू चूक परी सुधि करहो। मो परि कोऊ दोसु न धरहो।।
श्री रामग्रंथ भयो पूरायण। साधो सदा भजो नारायण।।
श्री राम नामु अघतार्न हारा। एहि वाति सुण वेद वीचारा।।
पूर्ण पुर्ष पुर्ष अविनासी। कौलापति पूर्ण अज्ञासी।।
निरंकारु निर्वैरु गुसांई। सदा सदा षेलति वहु ताई।।
त्रैलोकि सभु ताहि पसारा। घटि घटि रचिना राचनिहारा।।
पूर्ण ब्रह्म ब्रह्म पुरात्तम। निर्मल जोति सदा जीवन आत्म।।
ताहि प्रकास तिमरु मिटि जाई।
दु:ख भाग सुष लागे आई।
सुषदायक प्रभ दु:ख निवार्ण।
महा विकटि संकटि कौ तार्ण।
निर्मल ज्योति सदा उजीआरा।
संत जना को वहुता प्यारा।
भूत प्रेत सकल डरि जाए।
श्री रामनाम को मुष उचिराए।
श्री रघपति को पूर्ण अवतारा।
साधो सुण लेहो चित धारा।
सदा सदा रघिपति जसु गावो।
साईंदास पलु ना अलसावो।। २४१।।

मैं मति हीन संत निस नाई।
त्याग सकल विधि पर्‌यो पाई।
संत चर्नि रजि जो मै पावौ।
उमिडि उमिडि के टहिल कमावौ।
संत कृपा जो मोहि करावहि।
अपुने दासौ संग रलावहि ।
प्रभ जी इहि विधि दासु जचाए।
करुणा होइ तब ही इहि पाए।
सदा सदा हरि को जसु गावौ।
छिन मात्र मनि ना अलिसावौ।
प्राप्ति भक्ति टहिल की होवै।
उौरु टहिल जाचों नहि कोवै।
सदा नाम मतिवारा होवा।
उौरु वाति सकली प्रभ षोवा।
अनहदि शब्द सौ एहि मनु लागै।
तोहि क्रिपा सकला भमु भागै।
करौ निर्त वहु प्रीति लगाई।
सुण हो विनती जन रघुराई।
पायो सुषु जो किर्पा धारी।
श्री कौलापति प्रान अधारी।
जाचे साईंदास गुर ते दया।
अपुनी करुणा दास परि कर्‌या।
श्री रघुपति की जबि सर्नि आयो।
साईंदास को भर्मु चुकायो।। २४२।।

इति श्री रामायण दश अवतार श्री मत्स कूर्म वैराह नृसिंह वावन पर्शुराम रामचंद्रि अवतारि चर्ति भाषा साईंदास कृति संपूर्ण समाप्तम् शुभमस्तू।।

।। श्री रामाय नमः।।

कृष्ण अवतार

।। ऊँ ।। उों स्वस्ति श्री सतिगुरि गणेश सरस्वत्यै श्री बाबा साईंदास जी सदाय नमः अथ दस्म स्कंद श्री भागवति श्री सुकदेव परिक्षति संवाद भाषा साईंदास क्रित लिक्षते।। छं।।

द्याल पुर्ष पूर्ण अविनासी। सर्व निरंतरि जोति प्रकासी।।
सदा सदा मुक्ता मुक्तायनि। कौलापति पूर्न मुरायनी।।
आत्म रूप सदा उजीआरा। आवंध पुर्षा निर्लेपु धारा।।
प्रान पिता दुःख सुष ते न्यारा। सभि ते न्यारा सभहू पसारा।।
चिन्हि चक्रित आवर्न गुसाईं। रूप रेष तिन्ह तिहि नाही।।
घटि घटि माहि तांको प्रकासा। सदा सदा संतन की आसा।।
सक्ल भूति ते रहति न्यारा। जैसे रवि अति किर्नि उजारा।।
जो देषै रवि ताहूं पाही। करि पलोलि महि आवै नाही।।
ऐसो प्रभु सभि माहि समाया। घटि घटि माही ज्योति दिषाया।।
भीरि परी जन को तहूं आया। इहि प्रजोग आइ वपु पाया।।
क्रिष्न क्रिष्न साधो उचिरावौ। साईंदास ताहूं जसु गावौ।। १।।

राजा परीक्षतु सुतु इहि वर्ना। नाती अर्ज्जन पांडव वर्ना।।
एक समे वनि कहु वहु धाया। अक्षेरि वृत्ति कर्ने चितु लाया।।
महा विकटि वनु अति अंध्यारा। छिनि रंचिक ना पर्ति उजारा।।
ता महि जीइ जंत वहु रहे। केहरि मृग चीते वहु अहे।।
परीक्षिति कौ तप्त आइ ग्रासा। उत्पत होई तांको प्यासा।।
जलु जोहति जलु हाथ नि आवै। नृपु मीना जिउ मनु तडिफावै।।
सिंङी ऋषि तिहि वनि के माही। सहित सदा हरि ध्यानु लगाही।।
ऋषि के आश्रम नृपु चलि आयो। एहि वाति तिन मनि ठहिरायो।।
मै उोतीपतु अति वलिवाना। उौरु न कोई मोहि समाना।।
मो को ऋषु प्रनामु तो करई। मोहि आज्ञा मनि माही घरई।।
सिंङी ऋषि प्रभ ध्यानु लगाया। अपुने वपु की सुधि न पाया।।
ताहि ध्यानु हरि सेती लागा। द्वितीयो भाउ वाहू को भागा।।

राजे को प्रनामु न कीआ। नृप वहु क्रोधु मन महि लीआ।।
मैं पृथ्वी प्रतु नृपु हौ आयो। ऋषि ने मोहि प्रनामु न सुनायो।।
अति क्रोधु कीनो मनि माही। ताहि क्रोधु किसे सह्यो न जाही।।
तव हि मुख ते वचन सुनायो। अति क्रोध होइ करि उचिरायो।।
मूआ उर्गु[1] ऋषि के गरि डार्‌यो। मोहि कहा मनि महि वीचार्‌यो।।
जवि नृप ने मुख वचनु उचारा। सैना सर्पु ऋषि के उरि डारा।।
नृप करि एहि नग्रि महि आए। साईंदास कहति समझाए।। २।।

सिङी ऋषि सुतु अषगि हे नामा। सदा जपे हरि गोबिंद रामा।।
कंदिमूल कार्ण वनि माही। गयो अषगु वनि वंकि मँझाही।।
कंदि मूल वनि ते ले आया। ऋषि पाहे आइ करि ठहिराया।।
नैन निहार देष्यो ऋषि ताई। मूआ उर्गु निष्र्यो उरि माही।।
तिहि देषति भै चक्रित होइ रह्या। मुष ते वचनु उचारे कह्या।।
कौलापति पूर्ण अघनासी। मैं विनती करहो तुमि पासी।।
जिन मोहि पित उरि उर्गु है डारा।
विन औगुण जिन इहि कर्मु धारा।
तोहि आज्ञा प्रभ जी मैं पाई।
तांको स्रापु देवौ अधिकाई।
एहि तखकि तांकौ मारे। सप्त दिवसि पाछे प्रहारे।
अषग श्रापु नृप ताई दीना। मनि अंतरि इहि निश्चा कीना।।
सिङी ऋषि तव नैन उघारे। अषग सकल व्रितांतु वीचारे।।
सिङी ऋषि कह्यो सुत बुरा कीनो।
ऐसे नृप को ते श्रापु दीनो।
महा वैष्नव धर्म को पालकु।
दयावानु वहु सदा द्यालकु।
अषग कह्यो सुण हो पिति मोरे। मैं विनती करो आगे तेरे।।
जो यहु धर्नि[2] पख करे सहाई। इहि कर्मु कहु काहे कराई।।

---

१. उर्गु < उरग = सांप। २. धर्नि–संभवतः यह शब्द ''धर्मि'' है। लिपिकार का दोष है।

एहि वाति मोहि मनि ना आवै। धर्मि परव वहु नृपु ठहिरावै।।
तोहि उरि उर्गु मूया किउ डारा। जो उनि धर्मि पक्ष मनि धारा।।
सिङी ऋषि सुत को प्रतु दीना।
तै विधि अजहूँ न मनि महि लीना।
सभ व्रितांतु मै तोहि सुनावौ।
तुमिरे मन को भर्मु चुकावौ।
अखग कह्यो पिता देह वताई।
नृप इहि विधि किउ मनि ठहिराई।
सुण हो सुत तुमि श्रवण धारी।
तुमि पहि आषो सकल वीचारी।
कल्युग आइ प्रवेसु करायो।
इहि महाधर्मि धर्म दर आयो।
परीक्षति नृपु मंदरि परि आयो।
धर्म्मि पुत्र त्रई पगि निर्षायो।
तात्काल तहू पहि आयो। धर्म्मि पुत्र सौ वचनु सुनायो।
कह्यो चतुरि पग कौ क्या भया। तीन पग परि जो ठांढा मया।।
धर्म्म पुत्र तांको प्रतु दीना। नृप सुण करि मन माहे लीना।।
कलि युग ने प्रवेसु करायो। एकु पगु मेरा तिने उठायो।।
नृप सुण करि मन महि अकुलाना। अति क्रोधु मनि माहे आना।।
मोहि राज महि उनि इहि कीआ। अति क्रोधु मनि अंतरि लीआ।।
धर्म्मि को वलु तिस कौ अधिकाई। कलि प्रवेसु कहा सके कराई।।
चाहति कल्युग कौ वह मारा। तव कलियुग तिहि कह्यो पुकारा।।
नृप तुमि मोको काहे मारो। विनु उगुण कीए किउ प्रहारो।।
कोई ठवरि मोहि देहु वताई। ताहू ठौरि रहो मैं जाई।।
जवि कलियुग इहि कह्यो पुकारे। तव नृप संचरु मन महि धारे।।
कौनि ठौरि मै इसि कौ देवौ। जहा रहे इहि वहु दुःख देवौ।।
सोच विचार लीयो मनि माहे। कंचनि महि इसि को ठहिराहे।।
कह्यो रहो तुमि कंचन मांही। उौरि ठौरि तुमि देवौ नाही।।
जवि कलयुग इहि विधि सुण पाई। मनि माहे एहि ठहिराई।।
उौरि ठौरि कहू मैं भरमावौ। काहे को उौरे मैं जावौ।।

कनक छत्र नृप के सरि केरा। तहू प्रवेसु वहु मेरो डेरा।।
कीयो प्रवेसु तासि के माही। कल ताहूं महि रहित सदाही।।
जवि नृप छत्र को सिर धरही। मदलमत उौरु कछु करही।।
कल्युग ने इहि कर्मु कमायो। इहि कर्म्मि कर्ने चितु लायो।।
नाह ति वहु कहा इहु करावै। इहि विधि कर्ने किउ चितु लावै।।
अखग सुनति ही भर्मु निवारा। सत्त सत्त मनि महि करि धारा।।
कह्यो सुणो पित सदा सहाई।
जो विधि लिषी सौ कौणु मिटाई।
जो कछु होवति होइ सो होई।
उौरु न करि साकहि कछु कोई।
सिंङी ऋषु सुण करि विसमायो।
साईंदास सभु भाष सुणायो।
नृप परीक्षतु जबि ग्रहि महि आयो।
छत्रु कनक तिनि दूरि करायो।
प्रिथम मत्ति भई प्रकासा। मनि माहे कीनो विस्वासा।
मै कहा कर्मु कीयो वन माही। मत्ति हीन भई ताहि स्माही।।
ऋषि उर महि जो उर्गु डार्यो। एहि कर्मु मैं जाणि करायो।।
लोक पठाइ दीए ऋषि पाही।
नृपति हि वहु विधि कह्यो सुनाई।
मोहि विनती ऋषि पहि जा कहौं।
मोहि उौगुणु चित परि ना धरहौं।
तिहि समे हमिरी मति वौराई। तुम पूर्ण ऋष सदा सहाई।।
लोक चले आए ऋषि पाही। करि जोरे मुष आष सुनाही।।
सिङी ऋषि मुष वचनु उचारा। सुण हो नृप मोह अति प्यारा।।
तुमि नृप कौ जाइ आष सुनावो। होवण होइ सो कब न मिटावौ।।
मै तुमि ताई स्रापु न दीना। इहि कार्णु हमिरे सुत कीना।।
लोक सुनति गत नृप पहि आए। सकल व्रितांतु तिहि आष सुणाए।।
नृप प्रीछति जबि इहि सुण पाया। महा अधिक मन महि विस्माया।।
तपसी कह्यो होवै फुनि सोई। ताहि स्रापु न मेटै कोई।।

ताहि श्रापु किउ अन्यथा जाई। मोहि ताई आई तखकु डंसाई।।
सोच विचार एही मन धारी। गच[1] मंदर कीजे तत्कारी।।
नृप सैना कौ आज्ञा दीनी। ताहि सैन मन अंतर लीनी।।
गच मंदिरि जल माहि बनाया। महा सरूपु वन्यो अधिकाया।।
मोरु कीट असगरु जो आवै। नाहि छपे सभु द्रिष्ट दिषावै।।
इहि प्रजोग गचि मंदरु कीना। नृप प्रक्षति तहा वासा लीना।।
तिस मंदरि निसवासर रहै। साईंदास भै तिहि मन अहै।। ४।।

सक्ला ऋषों इहि विधि सुण पाई। प्रीछति श्रापु पायो वनि साई।।
चलहो ताहि देष कै आवहि। ग्यान गोष्ट करि तिह पर्चावहि।।
व्यास चले शुक सहित चलाए। नृप परीक्षति पाहे वहु आए।।
सन्क सनंदन अति अपारा। उौर सनातनि सन्त कुमारा।।
इहि प्रजोग परीछति पहि आए। निग्म वाति मोह एह वताए।।
ग्रंथु सुनो तुमि नृप वलवाना। नृप पहि तखक विधि सकल सुनाना।।
तखकु डंसे वहि नर्कि सिधावै। वहुरु वहुरु योनि महि आवै।।
एहि विधि जाण सकल रिष आए। तिहि दर्सन दुःख सकल भगाए।।
नृप परीक्षति नें सीसु निवायो। नमिस्कार कीनो उचिरायो।।
कीयो अनुग्रहि मो परि आए। भलो कीयो प्रभु दर्सु दिषाए।।
मो कौ श्रापु अखग ने दीआ। मोहि पतिष्टयो जो मै कीआ।।
अषेरि व्रित कीयो मै वनि माही। सिङी ऋषु रहे सदा तहाही।।
मोकौ तसि गह्यो अति आई। त्रिषावंत भयो सुधि वौराई।।
तिहि समे मूढि मति होई। मना वीचार न आयो कोई।।
ऋषि मो कौ प्रनामु न कीना। मै तिहि समै क्रोधु चित लीना।।
मूया उर्गु तिहि उरि महि डारा। मूढ मति होइ गयो अंधारा।।
मै ऋष त्याग आयो ग्रहि माही। जो कछु विधि लिष्यो सो पाही।।
सिङी ऋष सुत अखग है नामा। महा तपीसुरु गोविंद रामा।।
कंद मूल वनि से ले आया। इहि विधि तिन ने देषि सुझि पाया।।
मूया उर्गु किसि इसि उरि डारा। मोहि पित ऋषु पूर्ण निरंकारा।।
ना उौगुण कछु इनि ने कीआ। विनु उौगुण कीए किन दुःख दीआ।।

---

१. गच < कच = कांच

विनती करि तिहि आषि सुनायो। सुन हो प्रभ त्रिभवन के रायो।।
जिन जन ने इहि कर्मु कमायो। तोहि आग्या तिहि स्रापु लगायो।।
एही तखकु डंस मरि जाई। सप्त दिवसि पाछे मेरे भाई।।
ऐसी विधि कछु मोहि वतावो। साईंदास सागर सुख सोई।।५।।

श्री सुक तुमि कौ कथा सुनावै। जो सेस नागु सहस्र मुष उचिरावै।।
पताल मध्य शेष नागु जो रहे। तहा वस्त उस्तति हरि कहै।।
ब्रह्मे के सुत सुणाने जावहि। सुण करि ब्रह्मपुरी ठहिरावहि।।
पताल मांह ब्रह्मपुर भाई। तांको मार्गु सकल वताई।।
एकु करोडि जोजन मेरे भाई। तांको मार्गु देवहु वताई।।
नृप परीक्षति संसा ना करहो। सुण हो कथा फुनि श्रवन धरहो।।
सोई कथा सुकदेउ वषाने। सकल वार्ता शुकजी जाने।।
कथा सुनति वहुता सुषु पावहु। चढि विबाण बैकुंठि सिधावहु।।
ब्रह्मपुरी उो पताल के माही। नेमिषार सन्कादक ताही।।
सात पुरान कथा तहा होवै। सन्कादक सुण वहु दुःख खोवै।।
तव नृप परीछति ऐसौ भाषा। करि जोरे विनती मुष आषा।।
सुण हो मोहि पूर्ण प्रभु वाता। मुख से कहो सुणो मुष वाता।।
एहि कथा तुमि मो पहि आषो। कृष्न चंद की उस्तित भाषो।।
वसुदेव ग्रहि काहे कौ आया। यादव वंस किउ नामु रषाया।।
नंद के ग्रहि जाइ आस्रम लीना। मथुरा त्याग गोकल पगु दीना।।
तव शुकदेव जी ऐसे वोले। तूं भाषा तुझे आत्म डोले।।
केतक दिन निस भए वितीता। नृप तुमि कछु भोजनु नही कीता।।
भूष सकल सुर्ति वौराए। भूषे कछु सुन्यौ ना जाए।।
जवि इहि विधि सुकदेव वषानी। नृप परीक्षत तव विनती ठानी।।
हे सुकदेव कहा तुमि कह्यो। कौनु वाति मुष ते उचिरह्यो।।
एहि कथा अंमृति अति मीठा। ताहि प्रसाद अंम्रतु द्रिग डीठा।।
जो कोई षाइ सो रहे अघाई। ताकौ भूष गहे नही आई।।
अति अनंदु मै वहु सुषु पायो। एहि कथा सुण आश्रमु आयो।।
भूष कहा हमिरे निकटि आवै। साईंदास नृप इहि उचिरावै।।६।।

तव सुकदेव कह्या नृप ताई। सुण हो नृप समझो मन माही।।
मधपुरी नग्र तहा नृपु रहे। उग्रसैनु यादव सुख अहै।।
ताहि ग्रहि कंन्या देवकी नामा। अतिभुति सुंदर सुंदर रामा।।
ताहि संयुक्त वसुदेव सौ कीनी। कार्जु करि वहु तांको दीनी।।
गज अश्व रथ कंचन वहु दीना। चीरी[१] अध्कि तांके संग कीना।।
मानक मोती वहुते दीने। इहि विधि कर्के विदआ कीने।।
एक अस्वुरु भुज महि वलु भारी। ऋषि मुनि कौ वहुताहि दुःखारी।।
सुर नर नाग वहुत दुःख देवै। जो कछु निर्षे सो षसि लेवै।।
वसुधा रूप गौ का कीना। अति सूक्ष्म ताहू वपु लीना।।
कंपमानु ब्रह्मे पहि आई। मुख ते वसुधा वाति चलाई।।
एकु असरु हमि को दुःख देवै। हमि परि वहुता जोरु करेवै।।
मै इसि भारु उठाइ न सांकौ। तुमि पाहे प्रभ इहि विधि आषों।।
जवि ब्रह्म इहि विधि सुण पाई। मघवाकौ तिन लीउो बुलाई।।
भूपति वर्नि तव ही वहु आए। भए इकत्रि वहि मति ठहिराए।।
चलहो क्षीर समुद्रि जावहि। तहा जाइ करि भजनु कमावहि।।
अश्वरु दुःख पृथ्वी वहु दीना। ऋषि मुनि जन को आजजु कीना।।
क्षीर समुद्रि के तटि सभ आए। वेद पढिन कौ तिनि चितु लाए।।
एही वेनती मुखो वषानी। श्री कौलापति सारंग पानी।।
असुरौ अति विरोधु प्रभ कीना। सक्ल प्रजा कौ इनि दुःख दीना।।
संध्या जापु कर्नि ना देवहि। जो कछु देषहि सो षसि लेवहि।।
तुझै त्याग उौर किसि आषहि। अपुनी विर्था किस पहि भाषहि।।
हमिरा वलु तुमि ही परि लागै। तुमि किर्पा करि सभ दुःख भागै।।
जवि विपिन इहि वचनु उचारा। गण गंधर्व कीयो जै कारा।।
होई तव ही अकास ते वानी। धीर्जु धरो मोहि आया जानी।।
वसुदेव यादव के ग्रहि आवौ। ताहि असुर कौ आइ मिटावौ।।
वसुधा का तव भारु उतारो। एकही एक असुरु गहि मारो।।
अपुने भक्ति क्रितार्थु करहौ। वैकुंठ माहे तिन कौ खरहौ।।
अवि तुमि अपने ग्रहि महि जावौ। हिर्षमान होइ भजनु कमावौ।।

---

१. चीरी = चेरी [दासी]

वहूरौ चला ब्रह्मपुरि महि आया। मघवा इंद्रिपुरी सिधाया।।
भूपतु वर्न पताल को राजा। गयो पताल वजेआन बाजा।।
आपो अपुने पुरि महि आए। हिर्षमान हरि मंगल गाए।।
आजु काल प्रगटे वनवारी। असुरौ मारे भारु उतारी।।
कौलापति पूर्न प्रभ साईं। साईंदास घटि घटि विर्था अंतरजामी।।
सभ ही आनंदु मंगल गावहि। श्री जदुनाथ वसुदेव ग्रहि आवहि।
असुरो मार करि घातु करेवै। पर्मि सुखी देवौ करि लेवै।।
सभना के मनि एहि वीचारा। प्रगटेगी हमि राषनि हारा।।
क्रिष्न भजो चिंता न करहो। श्री रामनाम मति अंतरि धरहो।।
विपों कीनी गोबिंद आसा। साईंदास पूर्ण अभ्यासा।। ७।।

एकु दुष्टु खलु तिहि वलु भारा। महा असुरु सुर दंडन हारा।।
वहु षलु देवनि कौ दुःख देवै। जो देषै तिहि पहि हिरि लेवै।।
देवौ मन महि कीउो वीचारा। नासु कहा इसि होइ तत्कारा।।
सोई करहि जिउ इसि हति होई।
होइ नासु जिउ इसि करहि सोई।
सक्ल देव वहु भए इकि आई।
कीयो विचारु इहि मति ठहिराई।
नैमिसार धिंगु ऋषु रहे।
अति मज्जन पूर्ण ऋषु अहे।
तां पहि जाइ अस्त्र तिस ल्यावहि।
ताहि अस्त्र ले वाण लगावहि।
तिस ही वाण करि षल कौ मारहि।
एहि वाति करि तिस हि प्रहारहि।
सभ देवहु इहि मति ठहिराइ।
क्षिण माहे ऋषि धिंग पहि आइ।
ऋषि आगे तिन्है आष सुणायो।
एक खल ते हमि वहु दुःख पायो।
ताहि नासु होइ सुष पावहि।
नाहि ति महा कष्टु उर्झावहि।

ऋषि कह्यो कहु कैसे होई। जो तुमि कहो करहि हमि सोई।।
सक्लहि देवौ कह्यो पुकारा। सुण हो ऋषि तुमि प्रान अधारा।।
जो तुमि अस्थ देवौ हमि ताई। एहि क्रिपा करहो हमि पराई।।
तुमिरे अस्थ वाण मुख लावहि। वही दुष्ट को नासु करावहि।।
धिंग ऋषि तव वचन उचारे। मोहि जीउ आवे अर्थि तुमारे।।
इसि ते अवरु भला क्या कहीए।
इसि ते अवरु कहो क्या चहीए।
एकि वेनती तुमि परि करहो।
जीउ पिंड तुमि आगे धरहो।
अजहूँ मै तीर्थ ना कीए।
अति मलीन हो आत्म हीए।
केतकि दिन मोहि आज्ञा देवौ।
मम विनती तुमि सुण करि लेवौ।
जावौ मै तीर्थ करि आवौ।
अग्रि भाग तुमिरे ठहिरावौ।
तित समे तुमि जानो सौं करहो।
साईंदास इहि विधि मन वरहो।।८।।
तव ही देवो तिहि प्रतु दीना।
तुमिरो कहा हमि मनि धरि लीना।
ऋषि धिंगि तुमि तीर्थ जावौ।
ढीलि परे जो तुमि फिरि आवौ।
तुम जो कहों करहि इकु कामा।
पूर्ण मुक्ति सदा हरि नामा।
सुर सकले जाइ जल कौ ल्यावहि।
भिन्न भिन्न तीर्थ जलु आवहि।
दिन थोरे महि कार्जु सरही।
वहु षलु दुष्टु कालु झवि करही।
तव फिरि धिंग कह्यो तुमि जानौ।
जिन जानो तीर्थ जलु आनौ।

ले करिमंडलु सभ सुर धाए। तीर्थ जलु भिन्न भिन्न करि ल्याए।।
मसरवताल माही जलु डारा। भर्‌यो तालु जवि वहु उजीआरा।।
धिंगि ऋषि कीनो इस्नाना। संध्या जापु कीउो भगवाना।।
सक्ल देवौ सो तिन ने कहा। लेहो तुमि जो कछु तुम चाहा।।
जिउ जानौ सुरो करहो तैसे। आग्र तुमारे ठांढा ऐसे।।
सक्ल सुरो मन भयो विस्वासा। एकु ब्रह्म महां भग्तु प्रकासा।।
कैसे धिंग ऋषि कौ हमि मारहि। कैसे हमि ब्रह्मण प्रहारहि।।
सकल देवौ इहि मनि आना। तव धिंङ ऋषि वचनु वषाना।।
काम धैनि सुरि को सदि लेवो। जवि आवै तव आज्ञा देवो।।
तुचा मांसु वहु हिरे हमारा। अस्ति रहे होइ काजु तुम्हारा।।
अस्ति लेइ जाइ कार्जु करहो। वाण मुखि करि दानो मरहो।।
कामधैनि सुर आण वुलाई। कामधेनि क्षिण माहे आई।।
तुचा मांसु ऋषि को हिरि लीना। कामधैनि सुरि ने इहि कीना।।
अस्ति आणि लाए मुख वाना। तव वहु दुष्टु हन्यो वलिवाना।।
जवि कार्जु देवकी का कीना। वसुदेव तव मार्गु ग्रहि लीना।।
रथि की डोरि कंसु करि लीने। चले जाति मग वाते कीने।।
तव ही वाणी भई अकासा। मूढि मति कंस क्या हासा।।
कहा डोरि लीने रथ केरी। इहि देवकी वैरनि है तेरी।।
अष्टमु गर्भु जो इसि को होई। तुमिरो नासु करे फुनि सोई।।
काहे डोरि लीए रथि जावै। इहि विधि कौना ह्दे वसावै।।
जवि ते कंस सुनी इहि वानी। डोरि त्याग दीई अभिमानी।।
देवकी केस कंस करि लीने। किरिमानी सूती करि कीने।।
चाहति दुष्टु देवकी मारे। केस गहे करि धर्नि पसारे।।
वसुदेव तांसौ कह्यो सुणाई। सुणु नृप कंस महाबलकाई।।
तू नृपु तुमिपे सरि नही कोई। जो तूं करहि होवै फुनि सोई।।
तोहि पित दुहिता है मेरे भाई। छाडो इसि तुमि राम दुहाई।।
गोविंद अर्थि करि इसे न मारो। मोहि कह्यो मनि अंतरि धारो।।
महा क्रोधी कह्या न माने। वसुदेव को कह्यो ह्दे न आने।।
वहुरि वार वसिदेउ पुकारे। सुण हो कंस भूपति अति भारे।।
इसि ताई मारौ तुमि नाही। मोहि कह्या लेवौ मन माही।।

मै प्रतज्ञा तुमि सौ करहो। जो इसि ते होइ आगे धरहो।।
जो तुमि भावै तिसे करावौ। मोहि कहा घटि महि ठहिरावौ।।
जवि वसुदेव इहि वात वषानी। साईं दास नृप सुण करि मानी।।९।।

वसुदेव देवकी को ग्रहि ले आया। ग्रहि आए मंगल वहु गाया।।
जवि केतक दिन भए वितीता। जन्मु ताहि ग्रहि वाल्क लीता।।
वसुदेव वाल्कु गोदि महि लीआ। कंस दुष्ट ताई इनि दीआ।।
कंस वाल्कु ले मारि चुकाया। रंचक त्रासु न मनि महि आया।।
भयो वितीत समा वहु ताही। वाल्कु मार्‌यो रोसु कराही।।
इकि दिन नार्द ऋषि चलि आए। वैन हाथ ले शब्द सुनाए।।
दुष्ट कंस कौ कह्यो सुनाई।
सुण हो नृप तुमि वलु अधिकाई।
सभ यादव शत्र है तेरे।
श्रवण धारि सुण हो वचि मेरे।
एहि विधि तुमि निश्चै करि जानौ।
इहि महि द्वितीया भाउ न आनौ।
देवकी अष्टम गर्भु जो आवै।
वाही तुमिरे प्राण हतावै।
जवि ऋषि ते नृप इहि सुण पाई।
मन अंतर एही ठहिराई।
सक्ल असुर तिन निकटि बुलाए।
मुषि ते वचनु उचार सुनाए।
जहा जहा जादवि कौ पावौ।
ताहि हनो तिहि वंसु गवावौ।
एहि आग्या असुरौ कौ दीना।
साईं दास नृप इहि मनि लीना।।१०।।

इति श्री भगवते महापुराणे दस्म स्कंदहि श्री शुकदेव परीक्षति संवादे प्रिथमो ध्यायः।।१।।

कंस दुष्ट इहि मनि ठहिरायो। उग्रि सैन तै राजु हिरायो।।
देवकी सहिति वसुदेव बुलायो। तिहि कौ वंदी माहि डलायो।।

तिहि पग महि वेरी ले डारी। अति क्रोधु चितवनि उनि धारी।।
षष्ट गर्भ देवकी के मारे। करि विरोधु मनि महि प्रहारे।।
सप्तम गर्भु देवकी जो आयो। शेषनाग तिहि नामु अषायो।।
आपि अश्रमु देवकी गर्भ लीना। वलिभद्र इसि को नामु कीना।।
प्रिथमे देवी को उपिजायो। तिहि आज्ञा करि त्रिभवन रायो।।
राम कौ तुमि गोकल ले जावौ। रोहणी गर्भ माहि ठहिरावो।।
रोहणी भर्जा वसुदेव केरी। सुण हो देवी इहि विधि मेरी।।
तू गर्भि जसमति लेहि निवासा। देवकी के गर्भि मे लेउो वासा।।
दुष्ट कंस विरोधु चलाया। सुरि ऋषि मुनि जन वहु दुःख पाया।।
इसि को दूरि करो तत्कारे। एही उपिजी हृदे हमारे।।
देवी कौ प्रभ इहि वरु दीना। तोहि आसुन स्थिर मै कीना।।
प्रथम तोहि दुर्गा सभ भाषहि। इहि प्रयोग मन अंतरि राषहि।।
जो जो तेरी सेवा कर्सी। तोहि क्रिपा करि भौजलु तर्सी।।
दुःख दर्दु ताहू ग्रहि नासा। जो कोई तेरी करे आसा।।
द्वितीया चंडिका नामु तुम्हारा। त्रितीया अंविका जग्त उजारा।।
चतुर विजीआ तोहि नामु वषानहि। पंचम अवला वली पछानहि।।
भवानी त्रिपुरसुंदरी माया। अष्टभुजी वहु रूपु दिषाया।।
इहि वरु प्रभ ताहू कौ दीना। इहि करुणा प्रभ ता परि कीना।।
देवी ने मन महि ठहिरायो। स्याम सुंदरि जो कछु उचिरायो।।
वलिदेउ खडि रोहिणी गर्भि डारा। एहि कर्मु की तत्कारा।।
आपि जसौदा गर्भि निवासा। लीउो जाइ वहु ज्योत प्रवासा।।
श्री देवी ने इहि कर्मु कीआ। साईंदास सुष आश्रमु लीआ।।११।।

कंस भर्जा सभ मिल आवहि। नितापर्ति देवकी देषि जावहि।।
इकि दिन देवकी कौ निर्षिआई। दुष्ट कंस सो आषि सुणाई।।
देवकी गर्भु छेद है कीआ। द्रिष्ट नि आवै तिहि कछु थीआ।।
दुष्ट सुनति विधि हिर्षु जु कीना। अति अनंदु मंगल मन लीना।।
केतक दिन जवि भए वितीता। इहि विधि होई निर्मल रीता।।
कौलापति पूर्ण भगवाना। त्रिभवन नायक पदु निर्वाना।।
मुर्लीधरि प्रभु यादव राइ। अकाल मूर्त्ति हरि संत सहाइ।।

अजूनी स्वंभू श्री ब्रिजनाथ। सदा सदा संतन के साथ।।
त्याग वैकुंठि गर्भ दैवकी आए।
लीयो निवासु तहू ठहिराए।
तिहि समे अति प्रगट्यो उजीआरा।
मानो रवि की किर्न पसारा।
देवकी रूपु सुंदर अधिकाई।
कनक पुतरी देत दिषाई।
जो दुहिता तीय देषि जो जावे।
कंस दुष्ट सौ जाइ सुनावे।
इहि गर्भु देवकी वहु उजीआरा।
हुट्यो तिमरु रवि ज्योति पसारा।
कहा उस्तति तिह रूप वषाने।
हमि उस्तति कौ कहा न जाने।
कंस वाति श्रवण सुण पाई।
मन महि भौ उपज्यो अधिकाई।
नृप मन महि भौ भयो वसेरा।
साईंदास त्रिभवन कीयो डेरा।।१२।।

दुष्टु देवकी देषणि धाया। तात्काल देवकी पहि आया।।
देषि रूपु महा विस्मायो। काल सरूपु तासि द्रिष्टायो।।
रखिवारनि सौ कह्यो सुणाई। सुणहो रे तुमि मेरे भाई।।
मोह हतनि कर्निहारु गर्भ आयो। मोहि तन आगे जत्न करायो।।
तुमि मोहि वीर सखा हो मेरे । मै वसो दूरि तुमि वसहो नेरे।।
जाग्रति रहो नाहि तुमि सोवो। छिनु पलु तुमि गाफल ना होवो।।
जो प्रथमे मोहि आण सुनावै। वाल्कु जन्म्यो एहि वतावै।।
मै ताहू कौ वहु कछु देवौ। सुप्रसन्न आत्म करि लेवौ।।
इहि विधि रषिवार्नि कहि चाले। कपटु हृदे उपज्यो भौ नाले।।
जवि ग्रहि माहे जाइ ठहिराया। मनि महि त्रासु अधिक उपिजाया।।
जो भोजनु करे तिहि महि देषै। मतु इसि महि आया होइ पेषै।।
जौ करि सोवै शैनु न आवै। मतु इहि वस्नु शैन महि आवै।।

ऐसा भर्मु भयो चित ताके। निसि दिन भर्म न चूके वांके ।।
विधि[१] मघावा[२] सौवर्नि जी आए। देवकी पहि आइ ठहिराए।।
कर्नि लगे उस्तति हरि केरी। कहा कहे हमि गति मिति तेरी।।
महाराज पूर्ण भगवाना। गहरि गंभीर अरु चतुर सुजाना।।
गर्भि जून तुमिरा क्या कामा। जन्म लीउो पूर्न प्रभ रामा।।
भक्ति हेति करि कार्नु कीना। कंसु दुष्ट वहु दुःख सुर दीना।।
इहि प्रजोग उौतारु तै लीआ। भक्ति हेति करि इहि विधि कीआ।।
उस्तति प्रभ की एहि विधि भाषी। बहुरो सुगर[३] शंकरि इहि आषी।।
उस्तति अनकि करी हरि केरी। साईं दास सर्नी प्रभ तेरी ।। १३ ।।

विधि अरु सुगर शंभू देवा। प्रवोधनु कीनो है वसु देवा।।
परब्रह्म तुमिरे ग्रहि आया। सदा तुमारी होइ सहाया।।
भक्ति वछल प्रभ असुर सिंहार्नि। सुर सुख देवनि दुष्टनिवार्नि।।
दुःख दर्दु सभ तुमिरे टारे। सक्ल वंधना तुमि कटि डारे।।
मन महि कछु न करो विस्वासा। तुमरी भक्ति पूर्न करे आसा।।
वहुरो वहुरहो प्रभ आषि सुणाया। दीनानाथ त्रिभवन के राया।।
क्षीर समुद्रि तुमि प्रतु कह्या। तहा वेद पढिने मैं नि वह्या।।
वसुदेव यादव के ग्रहि आवा। असुर सिंहार्ण पलु ना लावा।।
हमि अपुने ह्रदे एहि विधि आनी। कहा लषहि कैसे भई वानी।।
तूं प्रभु दीनानाथ गुसांई। तेरे चरति लषे ना जाई।।
भक्ति उधार्नि तेरो नामा। हरि प्रान पके इकि कामा।।
पारब्रह्म है रूपु तिहारा। घटि घटि माहे तोह पसारा।।
ले तोय परि धर्नि टिकाई। तोहि गति कछु प्रभु लषी न जाई ।।
माटी कैसे जल ठहिरावै।
तुमि किर्पा करि इहि वनि आवै।
तुमि विनु प्रभ इहि करे नही कोई।
जो तूं करहि सोई प्रभ होई।

---

१. विधि = ब्रह्मा।
२. मघवा = इन्द्र।
३. सुगुरु = बृहस्पति। कहीं कहीं ''सुगुरु'' इन्द्र के लिए आया है।

इहि विधि प्रभ की उस्तति कीनी।
उस्तिति प्रभ की मन धरि लीनी।
वहुरो सुगर शंकर नृप वर्ना।
नमिस्कार हरि पग सिरु धर्ना।
करि उस्तति वैकुंठ सिधाए।
ताहि उस्तति को पारु न पाए।
जो कोऊ गर्भि उस्तति सुण लेवै।
साईंदास तिहि वहु सुष देवै ।। १४।।

इति श्री भगवते महापुराणे दस्म स्कंदे श्री सुकदेव परीक्षत संवादे द्वितीयोध्यायः।। २।।

मास भाद्रो प्रगटे वनवारी। थित अष्टमी कुंज विहारी।।
मध्य रैण प्रभ जोत दिषाई। श्री गुपाल सुंदर सुषदाई।।
रोहणी नक्षत्र जन्म हरि लीना । वसुदेव हर्षि हर्षि मन कीना।।
चतुर भुजा करि पीत पीतांवरु। कमल नैन अति वहुतु है सुंदरु।।
कौस्तक[1] मणि मस्तक परि लीने। मोर पंष सिरि ऊपरि कीने।।
शंक चक्र करि तांके माही। लक्ष्मी वांवे अंग है वाही।।
वसुदेव कह्यो क्या उस्तति भाषा। किहि रस्ना उस्तति हरि आषा।।
अकाल मूर्ति लोक सभ आषहि। पारब्रह्म तुमरा नामु भाषहि।।
मो पहि कही न गति मति जाई। इहि प्रभ पूर्न सर्व समाई।।
वहुरो प्रभ देवकी दृिग देषै। अति सरूप कछु अति भुज पेषै।।
वचन उचारु कह्यो वलि जावां। मै शंका प्रभ मनि महि ल्यावा।।
स्रिष्ट सकल मुषि एहि पुकारे पारिब्रह्म त्रिभवन निरंकारे।।
गर्भ योन देवकी आए। तहा आइ जन्मु जग पाए।।
मै शंका एही मन आनो। किहि विधि सुत मै तोहि वषानो।।
षष्ट बाल्क हमिरे नृप मारे। त्रासु होवत अति चित हमारे।।
पारब्रह्म निर्भो निरंकारा। दीनानाथ हरि अपर अपारा।।
देवकी सौ तब वचनु उचारी। सुण हो माता वात हमारी ।।

---

१. शब्द कौस्तुभ होना चाहिए।

२. वांवे > वामे।

सुण हो मात तुमि कछु चित आवै। पूर्व जन्म तुमि भक्ति कमावै।।
बहुरो तुम वसुदेव को कह्या। स्रिष्ट करौ उतपत क्या वह्या।।
तव तुमि भए भै चक्रि दोई। हमि से उत्पति कैसे होई।।
तव तीर्थ तटि तुमि दोई आए। सृिष्ट तपस्या सौ चित लाए।।
सीत काल सीतलु जलु लीना। तीन काल स्नानु जु कीना।।
तप्ति काल ऐसे तुमि कीआ। चतुर्दिशा दावा तुमि दीआ।।
तुमि सिरि परि रवि कर्ता घामा[१]। तुमि तपस्या करी पूर्ण रामा।।
तव मै तुमि पहि प्रगटि षलोया। तुमिरे मनि अंतरि मै पोया।।
तुमि इहि वचन उचारे ताही। तोहि सार्षा इकु वाल्क पाही।।
वाही समा तुमि वात सम्हारो। अपुने घटि अंतरि वीचारो।।
वाही वचनु मै चित करि आया। तुमि मेरा वहु भजनु कमाया।।
तुमि मनि महि कछु ना सुकचावौ। साईं दास निरभौ सुष पावौ।।१५।।

कौलापति पूर्न अघनासी। गज अनंद कीउो काटी जिन फाँसी।।
सो वसुदेव सो वचनु सुनावै। सुण हो पित किउ हृदा डुलावै।।
मोकौ तुमि अवि लोह उठाई। गोकल वेग चलो तुमि धाई।।
मोको तुमि गोकल पहुंचावो। नंदि महिरि ग्रहि जा ठहिरावो।।
नंदिर महिर ग्रहि दुहिता होई। पित तुमि बेग ल्यावो सोई।।
वसुदेव सुकच रह्यो मन माही। मन महि अति विस्वासु कराही।।
पचास द्वार कैसे ले जावा। गोकल महि किउ करि पहुचावा।।
ताहि कपाट लगे अधिकाई। दो मणा के जंद्राला भाई।।
कै सहस्र रषिवारे तां परि। रहित सदा जाग्रति हमि घरि परि।।
किति विधि मै वाहिरि ले जावौ। षडि गोकल माहे पहुचावौ।।
तव माधव दो भुज तन धारी। संत जना की प्राण अधारी।।
इहि विधि सुकचि गोदि महि लीना। वसुदेव गवनु गोकल कौ कीना।।
जवि निर्षे षूल्हे सभ द्वारा। सभ रषिवार्नि सुद्धि विसारा।।
माया मोह वीच सभ सोए। मानो मृति भए प्राण षोए।।
वसुदेव प्रभ ले बाहिर आए। कालिंद्री तटि आई ठहिराए।।
रवि दुहिता जलु है अधिकाई। तिहि उस्तति कहु कहा वताई।।

---

१. घाम = धूप या पसीना।

वसुदेव तिहि निर्षित विस्माना। ताहि प्रवाहु देषि सुकचाना।।
सुकचि सुकचि मन वहु विस्मायो। कहा होइ जवि प्रभ इहि भायो।।
जो फिरि जावौ वाल्कु मारे। मो कौ सहित वाल्कु प्रहारे।।
जो जमुना पवौ तौ डुबि जावौ। कठनि वनी प्रभ कहा करावौ।।
वहुरो मनि माहे इहि धारा। डूंवो इसि महि होइ निस्तारा[१]।।
इहि विधि कहि यमुना पगु दीआ। हृदे भरोसा हरि का कीआ।।
रवि दुहिता[२] चर्नी प्रभ लागी। सूक्ष्म भई अहंमत्ति त्यागी।।
वसुदेव तीर चढ्यो भौ त्यागा। गोविंद उस्तित कर्ने लागा।।
तुमि ही यमुना तीर चढायो। महा अधिक जलु तुमि लंघायो।।
करि उस्तति गोकल महि आयो। नंदि महिर ग्रहि जाइ निर्षायो।।
सुन्न गयो सभ ही सुष माही। गोकल महि जाग्रति को नाही।।
जसुमति सुन्न गयो अधिकाई। कन्या जाई सुर्ति न पाई।।
वसुदेव कंन्या कौ हिरि लीआ। ताहि ले उनि गोदि महि कीआ।।
कृष्नचंदु तिहि आगे डारा। जो सकल सृष्टि को राषनहारा।।
कंन्या ले देवकी पहि आया। सकल द्वार कपाट चढाया।।
सकल कपाट दीए जंद्राले। अजहू जाग्रति ना रषिवाले।।
वेडी ले अपुने पग डारी। कंन्या रुदनु कीयो ततकारी।।
कंन्या अधिक रुदन जवि कीआ। साईंदास सभ ही सुण लीआ।। १६ ।।

इति श्री भगवते महापुराणे दश्मस्कंदे
श्री शुक परीक्षति संवादे तृतीयोध्यायः।। ३ ।।

जवि कंन्या वहु रुदनु करोयो। सभ रषिवार्नि ले सुण पायो।।
तात्काल दुष्ट पहि आए। हाथ जोरि करि आष सुणाए।।
जन्मु लीयो गर्भु वाहिरि आयो। दुष्टु सुनति विधि वहु हर्षायो।।
किर्मानी ले करि करि धाया। तातकाल देवकी पहि आया।।
देवकी निर्षति उठि षलोई। तांके वल न वसावै कोई।।

---

१. यहाँ वसुदेव के हृदय का द्वंद्व दर्शनीय है। ''डूंबो इसि महि होइ निस्तारा'' इन शब्दों में दुःखी हृदय के भावों का चरमोत्कर्ष है।
२. रविदुहिता = यमुना।

वचनु कह्यो सुण हो मेरे भाई। तूं नृपु तुमि कौ वलु अधिकाई।।
षष्ट वाल्क तै मेरे मारे। मन विरोध करि तै हारे।।
अवि इसि कंन्या को त्यागो। मोहि कहे नृप जी तुम लागो।।
इसि के हाथ कहा कछु आवै। इसि कंन्या वलु कहा वसावै।।
मोकौ जग्त न लाई कलंका। दूरि करो मनि ते इहि शंका।।
इहि दुहिता वालकु कोऊ नाही। जग्त तोहि वहु निंद कराही।।
देवकी विनती वहु विधि कीनी। दुष्ट कंस कंन्या षसि लीनी।।
तांकौ तजि वाहिरि ले आया। पाहन पर्‌यो जहा अधिकाया।।
हृदे कीयो पाहन सौ मारौ। कंन्या कौ इसि संग पछारौ।।
कंन्या तिहि करि ते छुटिकायो। गगनि चढनि कौ तिन चितु लायो।।
रूप चंडिका तव ही दिषारा। अष्ट भुजी तिन मूल सवारा।।
उौरु सहस्र चक्र करि लीने। गगनि मंडल कौ तिन पगु दीने।।
देवौ सकल कीयो जैकारा। जै जै देवा रूप तिहारा।।
चढी गगनि तव ऐसे भाष्यो। दुष्ट कंस तै क्या चित राष्यो।।
प्रगटि भयो जो तोहि प्रहारे। कंस दुष्ट मोकौ तूं मारे।।
सुर सभ त्याग स्वर्गि को आए। कुस्म माल देवी गल पाए।।
ताहि सहित ले स्वर्ग सिधाए।
कंस भै चक्रित मनि विस्माए।
विस्म भयो मन इहि विधि ठानी।
साईंदास घटि महि एहि आनी।।१७।।

दुष्टि वीचारु कीउो मनि माही।
मै तो घातु कीयो अधिकाही।
वसुदेव देवकी को वंदी कीना।
मै पापी इन वहु दुःख दीना।
षष्ट बालक इनि के मै मारे।
घाति कीए मै आपि विडारे।
अवि देवी मोहि एहि सुणायो।
धिगु मोहि एहि विधि कर्मु कमायो।

वसुदेव देवकी को तजि दीआ।
तिसे समे मुक्ते वहि कीआ।
मम सरि उौरु पातकु नही होई।
इहि वसुधा परि दूजा कोई।
अपने जीय कार्ण इहि कीना।
षष्ट सुत वहिण के हनि लीना।
वहुरो देवकी सो य्युं कहयो।
मुखो पुकार्यो तिह कर गह्यो।
एही आयु गन्तक ले आए।
किउ ठहिरावन जत्न कराए।
अवि तुमि जाओ हो ग्रहि माही।
होवण होइ सो कवन मिटाही।
वसुदेव देवकी कौ ले आए।
श्री गोपाल हृदे महि ठहिराए।
दुष्ट असुर सभ लीए वुलाई।
तांको कहित सुनो मेरे भाई।
अवि क्या कीजे इसि उपिचारा।
प्रगटि भयो मोहि मारन हारा।
सकल षलो नृप सौ इउँ कह्यो।
कित कार्न भै चक्रित होइ रह्यो।
दसि दिन का जहा वालकु पावै।
वेग जाइ तिस को हनि आवै।
जो सभि बालक कों हमि मारहि।
तांकौ कौनु इनि माहि प्रहारहि।
एहि वाति हमि ते सुण लीजै।
कछु विसवासु न मनि महि कीजै।
नारायण इहि वही कहावै। मछ रूप जो आप बनावै।।
कछ रूप ताहूँ वपु धारा। वैराह रूप होयो ततकारा।।
नृसिंह रूप ताहूँ वपु पायो। वावनि को तिन भेषु वनायो।।
परशुराम वो ही जौ भयो। सहस्रार्जन कौ कौ जु हतयो।।

श्री रामचंद्र सोई होइ आयो। नेम धर्म्म सौ वहु चितु लायो।।
प्रथम तोह आज्ञा इहि करही। नेम धर्मु षंडनि चितु धरही।।
होम यज्ञ किसे कर्नि न देवहु। जे कोई करे तिसे हति लेवहु।।
कहु वर हो वलु कहा कहिज्जै। कहु भिक्षकु तिस भिक्षा दिज्जै।।
वहु जाचन ग्रहि ग्रहि महि जाई। तां कहु वलु कहु कहा समाई।।
जो मघवा हमि हाथु अडावै। जो वहु करे सोई छिन पावै।।
प्रथमे सुरग कों प्रहारहि। पाछे से वालक कौ मारहि।।
महादेउ कछु वाति न कहे। वहु अतीत निरभौ पद गहे।।
जो कई भार्ति वाति चलावहि। वेग मारि वहि जीउ गवावहि।।
उौरु कोई हमि को ना सूझै। रण महि षडा होइ हमि झूझै।।
इहि मति दुष्टौ सकल ठहिराया। सुण नृप कंसु अधिक हर्षाया।।
साधो श्रवण धार सुण लीजै। साईंदास आलसु ना कीजै।।१८।।

इति श्री भागवते दस्म स्कंदे महा पुराणे
श्री शुकदेव परीक्षित संवादे चतुर्थोध्याय।।४ ।।

नंदि महिर ग्रहि मंगल गाए। निष्र्यो प्रभु वहु आनंद पाए।।
नंदि महिर वालकु करि जाना। अपुना सुतु साचि करि माना।।
पंडति जोतकी अधिक तिन आने। एकि भाँति मुख वेद वषाने।।
लग्न महूर्त आछे देषे। कमल नैन सुंदर प्रभु पेषे।।
सहस्र वीस सुरभि नंदि वुलाई। निर्मल ब्राह्मण कौ दीनी साई।।
जैसे वेद मित होइ मेरे भाई। नंदि महिर कीनी विधि साई।।
सुरभी अनि श्रिंग कंचनु सभु धारे। पग रूपे के ताहि सवारे।।
पृष्टि ताहि तांव्रन सौ जरी। नंदि महिर ने इहि विधि करी।।
तिल तांके संग वहु कछु दीने। नंदि दान ऐसे तव कीने।।
नंदि महिरु चौंकी परि वह्या। अति जडाउ कीनो सुष लह्या।।
कंचन चौंकी मणी जडाई। ताहि उस्तति कहु कहा वताई।।
सभ जोषता गोपनि मिल आई। अति सिंगारु सुंदर अधिकाई।।
कनक मोती ऊपरि वहु पहराए। अति अनंद होइ मंगल गाए।।
भाजन केसर सौ भरि ल्याई। नंदि महिर ऊपरि छिटकाई।।
जो कछु उनि ताई हे सरिआ। नंदि आगे तिन ने षडि धरिआ।।

ताल मृदंग वजावनि हारे। भए इकत्रि नंदि के द्वारे।।
अति अनंद मंगल वहु गावहि। सुप्रसन्न मृदंग वजावहि।।
नंदि महिर तांकेहु वहु दीना। सुप्रसन्न तांकहु करि लीना।।
वंदी जन ने मंगल गाए। नंदि विदआ पाइ करि ग्रहि आए।।
अैसे नंदि सभु विदिआ कीने। वंदी जन कौ वहु कछु दीने।।
नंदि महिर ने वहु सुषु पायो। साईंदास मन महि हिर्षायो।। १९।।

नंदि गोप सभ लीए वुलाई। तिन सों कह्यो सुनों मेरे भाई।।
हमि परि प्रभु ने किर्पा कीआ। वालकु हमिरे ताई दीआ।।
नृप को भी कछु हमि पहि आवै। आजु काल वहि हमहि वुलावै।।
चलहो हमि उसि पाहे जावहि। जो देवनि हो इसो देकरि आवहि।।
एही मत्तु सभि हूँ ठहिराया। नंदि महिर जो ताहि सुनाया।।
गोप सकल नंदि ने संग लीए। मधुपुरी कों तिन ने पग दीए।।
गोप सहित पुर माहे आए। नृप पाहे सभ जा ठहिराए।।
नृप ताई प्रनामु सुनायो। जो आन्यो आगे ठहिरायो।।
करि प्रनामु नृप कौं तजि आए। एकु ग्रहि ले पुरि महि ठहिराए।।
वसुदेव नंदि महिर पहि आया। अंग अंग मिल आनंदु पाया।।
तांकी उस्तति कहा वषानो। मैं तो उस्तिति कहा पछानो।।
वहुरो वसुदेव नंदि महिर सुनाया। हिर्षमान होइ करि उचिराया।।
है कल्याण गोकलि के माही। त्रिण तौ अधिक भयौ गौवनि ताही।।
वलिभद्र कौ है कल्याना। इहि विधि वसुदेव वचनु वषाना।।
हमि तो वंदि रहे अधिकाई। पूछ नि साकहि मेरे भाई।।
कंसु दुष्टु पातकि वहू भारी। तांकहु नासु करे गिरधारी।।
मतु उसि के मनि उौरहि आवै। इहि प्रयोग मन महि सकुचावहि।।
वसुदेव प्रति नंदि सौ राषहि। ऐसे वसुदेव नंदि सौ भाषहि।।
राम को पितु तूं है मेरे भाई। भोजनु देइ कीउो अधिकाई।।
अंवरि पहिरनि को तू देवहि। तूं प्रतिपालकि ताहि करेवहि।।
राम कौं मैं द्रिग ना निर्षायो। ना उनि मोकों देष नि पायो।।
धन्न धन्न नंदि मति तिहारी। कहा कहो मै वाति तिहारी।।
इहि विधि वसुदेव नंदि सुनायो। साईंदास मिलि तिहि सुषु पायो।। २०।।

नंदि महिरु वसुदेव सुणावै। करि करि वचन तिसे परचावै।।
हे वसुदेव सुनो मेरी वाता। मतु इहि मनि आनो मेरे भ्राता।।
षष्ट वालक मेरे नृप मारे। करि विरोधु नृपु कंस प्रहारे।।
जो विधि लिष्यो कहो क्युँ टरे। ताहि लेषु सीस को ना धरे।।
वहि वालक एही आयु ल्याए। तुम को अपने सहिम दिषाए।।
मतु तू कछु ह्रदे अंतरि आने। गुर प्रसाद मेरो कह्यो माने।।
वहुरो वसुदेव वचनु सुनायो। सुण हो नंदि प्रीत्म सुखदायो।।
तैने कछु सुणओ मेरे भाई। मै मै तुम कौ कहौं सुणाई।।
नंदि महिर वसुदेव सौ भाषा।
मै कछु श्रवण सुनो नही आषा।
जो कछु होइ सो मोहि सुणावौ।
वेग विल्म तुम मूल नि लावौ।
कंसु दुष्टि इहि मतु ठहिरायो।
वालकु मारण कौ चितु लायो।
दुष्टि खलो कौ आज्ञा दीनी।
पातक कंसि इहि विधि है कीनी।
दसि दिन को जहाँ वालकु पावो।
तिसि ताई तुमि मारि चुकावौ।
तातकालि तुमि गोकलि जावो।
वालक की जाइ सोझी पावो।
इहि अवस्था प्रभ किर्पा कीनी।
हमिहि आनंदु पायो सुण लीनी।
तातकालि अपुने ग्रहि जावो।
साईंदास जाइ करि सुष पावो।।२१।।

इति श्री भगवते महा पुराणे दश्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे पंचमोध्यायः।।५ ।।

पूतना राकसी कंस पठाई। ताहि व्रितांतु कहौ मेरे भाई।।
गोकलि जाइ वालकु तुम देषौ। ताहि सिघारो द्रिष्टी पेषौ।।
वकी उलिट करि इहि वपु कीनो। द्वादश वर्षि कन्या को लीनो।।

अति पीतांवरि अंग उढाए। भूषन सभ अंग कौ पहिराए।।
ले करि कुस्म केस महि डारे। करि सिंगारु गोकल पग धारे।।
जो देषे भै चक्रित होइ रहे। वहुरो सुर्ति देहि ना लहे।।
इहि विधि होई है मेरे भाई। सुण हो नंदि महिर सुषदाई।।
वसुदेव नंद सौ वहु समिझायो। नाना भाँति करि ताहि वतायो।।
वकी गई नंदि महिर द्वारे। अति सुंदरि सुंदरि वपु धारे।।
कहियो जाइ मै कंस पठाई। नंदि के ग्रहि वहु भयो सवाई।।
नंदि महिर प्रभ वालकु दीना। नृप वहु हर्षि मानु मनि लीना।।
इहि प्रयोग ग्रहि मोहि पठायो। देषौ मै वालकु जसमति मायो।।
तुमि वालकु हमि कहु दिषलावो। कहा सवायो ठौर वतायो।।
जसुमति तिहि को ना दिषलावै। वकी ढीठ आपे चली जावै।।
तातकाल प्रभ पाहे आई। जहा सोए प्रभु यादव राई।।
लीयो उठाइ वकी गोदि माही। कुचु विषु लाइ दीयो मुष माही।।
परब्रह्म निर्भो निरंकारा। सकल विस्व ताकौ विस्तारा।।
छिन उपिजाए छिनि हि विडारे। तांकहु कहो कवनु कोई मारे।।
संत हेत करि प्रभु वपु धारे। साईंदास सदा रषिवारे।। २२।।

जवि वकी कुचु दीयो मुष माही। प्रभ अपुनी लील्हा कीनी ताही।।
ऐसी रचना तहा रचाई। रगि कुचि षिंची मुक्ति पठाई।।
देहु ताहि दीघ होइ पर्‌यो।
कृपानिधान इहि रचना कर्‌यो।
सभ जोषता ग्रहि मिलि करि आई।
कहति जसौदा सौ समिझाई।
वालकु लेहि तहा तूं देषहि।
भई भै चक्रित क्या कछु पेषहि।
वडो कोई ग्रहु इहि परि आयो।
करुणानिधि प्रभ आप मिटायो।
एहि विधि कहि विप सकल वुलाए।
महा पंडिति जो बेदि सुनाए।

सुरहौ वहु दानु कीई ततकारे।
पंडिति करि बेद वीचारे।
रोहणी इहि विधि सुण करि आई।
रजिसुर पग प्रभ मस्तक लाई।
पूतना राकसी देहु पसारा।
अति दीर्घ वपु जोजन धारा।
नंदि महिरु व्रषिभानु जु आए।
गोप ताहि संग है अधिक ाए।
वकी राकसी कौ निरषावो।
मग माहे इहि वाति चलावो।
इहि कोई असुरु कहा ईहा आयो।
गोकलि महि किति सौ प्रगटायो।
एहि विधि कहि अपुने ग्रहि आए।
गोप सकिल ग्रहि ग्रहि आप धाए।
जसुमति नंदि पहि वाति वीचारी।
नंदि महिर सभ ही मनि धारी।
दस सहस्र सुरि दान कराई। नंदि महिर जबि विधि सुण पाई।।
बहुरो मुष से वचनु उचार्यो। तबि रों काटि वकी कौ जार्यो।।
पूतना तबिरो काटि जराई। अति सुगंधि ताहुं सो आई।।
जवि सुगंध गोपो ने पाई। नर नारी सभि सुधि विसिराई।।
मुषो उचारि बचनु वहु कहे। अति भै चक्रित मनि महि होइ रहे।।
कवहूँ सुगंधि अैसी ना आई। जो अबि इसि दावा प्रगटाई।।
वंदी जन वहु देई असीसा। बालकु जीवे लाख वरीसा।।
कोई कहे मेरे पूर्ण गोविंद। इसि कल्याण करे पर्मानंद।।
सकल अशीर्वादु प्रभ देवै। साईंदास पूर्ण गुर सेवै।। २३।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे षष्टमोध्याय।।६।।

पातकि कंसि तव ही सुण पाई। वकी मार वैकुंठि सिधाई।।
त्रिणावर्तु तवि लीयो वुलाई। ताहि कह्यो पातकि समिझाई।।

तुम गोकलि माही पगि धारो। नंदि के तात ताई जाइ मारो।।
तुमि मोहि वीर काम मोहि करहो।
पलु छिनु रंचिक विल्मु न करहो।
त्रिणावर्तु इहि सुण करि धाया।
वेग माहि गोकलि महि आया।
जसुमति काजु कर्ति ग्रहि माही।
कान्हिरि छाड्यो धर्नि पराई।
त्रिणावर्ति विधि एहि निहारी।
मनि महि ताहि कीउो वीचारी।
प्रथिमे गोकलि पौणु झुलायो।
महा अधिक कछु कह्यो न जायो।
प्रवल वहुतु भई अंधारा। कोई न सकै नैन पसारा।।
महादुष्टु जीउ देवनि आया। पवन सहिति श्री कृष्ण उठाया।।
कांन्हरि कौ ले चड्यो अकासा। दुष्टमति ताहू ताहू प्रकासा।।
जसुमति जोहति कान्हरि ताई। द्रिष्ट नि आवै रुदनु कराई।।
जोहति फिर्ति कहूँ ना पावै। मुष ते वचनु उचार सुनावै।।
मै वालकु को ईहा वहाया। जोहि थकी कहूँ ठौर न पाया।।
रुदनु कर्ति सिरु धर्नि पछारे। करि सौ अपुने करि पटिकारे।।
गोप जोषता सभि सुण पाई। रुदनु कर्ति है जसुमति माई।।
मूँदे नैन कछु द्रिष्ट न आवै। सकल जोषता मन महि विस्मावै।।
करि सौ करि सभि फिर्ति पछारहि। हाहा कर्के वचनु उचारहि।।
पारब्रह्म सभि विर्था जाने। हमि तुमि पाहे कहा वषाने।।
नंदि महिर परि किर्पा धारी। विधि अवस्त हे वनिवारी।।
बालकु दीआ किर्पा कीनी। इहि विधि किर्पा कर के लीनी।।
अपुनी पेज राषो प्रभ पूर्न। दूरि कर्नि संतनि के विसूर्न।।
गोप जोषता सभि इही पुकारा। कांन्हरि तवि इहि लील्हा धारा।।
सकल व्रितांतु कहो मेरे भाई। साईंदास प्रभु सदा सहाई।। २४।।

त्रिणावर्ति को उरि से लीना। कंठ पकरि अति निहवलु कीना।।
आण दुष्टि षलु धर्नि गिरायो। पाहिनि पर देहु ताहि हतायो।।

थटिक रह्यो मार्त ततकारे। जबि ही कान्हरि खल धरि मारे।।
गोप भार्जा नैन पसारे। श्री कौलापति तिन हि निहारे।।
पिंजरि खल के परि ठहिरायो। षेलति है वहु आनंदु पायो।।
वेग आइ तिहि लीउो उठाई। अंग आपुने लीउो लाई।।
सभि जोषता मिलि वचनु उचारे। दुष्टि असुर गौकल पगि धारे।।
कांन्हरि को ले गग्नि चर्हाया। ऐसै प्रभु वहु चरति दिषाया।।
जो तेजि सेती ना रहो वलि वाना। रहे भै चक्रित अति हैरांना।।
गाडे सौ तिहि वलु न वसावै। जो बलु कर्के ताहि हलावै।।
भए भै चक्रित सभि नरि नारी। देषि चरित्र श्री गिरधारी।।
जसुमति एक दिनस सुष पायो। चढि प्रजंकि परि शैनु करायो।।
स्याम सुंदरि कौ आगे लीआ। अस्थनु प्रभु के मुष महि दीआ।।
श्री कृष्ण चंद ले पीवण लागा। चहनि गिडा पीतरि अति वागा।।
कवहूँ ले मुषि बाहरि डारे। कवहूँ हिर्षति वदनु उघारे।।
जसुमति प्रभु का वदनु निहारा। जासु समे प्रभु आपि उघारा।।
सकल विश्व तांकौ द्रिष्ट आई। देष रूपु जसुमति विस्माई।।
द्रिग लीए मूँद भै चक्रित हो रही।
तांकी विधि कछु जाइ नि कही।

इहि बालकु अति रूपु दिषावै।
नारायण प्रतक्षि द्रिष्ट आवै।
हमिरे परि किर्पा इनि धारी।
प्रांन पुर्षि श्री कुंज विहारी।

जसुमति देषि विस्मक चितु धारा।
साईंदास प्रभ रूपु अपारा।। २५।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे सप्तमोध्यायः।।७ ।।

नंदि महिर तब वचनु उचारा।
जिहि दिन मै मथुरा पगु धारा।

वसुदेव तब ही मोहि सुणायो।
प्रीति भाउ करि मोहि वतायो।

गोकलि महि अवतित्रि ग्रहु होवहि।
तूं अपुने ग्रहि जाग्रति सोवहि।
वसुदेव वचनु क्युँ अन्यथा होई। जो सब्द कह्यो होइ सोई।।
चतुर मास को भयो मुरारी। अति सुंदरि वहु रूप उजारी।।
तांकौ कोइ न सके उठाई। अति सरूप प्रगटि जदुराई।।
अंवरि नौतनि ताहि उढाए। प्रभु कौ चक्रित अधिक सुहाए।।
वसुदेव गर्गि कौ कह्यो सुणाई। सुणु स्वामी जन सदा सहाई।।
गोकलि महि अपुने पगि धारो। मोहि कहा मनि माहि वीचारो।।
ऐसे प्रभ जौ कोई न जाने। दुष्टि लोक तुझे नाहि पछाने।।
ऊहा दोइ बालक है प्रभ मोरे। हे गुर जी वहु तुमरे चेरे।।
गर्गि सुनति गोकलि को धाया। नंदि महिर के ग्रहि महि आया।।
नंदि महिर दोऊ करि जोरे। क्रिपा करी आवो प्रभु मोरे।।
चरन पषार चर्नाम्रतु लीना। आदर भाउ नंदि वहु कीना।।
हृदे भउ वहुताहि करायो। पूर्न प्रभु करि ताहि वहायो।।
गोविंद हमि परि किर्पा कीने। गर्गि चर्नि हमिरे ग्रहि दीने।।
नंदि महिर अैसे प्रति वौले। वीजन ले मार्ति कौ झोले।।
वेनती कीनी गर्गि सुणाई। सुण हो प्रभ मै तो सर्नाई।।
इहि दुइ वालक को धरु नामा।
तोहि प्रसाद पूर्ण पूर्ण होहि कामा।
गर्गि दीयो प्रति नंदि के ताई।
सुन हो नंदि महिर मनु लाई।
जो मै इनि बालक धरो नामा। सुणे कंसु होवे बुरे कामा।।
देवकी के वालक करि जाने। अति क्रोधु तव मनि महि आने।।
देवकी हमि ते लए दुराए। नंदि महिर ग्रहि जाइ छपाए।।
देवकी वसुदेव को दुख देवै। अति उपाधि नृपु कंसु करेवै।।
नंदि महिर वहुरो विधि ठानी। नाम धरो तुम ब्रह्म ज्ञानी।।
हमि इनि बालक कौ ले जावहि। वनि माहे इनि षडि जु छपावहि।।
गर्गि फेरि वहु बिप बुलाए। तांकौ भोजन अधिक षलाए।।
नारायण प्रभु नामु रषायो। उग्रसैन मुष ते उचिरायो।।
स्वेत वर्नि प्रभु वदनु दिषावे। कृष्ण नामु इहि विधि उचिरावे।।

उोरु नामु गोविंद कहिज्जै। इहि अशीर वचनु चिरु जिज्जै।।
वहुरो वलिभद्र को कह्या। इहि वाल्कु देवकी गर्भि अह्या।।
ताहि त्याग रोहणी गर्भि आया। आइ जन्मु रोहणी गर्भि पाया।।
सेस नाग को इहि अवतारा। सुण हो नंदि लेहु मनिधारा।।
इसि को नामु मै भलो धरावौ। बलभद्र मनि करि उचिरावौ।।
उौरु नामु इसि राम वषानो। बलिदेव नामु वहु पर्वानो।।
गर्गि नामु वाल्का को राषा। साईंदास विधि सक्ली आषा।। २६ ।।

गर्गि नामु प्रभि राष सिधायो। नंदि महिर वहु सेव करायो।।
सुरि वहु दीनी गर्गि के ताई। उौरु विपो को दीनी अधिकाई।।
गर्गि नामु रखि करि धाया। मधिपुरी मार्गि चितु लाया।।
एक वर्षि को कान्हरि होए। नंदि महिर सभि संसे षोए।।
राम मास दोइ है अधिकाई। कान्हरि ते सुण हो मेरे भाई।।
दोऊ वीर षेलति नंदि द्वारे।
सोभति रवि ससि जोत पसारे।
चवक माहि करि पगि सो चालहि।
अति अनंदि सोभति सीस वालहि।
वहुरो पगि सो फिर्ते फिरही।
अति कलोल मनि अंतरि करही।
दस्न कढे तिन ने मुषि माही।
पांछ वर्षि पूर्न भए वाही।
वछरे सभि गोकलि के ले जावहि।
वनि माहे षडि ताहि चरावहि।
गोप तात वहुतिहि संग जाही।
फिर्ति फिर्ति सदा वनि माही।
गोपनि के ग्रहि सौ दोरा राही।
माषनि कौ षडिक पहि षलाही।
सभि जोषता गोपनि मिलि आई।
जसुमति को वहु कहिति सुनाई।

इहि दुइ वालकि हमहि दुष ताने।
तुमि पहि जसुमति कहा वषाने।
माषनु हमिरा षडति दुराई।
षड मर्कटि कौ वेग षलाई।
जसुमति ताहि कहा नही मानहि।
वात सकल मिथ्या करि जाने।
गोपि जोषता फिरि घरि आई।
साईंदास प्रभ ताहि षिझाई।। २७।।

एक दिन गोप तात मिलि आए।
जसुमति कौ तिहि भाष सुनाए।
तोह पूत ने माटी षाई।
हमि वरजेहि हमि करे लराई।
जसुमति कांन्हरि पूछनु कीना।
कर से पकरि अंग महि लीना।
साचु कहो तुमि माटी षाई।
हमि पहि तोहि सषा कह्यो आई।
प्रभु गोप तात कौ नैन निहारे।
सभि भागे जवि निर्ष मुरारे।
मुकरि पर्‌यो माटी नही षाई।
इहि वालकि मिथया कह्यो आई।
जो तुम ह्रदे भरोसा ना आवै।
मुषु देषो मोहि क्युँ विस्मावै।
मुषारविंद जसु मति जबि देषहि।
धर्नि गगनि सभु मुष महि पेषहि।
सप्त समुद्रि है मुष ही माही।
सप्त दीप फुनि ताहि मझाही।
नौखंड प्रथवी ताहि समाई। निर्षि वदनु जसुमति विस्माई।।
तव मुष से इहि वचनु उचारा। मै इसि कौ सुत जानि कै मारा।।
मनि निश्चै करि मै सुतु जाना। भूल परी मनु कूडि लुभाना।।

इहि तो पारब्रंह्म निरंकारा। सकल स्रिष्ट को साजन हारा।।
इहि सुत कहो कवन को होई। नरंकार निरवैरु है सोई।।
इसि की गति कौ मैं कहा जानो। इसि की महिमा कहा पछानो।।
त्रैलोक सभ इसु विस्थारा। त्रिभवन राया जग्ति उजारा।।
जवि जसुमति इह ज्ञान वीचारा। कांन्हरि तव ही माया धारी।।
ग्यान सुरति तांकी भुलि डारी। विक्षा सुर्ति भई ततकारी।।
पूत पूत वहि कर्ने लागी।।
इहि कार्णु कान्हरि ने कीआ। संति हेति करि जगि वपु लीआ।।
साधो जपहो नामु निधाना। साईंदास पूर्न भगवाना।। २८।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्मस्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे अष्टमोध्यायः।।८।।

स्याम सुंदर रामु संग लीए। वनि माहे जावनि पगि दीए।।
वछे ले बनि को वहु धाए। माषनु गोपनि ग्रहि षडहि दुराए।।
माषनु षडि मरिकटि कौ देवहि। मर्कटि माषन सहित अघेवहि।।
गोप जोषता अति उकिलाई। वेग माहि जसु मति पहि आई।।
नंदि जोषतासों तित ने आषा। हमि माषनि चोरे कान्हर राषा।।
माषनु क्षीर सहिति ले जावै। षडि करि मर्कटि हाथ षलावै।।
त्रैलोक नाथ तवि आए। मय्या षुध्या अति संताए।।
हमि को अस्थनु देहि ले पीवहि। तांते आनंद मनि महि थीवहि।।
नंदि जोषता गोद महि लीना। अस्थनु ले तांके मुषि दीना।।
दधि को वेग विलोवनि लागी। उौरु वाति सकली तवि त्यागी।।
माषनु ले भाजन महि डारे। श्री कृष्णचंदु तिहि उोरि निहारे।।
क्षीर कढ्हति चूल्हनि परि भाई।
अग्नि अधिक भई उभर्यो जाई।
श्री कृष्णचंदि को धर्नि वहाई।
नंदि जोषता उठि करि धाई।
निकटि क्षीर के जाइ षलोई।
क्षीर कौ सीति कर्ति है सोई।

श्री कौलापति ने क्या कीआ।
दधि मटु गेरि धर्नि परि दीआ।
माषनु भाजन सौ ले भागा।
ग्रहि कौ त्याग वाहिरि चितु लागा।
जसुमति जबि ग्रहि अंतर आई।
निर्ष ताहि अति मनि विस्माई।
किन फोर्‌यो है मटु दधि केरा।
किन माषनु षड्यो है मेरा।
जसुमति लकिरी कर महि लीनी।
अति भारी लकरी करि कीनी।
पाछे स्याम सुंदरि के दौरी। दौर दौरि के होईं हौरी।।
श्री कृष्णचंदि को पकिर न साका। ठांढी भई मुष ते कछु आषा।।
दीनानाथ अपार गुसाईं। कौलापति सुंदरि अधिकाई।।
तांकौ कौणु पकरि कोई लेवै। जांकौ सकल जग्तु मुनि सेवै।।
नंदि जोषता तहू ठांढी भई। थकित रही कछु जाइ न कही।।
श्री कौलापति मनि ठहिरायो। साईंदास जनिनी दुःख पायो।।२९।।

ठांढा भया जसुमति ग्रहि लीआ। मुष अपुने ते इहि प्रतु दीआ।।
काहे मटु दधि को फोरि डारा। दधि माषनु तै कहा विडारा।।
गोप जोषता सकल वुलाई।
तांसौ कह्यो सुणो मेरे वाई।
नितापर्ति तुमि मोहि सच्चु आषो।
जो तुमि कहो सोई सच्चु भाषो।
दामिनि आनो इसि वधि डारो।
पृथिमे वाधि करि तवि फिरि मारो।
दधि माषनु मोहि धर्नि गिरायो।
एहि कर्मु पुत्रि कांन्ह कमायो।
जवि जसुमति इहि वात वषानी।
सकल जोषता मनि महि ठहिरानी।
तां कहु कान्हरि वहु दुख दीआ।
तिहि ग्रहि माषनु दधि हरि लीआ।

इकि इकि दौरि गई ग्रहि माही।
अति अनंदु उपज्यो मनि माही।
दामिनि हाथ कीई सभ आई।
नंदि जोषता मनि महि मुसकाई।
जसुमति प्रभु वंधिन चितु दीआ।
गांठि न परे जत्नु वहु कीआ।
अजहू दामिनि उह घटि जावहि।
जत्न करे तौ गांठि न पावहि।
कमल नैन तवि इहि ह्रदे धार्‌यो।
जसुमति थक्ति भई वलु हार्‌यो।
मोकों कहा वांधि हो माई।
इहि विधि गोविंद मनि ठहिराई।
मुष अपुने स्युँ कह्यो सुणाई।
मोको वांधों मेरी माई।
जवि प्रभि एहि विधि मुषो वषानी।
जसुमति तवि ते ह्रदे पछानी।
प्रभ को ऊषलि सहिति वंधायो।
पाछे सो इहि वचनु सुनायो।
मोह भांजनु तै काहि विडार्‌यो।
दधि माषनु वसुधा परि डार्‌यो।
श्री कृष्णचंद तव कह्यो सुणाई।
मै नि विडार्‌यो मेरी माई।
जसुमति वांधि गई ग्रहि माहे।
साईंदास प्रभु चरित्र कहाहे।।३०।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे नवमोध्यायः।।९।।

श्री कौलापति के मनि आयो। करो उधारु प्रगटि दिषलायो।।
जुमला अर्ज्जन के तनि केरा। ताहि श्राप को करो नवेरा।।
पाछे नंदि महिर ग्रहि वाही। दीयो स्रापु नार्दि ऋषि ताही।।

नृप परीक्षति शुकदेव सुनायो। मोहि व्रतांतु इहि सकल वतायो।।
कौन स्राप करि जंगम होए। जडिताई महि क्युँ वहि सोए।।
नार्दि स्रापु ताहि क्युँ दीना। जडि देहा काहे कौ कीना।।
राजे प्रत सुषदेव सुणायो। भलो प्रश्नु नृप आण चलायो।।
एक दिनि ऋषि सुत मद को पीआ।
जोषता अपुनी तिहि संग लीआ।
गंगा माहि स्नानु कराही।
नग्नि होइ इहि कर्मु कराही।
नार्दि ऋषि तव ही चलि आए।
अति किन्नरि हरि जसु गाए।
सकल जोषता तजि जलु आई।
गंगा तटि परि वहु ठहिराई।
सुकचि रही कछु कह्यो न जाई।
तिहि निर्लज्ज मनि काइ न आई।
इहि प्रजोग नारद स्रापु दीआ।
अति क्रोधु मनि अंतरि कीआ।
तुमि दोनों गोकल के माही।
जंगमि देहि धरो तुमि जाही।
जिहि समे कृष्ण जी लए अवितारा।
तिस समे तुमरा करे उधारा।
इहि प्रजोग जंगम वपु धर्‌यो।
नार्दि वचनु तिहि मनि महि कर्‌यो।
निर्पि परीक्षति को भ्रमु हिरायो।
साईंदास जसु हरि का गायो।। ३१।।

पारब्रह्म चिति महि ठहिरायो। जुमला अर्जन जड देह पायो।।
वांको अबि कृतार्थु करहो। अपुने भक्ति वचन मनि धरहो।।
तातकाल विरछो परि आया। तिन दोई वीच आइ ठहिराया।।
ऊषलु वांके वीच अडायो। मूल से दोनो व्रिक्ष गिरायो।।
नारद ऋषि एही वचु कीआ। जिह समे स्रापु इनि ताई दीआ।।

ऊषलु जिहि समे तुमि को लागै। इहि स्रापु तुमिरा तवि भागै।।
जवि प्रभि दोऊ व्रिक्ष गिराए। दो वालकि सुंदरि निकसि आए।।
उस्तति गोविंद जी की भाषहि। देइ प्रदक्षिणा जय जय आषहि।।
नृप परीक्षति ऋष वचनु सुनायो। सुक जी एक संचरु मनि आयो।।

नंदि महिर कौनु तपु करायो।
जिहि ग्रहि श्री क्रष्णचंद जी आयो।

करि क्रीडा नंदि कौ सुषु दीना। महा सुषी नंदि कौ करि लीना।
एहि वीचारु प्रभ मोहि वतावो। करि करुणा इहि संचरु गवावो।।
सुकदेव कह्यो भले उचिरायो। बहु नीको तै प्रष्णु चलायो।।
सुण हो नृप धरहो तुमि काना। तुमि पहि सकली वाति वषाना।।
नंदि विपदहि अष्ट ऋषि पाही। महाअनंदु ताकौ दुःख नाही।।
वरहौ तातु नंदि कौ भाई। ब्रह्मा ताहि कह्यो समिझाई।।
जावो वरहो तुमि वहु माही। वहु लोक जाइ अधिक सुषु पाही।।
वरहो कह्यो विधि कौ समिझाई। सुण हो ब्रह्म पूर्ण मेरे भाई।।
मै वहु लोक माहे ना जावौ। कैसे वहु माहे ठहिरावौ।।
वहुरि कह्यो विधि तुमि वहु जावो। मेरो कह्यो मनि महि ठहरावो।।
वरहो कह्यो वहुते विधि ताई। मोहि विनती सुण हो मेरे भाई।।
जौ तुमि एहि करो तवि जावौ। वहु लोक महि जाइ ठहिरावौ।।
ब्रह्म कह्यो जो तुमि कोई भाई। सुख हो वरहो करो मैं साई।।
तवि ही वरहो कह्यो पुकारे। मै वलि जावो प्राण अधारे।।
क्रिष्ण सदा मोहि द्रिष्ट दिषाई। मै तवि वहु विच जावौ भाई।।
विधि कह्यो अैसे ही होई। जो तै वरहो कह्यो हो सोई।।
तव वरहो जन्मु गोकलि विच पायो। नंदि महिरु ईहा नामु रषायो।।
ब्रह्म वच पूर्ण कर्नि ताई। जन्म लीयो आइ त्रिभुवन सांई।।
विधि वचु करि नंदि कौ सुषु दीना। इहि कारण कौलापति कीना।।
सुत करो उस्तति गिरिधाई। ताहि उधारु कीयो जदुराई।।
जो इहि जनमु हिति करि सुण लेवै। साईंदास प्रभ वहु सुषु देवै।।३२।।

इतिश्री भगवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षत संवादे दशमोध्यायः।।१०।।

प्रभ जदि दोऊ व्रिक्ष गिराए। तवि प्रटिकारु उठ्यो अधिकाए।।
भयो अचर्जु गोकलि के माही। नरि जोषिता मिलि आई ताही।।
गोपनि सुत प्रभ पाहि जु खरे। सकल वीर तिय हूँ ने करे।।
नंदि महिर सुत इहि कर्मु कीना। दोई व्रिक्ष गिराइ करि दीना।।
सकले लोक रहे विसमाई। भए भै चक्रित विधि निर्षाई।।
तवि मुष ते उन्हा वचनु उचारे। सो गुर क्रिपा ते सकल वीचारे।।
गर्गि प्रोहिति ने य्युं भाषा। नारायण इसि कौ नाउँ राषा।।
ताहि कह्यो कहु कौणु मिटावै। ताहि कह्यो मेट्या नही जावै।।
तव ही नंदि महिर जी आए। वाधा हरि देष्यो मुसकाए।।
नंदि महिर तव ही वचु कीआ। किस वालकि वाधा दुःख दीआ।।
सकल गोप नंदि कह्यो सुनाई। तोहि जोषिता वांधा मेरे भाई।।
नंदि महिर प्रभि कौ उरि लीना। लेकरि गोदि गवनु ग्रहि कीना।।
नंदि महि लेकरि ग्रहि आया। जसु मति ताँकी उोरि तकाया।।
तूं इसि कौ क्युँ षोल्ह ल्याया। इनि कांन्हरि इहि कर्मु कमाया।।
दधि भाजन इनि ने फोरि डारा। कांन्हर ने इहि कर्मु सवारा।।
माषनु षडि मर्कटि षवाया। इनि वालकि इहि कर्मु कमाया।।
स्याम सुंदरि जसुमति उोरि देषहि। मूँदे नैन कर सौ अरु पेषहि।।
नंदि महिर सौं जसुमति लीआ। धूरि झारि अस्थनु मुष दीआ।।
नंदि गोप सभि लीए बुलाई। ताहि कह्यो सुण हो मेरे भाई।।
गोकलि महि अपतिग्रो होई। हमि वालक दुःख देवै सोई।।
अवि तकि गोविंद कीई कल्याना। भए वितीत दिनसि मै जाना।।
आवो अवि हमि गोकलि त्यागहि। उौरु नग्रि के मार्गि लागहि।।
जव हि नंदि इहि वाति वषानी। सकल गोप मनि महि ठहिरानी।।
ईहा त्याग विंद्रावनि जावहि। ऊहाँ जाइ अधिक सुष पावहि।।
सकल गोप मनि इहि ठहिरायो। साईंदास विधि भली वतायो।। ३३ ।।

गोप सकल मनि मति ठहिरायो। बिंद्रावनि जावनि चितु लायो।।
गोकलि तजि बिंद्रावनि धाए। सुरिह वछे तिन संग चलाए।।
सुत दारा वंधू पित माता। नंदि महिरु व्रिषभानु सुहाता।।
सभि बिंद्रावनि माहे आए। आइ तहाँ ग्रहि सभूह वनाए।।

श्री कौलापति त्रिभवनि राया। नंदि महिर सौ वचनु सुणाया।।
जो आज्ञा होइ वछे चरावहि। आज्ञा विनु वनि मांझि न जावहि।।
नंदि महिरि तवि तिन प्रतु दीआ। स्याम सुंदर को गोदी लीआ।।
पंडिति वहु किन्नरिजु वुलावौ। तांते भला महूर्त्ति पावौ।।
तवि आज्ञा तुमि ताई देवौ। जो तूं कहे सोई करि लेवौ।।
नंदि महिर वेदपाठ बुलाए। भले महूर्ति तिनहि वताए।।
गोपनि के सुत सकल वुलाए। तिन सौ प्रभ ने कह्यो सुणाए।।
वछिरे ले चलिहो वनि माही। वनि महि षडि करि वछे चराही।।
गो तात सभि वछे ल्याए। एकि ठौर कर्के वनि धाए।।
करि सों करि सभि ही नें जोरे। कर्ति क्रीडा वनि कौ सभि दौरे।।
तवि कह्यो कांन्हरि मुर्ली वाजै। अनकि तरंगि अवि मुर्ली गाजै।।
मुर्ली अनकि तरंग वजाए। जो श्रवणु सुने सभ सुधि विसराए।।
श्री कृष्णचंदि तवि द्रिष्ट निहारी। वछासुरु वपु वछा आयो धारी।।
आइ गउ सुति महि उर्झायो। श्री कौलापति तिन निर्षायो।।
वलिदेव सौ तव कह्यो पुकारी। सुण हो राम वीर हितकारी।।
आवौ तुमि इकु चरित्र दिषारौ। तुमि आगे इकि वाति विचारौ।।
इहि जो वछा तुमि द्रिष्ट आवै। इसि को रूपु तूं भी कछु पावै।।
इसि कौ पातक कंस पठायो। वछासुर वछे रूप वनायो।।
जवि मै तुमि कौ कहौ पुकारे। सुण वलिदेव हो वीर हमारे।।
काहि वारि वछिउो ले आवै। तिहि समे तूं मोहि एह सुनावै।।
अवि तुमिरी प्रभि वारी आई। उौर कौन मै देउ वताई।।
वलिदेव एही वचनु सुनावो। साईंदास और ना उचिरावौ।। ३४।।

कमलि नैन त्रिभवन के राया।
बलिदेव सौ तिन आष सुणाया।
वछे गए दूर कौनु हेरि ल्यावै।
वछुरे हेर्नि कौ कहु को जावै।
जासि वारी होइ सोई जावै।
वछिर्यो जाइ करि फिरि ल्यावै।

वलिदेव तव ही वचन उचारे।
तुमि सभि विधि को जानण हारे।
तुमि वारि तुमि ही हेरि ल्यावो।
वछुरे हेर्नि कौ तुमि जावो।
श्री कृष्णचंदि सुण करि उठि धाए।
वछरे चर्ति त्रिण तहूँ ही आए।
श्री गोपाल वछुरे हेर ल्याया।
लील्हा कर्ति तबि चर्तु दिषाया।
वछासुर असुर ताई प्रभ मारा।
दो पगि ले करि धर्नि पछारा।
पकरि ताहि व्रिक्ष सौ पटि कायो।
श्री गोपाल ने दुष्टु हतायो।
जवि प्रभि व्रिक्ष सौ तिहि पटिकायो।
व्रिक्ष गिर्यो उनि व्रिक्ष परि आयो।
ऐसे वनु सभ धर्नि गिरायो। श्री गोपाल इहि रचनु रचायो।।
इहि लील्हा गोविद जवि धारी। अमिरो सकल कीयो जयकारी।।
भला कीयो प्रभि दुष्टु हतायो। करुणा करके मार चुकायो।।
असुरो आइ के कंस सुनायो। वछासुरु नंदि ताति हतायो।।
वकासुर कौ दुष्टि सदाया। दुष्टि सक्ति विधि कहि समिझाया।।
वकि रूप वकासुरि कीना। जमना के तटि तिन पगि दीना।।
श्री गुपाल इसि लीउो पछानी।
इसि के मनि की विधि सभि जानी।
श्री कृष्णचंदि तवि कह्यो पुकारे।
गोप तात सुणो सषा हमारे।
इसि वगि के तुमि निकटि नि जावो।
जो मैं कहौ सो मनि ठहिरावो।
इहि उपाधि है मेरे भाई।
मै तुमि कौ विधि दीई वताई।
इहि विधि हरि सभि वाल सुनावै।
वनि महि ठांढे वछे चरावै।

गोप तात कछु हृदे न आना।
जो कौलापति मुषो वषाना।
चलति चलति वक के निकटि आए।
वग सकले ले उदरि कराए।
श्री ब्रिजराज तवि कीउो वीचारा।
किहि विधि इनि को होइ छुटिकारा।
इन्हि पित मात कहा जाइ आषो।
कहा वचन मै तिन सौ भाषो।
कमलिनैन भक्तिनि सुषदायक।
गुणनिधान त्रिभवनि को नायक।
वगि के मुष माहे चलि गयो।
मुषि के मांझि जाइ ठांढा भयो।
ना आगै ना पाछै जाई।
लीउो स्वास मूँद वगि जदराई।
वगि को स्वासु न निकिसनि देवै।
ताँकौ जीउ आपि हिर लेवै।
स्वास न निकसै वहु दुख पाए।
म्रिति लोक वकु वेग सिधाए।
चुंचि पकिरि तिहि दो करि डारे।
तवि वालक सौ कह्यो सुनाई।
इहि न कहो तुमि नंदि पहि जाई।
उैर दिन वालक वेग घरि आवहि।
वहुरो जावहि गौं चरावहि।
आजु जौ एहि भयो वनि माही।
भयो अवेरि तिनहूँ के ताई।
नंदि महिरु व्रषिभान जी आए।
मगु जोहे अति मनि विसमाए।
श्री कृष्णचंद बालक संग लीए।
ग्रहि आवनि ताई पग दीए।

गोप तात विधि आषि सुनाई।
नंदि महिर पहि वेग नि लाई।
हमि वनि महि षडि वछे चराए।
तटि रवि दुहिता जा ठहिराए।
वकासुर असुर तव ही चलि आयो।
वगि रूपु तिनि आइ दिषायो।
हमि कह्यो इसि निकिटि न जावो।
जो जावो तौ वहु दुःखु पावो।
हमि सभि चले निकटि गए तांके। सभि ही उदरि परे हमि वांके।।
हमिरे पाछे क्रिष्ण भी आया। वांके हति हरि हमहि छडाया।।
तव ही अवेर भई हमि ताई। इहि वालकौ ने आप सुणाई।।
नंदि महिर अरु सभ विस्माए। गोकल त्याग ईहा हमि आए।।
इसे त्याग उौरु कहा जावहि। उौरु कहा जाइ वासा पावहि।।
फिरि सक्ल्यों मनि लीउो वीचारी। मनि माहे सभि ही इहि धारी।।
गर्गि प्रोहति हमि सो भाषा। नारायण इसि कौ नामु राषा।।
वडे उपाधों कौ इहि टारे। पृथ्वी कौ वहु सुषु मनि धारे।।
जो कछु गर्गि कहा सो होई। ता महि भेदु नाहि है कोई।।
नंदि महिर सभु ग्रहि महि आए। श्री कृष्णचंदि के मंगल गाए।।
जो इहि जसु सुने वहु सुषु पावै। साईंदास तिहि परि वलि जावै।। ३५ ।।

इति श्री भगवते महा पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे एकादशोध्यायः।।११।।

श्री कृष्णचंद ने क्या कछु कीआ। प्राति समे वछे ग्रहि ते लीआ।।
वछिरे ले करि वनि कौ धाए। तात समे गोपो सुत आए।।
सकल ग्वारि मिलि एहि पुकारे। आजु आई इहि ह्दे हमारे।।
हमि तो क्रिष्ण सहित न जावहि। हमि न्यारे करि वछे चरावहि।।
इनि ग्रहि वछे भए अधिकाई। हमिरे वछे थोरे है भाई।।
कान्हरि हमि पहि कामु करावै। आप ते समसर कामु न आवै।।
श्री कृष्णचंदि तव कह्यो पुकारे। सुण हो वालक सषा हमारे।।
जो तुमि कहो सोई मै करहो। तुमिरा कहा मस्तकि परि धरहो।।

हमिरे वछे न्यारे ना चरही। तुमिरे वछिउों सौ वहु हितु करही।।
कमलिनैन माधौ सुखदाई। मुख अपुनै सै वाति सुनाई।।
करि इकत्रि वछे वनि कौ धाए। स्याम सुंदरि सहित सिधाए।।
श्री कृष्णचंदि त्रिभवनि के राया। गोप पूत सों आष सुणाया।।
वैन अधिर धर हो मेरे भाई। भौर पंष सीस लेहु वनाई।।
अंवर पीतंवरि करि लेवहु। कुस्म माल ले उरि महि देवहु।।
सकल ग्वारो ने ऐसा कीआ। वनि को मार्गु तिन ने लीआ।।
दीना नाथ अनाथ मुरारे। तवि वालकि सौं वचन उचारे।।
तुमि महि कौनु निर्ति करि जाने। मोहि कहो सो मनि करि माने।।
वाल्कि तवि लागे निर्ति करने। गिर्त मुर्ति वनि माहे फिरने।।
क्रीडा कर्ति गए उद्याना। कौलापति माधौ परिधाना।।
अस्थावर मग महि निर्षायो। महा अधिक कछु पार न पायो।।
तांके मुष की वात वषानो। स्थावर हृदे महि करि जानो।।
रस्ना ताहि सुनो मेरे भाई। मानो मगु वहि देति दिषाई।।
ऐसे दुष्ट खलु नामु अघासुर। हेर्ति फिर्ति एही निसि वासर।।
इसि कौ पातकि कंस पठायौ। सकल व्रितांतु सुनो हितु लायौ।।
जाइ करि सुतु नंदि कौ देषि आवौ। वेग जाहो कछु विल्मु न लावौ।।
जिन वाल्क ने वकी संहारी। रग अस्तन गहि के प्रहारी।।
केतकि वलु तांकी भुज माही। वकी प्राण जिन लीए हिराही।।
अघासर खल इहि हृदे आना। निश्चै करि के तिन मनु माना।।
विनु कहे कंस मारि इसि जावौ। ताँसे जाइ अधिक कछु पावौ।।
तांकौ कामु जो मै करि जावो। साईंदास वहुता सुषु पावो।। ३६ ।।

बिनु कहे कंस कर्नि इहि आया। उर्गि देह इनि दुष्टि वनाया।।
गोप तात ने जवि इहि देष्यो। अति सरूप अचरजु जो पेष्यो।।
ताके उदिर वालकि सभि जाही। श्री कृष्णचंदि तांकौ वरिजाही।।
येहि भी एक उपाधि है आई। इसि के उदिर न जावो भाई।।
कह्यो कृष्ण को किन्हे न कीनो। ताहि उदिर जाइ वासा लीनो।।
श्री कृष्णचंदि तवि हृदे वीचारी। घटि अंतरि प्रभ एहि विधि धारी।।
इन्हि पित माति क्या उत्तरि देवौ। वालकि मागहि कहा करेवौ।।

श्री कृष्णचंदि प्रवेसु करायो। ताहि उदिर महि विल्म न लायो।।
कंठु असुरु कौ करि सौ लीना। महा दुःखी प्रभ खलि को कीना।।
सिरु फेर्यौ तौ निकिस्यौ तिहि स्वासा।
जाइ वैकुंठि महि लीउो निवासा।
नाराइण निर्भौ सुषदाता।
घटि घटि माहे आप ही राता।
सकले वालकि तवही निकारे।
ताँकी लील्हा अपर अपारे।
आघासुर कौ मुक्ति पठायौ।
तांकौ हतु कीयौ जदरायौ।
हस्त षेलति तवि ग्रहि आए।
वालकि सभि विर्तेत सुनाए।
असुर अघासुर वनि महि आया।
हमि सभि तांके उदिर समाया।
श्री कृष्णचंदि तिहि दुष्ट कौ मार्यो।
तांकौ मार्यौ हमहि निकार्यौ।
नंदि महिर जवि इहि विधि पाई।
सकल गोप तिन लीए वुलाई।
गोकलि त्याग ईहा हमि आए।
ईहा सुष कार्ण ठहिराए।
इसे त्याग उौर कहा जावहि।
ईहा अति अपति ग्रहि आवहि।
महा कठनि हमि को वनि आई।
सकल गोप सुण हो मनि लाई।
जो जो दुष्ट मत्ति खलु आवै।
साईंदास प्रभु मुक्ति पठावै।। ३७।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे द्वादशोध्यायः।। १२ ।।

एक दिवस कमल नैन क्या कीआ। वछिरे गोकलि लै वनिपगि दीआ।।
गोप तात को कह्यो सुनाई। सुण हो इहि विधि हमिरे भाई।।
जो ग्रहि से लेवो सहित चलावो। उौर दिनसि ज्युँ ईहा न षावो।।
वनि माहे मनि वहु सुख पावहि। सभु इकि ठौर बैठ के षावहि।।
किन ही कछु किन ही कछु लीआ। सभि तेतहू इकत्रि कीआ।।
चलिति चलिति जमुना तटि आए। तहूँ ठौर आइ करि ठहिराए।।
पाति अंवि केले के लीए। रवि दुहिता तांपरि डारे दीए।।
तहूं पाति परि तिन पग दीए। तहूं बैठ करि भोजनु कीए।।
एकि ग्रासु लै उसि मुष देवै। एक उौर इसि मुष षसि लेवै।।
इहि विधि करी अधिक चिरु लागा।
आत सुरंग तिह के इकि नागा।
वछिरे चर्ति त्रिण कौ गए दूरि।
द्रिष्टि न आवै तिन मग दूरि।
सकल ग्वारि मिलि एहि पुकारे।
सुणो कृष्णचंदि मीति हमारे।
वछिरे दूरि गए तुमि जावौ।
तुमिरि वारी तुमि हेरि ल्यावौ।
कमल नैन वछुरे हेर्नि धाया।
वैन सब्द प्रभ तव ही सुणाया।
भोजन करि लीए षाता जाई।
तांकी सोभा कौनु वताई।
लेन प्रतज्ञा विधि तहा आयो।
बछरे वाल तिनि सकल दुरायो।
तहा जाइ प्रभ ने निषायो।
द्रिष्ट न आए मनि विस्मायो।
अंतरिध्यानु कीयो सुधि पाई। पद्मजि हमि ताई पतीआई।।
श्री कृष्ण अवतार भयो के नाही। सोच विचार देष्यो मनि माही।।
कमल नैन फिरि तटि परि आए। फुनि ईहा वाल्कि दृष्टि नि आए।।
स्याम सुंदरि भै चक्रित हो रह्या। अपुने मुष सेती इहि कह्या।।
असुर कवहू इहि कामु न करही। वछुरे वालकि सौ वैरु न धरही।।

उनि कौ है हमिरे संग कामा। इहि विधि वोले पूर्ण रामा।।
पद्मजि ने इहि कामु करायो। चाहति पद्मजि हमि पतीआयो।।
श्री गोपाल इहि सोच वीचारा। साईं दास विधि जाणनहारा।। ३८।।

श्री गोपाल मन महि ठहिराई।
सो गुर किर्पा ते कहो सुनाई।
जो अवि चतुराननि पहि जावहि।
वछुरे ग्वार को मांग ल्यावहि।
पद्मज मन महि करे गुमाना।
पद्मज मन महि परे भुलाना।
क्रिष्ण अवतार प्रतीति न मानहि।
मन महि द्वितीआ गति वहु आनहि।
तांते इहि भला मोह भाई।
लील्हा करि इन्हा लेह वनाई।
वहि वछरे ग्वारि रहिनि तिहि पाही।
पद्मज पहि मांगनि ना जाही।
अवि लील्हा करि उौरु वनावहि।
चतुरानन अभिमान चुकावहि।
श्री कृष्णचंद लील्हा तवि धारी।
वछुरे ग्वार इनि लीए सवारी।
वैन वजाती चले ग्रहि ताई। वालकि गए अपुने ग्रहि माही।
तिन को देष जननी हिर्षाई।।
वछुरे गए सुरहीअनि के पासे। सुरहीअनि अधिक कीनी इसे प्यासे।।
ऐसे ही एकु वर्षु विहाया। चतुराननि मनि महि इहि आया।।
ग्वार वछरे मतु ले ग्यो होई। मै जावौ जाइ देषो सोई।।
जिहि स्थावर महि दुराए। पद्म देषण ताहि सिधाए।।
तिहि कंदिरा माही निर्षाए।
वहुरो ग्वारि सकले द्रिष्टआए।
मनि अंतरि विधि एहि वीचारा।
कौनु हमहि क्या वलु है हमारा।।

पारावार तांके मैं पावो।
इहि विधि कहा जो तिहि गुण गावो।
लज्जामानु होइ पद्मज आया।
श्री कृष्णचंदि चर्नी लपटाया।
करि डंडौत मुष वचन उचारे।
प्रान पुर्ष हमि प्रान अधारे।
मै कहा तुमिरी गति पावो।
मै मतिहीन कहा उचिरावो।
तूं अपार गति तोहि अपारा।
तुमि गति कहा मै कौनु वीचारा।
जो कोई इहि जसु सुणे सुषु पावै।
साईं दास गर्भि योन नि आवै।। ३९।।

इतिश्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे त्रयोदशोध्यायः।।१३ ।।

श्री गुपालि ने लील्हा धारी। दस सहस्र विधि कीयो तत्कारी।।
चतुराननि कौ प्रभ निर्षाए। पद्मज निर्ष रह्यो विस्माए।।
भै चक्रित तवि ब्रह्मा हो रह्या। चतुर्भुजा ब्रह्मे मुष कह्या।।
एक एक ग्वारि पहि वेद वषानहि। पद्मज सुकदेव ब्रह्म ज्ञानहि।।
उस्तति कमलापति की भाषहि। स्यामसुंदरि की लील्हा आषहि।।
तवि इहि पद्मज इहि प्रतु कीना। त्याग अभिमानु नीच ग्रहि लीना।।
सुण हो कृष्णचंदि विधि मेरी।
कहा करों मैं उस्तिति तेरी।
मै तो किसे गिणति महि नाही।
इहि विधि आषौ हो तुमि पाही।
त्रिण व्रिक्ष विद्रावनि के नीके।
हमि मतिमूढ अंतरि ते फीके।
मै तो पद्मज नाहि कहावौ।
इहि विनती प्रभ तोहि सुणावौ।

मोहि व्रिक्षु करो बिंद्रावनि माहि।
नाहि त त्रिभवनि ताहि मझाही।
तुमि तो सदा फिर्ति तिहि माही।
तुमिरो गवनु है सदा तहाही।
तुमिरो पगु मस्तक परि आवै।
हमिरो आवागोंनु मिटावै।
मै चतुराननि नाहि कहावौ।
इहि विधि निश्चै मनि ठहिरावौ।
तुमिरे दर्सन ते दूर जावा।
ध्रिगु इहि जन्मु जो वरहो कहावा।
मै इहि विधि प्रभ सर्न महि आनी।
उौरु न चतुराइण इहि जानी।
मै काहू गिणत्री महि नाही।
तुमिरी गति कछु लषी न जाही।
जो कोऊ रहति बिंद्रावनि माही।
सदा सदा वैकुंठी मझाही।
सदा सदा दर्सनु तुमि करही।
चर्नि कमल ह्रदे अंतरि धरही।
मोको माटी करु इहि ठौरा।
इहि विनती सुण हो मोहि भोरा।
इहि विधि पद्मज विनती ठानी।
लज्जा मानु होइ मनि इहि आनी।
वछुरे ग्वारि सकल ले आया। जमुना के तटि आण टिकाया।।
श्री करुणा निधि ऐसे कीआ। भोजन सहिति ग्वारी लीआ।।
जैसे प्रिथमे कीओ मुरारी। तैसे अवि कीनी गिरुधारी।।
पद्मज ग्वारि षडे दुराई। तास समे लील्हा जो धारी।।
तैसी लील्हा अवि प्रभ कीनी। प्रिथम वाति चिति धरि लीनी।।
लील्हा करि जो ग्वारि वनाए। औरु वछे तवि ही उपिजाए।।
सभ लील्हा करि ताहि वषानें। श्री कृष्णचंदि पूर्न परधानें।।
जो वछे ग्वारि प्रिथमे से भाई। साई संग लीए जदुराई।।

ब्रह्मे ब्रह्मत्तु त्यागा। चर्नी कौलापति की लागा।।
प्रभ पद्मज परि किर्पा धारी। ताहि परि करुणा करी मुरारी।।
जो इसि जस को मनि ठहिरावै। साईंदास पर्म गति गति पावै।।४०।।

इतिश्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे चतुर्दशोध्यायः।।१४।।

एक दिन श्री कृष्ण कह्यो नंदि ताई।
सुण हो पित मैं तोहि सुणाई।
एकादश वर्ष भई आयु मेरी।
श्री कौलापति मुषि इहि टेरी।
जौ आज्ञा करो सुरहों ले जावो।
जाइ वनि माहे ताहि चरावहु।
नंदि महिर कह्यो अति नीका।
पुछ पंडितु भ्रमु त्यागो जीका।
भलो महूर्त देहि वताई।
तुमि सुत सुरहो कौ षडो चराई।
नंदि महिर पंडतिजु वुलाए।
लग्न महूर्ति भले पुछाए।
पंडति भलो महूर्ति कीआ।
वीरवार की आज्ञा कीआ।
कांन्हरि जाइ करि धेन चरावै।
धेन अधिक होहि वहु सुष पावै।
जवि ही वीरवारु दिन आया।
वलिदेव गौआ ले वनि धाया।
तबि ग्वारो मुष वचन उचारे।
सुण हो वलिदेव सषा हमारे।
तालि वनि त्रिण मेवा अति नीका।
तहूं चलो सुष होवै जी का।
सकल ग्वार इहि मति ठहराया।
उमडि सकल तव वनि को धाया।

राम सहित ग्वारो उठि धाए।
षेलति सभ वनि माहे आए।
त्रिषावंति सकली सुरहो हौई।
इति उति ते वहु जलि को जाई।
एक तालु जलु है तिहि माही।
कालि नागु रहे ताहि मझाही।
सभ पानी विषु काली केरी।
सुण हो साधो एहि विधि मेरी।
नील कुंडि नामु तिहि भाषही।
सकल स्रिष्ट ऐसे ही आषही।
धेन ग्वारि तहा पानी पीआ।
पानी पीय अपुना जीउ दीआ।
वलिदेव तवि ही मनि वीचारा।
निता पर्ति ईहा गवनु हमारा।
लील्हा करि वहु वहुरि जीवाए।
करि महि ले षेलति ग्रहि धाए।
उत्तम ग्राम व्रिक्ष हलाए।
तिन के फल सभ धर्नि गिराए।
सकल ग्वारो ने ले करि षाए। ताहि षाइ करि विश्रामु पाए।
धिंङ दैतु तहां चलि आया। गर्धिप रूपु तिहि दुष्ट बनाया।।
गर्धिप रूप कीउो तत्कारे। दो पग दुष्ट राम को मारे।।
तवि ही राम दो पगि सो लीना। फेरि फेरि विक्ष सेती दीना।।
धेन्कि दुष्ट को राम विडारा। साईंदास खल कौ प्रहारा।।४१।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे पंचदशोध्यायः।।१५।।

राम सहित ग्वार्नि फल षाए। सुरिह सकले ले ग्रहि को धाए।।
चले चले आए ग्रहि माहि। राम सहित ग्वारो सुष पाही।।
जसुमति प्रभ अंग तेलु मलाए। ताकी सोभा अधिक वनाए।।
जलु लेंकरि इस्नानु कराया। परिजंगमि परि सैनु कराया।।

सुष आश्रमु लीनो जदुराई।
शैनु कीयो प्रभ कौर कन्हाई।
उौर दिनसि वलि भद्र आषा।
इहि विधि राम कीई मुष भाषा।
आजु न जावौ मैं वनि माही।
मोहि पगि आजु न वनि कौ धाही।
श्री कौलापति राम सुनाया।
वलिदेव तै ने वहु दुःख पाया।
तुमि रहो ग्रहि मैं सुरिह ले जावा।
षडि वनि माहे ताह चरावा।
श्री कृष्णचंद सुरिह ले करि धाया।
तालि वनि के मार्ग चितु लाया।
तात काल गयो वनि के माही।
नीलि कुंडि परि पगि ठहिराई।
एही मनि महि कीउो विचारा।
श्री गोपाल जन प्रान अधारा।
इहि जलु समु विषु मोह दिषावै।
जो पीवे सो प्रान तजावै।
मीठा करो मै इसि जलि ताई।
एही आई मोहि मनि भाई।
काली नाग को ईहा निवासा।
सदा सदा तांको ईहा वासा।
उसि विष के प्रजोग कराही।
एक जोजन परि त्रिण न जमाही।
जोजन प्रजंति पंछी न उडाए।
जो उडे सो भस्म होइ जाए।
कदमि व्रिक्षु कुंडि के तटि माही।
हरियो साथ पत्रि संग नाही।
इहि प्रजोग वहु हर्यो भाई।
सुण हो इहि विधि देउ वताई।

इकि दिन गर्डु वैकुंठि सिधाए।
अंम्रति फल वैकुंठि से ल्याए।
आइ कदंमि को ऊपरि वह्या।
अंम्रति फलु उनि मुष महि गह्या।
अंम्रति फल से रस जु चुआई।
कदंमि मूल महि जाइ समाई।
इहि प्रजोग करि हरओ वाही।
साईंदास विधि कहिति सुनाई।। ४१।।
श्री गुपाल कदंम परि चढिआ।
तांसौ कूदि कुंडि महि परिआ।
पर्तु लागा तिहि के माही।
अति कलोल करे ताहि मझाई।
ऐसा पर्तु तिहि महि कीआ।
अधु कोसु जलु वाहिर दीआ।
काली नागु मनि महि विस्माया।
होइ विस्माह मुषो उचिराया।
मोहि विषु वलि त्रिणु रह्यो न जाई।
इहि प्रांनी आइ पर्यो कोई।
कालीनागु तवि ही निकसि आयो।
कमलनैन के पग उर्झायो।
नंदि महिरु जसमति व्रिषभानु।
मनि काहे वहि कर्ति वषानु।
सभ के द्रिग तवि तपने लागे।
सभि प्राति महि सोए जागे।
राम सो सकले कहित सुनाई। एक एक मुख ते उचिराई।।
कृष्ण सहित तूं आजु न गया। कछु अपित ग्रहु वनि महि भया।।
हमि को कृष्ण पाहे ले जावो। श्री गुपाल हमि दिष्ट दिषावो।।
तवि वलिदेव ऐसो भाष्यो। कांन्हरि ओरहि चितु ठोर राष्यो।।
कछु मनि महि विस्वासु न करहो। अपुना ह्दा ठौर तुमि धरहो।।
कौनु असुरु तांके निकटि आवै। प्रभ सौ तांकौ त्राणु वसावै।।

रामु ताहि कौ वहु समिझावै। नंदि गोप धीर्जु नही पावै।।
नंदि गोप सभ वचन सुनाए। राम सुनति मनि महि ठहिराए।।
श्री कृष्ण हमिरे प्रान अधारा।
तां विनु इहि तनु होई छारा।
हमि तिहि विनु कछु कामु न आवहि।
विनु उसि हमि वहुता दुःख पावहि।
हमि को कान्हरि पहि ले जावो।
चलिहो हमि संग हमहि दिषावो।
वलिदेव पैरू सुर्हो का लीआ।
गवनु कमलनैन उोर कीआ।
तातकाल कालीकुंडि आए।।
श्री कृष्णचंदि तिन ने निर्षाए।
ठाढे कृष्णचंद देषे जल माही।
काल नागु उझौं पगि ताही।
इहि विधि देषि रुदनु वहु कीआ।
महा दुषति भयो तिह को जीआ।
तिन को वलु कछु नाह वसाए। साईंदास वहु रुदनु कराए।। ४२।।

श्री कृष्णचंदि जवि नंदि निहारे। गोपो सहित रुदन चित धारे।।
काली को सीसु तवि करि लीना। जल से ले वाहिर डारि दीना।।
जल को तजि करि वाहिर आए। अमिरो तवि जै कार कराए।।
निर्त करी तवि प्रभ गिर्धारी। काली के सिर परि अधिकारी।।
चतिरा इकि मुष काली कहीए। इहि विधि तांका रूप वतहीए।।
चतुर सीस तिहि कृष्ण विडारे। अपुने पगि करि प्रभि प्रहारे।।
एक सीस पाछे जवि रह्या। वाही सीसु चाहिति प्रभु गह्या।।
दो वनिता काली की आई। सुत दुहिता सभ संग ल्याई।।
कुटंवि सहिति विनती तिहि ठानी।
हमि वलि जावों सारंग पानी।
महा अपति ग्रहु हमि जवि कीनो।
तवहि भुजंगमि के वप लीनो।

इसे त्याग देह त्रिभवनि राया।
इहि विधि हमि तुमि आषि सुणाया।
तवि श्री कृष्ण ताहि प्रतु दीआ।
तुमि वेनती करि मुक्ता कीआ।
एहि ठौरि तजि करि तुमि जावो।
पलु छिनु भी ईहा ना ठहिरावो।
जाइ रहो तुमि दधि के माही।
ईहा ठौर तुम्हारी नाही।
गर्डि के त्रास ईहा जो आया।
जमना के तटि आइ ठहिराया।
अवि कछु गर्डु कहे इसि नाही।
जाइ करि सुख वसो दधि माही।
काली सकल कुटंबु संग कीआ।
सागर सिंध को मार्गु लीआ।
जो जो हरि सर्नाई आए।
साईं दास तिहि वहु सुष पाए।। ४३।।

इति श्री भागवते महा पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे षोडशोध्यायः।।१६।।

नंद महिरु जसुमति नंद नंदनु। सकल गोप चिर तनि चितु वंदनु।।
सकल रैन रहे कुंडि प्राही। तांकी लील्हा वर्नि न जाही।।
तिहि कुंडि को जलु मीठा कीआ। जिन त्रिषा गही तिन ही ले पीआ।।
जसुमति कांन्ह को संग लीआ। अंग अंग तांके सुष कीआ।।
हर्षिमानु जसुमति वहु होई। हिर्षमान होइ करि वहु रोई।।
रुदनु कर्नि मुष ते इहु आषा। हमि ग्रहि आजु भयो सुतु भाषा।।
नृप परीक्षति सुष देइ सुनाई। स्वामी हमि मनि संचरु आई।।
जमुना तटि कैसे वासा पायो। जो काली नागु ईहा ठहिरायो।।
जवि नृप नें इहि वाति चलाई। तांको प्रतु शुकदेव सुनाई।।
दधि महि रहे उर्गि अधिकाई। गई जाति सागर माही।।
सागर महि जाइ वहु सर्प मारे। कछु षाए कछु ऐसे डारे।।

एकि दिन उर्गि इकत्रि भए। चले चले मघिवा पहि गए।।
मघि पहि जाइ करी पुकारा। हमि भी उतपति है कर्तारा।।
गर्ड हमे वहुता दुःख देवै।
सुतवंधू हमि वहु हति लेवै।
जो तुमि हमि सिर करि ठहिरावो।
हमि देवहि तवि जोरु न लावो।
पद्मज सौ मघवा इहि कीआ।
गर्डि कौ तिनहि बुलाई करि लीआ।
तिन ने एही मत्तु ठहिरायो।
साईं दास तिहि विरोधु चुकायो।।४४।।

तुमि दस सर्पि गर्ड को देवौ। निता पर्ति एही कामु करेवौ।।
गर्डि ने पद्मज कौ कहा माना। सत्ति जान सिरि ऊपरि आना।।
दस सर्पि निता पर्ति वहि लेवै। तांकौ ले करि उदिर भरेवै।।
इकि दिन वारी काली आई। दस सर्पि देहो तुमि मेरे भाई।।
कारी नाग मनि कीउो वीचारा। मोहि पिति नामु महा अधिकारा।।
मै नाउँ कालीनागु कहावौ। इहि तजि ठौर कहा मै जावौ।।
धिगु जीवनु गर्डि कछु देवौं। क्या मुष ते जग महि निकिसेवौं।।
गर्डि लोक सर्पि लेने आए। काली नागु को तिन हि सुनाए।।
काली कह्यो कछु देवौं नाही। गर्डि के लोक अधिक विसमाही।।
गर्डि लोक रीते होइ गए। गर्डि आगे जा ठांढे भए।।
गर्डि के ताई ताहि सुणायो। काली तुम वचु मनि न ठहिरायो।।
जवि षग ने इहि विध सुण पाई। क्रोधु कीउो कछु कह्यो न जाई।।
करि क्रोधु युद्धि कौ उठि धाया। कालीनागु सन्मुख होइ आया।।
जवि काली सन्मुष उठि धाया। गर्डि निर्ष मनि महि विसमाया।।
इसि कौ विष है ए अधिकारे। मतु एहि मोह डंसे ततकारे।।
जत्नु कीउो करि सेती गह्यो। करि सो ले करि गगिन पर चढ्यो।।
काली तिह करि ते छुटि गया। जमिना तटि इहि कुंडि महि पया।।
काली कुंडि प्रजोग इहि कहीए। काली नागु इस माहे रहीए।।
रहि तिस पूर्व ऋषु इहि ठौरा। सुण हो परीक्षति नृप कह्यो मोरा।।

काली अजहू न लीआ निवासा। ऋषि सपूर्वि को जवि ते वासा।।
एक दिन गर्डु इहि कुंडि पर्या। जीव जंत सकल उनि मर्या।।
तवि ऋषि गर्डि कौ आष सुणाया। इसि तटि परि मै वासा पाया।।
हमि ते लज्जा ना तूं करिही। इहि कुंडि माहे तूं पगु धरही।।
अधिक अवज्ञा तुंम हि कराई। अवि लगि तुमि कौ लीयो वचाई।।
जो वहुरो ईहा पग धारे। भस्म होइ जावे ततकारे।।
मोह कह्यो तुमि जानो भाई। साईं करो जित होइ भलाई।।
तवि ते गर्डि कुंडि इहि त्याग्यौ। तिसि ऋष डर ते गर्डु जु भाग्यो।।
षगु डर्ता ईहा ना आवै। ऋषि के साप ते वहु सुकिचावै।।
इहि प्रजोग काली ईहा रह्या। आश्रम सेती ईहा वह्या।।
नृप परीक्षिति जवि इहि प्रतु पायो। साईंदास मन भर्मु चुकायो।।४५।।

गोप ग्वारि नंदि सहि नाइणि। रहे अंभ तटि सहित नराइणि।।
रजनी भई शैनु तहू कीना। निश्चय होइ हरि हर भज लीना।।
जवि ते मद्धि भई आइ रैना। ससि उौर उडगनि ही प्रगटैना।।
सस ने अधिक उजारा पायो। उडगनि तिन संग अध्कि सुहायो।।
दावा अग्नि दुष्टि अति भारी। तांको कंस ने कह्यो पुकारी।।
तटि काली कुंडि गोप ग्वाल। शैनु कीउो नंदि के नंदि लाल।।
तूं तहू जाइ हमारे भाई। चतुर उौर दावा देह लाई।।
तवि वहि सकल अग्नि महि जरही।
इहि प्रजोग करि उहु सभि भरही।
दावा अग्नि सौ दुष्टि समिझायो।
तव वहि खलु वनि महि चलि आयो।
चतुरि उौरि दावा उनि दीई।
दुष्ट असुर इहि विधि इनि कीई।
नंदि महिरु जसुमति सभ लोक।
विस्म भए दावा कौ विलोक।
शैनु त्याग हा हा सभु करही।
हा हा प्रभु मुष ते उचरही।
श्री कृष्णचंदि सौ कहे पुकारे। कौलापति हमि दावा जारे।

तवि कौलापति वचु मुष कीना।
मूँदो द्रिग तुमि कौ कहि दीना।
सुनति सकल ने द्रिग मूँदाए।
प्रभु वचु तिन ने मनि ठहिराए।
चतुरति दिस की दावा अचि लीई।
इहि विधि नाराइण तवि कीई।
मानो जल को अचि लेवै।
जलि कौं अचति अजहूँ सुकचेवै।
गोविंद दावा कौ अचि लीना।
पलु छिनु विल्मु न गोविंद कीना।
सदा सदा प्रभु सुषु उपिजावै। साईंदास दुःख मूल गवावै।। ४६ ।।

इति श्री भागवते महा पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे सप्तदशोध्यायः।। १७।।

तवि ही विस्मे गोप ग्वार। लील्हा प्रभ की नेत्र निहार।।
रजनी घटी रवि कीयो प्रकासा। सुखु उपिज्यो दुष मूल निवासा।।
सुरहो सकल ले गोकलि आए। हिर्षिमान होइ मंगल गाए।।
श्री कृष्णचंदि सुर्यो को ले भाई। विंद्रावनि महि आइ ठहिराई।।
तस्मि अध्कि वनि महि सो भाई। विंद्रावनि महि वहु सितलाई।।
कुस्म अनेक भांति के फूले। तिन संग भ्रिंग अधिक है झूले।।
वादरि उमडि करि आए। तिन वादर वहु वर्षा लाए।।
पवन मंडल आयो ततकारे। वादरि दौर गए अति भारे।।
वादरि गए रवि दई दिषाई।
ऋषि मुनि सभ वनि को उठ धाई।
श्री गोपाल सुंदरि अधिकारि।
करुणा निधि प्रभु गिरवर धारी।।
गोप तात सभ लीए वुलाई।
ताहि कह्यो सुण हो मेरे भाई।
हमि तुमि षेलहि युद्ध करावहि।
मिलि करि सभ उरि-उरि उर्झावहि।

कह्यो ग्वारिनी को जदुराई। जो इहि विधि तुमरे मनि आई।।
दौरि आइ एकहि उरि लागे। मुष्टि मारि पाछे भागे।।
धात्री फल ले युद्ध करायो। अधिक षेलु प्रभु स्याम वनायो।।
जो देषहि सौ वैकुंठ जावै। जन्म-मर्णु प्रभु सकल चुकावै।।
अदि भुति षेलु वन्यो मेरे भाई। तांकि लील्हा कही न जाई।।
इहि विधि षेलु कीओ वनिवारी। तांकि लील्हा अपर अपारी।।
गोप तात सो षेलनु कीना। सखा जाण तांसौ हितु लीना।।
धात्री फल ले करि वहु मारी। ऐसी विधि प्रभ लील्हा धारी।।
एहि विधि षेलु कीनो नंद नंदन। श्री गोपाल ठाकुर मकरंदन।।
मुक्ता होइ वंधनु ना पावै। साईंदास जो इहि सुषु गावै।। ४७।।

प्रलंब को नृप दुष्टि पठाया। सकल वाति षलु ताहि वताया।।
विंद्रावनि महि सहित गुआला। धेन चरावत है नंदलाला।।
तुमि जाइ करि तिस को हत आवो।
वेग विल्मु कछु मूल न लावो।
प्रलंबि खल वपु ग्वार को कीना।
मार्गु श्री विंद्रावनि को लीना।
आइ ग्वारौ महि ठहिरायो।
सभ ग्वार ले अंग मिलायो।
तांकौ गोविंद लीउो पछानी।
सभि विधि जाने सारंगपानी।
तव ही राम सौ आषि सुणायो।
वार एकि फिरि षेलु रचायो।
जो हारे कांधे परि चारहे।
उसि व्रिक्ष ताईं जाइ उतारे।
जुगल सषा मिलि-मिलि कर आवहि।
इहि विधि करि हमि षेलू रचावहि।
राम कृष्ण दोऊ ठहिराए। उोर जुग्ल सषा होइ हो आए।।
एकु लेइ रामु इकु ले गिरधारी। ऐसी लील्हा करी मुरारी।।
प्रलाबु असुरु प्रभ की उोर आयो। उौर सषा वलिदेव उरि धायो।।

प्रथम राम सषा ने हार्‌यो। कांधे चारिह व्रिक्ष पाहि उतार्‌यो।।
वहुरो प्रभ की उोर हरायो।
वलंवि राम को कांध चरायो।
इहि विधि असुर ने मनि ठहिराई।
सकली विधि मैं देउँ वताई।
एहि समा मौको प्रभ दीना।
वलिदेव मोहि कांधे पग कीना।
एकि उोर इसि कौ षडि मारो।
कंदरा महि षडि करि प्रहारो।
तव प्रकांच तिन ने हे कीआ। इनि षल ले आगे पगु दीआ।।
वलिदेव ने तवि मनि ठहिराई। सकिल व्रितांत सुन हो मेरे भाई।।
तवि जान्यो एही मनि माही। दुष्ट षेल उपाध उठाही।।
एक मुष्टि खल के सिर मारी। ताहि कृपालु लीयो प्रहारी।।
टूक-टूक तांकौ सिरु कीनो। तांका सीसू फुडा करि लीनो।।
मुख ने रिक्त चली अधिकारी। जीउं दीउो तिन ने ततकारी।।
प्रलंबु मुक्ति भयो क्षिण माही। साईंदास गोविंद सर्नाही।। ४८।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति सम्वादे अष्टदशोध्यायः।। १८।।

एक दिन श्री कृष्ण विंद्रावनि माही।
धेन चरावति ताहि मझाही।
सकल ग्वार सौ षेल मचाई।
श्री गुपाल भग्तनि सुषदाई।
सुरिह गई दुरि द्रिष्ट न आवहि।
प्रभु तब मन महि सोझी पावहि।
गोप तात सौ कृष्ण सुनाया। हमि सभि षेलनि सौ चितुलाया।।
सुरिह गई दूरि कह्यो क्या कीजै। सुर्‌हो ताई कैसे फिरि लीजै।।
केतकि तुमि तिन के पुरि जावो। सुर्‌हो ताई तुमि फिर ले आवो।।
गोप तात तवि कह्यो पुकारे।
हमि विनती करहि सुणहो मुरारे।

दुष्ट अधिक विंद्रावनि माही।
फिर्ति सदा हमि कैसे जाही।
तुम को त्याग कैसे हमि जावहि।
इहि विधि वहु मन महि सुकचावहि।
तवि श्री नंदि नंदनि ग्वार लीए।
केतक पगि वसुधा परि दीए।
महा विकट वनु आगे आयो। ग्वार सहित प्रमार्ग भुलायो।।
तसि अधिक प्रगटो तिहि ठौरा। त्रिषावंत भए नंदि किसौरा।।
सकिल ग्वारि को त्रिषा संतायो। अधिर सूके रस्ना ठहिरायो।।
श्री कृष्णचंद सौ कह्यो पुकारे। त्रिषा गहे छुटहि प्रान हमारे।।
चल हो जमना के तटि जावहि।
जलु जा अचहि नाही मारि जावहि।
जब ग्वारो मुषि एहि उचारी।
जमुना तटि को चले मुरारी।
दावा अग्नि असुरु तहा आयो।
दुष्ट असुरु मनि एहि वसायो।
सुत नंद महिर ग्वार संग तांके।
त्रिषा गहे निकसहि प्रान वांके।
प्रिथमे तिन ने पौणु झुलायो। पाछे दावा वनि को लायो।।
अग्नि चहू दिस ते निकट आई। ग्वारो पुकार कह्यो जदु राई।।
भक्ति वछल त्रिभवनि के राया। इनि अग्नि हमि अंगु जलाया।।
तुमि विनु ओटि नाहि हमि कोई। ज्युँ जानो प्रभ राषो मोई।।
चरनि कमल सौ जो दूरि होवै। ताकौ विकट वने तू षोवै।।
तुमि किर्पा करि दु:ख निवारो। अपुनी करुणा हमि परि धारो।।
हमि सभ निकटि चर्नि तुमि रहे। तुमरे चर्णिकमले निज गहे।।
महाराज तुमि अंतरि जामी। सकल घटा माहे विश्रामी।।
पतति उधार्नि तव ही पुकारे। सुण हो वचि मोह सषा हमारे।।
मूँदो द्रिग अपुने तुमि भाई। श्री गोपाल मुषि एहि वताई।।
सकल ग्वारि द्रिग मूँद लीए। अपुने द्रिग ऊपरि करि दीए।।
श्री नंदनंदन गिर्वरधारी। चहूँ दिस अग्नि अची ततकारी।।

सकल अग्नि पानी ज्युँ पीई। ग्वार सवहू की रक्षा कीई।।
गोप तात फिर नैन उघारे। विस्म भए प्रभ चर्ति निहारे।।
करुणानिधान कौनु गति जाने। तुमिरी लील्हा कौनु वषाने।।
वहुरो जमना के तटि आए। अचि पानी आत्म सुख पाए।।
जो इहि लील्हा कौ मनि धारे। साईं दास प्रभ ताहि उधारे।। ४९।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे नवदशोध्यायः।।१९।।

श्री मुरार माधो धर्नी धरि। पर्मानंदि सभी कारुण करि।।
गोप तात सौ वचन सुनाए। सुरिह गई दूरि कह्यौ जदुराए।।
चार पाछ दछन ओर धावो। चतुर पाँच पश्चिम कौ जावौ।।
सकल गोप सुत एहि पुकारे। हमि नही जावे प्रांन अधारे।।
तुमिरे चर्नि कहा तजि जावहि। कहू ठौर हमि जाण न पावहि।।
हमि विनती करहो तुमि पाही। तुमि सुण लेवहु प्रभ मनि माही।।
इसि वटि व्रिक्ष ऊपरि तुमि चढिहो। मुर्ली मधुर अधिर महि धरहो।।
वैन वजावौ प्रभ गिरधारी। एहि विधि नीकी हमहि वीचारी।।
वैन सब्द सुरि सभ सुण पावहि। त्रिणु न चरहि प्रभ वेगही आवहि।।
जवि ग्वारो ने इहि विधि ठानी। श्री कृष्णचंदि मनि अंतर मानी।।
तवि ब्रिक्ष के ऊपरि जाइ चढिआ। वैन सब्दि कांन्हरि ने करिआ।।
दहुरी दहुरी मेरी मुषौ पुकारी।
श्री गोपाल जिन रचिना धारी।
वैन सब्दि सुर्हो ने सुण पाया।
त्रिणु तजि करि तिह उौर निर्षाया।
वैन सब्दि धुनि लै सुर्यो धाई।
कदंम व्रिक्ष के मूल पहि आई।
अपनु अंगु वढि मूल छुहावहि।
चतुरि ओरि तिहि व्रिष उर्झावहि।
चाटति वटि के मूल वहुताई।
ऐसी उपिजी सुर्ह मनि माई।
श्री जदुनाथ कदंमु तजि आए। सोभति सषा संग अधिकाए।।

जैसे ससि उडगनि के माही।
सोभति है भलो देति दिषाई।
ऐसे प्रभ सोभति अधिकाई।
मानो मूर्ति देति दिषाई।
गोप तात सकले संग लीए।
श्री गोपाल ब्रिज को पग दीए।
बेन सब्द मग महि उचिरावहि।
अमरि सकल सुण करि सुष पावहि।
कर्ति कलोल आए ब्रिज माही।
तिन्ह लील्हा कछु वर्नि न जाही।
जो हित सौ इहि जसु सुण लेवै।
साईं दास तिहि प्रभु सुषु देवै।।५०।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे विंशमोध्यायः।।२०।।

गोपि दुहिता वैन सुण पाया। ताहि मात इहि वचनु सुणाया।।
पारब्रह्म निर्भौ नरंकारा। सकल जगति को राषण हारा।।
श्री गोपाल भक्तिन सुखदाई। सदा सदा सुख कहु उपजाई।।
श्री कृष्णचंद सर्नी जो आवै। तांको प्रभु सभु दुःखु मिटावै।।
करुणा निधि दुःख कर्नि विनासा। संत जना की पूर्ण आसा।।
सोई नंदि महिर ग्रहि आया। सभ कंन्या मनि धरि सुण पाया।।
सभ दुहिता होइ करि इकि ठौरा। मन महि सिमरहि नंदि किसोरा।।
माघ मास व्रतु ही करही। श्री कृष्णचंदि को नामु उचरही।।
ब्रंह्म महूर्त्ति तटि जावहि। जाइ जमुना स्नानु करावहि।।
करि स्नानु तटि परि ठहिरावहि। श्री जदुनाथ को नामु ध्यावहि।।
कातकी मूर्ति जमुना वही वनावहि। पार्वति कर्के तिस ध्यावहि।।
धूप दीप तिस अधिक चरावहि। तिहि सेवा सो वहु हितु लावहि।।
करि दंडौत सभ विनती ठानहि। हे देवी तूं मन विधि जानहि।।
जो हमि प्रीति कृष्ण संग देवहि। तोहि पूजा नितापर्ति करेवहि।।
माघ मास सभ सेवा करे। प्रीति अधिक मन माहे धरे।।

श्री मुरार विधि जाणनहारा। मनि माहे इहि लीउो वीचारा।।
शिव भार्या सौ आष सुणाही। श्री कृष्णचंद संग प्रीति बढाही।।
वाहि वाछा मै पूर्न करही। तिहि कंन्या चितु सभ ठौर धरही।।
तिहि सेवा अफलु ना जाई। जो उनि हिति करि सेव कमाई।।
श्री गुपाल मनि महि इहि धारा। सकल लोक तांको विस्तारा।।
एही विधि मन महि ठहिराई। जान प्रवीन विर्था सभ पाई।।
साधो भजनु करो चितु लाई। साईंदास अफलु ना जाई।। ५१।।

इकि दिन कंन्या सभु मिलि आई। भई इकत्रि फिरि जमुना धाई।।
जमुना तटि जाइ वस्त्र उतारे। नग्न होइ पग जलि महि धारे।।
राम सहित ग्वारो उठि धाए। सुरिह् सभ ले वनि महि पग पाए।।
श्री गोपाल वलिदेव सुनायो। नीक वानि कहि तिहि समझायो।।
तुमि चलि हौ मै पाछे आवो। वेग विल्म कछु मूल न लावो।।
मौहि इकु कार्जु है मेरे भाई। कार्जु करि आवो तुमि पाही।।
राम धेनि ले वनि पग धारे। ग्वार सहित लीने ततकारे।।
श्री कृष्णचंदि जमुना तटि आए। ग्वारिनि वचु प्रभु मनि ठहिराए।।
ग्वार्नि सभ निर्षिनि अंभ माही। अंवरि तजि इस्नानु कराही।।
श्री गोपाल अंवरि तिहि लीए। अंवरि ले करि माहे कीए।।
एक व्रिक्ष ऊपरि जाइ चरि्हआ।
इहि कारुणु गिरधारी करिआ।
ग्वार्नि सभ स्नानु करायो।
तजि जलु तटि अवनि चितु लायो।
जमना तटि तिनि नैन पसारे।
अंवरि ना तिहि नैन निहारे।
अति भै चक्रित मन महि विस्माई।
अंवरि हमि किसे षडे दुराई।
अंभि ठांढे इति उति निर्षायो।
इहि विधि तिहि मनु वहु सुकचायो।
श्री कृष्णचंदु देष्यो मुसकाई।
लज्जामान अंभ महि ठहिराई।

श्री नंदिलाल सों वचन उचारे।
हमि बलि जावो प्रांन अधारे।
अंवरि हमिरे प्रभ तुम देवो।
हमिरी विनती मन धरि लेवो।
श्री गोपाल ग्वारिन समझाए।
वस्त्रि लेहु अंभि वाहिरि आए।
लज्जामान होइ वहु सुकचावहि।
अंभि कौ तजि वाहिरि ना आवहि।
कंपनि है ठांढी अंभि माही।
श्री कृष्णचंदु मनि महि मुसकाही।
तवि इकि ग्वार्नि क्रोधु कराई।
श्री गोपाल सौ वचन सुनाई।
तुमिरो पित भूपति तो नाही।
किउँ हमि परि तूं जोरु कराही।
सभ ग्वारिनि ऐसे ही भाषा।
साईंदास प्रभ अंबरि राषा।। ५२।।

ग्वार्नि मांगेहि प्रभु देवै नाही। ऐसे आपसि महि झगिराही।।
श्री कृष्ण कह्यो अंवरि लेउो आई। काहे अंभि महि तुमि ठहिराई।।
जवि कान्हरि ने इहि विधि वांनी। केतकि ग्वार्नि महि जो स्यानी।।
तिनि सभहूं मिलि मतु ठहिरावो। हमि देवी सो एहि जचायो।।
हमिरी प्रीति कृष्ण संग देवहु। हमि आत्म सुप्रसन्न करि लेवहु।।
पार्वती हमि किर्पा धारी। दर्सनु आइ दीउो गिर्धारी।।
इहि कहि जलु तजि वाहरि आई। आइ गोपाल आगे ठहिराई।।
श्री कृष्णचंदि अंवरि तिहि दीए। सुप्रसन्न आत्म तिहि कीए।।
तांको कह्यो ठौर चितु राष्यौ। श्री नाराइण मुष ते भाष्यो।।
जवि वहुरो कार्तिक फिरि आवै। दुःख दर्दु सभि ही मिटि जावै।।
इसि जमुना के रे तटि माही। रास लील्हा कर है अधिकाही।।
हमि तुमि रास लील्हा तवि करही। प्रीति भाउ ह्रदे अंतरि धरही।।
ग्वार्नि की वांछा सी एही। श्री कृष्णचंद हमि होइ सनेही।।

इहि प्रयोग सेवा करी देवी। एही वांछा करि इनि सेवी।।
जो सेवै सोई फलु पावै। साईंदास दुःख निकटि न आवै।।५३।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे एकविंशमोध्यायः।।२१।।

ग्वार्नि गीति मंगल वहु गाए।
श्री कृष्णचंद मिलि आनंद आए।
षेलति हासति ग्रहि महि आई।
भिन्न भिन्न ग्रहि जाइ ठहिराई।
तहा ग्वार्नि कुस्म विछाई।
अति सुरंग तिहि मालि बनाई।
सक्लि ग्वार्नि मिलि मंगल गाही।
अति सोभति है कुस्म तिन्हाही।
तिन्हो कुस्म ऊपरि पग दीने।
ग्वार्नि ने इहि कार्नि कीने।
चहूँ ओरि तिहि कुस्म की माला।
राषी निर्षिति श्री व्रिज वाला।
श्री गोपाल तिहि वचन सुनाए।
करि जोरे मुष ते उचिराए।
हमहि जंगमि सती द्रिष्ट आवहि।
घामु सहे हमि छांइ करावहि।
इनि से अधिक लोकि वरमावहि।
धन्न व्रिक्ष इहि कामु करावहि।
वहुरि कह्यो ग्वार्नि प्रभताई।
सुण हो विनती त्रिभवनि सांई।
हमि कौ भूष अधिक प्रभ लागी।
जत्न करहि हम नाहि त्यागी।
आजु न ग्रहि ते हमि कछु आयो।
कहा करेहि हमि भूषि सतायो।

श्री नंद नंदन वचन उचारे।
सुण अक्रूरि अध्कि हिर्षायो। साईं दास प्रभ वचनु करायो।। ९३।।

सुपलकि सुत वहु आनंद पायो। हरि वचु सुण पुरि को तवि धायो।।
जाइ करि कंसि सो वचनु उचारा। जो कह्यो हरि सो कह्यो पुकारा।।
दोऊ सुत वसुदेव के आने। नंदि महिरु गोप अवर वषाने।।
जो करु तुमिरे तिहि परि आई। सकल आन्यो है नृप वलिकाई।।
मदन मोहन नंदि कह्यो सुनाई। पित मोहि आज्ञा देहु वताई।।
मधिपुरी अव न देष करि आवो। पुरि के भवन को देषन जावो।।
नंदि महिर तवि वचनु उचारा। तूं है मेरो प्रांन अधारा।।
हमिरे प्रान वसेहि तुमि माही। कहा करो कोऊ तुमि ले जाही।।
तवि जदुनाथ कह्यो नंदि ताई। हे पित हमि को कौनु ले जाही।।
मधुपुरी महि केते आवेहि। मधुपुरी त्याग वहुरि उठि जावहि।।
एहि वचनु कहि आज्ञा लीए। कौलापति पग पुरि को दीए।।
वलिदेव ग्वारि सहिति संग लीआ।
नंदि महिरु तजि मग पगु दीआ।
षेलति षेलति पुर महि आए।
अति सुंदर कछु कह्यो न जाए।
पुरि के लोको ने क्या कीआ।
भवन द्वार आछा करि लीआ।

चोआ चंदन कुस्म घनेरे। डारे मनु आवे हि प्रभु मेरे।।
अति सुगंधिता तहा षिडारा। उौरु अधिक कुस्म के हारा।।
श्री कृष्ण रामु अवि ही ईहा आवहि। हमि तिहि को पुनि दर्सनु पावहि।।
कुस्म वर्षा हमि तापरि करहि। तिहि चर्ना ऊपरि सिरु धरहि।।
जासि द्वार होइ करि प्रभु धावहि। जोषता अध्कि कुस्म वर्षावहि।।
निर्ष रूप हरि को उचिराही।
मनि अपुने महि सोचु कराही।
दुष्ट कंस क्या मनि ठहिरायो।
इहि वाल्क मार्न चितु लायो।
श्री कृष्ण राम ग्वारि संग लीए।
मधिपुरी माहे हटि पगि दीए।
भ्राति आई हरि कौर कन्हाई।
साईंदास दर्सन वलि जाई।। ९४।।

नृप को छीपा वस्न ले आया।
अंवरि ले नृप द्वार सिधाया।
वलिदेव हरि तिहि कह्यो सुनाई।
हमि को देवहु हमिरे भाई।
तवि छीपा ने ऐसा कहिया।
रे मतिहीन तूं आंधा भया।
इहि प्रतापु तुमि कहा वढाया।
नृप अंवरि लेने चितु लाया।
तुमि तो ग्वारि सुरिह चारनिहारे।
कौनु वाति तुमि मन महि धारे।
अवि तुमि नृप के अंवरि लेवो।
तिहि ताई तुमि गाली देवो।
है कोई जो इसि को मारे।
इसि मतिहीन को पकरि पछारे।
ऐसे कहि मुष वुरा कहायो।
तव केस धरि मन ठहिरायो।

क्रोधु कीउो छीपा को मार्‌यो।
करिनष से तिह सीसु विडारे।
और अंवरि धरि डार के भागे।
आपौ अपुने मग को लागे।
एकु पाइकु तब ही प्रगटायो।
प्रभ को आइ डंडौत करायो।
मुष ते तव ही कह्यो सुनाई।
मै वलि जावा जादमराई।
जो मोहि कह्यो अंचरि पहुचावो।
इसि सेवा सो मै चितु लावो।
उपसि तिहि आज्ञा दीनी।
तिस पाइक परि करुणा कीनी।
कह्यो तोहि वैकुंठि पठावौ।
चतुर्भुजा करि दुःख मिटावौ।
तुमिरी मै करहौं कल्याना।
एहि वाति मै मन महि आना।
तव पाइक अंचरि करि लीने।
श्री कृष्णचंद के अंग को दीने।
रामु ग्वारि सकले उठाए।
श्री कमलापति छवि अधिकाए।
पाइकि की कीनी कल्याना।
श्री गोपाल गंभीर सुजाना।
वेग ताहि वैकुंठ पठायो।
चतुर्भुज करि दुःख मिटायो।
जो सेवा के जादम राई। साईंदास सो वैकुंठि जाई।। ९५।।

इति श्री भागवते महा पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे तैंतालीसमोध्यायः।। ४३।।

श्री गोपाल फिरि वचन उचारे। सुण हो वलदेव वीर हमारे।।
अवि दामां माली ग्रहि जावहि। कुस्म माल ताहूं सौ ल्यावहि।।

ले माला उरि माहे डारहि। चलहो दामां ग्रहि पगि धारहि।।
श्री गोपाल दामा ग्रहि आए। राम सहित ग्वारि सवाए।।
जवि दामा ने नैन निहारे। श्री कृष्ण राम निर्ष ततकारे।।
आगे आइ डंडौति कराई। मुषि ते तविही इहि उचिराई।।
क्रिपा करी हमिरे ग्रहि आए। दामा ने वहु आनंद पाए।।
कुस्म माल ग्रहि ते ले आया।
श्री कृष्ण माल ले उरि महि पाया।
सकल ग्वारि को प्रभ पहिराई।
कुस्म माल श्री जादम राई।
वहुरो दामा भोजनु दीना।
इहि विधि माली सेवा कीना।
श्री कृष्ण केह्या कछु मांगो दांमा।
दांमा कह्यो पावो तोहि नामा।
तुमिरि कीर्ति मन माहि रहे।
एही जाचना मेरे अहे।
मदन मोहन कह्यो इहि दीआ।
एक करुणा तुमि परि अंतरि कीआ।
तुंमि संतति महि होवे कोई। जन्म-जन्म निर्धन ना होई।।
श्री मुरार इहि वचु तवि कीआ। श्री दामा को ग्रहु तजि दीआ।।
कह्यो दुष्ट भवन आगे होई। चलहु चलहि हमि डरु नहीं कोई।।
दुष्टि के भवन आगे प्रभ आए। इकु पलु छिन तहूं ही ठहिराए।।
एक वनिता भांजनि हथि लीने। वावनि चंदनु फिरि करि कीने।।
आवति ही हरि हँसने लागी। अद्भुत सुंदर प्रेम के ताकी।।
तांको कह्यो कौन तूं होवै। इहि विधि हरसो रत्न परोवै।।
तबि कुव्जा कह्यो में वलिहारी। मैं तोहि सर्नी प्रभ वनिवारी।।
श्री कृष्ण कह्यो करहो मोहि कामा।
अंवरि पहिरे नौतनि रामा।
जो इहि चंदनु हमि को देवहि।
अवि हमि ते इसि का कछु लेवहि।
श्री गोपाल तिहि आष सुणायो। साईंदास अधिक सुष पायो।।९६।।

कुब्जा ने तव वचनु उचारा। हे भगवंत तूं प्रांन अधारा।।
एते दिन चंदनु घसि ल्याई। दुष्ट कंसि कार्ण जदुराई।।
सकल अफल सेवा तिह करी। एही सुफल जो तुमि परि चरी।।
कुब्जा करि ले हरि अंग लाया। बहुरो गवार उौर राम चढाया।।
तव श्री कृष्ण हृदे महि धारा। इहि पुठि सुद्ध करो ततकारा।।
पगि ऊपरि प्रभ चर्नु टिकाया। ठौढी कर षिची जदु राया।।
ताहि पृष्टि सुद्धि कर लीनी। सुंदरताई प्रभ को दीनी।।
द्वादस वर्षि अवस्था पाई। मानो मघिवा पुरि से आई।।
जवि वहि द्वादश वर्षि को होई। श्री कृष्ण चर्न सौ लपटी सोई।।

इहि विधि करि मुष वचनु उचारा।
मैं सर्नागति प्रांन अधारा।

मेरे ग्रहि परि किर्पा कीजै। अपुने पग हमिरे ग्रहि दीजै।।
तवि मै तुमिरि सेवा करो। सेवा करि पग सिरि परि धरो।।
कवलनैन तव ऐसे भाषहि। कुब्जा को ऐसे करि आषहि।।
हे कुब्जा चितु ठौर ठहिरावो। उौरु वात कुछ मन ना ल्यावो।।
जा करि वसो अपुने ग्रहि माही। कृष्ण कृष्ण मुष ते उचिराही।।
कंसु दुष्ट इति तुमि ग्रहि आवो। तव तुमि को वहु सुख दिवावो।।
फिरि आइी हस्त नारी पाई। लोक निर्ष आए अधिकाई।।
अधिकाई मिष्टान पान प्रभ पाहि ल्यावहि।
श्री कृष्णचंद आगे ठहिरावहि।

श्री कृष्ण कह्यो तिहि लोकनि ताई।
तुमि हमि को विधि एहि वताई।

दुष्टि धन्षि को कहा रषयो। ताहि देषने चितु लुभायो।।
देषनि को सकले उमिडाए। प्रभ को धन्षि उोरि ले धाए।।
भक्त वत्सल प्रभ सदा सहाई। असुर संहारनि जादम राई।।
धन्षि पाहि जाइ ठांढे भए। धर्न से धन्षु करि माहे गहे।।
वांवे करि हरि धन्ष को कीना। वलि करि तांको चाढहि लीना।।
षिच धन्षु प्रभ ने मोड डारा। शब्द भयो तिस ते अति भारा।।
धन्षि के दोई टूकि कराए। करि महि ले कौलापति धाए।।
धन्षि तोर्यो श्री जदुराए। साईं दास तांको जसु गाए।। ९७।।

दस सहस्र जौधा रषवारा।
रहिति धन्षि परि राषनि हारा।
सुनति वात पाछे हरि धाए।
महावली जोधे चलि आए।
कहिति कहा भागे तुमि जावो।
एकु पलु हमि आगे ठहिरावो।
नृप को धन्षु तुमि ने ले तोरा।
मन महि त्रासु न कीना भोरा।
ठांढे रहो आगे कहा जावो।
जैसा कीआ तैसा अवि पावो।
श्री कृष्ण राम तवि फिरि षलोए।
जो आए असुर सकल हरि षोए।
तिन को मारि नंदि पहि आए।
वनि माहे आहे करि ठहिराए।
नंदि महिरु आनि सभ विस्माए।
वस्त्र किस ते इतिने पाए।
हमि ते कमरी पहिर सिधाए।
इहि अंवरि किस ते अंग लाए।
एही वार्ता दुष्ट पहि आई।
धन्षु तोर्‌यो है यादम राई।
मनि तिहि अध्कि भयो विस्वासा।
दुष्ट मुषो निकिसे नही हासा।
मनि माहे इहि कर्ति विचारा।
निकटि आयो है कालु हमारा।
मोको मारे छोडे नाही।
इहि विस्वासु भयो मनि माही।
स्वप्न भीतरि ताहू द्रिष्ट आया।
काल सरूप प्रभ ताहि दिषाया।
सीस मूँडि गर्धप परि चर्‌या।
ताता तेलु सीस परि डारा।

ऐसे दुष्ट हृदा भर्मायो।
रब सुत रूप द्रिष्ट तिह आयो।
रजनी गई रवि कीउो प्रकासा।
कंस हृदे महि भौ लीउो वासा।
कह्यो वजंत्र जाइ वजावो।
मल्लि अषाडे स्रिष्ट वुलावौ।
मल्ल अषाडे महि सभा वनाई।
आप कार्नि सभ ते अधिकाई।
उौर सकल को तले बहाया।
आप ठौर ऊची ठहिराया।
आनि भूपति भी चलि करि आए।
मल्ल अषाडे महि ठहिराए।
जपौ नामु सकला तुम भागे। साईं दास दुष मूल नि लागे।।९८।।

दुष्ट कह्यो वसुदेव को ल्यावो। देवकी सहिति ईहा वैठिलावो।।
जो हमि ते वाल्क षडे दुराई। गोकलि महि जाइ धरे छाई।।
वहुदेषहि मै वाल्क मारो। इहि दुइ वालक को प्रहारो।।
उौरु अक्रूर को लेह वुलाई। वसुदेव सौ तिन प्रीति अधिकाई।।
वसुदेव के पाहे वैठ लावो। नंदि गोप सभ ही ले आवो।।
तिन ने जो कीना अधिकाई। दधि घ्रितु भोजनु अधिक षलाई।।
आज्ञा करी सभ को ले आए। मल्ल अखाडे आण वहाए।।
सकल लोक आइ करि ठहिराए। दुष्टि कंस सभि ही निर्षाए।।
दुष्ट तवि ही इहि वचनु उचारा। सुण हो सभ तुमि कहा हमारा।।
दोऊ सुत वसुदेव के ल्यावो। वेग विल्म तुमि मूल न लावो।।
नंदि महिर नृप को प्रतु दीना। हे नृप तै क्या मनि महि लीना।।
द्वादश वर्षि के वाल्क भाई। मल्ल विद्या जाने नाही वाई।।
कैसे मै तिन को ईहा ल्यावो। मल्ल अखाडे माहि वहावो।।
जो सुण ले जसु मुक्ता होई। साईंदास दुःख ग्रसे न कोई।।९९।।

इति श्री भागवते पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे त्रितालीसमोध्यायः।।४३।।

श्री कृष्णचंद ने कह्यो सुणाई।
नंदि महिरि पित वहु सुष पाई।
कछु विस्वासु न मनि महि देवो।
मोहि कहा मन महि धरि लेवो।
इहि प्रजोग हमि लेति वुलाई।
देषहि अंभरि नहि इहि आई।
वाल्क है इनि दिसे कछु नाही।
वाहरि ठांढे अति उकलाही।
कौलापति विधि जानणहारा।
राम सहिति लीउो ततकारा।
अंवरि ले कटि ठांढा कीना।
मल्ल अखाडे को पगु दीना।
तिहि मगि गजु ठांढा वलिकारी।
गजि स्वार्थी को कह्यो मुरारी।
हमि को मगु तुमि तजि करि देवौ।
मोहि कहा तुमि मनि धरि लेवौ।
नाहि ति अवि ही तुम को मारो।
तुमि को इसि गजि सहिति प्रहारो।
मृतक लोक महि देउ पठाई।
भला करहि ना करहि वुराई।
श्री कृष्णचंदि जवि वचनु उचारा।
गजि स्वारथी अंकशु गजि मारा।
श्री कृष्णचंदि की ओरि चलायो।
मदमाता गज सन्मुष आयो।
श्री कृष्ण को गजि ने सुन्न महि लीआ।
धर्नि से पकरि ऊभनि उनि कीआ।
तांसो निकसि गयो जदुराई। फिरि आगे ठांढा भयो आई।।
वहुरो गज उैसे ही कीआ। जैसे प्रथम मे मुष महि लीआ।।
श्री कृष्ण भागा फिरे आगे आगे। अति भुज सुंदरि अंग महि पागे।।
गज प्रभ जी के पाछे दौरे। थकित रह्यो हार्‌यो सभु जोरे।।

श्री कृष्णचंदि पूछ से लीना। फेरि फेरि धर्नि सौ दीना।।
एक मुष्टि मस्तक परि मारी। दोई दस्न प्रभ लीए उपारी।।
गजि के सहिति स्वार्थी मारा। दस्न लीए करि ताहि अपारा।।
श्री गोपाल गजि मुक्ति पठाया। साईंदास महा सुष पाया।।१००।।

गजि को दस्न एक हरि लीआ। एक दस्न वलिदेव को दीआ।।
श्री कृष्ण राम अषाडे महि आए। नंदि पाहि आइ करि ठहिराए।।
चंडूरमुष्टि तवि वचन उचारे। मनि माहे तिहि सोच विचारे।।
श्री कृष्णचंदि सों कह्यो सुनाई। कंसनराधपि इहि सुण पाई।।
तुमि षेलति बिंद्रावनि माही। मल्ल विद्या कीनी अधिकाही।।
वडे वडे वलिवान सिंहारी। तुमिरी भुज महि वलु अति भारी।।
अपनी मल्ल विद्या तुमि करहो। मल्ल विद्या सेती चितु धरहो।।
कंस नराधपि देष तै लेवै। हर्षिमान होइ वहु कछु देवै।।
तव श्री कृष्ण ने वचन उचारे। सुण चंडूरि ते मीत हमारे।।
हमि सरि होइ तिहि युद्ध करावहि।
तांसो मुष हमि नाहि फिरावहि।
धर्म्म युद्ध मल्ल विद्या माही।
दुही उौरि स्मसरि निर्षाई।
रंगभूम भीतर भगवान।
आए सहिति भय्या वलिराम।
कौतुक करहि भया भगवंत।
अषल अगोचर अमित अनंत।
दस प्रकार का रूप दिषाया।
इउ कहि श्री सुकदेव सुनाया।
सभ सरूप कहि प्रगटि सुनायै।
पढे सुणे हरि भक्ति वढावै।
मल्लहु द्रिष्ट वज्र से आए।
देषि तिनहु के हृदे डराए।
चूर करहिगे हमिरे अंग। मल्लहु के मन हूए भंग।।
जो ये सृष्टि नीर प्रधान। तेज विदेषहि धरे ध्यान।।

तिन जान्यो सभ नर सर्वोत्तम।
कृष्ण वलि जाने पुर्षोत्तम।
तिरीआ देषै श्री घनस्याम।
नष छव मोहनि कोटक काम।
मूर्छा होइ होइ गिर परि।
सुधि बुधि हरि सुंदरता हरी।
गोपो जान्या मितु हमारा।
इहि गुपाल नंदिलालु प्यारा।
जोधे राजा अति हंकारी।
तिन्हो करी थी प्रजा दुषारी।
वेद वेद आज्ञा मानति न थे।
तिन के मान महा प्रभ न थे।
तिन जवि देषै श्री भगवान। मै सिउं तिन के कपे प्रान।।
ते मन महि मन को स्मझावहि। सूधे चलहि न प्रजा दुषावहि।।
नाहि ति मारेगै दामोदर। विश्वनाथ वलिराम सहोदर।।
श्री कृष्णचंदि के पित अरु मात। वसुदेव देवकी पर्म सुजात।।
तिन्हो द्रिष्ट वाल्क के आए। देषि तिनहूं के ह्दे डराए।।
मार्नि को हमिरे सुत आने। मात पिता अतही विल्षाने।।
कंस म्रित द्रिष्टी महि पर्यो। देष दुष्टि का तनु मनु डर्यो।।
जो पंडिति थे विमल विचारी। जिन की मति पढि वेद उजारी।।
तिन देषै प्रभु पुर्ष विराटु। इस ही जग परि जग को ठाटु।।
योगीश्वरि जव धरहि ध्यान। पर्म ततु है इहि भगवान।।
पर्म तत्तु सभ हू का कार्ण। उतपत्ति प्रतिपालनि संहार्ण।।
पूर्ण पुर्ष पुनीत अकाम। पर्म तत्त इहि कार्णु नाम।।
जदकुल जान्यो रक्षा कर्ता। ए भगवान हमारे भर्ता।।
दस प्रकार कीए भगवंत। रूप दिषाए कमलाकंत।।
जैसे जांको हरि सोभाई। तैसे देषे केशव राई।।
सभ हूं ते निर्लेप अनंत। कृष्ण कृपा निधि कमलाकंत।।
लोकहु हरि का दर्सनु कर्यो। कोट जन्म का पातक हर्यो।।
हरि मूर्त काउो नापर्यो। पर्म प्रेम करि ह्दे धर्यो।।

लागे कहनि लोक मिल वाति। इहि दोनों वसुदेवहि ताति।।
संकर्षण अरु श्री गोपाल। गोकल वचे कंस को काल।।
तव चंडूरि प्रभ को प्रतु दीना। कौन वाति ते मनि महि लीना।।
मै तुमि को वहु विधि करि जानो।
वोह भलो वाल्कु हृदे पछानो।
वहि गजि आयुत को वलि राषहि।
ताहि हत्यो अवि वाल्कु आषहि।
लरकिपन महि क्या कछु कीआ।
वडे वडे जो धनि हमि लीआ।
तुमि हमिरे संग युद्ध मचावो। रामु सहिति मुष्ट उर्झावो।।
धर्मयुद्ध हमि तुमि संग करहि। वैर भाउ कछु मनि ना धरहि।।
काल निकटि भयो बुधि वौरानी। साईंदास पूर्न विधि जानी।।१०१।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे चौवालीसमोध्यायः।।४४।।

कमल नैन ने तब ही वषानी। पूर्न ब्रंह्म प्रभ सारंग पानी।।
राम सो तवही कह्यो सुनाई। युद्ध करो अवि हमिरे भाई।।
श्री कृष्ण चंडूरि सो करु अरि कायो।
राम सहित मुष्टि उर्झायो।
लोक सकल निष्र्यो विसमाए।
नर नारी मुषि एहि सुनाए।।
दुष्टि कंस क्या रनि ठहिरायो।
इनि वाल्क मार्नि चितु लायो।
कहा वाल्क इहि असुर कहा है। जो वाल्क इनि संग लरा है।।
एहि नग्रु तजीए मेरे भाई। इहा हमि पहि वस्यो न जाई।।
फेरि कहे अपुने मनि माही। पारब्रह्म तूं त्रिभवनि सांई।।
तूं सकली विधि जाणन हारा। हमि तुमि सो क्या कहहि पुकारा।।
दुष्ट कंस वहु जोरु चलाया। हमिरा इसि संगि कछु न वसाया।।
वाल्कि असुरो संग लराए। मार्नि को इहि कर्म कमाए।।
तुंही तपासु करी पर्मानंद। आदि आदि जने व्रिज को चंद।।

इहि वालकि कहु देवो जीत। तुमिरी संग है संतनि प्रीत।।
तीन पहिरि प्रभ ने युद्ध कीना।
चंडूरि मुष्टि को वलु हिरि लीना।
तिहि महि वलु रंचिक ना रह्या।
तव नृप कंस इहि मुष कह्या।
छाडि देहु वजंत्रि न वजावो।
थकित भए अवि युद्ध न करावो।
दुष्टि कंसि तिन को मनहि कीना।
साईंदास हमिरों सुणु लीना।। १०२।।

अमरो अध्कि वजंत्रि वजाए। श्री कृष्णचंदि सुण वहु हर्षाए।।
जै जै अमरि मुष ते उचरावहि। श्री कृष्णचंदि केरा जसुगावहि।।
तव कौलापति ऐसे कीआ। चंडूरि को करु करि सेती लीआ।।
करि से ले करि दीई फिराई। धनि पछार्यो यादमराई।।
बलिभद्र मुष्ठि को लीना। ऐसे ही वलिदेव ने कीना।।
एक मुष्टि मस्तक परि मारी।
मुष्टि मारि सिरु दीउो प्रहारी।
टूक टूकि तिहि सिरु करि डारा।
वलिदेव जी मुष्टि को मारा।
श्री कृष्ण राम जी दोऊ भाई।
कूदनि लागे तवि अधिकाई।
दुष्टि कंसि कह्यो इन्हि दूरि करो।
मोहि द्रिष्ट ते ओल्हे धरो।
वसुदेव उग्रसैण ले आवो।
तिन को वेग षडि थंम्भ दिवावो।
श्री कृष्णचंदि वचु सुण लीआ।
तव वचु राम सहिति प्रभि कीआ।
कंसि दुष्टि की सुर्ति भुलानी।
कालु निकटि आयो मै जानी।

तवि ही वलिदेव को मतु दीआ।
जो कछु प्रभ जीने वचु कीआ।
जो इसि कालु निकटि है आयो।
तुमि काहे हरि विल्मु करायो।
इसि को प्रहारो श्री जदुराई।
विल्म न कर हो मेरे भाई।
श्री कृष्ण कूदि कंसि उोरि धाया।
जहा दुष्टि वैठा तहा आया।
कंसि वली तव करी सम्हार। दो करि लीने दो हथीआर।।
षंडासि पर लीने हाथ। निकटि कंसि के त्रिभवनि नाथ।।
कंसि कृष्ण को चोट चलाइ। हरि मधुसूदनु जात वचाई।।
कंसु कृष्ण को पकरा चाहे। सकल संत स्युँ उोरि निवाहे।।
कंस नि केशव गह्या जाई। इति उति फिरे न चर्नि टिकाई।।
तेजु प्रगटि कीना भगवान। प्रभ पर्मानंदि पुर्षपुरान।।
हरि तिहि आगे छाती धरी। एहि लील्हा पुर्षोत्तम करी।।
सूर्य कोटकि तेज समान। छांती ते काढ्यो भगवान।।
जोत भई छाती दिषराई। कांप्यो कंसु न देष जाई।।
नैन मूंदि वहि गिया डराइ। वेग लीआ गहि केशव राइ।।
गर्ड साप को लेत अमान। कंस गह्यो तिउं श्री भगवान।।
झटकि सीस ते प्रान निकारे। छिन महि केशव कंसु संहारे।।
दुष्टि के केस गहे करि लीने। आण धर्नि ऊपरि प्रभ दीने।।
अस्थ कंसि टूक टूक करि डारे। तवि अमरो कीना जै कारे।।
गह्यो चर्नि ते त्रिभवनि नाथ। अति पवित्र करि पंकज साथ।।
षैचि चर्नि ते भूमि उतार्यो। इहि चरित्र भगवान दिषार्यो।।
षैंच्यो कंसु जहा घनिस्याम। कंस षाल तिहि ठा हरि नाम।।
मृतकि देह छाड प्रभ दीनी। इहि करुणा प्रभ ने तव कीनी।।
देवहु सकल कीआ जै कारा। भला कीआ प्रभ दुष्ट को मारा।।
वैठे जाइ प्रभू विस्रांत। मृग विडार मृगराजहि भांत।।
वहुरो उौरु असुरु चलि आए। नल नील प्रभ सकल हताए।।
वलिदेव ने सकल असुर हताए। किरिमानी सूती करि ल्याए।।

वहुरो दुष्टि के भाई आए। तिहि स्मसर उौरु कौनु कराए।।
वलिदेव तिहि सेती युद्ध कीना। मार मूसिल तिह को जीउ लीना।।
अष्टि वंधू प्रभि दुष्ट के मारे। वलदेव ने सभि ही प्रहारे।।
उौर अधिक जो योधे आए। भाग गए इहि विधि निर्षाए।।
वसुदेव देवकी पहि दोऊ आए। वेरी काटी सुख दिवाए।।
करि डंडौत प्रभ चर्नी लागे। ठांढे मात पिता के आगे।।
देवकी हरि को आइ अंग लीआ। सीस चूंम मुष परि करु कीआ।।
महा अधिक सुष तिन नें पायो। साईंदास मिल मंगलु गायो।।१०३।।

इति श्री भागवते महा पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे पैंतालीसमोध्यायः।।४५।।

कंसि की जोषता सभि मिली आई।
दुष्टि मृतकि पहि आइ ठहिराई।
मुष सेती वहु वचनु उचारहि।
हाहा कर्के मुषो पुकारहि।
जो काहू ना कर्ति वुराई।
अवि काहे तुमि रो देहु रुलाई।
अवि को पुर को राजु करेगो।
पर्जा कौ सुष कौनु धरेगो।
श्री कृष्णचंदि तिहि कह्यो सुनाई।
इति मृतकि जोरो तुमि जाई।
पुरि को राजु उग्रसेनु करही।
पर्जा को सुष सेती धरही।
वसुदेव देवकी को हरि कह्या।
मुष सेती तवि वचु उचिरह्या।
गोप सहिति अवस्ता टारी।
केतकि दिनि इहि कह्यो मुरारी।
जैसे मात पिता कछु करही। सुत को नामु आप वहु धरही।।
हमिरो काहे नाही कीआ। तव वसुदेव ह्दे धरि लीआ।।
गर्गि प्रोहतु लीउो वुलाई। वसुदेव तिहि सो कह्यो सुणाई।।

श्री कृष्ण राम को कौन वीचारा।
गर्गि महूर्त्ति भलो वीचारा।
वसुदेव मनि अंतरि इहि धारा।
दस सहस्र सुरहो विपो को देवो।
गोविन्द अर्थ संकल्पु करेवो।
दस सहस्र सुरिह अवि ही दीने। अपुने वचि पूर्न करि लीने।।
श्री गुपाल क्रिपा निधि स्वामी। सकल घटा के अंतरि जामी।।
मात पिता को वहु सुषु देवो। साईंदास सुष धरि करि लेवो।।१०४।।

नार्दि को हरि लीआ वुलाई।
ताहि कह्यो सुष ऋषि अधिकाई।
कंसि को त्रासु यादव मनि लीआ।
मथुरा पुरु तिन नें तजि दीआ।
अवि तुमि जावो उनि के पाहे।
इहि विधि जाइ कहो तुमि ताहे।
दुष्टि कंसि को प्रभ ने मारा। केस से गह्यो धर्नि पछारा।।
उग्र सेन को राज वहायो। तुमि अपनाचितु ठौर करायौ।।
तुमि अवि अपने ग्रहि महि आवो। अपने पुरि आई आनंद पावो।।
नार्दु सुण वचि हरि उठि धाया। सात कोस यादव पहि आया।।
तिन को नार्द कह्यो सुनाई। प्रभ जो तिस को दीयो बताई।।
दुष्ट कंसि को श्री कृष्ण विडारा।
उग्रसैन को राज वहारा।
तुमि चलहो अपुने पुर माहे।
कति को आनि पुरि माहि वसाहे।
यादमि ने इहि विधि सुणी काना।
हिर्षमान होए सभु प्राना।
तातकाल अपुने पुरि आए।
चीरि मलीनि तिहि अंग उढाए।
फाटे अंवरि तिहि अंग माही।
तहा मलीन सभ रूप दिषाही।

श्री कृष्ण द्रव्यु कंसि को लीना।
सभ यादव को प्रभ ने दीना।
जाहो अंवरि अंग कछु करो।
ग्रहि महि वसो निश्चल चितु धरो।
यादव सभ भिन्न भिन्न ग्रहि आए।
सुत वनिता संग मिल हर्षाए।
श्री कृष्ण अंवरि वहु लीने।
मोती कर महि नीके कीने।
राम को सहिति लीयो जदुराई।
नंदि महिरि पहि आइ ठहिराई।
नंदि महिर सो वचनु उचारा।
सुण हो पित तुमि वाति हमारा।
जो वसुदेव देवकी हम जाए।
तुमि ही ने हमि वडे कराए।
पै दधि माषनु अधिक षवाया।
महा अधिक तुमि लाड लडाया।
एही मोती अंवरि ले जावो।
जसुमति मात को भेटि चरावो।
माता जसुमति सो इहि कहीए।
हे माता आनंदि सो रहीए।
हमि भी तुम पहि इकि दिन आवहि।
सवि ही तुमिरा दर्सनु पावहि।
नंदि सो प्रभ इहि बचनु सुनायो।
साईंदास मनि कठनि करायो।।१०५।।

नंदि प्रश्नु सुणयो हरि पाहे। भयो मूर्छा सुधि विसराहे।।
सुर्त विसार धर्नि परि पर्यो। उनि न कछु सुधि देहि को कर्यो।।
उौर गोप सभ मूर्छा होए। महा अधिक मनि अंतरि रोए।।
जवि कौलापति नैन निहारे। तवि ही प्रभ ने लील्हा धारे।।
वहुरो दानवि को लीउो उठाई। सकल उठाए यादवराई।।

नंदि महिरि तबि हरि सो भाषा।
मै वलि जावो एही आषा।
हमि न रहे ह्दे को ठहिरावहि।
जसुमति उैरु कहु करावहि।
प्रभाते तुमि सुरिह ले जावो।
सुरिह ले तुमि वन कौ उठि धावो।
तब भी तुमिरो दर्सनु करही।
वनि जावो मन महि ध्यानु धरही।
जवि तुमि वनु तजि करि ग्रहि आवो।
तवि भी हरि तुमि दर्सु करावो।
अवि कहु कहा करे वनिवारी।
तुमि हमि से इउ कह्यो पुकारी।
तब श्री कृष्ण कह्यो पित मेरे।
हमि सेवकि है पित जी तेरे।
जसुमति सो तुमि कहो स्मझाई।
एक दिनसि आवति जदुराई।
अंवरि मोती नंदि को दीआ।
ताहि देइ करि विदआ कीआ।
रुदनु कर्ति नंद जी उठि धाए।
रुदनु कर्ति गोकलि महि आए।
जसौदा नंदसो भाष सुनायो।
कान्हरि मोहि कहा तजि आयो।।
नंदि महिरि जो कछु देषि आयो। जसौदा को तिन आष सुनायो।।
मार्नि दुष्ट और धन्ष विडार्न। चंडूरि अरु मुष्ट को प्रहार्न।।
तूं वांको सुतु अपुना जाने। सुत हेत कर्के मुषहु वषाने।।
वहु महाराज राजनि को राजा। दीनानाथ हरि वेमुहताजा।।
वहि वाल्क काहू को नाही। वहि राम रम्यो है सभ माही।।
दीनानाथ अपार गुसाईं। तीन भवन केरा वहु सांई।।
छिन महि स्रिष्ट उपावनि हारा। छिन महि पर्लो कर्ति पसारा।।
नंदि जसौदा रुदन कराही। साईंदास धीर्जु ना पाही।। १०६ ।।

वसुदेव कृष्ण सौ आषहि। ऐसी विधि मुष ते वहि भाषहि।।
विद्या पढनि वनार्सी जावो। विद्या पढि के फिरि घरि आवो।।
पित सौ श्री कृष्णचंदि आज्ञा पाई।
संग लीउो तव वलिदेव भाई।
पग वनार्सी पुर को धारे।
श्री गोपाल संग वीर प्यारे।
विपु सुदामा मग चल्यो जाई।
ताहि कह्यो प्रभ यादमराई।
स्वामी कहो कहा को जावो।
इहि व्रितांतु तुमि हमिहि सुनावो।
तव ही सुदामे वचन उचरायौ। हे राजेश्वर सुणु चित लायो।
वनार्सीपुर माहे जावौ। विद्या अर्थ तहा मैं धावौ।
तहा जाइ विद्या कछु पावौ।
इहि प्रजोग तिहि पुरि हितु लावौ।
भक्ति उधार्न श्री भगवान।
असुर संघार्ण पुर्ष निधान।
तवि ही विप सौ वचनु उचारा।
तुमि विद्या पढिने चितु धारा।
हमि भी विद्या लीए जावहि। वनार्सी महि जा करि ठहिरावहि।।
तुम ही चलहो संग हमारे। विद्या ले आवहि तत्कारे।।
कह्यो विप नीको जदुराई। मै तुमि सहित चलो जदुराई।।
तीनों चले आए पुरि मांही। सदीपन पंडति रहिति जहा ही।।
तहा जाइ वेद भाषनि लागे। उौरु वाति सकली उनि त्यागे।।
चारे वेद पढे दिनचारी। श्री नंद नंदन कुंज विहारी।।
वहुरो राजनीत सिषवाई। चितु लायो त्रभवनि के सांई।।
राजनीत सिषी गिरधारी। विद्या गुर सौ कह्यो पुकारी।।
चौसठि दिन में राम गोपाल। चौसठि विद्या सिषे गोपाल।।
हाथ जोर प्रभ ठांढे भए। सदीपने को इहि विधि कहे।।
कछु मागो गुरु देव हमारे। हमि देवहि तुमि क्षण तत्कारे।।
हमि विद्या देवो घरि जावहि। साईं दास जा करि सुष पावहि।।१०७।।

संदीपनु वनिता पहि आया। जो प्रभ कहा सौ आष सुणाया।।
तवि वनिता तिहि दीउो विचारी।
सुण हो इहि तुमि वाति हमारी।
जो वाल्क तुमि एहि सुणावहि। जो मांगे सोई कछु पावहि।।
हमि वाल्क किसे षडे दुराई। सोई मांगो तिहि पहि जाई।।
कहो हमहि वालक आण देवहु। सुप्रसन्न होइ हमि तिहि सेवहु।।
अवि भई वृद्धि प्रसूत न होई। हमहि बाल्क आण देहहु सोई।।
संदीपनि पंडित फिरि आया। आइ कृष्ण को वचनु सुनाया।।
हमि स्नान कर्नि को धाए। नग्रि द्वारका के निकटि आए।।
सप्त वर्षि को वालकु मेरा। गुरभाई होवति है तेरा।।
किनही सुत मोहि षड्यो दुराई। हमि जोहनि लागे तिहि जाई।।
ढूढि थके हमि पावहि नाही। रुदनु कीउो हमि ब्रह्मपुर माही।।
रुदन कर्ति ईहा हमि आए। थक्ति भए कछु मन न वसाए।।
जो हमि उोहु वाल्क आण देवो। हमि परि किर्पा अधिक करेवो।।
मानो क्रोरु द्रव्य हमि दीना। जो कछु उौरु कहो सौ करेवो।।
भक्त वछलि कह्यो आण देवो। जो कछु उौरु कहो सो करेवो।।
तवि संदीपनि ऐसे आषहि। उौरु न चाहिति कछु ऐसे भाषहि।।
श्री कृष्ण राम दोऊ ही भाई। गर्ड चढे प्रभ यादविराई।।
चलिति चलिति गए दधि के माही।
दधि रूप आगे सो आही।
आइ डंडौति करी प्रभ ताई।
कछु आज्ञा करो त्रिभवनि सांई।
तुमि ने किउ करि किर्पा कीने।
इहि मग गहि क्युँ करि पगि दीने।
तवि कौलापति वचन उचारे।
सुण हो दधि मूर्ति तत्कारे।
हमि विद्या गुर को सुत भाई।
किनही आन्या वही दुराई।
जो किसी ही तुमि महि आण डारा। आन देहि गुरु भाई हमारा।।
हमि तुमि सो इहि कह्यो सुणाई।साईंदास सुण ले मेरे भाई।।१०८।।

दधि मूर्ति तवि कह्यो सुनाई। मैं वलि जावो कौर कन्हाई।।
एकु असुरु रहे नेरे माही। कवहु कवहू वाल्क ले आई।।
श्री कृष्ण कह्यो चलो मोहि दिषावो।
वाही असुर को मोह वतावो।
आगे दधि मूर्ति होउो जाई।
तिहि पाछे कौलापति धाई।
तहा जाइ करि ठांढे भए। जहा असुर आश्रम सुष लए।।
खलु जह सुष सोया पर्‌या। श्री कृष्ण उदर तिहि कार्नु कर्‌या।।
फार्‌यो उदरि उदर तिहि देषा। वहु वाल्क तिहि उदरि न पेषा।।
उौर वाल्क है उदर के माही। सदीपनि कौ वाल्कु नाही।।
तव उसि असुर ने वचनु उचारा। हे भगवंति तूं प्रान हमारा।।
मै वडभागी सा प्रभ पूर्ण। तौहि कर कालु भयौ मोहि मूढनि।।
श्री कृष्णचंदि ने तव क्या कीआ। दो ईटिकी कौ शंषु करि लीआ।।
दछनि को दछनि प्रभ कीना। पश्चम को पछम करि लीना।।
अपने भक्ति को आज्ञा कीनी। इहि आज्ञा प्रभ तिन को दीनी।।
प्रथम चंदनु शंष परि चडावहि। पाछे मोहि ऊपरि चर्चावहि।।
अठसठ तीर्थ को जलु ल्यावहि। तवि मोको स्नानु करावहि।।
जो जलु पडे शंख के माही। अठसठ तीर्थ को जलु ताही।।
एहि वचनु कर्के दधि को त्यागा। रवि सुत पुरि केरे मग लागा।।
आइ गिरिवरि धरि शंषु वजाए। पाइकि शंष शब्द सुणि आए।।
चतुर भुजा होइ वैकुंठि धाए। तहा जाइ करि आश्रमु पाए।।
धर्म राइ आगे सौ आया। प्रभ की उस्तति मुष उचिराया।।
हे प्रभ कछु आज्ञा मोहि करहो। किहि प्रजोग इहि मगि पगि धरहो।।
श्री कृष्णचंद तिहि आष सुणायो। सभ व्रितांतु प्रभ ताहि वतायो।।
एकु वाल्कु गुरि को सुतु भाई। किनहू आन्यो वही दुराई।।
सदीपुन पंडिति पित नामा। विद्या गुरु हमरो तिह कामा।।
वांको तुमि कहूं ते ले आवो। ताहि को आण करि मोह दिषावो।।
धर्मराज वाल्कु ले आया। आण श्री कृष्ण आगे ठहिराया।।
श्री कृष्ण गर्डि परि लीउो चढाई। वनार्सी पुर को चल्यो धाई।।
वाल्कु आण पंडित को दीना। हाथ जोर करि विनती कीना।।

जो कछु उौरु मांगो सो देवो। जो कछु कहो मै सोई करेवो।।
संदीपनि तवि कह्यो सुनाई। उौरु वांछा मोह रही नि काई।।
सुप्रसन्न मोह आत्म होया। मनि ते दुःख मै सुत को षोया।।
तुमिरी सदा होइ कल्याना। मै मनि अंतरि एही आना।।
मै आज्ञा दीनी तुमि जावो। जा करि अपुने ग्रहि सुष पावो।।
आज्ञा ले मथुरापुर आए। साईंदास सहिज सुष पाए।। १०८।।

इति श्री भागवते महा पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे छितालीसमोध्यायः।।४६।।

सुदामा यादव हरि संग रहै। भक्ति भाउ तांके हृदे अहे।।
निसवासरि हरि के संगि डोलै। भले वचनु मुष ते वहु वोले।।
उचिष्ट रहे हरि को सोऊ खाई। अंवरि हरि के अंग उढाई।।
एक दिन प्रभ ऊधो लीउो बुलाई। तांको प्रभ कह्यो समझाई।।
तुमि गोकलि जावो मेरे भाई। जहा नंदि महिर अरु जसुमति भाई।।
गोप ग्वारि तहा अधिकाई। हमि से तिन को पूछो जाई।।
तिन को वहु विधि जा समझावो। सुप्रसन्न तिहि चितु करावो।।
जीउ प्रान उनि हमिरे माही। जवि हमि सुरहीअनि को ले जाही।।
जो कवहूं हमि आवे अवेरा। धीर्जु तजि हेरहि मगु मेरा।।
अवि न जानो कैसे वहि रहई। मोहि विछोहो कैसे वहि सहई।।
तिन को तुमि अवि जाइ सुनावो। एकि दिन कृष्ण आवहि न डुलावो।।
ऊधो रथि परि चढि के धाया। तात्काल गोकलि महि आया।।
नंदि महिरि ग्रहि आश्रमु लीना। अपुनो पगु ताहू ग्रहि दीना।।
नंदि महिरि पग ऊधो धोए। ऊधो सहिज मंडलि महि सोए।।
भोजनु नाना ताहि षवायो। ऊधो महा अध्कि सुषु पायो।।
जवी सुदामा सोंकरि जागे। नंदि महिरि तिहि पूछनि लागे।।
हे ऊधो जो मोहि सुनावो। हमिरे मनि को भर्मु हिरावो।।
कबहूं श्री कृष्ण कर्ति मोह चीति। तुमिरी है वांके संग प्रीति।।
कबहूं जसुमति को चित करही। कबहूं हमिरो नामु उचरिही।।
जसुमति माषन दूधि षवाए। दधि वहुता दे अध्कि कराए।।
फिरि कह्यो नंदि ऊधो ताई। हमि सुतु कहि भूले अधिकाई।।

हमि ने इहि विधि ज्यान्यों नाही। पारब्रंह्म त्रिभवनि को सांई।।
सकल स्रिष्ट को है पित माता। इनि सेती किनी जाननि जाता।।
जवि सुर्‌हो को लेवनि महि जावै। सकल ग्वारिनि दर्सनु पावै।।
वनु तजि जवि ग्रहि को पग धारे। ग्वार्नि सकली तिहि निहारे।।
इनि के प्रांनि है उसि के माही। साईं दास उौरु जाने नाही।।१०९।।

रजनी गई रवि कीयो प्रकासा। ऊधो को नंदि ग्रहि महि वासा।।
ग्वार्नि सकली ने सुण पायो। ऊधो श्री कृष्ण पाहे ईहा आयो।।
चली चली ऊधो पहि आई। मनि वच अपुने ताहि सुणाई।।
श्री कृष्ण वस्त्रि ऊधो उोढि आया। इउही किनही भर्म भुलाया।।
जैसे कपटु हमि सहिति कमाया। ऊधो सो कर्सी अधिकाया।।
एही प्रष्णु ग्वार्नि जवि कीना। भ्रिंग प्रगटि आगे पगु दीना।।
ग्वार्नि पगि परि आइ उर्झायो। वोलति शब्द महा सुष पायो।।
ग्वार्नि षट पदि सो इउ भाषहि। दूरि होउ कपटी इहि आषहि।।
तूं हमि पग को पर्सन मौवो। तुमि कारे कपटी मनि षोवो।।
जैसे तुमि वाहिरि द्रिष्ट आवो। ऐसे अंतरि रूप दिषावो।।
तुमिरा हमि संग नाही कामा। ऐसे वोलति सकली भामा।।
जवि लगि त्रिणु हरि आवनि माही। मृग त्रिणु चर्ने को नित जाही।।
जवि लगि कुस्म षिस्यो निर्षाई। षटि पदि कुस्म ऊपरि उर्झाई।।
धनिवंते पहि सभि कोऊ आवै। तांकी उस्तति अनकि करावै।।
डौ लागे वन मृिग तजि भागे।
फिरि तिहि वनि हितु नाही लागे।

कुस्म कुमलाना भृंग तजि जावै।
तांके फिरि को निकटि न आवै।

रे षटि पदि पगि पर्सो नाही। तुमि कारे हो अंतरि माही।।
षटि पदि सो सभि प्रश्न चलावहि। ऊधो सो वहु भाँति सुनावहि।।
ऊधो सुण सिरु तले करायो। जवि ग्वार्नि इहि प्रश्न सुणायो।।
वहुरि ऊधो सो कहिणै लागी। ऊधो किउं हरि हमिहि त्यागी।।
प्रथमे प्रेमु हमि सो क्युँ कीनां। जो हमि सो विछोहा दीना।।

हरिआदेषि चरति है वाही।
हमि को डार्‌यो विरहि की फाही।
ऊधो जी फिरि हरि कवि आवहि।
हरि अपुनो हमि दर्सु दिषावहि।
ग्वार्नि सकली रुदनु करावहि।
हे ऊधो कवि हरि ईहा आवहि।
ऊधो प्रतु दीउो ग्वार्नि ताई।
एक दिन आवहि त्रिभवनि साईं।
ताहि ध्यानु त्यागो तुमि नाही।
ध्यानु धरो तिहि चर्न मझाही।
रुदनु न करहो हरि को गावो।
हरि चर्ना सो ध्यानु लगावो।
ऐसे ऊधो ताहि वतायो।
ग्वार्नि को शांत घरि ल्यायो।
ऊधो नंदि सो कह्यो सुनाई।
आज्ञा देहू पुरि को चलो धाई।
नंदि जोषता तवि सुण पायो।
ऊधो प्रतु मनि महि ठहिरायो।
माषनु नीको ले करि आई।
जिहि सुरिह पै पीवति जदुराई।
ऊधो को कह्यो इसे ले जावो।
षडि कौलापति पहि पहुचावो।
ऊधो आज्ञा ले उठि धायो।
मधुपुरी मार्ग सो हितु लायो।
चलिति चलिति पुरी माहे आयो।
श्री गोपाल इहि आइ ठहिरायो।
जो कछु जसुमति पाहे आना।
श्री कृष्णचंदि आगे ठहिराना।
श्री कृष्णचंदि सो वचनु उचारा।
गोपी जन को प्रेम वीचारा।

तुमिरो ध्यानु धरे मनि माही। विनु तुमि ध्यान अविर कछु नाही।।
निस वासरि तुमिरो जसु गावहि। तोहि चर्ना सो मनु उर्झावहि।।
तुझि विनु ध्यानु किसे ना धारहि। तोहि नामु हृदे माहि बीचारहि।।
गोपी जन को प्रेमु सुनायो। साईंदास हरि ने सुण पायो।।

इति श्री भागवते महा पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे सैंतालीसमोध्यायः।।४७।।

सुदामा यादव लीयो वुलाई। ताहि कह्यो प्रभ यादमराई।
कुब्जा सो मैंने वचु कीआ। तांको वचनु हाथि करि दीआ।।
तोहि ग्रहि माहे भोजनु पावो। एक दिनसि तुमिरे ग्रहि आवो।।
चलहो अवि कुब्जा के जावहि। तहा जाइ भोजनु हमि पावहि।।
सहिति सुदामा प्रभ उठि धाए। कुब्जा के मंदिर महि आए।।
कुब्जा मंदिर भलो वनायो। अति मिष्टान तहा पाक पकायो।।
आजु का हरि हमि ग्रहि आवहि। अपुनो पगु सेवक ग्रहि पावहि।।
कुब्जा हरि निर्षे सुष पायो। भ्रमु त्याग मनु हरि सो लायो।।
तत क्षिण महि जल को ले आई। स्नानु करो है यादम राई।।
वहुरो भोजन भिन्न भिन्न ल्याई। महा अध्कि कछु कह्यो न जाई।।
अध्कि भाउ करि सेवा कीनी। हरि की सेवा मस्तिकि लीनी।।
तव श्री कृष्ण मुषु वचन उचारे। हितिकारी अक्रूर हमारे।।
तांसो भी मैने वचु कीआ। तांसो वचनु अध्कि करि लीआ।।
चलहो सुदामा तिहि ग्रहि माही। ताहि प्रीति हमिसो अधिकाही।।
कुब्जा को ग्रहि तजि ग्रहि आए। श्री कृष्ण राम सो लीउो वुलाए।।
तीनों सुपलकि सुत के आए। आनंदि सो भोजनु तिहि पाए।।
श्री कृष्ण कह्यो सुपलकि सुत ताई। मनि महि स्मझि देषु अधिकाई।।
कंसि तोहि गोकलि जो पठाया। ताहि काजु तूं कर्के आया।।
अवि इकु काजु करा तुमि मेरा। उठि धावो तजि देहा डेरा।।
पांडौपुरि केरे मगि जावो। पांडो सुत की षवरि ल्यावो।।
तवि सुपलिकि सुत ने वचु कीना। हे प्रभ पूर्न ज्ञान प्रवीना।।
माया रूप हमि ते दूरि करहो। हमिरा चितु अपुने पगि धरहो।।
सुत वनिता माया उौर कूरे। हमि ते दूरि करो प्रभ मोरे।।

जवि अक्रूरि प्रश्न इहि कीना। श्री कौलापति उत्तर दीना।।
हे सुपलकि सुत वौरा भया। कौन वाति तै मुषि तै कीया।।
तूं वडो सभ यादम के माही। कहा वाति तूं मुष उचराही।।
तवि सुपलकि सुत कह्यो जु भावे।हमि मस्तक परि भलौ सुहावे।।
जावति हौं पांडो सुत पाही। वस्ति हस्तना पुर के माही।।
सुपलकि सुत मनि महि ठहिराई।साईंदास जो हरि उचिराई।।१११।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे अड़तालीसमोध्यायः।।४८।।

सुपलकि सुत आज्ञा ले धाया।
पांडो सुत के पुरि हितु लाया।
प्रथमे ध्रितराष्टर ग्रहि आयो।
ध्रितराष्टर सो वचनु सुनायो।
जो तुमि द्रव्य इकत्रि कीना।
डंडु डाडु ले करि तुमि लीना।
सकल अकार्थ है मेरे भाई। अंत समे पाछे रहि जाई।।
अप्ने करि देवो विप ताई। धर्म्मु करो हृदे दया वसाई।।
जैसे मार्ग गर्भि माता से आया। वहुरो ऐसे ही उठि जाया।।
थिरु न रहे तूं मेरे भाई। उौसर संग न तोहि कछु जाई।।
सुत वांधव सभ एक निहारो। वंधू सुत वहु भले वीचारो।।
जो इनि माँहे अंतरु आनें। नर्गिगामी होवे तूं जानें।।
तवि ध्रितराष्टरि वचन उचारे। सुपलकि सुत सुण मीत हमारे।।
कहा करो माया सब लाही। इहि माया हमिरे वसि नाही।।
सुपलकि सुतु तिहि को तजि आया।पांडो सुत पहि आइ ठहिराया।।
कुंती तवि ही वचन उचारे। सुपलकिसुत को कहिति पुकारे।।
मोहि सुत सो कैरौ इहि कीआ। डारि मंदिरलाषि आग दीआ।।
हरि किर्पा उवरे सुत मेरे। कहा कहो मै आगे तेरे ।।
अवि हमि सेती उौर कछु करिही।
हमि सो वैरु अधिक अहि धरही।

भला कीआ हमि प्रति तुमि आए।
आनंदु भया तुमि दर्सनु पाए।
अवि हमि इहि विधि सुण पाई।
सो मै तुमि सो कहा सुनाई।
दो सुत वसु देव के ग्रहि होए।
वसुदेव सभ संसय मनि षोए।
महावली तिन कौ वलु भारा।
पातकि कंसि ताई उनि मारा।
निसवासरि हमि करहि असीसा।
जादव जीवे लाष वरीसा।
महाराज जादव वहु करही।
यादव परि किर्पा हरि धरही।
जवि ते कैरो इहि सुण पाई। प्रगटे है प्रभ यादवराई।।
तवि ते कछु मनि महि भौ आना। हमि संग कर्ना सकहि धिङाना।।
वदरावरि लोको कछु कह्या। भला कीया इनि की सुधि लहा।।
अवि इनि को षसि माना कीना। जो तै इनि के ग्रहि पगु दीना।।
सुपलकि सुत तव कह्यो पुकारे। कुंती सिमरहु प्रान अधारे।।
तोहि सुत इहि वहुतु भलो होवहि। तेरो संसा सभि ही षोवहि।।
अपुनो चितु राषो तुमि ठौरा। संचरु मनि लेहु न भोरा।।
पांडो सुत सों आज्ञा पाई। सुपलकि सुतु चल्यो तव धाई।।
ततक्षण आयो मधुपुरी माही। स्याम सुंदरि तव ही प्रभ चाही।।
जो कछु कुंती विनती ठांनी। सुपलकि सुत सो सकल वषानी।।
साधो निसवासरि गुनि गावो। साईंदास छिनु ना अलिसावो।।११२।।

इति श्री भागवते महा पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे उणिवंझवोध्यायः।।४९।।

जो हरि कंस को पकरि संहारा।
केस सो गह्यो धर्नि पछारा।
पाछे कंसि जोषता आई।
करि धरि पटिकि वहु रुदनु कराई।

रुदनु कर्ति पित उौरि सिधाई।
जरासिंध पाहे वहि आई।
जरासिंधु सो वचनु उचारा।
सुण हो वाति तुमि तात हमारा।
सुत वसुदेव नृप कंसि को मारा।
तिस की भुज महि वलु वहु मारा।
जवि जरासिंधु सुण इहि वाति।
धर्नि पटिकनि लागे वहु माथ।
तबि ही इहि प्रतज्ञा कीई। मनि अंतरि द्रिढ कर्के लीई।।
दाहणे करि भोजनु ना पावो। जवि जादव ना मार चुकाओ।।
जरासिंध नृप और वुलाए। तिन सो सभ विधि आष सुणाए।।
मैं वसुदेव के सुत परि जावो। तांसो जाइ करि युद्ध मचावो।।
तुमि अपुनी सेना ले आवो। तुमि सभ हमिरे संग सिधावो।।
मैं प्रतज्ञा मनि महि कीनी। सभ यादव मारो इहि लीनी।।
सभ नृप सुनति सैन ले आए। मधपुरी माहे सकल समाए।।
सभि सैना तांकी इहि होई। नउदस क्षुहिणी होवै सोई।।
मधिपुरी को घेरा जाइ कीना।
श्री कृष्णचंदि तवि मनि महि लीना।
अपुनो रथु मो पहि नही कोई।
तापरि मग धरहो सुख होई।
पातकि कंसि के रथ ना चर्हो।
उसि के रथि परि पगुना धरहो।
तवि रवि को प्रभ आषि सुणाया।
दोवै रथि वहु अधिकि सवाया।
रवि दोनों रथि दीए पठाई।
अति नीके लीने जदुराई।
वलिदेव सो प्रभ वचनु उचारा।
इहि रथि परि चरहो तत्कारा।
नोदसक्षोहिणी सैना आई।
दंडि लेहि हमि तुमि वहु भाई।

तुमि कहा लेवो हमि क्या देवौ। वहि जलि महि नागझवि षोवौ।।
एहि वचनु कर्के उठि धाए।
जरासिंध के सन्मुख आए।
श्री गोपाल भक्तिनि सुषदाई।
साईंदास प्रभ रचिन रचाई।।११३।।
पुरि के लोक सकल मन त्रासा।
कंपति मुष निकसति नही वाता।
असुर अध्कि निर्ष विस्माए।
इनि से हमि सो कौणु छडाए।
क्या जाने अवि छूटे के नाही।
फांसे है रवि सुत की फांही।
तवि व्रिजनाथ मुष वचनु उचारा।
लोक न स्मझिति षेलु हमारा।
मानसि रूप मोहि करि जानहि।
इहि विधि वहु मनि महि नही आनहि।
मैं इहि विधि लीनो अवतारा।
अधिकि भयो धर्नी सिरि भारा।
षलि असुर प्रगटे अधिकाई।
वसुधा भारु न सकिति उठाई।
वसुधा भारु दूरि करि डारो।
पातकि असुरो को प्रहारो।
अपुने संति जना सुख देवो।
पारि ग्रामी कर्के लेवो।
सभ असुरो को मारि चुकावो।
इनि पतितनि को वीजु गवावो।
फिरि धर्नि परि प्रगटि न होही।
वेग मुअचिंत सुन्न महि सोही।
जरासिंध प्रभ सो कही बात।
मैं युद्ध करो न तुमिरे साथ।

तुमि को दूषनि है अधिकाई।
मात को भ्रात तै लीउो हताई।
जो वलिदेव हमहि युद्ध करावै।
हमि सो युद्ध करि मनु लावै।
तांसो युद्ध करो वहु भाँति।
धरि गिरावो तांकी क्रांति।
जवि जरासिंध इहि वचनु उचारा।
तवि ही युद्ध भयो तत्कारा।
श्री कृष्ण राम तिहि सैना मारी।
अध्कि रक्ति की सिंध मुरारी।
असुर असलता नामु रषायो।
तिहि उस्तति वहु वेद वतायो।
असुरो की जो भुजा कटाई।
ताहि रक्ति महि सरिह आ जाई।
मानो उर्गि फिर्ति जल माही।
काटि दीए प्रभ कछु न वसाही।
जो पल्लो करि के कटि डारे। मानो मीन फिर्ति जल धारे।।
सिर के केस जो देहि दिषाई। मानो सती नाल है मेरे भाई।।
कुंडलि उौरु छापतिहि माही। मानो सूक्ष्म नषन दिषाई।।
उौरु पागि सिर ते जो झरे। मानो वगि डान है षरे।।
इहि सरूप की नदी वहाई। साईंदास सोभा वनि आई।।११४।।

सभ सैना नृप की हरि मारी।
अपुनी लील्हा प्रभ ने धारी।
वलिदेव ने जरासिंध सों गह्या।
रथि सों वांधि फिरि रथि परि वह्या।
लीए लीए आए हरि पाहे।
निर्षति वलदेव कृष्ण उो राहे।
जो मुष कहो मारि के डारो।
इसि पातकि को धर्नि पछारो।

दीनानाथ अंतरि विधि जानी।
तवि मुष ते इहि वाति वषानी।
तजि देहि अवरि असुर ले आवै।
करि इकत्रि सभ आण मरावै।
वलिदेव ने नृप को तजि दीना।
जरासिंधि तव इहि मनि कीना।
जरासिंधि है नामु हमारा।
मोहि सैना इनि वाल्क मारा।
अवि क्या मुष ले करि मै जावों।
अपुने नग्रि को मै उठि धावों।
मनि आवत लेउो वनिवासा।
उौरु त्यागो सकली आसा।
तवि सैना नृप को प्रतु दीना।
क्या संचरु तै मनि महि लीना।
तुमिरे पिंड महि होइ कल्याना।
हे नृप महा वली तूं सुजाना।
सैना फेरि अधिक कर ल्यावहि।
इहि दोई वाल्क मार चुकावहि।
इनि को जीवति रहनि न देवहि।
चलहो उौर सैन करि लेवहि।
दसि सतवार सैन ले आए।
श्री कृष्णचंदि सभ मार चुकाए।
जरासिंध के नार्द आया।
महान महान स्याम मनि भाया।
जरासिंध उठि सन्मुख आया।
नार्द जी के पगि लपिटाया।
पग पषार आसन वैसाया।
अति अधीन होइ वैन सुणाया।
बोले राजा नमो महान। तार्नि हमि सें पर्मि अजान।।
पुनि बोले नार्द सुर ज्ञान। सदा रिदे जांके भगवान।।

राजा जी समिझावो मुझे। चिंता सी देषहि कछु तुझे।।
निर्भो है क्युँ तुमिरा राजु। चिंता स्यूँ किउ बैठे आजु।।
जरासिंध पुनि वोले वैन। महावली है पंकज नैन।।
हौ भागा हरि ते वहु वार। मुझि ते भागहि रणा मुरार।।
इहि चिंता है हिर्दे मांहि। किउं ही हमिरा शोक मिटाहि।।
जो जो परे तुमारी सर्न। सभि दुःख मोचन तुमरे चर्न।।
एकि वार भागे भगवांन। पूर्न होहि हमारे काम।।
वोले नार्द महा महान। सुगम वाति है सुनहु सुजान।।
काल यम्न पहि दूत पठाइ। सभि व्रितांतु जा तिसें सुनाइ।।
मथुरा प्रगटे राम मुरार। तिन हौ जीत्यो सत्रहि वार।।
जो तू हमिरा करहि सहाइ। वस कीजै तब यादवराइ।।
काब्ल ते तुमि आवो धाइ। हौ आवो सभ सैन मिलाइ।।
जीवति पकरे केशव राम। पूर्न होहि तुमारे काम।।
काल यम्न कावल ते आवहि। इहि दिस तुमरी सैन सिधावै।।
घेरि लेहि मथुरा कौ जाइ। कहा जाइ वल अरु हरिराइ।।
गहि लीजहि दोनहु नंदि नंदन। दीनदयानिधि दुष्ट निकंदन।।
जरासिंध एहि मानी वात। नीकी कही हमारे तात।।
नार्द कौ पुनि राजा कही। सर्न तुम्हारी हमि ह्वदिगही।।
तांपहि तुमि ही जावो देव। कीजै सुफल हमारो सेव।।
तुमि कौ जात न लागे वार। तुमि तौ मनिसापरि असिवार।।
करो क्रिपा इहु कष्टु मिटावहु। कालयम्न पहि आप सिधावहु।।
वहुतु भला नार्द जी कही। तुमिरी पीडा जात न सही।।
उडे गुसाईं महा महंत। हरि नारायण जपते मंत।।
कालयम्न षलु वहु वलिकारी। जरासिंध प्रीत्म हितकारी।।
पुरा सांन माहे तिहि वासा।
रहिति अनिदिन वहु प्रीत प्यासा।

एक दिनसि नार्द क्या कीया।
कालयम्न के ग्रहि पगु दीया।

कालयम्न सो वचनु उचारा।
कालयम्न सुणु वचनु हमारा।

जरासिंध तोहि सखा कहावै।
ताहि अवस्ता दुःख दिषावै।
वसुदेव सुत तां संग इहि कीना।
सकल सैन तांकी हति लीना।
महा अध्कि दुःख तांको दीआ।
तो मैं वचु तुम सो है कीआ।
सषा प्रीत्म वही भला कहावै।
जो अपुने प्रीत्म काम आवै।
अवि तुमि तांकी करो सहाई।
साईं दास तुमि कह्यो सुहाई।।११५।।
कालयम्न इहि विधि सुण पाई।
नार्द ऋषि तिहि आष सुणाई।
तीन क्षुहिणी सैन ले धाया।
तत्क्षण महि मथुरा निकटि आया।
जरासिंध तिहि सुनति आवति।
इहि विधि कृष्ण ह्दे सकुचावति।
जो षल कालयम्न उैर जावो।
तांसो जा करि युद्ध मचावो।
पाछे नृप जरासिंध जु आवै।
पुरि के लोक सभ बांधि ले जावै।
जरासिंध जो सन्मुख जाही। कालयम्न पै से पुरि माही।।
बांधि लेइ हमिरो परिवारु। कछु संकर्षण मंत्र उचारु।।
एकु कामु उैरु मै करहो। पुरि के लोक दर्वाजा करहो।।
जा दधि माहे नग्रु वसावे। चित्तु ठौर कर्के फिरि आवो।।
कौलापति त्रिभवनि नरंकारा। नाथ अनाथनि अपर अपारा।।
विश्वकर्म्मा को आज्ञा कीनी। इहि आज्ञा प्रभ तांको दीनी।।
दधि माहे ग्रहि भला वनावो। अध्कि सुंदरि तांको उपजावो।।
विश्वकर्मे जो आज्ञा पाई। ग्रहि साजन को चल्यो धाई।।
महासुंदरि ग्रहि ताहि वनाया। वज्र सुंदरि तांको लाया।।

ताहि किंगुरे फटिकि वनाए। मानो वैकुंठ सोभति भाए।।
वाग अध्कि द्वारे ग्रहि लाए। ग्रहि द्वार वैकुंठि दिषाए।।
पुनि माया भगवान वुलाई। तात्काल वहु प्रभ पहि आई।।
हरि दासी आई हरि सर्न। पर्से सुष निधि पंकज चर्न।।
करि डंडौत हरि सन्मुष षरी। हरि मूर्ति नैनहु मैं परी।।
जोग माया को श्री भगवान। आज्ञा कीनी पुर्ष पुरान।।
मथुरा के जन षडहु उठाइ। सोए रहे न किसी जगाइ।।
पुरी द्वारका महि षडि पाइ। तात्काल कछु वार न लाइ।।
सभ उठाइ माया जन षरे। पुरी द्वारका महि ले धरे।।
अति अचित महिमा कर्तार। जो लील्हा सो अपरि अपार।।
प्रीति भई जागे सभ संत।
देषे सागरि तीर अनंत।
श्री कृष्ण लोक पुरि ताहि वसाए।
वलिदेव को तिहि पहि तजि आए।
आप आए मथुरा पुर माही।
आस्रमु आइ लीनो हरि ताही।
हरि संतनि को सदा सहाई।
साईंदास जपो मन लाई।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे पंचासमोध्यायः।।५०।।

वज्र जादम मधिपुरी माही।
सेवकु हरि को डहिले नाही।
पुरि को हुकम ताहि को दीना।
इहि करुणा प्रभ ता परि कीना।
पुरि के द्वार तिहि दीए चढाई।
अंतरि पुरि वैठे जदराई।
कालयम्न युद्ध को उमिडाया।
ग्रहि त्याग नागो उठि धाया।

श्री कृष्णचंदि आगे होयो जाई।
कालयम्न हरि पाछे धाई।
नृप परीक्षति सुकदेव सुनायो।
प्रभु तिहि सन्मुष क्युँ नही आयो।
किर्पा करि प्रभ देउं वताई।
मेहि मनि ते संचरु हिरि जाई।
शकु प्रतु नृप प्रीक्षति कौ दीना।
भलो प्रश्नु नृप तैने कीना।
तिहि म्लेछ जाने तजि दीआ।
इहि विधि तिहि पर्सनु ना कीआ।
वहुरो तिसि की आद सुनावौ।
तुमिरा संचरु सकल मिटावौ।
गर्ग प्रोहति था जदुकुल का।
थी जद दई विर्त कीचुल का।
चुलका कहिति कोऊ सुर ज्ञान।
कोऊ कहिति संकल्प महांन।
था विरक्ता इहु व्याहु न करे।
सदा हृदे पग प्रभ के धरे।
यादव लागे कर्नि विचार।
गर्ग प्रोहतु कर्ति न नार।
या बिनु हमिरा प्रोहतु कौनु।
सूना संतत दिज विनु भौनु।
आवहु कोऊ उपाउ वनावहि।
किवे गर्गि को व्याहु करावहि।
कोईक दिजको चानक लाय्यै।
कछु हांसी करि गर्ग षिझाय्यै।
हांसी सुन मतु व्याहे नार।
वांते उपजहि सुत सुकुमार।
तवै गर्गि जदकुल महि आया। तब जद कौरों वचनु सुनाया।
गर्गि प्रोहतु पुर्षु न होइ। पुर्षु सोऊ जो व्याहे जोइ।

हे नरि पुंसक संसा नाही। कासु न यांके तनि के माहि।।
कछुक क्रोधु सुन प्रोहति कह्यो। इहि निश्चा घटि भीतरि धर्‌यो।।
को ऐसा हमि सुत उपजावहि। याते यादव सभ भज जावहि।।
काबल पर्‌यो रुद्र को थान। तहा गयौ दिज गर्ग महान।।
लागा शंकर का तपु कर्न। सदा ध्यावे शिव के चर्न।।
केतकि दिन को दिज वलिवंति। लोहि चूंन की तली महंति।।
ऐसा दारुण लेत अहारा। उदरि मिलावै घसिआ सारु।।
अति प्रसन्न तापरि शिव भया। रुद्र गर्गि को दर्सनु दया।।
नखि सिष लौ अति अद्भुत रूप। सकली अकार है सदा अनूप।।
नमिस्कार गर्गि तिहि कीनी। अनेक उस्तति मुष ते उचिरीनी।।
सुन जसु शंकर भए प्रसन्न। सदा रहै जिहि हरि ब्रह्मन्न।।
विप गर्गि को शंकर वोले। सभ सुषदायक वचन अमोले।।
कछु वरु मांगो संत सुजान। राषौ सभै तुमारा मान।।
गर्ग कह्या ऐसा वरु दीजै। करुणा सागर करुणा कीजै।।
को ऐसा वेटा हमि पावहि। यांके भै यादव भज जावहि।।
तथा अस्त शंकर जी कह्यो। इहि वर गर्ग प्रोहति लह्यो।।
वरु दे शंकर महा महान। भए गर्गि ते अंतरि ध्यान।।
गर्गि प्रोहति इहि वरु पाया। तवै गुसांई कावल आया।।
कावल का इकु था अधिकारी। यवन म्लेछ वडा वलिकारी।।
तिनि प्रोहिति को वेटी दई। गर्गि विप की तिरीआ भई।।
कोई कि दिन तहा रसे गुसाईं। ज्युँ ससुरार जवाई न्याई।।
तवै गर्गि के वाल्कु आया। कालयम्न तिहि नामु रषाया।।
सुत उपिजाइ गर्गु उठि धाया। कालयम्न इउं उतिपति भया।।
कालयम्न नाने के धाम। वडा भया सुष सो विस्राम।।
जवि तांका नाना मरि गया। कालयम्न तव राजा भया।।
संत जना वचु पूर्न कर्न। इसि नमित्त भागै दुःख हर्न।।
तांसो कैसे अंगु छुहावै। इहि प्रजोग प्रभु तिहि तजि जावै।।
प्रभ कंदरा प्रवेसु करायो। षल द्रिग से जाइ आप वरायो।।
कालयम्न पाछे से आया। मुचकंदि पहि आइ ठहिराया।।
पीतंवरु तिहि नैन निहारा। ज्यान्यो कृष्ण पर्‌यौ मनिधारा।।

प्रभु जाइ अस्थावरि परि चरिआ। हरि पाछे पगु षल नही धरआ।।
तहा कंदरा अति अंधारी। कीउो प्रवेसु तहा कुंज विहारी।।
मुंचकंदि ऋषि सुत महांधाता। तहा रहित भजन हरि राता।।
तहि समे मुचकंद सुष कर्यौ। शैनु कोउो हरि सो चितु धर्यो।।
श्री कृष्ण पीतांवरि डार्यो। आप कंदिरा महि पगु धार्यो।।
प्रभु कंदिरा प्रवेसु करायो। खल द्रिग से जाइ आप वरायो।।
कालयम्न पाछे से आया। मुचकंदि पहि आइ ठहिराया।।
पीतंवरु तिहि नैन निहारा। ज्यान्यो कृष्ण परे मनि धारा।।
सिंषचलाति षल ने तिहि मारी। जाग परा ऋषु कह्यो पुकारी।।
ऋषि अति क्रोधु हृदे उपिजायो। कालयम्न को भस्म करायो।।
नृप परीक्षति इहि सुण विस्माया। ऋषि कैसे षलु भस्म कराया।।
इहि संचरु हमिरे मन पर्यो। भस्म कैसे ऋषि तांको कर्यो।।
हे शुक जी करुणा मोह धारो। इहि विधि को मोह देहि वीचारो।।
शुकदेव कह्यो नृप मनि सुनि लेवो। उौर ठौर कहू चितु न देवो।।
असुर अमर को वहु दुःख देवहि। अमरो वहु को घातु करेवहि।।
गंधर्व सकले मिल कर आए। मुचकंद भक्ति सो वचनु सुनाए।।
हे नृप हमि वहुता दुःख पावहि। असुर अधिक हमि आइ संतावहि।।
तुम सहाइ करो हमि धाई। असुरो सो चलि करो लराई।।
अमरो जवि इहि भूपति सुनायो। इहि प्रतु सुण भूप तत्क्षण धायो।।
असुरो सो वहुता युद्ध कीना। सकल असुर भूपति हनि लीना।।
अमिरो होई कल्याना। भूपति सो तिहि वचनु वषाना।।
वरु मांगो देवहि तुमि ताई। हमि वरु अपनु होहे अति अधिकाई।।
मुचकंद तिहि कह्यो सुनाई। सुन वंधू तुमि हमिरे भाई।।
मै जा शैनु करो अधिकाई। सुष उपजे भौ सकल तजाई।।
जो कोऊ मोको आइ जगाई। ततक्षण महि भस्मति हो जाई।।
अमरो कह्यो अैसे ही होई। जो तुम कह्यो होइ फुनि सोई।।
मुचकंदु वरु ले कर आया। ईहा आइ कर सैनु कराया।।

अमरो वरु अन्यथा ना जाई। जो वचु कहें सो होई भाई।।
तिह वचु षलु भस्मतु करायो। मुचकंदु तिन आइ जगायो।।
प्रीक्षति जव ते इहि प्रतु पायो। सकल भर्मु तिन ह्रदे चुकायो।।
श्री कृष्ण कंदिरा जकर आया। मुचकंद दर्सनु हरि पाया।।
मुचकंद सो वचनु उचारा। तूं निकटी हे भगतु हमारा।।
कछु मांगो मुष तुमि को देवों। सुप्रसंन्न आतम कर लेवो।।
मुचकंद तव वात उचारी। प्रांन पुर्ष श्री कुंज विहारी।।
तुमरी भक्त रहे ह्रदे माही। जासि रहे सभ दुःख मिटि जाही।।
भगत वछल प्रभ सदा सहाई। धन्य धन्य मुष ते उचराही।।
छत्री होइ भक्त मोहि जाचहि। तजि विष्या हमिरे रंग राचहि।।
भक्त सदा तुम मस्तक होई। उौरु मांगु देवैं फुनि सोई।।
तव कह्यो नृप सुन हो जदुराई। उौरु वांछा मन नाही काई।।
प्रभ कह्यो जाइ राज करावो। मोहि भगत ग्रहि मांहि कमावों।।
मुचकंद आग्या जव पाई। नग्रि चल्यो वेग उठि धाई।।
नग्रि माहि जाइ राजु करायो। हरि को भजनु तिहि सहित कमायो।।
तांको प्रभ क्रितार्थु कीना। साईंदास अध्कि सुष लीना।। ११७।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे इकवंजमोध्यायः।।५१।।

श्री गोपाल मध्य पुरी महि आए। पुर माहे आइ कर ठहिराए।।
राम द्वारका सों तव आया। जां कृष्ण चंद जू वहु चिरु लाया।।
श्री कृष्ण सहित वल भद्र सहाई। महा अध्कि सोभति जदुराई।।
जरासिंध तव ही फिर आया। पुर को आइ तिन घेरा पाया।।
श्री कृष्ण रामु तिहि सन्मुख धाए। सैना देषि वहुरि फिर आए।।
महा अधिक सैंना तिहि आनी। पारावारु न जाइ वषानी।।
तव जरासिंध के आगे भागे। महा विकटि वन के मग लागे।।
जाइ विकट वनि आप दुरायो। जरासिंध तिहि पाछे धायो।।
जरासिंध वन आग लगाई। श्री कृष्ण कह्यो सुण वलदेव भाई।।
अग्नि निकटि आई क्या करीए। मार्ग को क्युँ करि पगु धरीए।।
राम कह्यो सुण हो मेरे भाई। मार्गि गगन चल्यो तुम धाई।।

दोनों वीर गगन पग धारे। कंचन पुर मगु लीयो विचारे।।
जरा सिंध उलटे पग दीया। मघवापुर को मगु हत लीया।।
अपुने पुर माहें चलि आए। अति अनंद मन माहि वसाए।।
श्री गोपाल अैसे ही भाया। संत हेत प्रभ कर्मु कमाया।।
भक्ति वचनु की पैज रषाया। साईंदास सन्मुष झूझाया।।११८।।

इकि राजा कारेवत नामा। तिह आइ पर्स श्री बलिराम।।
तांकी कंन्या पर्म उदार। नामु रेवती अति सुकुमार।।
तन त्रेता का पर्म रिसाल। जीवत भया तिसे चिरकाल।।
पिता राम के आये धरी। हाथ जोरि अति विनती करी।।
दीन होइ पर्स हरि चर्न। प्यारी सुता तुम्हारी सर्न।।
हलधर मन महि कर्यो विचार। हम छोटे इहि वड़ी अपार।।
हलु तांके गलि मेल्यो राम। प्रभ अवनाशी पूर्न काम।।
षिची तले को पुर्ष पुरान। कर लीनी प्रभ आप समान।।
भयो विवाह अनंदि साथ। दूलो बने हलाइधि नाथ।।
हलधरि जी को कह्यो विवाह। जपी अहि अच्युत अल्ष अथाह।।
कुंदन पुरु इकु नग्रु कहावै। भीष्म नृप तहा राजु करावै।।
एक सुता पाँच सुत ग्रहि माही।।
रुक्मन नामु ताहि सुण पायो। निगम वात इहि मोहि सुणायो।।
लोको सो रुकमण सुन पाई। महावली प्रभ जादवराई।।
वासुदेव को सुत कृष्ण है नाम। सभ विधि पूर्न मन विश्राम।।
कंस दुष्ट को तिन ही मारा। सकल असुर कों पकरि संघारा।।
जो वहु वरु पावो भला होई। अवरु वात करों नहि कोई।।
शिव वनिता पूजा मन धारों। ताहि ध्यान घटि माहि वीचारों।।
ताहि दया कर इहि वरु पावों। मन इछा अपुनी सकल पुजावों।।
शिव वनिता सें वा चितु लाया। भीष्म दुहिता जत्नु कमाया।।
माता पिता तांके सुण पायो। इहि दुहिता वहु जत्न कमायो।।
गौरी की सेवा चितु धारा। घटि अपुने इहि लीयो वीचारा।।
श्री कृष्णचंद हमरो पतु होई। जो वांछो देवो तुम सोई।।
इहि प्रजोग तिहि भजनु कमायो। गौरांकी भक्ती चितु लायो।।

श्री कृष्णचंदि सो इहि संजुक्त करावहि।
इस विधि कामना सकल पुजावहि।।
रुक्मनीआ रुक्मन को भाई। तिन मन महि इहि विधि ठहिराई
ससपाल सहित संजुक्त करावों। साईंदास सुष मन उपजावों।।११९।।

रुक्मने लिष पती पठाई। नृप ससिपाल आवो तुम धाई।।
रुक्मन को कार्जु कर देवों। तुमरी सेवा अध्कि करावों।।
जव रुक्मन इहि विधि सुण पाई। रुक्मने पतीआ दुष्ट पठाई।।
ससिपाल दुष्ट कौ तिने वुलाया। मोहि वीर मोहि वैरु कमाया।।
रुक्मन इकु दिज लीयो वुलाई। तांको मोती दीए अध्किाई।।
लिष पतीआ तांको उनि दीनी। हाथ जोरि कर विनती कीनी।।
हे दिज कंचन पुर पग धारो। हमरो वचनु मन महि वीचारो।।
इहि पतीआ नारायण दीजै। चर्न बंदना हितु लाइ कीजै।।
निसवासर हमि तुमरो ध्याना। तुमरे ध्यान उर्झे हम प्रांना।।
जो कछु तनु मनु धनु मेरो होई। तोह अर्थ कीनो मै सोई।।
अव तुम वस्तु देत लै जावों। तिहि पाछे हरि विर्दु लजावों।।
मेरी सर्नि परी हरि तेरी। ज्युँ जानो राषो लाज मेरी।।
ससपालु असुर वहु संग ल्याया। जरासिंध दंत बकत्र सबाया।।
महावली तिनहैं दुष्ट आने। कुंदनपुर महि आइ ठहिराने।।
दिज संदेसे लेकर धाया। द्वारका पुर मार्ग चितु लाया।।
श्री कृष्ण कह्यो द्वार पालक ताई। सुण ही वात मैं तोहि सुणाई।।
इकु दिज आजु दूर सो आवै। हमरे द्वार पहि आइ ठहिरावै।।
मो पहि तुमै वेग ले आवे। मतु तूं मन महि कछु सकुचावहि।।
क्षिण इक पिछो तव दिज आयो। द्वारपाल ले अंतर धायो।।
दिज को षडि प्रभ पहि षडा कीआ।
प्रभ ने दिज को उर महि लीआ।
पूछति प्रभु दिज कह्यो सुणाई।
कृपा करी क्या मन तुम आई।
दिज कह्यो प्रभ वाति सुणावो। एक एक मै तोह वतावो।।
रुक्मन मोह तोहि पाहि पठायो। इहि प्रजोग मै तुझि पहि आयो।।

पतीआ रुक्मन की कढि दीनी। मुष अपने सें विनती कीनी।।
जो रुक्मन मुष वचन सुनाए। दिज प्रभ ताई आइ वताए।।
प्रभ पतीआ रुक्मन पढि लीनी। साईंदास विधि मन महि कीनी।।१२०।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे बवंजमोध्यायः।।५२।।

दिज को प्रभ ने कह्यो सुणाई। कार्जु कव हौवे मेरे भाई।।
इहि विधि सुण दिज विनती ठांनी। मै वलि जावौं सारंग पानी।।
कार्जु तीन दिवस पाछे होई। जो विधि सी आषी मैं सोई।।
पार ब्रह्म हरि भक्त उधार्न। श्री गोपाल जी असुर संघार्न।।
तव ही गर्ड को लीउो वुलाई। गर्ड आयो छिन विल्म न लाई।।
श्री कृष्ण गर्ड के ऊपरि चढिआ। दिज के सहित लै गवनु करआ।।
दो दिन भी दिज ने ढिल कीनी।
रुक्मन इहि विधि मन महि लीनी।
हम सार्ष तिह घर वहु नारी।
उनि परवाहि न करी हमारी।
रुक्मन रंगु भयो वदिलाई।
पान पत्र पीरी देत दिषाई।
सूष्म भई चिता मन लीए।
रुक्मन दुषत है अपुने जीए।
लोक कह्यो वसुदेव के नंदन। श्री कृष्णचंद माधो मकरंदन।।
आइ वाग माहे ठहिरायो। रुक्मन इहि सुण कर सुष पायो।।
दिजु तव ही रुक्मन पहि आयो। सभ व्रितांतु तिहि आष सुणायो।।
रुक्मन निर्ष अनंदु वहु पायो। चिंता जीउो सभ तजायो।।
नग्र माहि सभ लोको सुण पायो। वसुदेव को सुतु श्री कृष्ण है आयो।।
वनिता रुक्मन को ले धाई। गोरां के अस्तल ले आई।।
शिव वनता की पूजा कार्नि। धाई चली रामा तत्कार्नि।।
तहा जाइ कर पूजा कीनी। सीसु निवाइ डंडौत वहु कीनी।।
रुक्मन सों तिन्हा वचनु उचारा। वहु ससपाल सो सषा हमारा।।
रुक्मन रंचक मुष ते भाषा। कृष्ण सषा हमरा होइ आषा।।

तव रामा सभ कह्यो पुकारे। हे रुक्मन क्या वात उचारे।।
रुक्मन रामा को प्रतु दीना।
जो तुम कह्यो सो मन धरि लीना।
रुक्मनीआ सुतु भीष्म केरा।
कुंदन पुर महि तांको डेरा।
रषिक वहुतु रुक्मन संग दीए।
श्री कृष्णचंद वास मन अंतर लीए।
श्री कृष्ण आयो मतु लेकर जावै।
जग महि हमहि कलंकु लगावै।
पूजा कर रांमा उठि धाई।
गोरां भवनु तजि मग महि आई।
रुक्मन घटि हौरे हौरे जावो।
मतु आवे हम दर्सनु पावो।
जो ले चले अधिक भलो होई।
नाहित दर्सनु देवै सोई।
रुक्मन इहि मन धावै जावै।
होरे हौरे पग मग ठहिरावै।
श्री गोपाल दुष्ट टार्नि हारा।
संत सहाई निर्भै नरंकारा।
वैंन वजावति तव ही आयो।
गर्ड चढ्यो हरि दर्सु दिषायो।
जो रक्षक रुक्मन संग आए।
दर्सनु देषि सकल वौराए।
ठांढे रहे सुधि वुधि वौरानी।
साईंदास हरि इहि मन मानी।।१२१।।

श्री कृष्ण आइ रुक्मन करु लीना।
रथ पर आण आसनु तिह दीना।
द्वारका पुर ताई उठि धाई।
तव वलभद्र वचन सुनाए।

हे प्रभ तुम सुष सों ग्रहि जावों।
तहा जाइ कर आश्रमु पावों।
मैं पाछे युद्ध करकें आवो।
जो युद्ध करे तिहि मार चुकावो।
रुक्मन सहित लई हरि धाए।
राम तहूं मग महि ठहिराए।
जरासिंध औरु असुर घनेरे।
संग लीए आए वहुतेरे।
रुक्मन जव इहि असुर निहारे।
भई भै चक्रति मन संचरु धारे।
एहि संचरु लीनो मन माहि।
प्रभ सों षस्यि मोको ले जाही।
प्रभ जी रुक्मन उौरि निहारा।
संचरु मत ताहूं मन धारा।
रुक्मन को तव वचन उचारे।
सभ विधि प्रभ जी जानण हारे।
हे रुक्मन मतु नाहि डुलावो।
क्युँ संचरु मन माहि ल्यावो।
जरासिंध मुष कह्यो सुणाई।
सुनो लोक तुम हितु चितु लाई।
सभ सभि नृप क्या मुष दिषलावहि।
जो इहि जादव वंस ले जावहि।
हम बडे नृप पति सति से लीए। ठांढे है वलु कछु ना कीए।।
जादव जात कहा कहु कहीए। ताहि नामु क्युँ मुष उचिरहीए।।
धिग हमि जन्मु जो इहि ले जावै। हमरो वंसु कुल सकल लजावै।।
जग महि जीवणु क्या मेरे भाई। जब कुल हमरो जाई लजाई।।
थौरे दिन जीआ वहु नीका। जो सोभति को लीजे टीका।।
जरासिंध इहि मन महि धारी। साईंदास जो कहित पुकारी।।१२२।।

इति श्री भागवते महा पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे त्रिवंझिमोध्यायः।।५३।।

जरासिंध सैना ले धायो।
ततक्षिण महि हरि के निकट आयो।
जादव तव सन्मुष होइ आए।
जरासिंध सों युद्ध कराए।
थक्ति भए पाछे हरि डारे।
इहि प्रयोग जादव भी हारे।
श्री कृष्ण राम आगे को आए।
जरासिंध को सन्मुष धाए।
वहु सैंना जरासिंध की मारी।
राम कृष्ण को वलु भुज भारी।
केते भाग गए तत्कारा।
ससपाल निकट आइ ताहि पुकारा।
श्री कृष्णचंद को वलु अति भारी।
को समसर नाही वनवारी।
हे नृप तुम सिर होइ कल्याना।
तोहि कल्यान करे पुर्ष निधाना।
रुकमा तवही वचन उचारे। सुण ससपाल तूं वीर हमारे।।
मैं ताहूँ के पाछे जावों। रुक्मन को मैं फेरि ल्यावो।।
लज्जा मानु होयो जग माही। कहा मुष जग महि निकसाही।।
मोहि वहिन को वहि ले धाया। हमरे घर जोरा उनि लाया।।
मैं जाइ तांसो युद्ध मचावो। तांको हति रुक्मनि ले आवो।।
मै जो रुक्मनि को नही आनो।
इहि निश्चा मन माहे मानो।
वहुरि जीवति ईहा न आवों।
कुंदनपुर महि पगु नां पावों।
एहि प्रतज्ञा कर्के धाया।
दोक्षूहणी सैना संग ल्याया।
वचन उचार कह्यो हरि ताई।
ठांढा रहु कहां भागा जाई।

हम सो युद्ध कर्के तुम जावों।
आन अमान क्युँ तुमे हिरावों।
राम कृष्ण सुण इहि ठहिराए।
रुक्मां के वहि सन्मुष धाए।
जो कुछ सैंना इहि संग आनी।
श्री कृष्ण राम भारी मन मानी।
चाहित कृष्ण दुष्ट को मारे।
तव रुक्मनि इहि वचन उचारे।
हे प्रभ इहि तुम गति ना जानें।
तुमरी गति को नाह पछानें।
जव रुक्मनि इहि वात वषानी।
श्री व्रिज राज हृदे महि मानी।
मार्नि तजि तिहि मूँड मुँडाया।
रथ अपने सों वांधि चलाया।
रुक्मा जव रामहि निहारा।
रथ सों वांधा है तत्कारा।
मुष अपुने ते वचनु सुनाया।
हे प्रभ तै भला नाह कराया।
रुक्मा को काहे वंधि लीया।
इहि कार्णु काहे तुम कीया।
लोक हमारी निंद्या करई।
श्री कृष्ण काम अैसे चित धरई।
जव वलिदेव ने इहि वचु कीआ।
श्री कृष्णचंद मुक्ता तिस कीआ।
रुक्मा प्रतज्ञा कर आया।
कुंदनपुर से जव ही धाया।
जो रुक्मनि को फेरि न ल्यावों।
जीवति कुंदन पुर ना आवों।
सिरु मुँडा सैंना सभ मारी। अवि कुंदनपुर के पगु धारी।
एक नग्रु तिह अवरु वसायो। साईंदास तिह महि ठहिरायो।।१२३।।

द्वारका प्रभु रुक्मनि ले आया। भले महूर्त्त काजु रचाया।।
अमरो की वनिता सभ आई। हिर्षमान होइ मंगल गाई।।
सुरपति की दारा भी आई। मोतन माल संग ल्याई।।
तांका मोल मै कहा वषानों। ताहि मोल की गति ना जानों।।
रुक्मनि के उरि माहे डारी। अशीर्वादु मुष वचन उचारी।।
तोहि पति सदा सदा ही जीवो। तांते तोहि मनि वहु सुषु थीवे।।
वंदी जन तव वहु मिल आए।
ताल मृदंग अनेक वजाए।
भवन भवन पर मंगल गाही।
मंगल गावहि वहु हिर्षाही।
कामरूप इकि दिन क्या कीआ।
चोआ चंदन अंग को दीआ।
भामनी रूप आपना कीया।
केस महि कुस्म अध्कि तिन दीया।
अंवर नाना अंग उढाए।
भूषत अंबर वहु फहिराए।
सुंदर रूपु तिहि वर्नि न जाई।
इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे व्यासीमोध्यायः।।८२।।

कुंती सुत सो जोहत आई। प्रभ पाहे आइ कर ठहिराई।।
मुष ते एही वचनु उचारा। हे पूर्न प्रभ प्रांन अधारा।।
जादम सभ की करु कल्याना। हे पर्मानंद पद निर्बाना।।
इक दिन हमरी करहि सहाई। जादम प्रभ होवहि अधिकाई।।
कैरो मन तब करहहि त्रासा। जाने कृष्ण हमारे पासा।।
कुंती वसुदेव सों उचिरायो। वीर जानतिहि आष सुनायो।।
कैरो हमि सों वैरु करायो। तुमहि हमारी सुर्ति न पायो।।
मैं तो कहित तूं वीरु हमारा। कह्यो कवन विधि तैं मन धारा।।
वंधू और काम किस आवहि। जो इस उौसर नां उठि पावहि।।

इक दिन भी हमि पहि नही आयो।
हमि पूछनि को चितु न लायो।
तव वसुदेव दीयो प्रतु तांको।
इहि विधि कर परचायो वांको।
दुष्ट कंस हमि बंदि डलायो।
तांसे महा अधिक दुष पायो।
कृपा करी हमि पर वनवारी।
दुष्टु हत्यो श्री कुंज विहारी।
हमि कों तासि सें लीयो छडाई।
इहि करुणा हरि हमहि कराई।
अवि चाहित था तुम पहि आयो।
तुमरो हरि ईहा दर्सु दिषायो।
कुंती सुण वचि शांत घर आई। मन की विर्था सभ सुण पाई।।
साधो हर जन सदा सहाई। साईं दास सुष रह्यो समाई।। २१८।।

द्रुपद सुता तव वचन उचारे। रुक्मण सों कह्यो तत्कारे।।
कार्जु कैसे तोहि भयो है। श्री कृष्ण कुंदन पुर कैसे गयो है।।
इसि का मोहि वीचारु सुनावो। छिन मात्र ना विलम करावो।।
रुक्मन ने तांको प्रतु दीना। मोहि कार्जु अैसे कर लीना।।
मम पिता भीष्म नामु कहावै। तांकी वात कर मनु सुषु पावै।।
तुलसी है जननी को नामा। अधिक भलो वहु नीकी रामा।।
मोह पित मात ने मतु ठहिरायो। चाहित कृष्ण संयुक्त करायो।।
रुक्मना नामुं वंधू इकु मेरा। तिह तिन सो उठि कीनो झेरा।।
उोहु कहे ससपाल को देवो। तांसो एहि संजुक्त करेवो।।
मै लोको सों इहि सुण पाई। महा वली प्रभ जादम राई।।
कंस दुष्ट को जिने प्रहारा। तांकी भुज महि वलु वहु भारा।।
मै मन ध्यानु तास को कीना। चर्न कमल सों मैं चितु दीना।।
रुक्मे पतीआ वेग पठाई। ससपाल वेग आवो मेरे भाई।।
कार्जु रुक्मन को कर देवो। आदर भाउ तुमरा मै लेवो।।
मैं भी इक विपु लीयो वुलाई। तांसो सकली वात सुनाई।।

दीई अंकूर तास के तांई। पतीआ ले जाह कृष्ण के पाही।।
मो ते जव दिज ने कर लीने। तास समे पग मग महि दीने।।
ततक्षिण महि आयो हरि पाही। मोह पतीआ तिहि आन दिषाही।।
चर्न वंदिना मोहि सुनायो। प्रभ सकली विधि मन ठहिरायो।।
रथ पर चढि वेग उठि धायो। ततक्षिण कुंदन पुर महि आयो।।
ससिपाल अधिक सैंना ले आया। दंत वक्रत जरासिंध सवाया।।
मोको रामां लेकर धाई। गौरांके अस्तल ले आई।।
हमि सें पूजा तहा कराई।
जोषिता सभ मोहि कह्यो सुनाई।
कहु ससिपाल हमि होइ सुषदाई।
अैसे रामां मोहि सुनाई।
मैं कह्यो श्री कृष्ण मोह होइ सुषदाई।
तव सभ रामां ने सुण पाई।
मोह कह्यो तै क्या उचिरायो। हे रुक्मण क्या शब्द सुनायो।।
तव मै कह्यो जो तुमने भाषा। सोई है मैं मुष ते आषा।।
मो को फिर ग्रहि को ले धाई। मम संग जोधे थे अधिकाई।।
मोहि रक्षक मोहि वंधू दीने। अधिक उपाउ तासि ने कीनें।।
मैं मग महि हौरे हौरे जावो। मतु श्री कृष्ण कों दर्सनु पावो।।
प्रभ नें तव ही बेन वजाई। सुनति शब्द सुधि सकल भुलाई।।
मोको रथ प्रभ लीयो चढाई। गवन कीयो तव जादम राई।।
पाछे से जोधे वहु आए। श्री गोपाल जी सकल हताए।।
रुक्मन सभ विधि ताह सुनायो। साईंदास द्रोपती सुण पायो।।११९।।

वहुरो द्रोपती ने वचु कीआ। सत भावा सो एहि पुछ लीआ।।
अपुने कार्ज की वात सुनावो। एहि वचु मोह ह्दे ठहिरावो।।
सतिभावा तांको प्रतु दीना। जो कछु वचु द्रोपती नें कीना।।
मम पित हरि को दोसु लगायो। झूठु वहु कीयो आगे आयो।।
मन अपुने महि लीयो वीचारी। मैं उौगुणु कीनो अति भारी।।
कैसे उौगुणु हमहि मिटावै। कित विधि कीए उौगुणु हमि जावै।।
इक दिन मन महि कीयो वीचारा। कंन्या प्रभ देवो तत्कारा।।

तव हम को उौगुणु मिट जावै। नाहि त हमि नाही वनि आवै।।
इक दिन सभा जादम महि आया। मुष ते एही वचु उचिराया।।
मै सतिभामा श्री कृष्ण को दीनी। सैंनापति मण भेटा कीनी।।
तव उग्रिसैन जादम संग लीए। हमिरे पित ग्रहि महि पग दीए।।
मम मंघर मोह काजु करायो। अैसे सति भामा उचिरायो।।
मम को पित माया वहु दीनी। चेरी अधिक संग मोहे कीनी।।
द्रोपती पूछ्या जामवंती पाहे। तोह कार्जु कहा भयो देहि वताहे।।
जांमवंती तव कह्यो सुनाई। मोहि पित जोधा अति वलिकाई।।
श्री कृष्ण सैनापति मण के लीए। महा विकट वन महि पग दीए।।
विधि जो कछु कीनो होइ भाई। तांको कोऊ न सकै मिटाई।।
प्रिथम मोह पित सों युद्ध कीना। मोहि पित को निहवलु कर लीना।।
मम पित ने मन महि वीचारा। पूर्न है प्रांन अधारा।।
चर्न गहे मुष विनती ठानी। हे कौलापति सारंग पानी।।
इहि कंन्या हमिरी ले जावो। अपुनी इनि सों टहिल करावो।।
सैनापति मण भी लेवो। हमरो उौगुण मेटे देवो।।
हमि को ले आयो पुर माहें। काजु कीयो हमरो प्रभु ताहें।।
जामवंती सभ वात वषानी। साईंदास सभ विर्था जानी।। २२०।।

सुता सो फिरि वचन सुनायो। तोह कार्जु कहु कैसे करायो।।
सुता तव अैसे प्रतु दीना। मोहि कार्जु अैसे कर लीना।।
सप्त वैल मोह पित ग्रहि माही। दस सहस्र गज वलु इक ताई।।
मोहि पित ने प्रतज्ञा कीनी। महा कठन प्रतज्ञा लीनी।।
एक वार तिह को है वहावै। सो इहि कंन्या हमिरी पावै।।
श्री कृष्ण इहि विधि सुण पायो। अपुनो पुरु तजि हमि पुर आयो।।
सप्त वैल की कुही वहाई। मोह कार्जु कीनो जदुराई।।
कार्जु कर हमि को ले आया। मोहि कार्जु इहि भाँत कराया।।
वहुरो रवि दुहिता सो भाषा। तो कार्जु कैसे भयो आषा।।
कालींद्री तव कह्यो पुकारी। सुण हो द्रोपती सषी हमारी।।
मैं जल तटि फिर्ति अधिकाई। तहा निकसे आइ कवर कन्हाई।।
अर्जन सहित लीए हरि आयो। अषेर व्रित्त कर्ने चितु लायो।।

मम को तव ही संग ल्यायो। पुर महि आण मोह काजु करायो।।
वहुरो कह्यो षोडसहस्राो वीस। तुम प्रभु कैसो भयो जगदीस।।
षोडसहस्रो बीस सुनायो। हमि कार्जु ऐसे होइ आयो।।
असुरु वनासुरु हमहि ल्यायो। आण सकल इकि ठौर वहायो।।
श्री जाइ तांको हति लीना। इहि कार्णु कौलापति कीना।।
हमि को द्वारका माहि ले आयो। ईहा आइ कर काजु करायो।।
हमिरे भाग विधि एहि करायो। कृष्णचंद पतु हम ने पायो।।
द्रोपती सुण विधि सभ मन धारी। साईंदास सुष मन अधिकारी।। २२१ ।।

इति श्री भागवते महा पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे त्रिआसीमोध्यायः।।८३।।

श्री कृष्ण जोषिता कह्यो सुनाई। सुण हो द्रोपती हितु चितु लाई।।
अपनी विर्था तुमहि वतावो। तोहि कार्जु कैसे भयो सुनावो।।
द्रोपती कह्यो सुणो चितु लाई। सकल वृथा मै देउं वताई।।
मो पितु भूपति अति वलिकारी। मन महि लीई प्रतज्ञा भारी।।
मध्य अकास मीन लरिकाई। भांजन जलु भर्यो अधिकाई।।
तास मीन के तले रषायो। धनषुवाण तिह औरि टिकायो।।
मीन प्रितमा जल माहि निहारे। षिंच वांणु मीन को मारे।।
इहि कंन्या मैं तांको देवो। आदर भाउ अध्कि तिहि लेवो।।
पाँच वीर पांडो सुत आए। भगवान तिहि दर्सु दिषाए।।
अर्जन प्रितमा देषि मीन को मार्यो।
मध्य अकास तें धर्नि उतार्यो।
मम को मोहि पित इनि ताई दीना।
इन मोह लीए गवन तव कीना।
उौरु नराधिप आगे आए। तिन इहि विधि मन महि ठहिराए।।
मुकटु वांधे हमि सकले ले जाई। इहि सैंना सें लेकर धाई।।
आइ पांडो सुति को मगु घेरा। मन महि गर्बु कीयो अधिकेरा।।
इहि बिधि वहि भूपति ना जानहि। पांडो सुत को नाहि पछानहि।।
अज्जुन युद्धु कीयो अधिकाई। सकल भूपति भागे तव आई।।
मोको ले बनि माहे आए। केतकि दिन तहूँ ही ठहिराए।।

अध्कि कष्टु हमि वन महि पाया। कहा कह्यो कछु कह्या न जाया।।
तुम द्वार्का महि वहु सुष पायो। हमि बन महि बहु कष्टु कमायो।।
द्रोपती सभ व्रितांतु सुनाया। साईंदास सभ सुण सुषु पाया।। २२२।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे चउरासीमोध्यायः।।८४।।

सकल ऋषीश्वर मुनि सुण पायो। श्री कृष्णचंद कुरुक्षेत्र आयो।।
कैरो पांडो सुत भी आए। उौरु जादम आए अधिकाए।।
नंदिर महिर भी तहूं ही आया। सकल ऋषो इहि मतु ठहिराया।।
चलहो हम भी तहूं ही जावहि। ग्यान गोष्ट स्युँ मनु पर्चावहि।।
ततक्षिण सकल ऋषीश्वर आए। ताहि नाम सुण हो चितु लाए।।
वृहस्पतु व्यास बशिष्ट गुसांई। विश्वामित्र ऋषि अधिकाई।।
शुक्र जती तास ही माही। दर्सु कीयो आइ त्रिभवन सांई।।
उौर अषग धूमरिष आए। प्रविछ कपिलाधरि आइ निर्षाए।।
वसुदेव इनि सो बचन उचारे। सुण हो ऋषीश्वर प्रांन अधारे।।
हमिरे ताई यज्ञ करावो। हमिरे मन का भर्मु हिरावो।।
सकल ऋषो नें इहि प्रतु दीना। हे वसुदेव कहा चित लीना।।
एहि बात बाही भई भाई। सो मै तुम को कहित सुनाई।।
प्रवाहु गंगा को चल्यो। तांको मूढ नांही अचिवाई।।
कहे कूप को पानी पींवहि। तांते सुष अधिक मन थीवहि।।
तिह समे मज्जन ना करही। मज्जन कूप अंभि चितु धरही।।
जो कोऊ यज्ञ करे मेरे भाई। इहि प्रयोग हरि होइ सहाई।।
वही कृष्ण तोहि टहिल करावै। उौर वाति कहा तुम मन आवै।।
सकल देव इस पग रज लोरहि। तूं कित नाना मार्गि डोरहि।।
ब्रंह्म लोक अरु प्याल के मांही। इसि के पग की रज सभ चाहीं।।
जत्न करहि फुनि हाथ नि आवै। ध्यान धरहि तौ भी नही पावै।।
तूं कहै हमि को यज्ञ करावौ। अैसी विधि मुष ते उचिरावौ।।
सकल ऋषिश्वरो इही विचारा। साईंदास हरि गति अपारा।। २२३।।

श्रीकृष्ण सकल ऋषिको समझायो। कहा वात तुमि मुष उचिरायो।।

मोहि पित यज्ञ कर्नि चितु धारा। भली भाँति घटि माहि वीचारा।।
इसि के तांई यज्ञ करावौं। इसि की सर्धा सकल पुरावौं।।
एक मास तहां यज्ञ करायो। वसुदेव महा अधिक सुषु पायो।।
नंदि महिर तव बचु उचिरायो। श्री कृष्णचंदि सों आष सुनायो।।
हे प्रभ तुम आगे पग धारों। हमि पाछे आवहि तत्कारों।।
श्री कृष्ण सहित जादम उठि धायो। तिह समे मुष ते उचिरायो।।
जो मोती अंवर वहु नीके। ताहि अंग कीए सुष होइ जीके।।
सकल दीए जसुमति के ताई। कंचन दीनो हरि अधिकाई।।
कह्यो उौरु हमि जाकर लेवहि। इहि सभ जसुमति ताई देवहि।।
जसुमति सें आज्ञा ले धाए। द्वार्का के मग सो चितु लाए।।
जसुमति नंदि उौरु सकल निहारहि। ठांढे होइ हरि रूपु सम्हारहि।।
मास दोऊ नंदु तहूं ठहिरायो। मन महि अधिक तहा विसमायो।।
कहित कृष्ण ईहा पग धारे। अधिक सुषु वहु हमहि दिषारे।।
चौमासा जवही निकट आयो। नंदि सकल सों वचन सुनायो।।
ईहा ठौर नाहि कोऊ भाई। कष्ट पाहि कित को ठहिराई।।
रुदनु कर्ति सभ ही उठि धाए। अपुने पुर को इनि हितु लाए।।
श्री कृष्ण द्वारका माहें आयो। अति अनंदु लोको सभ पायो।।
जो वार्ता कुरक्षेत्र भई भाई। सकल श्री कृष्ण अनरुद्ध सुनाई।
पांडो कैरो सभ ही आए। नंदु जसुमति अरु गोप अधिकाए।।
अनरुद्ध को श्री कृष्ण सुनाया। साईं दास सभ सुषु पाया।।२२४।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति पंचासीमोध्यायः।।८५।।

श्री कृष्ण वलभद्र दो भाई। तिन घटि महि प्रेमु अधिकाई।।
नितापर्ति वसुदेव पहि आवहि। वसुदेव को डंडौत करावहि।।
एक दिवसि बसुदेव पहि आए। वसुदेव दोनों ही निर्षाए।।
ठांढा भया हरि को निर्षाई। नमस्कार वसुदेव कराई।।
श्री कृष्णचंद तव वचन उचारे। सुणहो वसुदेव पिता हमारे।।
कवन वेद इहि वात वताए। सुत को पित डंडौत कराए।।
वसुदेव प्रतु दीनो हरि तांई। एही उपजी हमरे मन माही।।

कुरक्षेत्र विषै सभ ऋषि आए। मैं तिन सों इहि वचन सुनाए।।
मम अभिलाषा यज्ञ करावों। हमिरे मन की भ्रांत चुकावों।।
सकल ऋषीश्वर मोहि प्रतु दीना। यज्ञ कर्नि तैं क्युँ चितु कीना।।
इति विधि सभ लोक यज्ञ कराई। अंत समे होइ कृष्ण सहाई।।
श्री कृष्ण तोह सेवा ठहिरायो। तैं यज्ञ कर्ने क्युँ चितु लायो।।
जो अैसी विधि होई गिर्धारी। तो मैं अैसी लेउों चित धारी।।
श्री कृष्ण तवी वसुदेव सुनायो। हे पित किह बाती चितु लायो।।
हमि प्रजोग तुम वहु दुषु पायो। पातक कंस तुम बंदि डलायो।।
अब जो अैसी करो पित मेरे । वहुरो वही दुष आवै नेरे।।
हे पित कलियुग के माही। मौसो सुत हैतु कराही।।
जो कछु तुमरे मन महि आवै। मोहि कहो जो तुम को भावै।।
मैं तत्काल आन पित देवों। तोहि आज्ञा मस्तक धरि लेवो।।
जैसे सुत पित रीत चलाई। हे पित अब करहो तुम साई।।
ऐसे वसुदेवहि प्रभू सुनायो। साईंदास जो वेद वतायो।। २२५।।

देवकी प्रभ सों वचन उचारे। मैं वलि जावों प्रांन अधारे।।
विद्या गुरु के सुत ले आयो। अधिक कृपा तुम ताहि करायो।।
जो हमरे भी सुत आण देवो। हमिरो मनु सुप्रसंन कर लेवो।।
महा अधिक सुषु तो मैं पावों। जौ वही षट सुत फिर निर्षावो।।
श्री कृष्ण कह्यो वहु नीको भाई। इहि विधि कब तै मोहि सुनाई।।
अबि षट सुत तुमरे ले आवो। तुम चितु सुप्रसन्न करावो।।
श्री गोपाल दाता सुष जन को। तास प्रसाद भया सुषु मन को।।
हलिधर को संग ले कर धायो। तत प्याल लोक मध्य आयो।।
नृप वल निर्ष आगे को आया। हरि को आई डंडौत कराया।।
मुष ते तव ही वचन उचारे। हे प्रभ कहु कैसे पग धारे।।
कछु आज्ञा होवे जन ताई। कृपा करो दर्सुनु दीयो आई।।
श्री नंद नंदन कह्यो सुनाई। सुण हो नृप वल हमि सुषदाई।।
षट सुत माता देवकी केरे। आई धरो तुम आगे मेरे।।
कहो कहा है मेरे भाई। हमि को देवहु तासि वताई।।
नृप वल ने प्रतु हरि को दीना। हे प्रभ तिह वपु असुर को लीना।।

इकु दूषु कोई उनि कीआ। इहि प्रगोय[1] वपु असुर को लीना।।
श्री कृष्ण कह्यो उनि को ले आवो।
ममिरे ताई आंण दिषावौ।
प्रभ आज्ञा सों तिनहि ल्यायो।
प्रभ तिह रूप असुर निर्षायो।
श्री कृष्ण तास वाल्क वपु दीआ। वाल्क वपु कर सभ संग लीआ।।
आन देवकी को हरि दीनें। देवकी वहु सुषु मन महि लीनें।।
प्रभ जूठाली तिन अचिवायो। पंषी वपु ले वैकुंठ धायो।।
देवकी अधिक भई हैराना। कहा होइ जव समा विहाना।।
प्रभ उस्तत कर वैकुंठ धाए। साईंदास सुष सागर पाए।। २२६।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे छयासीमोध्यायः।।८६।।

नृप परीक्षत नें प्रश्नु चलायो। शुकदेव पहि तिन आष सुनायो।।
हे प्रभ जी तुम एहि सुनावो। करुणा कर सुष हमि उपिजावो।।
सुभद्रा को कार्जु कैसे कीना। कैसे तिह कार्जु कर दीना।।
शुकदेव प्रतु दीनो नृप ताई। सुन हो परीक्षत हितु चितु लाई।।
श्री कृष्ण वसुदेव मतु एहि ठहिरायो।
उग्रसेन नृप सहित करायो।
अर्ज्जन सों संजुक्त करावहि।
उौर ठौर काहे भरमावहि।
हलधर कह्यो ऐसे ना करहो। इसि विधि कर्न चितु न धरहो।।
दुर्योधन सहित संयुक्त वनावों। उौर ठौर काहूं नाही जावो।।
अर्जन मन महि लीयो विचारी। भेष वनाइ जावो तत्कारी।।
क्या जानो मोहि देवहि न देवहि।
कौन ठौर संयुक्त करेवहि।
भगवान रूप अर्ज्जन कर लीना।
द्वार्का पुरी को तिह पगु दीना।

---

१. यहाँ 'प्रयोग' शब्द चाहिए।

तात्क्षिण निकट द्वार्का आयो। अस्तल सोमनाथ ठहिरायो।
पुर के लोक तहू चलि आवहि। भोजन कार्नि इनहि ले जावहि।।
एक दिवस हलधर क्या कीआ। अर्जन को सहित कर लीआ।।
भोजन कार्नि ग्रहि ले आया। सुभद्रा ने तव पाकु पकाया।।
अर्जन को तव ही निर्षायो। मन अंतर एही ठहिरायो।।
मम को अर्जन देवहि नाही। दुर्योधन सहित संयुक्त कराही।।
अर्जन कौं मैं लीयो निहारी। महा वली सुर सर बलिकारी।।
कौलापति प्रभ अंतरजामी। घटि घटि के वाही विस्रामी।।
अर्ज्जिन को तब कह्यो पुकारी। सुण हो अर्ज्जन हमरे भाई।।
हमि सभ ही मिल मतु ठहिरायो। हमिरे मति हलधर ना आयो।।
हमि तुम सहित संयुक्त वनावहि। सुभद्रा कौं तुझहि देवावहि।।
हलधर मन माहे ना आनें। इहि विधि वहु मन नाही मानें।।
चितु अपना तुम ठौर करावो। साईंदास सभ भ्रांत हिरावो।।२२७।।

अर्ज्जन को प्रभ फिरि समझायो। हे अर्ज्जन कछु तोहि मन आयो।।
सोमनाथ के अस्तल मांही। जाइ वसो भौ सकल हिराही।।
भक्त लोक ऊहा सभ आवहि। पूजा कर्न को चितु लावहि।।
तिसी ठौर पहि तुमहि हिरावो। उौर वात किते नां चितु लावो।।
सुभद्रा को तहू से ले जावो। मोह कहा घटि माहि ल्यावो।।
अर्जन ने तव विनती ठानी। हे पर्मानंद सारंग पानी।।
रथु अरु धन्षु नाह मोह पाहे। इनि कार्नि मन महि सुकचाहे।।
श्री कृष्ण धनुषु रथु अर्जन दीआ। इहि करुणा प्रभ तां पर कीआ।।
रथु अरु धनुष अर्जन लीआया। सोमनाथ अस्तल ठहिराया।।
निस वीती रवि कीयो प्रकासा। सकल लोक मन भयो हुलासा।।
सोमनाथ को पर्सन धाए। अर्ज्जन ठांढा तासि हिराए।।
वसुदेव सुता तव ही प्रगटाई। अर्ज्जन ने तव ही निर्षाई।।
भुज से पकर लीई चारे। तव ही गवनू कीयो तत्कारे।।
लोको राम को जाइ सुनायो। अर्ज्जन सुभद्रा को ले धायो।।
हलधर क्रोधु कीयो अधिकाई। मुष ते एही वात सुनाई।।
मोहि शस्त्र देवो मैं जावौ। अर्ज्जन को जाइ मार चुकावौ।।

श्री कृष्ण चंदि तव ही सुण पायो। राम क्रोधु कीयो अधिकायो।।
अर्ज्जन सो जाइ युद्ध मचावै। तब लज्जा हमि रहि ना आवै।।
राम सों तव ही कह्यो सुनाई। हे हलधर सुण हो मेरे भाई।।
अर्ज्जन कोई पराया नाही। कहा क्रोधु कीयो मन मांही।।
कहे ते अर्ज्जन को ले आवहि। काहे इतना क्रोधु करावहि।।
वलदेव प्रतु दीना जदुराई। करो कृष्ण जी जो मन आई।।
अर्जन को तुम लेउो वुलाई। तुम संग हमिरा कहा वसाई।।
श्री कृष्णचंद इकु दूतु पठायो। अर्जन को वहु फिरि ले आयो।।
सुभद्रा को कार्जु कर दीना। कुंचर चेरी वहु संग कीना।।
अश्व कंचन मोती वहुतेरे। अर्ज्जन को विदया कीयो सवेरे।।
अर्जन कार्जु कर ले आयो। साईंदास आनंदु सुषु पायो।। २२८।।

इक पुर महि इकु भूपतु रहे। एक विपु ताहूँ महि अहे।
दोई भक्त महा हरि केरे। द्वितीया भाउ न तिन के नेरे।।
श्री कृष्ण आयो ताहूं पुर माहें। सोच वीचार लीयो घटि माहें।।
इहि दोनों है भक्त हमारे। विष्यालिप्त ते रहित न्यारे।।
जो मैं भूपति के ग्रहि जावो। तौं विप मन संचरु उपिजावों।।
विपु मन माहे करे वीचारा। हमिरे ग्रहि हरि पगु ना धारा।।
नृप निष्यों हरि किर्पा धारी। मैं अधीन कों दीयो विसारी।।
जो प्रिथमे ब्राह्मण के जाउ। संत उधार्न मेरो नाउं।।
राजा विलषे हमिरो संतु। गए त्याग मोहि कमला कंतु।।
दोनों भगत हमारे भाई। ता महि किस दुष दीयो न जाई।।
ऐसी विधि कर हों मेरे भाई। दोनों को चितु नाहि डुलाई।।
प्रभ दो रूप माया के धारे। चिन्ह चक्र तिह एक सवारे।।
एकु गयो भूपति ग्रहि माही। एकु आया विपु भौन मंझाही।।
नृप के ग्रहि महि सभ किछु भाई। आण धरो आगे जदुराई।।
भली भाँति सेवा तिहि कीनी। द्वितीआ गति घटि माहि न लीनी।।
विपु ने एकु कुटीआ पुरानी। करद न कछु संग आनी।।
दर्भि किडी ले तले विछाई। एक वृक्षि तांके ग्रहि भाई।।
तास पत्र तोर तले आयो। कर मंडल जल भर ठहिरायो।।

आप निर्त कर्ने उठि लागा। घटि से द्वितीया भाउ त्यागा।।
श्री कृष्णचंद वहु आनंदु पायो। प्रेम भाउ तांको द्रिष्टायो।।
विप को चतुर भुजा हरि कीना। वैकुंठ माहि आसनु तिह दीना।।
जन्म मर्ण ते करी कल्याना। साईं दास हरि पद निर्वाना।। २२९।।

इति श्री भागवते महा पुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे सतासीमोध्यायः।।८७।।

परीक्षत प्रश्न कीयो शुक पाहे। हे शुकदेव मै वलि वलि जाहें।।
जास समे पर्लो सभ होई। इसि धर पर कोई थिरु होई।।
एहि कथा प्रभ मोह सुनावो। मेरे मन का भर्मु हिरावो।।
शुकदेव प्रतु दीनो नृप ताई। हे नृप भली लई मन माही।।
नार्द एही प्रश्न नृप कीना। वद्रीनाथ उतर तिहि दीना।।
चितु धरो मैं सोई सुनावो। तुमरे मन का भर्मु चुकावो।।
प्रलै काल जव होवै भाई। सभ विनसै रहै कौर कन्हाई।।
चतुर वेद सुर को अवतारा। चरहो पुत्र है ले चित धारा।।
नाम ताहि सुण हो मेरे भाई। सन्कसनंदन सुण हितु लाई।।
उौरु सनात्न सन्त कुमारा। घटि माहे तुम लेह विचारा।।
तास समे इहि उस्तति करही। अनक भाँत मुष ते उच्चरही।।
निरंकार कछु द्रिष्ट न आवै। तुमरो कछु नाहि सुझावै।।
आद अनादी रह्यो समाई। निरवैर अजूनी संत सहाई।।
अकाल मूर्त्त श्री कुंज विहारी। पर्मानंदि गिरवर हरि धारी।।
दुष सुष ते प्रभ तुही न्यारा। सकल विश्व प्रभ तोहि पसारा।।
चिन्ह चक्र कछु द्रिष्ट न आवै। रूप रेष कछु कहा वतावै।।
जल ऊपर धर तोहि बनाई। इहि रचना प्रभ तोह रचाई।।
जैसे जल मै कमल वसेरा। अैसा प्रकासु सकल घटि मेरा।।
अघनाशी प्रभ तेरो नामा। पतति उधार्न एही कामा।।
तोहि उस्तति को पार न पावै।
तुमरी गति मित तोहि वनि आवै।

हमि तोहि उस्तति कहा वषानहि।
तुमरी उस्तति कर क्या जानहि।

तूं अविनाशी नासु न तेरा।
तूं गुरु सकल जगतु तोह चेरा।
काह रस्ना हमि उस्तति भाषहि।
साईंदास क्या गति मित भाषहि।।२३०।।
नृप परीक्षत इकि दिन क्या कीआ।
शुक पहि प्रश्न तिन ने इहि कीआ।
हे शुक जी सुन हो चितु धारे।
तुम निर्मल भक्त विधि जानण हारे।
शंभू सदा कुचील है भाई। तिह सेवा जगु काहि कराई।।
जो उसि पर कोऊ आन चरावै। सकल अपवित्र होइ कर जावै।।
पर्म मुक्त दाता गिरधारी। ताहि त्याग कित पूज जचारी।।
सुकदेव नृप तांई प्रतु दीना। हे नृप भलो प्रश्नु तै कीना।।
मुक्त दाता श्री कुंज विहारी। उौर देव वरिदाते सारी।।
मुक्त देवनि के माहें नाही। वरु मांगहि देवहि अधिकाही।।
नर्कासुर असुर नें प्रश्नु चलाया। नार्द को तिह आष सुनाया।।
ऐसो सुरु कोऊ है मेरे भाई। ततक्षिण वरु देवै विल्म न लाई।।
नार्द नें ताको प्रतु दीना। शिव है असुरु हृदे धरि लीना।।
नर्कासुरु शिव अस्तल आयो। षष्ट मासि तहा भजनु कमायो।।
होम यज्ञ कीनो अधिकाई। तासि अहूती ले कर पाई।।
शंकर तव ही दर्सनु दीना। मुष अपुने सें इहि वचु कीना।।
वरु इनहूं मांगो कछु भाई। जो तुम मांगो देवो तुम सांई।।
नर्कासुरु कह्यो सुन शंभू देवा। मै तुमरी कीनी है सेवा।।
तैने मो पहि किर्पा धारी। वरु इनहूं होयो तत्कारी।।
एही वरु हमि ताई दीजै। अपुनी किर्पा हमि पर कीजै।।
मै जिह सिर पर करु ठहिरावो। क्षिण माहे तिह भस्म करावो।।
शिव कह्यो अैसे ही होई। जो तैं मांगा दीआ सोई।।
तव ही नरकासुर मन धारा।
सोध हृदा मन लीयो विचारा।
अवर कौन सिर करु ठहिरावो।
उौरु कवन को जो हन जावो।

शंकर को अवि भस्म करावो।
पार्वती को ले मैं जावो।
असुर इही विधि मन ठहिराई।
साईंदास शिव ने सुधि पाई।। २३१।।
नर्कासुरु शिव ओर सिधाया।
भस्म कर्नि शिव को चितु लाया।
शिव इहि विधि पाई उठि भागा।
नर्कासुरु तिह पाछे लागा।
शिव दौरत दौरत हिरायो। श्री कृष्णचंद को चित्त करायो।।
हे प्रभ षलु मोहि भस्म करावै। तोहि विनु हमको कौनु छुडावै।।
अंतरजामी स्यामु हमारा। ततक्षिण मन महि लीयो विचारा।।
शंकर कष्टु अधिक ही पायो। तव प्रभ देवी रूपु करायो।।
शंकर को प्रभ लीयो दुराए। आप असुर सन्मुष चल्यो धाए।।
असुर रूप प्रभ को निर्षायो। पार्वती देषि सुधि वौरायो।।
श्री व्रिजनाथ तिह कह्यो सुनाई। हे नर्कासुर क्या मन आई।
कहा जात दौरे ठहिरावो। हमि ताई तुम आषि सुनावो।।
नरकासुर हरि को प्रतु दीना। मै सेवा शंभू की कीना।।
षष्ट मास मै सेवा करायो। तौ शंभू ते इहि वरु पायो।।
जास सीस पर करु ठहिरावो। तांको छिन महि भस्मु करावो।।
मम मन माहे एही आई। उौरु ठौर जावो कहा धाई।।
शिव के वरि तांई पतीआवो। पतीआवन उौर कहा मै जावो।।
शिव ही के सिर पर करु धारो। वरु पतीआइ लेउो तत्कारो।।
महादेव हम से है भागा। मैं तिह जोहन को उठि लागा।।
प्रभ नरकासुर कों समझायो। कौन वात तूं मन महि ल्यायो।।
मोह कार्ण अैसे तूं करही। शंकर मार्नि को चितु धरही।।
जाण देहि शिव कछु ना आषो। मोह कहे ऊपर चितु राषो।।
मैं तुमरी सेवा चित धारो। तोह कहा घटि माहि वीचारो।।
प्रथम हम तुम निर्त कराहि। पाछे एक ठौर ठहिराहि।।
प्रभ ने निर्त कर्न चितु लायो।
असुर कह्यो हमि को सिषवायो।

प्रभ कह्यो तुम भी सिष लेवो।
ज्युँ मै करो अैसे कर लेवो।
प्रभ निर्त कर्ति करु सिर पर आना।
ऐसे नर्कासुर भी ठहिराना।
भस्म भयो नर्कासुर तांही।
इहि विधि प्रभ तिहि लीयो वैराही।
खलि को प्रभ ने भस्म करायो।
साईंदास शिव को छुटकायो।।२३२।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे अठासीमोध्यायः।।८८।।

भस्म कीयो खल को जदुराई। तब शंकर को कह्यो सुनाई।।
हे शिव तुमरी सुर्ति बौरानी। कौनु वात तैं मन महि आनी।।
ऐसे षल कों को वरु देवै। ऐसी विधि कोऊ मन महि लेवै।।
श्री गुपाल भक्तन सुषदाई। शंकर को तिन लीयो छडाई।।
भक्तन हेत प्रभु अधिक बढावै। अपुनी सेवा तिह को लावै।।
माया देत तिह जनके तांई। ताहि की द्रिग कछु आवै नाही।।
माया को कछु कर नही जानहि। एही वात घटि माह पछानहि।।
जैसे उदर मात से आए। अंत समे अैसे उठि धाए।।
इहि माया संग जावै नाही। भक्ति दृढ इहि विधि मन माही।।
इहि प्रयोग तिह हेतु न लावहि। विषु कर जानहि निकट न आवहि।।
सुत वनिता वंधू के कीए । माया जोरहि मिथ्या कीए।।
वहि सकले ही संगी नाही। शत्रु है जानति मन माही।।
सकले ही इहि कहति पुकारे। प्रितपाल्कु तुम करहि मुरारे।।
जहा ते जानो तहा से ल्यावो। हमिरी किर्त तुम चलिवावो।।
माया संतन को ना देवे। एहि वात प्रभ मन धर लेवे।।
जो इनि को माया देवा भाई। तिह उर्झै मोह देहि भुलाई।।
भक्तनि को बैकुंठ पठावो। तांको आसनु तहूं करावो।।
अवर सकल देव साषा भाई। व्रिक्षरूप श्री जदुराई।।
इसि ही से उतपति है वांकी। इहि सभ गत पावहि नही वांकी।।

प्रवाहु गंगा को चल्यो जाई। तांसो को कुंभ लेइ भराई।।
बहि प्रवाहु घटे नही जावै। दधि माहे जो कुंभु भर पावै।।
अैसे प्रभ है मेरे भाई। सकल विश्व है तासि वनाई।।
जो सभ विश्व तास है कीनी। तांकी जोत कछू नही झींनी।।
जो सभ विश्व तिह जाइ समावै। अगवाही ज्योत अध्कि होन न पावै।।
सकल विस्व ताहूं विस्तारा। साईं दास भजु राम प्यारा।। २३३।।

चतुर्मास आयो मेरे भाई। चौदिस थिति सुनो चितु लाई।।
प्रथोदक सकले ऋषि आए। मज्जन कर्ने को चितु लाए।।
पंडित वेद पुरान विचारहि। ज्ञानु करहि भ्रमु जी का टारहि।।
तिह पंडित इहि वात वीचारी। तीनो देव समसर अधिकारी।।
इनि महि कांकी पूजा कीजै। नासे भर्मु मुक्त मंग लीजै।।
सकल ऋषो भृग कह्यो सुनाई। हे स्वामी तुम सभ सुष दाई।।
तुम को अधिक परीक्षा होई। तुम विनु अवर न पावै कोई।।
सोच देहि तुम इहि विधि हमि को ।हमि आषहि प्रभ विनती तुम को।।
पर्म मुक्त दाता किसु कहीए। तांकी सेवा मन चित लहीए।।
भृग सभ ऋषि की आज्ञा पाई। इहि विधि सोचन चल्यो धाई।।
प्रिथम ब्रंह्म जी के आया। पद्मज पहि जाइ कर ठहिराया।।
नमस्कार कीनो तिस नाही। व्रह्मे क्रोधु कीयो अधिकाही।।
लोचन अर्नि ज्युँ तासि ललाए। क्रोधु कीए भृग उोर तकाए।।
भृगु निर्षित तांको उठि धाया। वेग ही शिवपुर माहे आया।।
शंकर ने भृग को निर्षायो। अर्घासनु तजि आगे आयो।।
आदर भाउ अधिक तिह कीना। भृग ने तांको इहि प्रतु दीना।।
हे शंभू तुम निकट न आवो। तूं अपित्र नापर्सु करावो।।
मरषट भूम तुमरा है वासा। मै नाही तुम दर्स पिआसा।।
भामनी रहित सदा संग तेरे। तुम आवो नही हमरे नेरे।।
सोच पवित्र है हमरो कामा। भृगु देव कहीए हमरो नामा।।
गौरापति तव क्रोधु करायो। ले त्रसूल मार्नि तिह धायो।।
पार्वती तव ही उठि आई। शिव के चर्ना सों उरझाई।।
मुष अपुने सें विनती ठांनी। हे शंभु तुम ब्रंह्म ग्यानी।।

इहि विपु है वैष्णव अधिकाई। हमि सें हतिना नाहि भलाई।।
जो ब्राह्मण चित क्रोधु ल्यावै। तांको कोऊ नाहि हतावै।।
तुम शंभू सदा दया द्यालक। सकल जग के तुम प्रित पालक।।
क्षिमा करो इसि देहू तजाई। अैसी गौरा बात सुनाई।।
शंभू क्षिमा करी ग्रहि आयो। साईंदास भृग तिह पतीआयो।।२३४।।

वहुरो भृगु वैकुंठ सिधायो। तहा श्री कृष्णचंद को निर्षायो।।
शैनु कीयो परजंक पराही। महा सुषी दषु तिह कछु नाही।।
लक्ष्मी पग कर सो पलिसाई। भृग ने अैसे ही निर्षाई।।
भृग ताइ लात पिंजर महि मारी। प्रभ जी जाग परे तत्कारी।।
भृगु को ले प्रजंक वैठाया। प्रभ ने दीन बचन उचिराया।।
प्रभु भृग चर्न पलोवन लागा। श्री कृष्णचंद मन गर्बु त्यागा।।
भृग को प्रभ जी वचन सुनाए। हे भृग क्रपा करी तुम आए।।
वैकुंठ को तुम पावन कीना। जो तुम ने पगु ईहा दीना।।
तुमरे चर्न कौमल अधिकाई। मोहि पिंजर अति डाढो भाई।।
तुमरे पग दुःष वहु जो होई। मोको पीर भई नही कोई।।
इहि प्रजोग मम रिदा डुलावै। तुमरो चर्नु कष्टु अति पावै।।
द्विज के पगि जिह मंदर जाहि। सो ग्रहु लछमी छाडत नाहि।।
ममरे[१] रिदे लात की दई। पग प्रसाद श्री निश्चल भई।।
नौतन भूंषन पायो अंग। चर्न चिन्ह राजो हमि संग।।
करी कल्याण हमारी आए। क्रपा करी तुम दर्सु दिषाए।।
कछु आज्ञा कीजै भृग स्वामी। तुम सभ विर्था अंतर जामी।।
हे प्रभ मैं क्या कहो सुनाई। सकल विस्व प्रभ तुझै उपाई।।
तोहि समसर दूजा उैरु न कोई। तोह भक्त करी मुक्ता होई।।
आद अनादी नामु तिहारा। गर्भ योन ते तुंही न्यारा।।
गोकलचंद नंद को नंद। सकल जगत मत तूं ही चंद।।
जो महा कंदरा होत अंधारा। तूं तहूं प्रभ कर्ति उजीआरा।।
घटि घटि तुमरी जोत प्रकासी। तूं ठाकुरु माया तोह दासी।।

---

१. 'मम' का अर्थ ही मेरे है यहाँ 'मम' के साथ 'रे' का प्रयोग भाषा विज्ञान की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

पर्मानंदि माधो बनवारी। श्री गोपाल ग्वर्धनधारी।।
गोपीनाथ अनाथ को नाथा। विश्मदोहनी भरि काथा।।
रूष नरायण सुष को दाता। भक्तिन सुषु ताहूं घटि राता।।
त्रैलोक को नाथ विहारी। असुर संघार्ण तुमही मुरारी।।
तुझै त्याग जो अवर ध्यावहि। मानो किर्पति महि ऊर्झावहि।।
हे प्रभ मुक्त तिहारी दासी। तुम प्रभ द्याल सदा अविनाशी।।
क्षिमावान क्रोध घर नाही। सदा संतोषु तुमरे घटि माही।।
उस्तत प्रभ ने अधिक उचारो। साईंदास सुनि सुर्ति संभारो।।२३५।।

प्रभ सों भृगु आज्ञा ले धायो। ततक्षिण महि पर्थोदक आयो।।
जैसी विधि भृगु आयो निहारी। सभ विधि ऋषो पहि आइ पुकारी।।
सकल ऋषीश्वर मन ठहिराई।
मुक्त को दाता श्री जादमराई।
ताहूं की सेवा चित धारहि।
उौरु कोई को नाहि सम्हारहि।
सकल ने हरि सेवा चितु धार्यो।
श्री कृष्णचंद घटि नामु चितार्यो।
दुर्वासा विपु द्वार्का मांही। अपुनो भवनु तिन कीयो तहांही।।
तांको ताहूं माह निवासा। भक्त कृष्ण को हरि को दासा।।
तांके ग्रहि जो सुत उपजावहि। माति गर्भ निकसति बिस्मावहि।।
जहा सभा जादम की होई। दुर्वासा सुत ले जावै सोई।।
जादव को बुरा कहावै। उग्र सैंन को जाइ सुनावै।।
पाप कर्ति जादम अधिकाई। तिहि प्रजोग हमि सुत विन साई।।
अष्ट पुत्र हमिरे तजे प्रांना। इनि जादम कछु रिदे न आना।।
इकि दिन दुर्वास जो आयो। वुरा कहित अर्ज्जन सुन पायो।।
अर्ज्जन विप सो वचन उचारे। हे प्रभ क्रोध काहि मन धारे।।
दुर्वासा तांको प्रतु दीना। इहि प्रजोग क्रोधु मन लीना।।
सकले जादम पाप करावहि। इन प्रजोग मोहि सुत विनसावहि।।
अर्ज्जन सुण फिरि तिह प्रतु दीना।
इहि प्रजोग तैने क्रोधु कीना।

जो फिरि तोह ग्रहि सुतु उपिजचि आवे।
तोहि वनिता जपन चितु लावे।
तव तुम मो को आइ सुनावो। वेग विल्म कछु मूल न लावो।।
तव मैं आइ रक्षा करो भाई। अवि तुम अपुने ग्रहि बहो जाई।।
दुर्वासा प्रतु पाई उठि धायो।
तत्क्षिण जोषिता पाहें आयो।
जो अर्ज्जन कह्यो आइ सुनाओ।
जोषिता को चितु ठौर करायो।
भई प्रतीत तासि मन भारी। साईंदास सतिगुर वलहारी।।२३६।।

गर्वु भयो विप वनिता तांई। भयो अनंदु तास मन माही।।
समाप्रसूत निकट जव आयो। दुर्वासे अर्जन जाइ सुनायो।।
अर्जन सुनत आयो तत्कारी। तांकी भुज महि वलु अति भारी।।
पिंजरु सर का तवी वनायो। रक्षा चाहति ताहि करायो।।
बाल्कु उदर सें बाहिर आयो। ताहि समे गनती चितु लायो।।
तांको मुषु किसे नां निर्षायो। विप वनिता तव वचनु सुनायो।।
हे प्रभ उौरु वालकु जो आवै। वहु हमि कों दर्सनु दिखावै।।
इसि वालक का दर्सु न देषा। ना उनि वालक हमि को पेषा।।
अर्जन सुण लज्जा चित धारा।
धनषु वाणु तिन तव ही सम्हारा।
तिस जोहनि कों वैकुंठ आया।
वैकुंठ महि तिस को नही पाया।
वहुरो ब्रह्म पुरी चितु लाया। तहा आइ पुन दर्सु न पाया।।
ब्रह्म पुरी तज दीई तत्कारे। शिव पुरी माहे तिन पग धारे।।
तहा आइ फुनि ना निर्षाया। त्रैलोक देषि ठहिरायो।।
मन माहे तव लीयो वीचारी। मोको आइ वनी अति भारी।।
मोह वचन मिथ्या भयो भाई। अब मोहि जीवन नाहि भलाई।।
वन सें लकरी ले अधिकाई। तांकी लेकर चिता वनाई।।
चाहित आपस ताहि जलावे। क्षिण माहे वहु प्रांन तजावे।।
प्रदुम्न निर्ष ताहि उठि धायो। ततक्षिण कौलापति पहि आयो।।

श्री कृष्णचंद सों कह्यो सुनाई। हे प्रभ पूर्न जादमराई।।
अर्जन लकरी अधिक चुनाई। चाहित अपुने प्रांन जलाई।।
प्रदुम्न अैसे श्री कृष्ण सुनायो। साईं दास हरि जी चितु लायो।। २३७।।

श्री कृष्णचंद जव इहि सुण पाई। कहु काष्ठु क्युँ लेवो सुषु अधिकाई।।
अर्जन प्रभ सों विनती ठानी। हे धर्नीधर सारंग पानी।।
दुर्वासा नित प्रति तुम वुरा आषै। सुत प्रयोग प्रभ अैसे भाषै।।
जादम पाप करहि मेरे भाई। तिह प्रजोग सुतु हमि विनसाई।।
मैं परज्ञा[1] तांसि कराई। हे प्रभ पूर्न जादमराई।।
जो फिरि सुत तुमरे गृहि आवै। तूं मोहि षवर कर्नि चितु लावै।।
मैं प्रतज्ञा तिह आइ करावो। तोह सुत वहु सुष उपिजावो।।
तव तिह ग्रहि सुतु होवन लागा। दुर्वासे विधि सकल त्यागा।।
तिन प्रभ मोसों आइ सुनायो। मैं बच तासि सुने उठि धायो।।
पिंजर सर को तहा सवारा। बालक जन्म लीयो तत्कारा।।
लेवत जन्मु अकास सिधायो। तव वनिता बिप मोह सुनायो।।
जो उैरु सुतु जन्म नसायो। ताहि दर्सु देषति चितु लायो।।
अव जो वाल्कु हमि उपिजायो। तांको दर्सनु मूल न पायो।।
हे प्रभ मैं सुकच्यो मन मांही। धनषु वाण ले चल्यो धाई।।
त्रैलोक प्रभु देषि कराया। वहु वाल्कु कहूँ सो नही पाया।।
खंडित वचन हरि भयो हमारा।
तव काष्ट लेवनकों चितु धारा।

अर्ज्जन को हरि कह्यो सुनाई।
सुण हौ अर्ज्जन हमरे भाई।

चितु अपना तुम नाहि डुलावो।
हरि चर्नासों ध्यानु लगावो।
भलके[2] मैं तुम को ले जावो। सुत दुर्वासा के दिषलावो।।
अर्जन सुण मन महि वीचारा। कहा कहति श्री प्रांन अधारा।।
मोहि चित लेइहि उचिरायो। नाहित हमि को कहा रिषायो।।

---

१. 'प्रतज्ञा' शब्द चाहिए।
२. 'भलके' पंजाबी शब्द है। अथ है –कल (भविष्यार्थी)।

त्रैलोक मैं देषि कराया। मैं कहू उौर नहि निर्षाया।।
कौन ठौर सो मोहि दिषलावै। कौन ठौर से मोह बतावै।।
अर्जन मन महि अैसे धारा। साईं दास हरि गत्त अपारा।। २३८।।

निसवीती रवि कीयो प्रकासा। श्री कृष्णचंदि मन भयो हुलासा।।
श्री कृष्ण गर्ड को लीयो वुलाई। तासि सवारु भयो जदुराई।।
अर्जन कौ हरि सहित चंर्‌यो। दुर्वासे सुत जोहन धायो।।
अर्जन संग लीए उठि धायो। सप्त समुद्र के आगे आयो।।
आगे जावन को चितु लाया।।
सब ही सभु जलु विंब दिखावै। अर्जुन निर्ष मन महि विस्मावै।।
इकु स्थावरु तांहूं माहे। अति दीर्घ कछु कह्यो न जाहे।।
इकि वसुधरि को तांपर वासा।
एक सीस तिह तिह पर ग्रहु भाई। अर्जन विधि ने दई दिषाई।।
सेस गोद वैसे भगवान। अष्ट भुजा प्रभ पुर्ष पुरान।।
नमस्कार जाइ कीयो मुरार। अष्ट भुजा हूं करी जुहार।।
आवहु कृष्ण हमारे मीत। तुम देषन कीथी वहु प्रीत।।
इकु शत वर्ष पाँच अरु वीस। भए वितीत सुनो जगदीस।।
तुमरे देषन की मन प्यास। वहुतु वढी थी हमरी आस।।
इसि निमित्त आनें दिज बाल। सुन हो केशिव सदा क्रपाल।।
तुम देषे अब सभ गया। हर्षि हमारा तनु मनु भया।।
मंदर के पीछे थे वाल। षेले थे तहा गए कृपाल।।
नौ सुत दुर्वासा तिह माही। निर्ष्यो अर्ज्जन अति विस्माही।।
देवकी नंदन ने क्या कीआ। ले आसन तिह गर्ड पर दीआ।।
वेग माहि द्वार्का ले आए। इहि कार्णु श्री कृष्ण कराए।।
आण दीए दुर्वासे तांई। दुर्वासा हिर्ष भयो अधिकाई।।
अर्ज्जन गर्वु ह्दे ते त्यागा। नीच मार्ग केरे वह लागा।।
कर्नि कार्नि श्री कुंज विहारी। अर्ज्जन इहि विधि मन महि धारी।।
अर्ज्जन ने अभिमानु तजायो। साईं दास सुष आनंदु पायो।। २३९।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे उणानमोध्यायः।।८९।।

पूतनां दंत वक्र से लीए। अधिक असुर संघार्ण कीए।।
द्वार्का माहि भई कल्याना। सकल लोक पुर आनंद माना।।
वैकुंठ वासी मन ठहिरायो। हरि चर्ना सेती चितु लायो।।
सभ ही मिल मंतरु कीना। हरि दर्सनु देषन चितु दीना।।
श्री कृष्णचंद वैकुंठ न आवहि। इहि प्रजोग मन महि विस्मावहि।।
चल हो द्वार्का माहे जाही। तहा जाइ हरि दर्सुनु पाही।।
सुंदर रूपु हरि दर्सुनि हारहि। चिह्न चक्र हरि मन महि धारहि।।
सदा रहें हमिरे मन माही। हमिरे मन सें भूल न जाई।।
पद्मज शंकर ध्यानु लगायो। मुरार वर्न कुमेर सभायो।।
सोंई दर्सनु हमि जाइ कराही। हरि चर्न सेती चितु धरही।।
नान्हां अधिक सकल ही आए। द्वार्का पुर महि आइ ठहिराए।।
प्रभ को आइ कर दर्सु करायो। महा अधिक सुषु सभनो पायो।।
श्री कृष्णचंद तिह कह्यो सुनाई। वैकुंठि अनंदु हैं मेरे भाई।।
इनि सकल्यो हरि को प्रतु दीना। तोहि दर्सन आनंदु हरि कीना।।
मघवापुर से अपसरा आई। इहि मतु कर अपुने मन माही।।
जादम वनिता सुंदर अधिकाई। तिह उस्तति कछु कही न जाई।।
मोहनीआ तिहि सर्नि दिषावहि।
तिह उस्तति कछु बर्नि न जावहि।

सकल ऋषीश्वर कह्यो सुनाई।
हे कौलापति सदा सहाई।

तुमरा दर्सु देषनि आए। मतु हमिरे मन जाइ भुलाए।।
चिन्ह चक्र हरि मन ठहिरावहि। हमरे मन ते चूक न पावहि।।
श्री गोपाल तिह को प्रितु दीना। भली वात तुम मन धर लीना।।
जो मोह रूप तुम जाइ भुलाई। तीन ठवर मोह पावो भाई।।
प्रिथमे तौ वैकुंठ मझाही। द्रिती कहा[१] श्री भागवत माही।।
तृतीआ ब्रिंद्रावन महि भाई। ब्रिंद्रावन महि रहो सदाई।।
माषुन गोपन ग्रहि सें षावो। सदा सदा तिह महि उर्झावो।।
ऐसे प्रभ जी सकल सुनायो। साईंदास पूर्न सुषु पायो।। २४०।।

---

१. कहा < कथा।

इकि दिन प्रीक्षति प्रश्नु चलायो। श्री शुकदेव कों आष सुनायो।।
हे प्रभ सकली विधि तुम जानो। मैं तुम पाहे कहा वषानो।।
किर्पा कर हमि बतिलावो। हमिरे मन का भर्मु हिरावो।।
जादम सभ केते मेरे भाई। किर्पा कर मोह देह वाताई।।
श्री शुकदेव तवी प्रतु दीना। हे नृप भलो प्रश्नु तें कीना।।
जादम सभ कों जानो नांही। एती विधि आवे हमि ताई।।
तिन चटिसाल को मै जानो। सो तुम पाहे सकल वषानो।।
जादम तिह पहि वेद पढाही। तौ मैं तुम कों सकल सुनाई।।
तीन क्षुहिणी मेरे भाई। षोडसहस्र पाँच लक्ष अधिकाई।।
सप्त सै उौरु तासि ही नाली। इहि चटिसाल तिहि मोहि सम्हाली।।
एक एक उौझै पहि पढिही। सभ विधांत मै आपे उरही।।
एक सहस्र एक सौ तिहि पाही। एक एक पहि वेद पढाही।।
श्री कृष्णचंद भक्तिन सुषदाई। लीयो उौतारु इहि कार्नि भाई।।
भक्तिन सुष देवौं अधिकाई। दुष्ट खलो को नासु कराई।।
श्री कृष्णचंद मन महि ठहिरायो। जादम अध्कि भए सुष पायो।।
तोहि पाछे आन भूपति आवहि। जादव तिन सों वहु दुःख पावहि।।
इनि पहि द्रव्य अधिक मेरे भाई। आन भूपति इनि दुष दिषाई।।
कर क्रोधु इनि को प्रहारहि। हमिरो नामु इहि सकल विगारहि।।
इनि पहि डंड लेन चितु लावहि। तव कलंक महि हमि उर्झावहि।।
सभ जादम का तेजु गवावों। तव कलंक महि नां उर्झावो।।
सकल जादम को लीयो वुलाई। तिन सों कह्यो सुणो मेरे भाई।।
मैं जावति हों वैकुंठ माही। भयो समा पूर्न अब वाही।।
जादव सभ जव इहि सुण पायो। जगननाथ को तिन चितु लायो।।
तहा आइ चौपड चितु लायो। षेलति क्रोधु हृदे महि आयो।।
आप मध्य युद्धु कर्ने लागे। उौर वात सकले उनि त्यागे।।
ततक्षिण सभ ही प्रांण तजाए। सकल जादव बैकुंठ सिधाए।।
प्रभ ऊद्धो सों कह्यो सुणाई। सुण हो उद्धो हमि सुषदाई।।
अर्ज्जन को तुम जाई सुणावो। हस्तनापुर केरे मग जावो।।
कृष्णचंदि वैकुंठ सिधारे। अर्ज्जन सों जा कहो तत्कारे।।
तुम सों कृष्ण कह्यो मेरे भाई। द्वार्का महि आवह तुम धाई।।

सकल लोक पुर के ले जावो। अपुने पुर मध्य जाइ वसावो।।
द्वार्का महि पूरों दधि माहें। आज्ञा कृष्ण लेहु मन माहें।।
अैसी तुम जाइ तासि सुनावो। साईं दास छिन मूल न लावो।। २४१ ।।

प्ररीक्षत प्रश्न कीयो शकु पाहे। मोह मन संचरु है अधिकाहे।।
जादम किउं आप मध्य झूझाए। क्युँ कर सभ ही प्रांन तजाए।।
एहि वात तुम मोहि सुनावो। मेरे मन का भर्मु चुकावो।।
शुक देव प्रतु दीनो नृप ताई। सुण हो नृप दृिढ होइ मन माही।।
दुर्वासा ऋषु भजनु करावै। श्री गोपाल चर्नी चितु लावै।।
जादव ने इकि दिन क्या कीना। एकु रूप तिन ने कर लीना।।
वहु गुणा त्रापिका तिह लीना। रूपु उदर के वांधन कीना।।
मानो गुर्बणी है मेरे भाई। वनिता रूपु तिह लीयो वनाई।।
चले चले ऋषि पाहे आए। ऋषि सौ तिन नें वचन सुनाए।।
एहि गर्बि ते क्या बाहिर आवै। हमि मनु अबि तें डुलावै।।
ऋषु सभ विधि जानण हारा। मन माहे तिन लीयो विचारा।।
कह्यो मोह सो कपटु कमावो। हमिरे पतीआवनि चितु लावो।।
इसे उदर ते बाहिर आवै। वही तुम सभ का घातु करावै।।
जबि जादम ने इहि प्रतु पायो। श्री कृष्ण पाह आवन चितु लायो।।
आइ कृष्ण सों बात सुनाई। सुण हो प्रभ पूर्न जदुराई।।
दुर्वासे ऋषि इहि बचु कीना। इही श्रापु हमि ताई दीना।।
इस ही गर्भ तें तुम हि विनासा। अव तुम त्यागो सकली आसा।।
कहा करहि प्रभ देहि बताई। इसि उपिचारु बतावो भाई।।
श्री कृष्णचंदि तिहको प्रतु दीना। सभ जादव नें मन धर लीना।।
इसि त्रापको तुम जाइ घसावो। ताहि घसाइ दधिमाहि रुढावो।।
जादव सभ ऐसे ही कीआ। ताहि घसावन को चितु दीआ।।
सकल घसायो मेरे भाई। रंच रह्यो फुन घस्यो न जाई।।
ताह के हाथ माहि नही आवै। इहि प्रजोग घस्यो नही जावै।।
आतर होइ दधि माह रुढायो। मीन एक ले उदर करायो।।
वाही मीन वंधक कर आई। बंधक ने वहिउोयो हताई।।
मीन को ले आयो ग्रहि माही। उदर फार्यों वंधक ताही।।

वाही त्राप निकस के आयो। बंधक वांण के मुष ले लायो।।
जो घसाइ अंभ दीयो रुद्हाई। ताहि कूंदर उपज्यो मेरे भाई।।
कुंदर सहित जादव विनसाए। ऋषि श्रापु पूर्न भयो आए।।
शुकदेव ने नृप को समझायो। साईंदास आनंदु तव पायो।।२४२।।

इक दिन श्री कृष्ण बन महि ठहिराए।
जंघ पर जंघ धरि परि अटकाए।
पद्मु श्री कृष्णचंद पग माही।
मानो द्रिग मृग देत दिषाही।
मृग जान इहि वंधक मन धारा।
षिंच वाण वंधक तव मारा।
नृप परक्षत इहि सुण उचिरायो।
हे प्रभ मोह मन संचरु आयो।
वंधिक बाणु काह हरि लायो।
हरि तांको सरु कैसे षायो।
एहि वीचारु मोह प्रभ दीजै। इहि करुणा कर सुण कर लीजै।।
शुकदेव कह्यो सुण हो मेरे भाई। सकल वात तुझे देउं बताई।।
श्री रघुपति जव भयो अवतारा।
तव रघुपति सरु वंधक मारा।
सुग्रीमु वालु कपि दोई भाई।
वालु नान्हां सुग्रीमु अधिकाई।
वाल कपि बहु जोरा कीना।
सुग्रीम सौ राजु षसि लीना।
ताहि भार्जा भी षसि लीनी।
महा कष्ट बाल विधि कीनी।
सुग्रीम को कछु बलु न वसायो।
आइ एक स्थावर ठहिरायो।
सद हल ऋषीश्वर को जहा वासा।
तहा आइ इनि कीयो निवासा।
रघुपति जानुकी जोहत आयो।
सुग्रीम नें तव ही निर्षायो।

हनूंमान कों दीयो पठाई। तुम इसि को ले आवो भाई।।
हनूंमान रघिपति ले आयो। लक्ष्मण वीर सहित सुषु पायो।।
कपि पति ने तव कह्यो सुनाई। कहा चले श्री रघुपति राई।।
श्री रामचंद तांको प्रतु दीना। जानुकी जोहनि को मनु कीना।।
जब सुग्रीम इहि विधि सुण पाई। विस्मक होइ रह्यो अधिकाई।।
श्री रघुपति कह्यो कहा विस्मायो। कौन वात तुमरे मन आयो।।
सुग्रीम तव कह्यो सुनाई। मोह बनिता मोहि वीर हिराई।।
हमिरा वलु तांसों न वसावै। वहु हमिरे पर जोरु करावै।।
तव रघुपति तांको प्रतु दीना। इहि कार्ण संचरु मन लीना।।
अपुनो वीरु मोह देहु बताई। जिन तोहि बनिता लीई हिराई।।
मैं जाइ तिस ताई हति लेवो। तोहि बनिता तुझि को ले देवो।।
कपि पति प्रभ प्रीत वढाई। अग्नि जराइ प्रतज्ञा पाई।।
सुग्रीम के संग रघुपति उठि धाए। ततक्षिण किकिंधा निकट आए।।
साषा हेतु कर्के हरि धाया। साईंदास मन हेतु वधाया।। २४३।।

श्री रघुपति कह्यो सुग्रीम के ताई। वाल को जाइ कहो अधिकाई।।
मुष से जाइ कर गारी देवो। ग्रहि से किवें वाहिर कर लेवो।।
सुग्रीम सुनत वही उठि धाया। ततक्षिण द्वार बाल पहि आया।।
वाह युद्धु दोऊ कर्ने लागे। तव प्रभ बाणु धनष धर्यो आगे।।
रघुपति सरु सांध्यो तिह मारा। तव ही वालकपि मुषो पुकारा।।
हे प्रभ मै उौगुणु नही कीना। तैं काहे मोको हति लीना।।
रघुपति वाल सों इही सुनायो। तोह वाण मैं देणा आयो।।
वाल कह्यो प्रभ जी कब पांवा। तत्क्षिण अबि मैं प्रांन तजावा।।
तव रघुपति तांको प्रतु दीना। एही वचु प्रभ तांसौ कीना।।
श्री कृष्ण अवतार लीयो जब जाई। तव तोह वाणु देउो मेरे भाई।।
वाही वालु वधिक होइ आयो। आण बांण हरि चर्न लगायो।।
शुक प्रीछत को भर्मु हिरायो। इहि प्रतु निर्भौ सुषु पायो।।
ऊद्धो हस्तनापुर पगु धारा। पांडो सुत पहि आया तत्कारा।।
अर्ज्जन सों तिन आषि सुनायो। श्री कृष्णचंदि वैकुंठ सिधायो।।
तोहि कह्यो सुण हो मेरे भाई। द्वार्का माहि आवो तुम धाई।।

सकल लोक पुर के ले जावो। हस्तनापुर महि आण वहिसावो।।
अर्ज्जन इहि विधि सुण उठि धायो। ततक्षिण द्वार्का माहे आयो।।
जव श्री कृष्ण के दर्सन आवति। विहंगम शब्द अध्कि उचिरावति।।
महा अधिक वनु सोभति भाई। मराल मोर तहा देत दिषाई।।
अब जो लोक लेन को आयो। वन महि कहूं कहूं निर्षायो।।
ग्रहि के ग्रहि सकले गिराए। गिर गिर पर्ति सेत महि आए।।
कांग ताहि ऊपर कुलिलावहि। अपुनी भाषा शब्दु सुनावहि।।
नायक सकल बैकुंठ सिधाई। अर्जुन आयो पुर मांही।।
केतकि वनिता नैन निहारे। अर्जन निर्ष तिन कह्यो पुकारे।।
हे अर्जन तोह कृष्ण सम्हारहि। चौपड षेलन कों चितु धारहि।।
अर्जनु केतकि दिन ठहिरायो। वहि सभ बनिता लेकर आयो।।
अपुने पुर महि आण वसाई। जो आज्ञा कीई त्रिभवन राई।।
तव रचिना नंदि नंदन धारी। द्वार्का पूर दीई तत्कारी।।
सेत माहि ताहि पूरायो। कौलापति इहि कर्मु कमायो।।
साधो हरि चर्ना चितु धारो। साईंदास क्षिण नाह विसारो।। २४४।।

इति श्री भागवते महापुराणे दस्म स्कंदे
श्री सुकदेव परीक्षति संवादे नबेमोध्यायः।।९०।।

साधो मोहि विनती सुण लीजै। किर्पा कर्के श्रवणी दीजै।।
जो कहूं चूक परी होइ भाई। किर्पा कर तुम लेहु बनाई।।
महा अपार पार को पावै। सिंध अपार हाथ नही आवै।।
एक समे उपजी मन माही। दश अवांतार ग्रंथु उपिजाही।।
साईंदास किर्पा प्रभ कीनी। सकल विधांत वीचार के लीनी।।
साईंदास हरि सर्नि तिहारी। साधो निस दिन कहति पुकारी।। २४५।।

मै मतिहीन कहा मति मेरी। उस्तति कर सांको हरि केरी।।
भाषा मैं जोड जोड कराई। मसा मसा जोड कीई अधिकाई।।
साईंदास गुर सदा सहाई। तो मैं ग्रंथु कीयो अधिकाई।। २४६।।

जो मै उौगुण हार गुसाईं। तुम दयावान हों त्रिभवन साईं।।
हमि जाचक हरि दर्सु जचावहि। तुम दया कर तुमरो नामु पावहि।।

साधि संग करु णा हरि कीजै। इही दानु हरि जन कौं दीजै।।
भक्त तुमारी घटि ठहिरावै। छिन पलु हरि जी ना विसरावै।।
श्री कृष्णचंद तुम किर्पा धारो। साईंदास को तुम निस्तारो।। २४७।।

सदा सदा हमि सर्नि तिहारी। तुम दाते हमि दीन भिषारी।।
श्री भगवत दस्म स्कंद संपूरण। पढे सुने हरि भक्त वढाइण।।
जय जय जगननाथ जगदीस। पूर्ण पुर्ष प्रभ जग को ईस।।
तांकी महिमा कौनु वषानें। गति मित वांकी क्या कोऊ जाने।।
धर्म्म धरावति लीयो अवतारा। तांका सुण हो सभ विस्तारा।।
लेकर आदि अंत बीचार्यो। गुर किर्पा ते शब्द उचार्यो।।
जो चितु धर कर मन सुण लेवै। तांको जीवन मुक्त करेवै।।
पश्चम दिशा लीयो अवतारा। मिट्यो तिमर भयो उजीआरा।।
ताकी पूर्व वात वषानति। जो नही जानति सौं सुण जानति।।
लेष की गति लषी न जाइ। वांकी गति कों पारु न पाइ।।
महा समुद्र कों गति जानें। जो जानें सो आष बषानें।।
तांको दर्सनु जो नित करही। जरा रोगु नां तिहि कछु लरही।।
सुणो हृदा धरि जो तुमहि सुणावो। साईंदास नित हरि जसु गावो।।

इति श्री भागवते दस्म स्कंदे श्री सुकदेव परीक्षति संवादे
दस्म स्कंदे नबेध्याय संपूर्णम्।। समाप्त।।

समंतु १८३५ वर्ष फाल्गुण मासे शुक्ल पक्षे १३ रविवासरेण संयुत्तांयं श्लेषानक्षत्र अतिगंडयोगाय कुंभार्क दिन २० तद्दिने वद्दोकी मध्ये लिषत आतमारामु धम्मी।

पद साहित्य

रागु गूजरी

जगुतु सभु माया के फांस पर्‌यो।
भक्ति प्रतीति पुकारि सुनाई सूया सुनिति तर्‌यो।। १।।
माया के फंधि आदिअंतिलग निकस्या को दिषरावहु।
अंजनि सलाई नेत्री मेलहु आत्म माह समावहु।। २।।
सिंध बूंद ममता मनि मांनियो अचति जालु वहै।
निकटि दिवान गुरु नही बूझे किनी नि पुकारि कहै।। ३।।
कर्म कर्तूति जरा की पूंजी जनिम जनिमि परितापै।
ब्रह्म सिंजानि सहिज घरि सिंचै वीजु कीटि का मापै।।४।।
नामु पुकारि तरै कै ई कोटी कजिल ते निकसाए।
भ्रम सागिर ते नाम साईंदास पूजी सचु मुक्तायें।। ५।।

नाम सरि कछु नि लागे वीरि।
धर्न धरायसहति जो अर्पे भुगवे कर्म सरीरि।। १।।
असुरिपति लंक समेत दैताहो सुरिपति सण भंडारि।
एक नाम सिमरनि के आगे इतिने दानि की हारि।। २।।
चौदा रत्न सहत रतिनागिरि मुक्ता सिंधु समेति।
अठसठ तीर्थ घटिही मजिन भी नाह नाम के हेति।। ३।।
है गै गौऊ पीतांबिर वनिता प्राग मकरि वति चीरि।
वेद लिषै फल नाह निरार्थ कर्म षेत्र सुष तीरि।। ४।।
तीर्थ वर्त नेम तपि संजम मतु को निंदे जानि।
कहु साईंदास नाम की महमा होति नि नामा समानि।।५।।

जनि को नामु भरोसा हूआ।
पूर्ण इर्ण गजेंद्र उधारे वह गनिका वह सूआ।।
सर्व रसां के ऊपिरि रारा जो पीवे सोऊ जाने।
आधा अधिक होति तहा निपजे अंति काल उरि आने।।

अति बलिवंत राविण की सैना जोध युध्या पहुँचाए।
काटिनि सीस राम दल पहुँचे ते वैकुंठि पठाए।।
सरि सिहजा[१] परि सांतिल कों सुति नाम भरोसे परिआ।
तजि करि ताति दिष्ट के आगे वेदि स्मृति लै तरिआ।।
इसी नाम ते वेद भडोंहै फुनि वेद नामु प्रगिटायो।
यंत्र अजीति भए साईंदासा इति रसना जसु गायो।।

जिति निरती पहुँचे सो कौन कहे।
हउ भै चकिति भर्मका भूला, हं हं करिती निकटि रहे।।—रहाऊ
अकारि मकारि रतिन वच, अनिभै मात्र कीं रूप नि रेषा।
जगिति भगित ते नाम निरारा इति साजनु प्रभु जाय पेषा।।
जिस विर्ष के तैं रस फल चाषे रसिक रसा अधकाई।
अषेउ विर्ष की छाइआ अषे पुहपां फला नि षाई।।
बनि षंडि जाऊ तिधिरि को भागे धरे ध्यानि वनि चाहे।
कदिली उलटि त्रिकुटी मूंदो रहित नहीं बन चाहे।।
मृिगि त्रिण जिउ मुसकाति रहे रह सकी सेज नि आई।
लैन कचु कंचनि तज साईंदासा ही ऊस पास सिमराई।।

दुभदा मनि ते कविहूं नि जाइ।
तोरि नि साके पिंजरी षगिरिपु जो हरिकी सर्नाइ।।—रहाऊ
सर्व शास्त्र सुर्त संवृत्त लै दौर्‌यो वेद नि बाति सुणाइ।
नेक रहति सभ बसुधा मापी जितिनी सुर्त बकाइ।।
आनंद दान तीर्थ करि मज्जनि निर्मल जलि इशनाइ।
प्रात मुष प्राहन संजुगिता कर्म सहित कठणाय।।
निविली कर्म भुअंगम भाठी नाम कविलो उलिटी उलिटाइ।
नगिन रहआ वण षंडि मै जटा जूटि उरि झाइ ।।
इसुअरि हस अदोष अहन जल इहि गति लषी नि जाइ।
कहु साईंदास दुभिदा की चोटे कर्म सति कीटि भरिमाइ।।

१. शरशय्या।

दसि अवितार–

देह जिसौदे तेरो जनिमि सकार्था व्रिजि नाथ को लोरी देह री।
सुंदर[१] अधिक सुहाविणा तुम करी षिलौना लेह।।
सकिल श्रिष्ट का बीजु था संषासिरि वेद लीए।
कुंदि पसारिन नाम ते तदि प्रभि मीति भए।।
मधु कैटे कार्न कछि रूप द्रिग जनि चर्न समेत।
पिष्टी धरिती राष के आकासी ध्रू केत।।
इह लरिका वैराह था मानोर्थ कार्ण छेदि।
सूकरि धरिती उधरी सेत सुमेरि सवेद।।
नरि सिंघ न पूछति अर्ध नरि देषो चर्त अचर्ज का।
रबि नछत्रां वाझु काल हरिनाकस नाल इह वचनु था।।
सेसाअर्जुन परिसराम अषेड कर्ण गिआ वस पिआ।
देष धेनि भुला जमदिग्न दी नाल कुठारे दे गति गिआ।।
कनिक पुरी निज बंद सुरि तारिणणकों सुष हेत।
अधम दसेही कटाइआ इउ रघपति वांधे सेति।।
बलि पै गए त्रैलोकनाथ गह अरिपी धर्न अचेत।
आध करु मापने इउ बाविन वेद समेत।।
नौउचारि अठारा सुक बदनि अध्यात्म सकलि समेत।
अजिहूं वर्ण नि साकते कंस दलनि व्रज हेत।।
वोधि गिआ सुरि चापिआ सुरिती का नौउ नाथ।
अंतु न पाने बोधि का तेरी कथा अगाध।।
कलि युगि मातंगी घरि आविणा कलि कार्ण निह कलंक।
साईंदास दस अविताराा जो सुने वैकुंठ जाहो निसंगि।।

दैया करि तारि पतित को तार।
अघमर्दन समरथ तुमु सूझो दीनानाथ मुरार।। रहाऊ।।
तूं पतित पावन मै वडो पतित हों मेरे औगन गुण न बीचारि।
जो कछु घाटि कीए पतिता सो सो तुम तुम लेहु सम्हारि।।

---

१. सुन्दर।

हेमटुकनिआ[१] तिल षलि रींधे ईधनि चंदन जार।
कदिली काट कंडआरी वोई अयसो षेतु सवारि।।
पांतो दुष्ट कुटल मति मेरी मैपतां सो कह्यो पुकारि।
छाडि चल्यो लय हाथ पछोरा जूए सो धनु हारि।।
सिंध वीच झकझोरि करित हय ना उरिवारि ना पारि।
साईंदास के तनि अबिरिदास कों अपिना सुष दिषारि।।

आनंद को परिवाहु जना को दीआ।
जिन के भागि चूको भ्रमु तांका अति प्रीतम करि तिनहूंपाआ।।
गंगि प्रवाहु वहे, वसुधा परिगवुनु[२] करे, जाइ तीर्थ डोवे।
नामु प्रवाहु वहे हीयरे मै संत मिले ते परिगट होवे।।
इह प्रवाहु प्रहलाद वचन हित सुकि नार्द रीझायो।
चारों वेद करें जाकी स्तुति धंनि वदनि जित व्यास सुनायो।।
गुरि की क्रपा साध की संगति आनंदि की निध अगाध उठीआ।
किर्न विहंग नाम रुचि साईंदास चात्रक को चित पावस लीया।।

रागु भैरों

जागीयों क्रपा निधानि स्यावरे कन्हाई।
उडिगनि अबि भए मलीनि दीनि टेरति द्वारि द्वारि।।
सुरिभी सभ हूंग करित औध रजिनी आई।
दिउज उचारि निगम करित प्रातिहूँ सिरि सिषा धरित।।
वार्ज[३] अति विगस भए देषति अरुन्हाई।।
गाविते गुपाल लाल नंद लाल के दयाल।
व्रजि की व्रज नारि जेती आरिती ले आई।।
निर्षती मुषारि बिंद बारि देत कोटि इंद।
नरिहरि हरि चर्नन ते आनंदि निध पाई।।

---

१. संभवत: यहाँ 'हेम मटुकनिया' शब्द है।
२. परिगवनु < परिगमण = परिक्रमा।
३. वार्ज < वारिज।

स्वामी हम वारि वारि दासु तिहारो, तू ठाकुरु हमारो।।
पीसना करो पांणी भरों असु असिथान सोचो अँगना वहारो।
काग उडारो लोचौ पै लोचो उपिले ले आवौ काठी कटावो
औरि लिआवों घासा।
हम तो ठाकुरु करि जानै तुम करि जानो दासा।।
चंमेली मलो कांघी करों आसन पैठावो।
चर्न पषारो धोती पछारी इह औसिर मोह पावो।।
ले झारी रहो चर्ण गहो ठाढा दिज द्वारे अंवृत जलि लेन कों।
मों को स्वामी चितारे महाराज तुम कों सभ लाज अपुने करि जानो।
साईंदास की वेनती फुन गर्भ न आनो।।

ब्रह्म हस्त, भगिवानि पादके, ईसरि मुकटि वसाई।
भेद पषांण सगर तै तारे भागीर्थ कों देन्ह वडिआई।।
भउो रहस सहस्र समुद्र को सुरि नरि कहे गंग वहि आई।
साईं दास इहि गंगा जलि अैसो निर्मल द्रिष्ट परिआ कोऊ नर्क न जाई।

गंगा जी तेरे दर्सन तो बलिहारी।
इह गंगा जलि अैसो निर्मल जिन सकिल श्रिष्ट तारी।।
शाम शरीरो उपिजी गंगा मुकिटि वसी महादेवे।
भूधरा जांकी महिम न जानी सुरि नरि जांकी सेवे।।
सर्बत गंगा दुर्लभ कहीए तीनि विशेष असथाना।
दिष्ट परी सभ पाप उतारे पीविति महिम न जाना।।
जंगम जोग जती संन्यासी पीवितकै अविघाए।
हरि दुआरि हरि मूर्त पर्सी जनिम जनिम कै लाहे ।।
सागिरि संग रली भागीर्थ कीन्हे अनिक तारंगा।
साईंदास मनु भजनि होवे वैकुंठ जाउ निसंगा।।
इह पराग मनिसा कों दाता वेणी संगिम तीरे।
दिष्ट परी सभ पाप उतारे निर्मल वुद्धि सरीरे।।

रागु प्रभाती

द्यालि[१] हो क्रपाल माधो सभनि के प्रतिपाला।
आगे आवित पै पठाविति पाछै आवित वाला।।–रहाऊ
बनि कीटि पंष पसु विराजित कछु गांठ ना वंधाइउो।
देन हारि करि संम्हारि विरिद ही वहाइउो।।
पष्यान मध्य गुफा कीटि मार्गु नहीं कोऊ।
तांकों कित भांति देति सभनि का प्रभू सोऊ।।
भूम मद्ध षै अकासि जलि मै जो जीआ।
कर्न कार्न प्रभ अपारि जानिआ सो कीया।।
जैसे जानि तैसे देति आतिमे विसुवासा।
चर्न ओटि रिदे राषु तां सो साईंदासा।।

हर्ष हर्ष हरि को जसु गाउ।
वारि वारि फिर जन्म नि आउ।।-रहाऊ
मूल द्वारि की रोंको वाटि। चारी देत है वज्र कपाटि।।
नाभ कुंडली भउों प्रकासा। रिदे सरोवरि कौल विगासा।।
शिव अरि शक्त समोकरि जानो। पौनि मध्य गुरि ज्ञानि विषानो।।
जबि लग रसना पीवै पानी। तबि लग भज मनु सारंङ् पानी।।
तुरीआ तत्त तहा अनुरागा। वादर बिनु घनि वर्षनि लागा।।
फूटा तिमरि जोति प्रकासि। इह विध प्रणवै साईंदास।।

कैसे मै वर्नो तूं अरिधक उरधं।
वर्न नि साकों द्ययाल बाल कवि रिधं।।–रहाऊ
विरछो नि पत्रो न मूलो नि डाली।
पुहपो नि गंधो बासो नि माली।
तेरा निरभौउ वाडभन्नानि घडिआ।
वजे निशानु पुरात्मु जडिआ।

---

१. दयाल।

सुंन सधा सनातिन साषी।
रंचक एक महादेव न भाषी।
आत्म ब्रह्म भया निहकेवल।
साईंदास अर्चा नि पूजा न देवी नि देवलि।

सुनि लीजे भगिवानि बिर्था मेरी सुनि लीजे भगिवानि।
मैं अकेली एह पांचि वली है मारि कीउौ हैरान।।–रहाऊ
लोभ की लहिर लपेट लीउो है क्रोधु निचार्व तानि।
भ्रमती मनिसा टिकनि नि देती जिउ भ्रम तर्फत है स्वानि।।
काम कुचील कर्त हैरानी त्रिशना की संतान।
मोह जंजीरि पर्‌यो अति भारी छूटि गए अविसांन।
पलिक न न्यारी होइ जीइते कपटि कर्न की बांनि।
तुमरी दैया बिन कैसे छूट दुष्टन के वस प्रांन।।
मोतनि पीर कहा कोऊ जाने प्रभ मेटनि की बांन।
साईंदास निज दुआरि पर्‌यो है, तू विपत निवारनि शाम।।

षगि नगि मृग चात्र धनिष[1] कुंजरि भूधरि भ्रिंग।
कविल काम घन चंद्रमा एह कही अति सारंग्य।।

दूरि नि जावहू जनि राघवे षेलो आङ्नि घर्के[2]।
नैननि सो न्यारो जनि टरो मोरी छतीआ धर्के।।–रहाऊ
निस दिन रहत चटापटी राम तोके डर्ते।
धनिष बांन धरि अपिने हाथ तो रोग तर्के।।
एक वाति मै सुनि नीके चितु धर्के।
लंकापति कैसे मरे अभमानी डर्के।।
कौशल्या विसमे भई जीय आनंद भर्के ।
मोह अचंभा यगिदीस कहा नान्हो से लर्के।।

---

१. धनिष < धनुष्य।
२. आंगनि घर के।

सषी ए मधबनि विषु भउो है छाड चलै अबि रीत।
वादिर होए नैन दुइ हर बिनु वर्षे नीति।।
असअनि[१] नान्ही बूंद जिउ कुचि ऊपरि ढुर आह।
एह प्रभु है साईंदास कों हम को किउ नि मिलाह।।
एक चात्रक अरि वैन सुनि सुनि धुनि विकल भई।
टूटी जाति नि स्याम सो प्रीति जो अषै भई।।
प्रेम चषाओ षस लीउो जाति न बाति कही।
साईंदास गोपी कृष्ण बिनु चात्रक होइ रही।।

राग विलावल सुधि

ठाकुरि मेरा रंगुला सभ रंगि मै राता।
दीनानाथ दियाल है सभिहूँ सुषिदाता।।-रहाऊ
अंतिरि जामी जगि पिता सभ मै जांकी बास।
मतु कों जानै दूरि है घटि घटि ही प्रकास।।
क्रपा होवे गुरि चर्न ते कसक चिन लीजै।
गुपति चिहनि जा पसर्या अपिती जिपती जे।।
जहाँ जहाँ देषो तहाँ तुही दूसरा नाही कोइ।
सर्वषंड व्रह्मंड मै तत्त जोति की लोइ।।
सहज मिले सुष पाईए दुष दीने डारि।
पूर्ण गुरि मिलाइआ साईंदास वीचारि।।

मुषि बिनु अंवृति मै पीआ मैयों भयो दीवाना।
सुधि वुधि भूलि देह के कछु गुरिमुष जांना।।-रहाऊ
जानि समानि जानि मै ग्याना सो ज्ञाना।
षेल हमारी परासो जहां ग्यान नि ध्याना।।
तीनि तजे तुरीआ तजी पर्से भगिवांना।
साईंदास उ दासमति तहाँ पदु निर्वाना।।

---

१. असअनि > आँसू।

राग तिलंगी

जो कहे यारा जौ कहे गमु कोई उो नाही।
महिल फकरि के माह आवे किन्हे शौक है।।-रहाऊ
दुनिआ वातिशाही चंद रोज फकरि अटिल वातिशाही।
रोज नौतनि दीवानु सदा दा तहा गमी नि काई।।
फकिरि के तषित पर वषुतु है कोई जौहरी जांने।
जोरु जुलुमु तहा कछु नही मुलुषु जापता मांने।
तीनि लोक के अंतिरे वडा फकरि का बांणा।
आंनि जगति मांने सकल नही जोरु जुलिमांना।।
राह मो परी है जेवरी मांनो सापु दिषाई।
मैहर्मी थे निर्भे भए अजानि भै षाई।।
निंर्दुदी निहकामता झूले हाल दिवांन।
साईंदास के दयाल क्रपाल भए लगा चिह्न का वांणा।।

भजु राम राम सुणु नंदि तूं व्रजि को व्रजि तेरो।
आगे भूम भंडारि तिहारो मै आवित नही नेरो।।
मथुरा जाइ मिलयो वसुदेव कों गहि अंचिर करो मेरो।
तुम तो लोक वडे अनिचारी गहि सुतु राष्यो मेरो।।
किउ पगि उलिट दीए फुन तांको ना कुमत लगि तेरो।
साईंदास के नंद के लोइ नि देष्यो तवि जसुदे उठि टेरो।।

लाडुले जनिम की भूम पछानी देवकी गोदि जाइ जवि वैठे।
नंदि भैया हैरानी थाकी कुल वृजि गोकुलि थाको।।
कठिनि वृथा मनि मानी उठाई असुर हाथ जब दीउो।
एक घटा विहानी।।
जवि हम सुतु तुम तांति कहावो जसुदे जसुमति रांनी।
हम तो सुति काहू के नाही तुम विध अजिहूँ नि जांनी।।
नंद चलियो पछुताइ नैन भरि सुनि बक अपुनी कांनी।
जांका सी ताहू होइ मिलआ साईंदास यह अकथ कहांनी।।

रागु गौरी

किउ विसरी मनि किउ विसरी राम भगित मनि किउ विसरी।
उहु ठाकुरु सभना को पूर्ण पर्मानंद गुपाल हरी।। -रहाऊ
ममिता पटिल पर्त निसिवासरि डाकन डोरी उमिग लरी।
और सभे ही तुमरे अंतिर कौनि कुमत लगि भगत टरी।।
लालच लेन देन तनि पहर्न ग्रह अंतरि कछु काजि करी।
लोभ मोह अभमानु नि विसर्‌यो काम कला चित नारि धरी।।
इसि वीर्ज ते विष फल लागे रवि-सुति तलबि दुआरि षरी।
आजु काल छिन पलक महूर्त गागिर फूटे जरि कजरी।।
करु हरि भजिनि साध की संगत जो सुक व्यासे मुष उचिरी।
कहु साईंदास दास के दासा औरि नही कोई गत हमरी।।

पारिस ढूडनि अनिकति जाये,
कितिहूं नि दूरि अदिष्ट निकटि अति साध संगित ते सहिजे पाये।।
अष्ट धात जित कंचनि होवे सो पारस पास कुंवेरे।
यंत्रु मुक्त का पारस गुर पहि निगम दिष्ट कोऊ हेरे।।
जिह पारस प्रहलादि कंचना जरा मर्ण भ्रम मेटियो।
सोऊ पारिस सुक शंकराचार्य अक्षय द्वादस भेटयो।।
यंत्र यंत्र मै सकिली सम्या हंस हंस करि गावे।
तेऊ पारस वैकुंठ निकटि अति परि पीविति सकल अघावे।।
नषि सिष लौ एका मति उपिजी दूजी नाह वरेहा।
सूरि किरण वादरि जिउ साईंदास मणि चमक तिवि विदेहा।।

कहो कोई नाम विनु मुक्ता,
देहा पुरातन ले चल्यो गज इंद्र धुगन सूहटा सुनिता।।-रहाऊ
शिक राज बध कै हाथ थाकै कलिप यंत्र नि पात।
तेरे नाम लगि मुक्ता भआ कछु वारि नाही लगि जाति।।
सागिर जसु पठ जवाहरी विच कचु तै पाउो जमणा मर्णा।
नामे की नावे जो चढे तिन्हा पुछो अजाणा।।

करि कोटि तीर्थ दान संयम आपहूं षाता।
देह माह तत्व नि विंदही फिर जूंन सभ भ्रमता।।
अपंष पंषी तने माही असरीरि सुर्त निधान।

कहु कोई नामु विनु तरिआ।।
करि लेहु करिणा पहुज रहु ते शर्मु किउ करिआ।।–रहाऊ
जित नाम गनिका ऊधरी प्रहलाद सर्न पैआ।
अटिल पदिवी दई ध्रू को नाम संग गहिआ।।
अपिती जमन मूर्ष निरा कै वारि आवै जाइ।
समिझइ निही समिझआ क्या उठे भर्म भुलाइ।।
महल मंदिरि देष कै मनि मै कीउो अभमांनि।
एह माया थिर कछु नाही हरि चेत लै भगिवानि।।
गोविंद नामु अमोल हीरा करि साध संगि निवासु।
धेन न गहे जानु दंतो तनु जमना चलन पायो।
गवन न कर्ति ताह रवि को रथ पौन ध्यानु लगायो।
जेती बधू बाल गोकल ग्रहि पर्म प्रीति उपजाइ।
गह कर कलस पहिर अबि लेयन तिह तिह उौसर आई।
आनंदेवे व्रिज के लोको आनंदु प्रेमु बढायो।
लील्हाधर करुनामय ठाकुर साईं दास जसु गायो।।९।।

रागु कल्याण

हरि को नाम मन किउ न जपत रे।
काहे रे भरोसा करो जीवण का निसबासर तेरी अवधि घटात रे।
तन धन जोबन तरवर छैईआ अंजरी को पाणी जैसे जात ढुरात रे।
विनु रघुनाथ कोऊ काम न आवे काहे को झूठो गर्वु करात रे।
साधि संगत हरि कथा कीर्त्तिन इनि बतीअन सौ पार परात रे।
तूल रास जैसे अग्न दहति है राम जपति तेरे पाप जलात रे।
राम नाम जपो उर अंतर आद अंत तेरे संग चलात रे।
कहे साईं दास जपो निसवासर मुषो कहति कछु मोलु लगात रे।।१०।।

अथ आर्ती लिष्यते

खंड खंड ब्रह्मंड सकल मै बिधि बिधि जोत समानी।
थाली गगन दीप रवि चंदा निसपती ए बिधि ठांनी।।
अटल ध्यान धर्‌यो निज धर्नी मार्ति चवर झुलावै।
गावन हारे सदा द्वारे शब्दु अनाहदि गावै।
तेरी आर्ती मेरे कवलापति पर ध्यान मेरे माधो गुणानिधान।
मैं वार्‌या जां, संत उधार्न राम तेरी आर्ती।। १।।

अगम गम्य गम निगम बीचार्‌या विचर बीचार सुणाआ।
सुण सुण सिद्ध साधि सुर पानी मुक्त पर्मु पदु पाआ।
पार ब्रह्म अपर पर सोहं हंसा सुर्ति जनाआ।
मुलमा मध्ये हीरा पेष्या सतिगुर निर्ष जनाआ।।२।।तेरी आर्ती

अगम गुफा मग गुर दिषलाआ तांते सुर्ति लगाई।
अवघट घाट बाट घर ऊपर बिर्ला को वसिआ जाई।
उति घर बसे सो बहुर नि निकसे उोस घर यहि व्यवहारा।
साईं दास फिरि वहुरि न धडीए न फिरि पवै पसारा।
तेरी आर्ती मेरे कवलापति पर ध्यान मेरे माधो गुणानिधान।
मैं वारे जां संत उधार्नि राम तेरी आर्ती।।३।।

कैसे कर आर्ती तोह रिझावो।
मैं मूर्ष मति वुधि मेरी काची कहा तेरे गुण गावो।
ध्रू नार्द तेरे आगे नाचे क्या मैं नाच दिषावो।
अनहदि शब्दु बारे द्वारे घंटा कहा बजावो।
कै त्रैकोट तेरे चर्न मलोवे क्या मैं टहिल कमावो।
कोट पवन तेरे देह बहारी क्या मैं चवर झुलावै।
जीय पिंड सभ तुमरा दीआ क्या मैं सीस निवावो।
अषत भवन मै जोत तिहारी क्या मैं फूल चढावो।
ससी अर भान छाए मन सोभा दीपक कहा जगावो।
महादास भजु लाल त्रिभंगी कहति सुनति गति पावो।।१।।

आर्ती लेहो मेरे राजा राम, आर्ती लेहो मेरे श्रीभगवान।
अषल भवन के नायक माधो कमलापति परधान।
दीप धूप लै करो आर्ती चोआ चंदन पान।
कोटक नार्दि बीन बजावे गावे गोपी कांन।
जो जो सर्नि आए प्रभ तुमरी सेवा कीए निधान।
क्या लै गुन बर्नै मेरी रसना निगम रहे हैरान।
स्मृत शस्त्र बेद पुकारे पतति पा न तेरो नाम।
कौट भक्त तेरी करे आर्ती सिद्धनाथ सुर ग्यान।

जनम जनम एही फलु मांगो प्रेम भक्त देहो दान।
महादास सचु प्रगटि कहति है सुनीए श्री भगवान।।३।।

जय जय आर्ती राम जी तिहारी।
दीन दियाल भक्त हितकारी।।
जन हित प्रगटे हरि बपु धारी। जन प्रहिलादि प्रतज्ञा पारी।
द्रुपत सुता के चीर बधाए। गज के काज पिआदे धाए।
दस सिर छेद बीस भुज तोडी। सुर तैतीस बंद ते छोडी।
छत्र गहन कर लछमन भ्राता। आर्ती कर्त कौशल्या माता।
सुक सार्द नार्द मुन गावै। भर्त शत्रघन चवन झुलावै।
सन्मुष चर्न गहे हनूबीरा। ध्रू प्रहिलाद बाल सुभ बीरा।
सीता सहित अयोध्या आए। सभ सावल मिल मंगल गाए।
रावण जीता राम ग्रहि आए। रामानंदि स्वामी आर्ती गाए।।४।।

आर्ती करत जनक करि जोरे।
हरि हरि बडे भाग राम जी आए हो मोरे।
सीया स्यंवर धनष चढायो। सभ भूपन को गर्बु मिटायो।
तोड पिनाक कीयो दोऊ तुटिका। रघुकुल हर्षि रावण भई संका।
आई सीता संग सहेली। हर्षि निर्ष उस माला मेली।
कंचन थाल कपूर की वाती। सुन नर मुन जन आए बैराती।
गज मोतीअनि को चौंकु पुरायो। कनक कलस भर मंगल गायो।
धंन धंन राम लषमन दोऊ भाई। धंन्य दशरथ कौशल्या माई।
मिथुला पुर मै वजत बधाई। दास मुरार स्वामी आर्ती गाई।।५।।

आर्ती नृसिंह कवर की बेद बिमल जसु गावै।
प्रभ जी पहिली आर्ती प्रहिलाद उबारे हरिनाषस नषि उदर बिडारे।
दूसरी आर्ती बाबन सेवा बलि के द्वार पधार्यो देवा।
तीसरी आर्ती ब्रह्म पधारे सहस्रबाहु के कार्ज सारे।
चौथी आर्ती असर सिंघारे भगत भभीछन लंक पधारे।
पंच आर्ती कंस पछारे। गोपी ग्वार सकल प्रितपारे।
तुलसी को पत्र कंठ मन हीरा हर्षि निर्ष गावै दास कबीरा।।६।।

कहा लै आर्ती दासु करे हरि हरि, सकल भवन जांकी जोत फिरै।
सात समुद्र जांके चर्न निवासा काहा भयो जल कुंभ भरे।
कोट भांन जांके नष की सोभा कहा भयो कर दीप धरे।
ठारा भार रुमांवल जांके कहा भयो सिर पुशप धरे।
अनेक भांत जांके वाजे कहा झालरि झनकार करे।
शिव सन्कादक अरु व्रंह्मदिन नार्द मुन जांको ध्यान करे।
लष चौरासी व्यापक रांमा केवल हरि जसु गावे नामा।। ७।।

आर्ती कीजै राजा राम रीझै।
भक्त करो जम त्रासु न दीजै।
पहली आर्ती पुहप की माला काली नाग नथ ल्याए कृष्ण गोपाला।
दूसरी आर्ती देवकी नंदन भक्त उधार्न असर नकंदन।
तीसरी आर्ती त्रिभवन मोहे गर्ड सिंघासन राजा राम जी को सोहे।
चौथी आर्ती चौदस पूजा एक नरंजन स्वामी उौरु न दूजा।
पांचवीं आर्ती रामजी को भावै रामजी के हरि जस नामदे गावे।।८।।

आर्ती हनुमान लाला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कौला की।।
जांके बल गर्जे अरु कांपे। रोग सोग दुष्टंसीव न जांके।।
अजुनी पूत महा बलदाई। साधन सेवक सदा सहाई।।
दे बीडा रघुनाथ पठाए। लंका प्रजाल सीया सुधि ल्याए।।
लंक सी कोट समुद्र सी षाई। जात पवन सुत वार न लाई।।
लंक प्रजाल असर सभ मारे। राजा राम जी के काज सवारे।।
लछमन मूर्छ परे धर्नी पर। आन सुजीवन प्रांन उबारे।।
वावी भुजा सभ असर सिंघारे। दाहिनी भुजा सभ संत उधारे।।
पैठ प्याल तोडे सभ किंकर। अही रांवण की भुजा उफारी।।
घंटा ताल पषाउज वाजे। जगमग जोत अवधि पुर राजे।।
कंचन थाल कपूर सुहाई। आर्ती कर्त अंजनी माई।।
सुर नर मुन जन आर्ती उतारे। जय जय जय हनूमान उचारे।।
जो हनूमान जी की आर्ती गावे। बसे बैकुंठ वहुरि नही आवै।।
लंक वधो सन सीया रघुराई। तुलसीदास स्वामी आर्ती गाई।।९।।

हर्ति सकल संताप जनम के मिटत तलब जम काल की,
आर्ती कीजै मदन गुपाल की।।
गो घृत रचित कपूर की बाती झलिकत कंचन थाल की।
चंद्र कोट ससि भान कोटि छबि मुष सोभा नंद लाल की।
शंष चक्र गदा पद्म विराजे उर बाजंती माल की।
कीट मुकट कर सारंग सोहे अंजरी कुस्म गुलाल की।
सुंदर लोल कपोलन की छबि निर्षत व्रिज के बाल की।
सुर नर मुन जन करे आर्ती मोक्ष मुक्त प्रितपाल की।
घंटा ताल मृदंग झांझरी बाजत बैन रिसाल की।
हों बल बल रघुनाथ दास पर मोहन गोकल बाल की।।१०।।

निर्ष सरूप सीया रघुबर को छव नहीं जात वषानी।
आर्ती कर्त कौशल्या रानी।
कनक थाल गज मारण मुक्ता भरे सो बहु विधि आनी।
मार्‌यो मान सकल भूपन को कीर्त्त बेद बषानी।
तोड्यो धनष जनक जगपूर्ण तीन लोक मै जानी।
जनकराय की लाषी पर्सराम हित मानी।।
दसरथ सहित अवधपुर वासी उचिरति जय जयबानी।
तुलसीदास प्रभ अवचल जोडी भक्त अभैंपद दानी।।११।।

अथ श्री जोग चांदना

ओं सति सरूप बाबा साईंदास जी

रागु हिडोंल

परिसादि गुर के भउो आनंदि।
पूर्न पाउो मुनि मुकंद।।-रहाऊ

मनुअ उलिटयो एके वारि।
संसा भर्म सभ दीयो टारि।
नषि सिर पूर्न ब्रह्म ज्ञानि।
मानो नाही देव वहु आनि।
सति गुरि किरिपा तिविहूँ जानि।
जवि लागे गुर चर्न ध्यान।
विहारी दास प्रभ भए क्रपाल।
कर्मचंद रहे चर्न नालि।
उलिटि परियो जवि आतिमा।
आनि ठौरि काई रही नाह।
जलि थल महल सर्व पूरि।
जवि देषो तवि है हजूरि।

चौपाई –

सति गुरि पलक है बहुति प्यारी।
रोम रोम विच लागी तारी।
नषि सिष पूर्न ब्रह्म ज्ञानि।
कर्मचंदि गुरि लागो ध्यानि।
सतिगुरि किर्पा अपर अपारि।
जांको नाही पारावारि।
हरि की क्रपा कोई दासु विष्याने।
कर्मचंदि गुरि चर्न पछाने।

द्वादिस मेलो सुर्त लगाइ।
अंतिर वाहर रह्यो समाई।
गगिन चढे चढ गर्जे जाइ।
कर्मचंदि गुरि चर्न मिलाइ।
इसि चर्नन का इस्थर धरो ध्यानि।
कर्मचंदि गुरचर्न मै सरहोगलितानि।
अयसा धारो जु दौडि मिटावे।
कर्मचंदि तवि दर्सन पावे।
इस दर्सन का पावे भेव।
नषि सिषि पूर्न आतिम देव।
अनिभैय कथा भै नाही कोई।
कर्मचंदि गति पावे सोई।

चौपाई–
अयसी वाणी वणिने लागी।
राम नाम पाउो वडिभागी।
अनिभैय कथा सोहं जाप।
अयसे जाप वढे परिताप।
कर्मचंदि गुरि चर्न वीचारि।
वाहर अंतिर जोती तारि।

दो.– आसा अंतिर मारिए पाईए पदि निर्वानि।
कर्मचंद गुरि चर्निते आठि पहरि गलतान।।
कर्मचंद परि करणा करो धरो पीठ परि हाथ।
मानि वलेके बगते राष लिउो महाराज।।

सो.– वुकिल विच यारु असाडा काहे वाहरि जाईए।
इसि यारि दी सूर्त ऊपर पलि पलि विलम नि लाईए।।
अयसे स्वास मतु करों अजाई स्वास स्वास चित लाईए।
सतिगुरि सिहजा उपरि वसिए त्रिगुटी महल सुष पाईए।।
त्रिगुटी पाईए गुरि परिसाद कर्मचंदि गुनि गाईए।

अइसी लगी वलाइ लागित ही भ्रमु जरि गियों।
जनिम मर्नि भौउ जाइ चर्न कमल की मौजिमै।।
चर्न कविल मै छकि रहे निसिवासरि गलतानि।
कर्मचंदि गुर चर्न धूर परि लागि रहे गुर ज्ञानि।।

चौ०–

अइसा दाता कौंन है दे आत्म को वीचारि।
विन गुरि कैसे पाईए अंतिर गत रस सारि।।
गुरि दाते गुरि वडै है गुरि किरपा ते पाइ।
कर्मचंदि गुर चर्न धूरि परि अनिक वार बलि जाइ।।

पौड़ी–

अंतिर अइसी जोति प्रकासी।
झिलि मिल दर्सन सदा बिगासी।
अयसी जोति को लागे भाई।
कर्मचंद गुर चर्न सहाई।
सनिकादिक ब्रह्मादिक थाके जानि।
तुम भी भजो सभ मेरो कानि।
अइसी किर्पा जनि पहराई।
कर्मचंदि सोहं स्वास स्वास समाई

पौड़ी–

उलिटि कौल जवि ऊपरि जाइ।
नाडी नाडी स्वास वताइ।
सूषम नाड सूषम गति पाई।
कर्मचंदि गुरि सदा सहाई।
अष्ट कौल है जांके पात।
पाति पाति फूल विन सोहं जाप।
इसि सोहं का करो वीचारु।
कर्मचंद गुर चर्न अपार।

पौड़ी–

अपारि कला को जो कोई लागे।
जाके भागि सोई निसि जागे।

कर्मचंदि तुम जागो भाई।
सोआं सोइआ किउ रैन गवाइी।
उलिटि पौन गगनतरि जाइ।
चर्न कौल मै रहउो समाइ।
अइसा दर्सुन देषो भाई।
कर्मचंदि मिल जोति सवाई।

दो०– गगिनि मार्ग मै जोति झिलमिली तहा अंवृत रसु पीजे।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि चितु चेतिन करि दीजे।।

पौ०– गगनि मंडिल मै अंवृत कूआ तहा जाइ लिवि लागे।
तहा जोत झिल मिल हरिसे सोहं सविद मिला जागे।।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि स्वास स्वास चित लागे।
सुर्त समानी सविद मै सवदि चढिओ अकास।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि लागी वहुति प्यास।।
इही प्यास लागी रहे निस वासरि अरि भोरि।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि होए नैनि चकोरि।।
चकोर दिष्ट अकास की आनि नि कितिहूं जाइ।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि रहियो सर्व समाइ।।
अकास चांदना सविद है चंदि चकोरि के भाइ।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि अनेक वारि वलि जाइ।।
अग्नि चुगे चितु ना जले सीतिल ब्रह्म वीचारि।
कर्मचंदि गुर चर्न धूर परि अनिक वारि वलहारि।।

पौ०– उलिटि परा जवि आप मय सर्धा रही नि काइ।
रोम रोम विच छकि रहियो अंतिरगति लिव लाइ।।
रूप रेष अश्चर्ज है तहा कर्मचंदि चितु लाइ।।

पौ०– पर्म पुर्ष को जानीए तौ परिमार्थु होइ।
जहा सति गुरि का उपिदेसु है परिमार्थ कहीए सोइ।।
औरि परिमार्थु कछु नहीं देषो सविद वीचारि।
कर्मचंदि गुरि क्रपा ते पाए अपरि अपार।।

परिमार्थु परिलोक वतावे सति गुरि चर्न मिलेत हरि ध्यावे।
परिमार्थु है इसका नाम कर्मचंद गुर चर्न ध्यान।।
उलिटि परा जवि प्रभू अपार सोहं आत्म करो उचारि।
प्रेम परसादि गुरि लागो धाइ कर्मचंदि गुर ज्ञानि वताइ।।

दो.– अपिर अपारि की बाति कौं लागि रहो दिन रात।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि आइ मिल्यो परिभाति।।

उलिटियो कौलि चडियों अकास मनि पौने को लीयो ग्रास।
मनि ग्रास यों सुर्ति लगाइ कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि।।
अनिक वार जल जाई।।
मनु चंचल निश्चल भयौ सतिगुर के परिसादि।
औरि जतनि सभ कछु नही सतिगुरि चर्नी लागि।।
इस मनि का एही उपाउ निस वासरि पल ध्यान।
कर्मचंद गुरि चर्न धूरि परि लागि रहियो गुर ज्ञानि।।
मनि की वूटी गुरि सविद है मानि लियों तति काल।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि ते मिटि गियों सकिल जंजाल।।
वूटी एह अश्चर्ज है सति गुरि दैई वताइ।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि अनिक बारि बल जाइ।
सति गुरि का उपदेसु मानि के वूटी लेहु वीचारि।
सति गुरि किरपा गुर नजिर है वूटी अपर अपार।।
बूटी अपिर अपार परिसति गुरि ते पाइआ।
कर्मचंदि गुरि चर्न ते घरि निर्भो आइआ।।
मनुआ जीत्या सति गुरि कृपा ते जनिम ते जनिम मर्न दुषि जाइ।
जो कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि अनिक वार वल जाइ।।
संति सर्न की ऊपमा मो पह कही नि जाइ।
अइसी सर्न सहाइ हम्हारे जनिम मर्न दुष जाइ।।
सांई सर्न प्रहलादि उवारिउो कर्मचंदि वलि जाइ।
सनिक सनंदन व्यासदेउ गहर गंभीरा।।

सांई सर्न नार्द जी कही वही सर्न रघवीरि।
गुरि किर्पा ते पाईए एही संतिन की धीरि।।
संतिअचर्ज अचरुजु कर्ताने कर्मचंद गुरि ज्ञानि बष्याने।
संत सहाई सेवका जनिम मर्न दुष जाइ।
कमचंदि गुर चर्न धूरि परि अनिक वारि बल जाइ।।
संतिन धूडि अपार है अदिभुति कही नि जाइ।
कहिन सुनिन ते परे है तहा कर्मचंद ठहराइ।।
चात्रक चित चकोरि के एन्हा प्रेम की वांण।
चातक चंद मै थस रहो प्रेमी दर्स नि मानि।।
चात्रक बूंद प्यास है रलि मिल एको दान।
कर्मचंद गुर चर्न धूरि परि रिदे न करु अभमान।।
वर्ण आश्रम अभमानि है इउ मै चिंता रोग।
अभमानि त्याग लाग नाम को पावो अंवृति भोग।।
इही भोग इही जोगि है इहि लील्हा अपर अपारि।
कर्मचंदि गुरि किर्पा ते लाग रही लिव तार।।
इहि लील्हा लिव तारि की मोपे कही नि जाइ।
कर्मचंदि गुर किर्पा ते लील्हा माह समाइ।।
अनिभय मथे इस तुल नाही छंदि।
कर्मचंद गुरि किर्पा ते पाओ सर्व अनंदि।।
इह अभमानि को त्याग के रहो चर्न सो लाग।
कर्मचंद गुरि चर्न ते तवि पावो वैराग।।
वैर राग ते रहित है वैयरागी कहीए सोइ।
कर्मचंद गुर चर्न लगि दुरिमति मनि ते षोई।।
योगु चांदना नामु है पंथु है अपर अपार।
कमचंद गुरि चर्न धूरि परि लागि रही लिव तारि।।
लिवि लागी चांदनु भया निसिवासरि अरि भोरि।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि होए नैनि चकोरि।।
चकोरि चांदना आपि है प्रेमी लीजै मानि।
कर्मचंदि गुरि चर्न मै लाग रह्यो है ध्यानि।।

बैन समाने नैन मै नैन रहे निराधारि।
नैन वैन मै एकता पाए पुर्ष अपारि।।
अपारि कला नैनन मै आई नैनो भीतिर रह्यो समाई।
इक पल जांदा नजिर नि आवै अंजन माह निरंजन पावै।।
कर्मचंदि गुरि चर्न मिलाइ।
अइसा परिचा अंतिर पाइआ। पलि पलि चढिदा रूपु सवाइआ।।
उसि परिचे को जांने कोइ। सति गुरि मिले निरंजन होइ।
अइसी दात सति गुरि की जांनि। कर्मचंद गुरि चर्न ध्यानि।।
निर्मल जोत प्रकासीए सतिगुरि के उपिदेस।
कर्मचंदि गुरि किर्पा ते पाए अंतिर वेस।।
एह वेसु विसवासु हे भाई रुपु रेष कछु लषियो नि जाई।
अपरि अपारि गति लषी नि जाइ कर्मचंदि गुरि चर्न समाई।।
अंतिरि गति रसु पावो भाई गगनि मार्ग मैं जोत समाई।
गगन गुफा मै अंवृत सारि कर्मचंद गुरि चर्न अपारि।।
सति गुरि सविदु प्रकास्या आउों अंवृति स्वादि।।
कर्मचंद गुरि चर्न धूरि परि मिटि गए सकिल विवादि।
सतिगुरि विरहो जागआ रोम रोम छक जाइ।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि अनिक वारि वल जाइ।।
उलिट पलट का षेल क्या जाने चतिर सुजानि।
कर्मचंदि गुर चर्न धूरि परि लाग रह्यो गुरि ज्ञानि।।
मनुआ उलिटि चढ्यो अकास। गगिनंति मै लीनो वास।।
सर्व सुषु तहा भओ कल्यान। तहा आत्म पूजा गुर चर्णन ध्यानि।।
जाइ निरिवास भउो तहा भाई। औरि चितिवना उठे नि काई।।
नषि सिष पूर्न भउो प्रकास। तवि ही पाउो अंतिरि बास।।
अंतिरि कथा सुनो रे भाई। रूप रेष कछु लषयो नि जाई।।
कोटि सूर्य का भउों प्रकास। तवि चर्न कौल मै लीनो वासु।।
अपरि अपारि लील्हा तेरी जानी। भ्रम भौ जल ते उतिरे पारि।।
भ्रम भौ जल कहा रे भाई। चर्न कौल की एह वडिआई।।
स्वासु अविर्था कतहूं न जाइ। स्वास स्वास मै सुर्त समाइ।।

स्वास सुर्त का मेलु है सोहं अपिर अपारि ।
सुर्त समानी सविद मै सविद रह्यो निरिधारी।।
कर्मचंदि गुर चर्न धूरि परि पाए पुर्ष अपारि।
चर्न अपरि अपारि है चर्नन का करो विष्यान।।
कर्मचंदि गर चर्न ते पाउो अभे पदि दान।
वडिभागी तिस को जांनीए पावह गुरि को ज्ञानि।।
कर्मचंदि गुरि चर्न ते चढियो पदि निरवांनि।
सति गुर ज्ञानि है अपर अपार। नषि सिष पूर्न ब्रह्म वीचार।।
ब्रह्म वीचारि का करो वष्यानि। योगि चांदना लीजै मानि।।
योग चांदने सविद प्रकास। कर्मचंद गुर पूरी आस।।
ज्ञानि कला बढ़ती रहै सति गुरि अपिरि अपार।
योग चांदना जानीए कर्मचंद बिसथारि।।
हौउ भा चिंता रोगु है तिस का करो त्याग।
कर्मचंद गुरि चर्न ते पाउो ब्रंह्म वैरागि।।
वैराग कला गुरि ज्ञानि है औरि जतिन नहीं कोई।
रोम रोम मय छकि रहे तहा जनिम मिर्त नहीं होई।।
जनिम मिर्त कौनि को कहीए। अपारि कथा अंतिर ही लहीए।।
अपारि कथा का करो बीचारि। तहा योग चांदना अपरि अपारि।।
जहा जोति प्रकासी है निरधारि। सुर्त स्वास मिल सविद उचारि।।
उलिटि कौल गगनंतिर जाइ। कर्मचंदि गुरि दीया दिषाइ।।
अंतिरि बाहिर छक रहियो निसि दिन आनंदि पाइ।
कर्मचंद गुरि चर्न धूरि परि रोम रोम छक जाइ।।
योगि चांदना नामु है सति गुरि लियो सभालि।
अनभय कथा कौनि सो लहीए सतिगुरि पूर्न द्याल।।
सति गुरि पूर्न नामु दिढाए। करि किरिपा गुरि चर्न मिलाए।।
अंतिर पाउो ब्रह्म ज्ञानि। कर्मचंद गुरि का एह दानि।।
पूर्न आत्म ज्ञानि किर्पा सति गुरि होइ। जनिम मिर्त नहीं जाने कोइ।।

जीविति मुक्त कहीए सोइ। कर्मचंद गुर चर्न ते अभे पदार्थु होइ।।
गगिनंतरि मै षेलीए निसि दिनि आठो जामि।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि लागि रह्यो गुरि ज्ञानि।।
जनिम मिर्त ते पारि हे गावे सोहं गीति।
कर्मचंद गुरि चर्न ते होए नैनि अतीति।।
मनि को जीति अजीति पदि पावै। सूर्त सविद लै कंठ लगावै।।
गुरि किरिपा गगनंतिर जाइ। मनुआ उलिटिआ मने समाइ।।
गुरि अंतिरि रंग दीउो बताइ। अंतिरि गति लिव पूर्न लाइ।।
आत्म सो लिव लागी रहे वाजे सविदि गंभीरि।
तहा अनहद सविद अपारि है सोहं गावे गीति।
कर्मचंद गुरि चर्न ते होए नैनि अतीति।।
करि किरपा पाईए हइ भाई। आपे आइ जोत समाई।।
रोम रोम विच रूपु सवाई।।
नषि सिष पूर्न आत्माज्ञानि। तहा चर्न कौल का लागा ध्यानि
सो एह चर्न है अविर अपार। कर्मचंदि लिव लागी तारि।।
प्रेम कला बढ़ती रहे घटिती भली नि जानि।
कर्मचंदि गुर चर्न धूरि परि पाए पुर्ष सुजानि।।
एह प्रेम अश्चर्ज है अंतिर रह्यो समाइ।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि अनिक वारि वल जाइ।।
प्रेम समाना सहिज मै सहिज प्रेम मिल जाइ।।
सहिज प्रेम मिलए कहे आनि न कतिहूं जाइ।।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि प्रेमी सहिज गति पाइ।
सुर्त समानी प्रेम है उलिटि मनि ही कों षाइ।।
मनु ही सवुदु हो रह्यो गगिनंतिर मै जाइ।
कर्मचंदि गुर चर्न धूरि परि अनिक वारि वल जाइ।।
सुंन्न सविद का चांदना देषे अचरज रूपु।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि पाए प्रेम अनूपु।।
सुंन सविद अति सिषर हे गावे सोहं गीति।
कर्मचंदि गुर चर्न धूरि परि होए नैनि अतीति।।

अतीत मार्ग अपारि है अगम पंथ को सारि।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूरि परि पाए प्रेम अपारि।।
प्रेम पुर्ष अपारि हे निरंजन की हय जोति।
कर्मचंदि गुरि चर्न ते आत्म निर्मल होति।।
आगे अगे अगे रिजाइ। रोम रोम विच रह्यो समाइ।।
नषि सिषि पूर्न आतम ज्ञानि। तहा चर्न कौल का लागा ध्यान।।
चर्न कौल कैसे है भाई। तांकी महिमा कही नि जाई।।
तिन चर्नन का करो प्यारि। तवि ही पावो मुक्त द्वारि।।
वंधनि मुक्त तहा कछु नाही। प्रेम पदार्थ हे घटि माही।।
अचिव अंवृत छक रहे पाइउो पदि निर्वानि।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि सदा सदा गलितानि।।
अयसा दाता को नही जैसे संत उपिकारी।
संति चर्न की धूरि परि जाउ सदा वलिहारी।।
संति जवी किरिपाल होइ तवि मिले मुरारी।
चर्न कौलि की धूरि परि कर्मचंद वलिहारी।।
सांई देवल देवता आत्म देबल होइ।
आत्म देवल स्वास है मनुआ लेहु परोइ।।
मनु मनिसा मिल षेलु है देवल कहीए सोई।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूरि परि तहा जनिम मिर्त होई।।
जनुमु मिर्तु एक बाति है इहि वाति मै नाह।
वाति समानी वाति मै एह अचरजि रूप अपारि।।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूड परि पाए अलिष अपारि।
अंतिरि लिवि लागी रहे गर्जे सविद गंभीरि।।
चहु दिस चमिकै दामनी सोहं पुर्ष रघुबीरि।
कर्मचंदि गुरि क्रपा ते उतिरे बेनी तीरि।।
गुणु को ग्राहु जु कीजिए औगिण देहु बहाइ।
गुण औगण ते परे है तहा कर्मचन्द ठहिराइ।।
भग्ति भय को दूरि करि निर्भौ गावो गीति।
कर्मचन्दि गुरि क्रपा ते होए नैनि अतीति।।

भिष्या मांगी नाम की सति गुरि सदा क्रपाल।
कर्मचंदि गुरि क्रपा ते एह स्वासनि की माल।।
एह माला है नाम की मका मनुआ नाह।
कर्मचंद गुरि क्रपा ते सोहं हंसा गाह।।
कांटा लगियो प्रेम का अंतिर धसता जाइ।
जाता जाता तहा गया जहा सविद सुर्त मिल पाइ।।
एह वाति है प्रेम की नषि सिष रह्यो समाइ।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूड परि अनिक वारि वलि जाइ।।
प्रेम प्रकासयो सहिज मै सति गुरि दीउौ वताइ।
नषि सिष आत्मु प्रगटियों अंतिर गति लिव लाइ।।
अंतिर लिव लाई रहे सतिगुरि दीयो वताइ।
कर्मचंदि गुर चर्न परि अनिक वारि वल जाइ।।
सतिगुरि विरिहो जागिआ जनिम जनिम सुषु पाइ।
कोटि जनिम का पंथु था पल मै पहुँचे जाइ।।
स्वास स्वास भजु नाम कों बिरिथा स्वास नि षोइ।
रतिन स्वास जबि जबि जान्या मनु माने सुषु होइ।।
अयसे स्वास तो बलि बलि जाईए। चर्न कौल चितु द्रिढ करि लाईए।।
चर्न कौलु मै कौतिक देष्या। निज सरूप मिल आनंद पेष्या।।
आनंदि कला वढती ही जाए। कर्मचंदि चितु चर्न समाए।।
रा रा ममा भगतु है सोहं गावो गीति।
कर्मचंदि चितु गुरि चर्न धूरि परि होए नैन अतीति।।
भानु प्रकासयो जगित मै तिमर गियो विवहाइ।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूड पर अचिरजि भानि चढाइ।
कुसंगि कविहूं नि कीजिए सदा रहो सति संगि।।
कुसंगि मार्गु अज्ञानु है सति संगु सदा बीचारु।
दुषु सुषु कविहूं न लागही इहि संतिन का उपकारि।।
संत सदा अरोग है रोगी सदा कुसंगि।
इसि कुसंगि को त्यागि देह संतिनि सौ लिव लाइ।।
कर्मचंद गुरि चर्न धूड परि जनिम मर्न दुष जाइ।

हमरी संति सो बनि आई।
संतिन सो हमि लेवा देवा संतिन सो विवहारा।।
संतिन सो हम लाहा षटआ भग्ति भरे भंडारा।
संति चर्न की किरिपा होई उतिरे बेनी पारा।।
कर्मचंदि गुरि क्रपा ते पाए चर्न अपारा।
गुह्यि कथा मै लागो भाई। अंतिरि वाहरि रह्यो समाई।।
अतिरि वाहरि जांका वासा। रोम रोम विचरह्यो प्रकासि।
प्रकास भउो जबि आत्म निर्मल रूप अपारि।
निर्गुनि सुर्गुन एकता अटिल रूप चित्त धारि।
संति क्रपा ते जानिआ गुह्य कथा अपारि।
गुह्य कथा निरिवैरि है वैरु नि कबिहूं जानि।
कर्म चन्दि गुरि क्रपा से लागि रहयो गुरि ज्ञानि।
प्रेमी सदा चकोरि है वासना उठे न काइ।
नैनि समाने जोति मै जोति नैनि मिल जाइ।
कर्मचन्दि गुरि क्रपा ते नैनिन जोत समाइ।।
चंचल मिर्गु मारो रे भाई निहचलु सुर्त सदा घरि आई।
चंचलु मारिउो गुरि किरिपा जानि कर्मचंद गुरि लागो ध्यानि।
एक कनिक अरि कांमनी दोवे करों सभ त्यागि।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूड परि तवि पावो वैराग।
कनिक कांमिनी वाति है अनुपा कतिहूं न जाइ।
कर्मचन्दि गुरि चर्न ते अंतिर गति लिवि लाइ।
अइसा प्रेमु प्रकासउो मनुआ लेहु उलिटाइ।
मनु उलिटांना देह ते गगिन गुफा मै जाइ।
गगिन गुफा मै षेलते कर्मचन्दि सुषु पाइ।।
नैना अटिके जोति सो जोति नैनि मिलि जाइ।
नैनि जोति है आत्मा परिमात्मा रह्यो समाइ।
गुरि किर्पा अश्चर्ज है अचरजु रह्यो समाइ।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूड परि आत्म गति लिव लाइ।
बिन परितीति कार्ज नहीं जो तीर्थ फिरे सकल बनिवास।
जवि प्रतीत आबे घटि माह कार्ज सकल अर्तुही माह।

कार्ज सकिल पूर्न भए चर्न कबिल चितु लाइ ।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूड परि अनक वारि बलजाइ ।
हरि सेवा द्वादस वर्ष गुरि सेवा पल एक ।
ताह वरावर साईंदास धर्म नि होति अनेक ।
नेह रीत की प्रीति का मर्मु न जाने कोई ।
कर्मचन्द गुर चर्न ते लगे सो पूर्न सोइ ।
नेह रीत की प्रीति करु ओर प्रीत नहीं जान ।
कर्मचन्द गुर चर्न सौ सो सांची लागी मान ।
बेपरवाह सतगुर की कृपा जानति लेह वीचार ।
कर्मचन्द गुर चर्न धूर पर अनकवार वलहार ।।

इतिश्री जोग चांदना समाप्तं शुभंमस्तू ।

हरिश्चन्द-कथा

ओं स्वस्ति श्री गणेशाय नमः।।

दो०– कौलापति को सिमरीए गणपति गिरा व्यास।
गुरु चर्नन को रिदे धरि कार्ज होवे रास।।

चौपाई–

वंदो प्रथम गुरां के चर्ना। जिह प्रसाद दुस्तर जग तर्ना।।
सूर्य रूप तिमर के हंता। दाता मोक्ष प्रभू भगवंता।।
वर्षे ज्ञान शक्र की न्याई। शिष्य अचै चात्रक सुष पाई।।
इंद्र वर्से समा विचारी। गुरु नित वर्से जगत मंझारी।।
वर्तन नीच जिवे जलु रहे। ऊच पुर्षु तिस कोऊ न छुहे।।
मिले सुरसरी होइ न आना। पान करे पंडित परिधाना।।
तिमि गुर मिले नीच जनु कोई। ब्रह्मा की सम सर सोऊ होई।।
गुरु है सकल भवन के राजे। ब्रह्मा शंभु गुरा के साजे।।

दो०– सप्त लोक चौदा भवन आद अंत के माह।
गुरु समान दाता अवर तीन लोक मै नाह।।

चौपाई–

वंदो क्रष्णचंद के चर्ना। कवल वदन सुंदर सभु वर्ना।।
दुष्ट विदार्न संत सहाई। विघ्न विदार्न सभ सुषदाई।।
अचल रूप अच्युत अविनाशी। जगु उपजावन सक्ल विनाशी।।
ज्ञान रूप विज्ञान सरूपा। काल द्वैत ते पर्म अनूपा।।
श्रिष्ट रूप सभु षेलु तुम्हारा। तूं प्रभु सकल रूप ते न्यारा।।
जो जनु तुमरी सर्नी आवै। जग मै सुष पर्म गति पावै।।

छन्द–
सिर मौरमुकटि वजंती माला पीत वसन सुहावहे।
कंचन तनी नव सात साजहि नील पट छब पावहे।।
नित करे नव तन चर्न सुंदर कबि कवन छवि को जानही।
जो धरे जुग पद रिदे भीतर सोई पर्म सुजानही।।

सोरठा–
सुनो संत चितु लाइ हरि भगतिन की बार्ता।
करै क्रष्ण सहाइ कथा संपूर्ण होइ तब।।

चौपाई–
नमो नमो गुर पर्म दियाला। नमो नमो जसुधा के लाला।।
नमो नमो सभ जग के संगी। नमो नमो महादास त्रिभंगी।।
नमो नमो गज वदन विनायक। नमो नमो सूर्य वर दायक।।
नमो नमो शिव शक्त गभीरा। नमो नमो सुक व्यास समीरा।।
नमो नमो जल धर्न अकासा। नमो नमो पावक पर्गासा।।
नमो नमो सुर मुनी चौरासी। नमो संत सभु ग्यान प्रगासी।।

दो०– नमो नमो सभ श्रिष्ट को इंद्री नमो शरीर।
पंच तत्व आत्म नमो नमो भानसुत वीर।।

चौपाई–
स्यामदास संति गुर के चर्ना। तांकी गहो सुद्रिढ करि सर्ना।।
संतदास जो रिदे ध्यावे। दर्गा गिया पर्म सुषु पावै।।
गुर्वषशदास गुर दया सरूपा। ज्ञान दया मै महा अनूपा।।
जो सिमरे सोई सुष पावै। गुर जन सोई गुरो को ध्यावै।।
संवत ठारा सै अरु तेई। क्रष्ण पक्ष एकादश तिथ एई।।
मघर मास विष्ण की वीसी। मंगलवार पुनर्वस थीसी।।
ता दिन उपज्यो रिदे मंझारा। रचो कथा कछु होइ उधारा।।
जग मै जीवन सुफन समाना। कहो कथा गुरि करै जु दाना।।

दो०– जग मै जीवन तो भला करै कछुक सुभ काज।
नही तो मृतक ही भला काहे करे विषाध।।

चौपाई –
जीवै तो जो धर्मु कमावै। कै जीवै परि स्वार्थ धावै।।
कै जीवै परमातम जाने। कै जीवै गुरु भगति सुजाने।।
कै जीवै सा मानस रूपा। कै जीवै धर्मी जग भूपा।।
कै जीवै तीर्थ के वासी। कै जीवै जग सदा उदासी।।
जीवै पुरुषु जो जस के साथा। स्त्री जीवै सील सुहाता।।

दो॰– जीवन तांका धन्न है जो जस सेती जांह।
ध्रिग जीवन तिस नरो का अपिजसु जांके नाइ।।

चौपाई –
जन्म अनित्य सदा थिरु नही। तांते एहि उपजी मन माही।।
अवध घनी दिन अधिक विहाए। हरि जसु मुष ते कबूं न गाए।।
अवि कछु हरि की कथा वषानो। गुरु चर्नी पंकज चितु आनो।।
सभि संतनि की आग्या पावो। हरीचंद की कथा सुनावो।।
ऊक चूक की हास नि कीजै। दधिसुत की रक्षा करि लीजै।।
श्रुत नही सुने नही वुध भारी। रसना वासु करो गिरिधारी।।
उपजी अधिक मोह मन आसा। कहो कथा चित पर्म हुलासा।।

दो॰– जुग पुनीत सति युग बडा सुंदर पर्म रिसाल।
उपज्यो तांके मध्य मै हरिचन्दु भूपाल।।

सोरठा–
सुनो संत चितु लाइ कथा पुनीतम सुधा सम।
रोम कही प्रगटाइ धर्म पुत्र वन मै सुनी।।

चौपाई –
प्रथमे गुर पद सीस निवावो। हरीचन्द की कथा सुनावो।।
पुरी अयोध्या पर्म पुनीता। रत्नि जड़िति कंचन की भीता।।
सुंदर पुरी अमित विस्तारा। धरै कलस दल सुभग सवारा।।
जड़े अनेक मणी के साथा। चमिके ससि सूर्ज की भांता।।
ध्वजा पताके सभी दुआरे। पूर्न लछ सभी भंडारे।।
पर्म विवेकी नर तिहि ठौरा। रसे प्रेम सभ ही सिर मौरा।।

मांगत जन गंधर्व समाना। पंडित जन को लाल विधाना।।
चार वर्ण जानो फलचारी। सचिव जान सुभ कर्म विचारी।।
दो दसि जोजन वसै वजारा। होवहि कर्म धर्म विवहारा।।

दो.– आठ पहिर तिस नगर जन करे निगम उचार।
हाथ कमावै कर्म शुभ हिरदे प्रभू पियार।।

सोरठा–

सोभा पर्म अनूप अवध समान वैकुंठ के।
कौनु कहै नर रूपु उमा व्यास न कह सकै।।

चौपाई–

तांके निकट वहै अनुरागी। अघ नासन सरिजू वडि भागी।।
तांकी उपमा वेद वषाने। कै उपमा शंकर जी जाने।।
ता परि चले तरंग अपारा। सभ प्रवाह मुक्त को द्वारा।।
तरि वरि सघ्न सकल फल पूरे। दातु करै दाता जनु सूरे।।
षग अथित्य तां करै अहारा। रस्ना रटै अनक परिकारा।।
फूले फूल अनक परकारी। वर्णे वस्त होइ विस्तारी।।

दो.– राजु करै तिस पुरी मैं हरीचंद बलवान।
पर्म विवेकी कर्मवानु देत मान शत मान।।

चौपाई–

उठि प्रभात नृपु करित सनाना। वहुरि करै कोलापति ध्याना।।
नौ सति साज करै हरि पूजा। केशव विना रिदे नहीं दूजा।।
पूजे वहुरि वसंतर देवा। तांपरि करै सकल सुर सेवा।।
धेन अनेक करै तव दाना। वहुरि पितर के कर्म विधाना।।
अवनीसुर[१] के चर्न धुलावै। सुधा समान भोजनु त्रिपतावै।।
हीरे रत्न दक्षणा देई। तव चरणोदक हरि का लेई।।
दिज चर्नन का नीरु औचावै। विष्ण अर्प कछु भोजनु पावै।।
वस्त्र पहिरि सिंहासन जाई। पहिर एक नृप न्याउ कराई।।

१. अवनीसुर = ब्राह्मण।

दो.– ता पाछे नृप सभा मै होह राग धुनिकार।
निर्त होइ सभ अपसरा मानो सुरपति द्वार।।

चौपाई –
तापरि होइ कथा भगवाना। तीर्थ वर्त महातम ज्ञाना।।
पुस्तक पूज भूप सिर नावै। मांगत जन को दान दिलावै।।
जाइ अषेट तवै भूपाला। परिजा पाप हरै तत्काला।।
संध्या समे भवन के आवै। त्रिकालग्य शुभ कर्म कमावै।।
आठ पहिरि सुभ कर्म कमाई। परिस्वार्थ सुति उठि कै धाई।।
तांकी नार कर्म अनुरागी। तारा लोचन अति वडिभागी।।
तिस के कर्म सुनो चितु लाई। मानो सील सुकर्म वनाई।।
प्रभु की भग्ति दया को रूप। विषे कर्म ते रहित अनूप।।
संत दिजो के पद अनुरागी। प्रभु की भगति रिदे महि जागी।।
करै वर्त्तु चंद्रायण आदा। बोले वचन न विनु मर्जादा।।

दो.– तन सुगंध सीस सों वदन द्रिग कुरंग गज चाल।
मानो सागर की सुता रितु ते पर्म रिसाल।।

दो.– तेजु समान मयंक के सभ सषीअनि परि दियाल।
हरे सकल दु:ख जगत के अैसी बुद्धि विशाल।।

चौपाई –
वरस पचीस दोऊ नर नारी। विधि जोरी निज करै सवारी।
एक पुत्र तिन के गृह जायो। नाम रिवतास वसिष्ट धरायो।
अति पुनीत सुन्दर वडिभागी। स्याम चर्न मै अति अनुरागी।
करी भूप दिज सेव अपारा। गऊ लक्ष संकल्प उदारा।
धर्मराज जग करै भूपाला। मंत्री नृप के वुधि विशाला।
एक दिवस भूपति मनि आई। रचो यग्य कछु संग नि जाई।
इकताली अरु साठ विचारे। करि संकल्प भूप मन धारे।
जिउं जिउं वेद कहे मथ कर्मा। तिउं तिउं भूप करै तिन धर्मा।

दोहा– करै यग्य विधिवंत नृप हरीचंद बलवान।
सप्त लोक को वेध के जसु छायो निर्वान।।

चौपाई –

हरीचंद को धर्म विलोकी। इंद्र उपज्यो मन महि सोकी।
देव अपसरा सकल बुलाए। सभि को अपना कष्ट सुनाए।
हरीचंद को तपु वलवंता। छीने राजु करे मम अंता।
कहे देव सुन ए सुर राजा। पठो अपसरा पूरे काजा।
चली उर्वसी आयसु पाई। पात्र रूप सभा मै आई।
भूप कह्यो तुमरो को देसा। कित निमित्त कीनो परवेसा।
बोली वधू तवै छलवानी। सुनो उदार पर्म सुरज्ञानी।
सुनि गुन दछन तज्यो तुमारे। वडी प्रीति अति रिदे हमारे।
तुमि देषो निज गुन दिषरावो। आज्ञा लै निज भूम सिधावो।
उठी तवै भूपति सिरुनाई। निर्त करी कछु कही नि जाई।
राग तान सुर ग्राम अनूपा। गावहि राग धरे जन रूपा।
काम बान तिन दीए चलाई। हस मुसकाइ निमज होइ जाई।
कबूं दीन होइ तनु सुकचावे। कवि प्रसिद्ध हो चर्त दिषावे।

दो.– सभा सकल मोहत भई भूपत सहिज सुभाइ।
जैसे प्रवल वियार ते मेरु नहीं अकुलाइ।।

चौपाई –

जैसे पारस पर्म पदार्थ। संत जना के नाही स्वार्थ।
अनेक जतन करि अति अकुलाई। दीए पान भूपति बैठाई।
छल्यो न भूपु दीन अति भई। अवर सभा आतुर चलि गई।
जाइ इंद्र को व्रितंतु सुनायो। वहुरि एकु प्रसंगु दिढायो।
कहे उर्वसी सुनो सुर राजा। कहो कथा पूरो सभ काजा।
व्रह्मनु एकु रहे षट कर्मी। विष्ण भगत अरु महा सुधर्मी।
एक दिवस तीर्थ के हेता। चल्यो विप्प ज्ञान तत्ववेता।
मार्ग माह कुरंग दिषायो। तांके संग स्वान लपिटायो।
अपुनी पूज देष सकुचावे। स्वान कहे मतु छीन लि जावे।
कहो नाथ तांके कित काजा। हरीचंद को तिव तुम राजा।

दो.– नहि इछा तुम पूरी की हरीचंदु सुरईस।
त्रास न मिटयो इंद्रि को गयो शर्ण जगदीश।।

चौपाई –

रच्यो इंद्र तपु केशव द्वारे। सभ शरीर पद नष पर धारे।
अवर इस अैसो तपु धार्‌यो। जल अहार चित ते सभि टार्‌यो।
शिव विधि वरुदे कष्ट दिषाई। कष्ट निवार्ण केशव राई।
देष कष्ट संत का जवही। लज्जावान होइ हरि तविही।
देष इंद्र का तपु अधिकारी। चलि आए तब विष्ण मुरारी।
दया सिंध प्रभु क्रपा निधाना। इंद्रि प्रति वोले भगवाना।
अहो तात कित कष्टु कमावो। जो चाहो वरु तप ते पावो।
देहु नाथ वरि वचन समेता। मांगा तुम मनि आवे जेता।
हरीचंद नृप अवध रहाई। तांका धर्मु नष्ट होइ जाई।

दो.– सुने देवपत वचन जवि अति सकुचाने नाथ।
धर्मु निवाहन नामु मम करो धर्मु कित घात।।

चौपाई –

तापर नृप निज भक्त हमारा। जन समान मुह औरु न प्यारा।
जैसे वेद बडा जग माही। विनु दिज निगम नि सोभा पाही।
दिज चाहित कति और वनावै। श्रुत कहु कैसे दिज प्रगटावै।
संत अनेक मोह सभ भए। ईसर कहो संत किन कहे।
संत दुःख मोको नही सोहे। तुम जा करो जु तुम ते होहे।
सुरपति जाइ कहो रिषि राजे। हे स्वामी पूरो मम काजे।
हरीचंद का धर्मु गवावो। हमिरे रिदे अनंद वढावो।
देव रिषै चित वाति विचारी। देषो भूपति प्रतीत प्यारी।
जाय विलोको नृप को नेमा। है इस्थिर किधो होत अनेमा।
रूप तपी वैराह वनायो। द्रुम आश्रम नौतन सभ धायो।
रक्षक देष्यो नैन निहारी। जात अनेक न उबिरी डारी।
रक्षक उौधपती पहि आयो। सभ व्रतंतु तिन भाष सुनायो।

दो.– भूप सुनो रक्षक कहे कह्यो नाथ सत्त वाति।
आस नि कीजै फूल फल नौतन वाग निपात।।

चौपाई –

भूप कहा तांको कहा हूआ। तांका दुष्टु कौनु जग दुआ।
जिहि वप हरि हरिणोय चमारे। नाथ रूप तिहि वाग उपारे।
सो अविलौ ठांडातिहि ठौरा। चलो नाथ लावौ गौरा।
कै वहु तनि धरि शिव विधि आइयो। कै होणी निज रूप वणाइयो।
तवि राजे हय वेग वुलाया। चमू रहित भूपति उठि धाया।
नरपति देष वेराह नसाना। पाछे चल्यो भूप वलवाना।
सरजू अघनासन के तीरा। धरि बैठो मुनि तपी सरीरा।
तिसी ठौर पहुच्यो नर नाहू। बैठो रूप तपी घर जाहू।
देष तपी नर्पति सिरु नायो। बहुरोभूप वराह पुछायो।
तपी कह्यो हमि नाह निहारे। कोऊ न पंडित सचिव तुमारे।
अैसे समे पुनीतम राजा। सूकर षोजो तुमि कित काजा।
मानस जन्म न वारंवारा। कित विसरायो प्रान प्यारा।।
ते नर धन्न जगत के माही। करै दान हरि भगत कमाही।।

दोहा– धन्न पुरुसो जगत मै सुनो भूप बलवान।
परि स्वार्थ हित सो करे भक्त प्रभु सनमान।।

चौपाई –

तांते तुम छत्री को रूपा। होते नैन परो परो किति कूपा।।
विलम त्याग कीजे इस्नाना। करो दान केशव के ध्याना।।
तवि राजे दोनों कर जोरी। हाथ वंध के करो निहोरी।।
उत्तरेया भूप मुनी के भाषे। शस्त्र षोल्ह अस ऊपरि राषे।।
मज्जन कीयो पुनीतम वारा। गुप्त दान मन भीतर धारा।।
सरजू मज्ज मुनी पह आए। आगे षेल मुनीस वनाए।।
कंन्या तरण वाल वलवाना। वस्त्र अंग विवाह समाना।।
नृपत देषि मुनी को भाषे। कहो सत्य इहि क्या रचि राषे।।
भाषु यथार्थ हमरे आगे। छल अरु कपटि गिरा को त्यागे।।

दोहा–दोनों संतत नृपत की सुनो भूप चितु लाई।
पढो जान परमार्थी इनका करो विवाह।।

चौपाई –
देस विहीन यांके पितु माता। तूं भूपति है जग विष्याता।।
कंन्या कुल का मय पुजारी। आयो जान तुमे उपिकारी।।
तांको भूप कह्या श्रुत ज्ञाता। जाको मात पिता नहीं भ्राता।।
तव मुनि कह्यो नि लावो वारा। भूप जात है समा हमारा।।
देवा लग्न निवहु जु राई। जाते अवधि होत अधिकाई।।
वेदी रची नदी के तीरा। बैठो भूप सिमर रघुवीरा।।
कीयो विवाह निगम जो कह्यो। वालकु तिसी ठौर वहि रह्यो।।
कह्यो कुअर कु कुछ देहो राजा। देन दर्व विनु विआह नि काजा।।
भूल्यो मैं जो व्याहु करायो। अगला कष्टु मोहि दिष्टायो।।
सोच करो सुत रिदे नि आना। मैं निज राजु दीयो तुझि दाना।।
तवि दिज कह्या दक्षिणा दीजे। व्याह दान विधि पूर्ण कीजे।।

दोहा– कीयो नृपत संकलप तव कंचन चाली भार।
होणहार हिरदे वसो पाछे करी संभार।।

चौपाई –
तव एहि वात भूप मन आई। दानु कीयो ग्रह मैं कछु नाही।।
तव दिज कह्यो द्रव मुहि दीजे। जाह भवन राणी ते लीजे।।
आगे करत हुती सुभ कर्मा। भूप वचन सुनि उपज्यो भर्मा।।
राज दान सुनि अति हरिषानी। कंचन की चिंता उरि आनी।।
वस्त्र भूषन सकल उतारी। चेरी चीर लीए तनि धारी।।
चली भूप पै सिमर गोपाला। संचव चले संग बुद्धि विशाला।।
स्मिरत जात पंथ रघुनाथा। धर्म निवाहन संकट साथा।।
निकट जाइ पत कीयो प्रणामा। बोली वचन शुभग नृप वामा।।

दोहा– चिंतन कीजे जगत पति सभा न ईहा एह।
राजुदीयो जिउं वालको दिज को तीनो देह।।

चौपाई –
वाल सचिव को भुज गहि दीने। तवी अवधि को विदआ कीने।।
भूपत कह्यो सुनो मुनराई। वेचो हमे जहा मनि आई।।

कंचन कह्यो वतावो माटी। षोवो सकल तुमारी षाटी।।
तव दिज क्रोधु रिदे मह कीना। नृप रानी को अति दुषु दीना।।
वचन हाथ कर लातन मारे। त्यागो तुमै कहो सुत हारे।।
नृपति कह्यो होइ नहीं एही। कंचनु लेहु वेच मम देही।।
तब दिज तीनों पंथ चलाए। जल अहार विनु घाम दुषाए।।
पंथ कष्टु कछु कह्यो न जाई। धर्म पुत्र को रोम सुनाई।।
अपना कष्टु भूप विसराना। दिज दुख देष वहुत अकुलाना।।
ब्राह्मण भूषा हमरे साथा। यहि है हमै वडो उतपाता।।

दोहा– मन महि सोचत मग चलति बीते षटि दिन चार।
पहुचे काशी दिज सहित रानी भूप कुमार।।

चौपाई–
काशी पर्म कतूहल भारी। अति पुनीत शंकर की प्यारी।।
कहिन नि आवै सकल समाजा। रवि प्रकास अलूक कित काजा।।
विकै दास तिह ठौर उतारे। आए लोक षरीदन हारे।।
नृप रानी को रूपु अपारी। आई गनका लेवन हारी।।
तव राजा मन अति विलषाना। कीउो रिदे सूर्य को ध्याना।।
हम रघुवंसी अंस तुमारी। जात धर्म अस्नुषा तुमारी।।
कुप्यो भानु सुर सकल पठाए। मर्कट रूप धर्न पहि आए।।
नगर नायका सकल सिंघारी। गई भाग सो उवरी नारी।।

दोहा– चली धर्म की वार्ता आई नगर मंझार।
रानी वालक लै गयो दे दिज पंझी मार।।

चौपाई–
ब्राह्मण हुतो तत्त्व को वेता। ज्ञानवान हरि भगति सुचेता।।
वृद्धि अवस्ता परि उपकारी। ता प्रति रानी वात उचारी।।
तात कहो तुम कछु सेवा। धरो सीस जो भाषो देवा।।
पुत्री कोऊ न सेव हमारे। केशव सिमरो बैठो द्वारे।।
कुअरि कह्यो मोय आज्ञा ताता। ल्यावो कुस्म प्रभू को प्राता।।
रानी कुअरि रहे दिज साला। सुनो भूप की वात भुआला।।

सोरठा–

दिन मण को वोले प्रभू केशव कृष्ण मुरार।
धर्म छुडावौ अवधि पति कला द्वादस धारा।।

दोहा– धर्म कही रिषि रोम को कहो नाथ प्रगटाइ।
इंद्र कहा सुधार्‌यो भूप विगार्‌यो काइ।।

चौपाई–

रोम कहे सुनीए राजाना। कीयो मष को नृप अभिमान।।
जग्य दान तप तीर्थ करे। विनु हरि भजन काज नहीं सरे।।
कर्म करे जा लहे सरीरा। सो सरीर्दाता रघुवीरा।।
तांको त्याग करे हंकारा। अनेक जन्म पावै दुषभारा।।
उैर वात इक रही दुराई। इंद्रि वचन दीयो रघुराई।।
अपिने हित प्रभ नाह वढायो। विधि शंकर का नाह मटायो।।
अपने तैसो गुन वडआवै। जो जनु प्रभु की सरनी आवै।।

दो.– संतन के अघ हर्ण को देत कष्ट गोपाल।
जव लग चंदन ना घसे चढे न केशव भाल।।

चौपाई–

आग्या मान प्रभू भगवाना। दीयो कष्ट नरपति को भाना।।
तेज जरे परि धर्म नि त्यागे। करी विनै तव देवो त्यागे।।
आयो तिसी समे चंडाला। भार बीस दे लियो भूपाला।।
जब दिज आगे नृप सिरु नाया। ता पाछे जल पान करायो।।
द्वादश दिन महि जलु नहीं लीना। हरीचंद अैसो प्रण कीना।।
नृप मतंग प्रत बचन उचारे। अवि सरीर मम भए तुम्हारे।।
जवि लग प्रान कलेवर माही। कहु दियाल क्या सेवक माही।।
मातंग कहो सुनहो वुधवाना। कहो सत्त सुनो सुजाना।।
जाम तीन जल को तुम ल्यावो। रजिनी प्रेत नगर दिष्टावो।।
मति शव जाइ जराइ न कोई। मुहिर जुगल दे जारे सोई।।

दो.– हमि को आज्ञा नृपत की शव सो लेहु संभार।
काठी वस्त्र युग मुहिर नरि दे करे जुहार।।

चौपाई –

आग्या मान लई भूपाला। कर्न लगा कारज ततकाला।
ल्योवे नीर त्रिवेनी पावन। धरे नीच गृह सुर जसु गावन।।
जाम चार ग्रह टहिल कमावे। विना कहे जो दिष्टी आवे।।
जिह को कहे तहा उठ भागे। मान विश्राम नृपत सभु त्यागे।।
ऊच नीच सभु सेव कमावे। मन मै कृष्ण गुन गावे।।
तीन जाम जलु भरे भूपाला। गवने नगरी वुध विशाला।।
जाम एक दिज के गृह जावे। सुने कथा पर्मातम ध्यावे।।
रजनी जाइ प्रेत अस्थाना। ध्यावे हिर्दे पुरुषु पुराना।।
निद्रा कैसी विना अहारे। कहे रोम सुनु नृप हरि प्यारे।।

दो.– करे सीव ग्रह नीच के रघुवंसी राजान।
गर्वु करे क्षित दर्व को ते मत मंद अजान।।

चौपाई –

अपदा वल भूपत परि पायो। तव नर पति चित इउं ठहिरायो।
हमि परि कृपा करी गोपाला। सिमरन समा दीयो नंदलाला।।
राज समै हरि भगति न होवे। धिग नर स्वास भजन विनु षोवे।।
अपदा हुतों तेऊ तपु भयो। ज्ञान विचार नृपत सुषु लयो।।
शक्र जाने हेतु हमारा। लहित कष्ट भूपति अति भारा।।
प्रभु विषयनि की मैलु गवावे। बिना भगति प्रभु भेदु न पावे।।
ऐसे वीते नृप दिन तीसा। ईस रिदेइ धरे नरि सीसा।।

दो.– गई देह घटि भूप की रहे संष अरु स्वास।
जाए त्रिवेनी नीर को सके न कलस उकास।।

चौपाई –

निज सत्या प्रभु नृप तन धारी। काऊ न जाने षेल मुरारी।।
रानी के मन उपजी वाता। देषो जाइ प्रान पति नाथा।।
ईश्वरु भर्त्ता भेदु न कोई। ईसी नगर दासन मै होई।।
दिज आज्ञा ले चली त्रवेनी। सुंदरता को सुन्दर देनी।।
सीलवान हरि भगत सुजाना। पहुची तव गंगा अस्थाना।।

दोहा– गई त्रिवेणी के निकटि देषे सभ ही घाट।
द्रिष्ट न आयो नृप कहूं अति कुमलानी गात।।

चौपाई –

मन मै सोचे करे बिचारा। कौन ठौर मम प्रान प्यारा।।
इसी नगर के उौर हि गियो। अवि पीआ मिलन दुहेला भयो।।
सेव न रही दर्सन भी नाह। विधि के अंक न मेटे जाह।।
भ्रमे विष्ण चव्यी अवतारी। अैसी भावन होवन हारी।।
तव मानस की कौन चलाई। नरि मति सोच करे कोऊ भाई।।
पै देषो नीचन को घाटा। होइ सोई जो ईश्वर ठाटा।।
षोजत गई त्रिवेणी नीरा। घाट मतंग भरे नृप नीरा।।
रानी देष्यो भूप सरीर। समा विलोक उठी तन वीर।।
हुतो मास सौ भयो उदासा। रहे संष नृप चर्म स्वासा।।
उौर रहे द्रिग कमल सरूपा। देह विहीन नि पावै रूपा।।
रानी तव नृप कीया प्रणामा। धन्न धन्न मुष कीया वषाना।।
देषी भूप पतिवृता नारी। चले चार द्रिग नीर अपारी।।

दोहा– धर्म कहो रिष रोम को हे मुन मर्मु मिटाई।
राजु त्यागो धर्म हितु किउ पछतावे राइ।।

चौपाई –

धन्न बुद्ध तुमरी राजाना। राजा नमित्त नाही पछुताना।।
बिछरे मीत मिलै जव आई। चलै नीर द्रिग एही सुभाई।।
रानी कह्यो कवन ग्रह रह्यो। सभ व्रितंतु भूपतु सभ कह्यो।।
रानी पूछ्या वहुरा राजा। कीओ अहार किधो नहीं काजा।।
भूपत कह्यो सुनो हे नारी। ग्रहि चंडाल के ठौर हमारी।।
तिस ग्रहि कैसे भोजनु पावो। हित करि देइ तबू नहीं षावो।।
पूछो और वात अवि तोही। उठे कलस भाषो विधि सोई।।
रानी कह्यो हाथु नहीं लावो। जुगत एक अवि तोह वतावो।।
जल मै पैठो कांधे धरो। चलो भवन दिज करुणा करो।।
नृपत नीर घट सीस उठायो। जीरन चीर सुकांधे पायो।।

कलस उठाइ चल्यो भूपाला। निर्षयो आवतु दुषी चंडाला।।
हरीआ सुनो हमारी वाता। कहो कवन दुषु तुमरे गाता।।
करो अहारु कि रहो उपिवासा। कहो साचु मम आगे दासा।।
तुम आज्ञा बिनु कछु नहीं पायो। तुम पूछ्यो नही मोह सुनायो।।
चलो भवन अवि करो अहारे। नहीं नाथ सो काज हमारे।।
सीधा लेहु जोऊ मन आवै। सुनो नाथ सो सोह न भावै।।
आज्ञा होइ तो करौं अहारा। ल्यावो नगर मांग घर चारा।।

दोहा– जन्मु हमारा षतरी भए तुम्हारे दास।
देह तुमारी सर्ण है धम्र हमारे पास।।

चौपाई –
तुमरो ग्रह नहीं करो अहारा। मानस जन्मु न वारंवारा।।
सेव करो तुमरे अस्थाना। जव लग वसे देह मै प्राना।।
मातंग कहे सुनु बुद्धि विशाला। वेचो कोण मो हथे माला।।
देह कहो तुम सो नहीं काजा। मास संष और रुधिर समाजा।।
उौर देह मैं भरे विकारा। वेचो तुम मौ कहो विचारा।।
मै तु दर्व दीयो अति भारी। तुम का मोह दीआ मो कहो विचारी।।
पंच तत्त्व सो द्रिष्ट नि आवै। आतमनिहस्वार्थ श्रुति गावे।।
इंद्री अरपरिकिर्त हंकारा। मन है सो निर्वध अवारा।।
पाप पुंन्य जौ देह कमावे। सो प्रानी ले संग सिधावे।।

दोहा– तोह कह्यौ मै विक्यो हां कहा बिचायो तोइ।
ठौर धनी देह तुम विकी छुटी कवन विधि होई।।

चौपाई –
प्रथमे देहि तिसकी की कहीए। आद पुरुष की जिस ते लहीए।।
माता पिता की प्रगटि कहावे। जांते जनमु अमोलक पावे।।
गुरु धारे ता गुरु की होई। जुवती की जाने सभ कोई।।
फुन प्रोहित की कहै ज्ञानी। अैसी वात सो श्रुती वषानी।।
हसे रिदे मुष कहै चंडाला। लषे दास की बुद्धि विशाला।।
उनि की हैं तां कहो बिचारी। उत्तरु दीजे मोहि संभारी।।

दो.– उन ते मै उतपत भयो रह्यौ एक अव तोह।
सनु मतंग चितु लाइ के कहो जथार्थ मोह।।

चौपाई–

सकल जगत ईश्वर को आही। सो अवि कहो सुनो चितु लाई।।
तो पै वेचो मम पुर्षार्थ। दीयो उौर सो कहो जथार्थ।।
पितर कर्म से करि सुत छुटिकावे। तिरीआ ते जब सुतु प्रगटावे।।
गुरते मुक्ता ते शिष्य तबे। गुरु के वचन धरे चित जबे।।
प्रभु प्रसन्न जा भगत कमाही। दास उण[1] तजो आज्ञा माही।।

दो.– बेचे मन की भावना उौर वेचना काहि।
इष्ट न त्यागे वंस का कहे वेद प्रगटाहि।।

चौपाई–

नीच जनम वड बुद्धि तुमारी। कांते लही देहि भ्रम टारी।।
कहो दास सुनीए चितु लाई। क्षत्री जन्मु पूर्व मै आही।।
नीच संग दिज धन हित धांयो। मातंग जन्म तां फल ते पाओ।।
उजैन नगर मम तुम था वासा। तुमरे भवन होत मै दासा।।
सेव करी तुम दर्व न दीआ। उलिटा देस निकारा दीआ।।
मम तुम वीच हुतो करतारा। तिन प्रभ कीयो तोह पनहारा।।

दो.– जैसी तुमरी भावना तैसे करो अहारु।
दोसु न दीजै मोह कछु फल दाता करतारु।।

चौपाई–

नगर जाइ कै करो अहारा। मैं जोहित था धर्मु तुमारा।।
ते नर धन्न जगत के माही। अपद परे सत्तु त्यागे नाही।।
जो जनु अपना धर्मु गवावै। जम पुर दुषी जगत दुष पावै।।
लै आज्ञा नृप पुरी सिधायो। जाच नगर तंदल ले आयो।।
इन की भिक्षा तजी भूआला। नीच भवन अरि दिज भूपाला।।
आइ त्रिवेनी तीर सधारे। दया रूप नृप कीयो विचारे।।
आवे दिज कोऊ करै अहारा। तब सेवन है जोगु हमारा।।
विश्वामित्र रूप दिज आयो। चर्न पषार भूप वैठायो।।

---

१. उण < ऋण

सभ भोजनु दिज कीयो अहारा। कहो भूप नित निंवत हमारा।।
नीर पीयो नृप तब वड भागे। नित्य सेब सो करणे लागे।।
उठे प्रात बहु तंदल ल्यावे। तिन सभिनन सो दिज तृपतावे।।
अैसे बीत गयो इक मासा। दिज भुक्ते नृप रहे उपासा।।

दो.– दया सिंध उपजी दया बोला लीये रिषिराइ।
कष्ट निवार्न सुष दैन संकट कर्न सहाइ।।

चौपाई –
लै अहार भूप तहा आए। श्रम अति भयो दिज कहूं सिधाए।।
नरपति घटि भीतर अकुलावे। धर्मु रहे दिज भोजनु पावे।।
सूर्ज साष भरी तिह काला । करि अहार श्रुत बुद्ध विशाला।।
दिज जोहत था धर्मु तुमारा। तुम सत राष्यो जगत अधारा।।
तव ब्राह्मण नृप उौर जिवायो। उपज्यो अधिक सो भोजनु पायो।।
विश्वामित्र तव शक्र वुलायो। तांको इक उपदेसु बतायो।।
देषो धर्मु भूप की नारी। अरिधंगी हहि वुद्धि उदारी।।
जो त्रिआ का धर्मु छुडावो। तौबी भूप धर्मु को धावो।।
सुनो मुनि श्रुत कहें विचारी। पाप पुण्य पति षोवे नारी।।
भूप त्रीआ पति पापी तारे। नीच नारि पत नरके डारे।।

दो.– स्वर्ग षडे पति पतति को सतु राषे जो नारि।
शुभ भर्ता के नीच तीय देवे सभ गुन टारि।।

चौपाई –
तांते जाइ देषु नृप नारी। सभ ते बुद्धि तुमारी भारी।।
चलै तपी सुन सुरपति वानी। पहुच्यो तहा जहा नृप रानी।।
जात कुअर नित दिज फुलवारी। ल्यावन पुशप हेत वनवारी।।
वन भुयग तिहि हाथ डसायो। गिर्यो कुअर माली दिष्टायो।।
गियो निकट तरवर रषवारा। देष्यो वाल प्राण ते प्यारा।।
सोभा विनु प्राण इउं पावे। जो विसंत ते मदन रिसावे।।
फूले फूल अनक चहूं उोरा। पर्यो मध्य तहा वाल किसोरा।।
उडगण सो मैयंक रुसाए। मानो सभी मनावन आए।।

वदन सुधार्यो गोद हि लीआ। मानो ससी अलोपन कीआ।।
पंथ चले अरु वदन निहारे। जिउ सरोज हिमकर के मारे।।
मार्ग मिले जोऊ नरि नारी। करै प्रेमु तिस रूपु निहारी।।

दो.– गयो भवन तव विप्र के माली जगत अपार।
प्रेम विकल बोलत वचन दासी पूत संभार।।

चौपाई–
बीनत कुसम भुयंग डसाना। कीयो वाल के प्रान पयाना।।
रानी कहेउ तजो इस ठौरा। सेव करो दिज वोल न वौहरा।।
तुमरा पूतु मैयंक समाना। विना हेत कित वचन वषाना।।
सुनो दास नदी नाम संजोगा। करे मूढ भावे क्या वियोगा।।
सो धरि अवनी चलता रह्यो। वचन श्रवण बुत दिज इउ कह्यो।।
पुत्री ना कछु दोसु हमारा। तुम परि क्रोध वंत कर्तारा।।
जाहु देस की रींत कमावो। भाला दाग गंगा महि पावो।।
तिसी हेत तिन लीउो उठाई। वालु कंठ सो लीयो लगाई।।
चली तहा जहा प्रेत निवासा। मनि ते तजि नार सुष आसा।।
तिसी समे हरी चंद निहारी। बोल्यो वचनु सुनो हे नारी।।
जुगल मुहिर दे चीर हमारा। तवि इसि ठौर करो वौहारा।।
रानी कहे सुनो पीआ प्यारे। तुम सो भिन सु कहा हमारे।।
इकु भूषनु रह्यो कंठ दुराई। लीयो भूप सो वेग छिनाई।।
दागु देइ गंगा तटि आई। वालक जल मै दीयो वहाई।।
गंगा को प्रभ वचन उचारे। राषो समझ अमान हमारे।।
इसको जीवन करै अहारा। एहि वालकु मोह सभि ते प्यारा।।
भूप वचन करि चलता रह्यो। रानी का दुष जानि न कह्यो।।
होइ विकल इक मठ मैं सोई। सकल आस तिन जग की षोई।।

दो.– विश्वामित्र तिसे समे कीयो उौरु छलु जाइ।
काशीपति के सुता के भूषन लीए दुराई।।

दो.– आन पहिराए सोवती इस मन नही संभार।
रचि माया का वालु इकु धरियो तहा सिंघार।।

दो.– रुधर नार के हाथ मुष दीयो वेग लगाइ।
प्रतीहार को रूपु धरि कह्यो भूप को जाइ।।

चौपाई –

कहो बात सुनीए राजाना। सुनो नाथ दिढ वंत विधाना।।
एक वधू तुमि पुर मै आई। अति कलजोगन वड दुषदाई।।
भंज्यो तिन तुम सुता भंडारा। पहिरे भूषन अनक परकारा।।
घाइयो वालु इकु ठौर मसाना। पर्‌यो तहां सुनिए बलवाना।।
घाइयो घना पर्‌यो तिहि थोरा। सोई मठि मै निद्रा घोरा।।
पठो सैन तिस वेग ले आवे। मनु जागे कितहूं दुर जावे।।
तव राजा कछु दूत बुलाए। आज्ञा करि तिस उोर पठाए।।

सोरठा– मतु को करे गुमान दान धर्म अरु राज को।
इसके कौन समान जो कलजोगन अवि भई।।

दोहा– रोम कहे जो नर उचित सुनीए सो राजान।
करे नि आसा कर्म फल बिना भजन भगवान।।

चौपाई –

कहे रोम सुनीए राजाना। आई सैन जुवत अस्थाना।।
लई उठा इतिनो तब रानी। देष कोप नरि अति विलपानी।।
बहुरि निहार्‌यो आप शरीरा। भूषन अंग रुधिर तन चीरा।।
मन महि कंपवान तव भई। पकिर भुजा तव गारी दई।।
नगर लोक सभ जुरे अपारे। बड़े क्रोध तिन के तन भारे।।
मारे ईट ढला उर लाटी। वजै लत्तनन छटी चपाटी।।
एक धकेलै देवह गारी। कुपे ईस व कोनु उवारी।।

दो.– श्रवण लाग रिषि राज के त्याग धर्म वर मोह।
सुष भौगो सभ जगत के अवी छुडावो तोह।।

चौपाई –

रानी कहे सुनो दिज देवा। उचित हमो को तुम पद सेवा।।
करहु अनुग्रहु मोपर सोई। ईसर चर्न रिदे द्रिढ होई।।

लागी होन तव मार अपारा। नरि भोगे जो दे करितारा।।
इसी भाँति नृप पै ले गए। तव भूपति इउं भाषत भए।।
भेजो इसे मतंग के द्वारे। त्याग विलंम इस प्रान सिंघारे।।

दो.– गई भवन चंडाल के होते जहा भूपाल।
देष दया उपिजी तिसै वोले वचन दियाल।।

चौपाई –

सुनो दास तुम वात हमारी। नहि कल जोगन एहि विचारी।।
मारन तज्यो त्याग जीय आयो। कहो सोई जो तुमि मन भायो।।
पूछो मोह तजो मतु नाथा। सुन नृप कुपे तुमारे साथा।।
सो दिन धन्न दास जिय जाने। पूछे मंत्र ईस सत्त माने।।
उचित दास को भाषे सोई। जाते ईसर हानि न होई।।
तुम को त्यागन कह्यो न भूपा। कही नृपत सो वात अनूपा।।

दोहा– निज कर हनी नि जात है सुनो दास चितु लाइ।
आज्ञा कीनी तोह को इसे सिंघारो जाइ।।

चौपाई –

आज्ञा मान लई घर आगे। वधू सराहे अपने भागे।।
रानी मन उपिजे सुष भारे। कहे रिदे वडि भाग हमारे।।
पति के हाथ मृत्य तीआ पावे। विना दोष सो स्वर्ग वसावे।।
रोम कहे सुनीए भूपाला। मिटै न अंक लिषै विधि माला।।
देष समा मुसकावे राजा। हो तो और अव एह समाजा।।
संग उतिसाह इसे वर ल्यायो। विना दोष अवि मारण धायो।।
रानी तव मुष भूप विलोके। अपनी चिंतन पति हित सोके।।
दया भूप मन कीयो निवासा। वन त्यागन की धारी आसा।।

दो.– रानी अपने ईस के देषे नैन कृपाल।
धर्म निवाहन के लिए वोली वुद्ध विशाल।।

चौपाई –

सुनो नाथ तुम कहा सिधाए। करो नि काज जासु हित आए।।
भूप कह्यो सुनु प्रान प्यारी। त्यागो वन तुम जाति नि मारी।।

सुनो नाथ जो दया कमावो। हमिरा अपिना धर्मु गँवावो।।
वनि मै मोहि लि जाबे कोई। तुम ईश्वर को द्रोही होई।।
तजी अवधि हित धर्म पुनीता। नीच वात धारी कितु चीता।।
क्रूपो भूपु सुन वचन पियारी। गहे केश अविनी परि डारी।।
छुरका काढ कंठ पे धर्‌यो। ब्रह्मा विष्णु रुद्र आ फर्‌यो।।
और आइ संग अमर पुनीता। कुस्म वरष जय कारा कीता।।

दो.– धन्न धन्न भाषत भए सुरन सहित भगवान।
त्याग करो रानी हनुन बैठो अमर बिवान।।

चौपाई–

तब नृप को हर कंठ लगाया। रानी सो अति नेह बढाया।।
कहे भूप मातंग जु आषे। तजो तबै नहीं तुमरे आषे।।
देवो तवे मतंग बुलाइयो। नगर सहित कांशी पति आयो।।
नीच कही तव त्यागी नारा। सुमन वरिष सुर कीयो जयकारा।।
नीच त्यागुनही करै भूपाला। तर्‌यो नगरु अरु पसू चंडाला।।
गंगा ते वालकु हरि लीआ। तवी नृपती की गोदी दीआ।।
कांशी जन अवधि सभ आए। उडी अवधि वैकुंठ सिधाए।।
चार षाण ले मुक्त सिधाइयो। रोम युधिष्ठर भाष सुनाए।।

दो.– कथा नृपत हरीचंद की सुने सकल चितु लाइ।
होह रूप सोऊ कृष्ण कों गुरु जन हरि गुनराइ।।

चौपाई–

जो जनु सुने मुक्त होता। होइ मुक्त परवार समेता।।
अपिदा मो नरि सुने जु कोई। तांकी अपदा सभु षिउ होई।।
पुत्र हेत जो सुनो सुनावे। वढै वंस इउ वेद वतावे।।
अवि मुह दान प्रभु ईही दीजै। आवागौन निवार्ण कीजै।।
दधि सुत अक्षर जनिन हारे। तांसो रछा करु करितारे।।
गुरवषसदास गुर भए सहाई। कथा कही तब सभु प्रगटाई।।
जो जन सुने रचे हरि संगी। महादास प्रभु लाल त्रिभंगी।।

दो.– चैत्रमास नवमी दिने शुभ विधि मंगलवार।
कथा भूप हरीचंद की पूर्ण भई वीचार।।
अडिल्य– सुने कथा जो प्रानी प्रीत लगाइके।
पावे सभ सुष भोग प्रभु को ध्यायके।।
भिन्न भिन्न होवे कवि ही ईश्वर संगते।।
भक्त प्रेम लहे दान महादास त्रिभंगते।।

इति श्री महापुराणे दान धर्मे हरीचंद कथा संपूर्ण, शुभंमस्तु
संवत् १८३७ लिषतं आतमाराम।

साईंदास जीवनी

।। ऊँ स्वस्तः श्री गणेशाय नमः।।

दो.– सिमर सदा उोंकारि कों जोति रूप भगिवान।
निर्गुण सुर्गण जो पुर्ष दूजा कोऊ नि आनि।।
जगिदंवा को ध्यान धरि विनती करों बहोर।
कथा संपूर्ण कीजिए वसो वदन सदा मोर।।
मारति सुति कों सिमरीए सदा क्रपाल अनंति।
जिहि प्रसादि सुक्रत सभै अरि भंजनि हरि संति।।
गौरी सुति का ध्यान धरि सभ सिध कारण हारि।
विघनि हरिन मंगल करन गणपति लेह वीचारि।।
गुर पद प्राग ध्यावहौं मनि वच कर्म विचारि।
संकटि मै रक्षा करै भय जल तारन हारि।।

चौपाई–

प्रथमे सिमरो एक उोंकारा। सकल सृष्ट के रचनेहारा।।
जगि उपिजाविन सकल सिधारी। सभ मै व्यापक जोत तुमारी।।
सकल कर्म के किरणे हारा। कर्मवानु कर्मा ते न्यारा।।
ब्रह्मा विष्णु रुद्र सुरि ध्यावे। निगिम पुराण संत जस गावे।।
मुनि जनि जांको अंत न पायो। नार्द व्यास रमा अह गायो।।
तुमरे गुन प्रभ अपर अपारा। जग में कवि को वरिननहारा।।
चीटी सिंधु हाथ नहि पावै। गगन प्रभू नर करन समावे।।
ए कारनि करि आवे नाथा। लहे न तुमरे गुनि की गाथा।।

दो.– आदि सनांतन एक तूं दूजी काऊ न वात।
वरितनि कहा कुंभारि कों अत वतावै नाथ।।

चौपाई –

तांते तुमको करो प्रणामा। अपिनी भगित देह घनि स्यामा।।
श्री कविला को सीस नवावों। जिह प्रसादि सभ करि सिध आवों।।
एक रदन को धरो ध्याना। होए सिध सभ विविध विधाना।।
पविन कुमारि चरिन सिर नावो। जिह प्रसादि निर्मल मति पावों
प्रणवो शश सूर्य भगिवाना। जिहि प्रसादि पावो सुष नाना।।
सिमरो सिध साध सुरि देवा। जिहि प्रसाद पावो हरि सेवा।।
प्रणवो हरि के संत अनंता। जिह सियरे पावो भगिवंता।।
सिमरो सति गुरि सदा क्रपाला। जिह सिमरे पर्सों नंद लाला।।

दो.– प्रणिवो सतिगुरि साईंदास रिध सिध सुषि देह।
मनि वच कम ध्याईए जो चाहे सो लेह।।

चौपाई –

प्रथमे सिमरो साईंदासा। जांके सिमिरे सदा हुलासा।।
अमिर्दास नरि हरि गुनि गावों। विष्णदास सुषानंदि ध्यावो।।
रामानंदि कौं धरौं ध्याना। कांशीदास सिमरो गुरि ज्ञाना।।
वंसी राम चरित सिर नावों। यथा बुद्धि मे भाष सुनावो।।
माधोदास सिमरो गुर तोही। भार्थी चंदि सिमर सिध होई।।
विहारीदास मुरारी गावो। जगि जीवनदास प्रेम सो ध्यावो।।
सविल सिंध वलराम भगौती। नौरंगराई पूर्ण सभ जोती।।
नूप राइ ध्यानतराइ वरिनो। दलपति राइ हरीचंद सरिणो।।
हकूमत राइ पूरन गुरि गाबौं। महाराज पूरनि गुरि ध्यावौं।
कर्मचंदि गुरि क्रष्ण सरूपा। निवल्लराइ गुरि परिम अनूपा।।
हरी राम साहवराइ वरनो। हरि जस क्रष्ण चंदि की सरिणो।।
अंवृत राय भागि मल जांनों। हरि जस चोपति राइ पछानों।।
सभ परिवारि कहनि नहीं आवे। गुरिजनि सोई गुरौं को ध्यावे।।
सिमरो गुरि महादास त्रयभंगी। आदि अंति मे होवे संगी।।
सोभा राम सिमरो गुरि तोही। क्रपा राम सिमरे सुष होइ।।
तांते सभ कों करो प्रणामा। करो सहाय होवे सुभ कामा।।

दो.– इछया मनि मैं उपिजिआ गुरि जस कहू वनाय।
कथा संपूर्ण होय तब सभ मिल करो सहाय।।

चौपाई–

प्रथमे सिमरों श्री गोपाला। नंदलाल सुंदर वृज वाला।।
दसरथ सुति कौं धरों ध्याना। रामचंद्र पूरण भगिवाना।।
जनिक सुतां कों सीस निवावों। यथा वुद्धि मै भाष सुनावो।।
ऊक चूक जहाँ मोसो होइी। वुद्धवानि करिए सुद्धि सोई।।
संमत ठारा सैय नातीसा। करो कथा गुरि पगि धरि सीसा।।
मघरि मास क्रष्ण पक्ष जांनो। ता दिन कथा कही पहिचानो।।
तिथ अमावस मंगल वारा। मध्यानि समे कीयों विस्तारा।।
वरिणो नरि हरि पुरी अनूपा। अति पुनीति सुंदरि जिस रूपा।।
तांकी सोभा कही नि जाई। सर्वर द्रम वेली कर छाई।।
सुंदिर तटि मैं वारि सुहावे। विगसे कविल भविर छवि पावे।।
नाना विध के वृक्ष अनूपा। अति विसाला सुंदिर जु सरूपा।।
षग रसना तहाँ रटै अपारा। चले सुगंध मुक्त को द्वारा।।
कोइल कीर कपोत सुहावे। चकिवी चकवा प्रेम बधावे।।
मोरि चकोर षंजन वग राजें। वक वुलवुल सुर्ष चिराये।।
तूती चिडी मुनिआ गावै। पपीहा घना गरिज सुनावै।।
और जंत तहा वसे अपारा। कहियो न जाइ सकल विस्तारा।।
अनिक भाँति तहा फूल विराजे। जांकी सोभा उडगण लाजे।।
रावेली संग चंवा सोहे। सदा गुलावि गुलाला मोंहे।।
गुल दादी सतिवरगि सुहावे। गुलावास अध्क छवि पावे।।
नाना विध तहां कुंज आपारी। कही न जाय सकल फुलवारी।।
सुंदरि पुरी अमत विस्तारा। यथा वुद्ध मे कहो विचारा।।
परिम अनूप तहा राजे। सुंदर कुंज परिम छवि छाजे।।

दो.– अल्प बुद्ध मम तुछ है कथा अमित विस्तार।
गुरि आज्ञा कों सीस धर कहो सकल विस्तार।।

चौपाई –
अनिक भाँति के भविन विराजे। छजा अटा अधक छव छाजे।।
लिष चित्र का अधक अपारा। सुंदरि मूर्त भीत मझारा।।
जा पताका कलसा विराजे। सुंदर सकल सभी गृह राजे।।
जगि हौंम का धूप सुहावै। रवि मार्ग मय सोभा पावे।।
नर हरि पुरी अधक छवि छाजे। साईंदास का वंस विराजे।।
परिम अनूप सभै सुरि ज्ञाना। बुद्धवान हरि भगत सुजाना।।
ज्ञानि धर्म के जानन हारे। जोगि विराग अधक विस्तारे।।
गीता आदि सभै श्रुति गावै। क्षमावान हर्भग्त सुहावे।।
कर्मवान सभ दया निधाना। हरि सिमरन बिन वाति न आना।।
रूप वानि सुंदिर छवि भारी। मैन कामदेव निर्ष होवे छवि हारी।।
भूषन वसनि अनिक परिकाना। सुंदिर सभी सकल परिवारा।।
चारि वर्ण तहा अधक सुहावे। कर्म वान सभ सोभा पावै।।
दो.– हरि चरिचा विन वाति कों दूजी करे न आन।
परिम ववेकी कर्मवान सभ हरि भक्त सुजानि।।

चौपाई –
साईंदास तिहि कुल उजियारा। नरिहरि दास भए औतारा।।
नरहरि दास वैकुंठि समायो। कांशीदास तवि टीका पायो।।
तांके संग सभी परिवारा। कह नि सको छबि अधक अपारा।।
सकल परिवारि सभा मै छाजै। कांशीदास तहा मध्य विराजे।।
तांकी उपमा कहनि न आवै। सुरन सहज जु सक्र सुहावे।।
उडिगण सहज शश जो विराजै। मणनि मध्य मानिक जु विराजे।।
कही नि जाइ सभा की सोभा। निर्ष जोऊ सोऊ मनि लोभा।।
वाजे वजे अनिक परिकारा। कही नि जाइ परिम धुनि कारा।।
जल तरंग्य सुभ वाजे वीना। कानूं वजे प्रेंम रस भीना।।
रवाव पषावज अरि षटताल। झाझरि छइणे भेर करणाल।।
राग जहाज सभी विध राजे। उौरि साजि तहा अनिक विराजे।।
दो०– अंवृति कुंडिली तूवरी डफ मृदंगि पछान।
सितार दुतारा सारङी ढोलक षंजरी जान।।

चौपाई –
वाजे वाजे अनक परिकारी। उपिजे राग परिम छवि भारी।।
गावै भइरों देव जैधारी। राम कली अरि ललत तुषारी।।
टोडी आसा पंचम जानो। जैतसरी असावरी मानो।।
गारा सिंध सूही वड हंसा। सारंगि सोरठ सभ तें सरसा।।
वरिवा गौरी नटि कल्याना। विहाग कानडा अधक सुहाना।।
किदारा दरिवारी अरि गोडा। दीपक सुने होई सभ वौरा।।
मेघ मिलाइ हिंडोल वसंता। जै जैवंती कमोद अनंता।।
जैतसरी का छैलीजानो। कामोदी मालसरी पछानो।।
गूजिरी गावै अति छवि भारी। ओरि राग तहा अधक अपारी।।
जो समझे सो आष सुनाए। गुहज राग सभ कहि न जाए।।
समे समे करि सभ को गावै। मांनो सुरि पति सभा सुहावै।।

सोरठा– उठे जो रागि गंभीरि होह तान अनेक छवि।
परिम गुननि की भीरि कह्यो न जाइ समाज सभ।।

चौपाई –
होइ सभा मै परिम अनंदा। चोया चंदन अतिर सुगंधा।।
कांशीदास तहा अधक सुहावे। चविर मोरछडि अनिक झुलावे।।
वंदि जनि जसि करे अपारा। चर्चा होइ अनिक परिकारा।।
निर्गुण सर्गुण ज्ञानि विरागा। कर्म विवेक श्रुति निगम विभागा।।
वरत महातम प्रभ कों ध्याना। तीर्थ उपमा हरि जस ज्ञाना।।
चारि वर्ण के कर्म वषाने। सभ कुलि की मिरिजादा जाने।।
करे परसपर हरि गुन ज्ञाना। बुद्ध वानि हरि भगित सुजाना।।

दो.– कांशीदास का वीर लघ माधोदास जिह नाम।
गुनी ग्यानी सा पुरष निर्मल भक्त नहिकाम[१]।।

चौपाई –
ताके रिदे फुरी इक आसा। सुनो संत सो कहों प्रगासा।।
अपिना वंस धंन करि जान्यो। पूर्न गुरि साईंदास पछान्यो।।

१. नहिकाम < निष्काम।

जाके वंस परिम सुष पाउो। ताका जनम सुनिन जीआ आयो।।
काशीदास को कीयों प्रणामा। कीयो प्रश्न सुंदिर नहकामा।।
नाथ एक संसा मनि माही। सिध होय तुम क्रपा गुसाई।।
काशीदास तवि कह्यो वीचारी। कहो तात जो वाति तुमारी।।
नाथ एक पूछो तुम वाता। भ्रमि मिटाइ मोह करो सनाता।।
साईंदास का जनिम सुनावो। आद अंति सभ मोह बतावो।।
कविन काज आए जगि माही। क्या करि गए सुनी मोह नाही।।

सोरठा– कहीए सभ प्रगटाइ नाथ न सका रहे कछु।
सो मोह देह वताय आदि अंत पूर्ण कथा।।

चौपाई–
वोले काशीदास क्रपाला। माधोदास धंनि वुद्धि विसाला।।
पूछी तोह भली सुरि ज्ञानी। सुनो सकली सभ कहो वषानी।।
सो दिनि धंनि जगित मै जान। हरि गुरि चर्चा करे वषान।।
तुम पूछा गुरि कथा गंभीरा। जो कोइ सुने हरे भौ पीरा।।
एक समे द्वापर के अंता। भयो विप्र इक हरि को संता।।
काशीपुरी नगिर तिस जानो। नाम सदा सरूप पहिचानो।।
ज्ञानिवानि सुंदरि षटि कर्मी। निर्मल भक्त समान सुकर्मी।।
तांके सुति इक भयो अनूपा। बुद्धिवान हरि परिम सरूपा।।
विद्या गुनि मै अति भरिपूरा। ज्ञानिवानि सभ ही विधसूरा।।
जोगभरिष्टी[१] तांको जानो। नाम नरोंतम राय पछानो।।
हरि जस गावें सदा सुज्ञाना। पूजे दिज सूरि संति पुराणा।।
वरस द्वादस का जवि भयो। सभ सुष त्याग तवी वनि गयों।।
जाइ लगो तपि करन अपारा। गंगा तटि मय वाल कुमारा।।
अति पुनीति आश्रम सुषिदाई। तांकी सोभा कही न जाई।।
तरिवरि सकल फलन के पूरे। दान करे दाता विध सूरे।।
आभ्यागत षग करे अहारा। सीतिल नीरि सुगंध अपारा।।
वेली के संगि पुष्प विराजे। मानो निश मैं उडिगन राजे।।
तीनि भाँति की विहारि अनूपा। सीतिलि मंदि सुगंध सरूपा।।
तिस अस्थान करे तपि भारी। सुनो ताति सभ कहो विचारी।।

---

१. जोगभरिष्टी < योगभ्रष्ट।

सौ वरिसां तहा वनि फल षाए। दो सै वर्ष पत्र भुगताए।।
दो सै वरिस कीयो जलि पाना। बहुरि कीयो प्रभ पंकज ध्याना।।
नवि सै वरिष कीयो तपि भारी। आए तहा प्रभु गिरिधारी।।
उस्तति करी प्रभू भगिवाना। धंन्न मुनी सरि संत सुजाना।।
कीयो कठन तपु अधक अपारा। अवि मुनि भोगो धाम हमारा।।
जो वरि मांगो देवो सोई। संत सप्त है निश्चे मोही।।
तवे मुनी सरि नैन उघारे। निर्षे केशवि प्रान पिआरे।।
उपिमा प्रभ की कहन न आवे। तुछ वुध कहु कहा वतावें।।
तदप कहो योऊ मनि आई। यो उोह मूर्त होइ सहाई।।
कीटि मुकटि प्रभ के सिरि सोहे। ससी अरि भानि कोटि मनि मोहे।।
सोहे सुंदरि कछ[1] घुंघरारे। अति मुष धाम प्रान ते प्यारे।।
मस्तक परिम विशाल विराजे। भवा कमान कोटि छवि छाजे।।
तापरि सुंदिरि तिलक सुहावे। तांकी सोभा अति छवि पावे।।
श्रविनन कुंडल परिम अनूपा। निर्ते मैन धरे विवरूपा।।
कपोल निर्ष मनि होय अनंदा। विना कलंक जानि जुग चंदा।।
नैन विशाल श्रवन संग सोहे। विन गुन श्याम मीन मृग मोहे।।
मुष पराग छवि कही नि जाय। अलमुन जानि तहां रहे लुभाय।।
वदिन मध्य वतीस विराजे। सलतापत सुता सुत छवि छाजे।।
कीरि नासका परिम सुहावे। दध सुति तहा परिम छवि पावे।।
सुंदिरि कंठ वैजंती माला। उरि विशाल सोहे नंदि लाला।।
शिव सुत वाहन तस भषयोऊ। तस प्रभ कंठ विराजे सोऊ।।
भुजा अनूप भूषण संग सोहे। अति विचत्र सुरि नरि मुनि मोहे।।
पीतांविर कटि कंकनी राजे। नाभि पराग कोटि छवि छाजे।।
रजिनी मंडिन रिपजु कहावे। तिहि वाहन रिप कटि सो पावे।।
छुद्र घंटिका वजत अनूपा। कौलापति सी पीठि सरूपा।।
कंचनि दंड जंघ छवि वरिणी। नूपरि वजे सुभगि मनि हरिनी।।
चरिन पराग छवि कही नि जाइ। सुर मुनि जनि तहा रहे लुभाइ।।

---

१. कछ < कच = बाल।

विश्वे नष अति सोभा पावे। भानि कोटि छवि देष लजावे।।
एमूर्त जो रिदे वसावे। माधोदास सो जनिम नि आवे।।

काशीदास उवाच–

दो.– अयसो रूप निहार के पायो मुनी आनंदि।
हाथ जोड ठाढा भयो निर्ष प्रभू सुष कंद।।

सोरठा– पुनि पुनि पुलकत गात पंकज लोचनि जलि ढरे।
रिदे न प्रेम समात करिन लगो उस्तत मुनी।।

मुनवाच–चौपाई–

नमो नमस्ते एक ओंकारा। अचल रूप सभ षेल तुमारा।।
नमो नमस्ते प्रभ जगिदीसा। निर्गुण रूप सकल जगिईसा।।
सकल भविन में जोत तुमारी। सदा निकाम प्रभू गिरधारी।।
एक पलक सभ सृष्टि उपाई। नमो नमस्ते सभ सुषिदाई।।
तीनि गुननि ते रहत न्यारा। चौथे पदि मैं बास तुमारा।।
असुर दहन सुरि संत सहाई। नमो नमस्ते केशव राई।।
षीरि शयन कविला के स्वामी। नमो नमस्ते प्रभ निहकामी।।
तुमरे गुनि प्रभ अपर अपारा। शिवि विध शेष गिरा नहीं पारा।।
उस्तति करो कहा लग तोरी। नाथ अनाथ नाथ मति थोरी।।
वरि दीजे प्रभ होय क्रपाला। मांगे मुनी सुनो नंदि लाला।।
तुम सा सुतु पावो जग माही। रहों सदा प्रभ पंकजि छाही।।
एही कामना मनि महं आई। विषे वासना फुरे ना काई।।
वचिन वृथा नहीं होय तुमारा। रहे वंस धरि जगिति हमारा।।
जो प्रभ हमारे कुल मह आवे। तुम चर्ननमै प्रीति लगावै।।
जवि उपजो तवि तुमरो सरिनी। करों सदा संतन की करिनी।।
तुम मूर्त्त वस रिदे मझारा। टरे न कविहुँ सुनि करितारा।।
ए कह मुनी नियायो सीसा। हो प्रसन्न वोले जगिदीसा।।

क्रष्ण उवाच–

सोरठा– वोले प्रभ मुसकाय धंन्न मुनीसरि वचन तुम।
मम कह वृथा न जाइ जो तोह मांग्यी सुफल सभ।।

चौपाई –
बोले तवे प्रभू भगिवाना। धंन्न मुनीसरि संत सुजाना।।
वरि मांगो तुम परिम अनूपा। तुम सुत होय धरों जगिरूपा।।
अवि चलीए मुनि धाम हमारे। सुफल करो सभ काज तुमारे।।
सुरि विवान प्रभ लीए वुलाई। बैठे तहां मुनीसरि जाई।।
गए मुनीसरि हरि के धाम। पाए सुष मुनि अति विश्राम।।
प्रभ की क्रपा जा परि होई। ताको विघन न व्यापे कोई।।

काशीदास उवाच–
दो.– वसे मुनी वैकुंठ मैं भोगे भोग अपारि।
माधोदास सुनि लीजिए कह्यो सकल विस्तारि।।

चौपाई –
वसे मुनीसरि प्रभ के धाम। भोगे भोग सदा निहकाम।।
दश सहस्र मुन वरि सुष पाए। हर्ष शोक मनि कबूं न आए।।
एक दिवस मनु के मन आई। बरि मांगो जो कहो कनाई।।
प्रभ की प्रीति विना जग माही। राजि भोगि षेले सुष माही।।
अंतिरजामी प्रभु भगिवाना। हिरदे की जाने घनिश्यामा।।
वोले विहस प्रभू गिरिधारी। धंन्न मुनीसरि प्रीत तुमारी।।
जगित माहि सुष परिम अनूपा। असन वसन त्रीया अनिक सरूपा।।
तिने निर्ष मुनी नाह लुभाई। हमरी प्रीत रही उरिछाई।।
तांते मुनि तुम अति वडिभागी। प्रीति राष माया निज त्यागी।।
हमरी प्रीति जोऊ उरि धारे। रहे मुनीसरि संगि हमारे।।
तुमरे मनि की सभ मैं जानी। कहो तोह सुनिए मुनि ज्ञानी।।
चाहो वरि मांग्या मुन राई। भूरि लोक मैं पैठो जाई।।
बचिनी वर्था नहीं होइ हमारा। ऊहा करों सभ काज तुमारा।।

दो.– जाहु मुनी अवि मही पर होय सिधि सभ बाति।
तिसी वंस मय प्रगिटीयों जहां तुमारो ताति।।

चौपाई –
कविन ताति हय नाथ हमारा। कहीए प्रभू सकिल विस्तारा।।
सुनो संत मैं तोह सुनावों। ताति माति सभ वंस वतावों।।

जवि तुम तपि करिने बनि आए। पिता तुमारे पाछे धाए।।
षोजे गृह वनि सभ स्थाना। तीर्थ षोजे विविध विधाना।।
तुमरा षोजु कहूं नही पायो। तवि दिज गंगा तटि कों धायो।।
गंगा जलि मय प्रानि त्यागे। वरि मांग्यो हम से वडि भागे।।
आगे जहा जनिम मैं जावो। वोही पुत्र कविलापति पावो।।
अस कहि दिज ने प्रान त्यागे। वसे स्वर्ग मैं दिज वडि भागे।।
तुमरे हेत दीए दिज प्राना। तांके बंश जाह सुरि ज्ञाना।।
उसके सुति होइ धरो उौतारा। नामि मल्लिरिष पिता तुमारा।।
प्रगिटो जाइ तिसी के द्वारो। हम होंवे मुनि तात तुमारे।।
रामानंदि मोह नाम पछानो। चारो सुति चारो फल मांनो।
वैकुंठ माहि प्रभ कथा सुनाई। माधोदास मैं तोहि वताई।।

काशीदास उवाच–

दो.– इस विध आए मही परि सुनो अनुज चितु लाइ।
धरि औतारि कार्य कीए सो सभ कहो सुनाई।।

चौपाई –

इस विध आए जगित क्रपाला। सुनो कथा अवि परम रसाला।।
आज्ञा भई प्रभू की जवै। आए नाथ मही परि तबै।।
दिन पूर्ण जवि होइ वताए। नाथ मात के गर्भ समाए।।
जनिम लीयो तवि जगत मझारा। सो अवि कहो सकल विस्तारा।।
संवतु पंद्रा सै पंचीसा। कहो कथा सभ प्रभ पगि धरि सीसा।।
पुष्य नक्षत्र नृिस्पति वारा। अर्ध रैन प्रभ भए औतारा।।
बीसी विष्ण क्रष्ण पष्य जानो। दश अरि तीनि थिति पहिचानो।।
माघ मास सुंदिरि सुषिदाई। अति पुनीत छवि कही नि जाई।।
अति अनंदि की रैन पछांनो। भई प्रभात पुनीतम मानो।।
मल्लिराय दिज लीयो बुलाई। उपिमा तांकी कही नि जाई।।
सास्त्र वेद प्रश्न पहिचाने। सामुद्रीक विध वति करि जाने।।
वेद बचन मैं पूरा जानो। जोतकराय तह नामु पछानों।।
कर्म वान सुंदिर गुण जाता। विद्या वान परिम विख्याता।।
लग्न समा सभ तात वतायो। जनिमपत्रका दिज लिष ल्यायो।।

पूजा करी अनिक परिकारा। बहुरि कह्यो कहूँ वाल व्यवहारा।।
सगल पत्रका वाच सुनाई। गृह नक्षत्र सभी दीयो वताई।।
सभ गुनि दिज ने भाष सुनाई। हेमराज नाम ठहिराई।।
वहुरि कहो दिज सकल सुनाई। होइ हरि भक्त वृथा नहि जाई।।

दिजउोवाच–

इस का बंस सदा सुषि पावे। ब्रह्म वाक्य वृथा नहीं जावे।।
इसकी कुल प्रभ धरे औतारा। वधे वंस सदा अपर अपारा।।
वेद वचिन सभ भाष सुनावो। वृथा होइ तवि दिज न कहावों।।
अस कहि ब्राह्मण भविन सिधाए। वंदि जनि जाचक तवि आए।।
यथा शक्त तिन दीना दाना। सादरि सहति कीउो सत माना।।
सभ वृतांतु दियो तोह सुनाइ। माधोदास सुनो चितु लाइ।।

कांशीदास उवाच–

दो.– देव पितरि गुरि महि सुर पूजे विवध विधान।
मंगत जानी लागै सभै तोषै करि सति मान।।

चौपाई –

चक्ष पुत्र जिह भविन वसावे। तांकी सुता कों सुत जो कहावे।।
प्रथम करी ताही की पूजा। मारति सुति पित पूज्यो दूजा।।
सलतापति की सुता कहावे। तिह पति पूज परिम सुष पावे।।
निश दिन रचे जगित विवहारा। तिस को पूजो सहत प्रवारा।।
सुर पति गृह नक्षत्र सभ पूजे। औरि सभी जो वेदन सूझे।।
करी वंस की रीत अपारा। होइ परसपरि मंगल चारा।।
निसि दिन होवे परिम अनंदा। आए चेत परिम सुष कंदा।।
नाम कर्ण के विप्र जवाए। व्यंजनि अनकि दिजै भुगिताए।।
करि पूजा दिज पगि सिर न्याए। साईंदास तव नाम धराए।।
पाँच वरिष के भए क्रपाला। आए लागी परिम रिसाला।।
देष्यो वालक परिम अनूपा। वुद्धवान और महा सरूपा।।
तातमात कुल वंस पुछाए। भविन पूछ लागी गृह आए।।
समा जानि कीनी कुडिमाई। लागि लीए मिरजादि सुहाई।।

विद्या मांग गए निज द्वारे। मंगल भए दोऊ दिस भारे।।
वरस जुगल जवि और बीताए। लागि विवाह देन तवि आए।।
कहि सभ वाति गए निज धामा। होन लगे दो दिस सुभ कामा।।
कुलि मिरजादा सकल कमाई। सदा वंस जो होती आई।।
चारि भाँति की बनी वराता। बालक वृद्ध जुवान गौराता।।
भूषन वसन सभी कों छाजे। वाहन षिजमतदार विराजे।।
दूलो की छवि कही न जाई। पीति वसनि तिन रहे सुहाई।।
सीस सेहरा मुकटि विराजे। सुंदरि षडग कंध परि राजे।।
भाल तिलक द्रग गुनज सुहावे। झुमका श्रविन परिम छवि पावे।।
मुषि तमोल दसा रचा सोहे। सुंदरि हांस सभी मन मोहे।।
भूषन सकल अंग मै राजे। सुंदिर पनी आर्चन विराजै।।
और सकल छवि कही न जाई। माधो दास सुनो चितु लाई।।

काशीदास उवाच–

दो.– चली वरात अपार तव होइ परिम आनंदि।
लयो समाज संभाल सभ अनुज सुष कंदि।।

चौपाई–

चली जनेत वजावत वाजे। दीसें सभी सकल विध राजै।।
तिसी नगर मै पहुचे जाई। जहा वसे समिधी सुषदाई।।
आगे लोक लेन तब आए। सुंदरि धाम तवी बैठाए।।
निश मिलनी मही अपर अपारा। अग्र षेल कीयो सभ व्यवहारा।।
केसरि छिडक सभी नहिलाए। जस के चीर भटि पहिराए।।
वैसाष इकीया साहा जानो। अर्ध रैन कीयो कंन्या दानो।।
निसवासर षटि ऊहा बिताए। ताषे लागी सभि मिरिजाद।।
गृह को काजि करै मनि भावै। विद्या पडे परिम सुष पावे।।
वरिस द्वादस के जवि भए। सुरिभी के संगि वनि मै गए।।
धेन चराई प्रभू गृह ल्यावै। मनि भीतरि केशवि को ध्यावै।।
आज्ञा करो प्रभू गिरधारी। मुकंद दास को कह्यो मुरारी।।
अवि तुम भूर्लोक को जावो। साईंदास कों करि सिष आवो।।

आज्ञा लइ तव मही सिधाए। प्रभ नगिरीं तास गुरि चली आए।।
तरिवर तले विलोक्यो आई। पोढ्यो हुतो चीर धरि पाई।।

कांशीदास उवाच–

दो.– चर्न लगाइ उठाययों जपत उठयों प्रभ नाम।
निर्ष्यो रूपु जु संत कों कीन प्रभू प्रणाम।।

चौपाई–

मुकंदिदास तवि कीउो उचारा। दूध पिआवो वाल कुमारा।।
वैठो प्रभ इसी अस्थाना। जावो नगरी क्रपा निधाना।।
काहे नगरी वाल सिधावो। दूहाइ दूध लै आवो।।
एक सुरभि तवि दैई वताइ। इसका दुहो दूध ले आव।।
दुही लीयो षीर अपारा। आनि चर्न पर करी जुहारा।।
पीआ दुध तवि निकटि बैठायों। श्रविनन मैं हरि नाम सुनाउयो।।
लोयो दूध जेता मनि आवा। अधक वधा साईंदास पीआवा।।
जो कोऊ कहे दूध किह काज। लीने भेट करी मिरजाद।।
लीयो प्रसादि गुरों को जवे। दिष्टयो जनिम पाछला तवै।।
मुकंदिदास को सीस निवायो। उठो जव तवि दिष्ट नि आयो।।
मनि मह लागि रही एह आसा। कैहे प्रभू कै ताके दासा।।
सतिगुरि सोई भया अवि भोरा। नाम न पूछो मै मत भोरा।।
हरि गुरि को जो नाम नि गावे। यम पुर माही परिम दुष पावै।।
ताते कहा जपो मैं नामा। दे प्रभ लैहो विश्रामा।।
भई गिरा तवि गगनि मंझारा। मुकंद दास हय नाम हमारा।।
औरि कामना मनो गवावो। प्रभ पंकज मै प्रीत लगावो।।
गिरा सुनी तवि भय आनंदा। जपन लगे तवि नाम मुकंदा।।
लागी वेरि प्रभ वहु विरमाए। गौयां षेत घने तवि षाए।।
गौऊनिकारि नगिर ले आयो। षेती का पति पाछे धायो।।
आनि नगिर तिन करी पुकारा। साईंदास सभ षेत उजारा।।
और साहदी कहे अनेक। षेत माह नाही षिलचा एक।।
मलराय साईंदास वुलायो। कहो षेत किह हेत गवायों।।
कंपति गाति के होयो भैय भारी। गाई तात नही एको डारी।।

संति कहे जो सहज सुभाइ। करे काज प्रभ पल मै जाइ।।
साईंदास जबि मुष ते भाष्यो। षेत जमाइ तवै प्रभ राष्यो।।
षेतीं के पति पैंच बुलाए। मल्लराय देषन संगि आए।।
गए षेत के जवी हजूरि। चहू दिसा मइ हय भरिपूरि।।
षेती का पति विसमय भयों। दीसे पात न एकों गयों।।
माधोदास सुनो चितु लाई। सकली कथा कहो प्रगिटाई।।

काशीदास उवाच–

सोरठा– करी तबै धिंधकार षेती पति कों मिल सभै।
पाछे करी वचारि धंन्न मल्लराय तात तुम।।

चौपाई–

सकल पंच ने कीउो विचारा। धंन्न मल्लराय तात तुमारा।।
षेती षाई सभो निहारी। अवि नहीं छीनी एको डारी।।
ऐसी कही भविन चल आए। आपो अपिने काज लुभाए।।
पिता मल्लराइ करी विचारा। बनि नहीं भेजो वाल कुमारा।।
ताते भविन रहन प्रभ लागे। सेवे प्रभु पंकज अनुरागे।।
संत सेव षटि कर्म कमावे। हरि मूर्त लइ रिदे वसावें।।
करे गुहज तप अपर अपारा। प्रगिटि करे सभ जगत व्यवहारा।।
वीस वर्स के जवि प्रभ भए। अमरदास तवि गृह प्रगटए।।
शादी करी सभी कुलि रीति। भई वाल की सभी मनि प्रीती।।
पंच वर्ष जवि बीते जानो। नरिहरिदास जनिम पहिचानो।।
चतुर्वर्ष जवि बीते भाई। विष्णदास प्रगिटे जगि आई।।
तीन वर्ष जविही चलि गए। सुषानंद तवि जगि प्रगटए।।
चारो सुति प्रगिटे अविතारा। तुछ वुद्ध कहा करो वीचारा।।
तांते सभ को करो प्रणामा। हरि गुन गाइ लहो विश्रामा।।
द्वादिस वर्ष भए सुति चारो। क्षौरी कर्म कीयो पित भारो।।
चारि बंस के लागी आए। निर्षे वाल परिम सुष पाए।।
नविता देह गए निज गेहू। भयो वंस मै परिम सनेहूँ।।
भिंन्न-भिंन्न सभ तवी विवाहे। होवै वंस मै परम उछाहे।।
भए विवाह वडन जो आषे। उपमा औरि कहा कोऊ भाषे।।

सोरठा–कीए जगित व्यवहार और मृजादा वंस की।
सुक्रति धर्म विचार पाए परिम आनंदि तवि।।

चौपाई–
होय वंस मय मंगल चारा। रामा नंद भए औतारा।।
हाड मास नौमी तिथ जानो। वृहस्पति वारि पुनर्वस मानो।।
बचन हेत आए महाराज। सकल संत के पूर्ण काज।।
सुंदिरि देह सभी विध राजे। सिरि परि कच घुंघरारे छाजे।।
भाल तिलक सुभ रचयों विधाता। द्रगि विशाल सुंदिर सभ गाता।।
दिज वुलाई सभ अंगि दिषाए। लछनि देष दिजै सुष पाए।।
सकल लोक कों दिजह सुनाओ। धरि औतारा ईस जगि आयो।।
कविन काज आयो जगि माही। ए हम मर्म मय जानयों नांही।।
द्वादिस वर्ष रहे तुम द्वारे। वहुरो वाल वैकुंठि सिधारे।।
एह मम वचन वृथा नहीं जांनो। ईस सरूप बाल पहिचानो।।
सुनि साईंदास परिम सुष पावै। गुहजि बाति किस हूँ नि बतावै।।
करि है मनि ही मै प्रणामा। निश दिन करे प्रभू को ध्याना।।
करि मज्जनि लै वसनि पहिरावै। भूषनि सकल प्रेम सो लावै।।
व्यंजन अनिक करावे पाना। प्रीति करै बहू विवध विधाना।।
वर्स अष्ट के भए क्रपाला। क्षौर कर्म कीयों तिह काला।।
करि इसनानि सभा वैठायों। भूषनि वसनि दास लै आयों।।
पीति पागि प्रभ सीस बिराजै। तुरिरा कलिगी कनक विराजै।।
कुंडिल कानि केसरी जोडा। कनिक जनेऊ केसरि षौडा।।
पीति उपरना कंध विराजे। भूषनि हेम अंग मै छाजे।।
भाल तिलक केसरि का सोहे। तामै तंदल सभै मनि मोहे।।
मुष तंवोल सुंदरि सभ अंगा। अति अनूप वालक जो संगा।।
कंचन कंकन करि मै राजै। हेम जडित नगि हाथ विराजै।।
रसना सोहे अंवृत बांनी। माधोदास सुनए सुरि ज्ञानी।।

अडल–सुंदरि अंगि अनूप परिम छब पाविहै।
मुषि पराग छवि निर्षत मैन लजावि है।।

मंगिल परिम अनूप सषी सभ गाविंही।
सुंदिर रूप निहारि परिम सुष पावही।।

चौपाई –

माधोदास सुनो चितु लाई। आगे औरि कथा जो आई।।
एक समे वैठे सुष धामा। साईंदास जपते प्रभ नामा।।
रामानंदि तहा चलि आए। करि दंडवत कछु बचन सुनाए।।
सो मै कही तोह प्रगिटाई। सुनो तात तुम रिदा लगाई।।
रामानंदि तवि बचनि उचारे। सुप्रस्थान इकंत निहारे।।
आज्ञा देहु तात हरिषाई। वसो धाम निज आइस पाई।।
द्वादश वर्स रह्यों तुम द्वारे। कीए बचन सभ सत तुमारे।।
कलप माह चवी औतारा। कहे वेद मै आदि वीचारा।।
तिन राम क्रष्ण मुष जानो। जो ईहा रहे सो ऊहा पछानो।।
भक्त सनेह अधक औतारा। भक्त समान नहीं कछु प्यारा।।
जहा संत को काऊ सिंघारे। धरि औतारि जावो तिह द्वारे।।
कार्य होइ संत कों तहां। सेवों दास होई के तहां।।
भक्त जना की टहल कमावों। जनि के कार्ज देरि न लावों।।

सोरठा– तजो वेद मिरजाद षीरिसैन अरि नागसुष।
कविला के सुष आद त्याग संत कार्ज करों।।

चौपाई –

अवि तुम वचिन सनेह औतारा। औरि नही जगि काज हमारा।।
अवि मै होवो अंतिर ध्याना। आज्ञा देहु संत निहकामा।।
साईंदास तबि बचिन उचारे। नाथ चलै हम संग तुमारे।।
प्रभकों त्याग रहे जग माही। ताका ध्रगु जीविन जगि माही।।
सुनो संति अवि बचन हमारे। विध के वचिन टारै नहीं टारै।।
कही औध विध ईहा वितावो। वहुरो मोह मै आइ समावो।।
मोहि तोह मांहि भिंन्न कछु नाही। ईसर संत एक श्रुति गाही।।
तांति तोष करि वाहरि आए। वंस माह किनू भेद न पाए।।
आई चौदश परिम पुनीता। मज्जन चलैन सकल संगि मीता।।
पितर सरोवरि करे स्नाना। प्रीति सहत सिमरे भगिवाना।।

करि मज्जन सभ वाहरि आए। रामानंदि तवि वचन सुनाए।।
सुनो संति अवि कहो विचारा। जोउ तिस समै भउों व्यविहारा।।
वचिन कहे सभ को प्रगिटाई। सुनो सभी अवि रिदा लगाई।।
तिसी सरोवरि जो नरि न्हावे। मुक्त लेह हरि चर्न बसावे।।
मनि चित लाइ करे इस्नाना। यो मांगे सो पावे दाना।।
सुति हित धारि वचनि क्रम सेवे। तात काल तव सुभ लेवे।।
केशवि सिमर करे सनाना। लहे सकल सुंदर फल नाना।।

लहे मुक्त ज्ञानि वैराग जोग है सिद्ध विद्या पाविंही।
धनि अर्थ काम जु सूर सेवें विजै करि गृह आविही।।
करि सभी जगि के काज पूर्ण दुष दारिद गवाविंही।
हे सुषी सदा क्रपाल केशवि हरि सिमर टोमंडी नाविहै।।

सोरठा– ठाढे नीरि मछारि कहे वचनि प्रगटाइ नाविहै।
सभ कों करी जुहारि अंतिरि ध्यान भए तवै।।

चौपाई–
कहे वचन संभही सुन लए। अंतरि ध्यानि तवै प्रभु भए।।
भए सोच तवि अपर अपारा। षोज्यो सभै फुनि नीरि मंझारा।।
थके विलोक कहू नहीं पाए। चक्रति भए नगिर चलि आए।।
भेउौ विजोग नहीं भाषों। मंगल सकल प्रेम सो आषों।।
साईंदास तवि सभ समझाए। आदि कथा सभ भाष सुनाए।।
इसकों वाल नहीं पहिचानो। पूर्ण ब्रह्म सभी मनि जानो।।
साईंदास तवि सभै सुनाई। माधोदास मै तोहि वताई।।

कवित्त–
तात कही सुनी बाति सभै टरि सोक गयों सभी ही सुष पायों।।
भ्राति सनेह विसारि दीए प्रभ कों पहिचानि रिदा ठहराउो।।
जगित विहारि कीए सुभ ही सभ मंगल मोदि अनंदि बधायों।।
जानि महात्म टोभडीका सभी ही मिल के तहा सीस निवायों।।

काशीदास उवाच–

भक्त करे साईंदास अपारा। कह्यों नि जाइ सकल विस्तारा।।
जोग प्रेम दया की करिणी। मम वुध तुछ जाइ नही वरिणी।।
निसवासरि प्रभ पंकजि ध्याना। हरि सिमरनि विन वाति नि आना।।
सुति दारा का हित विसरायों। निज मनि लइ प्रभ पंकज लायों।।
छौडि दीए सभ जगि ववहारा। रहे प्रभू को नाम अधारा।।
आपा परा दोऊ विसराने। जीवि ब्रह्म एको पहचाने।।
कछुक वर्स जवि गए बिताई। औरि प्रसंग उठो तवि भाई।।
अमिरिदास पोढो निज ग्रेहा। सुपनि है निहारी सिर बनि देहा।।
भई पुनीति प्रभाति सुहाई। माति पिता कों भाष सुनाई।।
सुनि साईंदास गही तबि मौना। कह्यो वहुरि भ्रम गिने को ना।।
अमरिदास तवि कहो वहोरा। संसानाथ मिटावो मोरा।।
तुम सर्वज्ञ सकिल जगि ईसा। मोहि निहारियों धरि बिन सीसा।।
सुनो तात मै तोह सुनावो। सुफनि वाति फल आष बतावों।।

साईंदास उवाच–

सुपने मै जो तीर्थ नावै। लहे कष्ट वडि संकटि पावै।।
भैसा फील वराह निहारे। सर्प डसे इंद्र वज्र विदारे।।
सो नरि जाइ वेगि यम धामा। रहे जगित नही सुष विश्रामा।।
माया सुफने मै कोऊ पावे। गृह की संपत्त वेग नसावे।।
सुफने मै परि नगिर विलको। मिले सभी जेई न विलोके।।
अविध भोगि जाई तिन द्वारे। काल वली जाइ तिसे संघारे।।
सुफने मै जिस शत्रु गहे। कष्टि पाई के यम पुरि लहै।।
दुरजनि हते के सिंघ गरासे। लहे त्रास होवे उपहासे।।
दक्षण कुंडि बधू लैं धावै। वर्स एक मै यम पुरि जावै।।
नीरि वुडे के षूहे पडे। संकटि पड़े कैसे नरि मरे।।
उडे जोऊ नरि निश के माही। तेजे देस संसा कछु नाही।।
बोले निश जो वादि विवादा। आवे कष्ट महा अपराधा।।
नीच वस्तु जो सुफने षावे। ताकी संपति वेग नसावे।।
नृपत षाइके लोभ निश करै। तांका तेज निमक मै टरै।।

मृत्क वस्त निस मांगे कोऊ। अविगुण बडा जाणीए सोऊ।।
इनि सुफनिन मै जो कोऊ आवे। जपे प्रभू कों दानि कमावे।।
तुमरा सुपन सुनावो पाछे। अवि सुनि सुपन कहें सुति हाछे।।
ईसर को जो सुपन अराधे। तांके संपत निश दिन वाधे।।
सुपन माह गुरि जस दर्लावे। करे अनंद सदा सुष पावे।।
पूजे संत विप करे दाना। लहे सुष वहु विवध विधाना।।
हेम दान जो सुपने करे। तांके पातक सभ ही टरै।।
देवी का निश दर्सन पावै। तांके लक्ष पलक मै आवै।।
सुपने मे जो सैनि निहारे। होह मेघ के वार द्वभारे।।
और सुपन है अनिक प्रकारा। सुभ असुभ को लेइ वीचारा।।

कांशीदास उवाच–

दो.– सुपन जु आवे किस को भला बुरा पहचाना।
जगि सुपने का एही फल जपे प्रभु कों दाना।।

साईंदास उवाच–

अबि भाषो सुति सुपन तुमारा। तांका फल अवि कहो वीचारा।।
सीसि भिंन्न और व्याहन जाइ। मास माह यम ताको षाइ।।
ताते सिमरो श्री भगिवाना। यथा जुगित कछु करिहो दाना।।
इह ते होइ सुपन को नास। सुनो ताति सभ सुपनि प्रगास।।
असतति करी चर्न लपटाए। हरि गुनि गावित धाम सिधाए।।
भविन आइ कीनो दिज दाना। जपन लगे तवि नाम निधाना।।
हरि सिमरत हरि ही होइ गए। हरि हरि जन में भिंन्न न रहे।।
एक मास प्रभ के गुन गाए। अमरदास वैकुंठि सिधाए।।
माधोदास सुनो चितु लाई। आगे और कथा जो आई।।
साईंदास बैठे स्थाना। प्रभ गुनि गावित क्रपा निधाना।।

कांशीदास उवाच–

नानकदास तहा चलि आए। रूप कलंदरि का तनि लाए।।
विंजनि सभ साईंदास सिधारे। प्रभ कों अर्पे प्राण अधारे।।
नानक दास तहा चल गए। विंजन सिध वहा सभ भए।।
अंतिर सुध पटि मेले गाति। जनिनानिक इहु बोले वात।।

आज्ञा होइ तो आगे आओ। भूष घनी कछु भोजनि पावों।।
नानिक कहे एसे भय देषी। एभीह को संति विवेकी।।
साईंदास तवि मनि मुसकाए। नानक हमको देषन आए।।
बोले तिसी समे साईंदासा। नानिक कहा धरी मनि आसा।।
हम तुम एक नगिर के भेदी। ईहां कहावो नानक वेदी।।
आयो तुम को वंस सुभाव। तुम संतनि सो कीयों दुराव।।
गुरि संतन सो दगा कमावैं। सोऊ साधु किहि हेत कहावै।।
नानकदास कहै मुसकाई। साईंदास तुम धंन्न कमाई।।
मै तुम कों तुरि देषन आयों। हरि का संति संपूर्ण पायों।।

नानक उवाच–

संति मिले की सुनो वडिआई ।मिले संति अध कोटि मिटाई ।।
गंगा आद सभ तीर्थ न्हावे। कंचनि गिर ले दानि कमावे।।
सहस्र बर्स वर्त तप धारे। तीर्थ मे जो अपर अपारे।।
लष वर्स लेय दिज भुगतावे। गुह्य जाप के कलप कमावे।।
साधे कर्म धेन लष दाना। पूजे केशवि विवध विधाना।।
करे ज्ञानि श्रुति निगम वषाने। सभ ही जगित अन्यथा जाने।।
एह कार्ज सभी ही करि आवे। संति मिले समफल नहीं पावे।।
हरि गुरि संति भिंन्न नहीं कोई । मिले जिसी कों उधरे सोई ।।
सो फल मोह प्राप्त भयों। साईंदास तुम दर्सन लह्यों।।

कांशीदास उवाच–

दो.– अैसे वचन कहै तबै जन नानक प्रगिटाइ।
क्षत्री वंस मृजाद करि भोजनि कीयो अघाइ।।

चौपाई –

माधोदास सुनो चित लाई। कहो कथा तोह सभ सुषिदाई ।।
भोजन पाइ जुगिल चलि आए। बैठे मध्य सभा तवि जाए।।
चर्चा करी भक्त की भारी। वहुरो उचिरे नाम मुरारी।।
जपुजी सोदरि नानक गायों। ज्ञान रत्न साईंदास सुनाउों।।
भए परस्पर दोऊ अनंदा। गुन गाए प्रभु परिमानंदा।।

नानक कह्यों वाति सुनि लीजै। कछु जनि लहै कछु मोहि दीजै।।
साईंदास जुग कुंभ पुराए। जनि नानक के पास धराए।।
पाछे कही वाति सभ भावि। किसी सो लेह किस सो पाबि।।
नानक नाम का दोऊ भिगाई। वहु उसमें वहु उस मैं पाई।।
जुगल वाति परसपरि कीनी। सैली लई कढाही दीनी।।
नानिंक कैहो मोह अंस कहावे। विहाह करै श्रीफल लै आवै।।
अस कहि नानकि विदया भए। महादेव के दर्सन गए।।
माधोदास सुनावो तोह। यथा वुद्ध मैं आवै मोहि।।

कांशीदास उवाच–

दो.– नानकि जनि विदया भए प्रभू विराजे धाम।
सलितापति की सुता जो ता पत जपते नाम।।

चौपाई–

सिंघ गुरु जो तास अहारा। तिस असवारि पिता जो प्यारा।।
निशि दिन जपते तांको नांमा। जांह वआद करे विश्रामा।।
वाणी करी अनक परिकारा। अविर जगित के तजे विवहारा।।
साधे प्रेम जोगि वैरागा। ज्ञान मौन होए अनुरागा।।
सदा प्रभू को सिमरनि करै। अविरि वाति कोऊ रिदे न धरै।।
अैसी भगित देष गिरिधारी। भैजे देव विवान मुरारी।।
जबै विलोके प्रभ साईंदासा। प्रभ मिलने की वाढी आसा।।
होइ प्रसंन्न सभ अंस वुलाई। सभना कों एह वाति सुनाई।।
तिना कहा जो आज्ञा होई। करै नाथ हम कार्ज सोई।।
ल्यावो धेन करे हम दाना। औरि कीजिए सभ सम आना।।
यद्यपि कर्णे कर्म नि रहे। तदिप कीए वेद जो कहे।।
माधोदास सुनो चितु लाई। कथा सुनो जो आगे आइी।।

कांशीदास उवाच–

सोरठा– कही सुतो इह बात सुनो नाथ मोहि विनती।
कही श्रुतो इह तात वडा चलत कछु सिष्यलैइ।।

साईंदास उवाच–

सुनो तात एह सिष हमारी। कहों सभै लीजै चितधारी।।
जो मुष कहो सो निश्चे करियो। दुक्रति त्याग सुक्रति चित धरियों।।
करियों यथायुक्त कछु दाना। औरि करौं कविलापत ध्याना।।
दुक्रति सों कविहूं नहीं लागो। रवसुति त्रास धार जीया जागो।।
तीर्थव्रति दिजो को पोषो। गुरि अरि संत प्रीत सो तोषो।।
करि षटि कर्म इष्ट देव सेवो। ईसर कों चरिणोदिक लेवो।।
करि विंजन हर को भुगितावो। अर्च रास अग्नि तप तापो।।
दुष्टन का संगि तियागो। संति चरन मैय निस दिन लागो।।
निगम सुनो परिवधू न रांवो। सुक्रति सभले रिदे वसावो।।
आत्म चीन्हो सहति ज्ञाना। अविर कीए वहि सभ सति माना।।
संति सिष्य सभ भाष सुनाई। जगित सिष सुनीए चितु लाई।।
करै वडन की निस दिनि सेवा। औरि अराधे देवी देवा।।
कार्ज करै वडिन की रीता। सुक्रति करै तजै विपरीता।।
मित्र करै सभ ही विध पूरा। सुंदिरु सषी सुधरि नृप सूरा।।
स्वार्थ मैं चित भंग न करै। आपन ही सो निस दिन डरे।।
कुलि के कर्म कबूं नहीं त्यागे। शत्रू के भविनि निस दिन जागे।।
इतिनो को करि मित्र न जाने। साधू सिंघ त्रीआ नृप अज्ञाने।।
परित्रीआ सो हेतु न लावे। जूया तजो अभष न षावे।।
सुरिपति तोषे कर्त कमाई। अग्नि तोष के भोजन षाई।।
जो गेही एह लछन करे। तांकी संपत कबूं न टरै।।

कांशीदास उवाचि–

दो.– लक्ष जु होवे धर्म की तजे नही सुभ काज।
जगत माहि सुषि पाविहे रविसुति होई मुथाज।।

छन्द–

सुनि तात वात विचार चितधर एही सिष्य कमावनि।
अघ त्याग सुक्रति धार जीमै प्रीति प्रभू लगाविनी।।
मनि वचन कर्म विचारि सुरि दिंसात प्रभु मुन वरियाईए।
जुगल हो सुष रवि सुत न ग्रासे एही सिष कमाविए।।

कांशीदास उवाच–

सुनो ताति अवि सभी सुनावो। वात गुप्त तुम भाष वतावों।।
जो मन कुल हो है हरिदासा। ताकी सिध करै सभ आसा।।
हर्को त्याग रहे जगि माही। यमपुर दुषीय गति सुष नाही।।
तात वात सभी ही मनि धर्नी। केशव सिमरि करौं सुभ कर्नी।।
अवि मैं चलो प्रभू कै द्वारि। ताति सभी लीए चितिधारी।।
सभ ही कोउों तवी प्रनामा। प्रीति सहत ढरै लोचन सामा।।

सुतवाच–

नाथ नाह हम बुद्ध उदारी। रछ्या कीजै सदा हमारी।
वंस सदा प्रभ तुमरी सर्नी। तांकी रछ्या निसि दिनि कर्नी।।
औरि नही कोई ओटि हमारे। ईहा ऊहा प्रभ चर्न तुमारे।।
हमरी वुध नि परिम विशाला। नाथ संभाल करो प्रतपाला।।
प्रभ सहाइ विन स्वास नि आवे। नाथ कहा कोऊ कर्म कमावे।।
ताते सदा वसो हम संगा। दुष्ट जीवि प्रभ तजो न गंगा।।

सुतोवाच–

दो.– कुटल कुचाली दुष्ट जो तौ भी करों न त्याग।
नीरि न वोडे काठ को जानि आपने भाग।।

चौपाई–

वोले तवे प्रभू साईंदासा। करों सदा तुम माह निवासा।।
जैसे गंध वसे कुसमाही। औरि जानि आत्म घटि ताही।।
सैल माह जो अग्न बसावै। जलि मै सभ जी दिष्ट न आवे।।
वीज माह जो तरिवरि होई। जौ जगि संति लषे नहि कोई।।
तिउ तुमरे संगि वसे मुरारी। जुगि जुगि रछ्या करे तुमारी।।
जगित तात बिर्था करि जानो। जिउ सुपने की संपत मानो।।
सुति दारा कों सुष कछु नाई। विछुकी जनिनी की न्याई।।
जगित मध्य जो मित्र विचारे। कूप सदेह के देषन हारे।।
माया को जो सुन्दिर जानो। चूडेली की प्रीत पछानो।।

दो.– मित्र तुमारे जो सभी सो मै दिवों वताइ।
कहो सभी विस्तार करि तात सुनो चितु लाइ।।

चौपाई –

मनि है मित्र जो हरि को ध्यावे। श्रवनि मित्र हरि जस सुनि आवे।
चर्न मित्र जो तीर्थ करै। सीस मित्र प्रभ पंकज परै।।
हाथ मित्र जो धर्म कमावे। नैन मित्र हरि दर्सन पावे।।
रसना मित्र जो हरि गुन जाने। देह मित्र हरि टहल पछाने।।
औरि मित्र सभ वृथा तुमारे। सति गुर मित्र जो भौजल तारे।।
देह मित्र जो एसो करै। औरि मित्र जाने सो मरे।।
एह तुम बचिन रिदे मै धारो। प्रभ सो प्रीति न कविहूं टारो।।
अवि तुम हमरी आज्ञा कीजै। मही सुधार कुसा तहा दीजै।।
तांके ऊपरि तिल छिटिकावों। साल ग्राम सिला लैय आवो।।
गीता श्रुति लैय धरो सिराणे। तुलसी चौरा सन्मुष आने।।
कपला नाम गौऊ ले आवो। जो तिस कह्या सोई पहिनावों।।
तेल घृत गुडि लून अनाजा। भूषन वसनि पीतांवरि वाजा।।
गंगा जल सो कीयो स्नाना। विधवति सहत कीयों सभ दाना।।
यद्यप कर्णी कछु नि रही। तद्यपि करी वेदि जो कही।।
माधोदास सुनो चितु लाई। कथा कहो जो आगे आई।।

कांशीदास उवाच–

दो.– करी मृजादा वंस की औरि सभी सुभ काज।
पठे जो देव विबान तवि सकल वंस के राज।।

चौपाई –

होइ सविद तहा अपर अपारा। वेदि पडे तहा दिज धुनिकारा।।
एक रवाबी सदा हजूरा। तांको कह्यों भाग वर पूरा।।
तिन मांग्यो मै एह वरि पावो। चिषा चढो तौ सविद सुनावों।।
एही इछ्या रिदे हमारे। वृथा होवो वचन तुमारे।।
जवि एह सुनी मोन हो गए। तीनि वारि तिस धृग धृग कहे।।
क्या तुध मागयो तै अज्ञानी। तुमरे रहे न देवा पानी।।
सकल कथा मै प्रगिटि सुनाई। माधोदास सुनि चितलाई।।

दो.– कीनो दानि अपार तवि सभू कों कंठ लगाइ।
त्याम जगत प्रभ इउ मिल सागिर बूँद समाइ।।

चौपाई–

पाछे करी वेद मिर्जादा। औरि करी सभ कुल की आदा।।
चंदनि की सभ चिषा वनाई। तहा जाय कै देह टिकाई।।
गियों हाथ लैं डूंम तंमूरा। कीजै बचन प्रभू अवि पूरा।।
वजै नगारे डुले निशाना। हिण कै वाज पडै सुरि ज्ञाना।।
होइ सविद तहा अधक अपारा। ढरै नैन जलि सुदरि धारा।।
उठि वैठे सभ दर्सन पाए। सविद पाँच तिनि डूम सुनाए।।
अैसी देष जगित सिरि नायो। वचिन हेति एह चलित्र दिषायों।।
वहुर देह तिस ठौरि समाई। प्रभ का सिमर अग्न प्रगिटाई।।
कह्यों न जाइ समा वहिसारा। नभ मै देव करै जैकारा।।
करि कार्ज सभ भविन सिधाए। नरिहरिदास तिलक वैठाए।।
कीए कर्म जो श्रुति के आषे। औरि जगत के करि अभिलाषे।।
जो एह कथा सुने चितु लाई। तांको दुभदा रहे न काई।।
अवि एहि कथा संपूर्ण भई। जो कोऊ सुने सोऊ फल लई।।
माधोदास मैं तोहि सुनाई। तांका फल सुनि लीजै भाई।।
पढै जोऊ हित चित लाई। तांके सति गुर सदा सहाई।।
पढै जोऊ नरि धनि के हेत। तांके लच्छ वधे वहु नेत।।
सुति दारा हित जो नरि ध्यावे। सो भी तातिकाल फल पावे।।
जो कोऊ पडै हेत गिरिधारी। तांको देवे मुक्त मुरारी।।
पढै कष्ट मै जो नर कोई। तांका कष्ट सभी षय होई।।
जो कोऊ पढै सहज सुभाव। तांके सतिगुरि सदा सहाई।।
गुरि जनि सोई गुरों की सर्नी। कथा पुनीत सकल तिस बरिणी।।
माधोदास सुनी तै सारी। तांते पावो मुक्त मुरारी।

कवि उवाच–

सोरठा–प्रभ दीजै इह दान माँगो प्रभ करि जोडि के।
रहै रिदे तुम ध्यानि रवि सुति कष्ट निवारियों।।

चौपाई –

अभै राम की आज्ञा पाई। कथा कही तब सभ प्रगिटाई।।
ऊक चूक सुध करि लीजै। दध सुति की रछ्या करि लीजै।।
महादास सिमरों गुर पुरा। स्यामदास दर्गाह का सूरा।।
संतिदास सिमरों औतारा। गुरिबषसदासा भौ टारनिहारा।।
सिमरो क्रष्णचंद व्रजिबासी। सदा सहाइ कटै यम फासी।।
गुरि जनि दास तुमारी आसा। लहै सदा तुम चर्न निवासा।।

दो.– फागनि वदी जो पंचमी वृहसपतिवार पछान।
अठारा सै उनतीसवा भयों संपूर्ण जानि।।

दो.– वंसी राम क्रपा करी सति गुर भए सहाइ।
क्रष्ण चंदि की क्रपा सो सकली कही वनाइ।।

दो.– लेषक श्री सवायां राम श्री काशी तिस वास।
जो जो पडै सो सुष लहै अंति विष्णुपुर वास।।

श्री रामाय नमः श्री संकटा देव्यै नमः सुभंभूआतु लिषी टहलदास।

अथ महादास जन्म साखी

ओं स्वस्ति गणेशायनमः वावे महादास की जन्म साषी लिष्यते।

दो.– कवलापति को ध्यान धर सिमरो गुरु पद कंज।
श्री कवला को वेनती दीजै वुद्धि प्रचण्ड।।

चौ.–

प्रथमे सिमरो श्री नंदलाला। भगत वछल प्रभ दीन दिआला।।
सिमरो गणपत आदि विनायक। एक दंत शुभ सुकृत दायक।।
धूम्रकेत शशिभाल विराजे। द्वादश नाम विधाता साजे।।
गुरु चर्ननि को सीस निवावों। जिह प्रसाद निर्मल मति पावों।।
मानस रूप जगत्त मैं आउो। पूर्ण व्रह्म सो वेद वताउो।।
संवत् ठारा सै अरु ठाई। वसंत पंचमी तिथ सुषदाई।।
तां दिन उपजे अधिक हुलासु। करो कथा उर भगत प्रगासु।।
जगदंवा जै होहिं क्रिपाला। पूर्ण होई कथा तत काला।।

दो.– संतदास ने पूछआ स्यामदास प्रति वात।
किस विधि उपजे महादास मोहि सुनावो नाथ।।

चौ.–

संतदास ने वात उचारी। स्यामदास को कह्यो विचारी।।
कथा सुनावो मोही क्रिपाला। किस विधि आए जगत दिआला।।
महादास का जन्म सुनावो। हमरे ह्दिे आनंद वधावो।।
स्यामदास तबि कह्यो विचारी। संतदास धन्न वुद्धि तुम्हारी।।
जैसे तुम पूछी मोह वाता। पार्वती पूछो शिव नाथा।।
कथा सुनावो शंभु क्रिपाला। प्रथमे जग जिउं रच्यो दियाला।।
आदि कथा तव शंभु सुनाई। सौ मैं कहों तोह समझाई।।
जनम प्रभ का तिस मै आवै। जो कोई सुने मुक्ति फल पावै।।
संतदास अव तोंह सुनावो। जन्म कथा अमृत प्रगटावो।।

दो.– शंभु सुनाई उमा को सोई सुनावो तोहि।
सुनो सिष्य चितु लाई के जो तुमि पूछी मोहि।।

चौ.–
तांते करौ ब्रह्म को ध्याना। निर्गुण रूप श्री भगवाना।।
षीर शयन सभ सुष को साईं। अलष अलेष अभंग गुसांई।।
कीयो न होतो जगत पसारा। रहत प्रभू तव धुंधकारा।।
व्रह्मा विष्णु रुद्र ताहि साजे। सगल स्रष्ट प्रभ माह विराजे।।

दो.– उठी प्रभू के मन विषे कीजे जगति उपाइ।
एक पलक मैं प्रथमी नवषंड धरी वनाई।।

चौपाई–
नाम कवल व्रह्मा उपजयो। कबल पुष्प पर इसिथित भयो।।
सीसू ते शंकर अवतारा। वडो देव देव मैं भारा।।
हिर्दे ते भयो विष्णु सरूपा। सगल देव देव को भूपा।।
सेस नाग जंघन ते भयिउो। पताल लौक को षोजत गयो।।
पुन प्रभ भए वैराट अवतारा। कीयो चरित्र महा अति भारा।।
सीसूं ते सत गगन वनाए। सस अरु भान कटाक्ष सुहाए।।
सात समुद्र उदर विस्तारा। सलता जान प्रभू की नाडा।।
ठारा भार रोमावल जानो। पर्वत सगल संष पहिचानो।।
बावी कुक्ष भया गिर भारी। दाहनी कुक्ष कैलास विचारी।।
पृष्ट प्रभू कंचनि गिरधार्यो। सात पताल चर्ण विस्तार्यो।।
सत्या की प्रभ भूमी बनाई। कान मैल प्रभ जल मैं पाई।।
चार वेद स्वासन के धारे। कीया वनाई वनावनि हारे।।

दो.– मैल जु डारी जल विषे उपजे दैत अपार।
हरणायच मधु कीटक अऊर सकल परवार।।

चौपाई–
जल मै करे कुतूहल भारी। सुत दारा संग सभ परवारी।।
एक समे सभ वार आए। देषी भूम वहुत सुष पाए।।
मन मैं आइी ऐसी वाता। एस को ले चलीए जल ताता।।

अवनी तवै समेट त भए। काछ मार जल मै ले गए।।
अवन का तित को एह भार। जइसे कवल लए नर धार।।
नाचे कूदै करै कतूला। देषी भूम अनूप अमोला।।
मन मै संका कछु न आनै। आप समान किसू नहि जाने।।
जांके रिदे नही भगिवाना। दैत नाम ताही को जाना।।

दो.– देषे प्रभ जी ध्यान धरि मही नही दिष्टाप।
तवहि रिदे महि जानियो लीनी दैत दुराप।।

चौपाई –

तव प्रभ भए वराह अवतारा। कीआ अस्थूल महा अति भारा।।
तांकी उपमा कहन न आवे। शिव व्यास सुक सारद गावे।।
सुमेर पर्वत जो पग मै आवै। चांपे नेक भासिम हो जावे।।
अवर रूपु को कहा वषाने। जिन प्रभु कीआ सोई प्रभु जाने।।
क्रोप धार तव जल मै गए। तिन असरन को छेदत भए।।
दाहने दंत असर सिंघारे। वामे दंत मही ले धारे।।
अवनी तहा बिराजत कैसे। चावति तित नरि लागति जैसे।।
अवनी को ले वाहर आए। संग दोऊ निसाचर ल्याए।।
उसी ठवर लै मही विछाही। तुचा दुहन को ऊपरि पाइी।।
सेस नाग की कुंडलु डार्यो। सुमेर पर्वत लय मध्य पधारियो।।
दुहू दिसा भूधर अति भारी। मध्या गिर कैलास विचारी।।
ऐरावति चहु दिसा ठहिराए। ससि अरि भान दोऊ नभि छाए।।
निसवासरि सो सेवन लगे। भान मयंक होय अनुरागे।।
नभ मै सेवै करै उजिआरा। कीअ प्रभू अति षेल अपारा।।
रुद्र विष्णु महीप धराए। व्रह्मा को लै वेद दिषाए।।
ताते सभना आप पछाना। व्रह्मा विष्णु रुद्र तव जाना।।

दो.– इस विध मही टिकाय कै कीनो वहुर विचार।
आज्ञा ब्रह्मे को दई रच्यो सकल संसारु।।

चौपाई –

आज्ञा भई प्रभू की जैसे। रच्यो सृिष्ट ब्रह्मा पुन तैसे।।
एक पाट कंन्या उपजावे। दूजे ते लै वाल दिषावे।।

इस विध रची जु सृिष्ट अपारा। चार वर्ण पुन भए अवतारा।।
ब्राह्मण मुष ते हर उपजायो। क्षत्री भुज ही ते त्रपतायो।।
जंघन ते भए वंश अवतारा। चरिनन ते सूदरि वपु धारा।।
चार वर्ण सभ ही जगु छयो। जो जिह जान्यो सो तिह लयो।।
ऐसे सकली सृष्ट पसारी। तीनो देव रहे व्रह्मचारी।।
तवि कविला मनि माह विचारी। तीन सरूप कीए जु षरारी।।
तीनों की जा सेवा करो। तीन रूप हो तिन को वरो।।
तीन सरूप कीए जग माता। लक्ष्मी व्रंह्माणी अंबाता।।
एस विध तीनों सेवन लागी। सहज सुभाय होय अनुरागी।।
अवरि सृिष्ट भइी अपिर अपारा। इस विध रच्यो सकल संसारा।।
व्रंह्मा वेद पढन तव लागे। क्षत्री राज करे अनुरागे।।
मुनवरि तपु करि है अतिभारी। वैश्य वणज की चाह विचारी।।
सूद्र हल जोते क्रसाना। होह अनाज सकल सुष माना।।
संतदास सुनु कथा सुहाइी। आगे अवर सुनो जो आइी।।

दो.– इस विध रचीयो उपारजा सुनो संत सुर ज्ञान।
श्री गुर चर्न प्रताप ते आगे करो बषान।।

चौपाई–

एक रही प्रभ के मन आसा। सुनो संत सो करो प्रकासा।।
सागर की प्रभ चिंत बिचारी। महा वली जल निध अति भारी।।
जो कवहू इसके मन आवे। सकल सृष्ट करि क्रोप लुडावे।।
ताते इसका गर्व निवारो। सकल सिृष्ट तव सुषी निहारो।।
एक करो निश्चर के नासा। संषासुर अति तेज प्रकासा।।
ताते अव ही वात बनावो। व्रह्मा के मन भ्रम उपजावो।।
ऐसी वात प्रभ के मन आइी। व्रह्मा वेद पडत था भाई।।
देष वेद उपज्यो हंकारा। हम सम विष्ण न रुद्र विचारा।।
जो हम वेद पढो नहीं वानी। कवन भाँति करि जाह पछानी।।
वात तव कहते भए। नृित काल के वसि हो गए।।
हिद्रे की जाने जदुराय। प्रभ संषासुर लीयो वुलाय।।
उस्तति करी प्रभू भगवाना। तोह समान नहीं बलिवाना।।

एक काज हमका कर आयो। ब्रह्म के जा वेद दुरायो।।
चल्यो तबि संषा सुरु धाइी। व्रह्मा के पुर पहुतो जाइी।।
व्रह्मा के जाय वेद दुराए। देषे निगम बहुत सुष पाए।।
वेद न देयो किसी को जाय। ऐसी गई दैत मन आइ।।
तीन देव तें वेमुष भयो। ताक मही की सर्नी गयो।।
वसुधा कही तवै यह वाता। जाह समेर पहि राषे ताता।।
गयो दैत सुमेर पहि धाई। दीयो सुमेर समुद्र वताइी।।
गयो समुद्र पास अज्ञानी। सकल वात तिन जाय वषानी।।
तवि सागर कह्यो आगे आपु। दीनी वुध प्रभू विसराय।।
दैत वड्यो सागर मय जाय। ब्रंह्मा उठे तवे अकुलाय।।
वेद न देषे अपने पासा। चिंता वढी गयो जु हुलासा।।
तवि विध अैसी वात विचारी। हरि सो गर्भ[1] कीयो हम भारी।।
तांते इतना त्रासु दिषायो। भली करी हरि गर्भ मिटायो।।

दो.– हर वेमुष जो होयगो तांके नही अनंद।
जगत माह दुष पाव है यमपुर पडीए वंद।।

चौपाई –

ऐसो कहित व्रंह्मा उठ धाए। नाग लोक तवि पलि महि आए।।
सुरन सहित देषे यदुनाथा। आन चर्न परि नायो माथा।।
उसितिति करी प्रभू की भारी। देष विरंच हसे गिरिधारी।।
विध सो कही तवै जदुनाथा। कीयो अनिग्रह भए सनाथा।।
तोह समान विध देव न कोइी। भूत भविष होय न होइी।।
आजु पुरी मोह भइी सनाता। आए तुमरे चर्न विधाता।।
तव विरंच यह वात उचारी। आए अपने काज मुरारी।।
तुम सो गर्व कीयो जदुराइी। तबि किन लीने वेद दुराई।।
हरि वेमुष जो होवे नाथा। तांतो कवहू नही कुसलाता।।
ताते मोह अनुग्रह कीजे। अव की वार राष मोह लीजे।।
होय प्रसंन कही प्रभ वाता। संषासर हम पठ्यो विधाता।।

---

१. गर्भ < गर्व।

उसको चलो विलोके जाय। किसी ठौर मय बैठो जाय।।
तीनो देव मही परि आए। देव दैत सभ संग लिआए।।
पूछी मही प्रथम भगवाना। तिन सुमेर को लीनो नामा।।
तवि हरि कंचन गिर पहि आए। सकल व्रतंतु सुमेर सुनाए।।
उस्तति करी हेमगिर भारी। नाह निसाचरु रष्यो षरारी।।
आइआ था प्रभु हमरे धोरे। हम पठ्यो सागर की पोरे।।
अैसा कवन सुनो करतारा। तुमरा वेमुषु राषन हारा।।
अंवृत को प्रभ दूर विडारे। विष की गंठ वदन मह डारे।।

दो.– मही उधारन षल दलन संतन सदा सहाइ ।
तुमरा वेमुष राष के कबहू नहीं सुषु पाय।।

प्रभ की निंद्या सुने जो कोइी। व्रह्म घात का तिस फलु होइी।।
हरि वेमुष प्रभ जहा वसावे। नष्ट करे तिस वेर न लावे।।
ऐसी कही चर्न लपटाना। सागरि उोर चले भगिवाना।।
मार्ग अर्ध जवे प्रभ गए। आश्रम एक विलोकत भए।।
सुंदर अधक अनू सुहावे। उपिमा तांकी कहन न आवे।।
द्रूम वेली तट अधक अनूपा। फूले फूल अनूप सरूपा।।
वोले कोकलि मोर चकोरा। चकवी चकवे प्रेमु न थोरा।।
केहर मिरिग एक अस्थाना। वेर भाव तित कबहू न ठाना।।
अनक भाँति के फूल सुहाय। तिन की छव सो मैन लजाय।।
तांके मध्य मुनी सर राजे। तांका तेज देष रवि लाजे।।
ज्ञानवात सुंदर सुर ज्ञानी। तांकी उपमा सुनो भवानी।।
हरि सियरण बिन अवर न वाता। तारक मुन तिह नाम विष्याता।।
तिस आश्रम प्रभ जी चल आए। देव देत सभ संग सुहाए।।
देष मुनीशरु अत सुष पाइयो। जन्म जन्म का त्रास मिटाइयो।।
उस्तत करन तवै मुन लागै। गद गद कंठ होइ अनुरागा।।
नमो नमस्ते श्री भगवाना। आद पुर्ष पर्मात्म रामा।।
नमो नमस्ते आदि सरूपा। मही उधारण कृष्ण अनूपा।।
जग उपजावन सकल विनासी। निर्गुन रूप सकल प्रगासी।।
सकल सृष्ट मैं जोत तुम्हारा। सभके निकट सभू ते न्यारा।।

उस्तत करो कहा लग तोरी। नाथ अघ मोह मन थोरी।।
तांते प्रभ दीजे इक दाना। रहे रुदे मैं तुमरो ध्याना।।
तव ऐसे वोले भगवाना। प्रेम भगति मुन दीनी पाना।।
तुमरे रिदे करो मय वासा। मम सिमरन विन अवर न आसा।।
जन्म तोह निकट वसावो। जहा मुन जाहु तहा संग जावो।।
प्रभ पंकज मुन सीस निवावो। वही ध्यान ले रिदे वसायो।।
मुन को तोष चले गिरधारी। आए सागर निकट मुरारी।।
सागर को वोले भगवाना। निसचर देह वेग वलवाना।।
जलनिधि कह्यो देवो प्रभु कैंसे। क्षत्री धर्म होता नहि ऐसे।।
प्रथमे देषो युद्ध हमारा। जीतो मोह लेहु करतारा।।
जल निधि गर्ज गयो नभ उोरा। काट्यो स्वास चक्र के जोरा।।
तीन वार इउं गर्जत भयो। काटत स्वास सभी प्रभु गयो।।
संतदास सुनीए चित लाई। कहे उमा को शंभु राई।।

दो.– जितयो सागर इस विधी कीनो वहुं संग्राम।
सुनो सिष्य चित लाय के कीए प्रभु जो काम।।

चौपाई –

कंचन गिर को कीयो मधाणा। कछ रूप कीना भगवाना।।
कंचन गिर के तले टिकायो। भुजा प्रभू जी ऊपर पायो।।
वासक का ले नेत्रा कीनौ। ले कर देव को दीनो।।
दैत गए तव मुष की उोरा। पूछ देव ने फडी वहोरा।।
रिडकयो सागर कर विस्तारा। काढे रत्न अमोल अपारा।।
एरापति सुर सारंग बाजा। सस विष अमृत मध मण साजा।।
धनंतर सहत अरंभा आई। कल्प वृक्ष तव आयो भाई।।
तव सागर मन माह विचारी। आन चर्न की सर्न निहारी।।
कवला दैत प्रभू के हाथा। फुन चर्नन पर नायो माथा।।
फुन प्रभ भए मछ अवतारा। सागर मध्य गए करतारा।।
संषासुर को छेदत भए। वेद आन ब्रह्मे को दए।।
संषासुर को कह्यो मुरारी। तोरी धुन मोह परम पिआरी।।
हमरी पूजा जोऊ कमावे। तुमरी धुन विन विर्था जावे।।

बहुर रत्न वांटे गिरधारी। सुनो उमा सो कयो विचारी।।
सस विष दोनो मोह त्रिपतायो। अमृत मध्य सुर असुर पिलायो।।
चार रत्न सुरपति को दीने। रंभा वक्ष सुर मनि परवीने।।
चार रत्न राषे जदुनाथा। सारंग संष लष मण साथा।।
धंनतर काढ जगत को दीनो। सप्त मुषी सूर्य परवीनो।।
देव दैत निज गृह को आए। बहुरो प्रभ वैकुंठ सिधाए।।

श्लोक–

सुने कथा जो याह परम सुष पावही।
वसे स्वर्ग मै जाइ बहुर नही आवही।।
प्रेम भगत की चाह रिदे ते ना टरे।
दूष दरद अधरोग कथा सुनते हरे।।

चौपाई–

वैठे हुते शंभू कैलासा। जगदंवा पूछे तब वाता।।
प्रश्न कीयो तव सुभग भवानी। कथा सुनावो शिव सुर गियानी।।
विष्ण कहो प्रभ कहा विराजे। कवन समाज प्रभू संग छाजे।।
सुनो रमा अव तोह सुनावो। जहा वसे सभ ठवर वतावो।।
जज्ञ होम हर पूजा होई। तहा विराजे निश्चे सोई।।
हर की कथा जहा विस्तारी। जान रमा तहा वसे मुरारी।।
कीरत्तन कर संति अनुरागी। तहा प्रभू साक्षात विराजे।।
हर मूर्त्त को धरे धिआना। तांके रिदे वसे भगवाना।।
तीर्थ वर्त संत गुरु पूजा। सुकृत कर्म अवर नहीं दूजा।।
तांके रिदे करे हर वासा। सुनो सती हर कथा प्रगासा।।
योगी प्रेम सहित जो ध्यावे। तांके रिदे प्रभू सुष पावे।।
व्राह्मण धेन देव हितकारी। तांके रिदे वसे गिरधारी।।
पर उपकार को जो उठ धावे। हर जीताँ के रिदे वसांवे।।
समदिष्टि जो होइ समाना। तांके रिदे वसे भगवाना।।
रामकृष्ण को सिमरे कोई। तांके रिदे सती हर होई।।
अवर वसे बैकुंठ गुसाईं। सुनो रमा जहा वसता नाही।।
हर की निंद्या संत न सेवा। तहा न वसे देवन को देवा।।
काम क्रोध सुक्रत नहि कोई। सुनो रमा प्रभु तहा न होई।।

ब्राह्मण धेन जल निंद्या गावे। तहा सती हर निकट न आवे।।
जहा पाप है अधिक अपारा। तहा नही जानो करतारा।।

दो.– सर्व दुक्रत जहा वसत है तहा वसे हर राइ।
तम सूर्य एक ठउर मे सती नही मिल जाइ।।

चौपाई –

वहुर कह्यो शिव को जग माता। संसा मोह मिटावो नाथा।।
कैहो वसे वैकुंठ मुरारी। कथा सुनावो सोई विचारी।।
कैसा धाम सुनावो सोई। संसा मन में रहे न कोई।।
तैसा सती कवन विध भाषो। जेती वुद्धि मोह तेता भूषो।।
प्रभ लील्हा कहन न आवे। नारद व्यास सारदा गावे।।
ढाई लष जोजन विस्तारा। सात पुरी तिस पंथ मँझारा।।
तांके भिन्न भिन्न सुन नामा। सस उडगन विश्रामा।।
सुर विरंच निज धाम बषानो। तांके शिषर स्वर्ग पहिचानो।।
चार लाष जोजन मग ठानी। पुरी पुरी एती विछ जानी।।
इतिना है तिन का विस्तारा। तांके शिषर वैकुंठ द्वारा।।
सुनो सती सो कैसो द्वारा। जेती वुद्ध कहो विस्तारा।।
द्रुम वेली तहा पुष्प अपारा। चले सुगंध मुक्त को द्वारा।।
कंचन को सभ कोट विराजे। मण मुक्ता द्वारन मैं राजे।।
सुंदर तट अनूप सुषारा। विगसे कवल अनक परकारा।।
कंचन की सभ पाल सुहाई। तांकी सोभा कही न जाई।।
कुंदन के सभ भवन अनूपा। लिषे चित्र का परम अनूपा।।
मण मुक्ता तहा षचत अपारा। भान मयंक कोट उजीआरा।।
निर्त करै सुर वधू सुहावे। मूर्त्तवंत राग सभ गावे।।
देब करै सभ जै जै बानी। निगम करे उस्तत जु भवानी।।
सिंघासन ब्राजे घनश्यामा। आद पुरुष परमात्म रामा।।
संष चक्र गदा पद्म विराजे। कीट मुकट कोटक छव छाजे।।
कुंडल कान प्रभू के सोहे। कोट मदन छव निर्षत मोहे।।
वाजे वजै अनेक परकारा। पीतांवर छव वनी अपारा।।
चवरे ढाल हर पीठ सुहावे। चवर करे अति सोभा पावे।।

तेजवान सुंदर सुर गिआन। अति अनूप हर भगत सुजान।।
नव ते चले सुगंध अपारा। कोट मदन छव मोहन हारा।।
ऐसे चवर ढाल सुर ज्ञानी। तांकी उपमा सुनो भवानी।।
निसवासर प्रभ जी को सेवे। ध्यान प्रभू का रिदे समेवे।।
पार्वती को संभु सुनाई। संतदास मै तोह वताई।।

सो.– कही तवै इह वात पार्वती शिव नाथ को।
मोह सुनावो नाथ कबन समाज वैकुंठ में।।

चौपाई –

सरवर द्रुम वेली अस्थाना। कवन पुन्य ते कीउो पिआना।।
चवर ढाल की कहीए बात। कवन पुन्य कर आयो नाथ।।
धन्य वुद्धि है संत तुम्हारी। सगली कहो कथा विस्तारी।।
अठ सठ सगल सरोवर जानो। कवल सेस के फन पहिचानो।।
क्षीर सयन मै कबहूं न पेषे। होइ विराग प्रभू को देषे।।
द्रुम वेली सभ वृज ते आए। धरे अवतारा संग ले आए।।
मण मुक्ता कला पहिरावे। हेम सोई जो दिज रिदवावे।।
राग करै गंधर्व सुज्ञान। संत प्रभू के देव पहिचान।।
अव रमा अवध सुनावो तोही। यथा वुद्धि मै आवे मोही।।
प्रथमे कथा चक्र की जानो। तीस कला भानज की जानो।।
प्रथमी पर जव चढ्यो आई। सगल श्रष्ट कर तेज लाई।।
अवनी दग्ध होन तव लागी। निर्षी मही प्रभु अनुरागी।।
देव दैत सभ करी पुकारा। दग्ध होत प्रभ सभ संसारा।।
वीस कला काटी भगवाना। द्वादश राषी जगत समाना।।
एक कला प्रभ अपनी डारी। बीस कला मानुज की भारी।।
एक वीस का चक्र वनायो। सो प्रभ अपने हाथ रषायो।।
ऐसा कीआ प्रभू ने काम। तांको सती सुदरसन मान।।
अव ही कथा कथा कव की आई। सुनो रमा जो वेद वताई।।
महा प्रलो जो जग मै आवे। सगल श्रृष्ट तिस माह समावे।।
चौरासी सभ जड मै जाई। कर्मवान की नाल सुहाई।।
दाता तिस के पुत्र समावे। सभ जरनल मै सिद्ध सुहावे।।

सेतदलन मै अठसठ जाने। पिराग महा हर आप विराजे।।
तेती काट तरी मै वासा। तांके सीस सभ परगासा।।
सगल सृष्ट तिस माह समावे। सुनो सती सो कवल कहावे।।
सागर मथन गए नंदलाला। पाच जन्म तहा लीयो गुपाला।।
गदा प्रभू की ऐसी जान। सगल दैत को नास पछान।।
पार्वती तव कही वहोरा। संसा नाथ मिटावो मोरा।।
द्वादस कला रही अधिकाई। सो प्रभ कहो कहा ठहराई।।
सुनो रमा रवि कला विराजे। सो तुम कहो सगल विध साजे।।
यारा कला नरक पर डारी। एक कला सम मही उधारी।।
सुनो रमा अव कथा सुहाई। आगे चवर ढाल की आई।।

दो.– चवर ढाल की कथा को सुने जोऊ चित लाइ।
हर मूर्त्त तिस रिदै मै सदा रहे विरमाय।।

चौपाई–

सागर मथन गए गिरधारी। मुन जो देषयो पंथ मंझारी।।
तांसो कही हुती भगवाना। मन मुन राषो हमरा ध्याना।।
ता दिन ते मुन ए ठहराई। हर मूर्त्त लै रिदे वसाई।।
मन भीतर तिसको न्हउलोवे। पाछे सुंदर चीर पहरावे।।
कीट मुकट हर को पहरावे। भूषन सगल प्रेम सो लावे।।
पान फुल्ल सभ मन मै सेवे। अवर सुगंध रिदे मै देवे।।
अनक विंजन कर प्रभ भुक्तावे। फुन हर जी को चवर झुलावे।।
निस दिन ऐसी ही मुन करे। अवर वात न कोऊ रिद धरे।।
एक दिवस मुन सभ कृत कीनी। फुन पाछे कर चवरी लीनी।।
चवरी करत गए मुन प्राना। चवर ढाल कीनो भवाना।।
अंत समे जो मन मै आवे। सुन गिरजा तैसो फल पावे।।
ऐसा जहा सगल विस्तारा। सुनो रंमा वैकुंठ दुयारा।।
सगल देवते आगे जावे। ले प्रभ जी को चवर झुलावे।।
सुनो नाथ मन ऊहा समायो। कवहूं जगत माहि नहि आयो।।
सुन गिरजा मुन कहू न जान। जहां जहां जाए संग भवान।।
अष्ट अवतार भए भगवाना। सेवे सिहजा मुनी सुजाना।।

मन भीतर हर को ठहरायो। किर्पानाथ तव नाम करायो।।
सत्तयुग त्रेता द्वापर गए। अंत समे कृष्ण जी भये।।
धर अवतार असुर सिंघार्यो। सकल मही को भार उतार्यो।।
क्रीडा करी अनक परकारा। सगली कहो होए विस्तारा।।
पूछी तोह अवर सुर गिआना। संतदास सुन कथा सुजाना।।
अंतरध्यान भये गिरधारी। व्यास देव तहा कथा उचारी।।
श्री भगवान कथा सुहाई। जो कोई सुने मुक्त फल पाई।।
व्यास देव वैकुंठे गए। जो कोई सुने मुक्त फल पाई।।
तवे प्रभू इउं वोले वानी। आवो व्यास देव सुर गियानी।।
उस्तत करी व्यास अति भारी। फुन चर्नन की सर्न तिहारी।।
व्यासदेव तव वोले वानी। रिदा ठहरावो सारंग पानी।।
सास्त्र करे अनेक परकारा। सांत न आवे मोह मुरारी।।
श्री भागवत मोह सुनावो। ताते व्यास परम सुष पावो।।
व्यास देव तब कहने लागे। सुनी प्रभ जी हो अनुरागे।।
सुंदर कथा अनूप सुहाइी। सुनी सकल प्रभ व्यास सुनाइी।।
अैसी कथा कही गंभीरा। देव मुनी मन रही न धीरा।।
प्रेम सहित हो व्याकल गए। व्यास देव जग कहते भए।।
सकल सभा को प्रेम वढायो। कही कथा व्यासे सुषु पायो।।
उस्तति करी चर्न लपटाए। आज्ञा लय निज आसन आए।।

दो.– व्यास देव सुषु पाइ के गए अपने धाम।।
चवर ढाल करे जोर के प्रभ को कीयो प्रनाम।।

चौपाई–

कर कृपा वोले भगिवाना। कहो रिदे की मुन सुर ज्ञाना।।
कहा कामना तुम मनि आइी। हमको कहो सकल मुनराइी।।
तुम तो निज आश्रम वैठाए। इच्छा कहा रही मुन राए।।
मागो एक प्रभ जी दाना। करो अनुग्रह श्री भगवाना।।
मांगो सोइ जोइ मन आवे। जिस विधि तुमरा संसा जावे।।
जो तुम मांगो देवो सोई। संत सप्त है मुन वर मोही।।
तवै मुनीवर मागन लागा। गदगद् कंठ होइ अनुरागा।।

पंकज लोचन जल भरि डारे। पुलके रिदा प्रेम वस भारे।।
कृष्ण रूप जवि कीउो गुपाला। छाड्यो मोह वैकुंठ द्याला।।
वहु क्रीडा मोह नाह निहारी। कहा मुक्ति पाय गिरधारी।।
सोई रूपु देह दसीइी। क्रीडा रास सकल जदुराई।।
सुनो संत मै तोह सुनावो। वैकुंठ रासे कैसे मै पावो।।
वैकुंठ माइ जोई चलि आवे। समसरूप मेरो हो जावे।।
नटवर वपु ईहा कैसे धारो। वेदन की मरजादा टारो।।
ताते मय ही लीयो उौतारा। ऊहा करो सभ काज तुमारा।।
माया तै प्रभ अति डर पावौ। जिते मोह ईहा नहीं धावो।।
भजो मही मोह नंद लाला। कीजे दया सदा कृपाला।।
तुमरो रछ्या करो सुजाना। निज माआ ते तू बलवाना।।
क्षत्री कुल मैं जन्मु तुमारा। उतमु मात पिता ग्रह प्यारा।।
गोविंद नगर तुम्हारो वासा। सकल वेस मै परिम हुलासा।।
कर्मवान सभ लोक सुजाना। दाता सूर सती पहिचाना।।
पंजावराय ग्रह घर अवतारा। माहादास है नामु तिहारा।।
वैकुंठो उतरि मही नही जावे। भूर लोक ते पलि मै आवे।।
ताते स्वर्ग वसो मुन राइी। लाष वर्स ऊहा राज काइी।।
अव सूक्षम करो विस्तारा। सौ वर्ष राहो पुरी मझारा।।
सात पुरी मै राज कमावो। सौ सौ वर्ष पुरी मय छावो।।
इतना सात पुरी मय जावो। तवि तुम भूर लोक मै पावो।।
स्वर्ग पुरी के लोक बुलावो। ले प्रभ मुनी ववान पठाए।।
सकल पुरी मै राज कमाय। भूर लोक मय पहूचे आय।।
सकली कहो होय विस्तारा। इस विध भय जगत अवतारा।।

दो.– आए जग मै इस विधि लीनो प्रभ अवतारा।
सुनो सिक्ष चित लाय के उौर सकल विस्तारा।।

चौपाई–

भाद्रो वदी अष्टमी जानो। विती पात तव योग पछानो।।
नक्षत्र पुनरवसु आइतवारा। अर्ध रैन प्रभ भयो अवतारा।।
संवत सोला सै अरु सतरि। वीसी विष्ण सुभजु नक्षत्र।।

अत अनंद सो रै विताइी। भइी प्रभात पुनीत सुहाइी।।
पंजाबराय तव विप्र बुलायो। विद्या धरि तिस नाम सुहायो।।
जन्म सभा सभ कीयो विस्तारा। जन्म पत्र का लिषी अपारा।।
लिषी पत्रका पर्म सुहाइी। हर सेवक तहा नाम ठहराइी।।
सकल चिहनि तिंन आष सुनाइी। हो हरि भक्ति वृथा नहि जाइी।।
निसवासरि तवि चितवनि लागे। कार्तिक मास आय अनुरागे।।
नामकर्ण के विप्र जिवाए। महावली तवि नाम राषाए।।
पंच वर्ष इउ वीते जानो। तवि यह जन्म हमारा मानो।।
पंच वर्स जबि उौर विताए। तात मात सुरपुरी सिधाए।।
एक वर्स जव उौर वितायो। हम को त्याग प्रभू उठधायो।।
लहाउर मैं पहूचे जाय। शाहूंकार ने रक्षे लुभाय।।
दआनत राय नाम तिह जानो। दाता सूर सती पहिचानो।।
देष्यो वालक पर्म अनूपा। वुधवान अरु महा सरूपा।।
दोनो कोठी देई वताय। कहेया जाय ऊहा वणज कमाय।।
प्रथमे गये वजीरावादा। कीयो जाय सभ उन के काजा।।
ताते काज कर्ण सभ लागे। सेवे साध होय अनुरागे।।
उठे प्रभात नदी मै नावै। प्रीत सहित दिज साथ जिवाए।।
एक वर्स प्रभ ऊहा वसाए। वहुरो सात धरे मय आए।।
सोइी मर्म ऊहा कर्णे लागे। प्रेम प्रमाय होय अनुरागे।।
सिंध नदी मय करै सनाना। प्रीत सहित सिमरे भगवाना।।
पहिर रैन के नित उठ जावै। सवा पहि वीते दिन लावै।।
पांच वर्स ऐसी विध करी। प्रेम सहित सिमरे नर हरी।।
एक दिवस सनान सिधाए। नित कर्म सभ जाप कमाए।।
भजन ध्यान करि कींयो प्रनामा। पीठ लगायो पंजा स्यामा।।
अति उकिलाय उठे मनि माही। व्याकुल भए सुर्त कछु नाही।।
भए सुचेत प्रभू को ध्यायो। पिसला जन्म सभी दिष्टायो।।
कृष्ण कृष्ण कय सिमरण लागे। सोए वहुत दिनन के जागे।।
दर्सुनु देह कृष्ण कृपाला। करो अनुग्रह श्री नंदलाला।।
तीन वार इउ कहते भए। सिंध चीर भूधर चढ गए।।
नामु जला लीआ अति गिरभारा। गिर दे वहे सिध की धारा।।

तिस गिर के प्रभ ऊपर गए। तीन वार इउ कहते भए।।
दर्सन देह कह्यो गिरधारी। कूद परे तवि सिंध मझारी।।
सात नदी तहा पर्म सुहाइी। नीर अथाह कह्यो नहीं जाइी।।
जल थल पूर रह्यो भगवाना। कंठ लगाया लीए घनस्यामा।।
दर्सन कीजै संत हमारा। जैसा चाहे रिदा तुमारा।।
ईहा नही प्रभ हमरे काज। दीजे भूर लोक महाराज।।

दो.– भूधर ते मैं गिरो हां सुनो विने महाराज।
वूडो गहिरे नीर मैं ईहा दर्स किह काज।।

चौपाई–

वचन सभालो श्री नंद लाला। भूर लोक मोह कह्यो गुपाला।।
वचन वृथा नहीं होय तुमारा। संत सप्त करो सनारा।।
जहा तुमारे मन की आस। तिसी ठौड मम चलीए दास।।
तोह समान मोह अवरु न प्यारा। महादास तव नाम तुमारा।।
भूर लोक जो दर्सन पावो। तवि नीर ते वाहर जावो।।
आज्ञा दइी प्रभू भगवाना। गए छाड सुर तिस अस्थाना।।
पंजा लगे उठ्यो अकुलाय। तिसी ठौड मै बैठे जाय।।
उठ आइए तव नगरी धाय। दीनी कोठी सभी लुटाय।।
साहूकार तकि सभ सुन आए। कोठी देष पर्म दुष पाए।।
पर्जा सभा इकत्र भइी। साहूकार पहि चीरी गइी।।
तिस मंदर मै रह्यो नए। षिलचा कोऊ दात मय देय।।
स्वामी को भीतर बैठायो। द्वारे कुलफ कपाट चढायो।।
अैसी विध करी वाहर आए। आगे षडै प्रभू दिष्टाए।।
वहुड पकड ले अंदर गए। प्रभ वाहर भीतर सम रहे।।
बाज मार तिन सफा वुलाए। षोले कुलफ तव वाहर आए।।
आप प्रभू को नायो माथा। मर्म न जान्यो तुमरो नाथा।।
पांच दिवस जव वीते जाइी। साहूकार तवि पहुच्यो आइी।।
कोठी देष पर्म दुषु पायो। क्रोध होय तवि वचन सुनायो।।
ऐसे वचन तवि कहने लागा। जागे दुष सुष सुफने भागा।।
तुम संग कवन बुरा हम कीना। ऐसा दुषु मोह कित तुम दीना।।

शास्त्र वेद पुराण सुनावे। परि धनि ले जो दान कमावे।।
कोट मणो का सेरु न होइी। ऐसा काज कीयो किति तोही।।
अवर सुनो मै तोह सुनावो। अघे पाप इक और वतावो।।
स्वामी का जो वुरा चितावे। धवल कछ अह मही कंवावे।।
करे ध्रोह स्वामी के संगा। होइ नि निर्मल नावे गंगा।।
कित तुम हमरा दर्वि गवाउो। कवन ज्ञान हिरदे मैं आवो।।
सो तुम आष सुनावो मोही। उपजी कवन लहर मन तोही।।
तुमरा एह न था इतिवारा। ऐसे सोरे काज हमारा।।
माया की मोह चित गवाई। तुमरी चित वसी सन आई।।
तू जो वुद्धवान सुर गियान। ऐसा काज कीयो कित जान।।
येह चिंता अव दूर गवावो। उौरा तछ ले कोटी षावो।।
ऐसी वात कही साहूकार। बुद्धवान अति रिदे उतार।।

दो.– वोले तव महादास जी सुनो शाह इक वात।
दर्व लीजिए आपना उौर वैठावो नाथ।।

चौपाई–

वोले तवी प्रभु महादासा। तुमरी अंस न राषोई मासा।।
एक लाष तोह गिन दीनो। दो लष जाय पेड मैं चीनो।।
सगल साह मिल अंदर गए। दो लष दर्व देषते भए।।
मन में उपज्यो पर संतोष। ज्ञान्यो निर्मल हर को लोक।।
उस्तति करी चर्न रज धारे। नाथ रहौ हम संग तुमारे।।
तुम तो दीदुनी सुष पावो। गृह मैं वैठे प्रभ को ध्यावो।।
उस्तत करी चर्न लपटाए। तिन को तो प्रभू वन आए।।

दो.– तुरे इहा सोइ सविधी संति दास सुन लेह।
चले जु वनि को धाइ के हिरदे अधिक सनेह।।

चौपाई–

वन में विचरे अनक परकारा। कृष्ण कर करह पुकारा।।
तीन दिवस वन भीतर भए। लगी भूष होइ व्याकल गए।।
तव ही मन में यह ठहराही। भोजन करो प्रभू दिष्टाई।।

षीरषंड विच मेवा पावे। निज कर कौर मो भुगतावे।।
भोजन करो एही परकारा। नहि अनाज सप्त कर बारा।।
ह्रिदे की जाने करतारा। आए रूप धार वनजारा।।
वैल तवै हर निकट उतारे। सुंदर षोडी अपर अपारे।।
गऊ दुहाय दूध ले आए। वहुडो पकड प्रभू वैठाए।।
षीर षंड विच मेवा पावो। पकड भुजा तव प्रभू वैठायो।।
अपने हाथ दीए मुष ग्रासा। हठ कित कीनो तुम महादासा।।
अव तुस जी का त्रास मिटावौ। दरसन करो मोह गति पावौ।।
तव प्रभ सगल समाज वुलायो। गोपी गुयार सगल वन छायो।।
सोला संस एक सय आठा। सुन्दर वसन पीत धर पाटा।।
पहरे भूषन अपर अपारा। मण मोती लगे अनक प्रकारा।।
निर्त करै अति परम सुहावे। देव वधू छव देष लजावे।।
आए गुपार प्रभू के कैसे। धरे मदन तन होत न ऐसे।।
क्रीट मुकट विन कृष्ण समाना। सोला सहंस परम सुर ज्ञान।।
वेली कुज पुहप वन छाए। गौया वछरे वृक्ष सुहाए।।

दो.– गोपी गुयार वुलाइ के दीनी रास वनाइ।
जोडी हलधर वीर की उमा कही न जाइ।।

चौपाई–

चहु दिस ठाढे सगल ग्वारा। इक इक गोपी मध पधारा।।
कर कर सगलन गहि लीने। सुंदर सगल प्रेम सर भीने।।
मध्य विराजे श्री नंदलाला। मौर मुकट घुंघराले वाला।।
तांकी उपमा कही न जाई। भान पीठ तम रहो दुराई।।
मस्तक तिलक सुंदर विराजे। भवां कमान कोट छव छाजे।।
कुंडल कान कपोल सुहावे। नित करे छव मैन लजावे।।
वदन मध्य वतीस विराजे। तिन की दुत दधसुत्त छव लाजे।।
सुंदर वदन वजंती माला। पीति वसन सोहे नंद लाला।।
स्याम सरीर नग भूषन सोहे। उडन रैन अंधारी होवे।।
रिदा विसाल काछनी छाजे। छुद्र घंटका अति छव वाजे।।
नाभ कमल पर कच सुहाए। अमृत पीन कवल अली आए।।

अलसी पुहप रंग छवा छाजे। कैले पात सी पोठ विराजे।।
प्रेम कृपाल नैन रतनारे। गुण सो भरे मीन मृग हारे।।
सुंदर वैन वजावन लागे। तीन भंग सोहे अनुरागे।।
पग मै सुंदर नूपर वाजे। चर्न कवल सभ तीर्थ राजे।।
ये मूर्त्त जो रिदे वसावे। संतदास सो जन्म न आवे।।
कर्ण लगे तव निरत्त अपारा। वर्षे पुहप देव जैंकारा।।
ऐसी रास रची गिरधारी। अतर अंवीर उडे अति भारी।।
सीतल मंद सुगंध सुहाई। चले समीर प्रेम सुखदाई।।
पशु पक्षी द्रुम करे जैंकारा। देषो भगत सरूप हमारा।।
क्रीडा करी अनेक परकांरी। गोरस चोरो वाल सषारी।।
जसुधा राधे उौर वृज वाला। बाबा नंद वडे सभ ग्वाला।।
इक इक गोपी ग्वार दिषावो। वैन वजाइ संत तृप्तायो।।
टेढा फैटा दीयो क्रिपाला। कुंडल एक तिलक दीयो भाला।।
दीयो संत को वृज दिषलाई। संतदास सुन कथा सुहाई।।

दो.– दीए भक्ति को चार फल सौ तुम कहो सुनाइ।
कुंडल फैटा तिल फुन प्रेम भगति हर राइ।।

चौपाई –

धर्म पालक का तिलक लगायो। अर्थों का फैंटा पहरायो।।
कामना का कुंडल दीयो काना। मकत फल का प्रेम पछाना।।
वहुरे बोले श्री गिरधारी। सुनो संत जी वात हमारी।।
जाहो सत्त गुर सीस चढायो। वहुरे धाम हमारे आवो।।
तीर्थ वर्त्त दान मम ध्याना। सत्त गुर बिना किसी नहि कामा।।
कहो संत जहा आज्ञा होई। धारो सीस जा गुर सोई।।
नर हर पुरी जाह निज दासा। साईंदास के वंस प्रगासा।।
उज्जल वंस सगल सुर गियान। बुधवान हर भगत सुजान।।
कर्मवानू सुंदर सुर गियानी। मम निज भक्ति वंस निहकामी।।
साईंदास तिस कुल उजआरा। जांका जान सगल परकारा।।
तांके वस भयो अवतारी। वंसीराम है जोत हमारी।।
तांको जाइ करो प्रणामा। भए संपूर्न तुमरे कामा।।

तांका दरसन परम अनूप। जानो संत हमारा रूप।।
नाती साईंदास का जानो। सगल वंश मोह रूप पछानो।।
अव प्रभ कथा सुनावो मोही। साईंदास प्रभ कैसे होई।।
सुनो संत इस जगत मंझारा। मम विनु उौर नहीं कोई न्यारा।।
सगल जगत मोही को जानो। जीव जंत द्रुम पसु पहिचानो।।

दो.– सुने संत चित्त लाय के सभ जग हमरा रूप।
अवर नहीं संसार मै दूजा कोई सरूप।।

चौपाई–

सभ जग हमरा रूप पछानो। मो विन उौर नहीं कोई जानो।।
सर्व जग्त मै कीया पछानो। कृष्ण नाम ताही ते जानो।।
सकल मही को करने हारा। तांते गोविंद नाम हमारा।।
अवनी की जो करो प्रतपाला। तिस ते जानो नामु गुपाला।।
सकल जगत के पाप दुरावो। तवि ही हर जी नामु कहावो।।
माया को हम सिरजन हारा। माधव जानो नाम हमारा।।
मधुमौ नामा हम दैत सिधार्यो। मधुसूदन तव नाम विचार्यो।।
सर्व जगत परि रहो कृपाला। ताते जानो नाम दिआला।।
मीन रूप धरि जल निध गयो। मछ नाम ताही ते भयो।।
सकल मही को वोझ उठावों। तांते कछ रूप जु कहावों।।
सुगम रूपु कीयो वलद्वारे। वावनु जानो नाम हमारे।।
मुर नामा मै राषस मारा। तांते जानो नाम मुरारी।।
पर्सि पकिड छत्री सिंघारे। पर्सराम तव नामु हमारे।।
भग्त हेत मय दो वपु धारे। नरसिंह जानो नाम हमारे।।
गोवर्धन मै हाथ उठायो। गिरधारी तवि नामु कहायो।।
गोकल मै जन्मु जु धारा। गोकल नाथ तव नामु हमारा।।
श्री भागवत मोह उचारा। तवि भगिवान जो नाम हमारा।।
नही आकार हमारा जानो। निराकार तवि नाम पछानो।।
सकल नरन मै व्यापन हारा। नारायण तव नामु हमारा।।
कोऊ नही निज पुर को वासी। तांते नामु मोह अवनाशी।।
कबू न होवे काल हमारा। इस ते नाम अकाल विचारा।।

सकल जगत मै जोत पछानो। जोतीस्वरूप नाम तवि जानो।।
सकल त्रास ते रहो न्यारा। निरभो जानो नामु हमारा।।
देवकी के ग्रह मौ उपजायो। देवकीनंदन नामु कहायो।।
धरि औतार असर सिंघारे। असुरनिकंदन नाम हमारे।।

दो.–काली के सिर निरति करि पायो वहु विसराम।
महादास तव जानीए काली नाथ मोह नाम।।

चौपाई–

मथुरा मै जो कंस सिधारे। कंसनिकंदन नाम हमारे।।
रघकुल मै जो भयो अवतारा। राघो जानो नामु हमारा।।
कोइी न वंसु हमारो जानो। निर्वासी तवि नाम पछानो।।
रघुकुल मै जो रावण मारे। तवि रघुवीर जो नाम हमारे।।
कौशल्या को अधक प्यारा। कौशल्या नंदन नाम हमारा।।
सकल भवन मै रहता जानो। सत्त मोह तव नामु पछानो।।
सकल जगत के करणे हारा। तांते नाम मोह कर्तारा।।
भगतो के पाछे उठ धावो। भगत वछल तव नाम कहावो।।
सकल भवन मै मोह हमारा। तांते प्रभू है नाम हमारा।।
दीना के संग दआ कभावो। तिस विध दीनानाथ कहाओ।।
वावा नंद को परम पिआरा। नंदनंदन तवि नामु हमारा।।
सकल सृष्ट मै जानो उत्तम। इस ते हमरा नाम नरोत्तम।।
इंदर ते गोकल जुउबारी। तांते नाम मोह गिरधारी।।
वन भीतर मैं अत सुष पावो। वनवारी तवि नामु कहावो।।
गीपीआ के संग क्रीडा ठानो। गोपीनाथ तव नाम पद्दानो।।
सकल मही को करो प्रतपाला। वसुधानाम तवि नामु हमारा।।
नौतन सृष्ट नेत उपजावो। जग उपजावन नामु कहावो।।
सकल सृष्ट सभ पल मै नासो। सकल विनासी कहीए तासो।।
रम्यो सकल रिदे के माही। सभ घट बासी नामु जु ताही।।
किसी ठौड मै दिष्ट न आवो। सभ ते न्यारा नामु कहावो।।
द्रुम के संग वाध्ये महतारी। दामोदर तव नामु विचारी।।
कवहू उपज न विनसन आवो। तांते अच्युत नामु कहावो।।

नव षंड मै जो जोत पसारा। जोतवान तव नाम हमारा।।
कौला ते मय रहो न्यारा। कौलानाथ तव नाम हमारा।।

दो.– कौलासन को जगत मय और न प्यारो मोहि।।
महादास कौलापति उौर सुनावो तोहि।।

चौपाई–

राधा के संग प्रीत कमावो। तांते राधारवन कहावो।।
सकल प्रण मै वास विचारो। तांते प्रभ जी नाम विचारो।।
सकल असुर को देउ विडारी। तांते मेरो नाम षरारी।।
वैकुंठ है मोह पिआरा। वैकुंठवासी है नामु हमारा।।
काली को मै नाथ ले आयो। काली नाथ तव नाम कहायो।।
जग निद्रा ते रहो न्यारा। गुडा केस तवि नामु हमारा।।
इद्रीआ के वस कवहू न आवो। रिसीकेस तवि नामु कहावो।।
वैठ हमाले योगु कमायो। बद्रीनाथ तवि नामु कहायो।।
वुध दुराव धरो औतारा। वोध रूप तवि नामु हमारा।।
सीता सहित शंकर त्रिपतायो। रामनाथ तवि नाम कहायो।।
दुर के जाय पुरी मै डारी। द्वारकानाथ तवि नाम विचारी।।
जरासिध के युध नसायो। रणछोडराय तव नाम कहायो।।
चौरासी को मय भुक्तावो। तांते कवर कल्याण कहावो।।
सागर रिडक सिंषासुरु मारा। शेष नरायण नाम हमारा।।
सर्व स्वर्ग मय वसता जानो। स्वर्गवासी तवि नाम पछानो।।
अलसी पुहप रंग मय धार्‌यो। नामु सावरा मोह उचारयो।।
घन समान मोरा वपु जानो। कानैया मोह नाम विचारो।।
एक चर्न मय अनीआरा डारा। तव ते वांका नाम हमारा।।
विचरो सर्व जगत के माही। नाम विहारी जानो ताही।।
कुंजन मै जो क्रीडा धारी। तांते मोहन नामु कहायो।।
सादर रूप मदन ते जानो। मदनमोहन तव नाम पछानो।।
माया मोह जगत को पायो। तांते जानो कुंजविहारी।।
जूया सगल मोह को जानो। इस ते छल मोह नाम पछानो।।
चंगराई वृज करी अपारा। चवैआ तव नाम हमारा।।

दो.– सकल भवन मै रह तहो किसू न संग छुहाव।
महादास इउ जानीए निर्मल मेरो नाम।।

चौपाई –
विंद्रावन मै वैन वजायो। वंसीधरि तवि नाम कहायो।।
गोवन के संग वैन वजावो। मुर्लीधर तवि नाम कहावो।।
सकल जगत मोह करै जुहारा। जगवंदन तवि नामु हमारा।।
सकल भवन को जानो ईसा। तांते जानो नामा जगदीस।।
विचरो जगत विबिध परिकारा। सकल जगत वासी नाम हमारा।।
सकल जगत के करहो कामा। जगत विंलासी मेरो नामा।।
मथरा मय जो राज कमायो। मथुरावासी नामु कहायो।।
गोकल धरहौ अनेक अवतारा। गोकलवासी नाम हमारा।।
वृज को त्याग किते नहीं जावौ। तौ वृजवासी नाम कहावौ।।
जहा नीर तहा हम को जानो। जलनिध वासी नाम षछानो।।
सकल जगत को करो उधारा। जगत उधारण नाम हमारा।।
सकल वनन मै धेन चरावो। वन माली तवि नाम धरावो।।
विंद्रा वन षस माषन षावो। ढढौना तव नाम कहावो।।
सभति सूषम मो को जानो। तांते छौना नाम पछानो।।
प्रथमे सगल जगत मै धारा। सिरिजनहार तव नाम हमारा।।
जसधा ते दुर माषन षायो। माषन चोर तवि नाम कहायो।।
सकल घटा मै वसता जानो। घट प्रगासी तवि नाम पछानो।।
सकल मही के रचने हारा। गोसाईं तवि नाम हमारा।।
सकल विश्व मय व्यापत मानो। विहग नाम तवि मोरा जानो।।
मही उधारण असर सिघारे। तिस ते नामु बराह हमारे।।
सकल मुक्त के देवन हारा। तांते नामु मुकंद हमारा।।
राधा के संग मोह कमायो। राधावल्लभ नाम कहायो।।
संता के संग सदा वसावो। तिस ते संत सहाय कहावो।।
सकल संत की टहल कमावो। इस ते सांईदास कहावो।।
महादास त्रय गुण ते न्यारा। तां तिरभंगी नामु हमारा।।

अडल–

इक सौ प्रभु का नाम सुने मनु लाय के।
पावे पर्म पदार्थु हर को ध्याय के।।
दुष दरद अध संकट नर को ना लगैं।
चौरासी के दुष सुनते भगै।।

चौपाई–

संतदास सुन तोह वतावो। आद अंत लौ कथा सुनावो।।
एह सभ नाम कहै गिरधारी। सगल सृष्ट निज रूप दिषारी।।
उस्तकरी चर्न लपटायो। आज्ञा लै नर हर पुर आयो।।
महा दास गुर नगरी आए। कृष्णचंद वैकुंठ सिधाए।।
सत्तगुर पुरी विलोकी आइ। उपमा तांकी कही न जाइ।।
सुंदर भवनु अनूप द्वारे। लिषै चित्रका परम सुधारे।।
वोले कोकल मोर सुहाए। द्रुम वेली छव कही न जाए।।
फूली अनक भाँत फुलवारी। काम वधू देषे छव हारी।।
सुंदर सर मै कवल सुहावे। गूँजे भवर परम सुष पावे।।
सुंदर सुभग वने दरवाजे। मानो आय विधाता साजे।।
तांके मध्य सगल परवारा। ज्ञानवान हर भक्तिह अपारा।।
ऐसी नगरी परम अनूप। वंसीराम जहा कृष्ण सरूप।।
गिरदे सभा हंस की छाजे। सुरन सहत जिउ शक्त विराजे।।
गावत गुन प्रभ के बहु रंगी। सभा गए महादास त्रिभंगी।।
उस्तत करी चर्न लपटाए। वंसीराम ने कंठ लगाए।।
आदर सहत निकट वैठायो। श्रवनन मै हरनाम सुनायो।।
अति अनंद सो विचरण लागे। हर गुण गावत अत अनुरागे।।

दो.– इस बिध कीने काज सभ संत दास सुन लेह।
आए षोजत हम सवै पिछला जान सनेह।।

चौपाई–

अव तुम सुनो हमारी वात। ढूंढत फिरत हुते दिन रात।।
षोजत गए वजीरावाद। निरषे प्रभू भये सभ काज।।
चर्नन पर हम सीस निवायो। जन्म जन्म का त्रास मिटायो।

भए सिष्य तव सेवन लागे। प्रेम भगति मै प्रभु अनुराये।।
वानी करी उनक परकारा। सगली कहो होइ विस्तारा।।
आठ वर्स हर भगत कमाए। वहरो प्रभ बैकुंठ सिधाए।।
चौरी करन प्रभु को लागे। संसा मेट होइ अनुरागे।।
संतदास तुम अति वडभागी। जिन गुर कथा सुनी अनुरागी।।
सुनी कथा जो फल होई। तुम को आष सुनावो सोई।।
तुमरे गृह होवे अवतारा। करह सगल वंस उजीआरा।।
दाता सती भगत सुर गियानी। प्रेम भगति जिस रिदे समानी।।
गुरवषसदास तिस नाम पछानो। जांकी कथा सोई बहु जानो।।
प्रेम भगति रहे कुल छाई। रिध सिधि तहा टहल कमाई।।
तुमरा वंस सगल सुष पावे। सत्त होइ इह वृथा न जावे।।
जिह इच्छा को सुने सुनावे। तातकाल सोई फल षावे।।
गुरजन सोई जिसे गुर जान। संतदास सुन कथा सुजान।।

दो.– कही कथा संतदास को स्यामदास प्रगटाई।
पढे सुने तिस जगत सुष अत मुक्त फल पाई।।
एकम फग्गन वदी को वीर वार पहिचान।।
ठारा सै अरु ठांहीए भई संपूर्न जान।।

इति श्रीमत्गुर देव जन्म साषी समाप्तम्।
लिषत व्रिजानंदु गुसांई ते जयकृष्ण गुसांई वंगुले दे विच्च
लिषी सुभमस्तु सर्व जगतां शुभं भवेत।।

मंगलं लेषकानंच पठकानां च मंगलं।
मंगलं सर्व भूतानां भूम भूपति मंगलं।।
चतुर्वेदं चतुर्यज्ञ चतुर्वर्ण स्तथेवचत्रियो संध्या।
त्रियो लोका वर्णानां ब्राह्मणो गुरु।।

अथ वार अमरदास

ओं स्वस्ती श्री गणेशाय नमः

राग सोरठ–वारि–

कोई होइ सूरा मुक्त षेतु जीते।
जनिम अरि मर्नि को बांध रषना करे ब्रह्म की जोत मिल जाइ वीते।–रहाऊ
कर्म अरि भर्म की कोट काइया बनी, भयो मवासु मनु भूपु भारी।
पाँच पाचीस पकर्मो रहे, धर्म की सफा ले सभ विडारी।
करे आधर्मु कछू धर्म माने नही, सूर मनिसा सकिल और धारी।
चारि युग वस कीए, जनिम जूंनी दीए, सकल ब्रह्मंड विसु गर्भ हारी।।१।।
क्रोधु परिधान तहा कामु कुटवाल करी, लोभ मो दी कटि करसत मेले।
मोहु दरिवानि पाकित मोरचे, दुष अरि सुष रहि निकिट चेले।
कीयो सरदारु हंकारि सभ फौजका, वडो षतहांन हठहांन पेले।
लोभ की घटा हथ आरि हौमै धरे, भर्भ अंधी सकल फागु षेले।
तोप तिष्ना धरी दुर्मत दारु भरी सुर्त अरि निर्त के पाइ गोले।
बाद विवाद ले भारी दानो धरी, आंच रिंजक षुदी आन फोले।
पाप अरि पुनन की वडेरी फिरे, नर्क अरि सर्ग पहिरे संजोले।
बांध जामीन निआरि होए, वडे रजिमानी नाह जाह तोले।
उठियों वुध सूर रिस मर्म की उपिज के, चढियों रणजीत ले फौज सारी।
ज्ञानि विवेक सुभ विचारु सुभमर्म ले, देआअरि सांति निज गति निआरी।
सील संतोषु चितु षिमा धीर्ज, धर्म नेमु जतु सतु सहिज सफा सारी।
प्रेम हारों लज सौल करी जुगत कों, कोटि के निकटि जाई विध सवारी।
देष चहूं ओरि कहूं लाकी ठौर नाह, उठ्यों विचारि देसूं रघलाई।
सविद षोदिन कीआ, चितु आगे दीआ, धसे गड जाई नौबत वजाई।
भयो मुकाबला, आई दोउ फौज का, उठे रण सूर तहा मारि पाई।
इतिते कामु अरि, अरि सील इतिते, चल्यो द्रष्ट को सैहथीउन चलाई।
सहिज की चाल गुरि ज्ञान की ढाल लै, सुमत का फेरु लय उनि बचाई।

अवगत तलवार सो झारि टुकडे कीयों, काम की लोथ इति षेत आई ।
नाद अनिहदि घुरे बाजत मारु सुरे, क्रोध परि षिमा करि कोप धाई ।
होय सनमुष लरे सर कसाके परे, एक ते एक का सुरु ससाईया।
कपिट कमनि अरि तीर दुर्बचन का, आन करि लोह उन उसे लाईया।
निर्ष उनिंमान निवनि जमि दर्स के, दैआ मुष राष उनिमांत पाइआ।
काढ सुभ बचिन का बान तनु छेदउो, क्रोध को भार धर्न लटाइआ।
षेत को जीत के आन मुजरा कीआ, सभा मै उसे जस तिलुकु आइआ।
मोह बाबे की की बिध अबि बनी आइ, रण सूरआ जोरु पाइआ।
निफलु है उोहु एह सरुसु है जोधा बली, डरियो उहु देषकेउ सेसाआइ।
चल्यों दे पीठ इह दौर के पहुचिउो तोर गह दंत तृण सर्न आइआ।
मोह को बाध के आन चेरा कीआ, देआ करि आदनी टहल लाइआ।
चडियो हंकारु उति फौज के अति बली काज की लाज बीडा उठाइउों।
त्रिगुन हथआर बेकारि कटि बांध के, पहर बषतरि षुदी लर्न धाइउों
बीर बैताल ले पात्र हथि जोगनी, नाथ भैरो प्रबुलु रत्तु त्रिहाइउो।
ब्रंह्म के लोक ते सुनित नार्द मुनी किंगुरी पकर ततकाल आइउों।
रुंडि की माल कोई सुबाहन चढ़े, सुष मनाहिर्ष हो नादि वाइउो।
षविर इनि को भई कहत मसलतनई चढियो धीर्जु तेज धर्न धस के।
सत सर्न की ढाल तलबारि लै मर्म की मत्त को संग लै आन ठहके।
परी जबि मार तबि लरह हंकारि सिउ, जिउ सूरि रण माह भभके।
होय पुरिजे गए हार दोनो परै, प्रीत जम धरि दई एन वह के।
फोरबषत रधसी जाइ हीए वसी, गिरउों हंकारु सभ लोकु त्रह के।
गिरे वहु सूर रण भूप बलवंत के, रह गियो लोभु तिन चढति कीनी।
वादबेवादि हो हर्ष अरि सोक की सकल की फौज ले साथ कीनी।
चल्यो संतोषु अरि धर्म वुध कटि कलै, दाद प्रोते वहुत साथ लीने।
जाय लशकरि पए काट शसत्र लए, सारभाजी सकल लोक दीनी।
तीर तोपै लरै सूर धर्नी झरै, भयो अंधेर रव जोत छाई ।
लोथ परलोथ तरिफे पई , मीन जिउआइ रणषेत कल रुधर भीनी।
वडे दल मारि सिरदार ही रह गए, लोभ की रसत संतोष भारी।
अनाज पानी सकल स्वाद सभ हिर लीए, परी अब उनो को आन भारी।
गए बल टूट तब हार सभ ही पए, बाध मुशका लैई सभा सारी।

पकडि आगे धरे जाह कंपत डरे, मिले बुध भूप को करि जुहारी।
आइ करि प्रेम कर जुगत ले नेम को, ध्यान धरि ब्रंह्म की अगन जारी।
पाप अरि पुंन दुष सुष त्रिष्णाषुदी, दुर्मत्त पाकिर्त करि दगध मारी।
पकरि मनुआ लीआ बांध वुध वस कीआ, आइ पगि लाग भउों दीनहारी।
ढाहनौ कोट जहा उोटसी भूप की, षोल्ह षटि भेद रव गगनि फारी।
कीयो मयदान गड जोत का चांदना, आद अरि अंत मित द्रिष्ट आई।
जनिम अरि मर्न को चूक झगडा पडो नर्क अरि स्वर्ग की छुटी धाई।
हर्ष अरि शोक ते होय न्यारे रहे, सुर्त अरि निरत लै सभ ववहाई।
जनिम लै अमरदास गुरि चर्न लय, भगित अरि मुकति वग सीस पाई।

इति श्री अमरदास वार संपूर्ण शुभं भूयातु।।

अथ वार कांशीदास

अथ वारि बावे काशीदास लिष्यते।

सत्यसरूप अवितारि धरि, उपज्यो कल मै आइ।
साईंदास रचना रची, कौतक दीयो दिषाई।
नरिहरि के ग्रह जन्म्यों, सुंदरि सती सपूत।
टिके बैठा कांशीदासु, जिन रंगु दिषाइआ।
औरि औतारि पाछे पडे, जगि तू हे आइआ।
जो चरिनी लागे आइ के, सौ मुक्ति पठावा।
वरिनति कलि होणी कहो, जो वेदा भाष सुणाइआ।
दिलीउो चलिआ जहागीरु, कशिमीरे धाइआ।
मजिली मजिली चलिता, लाहौरे आइआ।
हरिनि मुनारे आइ के, वहु डेरा पाइआ।
लशिकरि सभ तियारि करि, अशिकारा सिधाइआ।
पातिशाहु मुषो वोलआ, असबिषानि वुलाइआ।
जिस दे अगे मिरुगु जाइ, सो मारि लिआवो।
घोडा पिछे मिर्ग दे, पातिशाहु चलावी।
अगो मिर्गु नि आइआ, मुडि वागि सम्हाली।
वागु जि डिठा पातिशाह, अति वहु हिर्षाइआ।
माली वेग वुलाइआ, तिस आष सुणाइआ।
जी एह हिंदुआ की राषी रहे, तिस वागु लवाइआ।
वेगि वुलाइओ तिस नू, पातिशाह कहाइआ।

पौडी–

एह षबिरि होइ महंतनूं, तिसि देषण आइआ।
हरिष होइआ वहु पातिशाहु, हसि पास बाहाइआ।
तनि मनि दी चिंता मिटी, पूरण दरिसाइआ।

कलिगी माला मोतिआ, तिस भेटि चाढाइआ।
बहुत रिहंसा पाति शाहु, घरि उठ सिधाइआ।
एह हकीकित पातशाह दी, वेगम सुण पाई।
पातिशाह उोहु जु कोणु फकीरु हे, जिस दी ते करी वडआई।
एह संगति हे गुरु अर्जने, जिन्हा धुम्य रचाई।
एह ढिल नि कीजे पातशाह, तिस बंन्हि मंगाई।
गुसे होइआ पातिशाह, षोजि मीरि सदाइआ।
वन्ह लिआवो फकीरि नूं डेहरा ढहाई।
जिथे वणिआ डेहरा तिथे मसीति वणाई।
होणी किसे नि मेटीए, कलि वुध्य गवाई।
चडिया षोजु मीरु, वदोकी आइआ।
कहीआ वेले बेलदार, डेहरा जु चाइ ढाए।
जिथे कहीआ तिथे रतु पाक चलाई।
बेलदारि धरिनी परे, जिन्हा आप गवावे।
षोजि मीरि कांशीदास को, कह पठो इठि जाई।
हमे जु मिलउौं आइ के, तुरिकनि मिलउों जाइ।
संगत सेवक हाथ जोड के, बेनती कही सुनाइ।
स्वामी तुर्क नि मलउो जाइके, कहा बने कछु आइ।
रे मिले बिना ना रह सकों छपो तां आवे लाज।
ताते मिलए जाइ के, सुफले होवे काज।
पातिशाह को मिलने चले। काशीदास सिधाए।
एह षविर होई मुरार नू, तिस आइ वंगारे।
आज्ञा करो महंति जी, मै कहा पुकारे।
लशकरि सभ सफाउ करि, भंन्ना जु नगारे।
आज्ञा करो महंत जी, धरिती अपुठी पाई।
बरिषा गोलआदी करो, विजिली चंमिकाई।
महिली अगि लगाइ के, डेरे जु ढहाई।
मै इना उतेरा राषदा, मुष आष सुणाई।
धीरा होउ मुरारि जी, गुसा नहीं करिए।
इतिना जोरु नि लाईए, मनि अंदिर जरीए।

साडे सिरि ते करिता पुरुषु है, भैइ काहे डरीए।
पति रषे गुरु साईंदास, मनि धीरि जु फडए।
असिवषा उठि दोडआ, गलि कंन्ह सुणाई।
एह फकीरु ना छेडए, सिंधु सुता भाई।
कहिआ किसे ना मानदा, बरिजे सु लुकाई।

पौड़ी–

बंदी षाने षड रषो, जहागीरि फरिमाइआ।
तुसी संगत हो गुरुअर्जने, जिन्हा वरुध्यु उठाइआ।
पातशाहु कहे तुसा नाउ फकीरु किउ सदाइआ।
तुसी चढि इशकारे षेडदे, असा नामु जपाइआ।
बिन करामात नि छडसा, करामात दिषावो।
नही त गरदनि मारिसा, नही ति धर्मु गवावो।
तुसा नामु फकीरु किउ सदाइआ, मुषि आष सुनाइआ।
बिना करामात न छडसा, सौ जतुनु करावो।
पातशाह ले माला जोरिदे सुटी मैदाने।
करामाति असाडी एस विचि, आप लेहु पछाने।
हाथी घोडे पहलवान, लूटे सभ दाने।
विने नि जाइ उठाईआ, सकिले हैराने।
चतिर साल कहे पातशाह, एह साधु मुलू नि छेड ओ जाइ।
बारि बारि बेनती कारो, समिझ देषु मनि माह।

पौड़ी–

राजा आषे चतिरसाल, अवेही नि करीए।
अवेहा साधु न छेडओ, मै करिता डरिए।
एन्हा दा रंगु भलेरा दिसदा, अरिजा सभ धरिए।
भै साहवि दे डरिए पातशाह, किउ अनि आई मरीए।

पौड़ी–

कला उठाई पातशाह, राती सपणु नि आवे।
सिहजा फडि फडी सटीए, महिली अगि समावे।

वाही वधी नूरिजा, सिंघ रूप दिषावे।
जलि तडिफे विच सगिले, फिर जलु कहूं नि पावे।
कंब्या वहुता पातिशाहु, पेरि उते ते सिरु तल होइउों।

पौडी–

नंगी पैरी पातशाहु आइआ।
नालेवेगम नूरिजां दुहा सीसु निवाइआ।
असा विच होई अवग्या, गलि पलू पाइआ।
देसु मुलुषु कुछु मंग लै, वहु जतुनु कराइआ।

पौड़ी–

जिन्हा विरुधु उठाइआ, संतनि का बुरा न षोजु।
साईंदास चरिनी लगो, मुझ सिर पगु धरिए।
पूछो गुरि को सोध, असा न कछु लोडीए।
पातिशाह किउ तुध वुलाए।
ऐह देसु असा नू वहुतु है, मंगा मनि भावे।
तुसा माइआ गर्वु है, असा नामु जपाए।
पातिशाह फकीरु नि छेडए, मतु मार गवाए।

पौड़ी–

आपे माला उठाइ के, ले फेरनि लागे।
पातशाह फकुरु न कोई छेडए, आषा तुह आगे।
बंदी षानिउों कढ के, पैन्हाए षगे।
विच गिणे दे साध, सगि ले मागे।
पातशाह अवैही रत्तनि रषीए, कलि सुती जगे।

पौड़ी–

पातशाह गर्बु कीआ सो हारआ क्या राजे रानी।
माइआ देष नि भुलु तूं, साध आष बिषाणी।
अजिक कलक चौहु दीनी, तजि संग लराणी।
जहागीरु हथि जोड के, चरिनो लपिटानी।

पौड़ी–

सुइना मोती थालु भरि, लै भेंटि चढ़ाई।
असा ना कछु लोडीए, पातशाहु सकिले देहु लुटाई।
माइया देष न भुलु तूं, साधु आष सुणाये।
कांशीदास ग्रह उठ चले, साईंदास सहाए।

''इति बावे कांशीदास दीवारि''

अथ धन्ना चरित्र लिष्यते

पौड़ी–

कलिरि धंना गाई चारे, व्रहमुणु निषिस्यो आई।
उसि नाइ धोइ पूजा विसथारी, बैठा ध्यानु लगाइ।
नाइ धोइ वहालआ सुठाकुरु, पास धंन्ना वैठा आइ।
धंन्ना आषे सुण वोइ दादा, मैनू चरिनी लाइ।
व्रहमुणु आषे सुण वोइ धंनआ, तूं अवि की घडी निवाइ।
चंगुहु ठाकुरु तैनूं देवा, वडा कोई मुटिआरु।
सभना दा पिउ मैरे घरि है, चलु असाडि नाल।
ब्रह्मण दे घरि धंना आइआ, दादा ठाकुरि देह।
उसि भाल ढूंडि पंसेरी दिती, लै धंनआ ठाकुरु एह।
पहिला भेटि चढा जाइ मैनू, सुफली तेरी सेउ।
धंने गौऊ लवेरी दिती, ठाकुरु लैदो आइआ।
टोभे तेजाइ लेउ अरंभी, भूरा हेठ बिछाइआ।
नाइ धोइ बहालआ सुठाकुरु, ता घरि सोभता आइआ।
जा तू षावे ता मै षावा, धंने दिढि चितु आइआ।
अंतिर जामी जानिन हारे, गोबिंद भोगु लगाइआ।
ठाकुरि आषे सुण वोइ धंनआ, मै करा तुम्हारी सेव।
फेरा हल्ट किआरे छडा, कंम्मु करा मै एह।
गाईआ चारा कंम्य सवारा, जाणा सभे भेउ।
तुह मैनूं तनु मनु धनु अर्पआ, तू निर्भे पैइ सोउ।
कंमु हवाले हरि दे कीता, धंना घरि नू आइआ।
अगो तिरिआ पुछनि लगी, कित भरिवासे आइआ।
अषे किसे नाल वोल आहो, अै षेत वगु षडाइआ।
दादै असा नाल चंगा कीआ, कामा भला रलाइआ।

व्रहमण दे घरि धंना आइआ, दादा ठाकुर मेरा गौआ चारे।
कंम करे सभ घरि दे दादा, असा नही कैई सारे।
घरि ते वाहुरु हरि नू सौप्या, लाह सुटे सभ भारे।
दादा ठाकुरि तेरे उोडिउो केउे, मेरे होए मुटिआरे।
व्रहिमुणु आषे सुण बोइ धंनआ, तै जाणआ हरि का भेउ।
निहचलु डोरी तै हरि सो रषी, तैनूं मिलआ निरंजन देव।
मैनू दरिसु दिषाई धंनआ, मै तेरा गुरदेव।
धंना आषे सुण वोइ दादा, मै तैनू दरुसु दिवांई।
व्रहमणु नू लैवा हरि आइआ, अगे शामु चरेदा गाई।
अंहु वेषु षलाही दादा, मै सभे कर्म कराई।
धंने नू हरि नजिरी आवे ब्राह्मणनूं दिसे नारी मै सभे कर्म कराई।
व्रहमणु आषे सुण वाइ धंन्नआ, तू मैनू दरिसु दिवाइ।
गुरु उधारे सिष्य वाहे, किया सिष्यु उधारे चाइ।
मैं भी हा वडिभागी धंन्नआ, तू हरि दी पैरी पाइ।
धंना आषे सुणो नारइण, मेरे गुरि को दरुसुनु दीजे।
जिस दे पिछे मिलआ मैनू, कथा मेरी सुण जीजै।
जे एस झूठी सेउ अरंभी तुसी किरिपा करी भीजो।
धंना आषे सुणौ नराइण, मैंनूं एह जुडिआ आइ।
मेरा हुंदा सुण बोइ धंन्नआ, तू हरि दी पैरी पाइ।
ठाकुरि आषे सुण वोइ धंनआ, मै इसे नि दर्सना दीजै।
एह झूठा परिपंची व्राह्मुणु, इनि कर्म बले रे कीरे।
सारा जनुमु गवाइउों अैवे, एहदा अजे मनुआ भीजे।
ठाकुरि आषे सुण वोइ धंनआ, मै इसे न दरसुनु दीजै।
धंना आषे सुणो नाराइण, परिबलु तेरी माइआ।
जिन्हां नूं तूं आप अराधे, तिन्हा कौणु भुलाए राइआ।
पूरिण व्रह्म सनातनि साषी, वडा तेरा है साइआ।
भगिता दा हितकारी ठाकुरि, वेदि पुराणी गाइआ।
मेरे गुरि नू दरिसुनु देई, सरिण तुम्हारी आइआ।
ठाकुरि आषे सुण वोइ धंनआ, मैयहां, क्रष्ण मुरारे।
जो प्रानी मेरी सरिनी आवे, सो प्रानी मै तारें।

भगित करे सोइी मै भावे, क्या पुरिष क्या न्यारे।
व्रह्मण दी हमाइति डाटी, एह बिलंघु गुपारे।
धंने दा हरि साथी होइआ, जो आषे सो मंन्ये।
घुडि्णीआदीआ टिंडा चवाए, अणि चुपाए गंन्ने।
मिसी रोटी सागु षवाले, छाह पिआले छन्ने।
मेरे गुरि नूं दरिसुनु देई, मै कूक सुणावा कंन्ने।
ठाकुरि आषे सुण वोइ धंनआ, मै तेरे वसि परिआ।
जिउ जिउ नचाए तिवे तिउ नचा, तूं नाल मेरे है षरिआ।
ठाकुरि चतिरभुजि रूपु कीता अबिनाशी,
ता व्रहमण हरि दा दरिसुनु करिआ।
व्रह्मणि नूं हरि दर्सुनु दिता, परिम मनोर्थु पाइआ। धंने गुरु तराइआ
गोर्षनाथ मछिंद्र उधारे, कढ संगल दीयो ल्याइआ।
माधो बंसी साईंदास किया, मुक्त पदार्थु पाइआ।
सविलदास गुरां दी क्रपा, चलित्रु धंने दा गाइआ।

परिशिष्ट-१

गुरु परंपरा तथा गुसांई वंशपरंपरा

अथ गुर परनाली लिष्यते

प्रथमे ब्रंह्म, ब्रह्म के शिष्य मूल, मूल के शिष प्रकिर्त्त, प्रकिर्त्त के शिष बिजाबंग, बिजाबंग के शिष उोंकार, उोंकार के शिष महित्तत्त, महित्तत्त के शिष आदिमूल नारायण, आदिमूल नारायण के शिष महालक्ष्मी, महालक्ष्मी के शिष अक्षवासरूप, अक्षवासरूप के शिष उजासमुनि, उजासिमुनि के शिष्य जोत मुनि, जोतमुन के शिष प्रिथ्यमुनि, प्रिथ्यमुनि के शिष प्रगटि मुनि, प्रगट मुनि के शिष गंभीर मुनि, गंभीर मुन के शिष द्रिगमुनि, द्रिगमुन के शिष अचल मुन, अचल मुन के शिष श्रुत प्रगास, श्रुत प्रगास के शिष नार्दमुन, नार्दमुन के शिष फटिक मुन, फटिक मुन के शिष सत्त मुन, सत्तमुन के शिष वैरागमुन, वैरागमुन के शिष त्याग मुन, त्याग मुन के शिष रहित मुन, रहितमुन के शिष धीर्जमुन, धीर्जमुन के शिष संतोषमुन, संतोष मुन के शिष दया मुन, दयामुन के शिष तुलसीमुन, तुलसीमुन के शिष बृषमुन, वृषमुन के शिष चंद्रमुन, चंद्रमुन के शिष फीहोमुन, फीहोमुन के शिष महामुन, महामुन के शिष जाइमुन, जाइमुन के शिष पुंडरीकाक्ष्या, पुंडीरकाक्ष्या के शिष पुष्पदेव, पुष्पदेव के शिष रामामिश्र, रामामिश्र के शिष महापुराण, महापुराण के शिष विद्याधर चौवे, विद्याधर चौवे के शिष उतासमुन, उतासमुन के शिष जग्यासमुन, जग्यासमुन के शिष प्राणकुश, प्राणकुश के शिष रामानुज, रामानुज के शिष इतिरामानुजसंबृत।
रामानुज के शिष श्रुतपीपा, श्रुतपीपा के शिष श्रुतधाम, सुर्तधाम के शिष सुर्त वैदेही, सुर्त वैदेही के शिष मंगलमुन, मंगलमुन के शिष इति त्रेता सज्ञा।
मंगलमुन के शिष प्रतालमुन, प्रतालमुन के शिष रिष्ट मुन, रिष्ट

मुन के शिष गोपमुन, गोपमुन के शिष कुलतारक, कुलतारक के शिष पद्मलोचन, पद्मलोचन के शिष पद्माचार्य, पद्माचार्य के शिष देवाचार्य, देवाचार्य के शिष सुषाचार्य, सुषाचार्य के शिष बंसीधरचार्य, बंसीधरचार्य के शिष कृपाचार्य, कृपाचार्य के शिष बिष्णाचार्य, बिष्णाचार्य के शिष प्रषोत्तमाचार्य, प्रषोत्तमाचार्य के शिष नरोत्तमाचार्य, नरोत्तमाचार्य के शिष गंगाधरचार्य, गंगाधरचार्य के शिष सदाचार्य, सदाचार्य के शिष रामाचार्य, रामाचार्य के शिष धीरानंदि, धीरानंदि के शिष देवानंदि, देवानंदि के शिष शामानंदि, शामानंदि के शिष सुर्तानंदि, सुर्तानंदि के शिष अस्तवानंदि, अस्तवानंदि के शिष अच्युतानंदि, अच्युतानंदि के शिष पूर्णानंदि, पूर्णानंदि के शिष सिरीआनंदि, सिरीआनंदि के शिष हरीआनंदि, हरीआनंदि के शिष राघवानंदि, राघवानंदि के शिष रामानंदि, रामानंदि के शिष अनतानंदि, अनतानंदि के शिष पर्मानंदि, पर्मानंदि के शिष मुकंददास, मुकंददास के शिष साईंदास।

उों स्वस्ति श्री गणेशायनमः।सति सरूपि बाबा साईंदास जी।।
बाबेसांईदे पुत्र ५–अमरदास, नरहरदासु, विष्णुदासु, सुखानंदु, रामानंदु।
नरहरिदास दे ४–कासीदासु, माधोदासु[१], भार्थीचंदु, लालचंदु।
काशीदास दे ३–विहारीदासु, मुरारी दासु, जुगजीविणी दासु।
विहारीदासि दे ३–केविलिराम, सविलदासु, भगौतीरामु।
संविलदासि दी दुयधीआ २–कालीये, धंम्ही।
केविलिराम दे ६–कर्म्मचंदु, हरीरामु, महाराजु, साहवराय, हकूमराय, नवलराय।
हरीराम दे ४–सोभारामु, शिवरामु, साधूरामु, लछोरामु।
सोभाराम दा १–किर्पारामु।
किर्पाराम दे ३–अभेरामु, सरिधा रामु।
अभेरामि दे ६–रामिकर्नु, हरिकर्नु, वकुंठिदासु, मथरादासु, बिलासिदासु, द्वारिकादासु।
सरिधारामि दे ४–जसिकर्नु, जयकर्नु, नर्शिंघदासु, त्रिलोकिदासु।
शिविराम दे ५–आतिमारामु, आज्ञारामु,रंगीरामु, दैआरामु, भोलारामु।
आज्ञाराम दे ३–धजारामु, बालिरामु, मोतीरामु।

---

१. शब्द ''अमरदास'' है।

रंगीराम दा २–धनरामु।
दयारामु दे २–हरिनामु, रामिकिष्णु।
महाराज दे ५–हरिनरायण, नंदीरामु, द्यालिदासु, मनिसारामु, भोलारामु।
हरनरायण दे २–धनिपतु, जसिपति।
धनिपति दे ३–चर्णिदासु, प्रेमिदासु, शामिदास।
जसिपति दे २–ऊशिनाकु., षुसिवषितिराय।
षुसिवसितिराय दा १–धर्मिदासु।
नंदीरामि दे ३–गुर्जिनिदासु, रामिदासु, रगरीविदासु।
गरुीबिदासु दा १ – प्रसिधरामु।
रामिदासि दे ३ – रत्निदासु, गोपालिदासु, मंगिलिदासु।
रत्निदासि दा १ – सुषिबासीरामु।
द्यालिदास दे २ – गोला, रामिनाथु।
रामिनाथु दा १ – जयनंदु।
मनसारामु दा १–रामजसु।
रामजसु दे २–आसानंदु, सदानंदु।
भोल्हारामु दे ४–राधेकिष्णु, बालक्रिष्णु, रामिक्रिष्णु।
राधेक्रिष्ण दा १–भगितरामु।
साहिबराय दे ४–रामि कौरु, मंगिरामु, मताबिराआ, चौपितिरा।
रामिकौरु दे ३–भगिवानिदासु, बागु, पहलिदासु।
भगिवानिदासि दे २–प्रेमिदासु, अनंतिदासु।
बागि दे ४–सर्वि सुषु, सुषिलालु, रामिद्यालु, किष्णुद्यालु।
भग्तिरामि दे २–मस्तिरामु, सहजरामु।
मताविराय दे २–दध्रारामु, किष्णरूपु।
किष्णरूपु दे २–शामिदासु, निधानुदास,
शामदासि दे २–रामिराख, वछाधारी।
चौपितिरा दे २–लालिदासु, रत्नदासु।
रत्नदासु दे २–गरीबिदासु, भवानीदासु।
हकूमितिरा दा १–सलामितिरा।
सलामितिरा दे ४–वचिनिदासु, नरायणदासु, हरिदासु, संतिदासु।

वचिनिदासि दे २–व्रिजा नंदु, हरिनंदु।
व्रिजानंदि दा १–जयनंदु।
जयनंदु दा १–हरिनंदि।
हरिनंदि दा १–जयदासु।
हरिदासि दे २–सेविकिरामु, वालिकिरामु।
सेविकिरामि दा १–सदारामु।।१।।
मुरारीदासि दे ५–नरंगिरा, दिआनितिरा, अनूपिरा, अटिलराय, वीठिलिरा।
दिआनितिरा दे ३–हरिजसिरा, किष्णिकोंर, अव्रितिरा।
हरिजसिरा दे ५–वकेरा, रामिकृष्णु, नरायणदासु, ठाकुरिदासु, रामिदासु।
वकेरा दे २–जयकिष्णु, हरिकिष्णु।
हरिकिष्णु दा १–सदानंदु।
रामकिष्ण दा १–धजारामु।
नरायणदास दे २–रत्नदासु, महादासु।
किष्णकौरि दे ३–बाघिमलु, दयारामु, आज्ञारामु।
वाधिमल्हि दा १–शामिदासु।
शामिदासु दे २–रामि भजु, चंदु।
दयादाम दा १–सर्विद्यालु।
सर्विद्यालु दा १–रामधनु।
अंब्रिरा दे २–लछोमी नरायण, सदानरायण।
लछीमी नरायण दे २–प्रभदिआलु, किष्णदिआलु।
अनूपिरा दा १–भागिमल्ल।
भागिमल्ह दे २–रामिरा, मनिसारामु।
रामिरा दा १–रामिजसु।
मनिसारामि दा १–लालदासु ।।२।।
जुगिजीविणिदासि दे ३–मिहिर चंदु, दलिपति राय, हरीचंदु।
मिहरचंदु दा १–जोधारामु।
जोधारामु दे २–ब्रिजिनाछु, किष्णसहा।
किष्णसहा दे २–जय भगिवानु, शिविदिआल।

शिविद्यालु दे २–जसुवंतु, जयनंदु।
जयभगिबानु दे २–सदानंदु, ब्रिजानंदु।
दलिपति रा दा १–हरसहा।
हरसहा दे ५–हकीकिति रामु, गुविंदिरा, देसिमुषी, गरिवषुसु, भगिवंतु।
हकीकितिरा दे ४–गुरि सहा, रामिदासु जयसिंधु, सदोषा।
लालिदासि दे ३–देवीसहा, सुषिदिआलु, कासू।
कुलिजस दा १–पिंडी।
पिंडी दे २–ज्वालादासु, मैआदासु।
रामदासि दे ३–दर्स्निदासु, भगिवानिदासु, नरायणदासु।
दर्स्निदासि दा १–मूलिराजु।
मूलिराजु दे २–गुरुदासु, मथिरादासु।
भगिवानिदासि दा १–सर्निदासु।
नरायणदासि दे २–महादासु, देवीदासु।
जयसिध दा १–वागु।
वागु दे २–निवाहू, गुपालिदासु।
गुविदिराय दे ५–दयारामु, रामिचंदु, लछिमिनिदासु,
गरीबिदासु, रत्नदासु।
दआराम दे २–वचुनिदासु, टहिलिदासु।
टहिलिदासु दे २–देवीदासु, बच्चिनदासि।
बच्चिनदासि दा १ - रामिजसु।
लछिमिनिदासि दा १–रामरखा।
गरीविदासि दा १–रामिनाथु।
देसिमुषी दे २–सहजरामु, नरायणदासु।
नरायणदासु दे २–रामिसिंधु, किष्णिदआलु।
सहतरांमि दे २ – अबीरचंदु, राधेकिष्णु।
गुरिवषिराय दे ३ – रामिकिष्णु, जयकिष्णु, रामिनाथु।
हरीचंदि दा १–हकूमितिरा।
हकूमितिरा दे २–वस्तीरामु, लधारामु।
वस्तीराम दा १–आतिमारामु।।३।।

माधोदास दे धीइ १ –पुत्रि।
भार्थीचंदि दा १ –बुलाकीदासु।
वुलाकीदासु दे २ –मौबितिरा, गुलाबिरा।
गुलाबिरा दे १ –लजारामु।
लजारामु दे २ –नौनिधिरा, भवानीदासु।
भवानीदासु दे २ –देवीदासु, रामिरखा।
नौनिधिरा दे २ –गिरिधारी, ब्रिजानंदु।
लालिचंदि दे ३ –जग्ता, माना, बालिकिदासु।
जगिते दे १ –जयगुपालु।
जयगुपालु दा १ –ब्रिंद्राबनु।
व्रिंद्राबनु दे ३ –गरीबिदासु, फकीरिदासु, रत्निदासु।
रत्निदासु दा १ –अटिलिरामु।
फकीरिदास दा २ –बालिकिष्णु, गुरीआ।
माने दा १ –जवेहरीदासु।
जवेहरिदासु दा १ –केसोदासु।
केसोदासु दी धीइ १ – षिंधडीऐ ।।४।।
अर्विदासु दे २ –नारिसिंधु, गोपीनाथु।
नारिसिंधु दे २ –बसंतिरा, कौलापत।
कौलापत दा १ –फिरेचंदु।
फिरेचंदु दा १ –ऊदेरामु।
उदेरामु दे ३ –धनैआ, रूपिनरायण, किष्णिदासु।
किष्णिदासु दा १ –लालिदासु।
लालिदासु दा १ –जसकर्नु।
रूपिनरायण दे २ –शामु, हरिदासु।
गोपीनाथु दा १ –निहालिचंदु।
निहालिचंदु दा १ –रामिचंदु।
रामिचंदु दा १ –साहबिरा।
विष्णिदासि दे ३ –उग्रचंदु, कल्यानिदासु, भागिमलु।
ऊग्रिचंदि दा १ –चैनिसुषु।

चैनिसुषु दे २–नंदिलालु, गुजिरिमंलु।
नंदिलालि दा १–हुंदेरा।
हुंदेरा दे ३–राजिकैरुं, दाशिविसहा, धनिपतु रामिजसु।
धनिपति दे २–नानुकु, सुषिनिधानु।
गुजिरि मंलि दे २–रामराय, रामिजी।
रामिजी दे ३–रामिद्यालु, शर्विद्यालु, किष्णद्यालु।
रामिद्यालि दे २–रामिभजु, देवीदासु।
कल्यानिदासि दा १–ऊतिमिदासु।
ऊतिमिदासु दा १–गंगारामु।
गंगारामु दे ५–चेतिनिदासु, प्रीतिमदासु, जग्गिनाथु, धीर्जिरामु, दसिवंधीमलु।
प्रीतिमदास दे २–लाषीरामु, विलाषीरामु।
विलाषीरामु दे २–देआद्यालु, रामनाथु।
लाषीचंदि दे २–ऊशिनकरा, रामिकिष्णु।
रामिकिष्णु दा १–सेविकिरामु।
ऊशनकिराय दे २–हुकिमचंदु, नरायणदासु।
जग्गिनाथि दे ३–ग्यानिदासु, बाहडु, मिलिषीराम।
धीर्जिरामि दा १–रामिकौरु।
दसिवंधीमलि दे ३–मजिलिसिरा, बाधिमलु, चंद्रिभानु।
चन्द्रभानु दा १–सरिघारामु।
बाघिमलु दा १–किष्णिदासु।
मजिलिसि दा १–भागिमलि।
भागिमलि दा १–मित्रिसैनु।
मित्रिसैनु दा १–मगिलि सैन।
मगिलिसैन दा १–दयारामु।
दआराम दा १–देवीदासु।।३।।
सुषानंद के ।।४।।रामानंदु उौतारि।।५।।

संवत् १८५२ मीति असूउो दिनि बारिवे १२ वीरिवारि लषे
नासरिवति बाविआदे लिषितंम रामिकर्नु सुभंमस्तु ११११११११

परिशिष्ट २

ओं श्री गणेशायनमः

सतगुर बाबा साईंदासायनमः।ओं अंतरराम नरन्तर राम।
कांशी क्षेत्र अयुध्या धाम गंगा तुलसी शालगराय।
तत्व निरंजन तारक राम।।
ओं अन्तो गुन पासना सें दर बीजंम रामाय ह्न्नू मुष डाली रोही मादिष्टो भजतां कामदो मणी।
खतरी–
ओं ह्रीं ह्रां शरीगं रामाय नमः नरसिंघाा नमः,
सत गुर बाबा साईंदासायनमः।
ओं आद बैराग सनातन धर्म दंड कर्मनडल वैष्नव कर्म।।
वैशनव कर्म रहे लव लीन तन मन सोधे होवे आधीन।।
नष सिष्ट दाढी वजर मुंज कपीन मुंज के केस सनकादक।।
शीषा गुरु राघवा नन्द जी कहें गुरु रामानन्द जी से उचरन्ता।
इतना सनकादिक बीज मंत्र समपूरनम।।

गोदावरो प्रक्रमा, अयुध्या धर्मशाला, चित्रकूट सुख वलास, सीता अष्ट हनुमान परीक्षत, राम देवता राम मंत्र, अचत्य गोत्र, शाषाअन्त रिंगवेद, राम गायत्री, निरवान, अषाडा शालग्राम, महन्त गलता गादी, छोछा मंत्र, लिंग शरीरंग, वयापकं चराचरं, सोहं राम नरंजन, चरनं शरनं परपद्यो।

गुरु मंत्र– ओं अंतर राम नरंतर राम कांशी क्षेत्र अयुध्या
धम तत्व नरंजन तारक राम।

सारस्वत व्रहमन कात्यानी सूत्र शाषा मादयदनी पंच प्रव्र भृगू-मार्ग-उर्ग यमदग्नी-प्राशर-यजुरवेद।

परिशिष्ट ३

सात अषाडे

दग्म्बर, निर्बानी, निर्मोही, षाषी, नरालमबी, बलभदरी, सन्तोखी।

सत्त बाबा साईंदास जी के अस्थान–

धर्मशाल रयासत चंबा, विश्नदास जी के कल्यान दास जी। बलबाबा जिला अमृतसर।

माधोदास, बन्सीदास, महादास–ढोडा, जिला सयालकोट।

कांशीदास जी, ब्रिंद्राबनदास–शेरपुर, रयासत झालरा पाटन।

कांशीदास, मरारदास–फलौर।

केवलराम, भगवानदास–तरदे, जिला अमृतसर।

श्री गोबन्दपुर–माधोदास, दुरगादास।

लाहौर–राम गलेलादास।

रनधीर, कर्मचंद, मनहरदास–फतेपुर।

मरारीदास, रूपचंद–कशमीर।

मुरारीदास गोपालदास–रामबाग।

***

'गोसाईं साहित्य' प्रकाशन की योजना

श्री ओमप्रकाश गोसाईं

मंत्री, सतगुरु सिद्ध बाबा साईंदास सेवक संघ

१९४७ ई., सितम्बर का महीना–

सारा पश्चिमी पंजाब भीषण साम्प्रदायिक हिंसा, नृशंस हत्या, अपहरण और लूट–पाट की आग से जल रहा था। एक दिन हठात् जिला गुजराँवाला का सुविख्यात गाँव 'बद्दोकी गोसाइयाँ' भी इस विनाशकारी आग की लपेट में आ गया।''बद्दोकी गोसाइयाँ''–जिसे आज से लगभग पाँच सौ वर्ष पहले परम संत महान् योगी और संगीतज्ञ गोसाईं बाबा साईंदास ने बसाया था–'बद्दोकी गोसाइयाँ'–जो संगीत–साधना का एक प्रसिद्ध केन्द्र और गोसाईं संत परम्परा का तीर्थ–स्थान था। जहाँ संतों, संगीतज्ञों के अतिरिक्त डॉ. श्री गोकुलचन्द नारंग और भारत के पूर्व गृहमंत्री श्री गुलजारीलाल नन्दा से अनेक समाज–सेवी और देशभक्त मनीषी भी पैदा हुए–बद्दोकी गोसाइयां – जो शताब्दियों से हिन्दू–मुस्लिम एकता, भाईचारे, सुख व शांति का गौरव–स्थल बना चला आ रहा था–देखते ही देखते उजड़ गया। बाबा साईंदास की पवित्र गद्दी टोमड़ी साहिब और उनके वंशजों के घर भी लूट लिये गये। हिन्दू बहुसंख्या का यह गाँव जिसमें ब्राह्मणों के घर सबसे अधिक थे, हिन्दुओं से नितान्त शून्य हो गया। कुछ मारे गये, बाकी के सब हिन्दू और गद्दी के महन्त भी जीवन–रक्षा के लिए सेना की सहायता से शरणार्थी शिविर में पहुँच गये। गाँव में गहमा–गहमी, चहक–चहकार के स्थान पर मौत का सा सन्नाटा छा गया। चारों ओर तबाही की विभीषिका फैल गई। ध्वस्त घर, टूटे हुए दर और दीवारें मानव हृदय में भय के निश्तर घोंपने को तैयार खड़े नजर आने लगे, धरती का कण–कण खून का प्यासा बन गया। ऐसी भीषण परिस्थिति में एक व्यक्ति बड़ी सतर्कता और साहस के साथ इस तीर्थ क्षेत्र के महन्त के निवास–स्थान की ओर बढ़ रहा था। उसकी नजरें बार–बार तेजी से चारों ओर दौड़ जाती थीं। निश्चय ही वह प्राणों से भी प्यारी किसी वस्तु की तलाश कर रहा था। यह न होता तो वह इस क्षेत्र में पग रखने का साहस न कर पाता, क्योंकि इस क्षेत्र में उस समय पग रखना जान को जोखिम में डालना था। लेकिन वह व्यक्ति प्राणों को हथेली पर रखकर आगे बढ़ता चला गया, एक अत्यन्त निर्भीक वीर पुरुष की भाँति। महन्त जी के भवन के आँगन में पहुँच कर उसने देवनागरी लिपि में हस्त–लिखित बड़े–बड़े पन्ने इधर–उधर बिखरे हुए देखे। उसने तुरन्त उन पन्नों को उठा लिया और श्रद्धापूर्वक सिर आँखों से लगाया। वह और आगे बढ़ा और उसने देखा कि उन पन्नों के साथ का हस्त–लिखित पूरा ग्रन्थ एक स्थान पर अस्तव्यस्त अवस्था में पड़ा था। उसका हृदय हर्ष से उछल पड़ा। उसने तुरन्त उन पन्नों और

ग्रन्थ को कपड़े में बाँधकर सिर पर रख लिया और तेजी से अपने गंतव्य स्थान की ओर चल पड़ा। उस समय भी रह-रहकर कई ध्वस्त घरों और दीवारों की ओट से अल्लाहु-अकबर के नारे, दरवाजों के तोड़े जाने की आवाजें और लूट-पाट का शोर-गुल सुनाई दे रहा था। वह वीर पुरुष उस हस्तलिखित ग्रन्थ को सिर पर उठाये शरणार्थी-शिविर में अपने साथियों के पास पहुँच गया।

वे वीर पुरुष गोसाईं हवेलीराम थे, जो आजकल जिला करनाल के रावर नामक गाँव में आबाद हैं और यह ग्रन्थ, जो इस समय बड़ा सुन्दर रूप लिये आपके हाथ में सुशोभित है, उसी हस्तलिखित ग्रन्थ या पाण्डुलिपि के मुद्रित संस्करण की एक प्रति है। इस ग्रन्थ की रचना लगभग ५०० वर्ष पूर्व गुरु नानक देव जी महाराज के समकालीन संत गोसाईं बाबा साईंदास जी महाराज ने की थी और इसका कुछ भाग उनके उत्तराधिकारियों द्वारा बाद में रचित हुआ। परन्तु विधि का विधान अत्यन्त विचित्र है। यह ग्रन्थ देश के विभाजन से पहले जब सब सुविधाएँ उपलब्ध थीं तब तो प्रकाशित न हो सका था, किसी ने इस ओर ध्यान ही न दिया था और अब ऐसे समय में जब कोई सुविधा तथा संभावना नजर नहीं आ रही थी, यह ग्रन्थ शानदार रूप में प्रकाशित होकर साहित्य जगत को अपनी प्राचीनता, उत्कृष्ट विषय-वस्तु और साहित्यिक मूल्यों द्वारा अपनी ओर आकर्षित करने का अवसर प्राप्त कर रहा है।

इस ग्रन्थ के प्रकाशित किये जाने की प्रेरणा कैसे उत्पन्न हुई और इसके प्रकाशित किये जाने के सिलसिले में किन-किन कठिनाइयों का सामना हुआ-यह एक लम्बी और दिलचस्प कहानी है। प्रथम यह कि यदि गोसाईं हवेलीराम जी प्राणों की बाजी लगाकर इस ग्रन्थ को भीषण साम्प्रदायिक मार-काट के क्षेत्र से निकालकर सुरक्षित स्थान पर न पहुँचा देते, तो इसके प्रकाशित किये जाने की प्रेरणा का या प्रकाशित किये जाने का प्रश्न ही पैदा न होता। पर बात यह हुई कि गोसाईं बाबा साईंदास की गद्दी-तोमड़ी साहिब बद्दोकी गोसाइयाँ तो पाकिस्तान के कब्जे में आ गया और इस गद्दी के लाखों अनुयायी, शिष्य और श्रद्धालुओं को पाकिस्तान छोड़कर भारत आना पड़ा। उनसे अपना वह तीर्थ-स्थान और गुरु-दीक्षा-मंदिर छिन गया। मन की आध्यात्मिक शांति का परम्परागत साधन कोई न रहा। तब परम् संत और गुरु बाबा साईंदास जी के इस हस्तलिखित ग्रन्थ की ओर उनके अनुयायियों और परम्परागत शिष्यों का ध्यान गया। इन्होंने अपनी गुरु-गद्दी अथवा दीक्षा-मंदिर के अभाव की पूर्ति का उपाय इसी ग्रन्थ को समझा। इससे इस ग्रन्थ के मुद्रण और प्रकाशन के लिये प्रेरणा पैदा हुई। लेकिन यह कोई आसान काम न था। क्योंकि यह किसी एक व्यक्ति के बस का नहीं था और गोसाईं-गद्दी के लाखों श्रद्धालु पाकिस्तान से उजड़ कर आये थे तथा भारत के विभिन्न स्थानों पर आबाद हो रहे थे। उनको संगठित करना और उनसे ग्रन्थ के छपवाने के लिये पर्याप्त धन इकट्ठा करना

एक बहुत बड़ी समस्या थी। अनेक कठिनाइयों का सामना था, पर इससे प्रेरणा दबी नहीं। बद्दोकी गोसाइयाँ के जो लोग दिल्ली आकर आबाद हुए, वे संगठित हुए और उन्होंने इस ग्रन्थ को, जिसका मौलिक नाम 'ग्रन्थसाहिब' है, छपवाने का कार्यभार डॉ. बालकृष्ण जी को सौंपा। उन्होंने यथाशक्ति प्रयत्न किये, परन्तु सफलता न मिली। पहली कठिनाई तो यह थी कि 'ग्रन्थसाहिब' की पाण्डुलिपि ठीक-ठीक पढ़ने में न आती थी।

एक दिन मेरी माता पुष्पावती जी डॉ. बालकृष्ण के यहाँ गईं। उनको डॉक्टर साहिब से मालूम हुआ कि अन्य कठिनाइयों के अतिरिक्त 'ग्रन्थसाहिब' की पाण्डुलिपि के ठीक-ठीक न पढ़े जा सकने की कठिनाई तो इस ग्रन्थ के छपवाने के काम को शुरू ही नहीं होने देती। माताजी इस दिशा में प्रयत्न करने का आश्वासन देकर डॉ. बालकृष्ण जी से 'ग्रन्थ साहिब' ले आईं।

हम जिस मुहल्ले में रहते हैं, वहाँ पंजाब से आये हुए महानुभावीय (जय कृष्णी पंथीय) सम्प्रदाय का एक मंदिर है। इस मंदिर में उस सम्प्रदाय के कई हस्त-लिखित ग्रन्थ पड़े हैं। ये सब बातें मेरी माता को मालूम थीं, क्योंकि वे उस मंदिर में कथा-कीर्तन सुनने के लिये जाया करती थीं। उन्होंने उक्त सम्प्रदाय के एक महानुभाव श्री योगीराज शास्त्री से 'ग्रन्थसाहिब' के विषय में चर्चा की। उन्हें हस्तलिखित ग्रन्थ पढ़ने का अच्छा अभ्यास है। श्री योगीराज जी को 'ग्रन्थसाहिब' की पाण्डुलिपि दिखाई गई। वे इसे पढ़कर बहुत प्रभावित हुए। मैंने जब उनसे 'ग्रन्थसाहिब' के कुछ पद और उनकी व्याख्या सुनी, तो मैं भी अत्यन्त प्रभावित हुआ। मैंने महसूस किया कि श्री योगीराज जी ऐसे विद्वान हमारे काम में बड़े सहायक हो सकते हैं और मुझे बड़ी खुशी हुई, जब उन्होंने हर्षपूर्वक हमें सहायता देना स्वीकार कर लिया। इसके बाद 'ग्रन्थसाहिब' के छापने के विषय में डॉ. बालकृष्ण गोसाईं, श्री महन्त रामेश्वरीदास, बाबू गोपालदास, श्री योगीराज और मैंने मिलकर विचार-विमर्श किया। उस समय हमारे सामने दो बातें आईं। एक यह कि ग्रन्थ साहिब के शुद्ध मूल पाठ के अनुरूप उसकी एक ऐसी प्रतिलिपि तैयार कराई जाय, जो ठीक-ठीक पढ़ी जा सके और छपने के लिये प्रेस में भेजने के योग्य हो। दूसरे यह कि छपवाने के लिये धन का संग्रह किया जाय।

पहली बात के लिये हम दिल्ली विश्वविद्यालय के 'हिन्दी विभाग' के रीडर श्री विजयेन्द्र स्नातक से मिले। निश्चय हुआ कि ग्रंथ साहेब की हाथ से एक प्रतिलिपि (Copy) तैयार करवाई जाय। इस बारे में लगभग छः महीने के परिश्रम से एक व्यक्ति मिले। यह थे पं. साधुराम शास्त्री। पंडित साधुराम ने काम कर देने का वायदा किया। काम चालू हो गया। काम बड़ा धीरे-धीरे चल रहा था। पंडितजी का बीच में ही स्वास्थ्य खराब हो गया और काम अधूरा रह गया। हम जहाँ से चले थे फिर वहीं आ गये। तभी दैवयोग से श्री योगीराजजी के प्रयत्नों से

हमारा यह काम जयकिशन हिन्दी टाइपिस्ट ने कर देने का वायदा किया। इस प्रकार चार टाइप कापियाँ तैयार हो गईं। हमारा एक काम पूरा हुआ। हम पं. साधुराम शास्त्री तथा श्री जयकिशन हिन्दी टाईपिस्ट के बहुत ही आभारी हैं। विशेषकर श्री जयकिशन तो बधाई के पात्र हैं जिन्होंने इस काम को निश्चित समय के भीतर समाप्त कर दिया।

इसके बाद दूसरी बात थी 'रुपया इकट्ठा' करना। इस काम को चालू करने से पहले हमने ''सिद्ध बाबा साईंदास सेवक संघ'' नाम से एक संस्था की स्थापना कर ली थी और अब उसे दिल्ली राज्य सोसाइटी एक्ट के मातहत रजिस्टर्ड करवा लिया गया है। उसका हिसाब–किताब बाकायदा तरीके से स्टेट बैंक में खोला गया। इन सब बातों को करने के उपरांत आर्थिक सहायता के लिये हम लोग पंजाब के पुराने परोपकारी नेता श्री डॉ. गोकुलचंदजी नारंग से मिले। उन्होंने पहली मुलाकात में यह वचन दिया कि सारा रुपया तो वे नहीं लगा सकते मगर जितना रुपया इस ग्रंथ की छपाई के लिये चाहिये उसका आधा हम लोग इकट्ठा करें। सेवकसंघ की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से पास हुआ कि प्रत्येक सदस्य स्वयं (२५०) रु. से कम दान नहीं करेगा, साथ ही यह प्रयत्न करेगा कि इतना ही दान और लोगों से दिलवाए। हमारे इस प्रस्ताव का स्वागत हुआ और हमारे इस उद्देश्य की सफलता के लिये निम्नलिखित महानुभावों से नीचे दी गई धनराशि प्राप्त हुई।

1. श्री गोपालदास गुसाईं	सुपुत्र श्री मायाराम जी	रु. 500.00
2. श्री चिमन लाल बतूरा	सुपुत्र श्री दीवान चंद बतूरा	रु. 500.00
3. श्री केसरराम नारंग	सुपुत्र श्री नानकचंद नारंग	रु. 500.00
4. डॉ. बालकृष्ण गुसाईं	सुपुत्र श्री रामचंद गोसाईं	रु. 250.00
5. कस्तूरीलाल भास्कर	सुपुत्र श्री डॉ. बालकृष्ण गोसाईं	रु. 250.00
6. कैलाशनाथ भास्कर	सुपुत्र श्री डॉ. बालकृष्ण गोसाईं	रु. 250.00
7. श्रीमती फूलावन्ती	धर्मपत्नी रायसाहिब परमानंद गोसाईं	रु. 250.00
8. श्रीमती पुष्पावती गोसाईं	सुपुत्र श्री धर्मपत्नी श्री रामनाथगोसाईं	रु. 250.00
9. श्री ओमप्रकाश गोसाईं	सुपुत्र श्री रामनाथ गोसाईं	रु 250.00
10. श्री ओंप्रकाश भास्कर	सुपुत्र श्री रामरखामल गोसाईं	रु. 250.00
11. श्री अमरसिंह बजाज	सुपुत्र श्री ला. जगतराम बजाज	रु. 250.00
12. श्री मनोहरलाल तलवार	सुपुत्र श्री हरिचंद तलवार	रु. 250.00
13. श्री बिंद्राबन गोसाईं	सुपुत्र श्री जगन्नाथ गोसाईं	रु. 250.00
14. श्री रखाराम गुलाटी	सुपुत्र श्री गंगाराम गुलाटी	रु. 250.00

15. श्री डॉ. रघुनाथ भास्कर	सुपुत्र श्री शिवरामदास गोसाईं	रु. 250.00
16. श्री धर्मवीर नंदा आदि बंधु	सुपुत्र श्री रामनाथ नंदा	रु. 250.00
17. श्री प्रकाशनाथ आदि बंधु	सुपुत्र श्री ला. ठाकुरदास बहल	रु. 250.00
18. श्री प्राणनाथ बहल आदि बंधु	सुपुत्र श्री बिशम्बरदयाल बहल	रु. 250.00
19. श्रीमती पुष्पावती	धर्मपत्नी श्री ज्ञानचंद गोसाईं	रु. 250.00

इस प्रकार उपरोक्त धनराशि का संग्रह कर लेने के बाद हम डॉ. गोकुलचंद जी नारंग से मिले। उन्होंने एक सहस्र रु. 1000.00 स्वयं दिये तथा शेष कागज पर लगने वाली राशि रु. 1940.50 मैसर्स गोकुल चंद रामसहाय मरवाह कानपुर से दिलवाई। कुल 2940.50 की राशि डॉ. नारंगजी के प्रयत्नों का फल है। इसके अतिरिक्त शेष रुपया छोटी-छोटी रकमों के रूप में ''सेवक संघ'' को प्राप्त हुआ, जिससे हम इन आर्थिक मुद्दों को पूरा करने में समर्थ हुए। इस रूप में ग्रंथ साहिब के छपने के दोनों काम पूरे कर लेने पर हमारा ध्यान प्रचार की ओर गया।

इसी बीच ''ग्रन्थ साहिब'' को लेकर श्री योगीराज शास्त्री ने अपने 'थीसिस' के विषय (Subject) को चुना। इसके लिये डॉ. हरभजनसिंह खालसा कॉलेज के हिन्दी के लेक्चरार उनके गाइड बने। उनसे भी ग्रंथ साहिब के बारे में कभी-कभी बातचीत होती रही। उनसे प्राप्त होने वाले सुझावों के लिये हम उनके भी आभारी हैं। डॉ. विजयेन्द्र स्नातक से बार-बार मिलने का मौका तो नहीं आया पर उन्होंने इस काम को प्रारंभ करवाया, अतः उनका भी हम आभार मानते हैं।

ग्रंथ साहिब का प्रचार—इस बीच ग्रंथ साहिब की बानियों और सतगुरु सिद्ध बाबा साईंदास और उनके द्वारा चलाए हुए गुसाईं मत का परिचय देने के लिए श्री रामनाथ कालिया और श्री जगन्नाथ प्रभाकर के प्रयत्नों से समाचारपत्रों (मिलाप, प्रताप, तेज और 'नवभारत टाइम्स' आदि) और आकाशवाणी में समय-समय पर लेख छपे तथा वार्ताएँ प्रसारित हुईं। इन सबका सेवक संघ आभारी है।

अंत में हिन्दी प्रिंटिंग प्रेस के संचालक श्री श्यामसुन्दरजी और नेशनल पब्लिशिंग हाउस के मालिक श्री कन्हैयालाल जी के सहयोग के लिये भी मैं उनका शुक्रिया अदा करता हूँ।

***

समाप्त